हुइ है सोई (जो) राम रचि राखा,
को करि तरक बढा वहि साषा।

–गोस्वामी तुलसीदासजी

सत्यमेव जयते

उप शिक्षा मंत्री
भारत
DEPUTY EDUCATION MINISTER
INDIA

नई दिल्ली
जनवरी ६, १९६७ ई०

सन्देश

हमारे अपने देश में, जिसे हिन्दी भाषा कहते हैं; उसके अन्तर्गत अनेक उपभाषायें सम्मिलित हैं, जिनमें राजस्थानी का अपना विशेष महत्व है। मेरा सदैव से यह विश्वास रहा है कि हिंदी की उपभाषाओं को शक्तिशाली बनाने से अन्त्वतोगत्वा हिंदी को ही बल मिलेगा और उसके शब्द-भण्डार में वृद्धि होगी। अतः राजस्थानी भाषा के विकास के लिये जो कुछ भी किया जा रहा है, अथवा आगे किया जायेगा, वह समर्थन के योग्य होगा।

मुझे यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि राजस्थान सरकार के तत्वावधान में श्री सीताराम लालसजी जिस राजस्थानी शब्द कोश का संकलन तथा सम्पादन कर रहे हैं, उसका द्वितीय खण्ड प्रकाशित होने जा रहा है। मुझे उसके प्रथम खण्ड को देखने का अवसर मिला था और मुझे यह अंकित करते हुये प्रसन्नता है कि उसके संकलन तथा सम्पादन में बड़े परिश्रम तथा अध्यवसाय का परिचय दिया गया है। मुझे विश्वास है कि राजस्थानी शब्द कोश का यह द्वितीय खण्ड पहले से भी अधिक उच्चस्तर का होगा और इसके प्रकाशन से राजस्थानी के विकास में विशेष सहयोग मिलेगा।

अतः इस अवसर पर मैं अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ। मैं परम पिता परमात्मा से यह प्रार्थना करता हूँ कि इस शब्द कोश का शेष कार्य शीघ्र ही सम्पूर्ण हो और उन सब खण्डों के प्रकाशन के फलस्वरूप राजस्थानी तथा हिन्दी की अतुलनीय सेवा हो सके।

भक्त दर्शन

अपनी बात

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि 'राजस्थांनी सबद कोस' का द्वितीय खंड हम दो जिल्दों में जिज्ञासु पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करने में समर्थ हो सके हैं इस 'कोस' का प्रथम खंड आज से चार वर्ष पूर्व प्रकाशित हुआ था और उसके पश्चात निरंतर आर्थिक कठिनाइयों और विषम परिस्थितियों के बीच में कोश के परिवर्धन, संशोधन एवं संपादन का कार्य तो चलता रहा -- लेकिन प्रकाशन की गति अत्यन्त धीमी हो गई। परिणाम स्वरूप चार वर्ष का दीर्घ व्यवधान आ गया -- जो हमारी पूर्ण विवशता का प्रतिफलन है। हम आज भी यह कहने की स्थिति में नहीं हैं कि आने वाले तृतीय एवं चतुर्थ खंड यथा समय पाठकों की सेवा में पहुँचा सकेंगे -- लेकिन यह अदम्य विश्वास अवश्य है कि जिज्ञासु एवं विद्वान पाठकों के आशीर्वाद से यह कार्य अवश्य पूर्ण होगा और कार्य की गति में तीव्रता आयेगी।

हम द्वितीय खंड को दो विभिन्न जिल्दों में प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके पूर्व हमने प्रथम खंड में यह इच्छा जाहिर की थी कि द्वितीय खंड की एक जिल्द में 'च', 'ट' तथा 'त' वर्ग तक पहुंच जायेंगे किन्तु अब शीघ्रातिशीघ्र पाठकों तक पहुँचने की दृष्टि से यह निर्णय लेने पर विवश हुए हैं कि प्रत्येक खंड को दो दो उप-खंडों में विभाजित कर दें — ताकि बहुत बड़े समय तक हम नये कार्य से पाठकों को वंचित न रखें।

द्वितीय खंड की संपूर्ति ने हमारे मन में जहाँ एक ओर आत्म विश्वास को दृढ़ बनाया है — अर्थाभाव की कठिनाइयों के कारण चार वर्षों में प्रत्येक क्षण ने मन को झकझोर भी दिया। कितने ही ऐसे अवसर भी आये — जब यह विश्वास ही टूटने लगा कि कोश का वृहद एवं पवित्र कार्य कही अधूरा ही नहीं रह जाय — लेकिन कोशकर्ता एवं संपादक श्री सीताराम लालस के अपार धैर्य, आश्वस्त निष्ठा और अनवरत साधना के कारण कार्य चलता ही रहा और ऐन-केन सफलता भी मिली ही। हमारे लिये यह अत्यन्त कठिन निर्णय था कि आने वाले भागों के वृहद खंडों को उपखंडों में विभाजित करें या न करें। उससे पाठक लाभान्वित होंगे या नहीं। कहीं कोश की योजना को आघात तो नहीं पहुँचेगा। किन्तु कोश की संपूर्ण आत्मा को सशक्त एवं सजीव बनाये रखने का अमित विश्वास हमें यह शक्ति प्रदान कर सका कि उपखंडों का विभाजन मात्र बाह्य-आकार का ही परिवर्तन है — इससे न सर्वांगीणता में अन्तर आयेगा और न शब्द-विवेचना की गंभीरता में ही फर्क आने वाला है। मुख्य योजना को भी बदलने का प्रयास नहीं है — यह उपखंडीय विभाजन तो व्यवस्थागत कठिनाइयों का व्यावहारिक प्रतिपालन मात्र है। कोशकार्ता एवं संपादक श्री सीताराम लालस की एकनिष्ठ साधना एवं शब्दगत तन्मयता को ही हमने अपने सामने रखना उचित समझा।

कोश-प्रकाशन की आर्थिक कठिनाइयों का विगतवार हवाला स्वयं कोशकर्ता एवं संपादक ने अपने संपादकीय निवेदन में व्यक्त किया है। किन्तु उन कठिनाइयों के दौरान में स्वजनों के सद्भाव उनकी सत्प्रेरणा और विश्वास दिलाने की कनुकंपा ही हमारे लिए सौभाग्य की बात थी। इस काल में डा० लक्ष्मीमल सिंघवी संसद सदस्य, ठाकुर श्री भैरूंसिंहजी खेजडला, ठाकुर श्री केसरीसिंहजी जोजावर, ठाकुर श्री गोवर्धनसिंहजी मेड़तिया आई.ए.एस. एवं ठाकुर श्री ओंकारसिंहजी जोधा आई.ए.एस. जैसे प्रवर उदारमना महानुभावों का स्नेहपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही साथ राज्य एवं केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त करने एवं सही मार्ग बताने की दृष्टि से केन्द्रीय उपशिक्षा मंत्री श्री भक्तदर्शन, राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री वृजसुन्दर शर्मा एवं राज्य के शिक्षा सचिव श्री विष्णुदत्तजी शर्मा आई.ए.एस. का पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्राप्त हुआ। सहयोगी बन्धु ठा० श्री नारायणसिंह भाटी एवं कठिनाइयों में भी साथ रहने वाले कोश-कार्यालय के कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना हमारा कर्तव्य है। उपर्युक्त सभी कृपालु महानुभावों के प्रति हम अपना आभार प्रकट करना चाहते हैं।

इस कोश के प्रकाशन के लिये राजस्थान सरकार एवं भारत सरकार के शिक्षा मन्त्रालय द्वारा प्रादेशिक भाषाओं के विकास की योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग मिलता रहा है और उसी योजना एवं सहायता के कारण कोश का कार्य भी चल रहा है — अतः दोनों सरकारों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

उपरोक्त सहायता के अतिरिक्त द्वितीय खंड के लिये एक मात्र स्वयं प्रेपित अनुदाता श्रीमान महाराजा राजबहादुर श्री मयूरध्वजसिंहजी ध्रांगध्रा के प्रति भी कोश उप-समिति अपना आभार प्रकट करती है -- जिनकी इस कोश एवं साहित्य में अदम्य रुचि रही है।

अन्त में मैं उन सब महानुभावों एवं साहित्य प्रेमियों को भी उपसमिति की ओर से धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने समय समय पर यथा शक्य सहायता एवं सहयोग प्रदान किया है और इस कार्य को पूर्ण करने में अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। श्री सीताराम लालस को साधुवाद है कि उनका परिश्रम, उनकी लगन और तपस्या द्वितीय खंड के रूप में अवतरित हो सकी है।

शुभाभिलाषियों की प्रेरणा और श्री लालस की एकान्तिक साधना के बल पर अब हम कोश के तृतीय खंड की ओर अग्रसर हो रहे हैं — सफलता के अमिट विश्वास के साथ।

विनीत

(कर्नल) ठा० श्यामसिंह

सचिव

उपसमिति, राजस्थांनी सबद कोस, जोधपुर.

संपादकीय

"निवेदन"

"राजस्थांनी सबद कोस" के इस द्वितीय खण्ड को आपके हाथों में रखते हुए प्रसन्नता का अनुभव होना तो स्वाभाविक ही है परन्तु इस प्रसन्नता के पीछे अन्तर्वेदना और स्वानुभूति की जो दीर्घ रेखायें हैं उन्हें भी इसी अवसर पर प्रकट करने के लिए यह बोझिल हृदय आतुर सा हो रहा है। न चाहते हुए भी इस द्वितीय खण्ड के प्रकाशन कार्य में तीन वर्ष की दीर्घावधि व्यतीत हो गई। यद्यपि इस भाग की सभी सामग्री तैयार थी और प्रकाशन हेतु मैं निरन्तर प्रयत्नशील था फिर भी अर्थाभाव की जो विकट घाटी उपस्थित हुई उसे पार करना सहज न हो सका। तीन वर्ष का यह काल इस कोश रचना कार्य में विकट आर्थिक विवशता और विषम परिस्थितियों का काल रहा है। यह तो सत्य है कि इस बढ़ती हुई मंहगाई के युग में इस आकार में कोश रचना करना व्यय साध्य तो है ही फिर भी यथा समय क्वचित बाधाओं के बाद भी यदि अर्थ व्यवस्था का सहयोग प्राप्त हो जाता है तो कार्य सम्पादित हो सकता है। इस द्वितीय खण्ड के प्रकाशन का काल जिन परिस्थितियों के मध्य गुजरा है उससे तो यही स्पष्ट है कि हमारे लिए लक्ष्मी ने सरस्वती के प्रति अपनी चिर वैमनस्यता का ही पालन किया। ऐसी स्थिति में दृढ़ चित्त व्यक्ति भी विचलित हो सकता है तो फिर मुझ अकिंचन का तो सामर्थ्य ही क्या! इसी अवधि में यह सत्य प्रतीत हुआ कि आर्थिक सहयोग ही सब कुछ नहीं है, इससे भी प्रबल हैं सहृदयजनों की सद्भावनायें, सुसहयोग एवं सत्प्रेरणायें। इसी सम्बल के सहारे व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकता है।

इन विगत तीन वर्षों की विषम आर्थिक विवशताओं के बीच मैं जिन सत्प्रेरणाओं के सम्बल को प्राप्त कर खड़ा रह सका हूँ उन्हें कैसे भुलाया जा सकता है। साहित्य संवर्द्धक श्रद्धेय श्रीमान् रोडला ठाकुर साहब कर्नल श्री श्यामसिंह जी एवं उदारमना सज्जन प्रवर श्रीमान् ठाकुर साहब श्री गोरधन सिंह जी I.A.S. तथा जनगण मान्य डॉ० लक्ष्मीमल जी सिंघवी संसद सदस्य की परम उदारता एवं महत्ती कृपा का ही यह फल है कि कोश का द्वितीय खण्ड आपके हाथ में है। यह व्यक्त करने में मुझे किसी प्रकार का संकोच नहीं होता कि इस विकट अर्थ द्वंद के बीच उक्त महानुभावों ने जिस अनुपम उदारता एवं सद्भावना के साथ तन मन धन से सहयोग दिया है वह आपकी निस्वार्थ सेवा का उच्चादर्श है। राजस्थानी कोश ही नहीं अपितु समस्त साहित्य जगत आप जैसे हित चिन्तकों का चिर ऋणी है।

"राजस्थांनी सबद कोस" को चार खण्डों में सम्पूर्ण रूप से प्रकाशित करने की निश्चित योजना थी जिसका उल्लेख कोश के प्रथम खण्ड की भूमिका में किया जा चुका है। इसी योजना के अनुसार ही प्रथम खण्ड जिसमें "अ" से "घ" वर्ण तक के शब्दों का संकलन है, प्रकाशित किया गया। द्वितीय खण्ड में "च" से "न" वर्ण तक के शब्दों को सम्मिलित करने की ही निश्चित योजना थी। जैसा कि कोश के प्रथम खण्ड की भूमिका में स्पष्ट किया जा चुका है कि वर्णमाला के सभी वर्णों के प्राप्य शब्दों का अकारादि क्रम से रजिस्ट्रों में संग्रह किया जा चुका है उसी के अनुसार "न" वर्ण के शब्दों की प्रेस कॉपी भी तैयार की गई। परन्तु अर्थाभाव का जो संघर्ष रहा उसी के कारण प्रकाशन कार्य योजनानुसार सम्पन्न न हो सका। ऐसी स्थिति में इस द्वितीय खण्ड को जिल्दों में विभक्त करने की विवशता आ गई। इस बात के लिए मुझे हार्दिक दुःख है कि चाहते हुए और सभी सामग्री तैयार रहते हुए भी मैं कोश के द्वितीय खण्ड को योजनानुसार "न" वर्ण तक के शब्दों सहित आपके समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सका। इस जिल्द विभाजन से उत्पन्न होने वाली सभी असुविधाओं के लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।

इस द्वितीय खण्ड के प्रकाशन कार्य को प्रारम्भ हुए अभी कुछ भी अधिक समय व्यतीत नहीं हुआ था कि धीरे धीरे आर्थिक सहयोग के सभी द्वार बंद हो गए। अनेक संकटों के मध्य भी कार्य में कुछ काल तक निरन्तरता अवश्य रही परन्तु उसका निर्वाह तब तक सम्भव था। मझधार डूबने की स्थिति आ ही गई। ऐसी स्थिति में कोश के दृढ़ स्तम्भ श्रीयुत् ठाकुर साहब श्री गोरधनसिंह जी ने कोश नैया को पार लगाने हेतु रोड़ ठाकुर साहब से आर्थिक ऋण के लिए निवेदन किया। इस पर रोड़ ठाकुर साहब श्री शम्भूसिंहजी ने कोश कार्य को यथा विधि निरन्तर रखने के लिए धनराशि ऋण के रूप में देकर अपना सहयोग दिया। आपका यह सामयिक सहयोग मेरे लिए एक बड़ा सहारा सिद्ध हुआ। आपके इस सहयोग के लिए मैं कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

इस खण्ड के प्रकाशन कार्य की अवधि में उपस्थित होने वाली आर्थिक विवशताओं को शिथिल एवं पराजित करने में हमें संसद सदस्य डॉ० लक्ष्मीमल सिंघवी का अपरिमित सहयोग प्राप्त हुआ। आपने अपने अत्यधिक व्यस्त जीवन काल में से कुछ अमूल्य क्षण हमें प्रदान कर इस कोश के लिये केन्द्रीय सरकार से दस हजार रुपये की धनराशि का अनुदान प्राप्त करवाया। यह आर्थिक सहयोग प्रथम खण्ड के प्रकाशन के बाद अप्राप्य सा ही हो गया था परन्तु डॉ० सिंघवी साहब के सद्प्रयत्नों के फलस्वरूप ही उक्त धन राशि केन्द्रीय सरकार से अनुदान के रूप में प्राप्त कर सके। प्रकाशित कोश का प्रथम खण्ड, कोश की समस्त सामग्री एवं कोश के लिए प्राप्त सम्मतियां देखकर आप अत्यधिक प्रभावित हुए और आपने राजस्थानी के इस बृहद कोश को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व० श्री लालबहादुर शास्त्रीजी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने की जिज्ञासा प्रकट की। इस पावन कार्य के लिए मैं सहर्ष सहमत हुआ। तब आपने शीघ्र ही मान्यवर प्रधानमंत्री से साक्षात्कार कराने की व्यवस्था कर दी। यह आप ही का प्रयास था कि मैं अकिंचन सम्माननीय पूज्यवर स्व० श्री लालबहादुर शास्त्रीजी से साक्षात्कार कर उनके दर्शन लाभ करता हुआ अपने इस कोश की सम्पूर्णता की हार्दिक चाहना उनके सामने प्रकट कर सका। डॉ० सिंघवी साहब के इस अतुल सहयोग के लिए मैं सदैव सदैव के लिए आभारी हूँ।

केन्द्रीय सरकार से प्राप्त होने वाले अनुदान के लिए जब जब भी दिल्ली जाने का अवसर मिला तो वहाँ पर मुझे श्रीमान् ठा० समदरसिंह जी शेखावत, (मैनेजर) राजस्थान भवन दिल्ली से पर्याप्त सहयोग प्राप्त होता रहा। अपनी निजी असुविधाओं के बीच भी आपने इस कोश तथा मेरे प्रति जिस आत्मीयता को प्रकट किया उसे किसी क्षण भुलाया नहीं जा सकता!

सरकार द्वारा प्राप्त होने वाले आर्थिक सहयोग की कड़ी में इस कोश के प्रथम खण्ड के प्रकाशन काल में केन्द्रीय अनुदान के साथ राज्य सरकार से भी कुछ आर्थिक अनुदान आरम्भ हुआ था परन्तु इस विगत अवधि में आर्थिक सहयोग के अन्य स्रोतों के अवरुद्ध होने ही विवशताओं को और विकट बनाने के लिए यह द्वार भी प्रायः बन्द सा हो गया और केन्द्रीय सरकार से स्वीकृत कराये गये अनुदान को राज्य सरकार से प्राप्त करने में भी बाधायें उपस्थित होने लगी। इस कोश के शुभचिन्तकों को किसी भी स्थिति में यह स्वीकार नहीं था। अतः ऐसी स्थिति में उक्त स्वीकृत धनराशि को प्राप्त करवाने में श्रद्धेय श्री लक्ष्मीलालजी जोशी, भूतपूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग व परमादरणीय श्रीयुत् विष्णुदत्तजी शर्मा शिक्षा सचिव राजस्थान ने जिस सौजन्यता एवं सौहार्द्र का परिचय दिया उसे शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता। आपकी असीम कृपा एवं सद्प्रयासों के फलस्वरूप ही केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदान वित्तीय बजट की समाप्ति के अन्तिम क्षणों में प्राप्त करने में सफल हुआ।

राज्य सरकार की ओर से पर्याप्त आर्थिक सहयोग के अभाव में कोश कार्य को निरन्तर रखने के लिए ऋण का सहारा लेना अनिवार्य हो गया। ऋण की व्यवस्था करना भी उतना ही विकट हो गया जितना आर्थिक अनुदान प्राप्त करना। ऐसी स्थिति में "उपसमिति राजस्थानी सबद कोस" ने जो श्रीमान् ठाकुर केशरीसिंहजी सदस्य विधान सभा की अध्यक्षता में कार्य कर रही है अपने कर्तव्य का निर्वाह किया। उक्त समिति ने श्री जवर बोर्डिंग हाउस, जोधपुर की निधि में से २०,०००) रुपये का ऋण कोश के लिए प्राप्त किया। इस ऋण को प्राप्त कराने में कर्नल श्रीमान् मोहनसिंहजी भाटी ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। श्री जवर बोर्डिंग हाउस की प्रबंधक समिति तथा कर्नल मोहनसिंह जी भाटी एवं श्रीमान् ठाकुर केसरीसिंह जी के सहानुभूति पूर्ण सुसहयोग के लिए मैं अपना हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।

कोश पर वढ़ता हुआ ऋण भार घोर चिन्ता का विषय बना हुआ था परन्तु इसी समय दूसरे वर्ष पुनः केन्द्रीय सरकार से २३,७,५०) के आर्थिक अनुदान की स्वीकृति प्राप्त हुई। इस स्वीकृति अनुदान को राज्य सरकार के कोष से प्राप्त कराने में मान्यवर श्री वृजसुन्दर जी शर्मा, शिक्षा मंत्री राजस्थान व उनके निजी सचिव श्री कोमल कोठारी का प्रशंसनीय सहयोग प्राप्त हुआ। आपने समय समय पर मेरे प्रति जो उपकार किए हैं उनके लिए मैं पूर्ण उपकृत हूँ और इसके साथ ही आपने जिस सद्‌भावनाओं के साथ मेरा मार्ग प्रदर्शन किया है उसके लिए मैं हृदय से आभार स्वीकार करता हूँ।

यद्यपि मेरे परम हितेषियों के अनुपम सहयोग से (राजकीय) सहयोग प्राप्त अवश्य हुआ परन्तु इस कार्य के लिये यह आंशिक मात्र था। इस अनुदान से कोश का पूर्व का ऋण मात्र ही कुछ हल्का हो पाया। कार्य को आगे वढ़ाने की समस्या तो सामने खड़ी ही थी। यह अभाव सभी वैतनिक कार्य कर्त्ताओं को हताश कर ही चुका था। आर्थिक अभाव के इन भीषण थपेड़ों में कोश कार्य को आगे वढ़ाना असम्भव ही था। परन्तु सदैव की भांति इस कोश के मूल कर्णाधार रोडला ठाकुर साहव कर्नल श्री श्यामसिंहजी ने अपनी पूर्ण उदारता का परिचय दिया। जब जब भी मैं आपके पास पहुंचा तो आपने हृदय से मेरी विवशताओं को समझा और अपूर्व आत्मीयता प्रकट की। कोश के प्रति आपकी सच्ची निष्ठा देखकर यह व्यक्त करने में किसी भी प्रकार की अत्योक्ति नहीं कि कोश प्रकाशन के गुरुतर भार को आपने अपने बलिष्ठ कंधों पर वहन नहीं किया होता तो यह कार्य कृति के रूप में प्रकट ही नहीं हो सकता था। ठाकुर साहव कर्नल श्री श्यामसिंहजी की उदारता यहाँ शब्दों में सीमित नहीं की जा सकती परन्तु हृदय के भाव भी प्रकट हुए बिना रह नहीं पा रहे हैं। अर्थभाव में जब भी कार्य रुका आपने अपनी ओर से सहयोग दे कर कार्य को निरन्तर रखा! निस्सन्देह आपका सच्चा स्नेह जो मुझ पर प्रकट हुआ है उसे किसी भी स्थिति में विस्मृत नहीं किया जा सकता।

वृहद् आकार में कोश के सम्पादन कार्य में आर्थिक अभाव तो एक विकट विवशता है ही इसमें दो राय नहीं हो सकती परन्तु अनेकानेक उदारमना साहित्य सेवी सहृदजन अर्थ सम्पन्न सज्जनों का यहाँ अभाव नहीं है। उन्हें किसी भी स्थिति में ऐसे सत्कार्य का अवरोध स्वीकार्य नहीं होता। वे किसी भी प्रकार आर्थिक सहयोग जुटाकर इस विवशता को शिथिल कर ही देते है। राष्ट्र को राष्ट्र के साहित्य सेवियों पर महान् गर्व है। आर्थिक सहयोग के साथ साथ इस कार्य की सार्थकता एवं उपादेयता के लिए अत्यन्त आवश्यक होती है, सदभावनाओं, सत्प्रेरणाओं एवं सन्नमार्ग दर्शन की। यह प्रकट करते हुए अतीव प्रसन्नता होती है कि मेरे आत्मीय स्वजनों विद्धदवर; गुरुजनों और साहित्य मनीषियों की ओर से सदैव मुझ पर असीम कृपा रही और इसी के फलस्वरूप मुझे निरन्तर प्रोत्साहन प्राप्त होता रहा।

अपने इन सभी परम हितेषियों में परमादरणीय समालोचक प्रवर श्रीयुत भगवत शरण उपाध्याय, संपादक ''हिन्दी विश्व कोष'' के प्रति मैं हृदय से कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होंने केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित होने वाली ''भाषा'' नामक पत्रिका में **''राजस्थान सबद कोस''** का सही सही मूल्यांकन करते हुए मेरा पथ निर्देश किया और कोश कार्य के लिए नवीन दिशा भी दी। इनके साथ ही मैं मान्यवर पद्मविभूषण श्री हरिभाऊ उपाध्याय भूतपूर्व शिक्षा मंत्री राजस्थान, के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होंने इस कोश का अध्ययन कर इसके लिये अपनी सुसम्मति प्रदान कर मुझे प्रोत्साहित किया।

इस कोश में संग्रहित जैन ग्रंथों के अनेकानेक शब्दों के अर्थ एवं उनकी व्युत्पत्ति आदि स्पष्ट करने में पूज्यवर पद्मश्री पुरातत्वाचार्य मुनि श्री जिन विजय जी, संचालक प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान एवं **श्री गोपाल नारायण जी बहुरा** उपाध्यक्ष प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर का निरन्तर रूप से सौहाद्र पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। आपके सहयोग से जैन शब्दों की अर्थ व्याख्या एवं अनेक शब्दों की अर्थ पुष्टि के लिए वंशभाष्कर से उदाहरणों की प्राप्ति में पूर्ण सुगमता रही। शब्दों की व्युत्पत्ति एवं अर्थ व्याख्या के लिए आपसे किए गए विचार विमर्ष से शब्दों के मूल रूप तक पहुंचाने में सुविधा रही जिससे राजस्थानी में वहुत जैन शब्दों को कोश में उपयुक्त स्थान मिल सका। इसके लिए मैं आप दोनों ही महानुभावों का हृदय से आभार मानता हूँ। इसी प्रसंग में श्री वहुरा जी के सहायक श्री लक्ष्मीनारायण जी गोस्वामी ने भी समय समय पर अपना हार्दिक सहयोग प्रदान किया है इसके लिये निश्चय ही आप धन्यवाद के पात्र हैं।

इसी शृंखला में मैं वयोवृद्ध श्रीयुत बालाराम जी कवि किंकर की सौजन्यता एवं सहयोग को विस्मृत नहीं कर सकता जिन्होंने अनेक जैन पारिभाषिक शब्दों के स्पष्टीकरण के लिए मुझे अपना समय दिया और ऐसे ही अनेक शब्दों के लिए उपयुक्त उदाहरणों की व्यवस्था भी की। इस कोश कार्य के लिए आपका सहयोग मुझे निरन्तर रूप से प्राप्त होता रहा इसके लिए मैं हृदय से आपका धन्यवाद करता हूं।

राजस्थानी साहित्य में ज्योतिष सम्बन्धी शब्दों एवं नक्षत्रों का भी व्यापक प्रयोग हुआ है। इसी उद्देश्य से कोश में ऐसे शब्दों को उपयुक्त स्थान देकर उनकी उचित व्याख्या की गई है इसके लिए मैं श्री मांगीलालजी दवे अध्यापक संस्कृत महा विद्यालय, जोधपुर को हार्दिक धन्यवाद अर्पित करता हूँ, जिन्होंने मुझे अधिक समय देकर ज्योतिष सम्बन्धी शब्दों की सही अर्थ व्याख्या करने एवं विभिन्न नक्षत्रों की उपयुक्त परिभाषा बनाने में सुगमता प्रदान की। रात्रि में नक्षत्रों की स्थिति को दिखाकर तदनुकूल परिभाषा बनाने में आपने सराहनीय सहयोग प्रदान किया वस्तुतः आप धन्यवाद के पात्र हैं।

कोश सम्पादन कार्य में शब्द संग्रह एवं शब्दार्थ व्याख्या का महत्त विद्वद्जनों से छिपा नहीं है। शब्द संग्रह कार्य में मुझे श्री मोहनलाल पुरोहित एम. ए., बी. एड., साहित्यरत्न द्वारा सुसहयोग सदैव ही प्राप्त होता रहा है। आपने कोश के प्रथम खण्ड के प्रकाशन में मेरे साथ अनुलेखक के रूप में कार्य करते हुए प्रथम खण्ड के स्वरूप को सुन्दर एवं उपयुक्त बनाने में पूरा पूरा सहयोग दिया है। इस अवधि में आपने गोडवाड़ क्षेत्र में व्यापक रूप से व्यवहृत होने वाले शब्दों का उनकी अर्थ व्याख्या सहित अच्छा संग्रह दिया। शब्द की आत्मा को पहिचान उसके मूल अर्थ तक पहुंचने की आप की सूझ वस्तुतः सराहनीय है। आपने जिन सद्भावनाओं से प्रेरित हो कोश सम्पादन में मुझे सहयोग दिया है उसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद करता हूँ।

अपने सहृदय सहयोगियों की स्मृति जब भी मुझे होती है तो मेरा हृदय राजस्थान के भूतपूर्व उपशिक्षा मंत्री श्रीयुत् पूनमचंदजी बिश्नोई के प्रति अपना आभार प्रकट किए बिना नहीं रहता। आपने इस कोश के प्रथम खण्ड के प्रकाशन के समय जिस अपूर्व सहयोग एवं सत्प्रेरणाओं द्वारा समय समय पर मुझे उत्साहित किया था वही सहयोग प्रत्येक परिस्थिति में सदैव प्राप्त होता रहा है। आपकी इन सद्भावनाओं के प्रति मैं अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

कोश कार्य में प्रारम्भ से ही निरन्तर सद्भाव के साथ सहयोग देने वालों में मुझे श्री कोमल कोठारी और श्री विजयदान देथा की स्मृति सदैव हो आती है। आप दोनों ही ने सच्ची लगन के साथ मेरे कोश को देखा और सच्चे स्नेहीजन के रूप में प्रत्येक स्थिति में मुझे प्रोत्साहित किया। साहित्य के प्रति आप पूर्ण निष्ठावान हैं और लोक साहित्य में आपकी विशिष्ट रुचि है। अतः भाषा विकास के वर्तमान काल में इस "राजस्थांनी सबद कोस" की पूर्ण उपयोगिता के प्रति आपने अपना पूर्ण विश्वास प्रकट किया। सरकारी अनुदान प्राप्त कराने में श्री कोमल कोठारी जी का विशेष सहयोग रहा है। आपने निजी सुविधाओं और असुविधाओं का ध्यान न रखते हुये सदैव मेरे कार्य को प्राथमिकता दी। आप दोनों ही सज्जनों के स्नेहपूर्ण व्यवहार एवं सहयोग के प्रति, जो मुझे सदैव प्राप्त होता रहा है, मैं हृदय से धन्यवाद अर्पित करता हूँ।

साहित्य शोध एवं कोश कार्य में रुचि रखने वाले कतिपय सुहृद साहित्य मर्मज्ञ, भाषा विशेषज्ञ एवं विद्वद्जन ने समय समय पर कोश कार्यालय में पधार कर कोश रचना प्रणाली और कोश का निकट से अध्ययन किया और उस अवसर पर अपनी सद्भावनाओं से मुझे प्रोत्साहित किया। ऐसे साहित्य मनीषियों में उदारमना श्रीमान् महाराजा साहिब राजबहादुर श्रीमयूरध्वजसिंहजी ध्रांगधड़ा का नाम सर्वोपरि है जिन्होंने इस "राजस्थांनी सबद कोस" की आधुनिक समय में उपयोगिता एवं उपादेयता का मूल्यांकन किया इसके साथ ही आपने १००१) रुपये का नगद आर्थिक अनुदान देकर अपनी साहित्य सेवा भावना का भी परिचय दिया। आपकी सहृदयता एवं सद्भावनाओं के लिए मैं पूर्ण कृतज्ञ हूँ। आपके अतिरिक्त जापानी भाषा विशेषज्ञ श्री के० दोई, डॉ० नगेन्द्र, दिल्ली विश्व विद्यालय, डॉ० रसिकलाल तिवारी, भोगीलाल सांडेसरा, श्री उदयनारायण तिवारी, श्री नारायण चतुर्वेदी, सम्पादक सरस्वती समालोचना, एवं श्री केशवराम शास्त्री ने भी यहाँ पधार कर मुझे पूर्ण अनुग्रहीत किया। आप सभी ने कोश रचना के कार्य को देखा, अनेक विषयों पर विचार विमर्श भी

किया और अपनी सत्प्रेरणाओं द्वारा मुझे प्रोत्साहित भी किया। मेरे कार्य के प्रति आप सज्जनों ने जो सद्भावनायें प्रकट की उनके लिए मैं आप सभी का आभार स्वीकार करता हूँ।

इस कोश कार्य के माध्यम से ही मुझे इस अवधि में अनेक सज्जन वृंद के निकट सम्पर्क में आनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिन्होने समय समय पर मुझे प्रोत्साहित ही नहीं किया अपितु इस कोश को सुगम एवं सफल बनाने के लिए भी अपना हार्दिक सहयोग प्रकट किया। महाराजा श्री हरिश्चंद्रजी झालावाड़, ठा० श्री भैरुंसिंहजी खेजड़ला, ठा० केसरीसिंहजी राखी, ठा० श्रीमनोहरसिंहजी धामली, ठा० श्री ओंकारसिंहजी जोधा बावरा I.A.S., श्रीमती राणीजी श्रीलक्ष्मीकुमारी चुंडावत सदस्य विधान सभा ठा० श्री अक्षयसिंहजी रतनू, कुँ० श्रीजालमसिंहजी मेड़तिया खानपुर तथा श्रीरैंवतदानजी कल्पित आदि आदि सज्जनों के नामविशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मुझे कोश कार्य करते हुए जहां जिस क्षेत्र में आवश्यकता प्रतीत हुई आप महानुभावों ने सच्चे हृदय से अपना सहयोग देकर मेरे प्रति अपनी सद्भावनायें प्रकट की। आप सभी के इस सहयोग के प्रति कृतज्ञता का भाव अनुभव करता हूँ।

कोश के इस खंड के यथा विधि प्रकाशन में स्थानीय साधना प्रेस के व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक का समुचित सहयोग प्राप्त हुआ है। कोश सामग्री में निरंतर रूप से परिवर्द्धन होने के कारण उन्हें अवश्य ही अनेक असुविधाएं हुई हैं, फिर भी आपने कोश कार्य के लिए प्राथमिकता देकर जो सहयोग दिया है उसके लिए मैं आपको हार्दिक धन्यवाद अर्पित करता हूँ।

अन्त में मैं उन सभी उदार महानुभावों एवं सहयोगी बन्धुओं के प्रति साभार कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुझे कोश सामग्री संग्रह करने तथा इसके सम्पादन के लिए समय समय पर यथा विधि सहयोग प्रदान किया है। मानवीय भूल प्रवृति के प्रभाव से ही यदि किन्हीं महानुभावों के प्रति नामोल्लेख द्वारा आभार प्रदर्शित न कर पाया हूँ तो उनसे विनम्र भाव से क्षमा याचना करता हूँ।

—सीताराम लाळस

* निवेदन *

—: दूहा सोरठा :—

नारायण भूले नहीं, अपणी मायाईश । रोग पैल ग्राखद रचै, जगवाला जगदीश ॥१॥
साच न वूढो होय, साच ग्रमर संसार में । कैंतो धोवो कोय, ग्रो सेवट प्रकटै 'उदय' ॥२॥
सेवा देश समाज, धरती में साचो धरम । इण सूं पूरै ग्राज, सकल मनोरथ सांवरो ॥३॥
साहित री सेवाह, सेवा देश समाज री । ग्रावे इण एवाह, ईशर कीरपा सू उदय ॥४॥
सत ऊजल संदेश, उदयराज उजल ग्रखे । दीपै वांरा देश, ज्यारा साहित जगमगे ॥५॥

भारत संसद में सन् १९५० रे करीब देशरी दूसरी सगला प्रान्ता री भासावां मानी गई उणां रे सामल राजस्थानी भाषा ने नहीं मानो तो कुदरती तौर सूं राजस्थान में ग्रपणी भासा राजस्थानी ने मान्यता दिरावण सारु ग्रान्दोलन पत्रों में शुरू हुवो ।

राजस्थानी रो विरोध में ग्रकसर ग्रा बात कही जाती के इण रो कोई ग्राधुनिक कोश नहीं हो । ग्रो घाटो मिटावण सारु में श्री सीतारामजी लालस ने क्यो क्योकि हूँ जाणता हो के डिंगल रा शब्द संग्रह रो उणां ने कांफी ग्रनुभव है । श्री सीतारामजी इणा काम सारु तैयार हो गया ने म्हें दोनु सामिल होय ने पूरा सहयोग से मैनत सूं कोश रो काम शुरू कियो ने इण में खर्चे रीमदत रो जरुरत हुई तो उसा बाबत म्हें स्वर्गीय ठाकुर श्री भवानीसिंहजी साहब वार एटला पोकरण ने ग्ररज करी । इणां कृपा करने मंजूर करी ने तारीख १–५–५१ सूं रुपीया री मदद देणी चालू कर दीवी । सीतारामजी मथाणिया में लेखक राख ने काम शब्द संग्रह री स्लिप कोपिया लिखावण रो चालू कर दियो ग्रौर म्हें दोनू तारीख १–५–५१ सूं सन् १९५२ रा ग्राखिर तक सामिल कोम कियो जिण सूं कुल शब्द ११३००० स्लिप कोपियां में लिखीजीया फेर समय रा हेरफेर सूं श्री पोकरण ठाकुर साहब री सहायता बंद हो गई । इण सूं सन् १९५३ लगायत सन् १९५६ तक ४ साल तक कोश रो काम बन्द रेयो ।

इण कोश ने पूरो करण री म्हां दोनूं री पूरी लगन ही । म्हें करनल श्री सोमसिंहजी रोडला ने जून सन् १९५६ में कोश में सहायता देण सारु कागद लिखियों उण रो जबाव उणां तारीख २९–६–५६ रा कागद में म्हने लिखियों के कोश सारु मावार रु० ५०), ३ या ४ साल तक या काश पूरो होवे जठा तक दे सकूंला । परन्तु उणांरा पिता करनल श्री ग्रनोपसिंहजी बीमार हो गया इण वास्ते सहायता चालू में देरी हुई । उणां रे स्वर्गवास होणे रे बाद में मास नवम्बर रा ग्रन्त में ने दिसम्बर रा सरु में जोधपुर में ही जद कर्नल श्री सामसिंहजी कोश री मदत बाबत बातचीत करणने दोयवार म्हारे मकान पर ग्राया ग्रौर फिर सहायता देणी चालू कर दीवी ।

कोश रो काम उणां री सहायता सूं सन् १९५७ री जनवरी सूं सीतारामजी जोधपुर में चालू कर दिया क्योकि जद उणां रो तबादला जोधपुर में हो गयो हो । जो एक लाख तेरह हजार शब्दों री स्लिप कोपिया पेलो वणी हुई ही । उणारी स्लिपां काट काटकर ग्रक्षरवार ग्रलग ग्रलग कर दी गई ने नवा शब्द भी जो मिलिया के शामिल कर दिया गया । इणतरे सब शब्द ग्रक्षरवार किया जाय ने उणां ने ग्रक्षरवार रजिस्टरों में लिख लिया गया । इणतरे कोश सन् १९५८ री माह मई तक पूरो हो गयो । म्हें पैली री तरे सीतारामजी रे साथ हर तरह रो सहयोग ने मदत राखी ने काम कियो ग्रो कोष करनल श्री सामसिंहजी री रुपीया रीं सहायता सूं पूरी हुवो ।

इणरे बाद प्रेस कापी वणाइण रो काम चालू हुवे । उणरे खरचे रो प्रबन्ध ठाकुर श्री गोरधनसिंहजी मेडतिया खानपुर वाला श्री झालावाड़ दरबार सू श्री नीवांज ठाकुर साहब सू रुपियां री सहायता लेने करायो ने करे छपण री प्रवन्ध राजस्थानी सोध संस्थान चोपासणी जोधपुर सूं हुवो ने तारीख ११–३–१९५६ ने सीतारामजो ने इण सोध संस्थान शिक्षा विभाग सू लोन पर ले लिया जद सूं वे इण संस्थान में काम करण लागा ।

इण कोश ने तैयार करावण में व्युत्पति विभाग पूरो करावण में स्वर्गीय पं० नित्यानन्दजी शास्त्री जोधपुर की घणी मदत ही इण वास्ते वैकुंठवासी विदवान ने घणा धन्यवाद देवां हां । तारीख २२–५–५७ ने लिख दय्या नीचे मुजब हो :—

चांद बावड़ी
ता० २२-५-५७

सीतारामजी लालस ने राजस्थानी कोश की रचना की है। यह भारी कठिन कार्य का यन्त्र श्री उदयराजजी उज्जवल यन्त्री (मिकेनिक) के बल संचालित हुवा है। मैंने इसे देखा इन्होंने प्रत्येक शब्द और धातु को जांचकर उनके प्रयोज्य सब प्रकार के प्रयोगों को प्रदर्शित किया है क्योंकि इन्होंने संस्कृत, प्राकृत अपभ्रंश विविध भाषाओं के बल पर यह कार्य भार उठाया है। बीच बीच में हर समय मेरे साथ विचार विमर्श करते हुए आपने पूर्ण परिश्रम करके इसे रचा है। ऐसे कठिन कार्य को पार करने में श्री सीतारामजी की ही पूर्ण कृपा ने सहायता की है। आशा हैं राजस्थान की जनता इससे लाभ उठाकर इस कोश की त्रुटी की पूर्ती से पूर्ण संतुष्ट होगी और श्रम को समझने वाले विद्वान काय प्रशंसा करेंगे। फक्त नित्यानंद शास्त्री।

इणी तरे ननरा विश्वविद्यालय मूं डा० डब्लू० एस० एलन जो संसार री करीब चालीस भाषाओ रो जाणकार है ने अन्तरराष्ट्रीय ख्याती रा भाषा शास्त्री है वे राजस्थानी भाषा रे ध्वनी विज्ञान संबंधी जांच वो शोध रो काम सारु सन् १९५२ में राजस्थान में आया हा ने जोधपुर में दोय मास ठहरिया हा ने भाषा रे सिलसिले में म्हारे कने घणा आता उणांने म्हे ने सीतारामजी दोनूं कोश वाली स्लिप कोपिया राय रे वास्ते म्हारा मकान पर दिखाई ही उणां म्हारो उत्साह बधायो उणां री सम्मति नीचे मुजब है :—

THINITY COLLEGE, CAMBRIDGE 26 Feb., 1960.

It is excellent news for Indo-Aryan Linguistics that the Rajastani Dictionary of Shri Udayraj Ujjwal and Shri Sitaram Lalas,is now to be published Rajasthani has long presented a serious gap in the comparative Study of the vaca-bulary of the Indo-Aryan Languages and now at last it is filled by the devoted work of two Rajasthani Scholars and the support of their distinguished Sponsors. I know well and difficulties that have beset the under taking of this task and its Completion is therefore all the more a menument to the courage of these who conceived the project and brought it to fruition. With this work added to the grammer by Shri Sitaramji, the status of the Rajasthani language can no longer be denied.

Sd. W. S. Allen. M.A.P.H.D.
Protessor of Comprative Philology
In the University of Cambridge.

कोश दोय दातार राजपूत सरदारों रो रुपीया रो मदत सूं शुरू होय ने पूरो बणियो इण वास्ते पुरानी प्रथा रे माफक महे ता० २६-६-५७ ने इण बाबत काव्य गीत, कवित, रचियो ने सीतारामजी कने भेजीया वो अठे दिया जावे है इणा ने दोनूं सरदारो रो धन्यवाद रे तौर पर वणने है। इण गीत री सीतारामजी पत्रों में तारीफ की है।

"गीत" राजस्थानी में

कोश मरु बाणरो शुभे वण्यो नह किणी सू, लाख शब्दो तणो वडो लेखो गया भूपात कवराज गुण गावता, दियो नह ध्यान इण हेत देखो ॥१॥
गुटगा खजाना नरेसो देखता, गया तजमाल ठकरेत गाढा। सेव साहित्य री वणी न किणी सू, लागता पंथ धन छोड़ लाडा ॥२॥
सेव साहित्य ही रहे संसार में, सुजसफल लागवे घणी सरसे। मिले सुखलाध हितकर चित समाजां, दिनों दिन कितां सनमान दरसे ॥३॥
पांग मरु थांन है प्रांत रो परंपर. वेण परताप राजस्थान ऊचों। रखी नह पढण में भायखां प्रांतरी, निरखतां जाय है प्रांत नीचों ॥४॥
वगई चारणों व्याकरण विधोविध, वणेगो कोश ही लाख सबदो। सीत रो परिश्रम अथग फलियों सिरे, रेटियो 'उदय' मिल सकल सबदो ॥५॥
पोकरण भवानीसिंह चापे प्रथम कोश रे हेत धन खर्च कीयो। पडता लांच इण समेरा फेर सू, स्यामंसी रोडले कांम सीधो ॥६॥
रोडले स्यामसी सपूतो सिरोमण, कमवज आज अखियाज कीधी। वार विपरीत में हजारो खरचवे, दाद ऊजल 'उदे' देस दीधी ॥७॥
चारणा दोय मिल व्याकरण कोश रचि, वण्या नह वडो कवराज मिलियो। कमधा दोय मित्रकियी सुभकांमजो, महीयो कियो नह वीस मिलियो ॥८॥

कवित

सूर्यमल्ल मिशण ने वनाया वंश भास्कर बूंदी नृपराम ने खजाना खोल करके।
सावल कविराज ने लिखाया इतिहास त्योंही उदियापुर रान के कोष बल धरके।
सीताराम लालस ने कीन राजस्थानी कोश, उदयराज उज्जवल के योग शक्ति भरके।
पोकरण भवानीसिंह स्यामसिंह रोडला के कोश हित कोष वने दानी धनवधर के।
प्रान्त की प्रबल भाषा प्रतिष्ठित परंपरा विबुधन दीनमाल वीरपद वाला है।
शिक्षा को माध्यम निज प्रान्त हूं में रखी नहीं होय कोटि जनता को दास गति डाला है।
टूबत है मात्र भाषा वीर राजस्थान केरी, प्रान्त का भविष्य याते दर्शित विदाजा है।
जीवित रहेगी प्रीय राजस्थानी आशामात्र, व्याकरण कोश याके वनेगे शिवाला है।

Compared by
Sd Bhawar Singh
Sd. लक्ष्मीप्रकाश गुप्ता

Sd. ह० उदयराज उज्वल
Sd. Nemi chand Jain
Civil Judge, Jodhpur.

संकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता का नाम
अं०	अंग्रेजी	
अ०	अरबी	
अक०	अकर्मक	
अक० रू०	अकर्मक रूप	
अनु०	अनुकरण	
अनेक०, अनेका०	अनेकार्थी कोश	श्री उदयरांम बारहट (गूंगा)
अप०	अपभ्रंश	
अमरत	अमरत सागर	श्री महाराजा प्रतापसिंह (जयपुर)
अ०मा०	अवधान माला	श्री उदयरांम बारहट (गूंगा)
अ०रू०	अकर्मक रूप	
अल्प० अल्पा०	अल्पार्थ रूप	
अ० वचनिका	अचलदास खीची री वचनिका	सिवदास गाडण
अव्य०	अव्यय	
इब०	इबरानी	
उ०	उदाहरण	
उप०	उपसर्ग	
उभ०लि०	उभयलिंग	
ऊ०र०	उक्ति रत्नाकर	
ऊ०का०	ऊमर काव्य	श्री ऊमरदांन लालस
एका०	एकाक्षरी नांम माला	श्री वीरभांण रतनू, श्री उदयरांम बारहट (गूंगा)
ऐ०जै०का०सं०	ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह	संपादक-अगरचंद जी नाहटा
क०कु०बो०	कविकुल बोध	श्री उदयरांम बारहट
क०च०	करणी चरित्र	ठा० किशोरसिंह बार्हस्पत्य
कर्म०वा०, कर्म०वा०रू०	कर्म वाच्य रूप	
कहा०	कहावत	
कां०दे०प्र०	कान्हड़ दे प्रबंध	श्री पद्मनाभ
क्रि०	क्रिया	
क्रि०अ०	क्रिया अकर्मक	
क्रि०प्र०	क्रिया प्रयोग	
क्रि०प्रे०	क्रिया प्रेरणार्थक	
क्रि०वि०	क्रिया विशेषण	
क्रि०स०	क्रिया सकर्मक	
क्व०क्व०प्र०	क्वचित् प्रयोग	
क्षेत्र	क्षेत्रीय प्रयोग	
ग०मो०	गज मोख	हरसूर बारहठ
गी०रां०	गीत रांमायण	श्री अमृतलाल माथुर (कुचेरा निवासी)
गु०	गुजराती	

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
गु०रू०बं०	गुण रूपक बंध	श्री केसोदास गाडण
गो०रा०	गोरादि	
गो०रू०	गोगादे रूपक	श्री पहाड़ खां आढो
ची०	चीनी	
चेत मांनखा	चेतमांनखा	श्री रेवतदांन कल्पित
चोबोली	चोबोली	सम्पादक डॉ० कन्हैयालाल सहल
ज०खि०	जगा खिड़िया रा कवित	श्री जगो खिड़ियो
जा०	जापानी	
ज्यो०	ज्योतिष	
डिं०	डिंगल	
डिं०को०	डिंगल कोस	कविराजा मुरारिदांन जी (बूंदी)
डिं०नां०मा०	डिंगल नांम माला	श्री हरराज (कवि)
ढो०मा०	ढोला मारू *	सम्पादक श्री रामसिंह श्री सूर्य करण पारीक श्री नरोत्तमदास स्वामी
तु०	तुर्की	
द०दा०	दयालदास री ख्यात	श्री दयालदास सिंढायच
दसदेव	दस देव	नांनूरांम संस्कर्ता
द०वि०	दलपत विलास	सम्पादक श्री रावत सारस्वत
दे०	देसी	
देवि, देवी	श्री देवियांण	श्री ईसरदास बारहठ
द्रौ०पु०	द्रोपदी पुकार	श्री गंगनाथ कवियो
ध०व०ग्रं०	धर्म वर्धन ग्रंथावली	संपादक अगरचंद नाहटा
ना०मा०	नांम माला	अज्ञात
ना०डिं०को०	नागराज डिंगल कोस	श्री नागराज पिंगल
ना०द०	नाग दमण	श्री साइयां झूला
नी०प्र०	नीति प्रकास	श्री सगरांम सिंह मुहणोत
नैणसी	मुहणोत नैणसी री ख्यात	प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
पं०	पंजाबी	
पं०पं०चौ०	पंच पंडव चरित्र	शालिभद्र सूरि
प०च०चौ०	पद्मिनी चरित्र चौपाई	कविलब्धोदय
पर्याय	पर्यायवाची शब्द	
पा०	पाली	
पा०प्र०	पाबू प्रकास	कवि श्री मोडजी आसियो
पिं०प्र०	पिंगल प्रकास	श्री हमीरदांन रतनू
पी०ग्रं०	पीरदांन ग्रंथावली	पीरदांन लालस

* इनके अतिरिक्त हमने "ढोला मारू" की भिन्न २ लेखकों द्वारा लिखित हस्तलिखित वार्तों की प्रतियों में से भी शब्द लिए हैं, उनका भी संकेत चिन्ह ढो.मा. ही रखा गया है।

संकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
पु०	पुल्लिंग	
पुर्त०	पुर्तगाली	
पृष०	पृषोदरादि	
पे०रू०	पेमसिंह रूपक	श्री प्रतापदान गाडण
प्र०	प्रत्यय	
प्रा०	प्राकृत	
प्रा०प्र०	प्राचीन प्रयोग	
प्रा०रू०	प्राचीन रूप	
प्रे०	प्रेरणार्थक	
प्रे० रू०	प्रेरणार्थक रूप	
फा०	फारसी	
फ्रां०	फ्रांसिसी	
बहु०	बहु वचन	
बां०दा०	बांकीदास ग्रंथावली भाग १,२,३,	श्री बांकीदास
बां०दा०ख्या०	बांकीदास री ख्यात	श्री बांकीदास
बी०दे०	बीसल दे रासो	बीसल दे
भ०मा०	भक्तमाल	श्री ब्रह्मदास जी दादूपंथी
भाव०	भाव वाचक	
भाव वा भाव वा०रू	भाव वाच्य रूप	
भिक्खु	भिक्खु दृष्टान्त	
भि०द्र०	,, ,,	
भू०	भूतकाल	
भू०का०क्रि०	भूत कालिक क्रिया	
भू०का०कृ०	भूतकालिक कृदन्त	
भू०का०प्र०	भूत कालिक प्रयोग	
भ्रं०पु०	भ्रंगी पुराण	श्री हूंफदास
म०	मराठी	
मह०महत्व०	महत्ववाची शब्द	
मा०	मागधी	
मा०का०प्र०	माधवानल काम कंदला प्रबंध	कवि गणपति
मा०म०	मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट	मुंशी श्री देवी प्रसाद
मि०	मिलाओ	
मीरां	मीरां बाई	
मु०मुहा०	मुहावरा	
मेघ०	मेघदूत	श्री नारायणसिंह भाटी
मे०म०	मेहाई महिमा	श्री हिंगलाजदान कवियो
यू०	यूनानी	
यौ०	यौगिक	
र०ज०प्र०	रघुवरजस प्रकास	श्री किसनो आढो

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
र०रू०	रघुनाथ रूपक गीतां रो	श्री मंछाराम, मंछकवि
र० वचनिका	रतनसिंह महेसदासोत री वचनिका	जग्गो खिड़ियो
र० हमीर	रतना हमीर री वारता	महाराजा मानसिंह जोधपुर
रा०	राजस्थानी	
रा०ज०रासो	राउ जैतसी रो रासो	अज्ञात
रा०जै०सी०	राउ जैतसी रो छंद	श्री बीठू सूजो नगराजोत
रा० वाणी	राजस्थानी वांणी संग्रह	नृसिंह राजपुरोहित
रा०दू०	राजस्थानी दूहा	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
रा०प्र०	राजस्थानी प्रत्यय	
रां०रा० / रांम रासो	रांम रासो	श्री माधोदास दधवाड़ियो
रा०रू०	राज रूपक	श्री वीरभांण रतनू
रा०वं०वि०	राठौड़वंस री विगत	अज्ञात
रा०सा०सं०	राजस्थानी साहित्य - संग्रह भाग १	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
ल०पि०	लखपति पिंगळ	श्री हमीरदान रतनू
ला०रा०	लावा रासौ	श्री गोपालदांन कवियो
लू०	लू	ठा० चन्द्रसिंह बीको
लै०	लैटिन	
लो०गी०	राजस्थानी लोक गीत	
वं०भा०	वंश भास्कर	श्री सूर्यमल मीसण
व०	वर्तमान काल	
व०का०कृ०	वर्तमान कालिक कृदन्त	
वचनिका	वचनिका रतनसिंह महेशदासोत री	श्री जग्गो खिड़ियो
वरसगांठ		श्री मुरलीधर व्यास
व०स०	वर्णक समुच्चय	सम्पादक भोगीलाल सांडेसरा आदि
वांणी	संत वाणी	
बादळी	बादळी	ठा० चन्द्रसिंह बीको
वि०	विशेषण	
वि०कु०	विनय कुमार कुसुमांजली	
विलो०	विलोम	
वि०वि०	विशेष विवरण	
वि०स०	विरद सिणगार	कविराजा करणीदान कवियो
वी०दे०	वीसल दे रासो	
वी०मा०	वीरमायण	बहादुर ढाढी
वी०स०	वीर सतसई	सूर्यमल मीसण
वी०स०टी०	वीर सतसई टीका	श्री किसोरदांन बारहट
वेलि०	वेलि क्रिसन रुकमणी री	महाराजा प्रिथीराज राठौड़
वेलि०टी०	वेलि क्रिसन रुकमणी री टीका	अज्ञात

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
व्या०	व्याकरण	
शक०	शकंदादि	
शा०हो०	शालि होत्र	
शि०वि०	शिखर वंशोत्पत्ति	श्री गोपाल कवियौ
शि०सु०रू०	शिवदांन सुजस रूपक	श्री लालदांन बारहट
सं०	संस्कृत	
सं०उ०	संज्ञा उभय लिंग	
सं०पु०	संज्ञा पुल्लिंग	
सं०स्त्री	संज्ञा स्त्री लिंग	
स०	सकर्मक	
स०कु०	समय सुन्दर कृति कुसुमांजली	महाकवि समय सुन्दर
स०रू०	सकर्मक रूप	
सर्व०	सर्वनाम	
सू०प्र०	सूरज प्रकाश	कविराज करणीदान कवियौ
स्त्री०	स्त्री लिंग	
स्पे०	स्पेनिश	
श्री हरि पु०	श्री हरि पुरुषजी	
ह०नां० / ह०ना०मा०	हमीर नाम माला	हमीरदान रतनूं
ह०पु०वा०	श्री हरि पुरुषजी की वांणी	
ह०प्र०	हंस प्रबोध	श्री हमीरसिंहजी राठौड़
ह०र०	हरि रस	श्री ईसरदास बारहठ
हा०झा	हाला झालां रा कुण्डलिया	श्री ईसरदास बारहठ

* [यह संकेत इस बात को सूचित करता है कि यह शब्द केवल कविता में ही प्रयोग होता हैं।

लालबहादुर जसलियो, नितहित हिंद निभार ।
तन छोटे मोटे मते, (थारी) बावन ज्यूं बलिहार ॥

स्व० प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री, कोशकर्त्ता व संपादक श्री सीताराम लाळस,
डॉ० लक्ष्मीमलजी सिंघवी (संसद सदस्य)
के साथ "राजस्थांनी सबद कोष' का अवलोकन करते हुए ।

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी वृहत् कोश

[द्वितीय खण्ड]

(प्रथम जिल्द)

च

च-संस्कृत, देवनागरी तथा राजस्थानी वर्ण-माला का छठा व्यञ्जन। यह स्पर्श वर्ण है। इसका उच्चारण-स्थान तालु है।

चंऊ—देखो 'चऊ' (रू.भे.)

चंग-सं०पु० [फा०] १ भेड़ या बकरे के चमड़े से मढ़ा हुआ लकड़ी का बना गोल वाद्य जो फाल्गुन मास में ग्रामीण लोगों द्वारा बजाया जाता है। उ०—वजि अदंग **चंग** रंग उपंग वारंग। अनंग छबि **चंग** उमंग अंग-अंग। (सू.प्र.)

अल्पा०—चंगड़ी, चंगड़ौ। मह०—चंगड़।

[सं० चं=चंद्रमा] २ पतंग, गुड्डी। उ०—उड्डंत **चंग** मधि आसमांण। वरजांण अमर सोभित विमांण। (सू.प्र.)

[सं०] ३ पवित्रता, उत्तमता।

[रा०] ४ घोड़े की एक जाति या इस जाति का घोड़ा (शा. हो.)

५ मुसलमान, यवन. ६ सितार का चढ़ा हुआ सुर (संगीत) ७ गजीफे का एक रंग. ८ स्वस्थ एवं तंदुरुस्त व्यक्ति. ९ राजस्थानी में प्रयुक्त होने वाला एक (गीत) छंद जिसके प्रथम चरण में १६ मात्रायें, द्वितीय चरण में ११ मात्रायें तथा तृतीय व चतुर्थ चरण में प्रथम छः भगण एवं अंत में एक गुरु लघु होते हैं।

वि०—मोटाताजा, हृष्ट-पुष्ट। उ०—१ पांणी पंथऊ पवंग, खंग **चंगऊ** खुरसांणी। विग्या नगरी वस्त्र एक, विण सुर सिरवांणी। —ढो.मा. उ०—२ किधौ म्रिग जुत्थन पै म्रिगराज, किधौ लखि **चंग** कुलंगनि वाज।—ला.रा.

चंगड़ी, चंगड़ौ—देखो 'चंग' (१) (अल्पा. रू. भे.)

चंगांण-सं०पु०—चक्कर।

उ०—मारू हंदा नयण दोउ, जेहा अरजन वांण। जिहि दिस देखे निजर भर, त्यां दिस पड़ै **चंगांण**।—ढो.मा.

क्रि०प्र०—खाणौ।

चंगाटी—देखो 'चंगांण' (अल्पा. रू.भे.)

चंगास-सं०पु०—[सं०] गोमूत्र।

चंगासणी, चंगासवौ-क्रि०अ०—गाय का पेशाव करना।

चंगी-सं०स्त्री०—[सं०] १ कीर्ति, यश। २ श्रेष्ठता। उ०—पंगी उबारकौ **चंगी** चौढ़ाड़ै जोधांण पांणी।—हुकमीचंद खिड़ियौ

वि०—देखो 'चंगौ' का स्त्री०। उ०—उत्तर आज स वज्जियउ, सीय पड़ेसी पूर। दहिसी गात निरद्धणां, धण **चंगी** घर दूर।—ढो.मा.

चंगुल-सं०पु० [फा०] १ जाल, फंदा। २ षड़यंत्र। ३ चार अंगुलियों के मोड़ में फँसने का भाव या फँसाने के समय अँगुलियों की स्थिति।

मुहा०—चंगुल में पड़णौ—चंगुल में फंसना, वश में आना।

चंगेड़ी-सं०स्त्री० [सं० चंग+पेटा=(मा०) चंग वेड़ी] मिठाई आदि रखने का पात्र, करंडिया।

चंगेर, चंगेरी-सं०स्त्री०—'चूका' नाम की एक जड़ी (वैद्यक)

चंगौ-वि०—[सं० चङ्ग] (स्त्री० चंगी) १ निरोग, स्वस्थ, तंदुरुस्त।

उ०—१ पूरब कमाइ पाइये कुण **चंगा** कुण मंदा।—केसोदास गाडण उ०—२ पती झगड़ा करनै तीन वार नींव रा पाटा बांध **चंगौ** हुवौ। इण स्त्री पाटां सारू घर में नींव वाय दूध पाय बडौ कियौ सो कहै।—वी.स.टी.

२ साफ, पवित्र, निर्मल। उ०—मन भावणी माधुरी मोहणी, चंद बदन चित **चंगी**। अंतकाळ में अरथ न आवत, कांमणि नैण कुरंगी। —ऊ. का.

कहा०—मन चंगा तौ कठौती में गंगा—अगर मन पवित्र है तो पवित्रता के वाह्य आडंबरों की आवश्यकता नहीं होती।

३ दृढ़, मजबूत, जबरदस्त। उ०—सिर मांडव गुजरात सिर, दळ सझ कीधी दौड़। उण 'सांगा' रौ वैसणौ, **चंगौ** गढ़ चीतौड़। —बां.दा.

४ सुहावना, सुंदर। उ०—धवळा सूं राजै धणी, **चंगौ** दीसै ग्वाड़। नारायण मत नांखजै, धवळा ऊपर धाड़।—बां.दा.

५ उत्तम, श्रेष्ठ। उ०—१ आपण मझ आपसूं, अह ग्यांन खड़ग्गा। जुध करता रात दिन, सौ रोवत **चंगा**।—केसोदास गाडण

उ०—२ चहूं भ्रात चौंरी चढै नेह **चंगा**। उचारै दुजां देव वांणी उमंगा।—सू.प्र.

सं०पु०—१ एक प्रकार का घोड़ा। उ०—चढ़ ऊभा **चंगा** भिड़ै, अंगां आचे खग्गां ऊनंगां।—रा.रू.

(मि० चंग-४)

२ डफ के आकार का एक वाद्य, देखो 'चंग' (१) (रू.भे.)

चंच-सं०स्त्री० [सं० चञ्चु] १ चोंच। उ०—१ **चंच चंच** जिण अगनि चमंकै। दांमणि जांणि अनेक दमंकै।—सू.प्र.

उ०—२ बाबहिया बग **चंचड़ी**, बोल्यौ मक्करि वांण। कांइं बोलंती मुस्ट करै, कै परदेसी पिव आंण।—ढो.मा.

अल्पा०—चंचड़ी।

[रा०] २ पार्वती. ३ दुर्गा।

चंचत्पुट-सं०पु० [सं०] संगीत का एक ताल जिसमें पहले दो गुरु, तब एक लघु, फिर एक प्लुत मात्रा होती है (संगीत)

चंचन, चंचनू—देखो 'चंच' (रू.भे.) २ गिरिजा, पार्वती। (क. कु. बो.)

चंचरी-सं०स्त्री० [सं० चंचरीक] १ भ्रमर, भौंरा (ह. नां.) २ एक प्रकार की चिड़िया जो भारत में स्थायी रूप से रहती है. ३ एक मात्रिक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण में १२, १२, १२, १० के विराम से ४६ मात्रायें होती हैं। अंत में गुरु होता है। इसका दूसरा

नाम हरिप्रिया भी है. ४ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, नगण, जगण, जगण, भगण एवं रगण सहित १८ वर्ण होते हैं। (चित्त प्रमाण) ५ एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में २६ मात्राएँ होती हैं।

चंचरीक—सं०पु० [सं०] भौंरा, भ्रमर (ह. नां.)

चंचळ—वि० [सं० चंचल] १ अस्थिर, चल, चलायमान, गतिशील।
उ०—इम गिर नारांन सु पावसि बैठा, सुर सूता थिउ मोर सर। चातक रटै बलाहकि चंचळ, हरि सिणगारे अंबर।—वेलि.
२ नटखट, चुलबुला, चपल।
कहा०—चंचळ नार बारलो झांको, घर को कांम सूझे कांको—चंचल या चपल स्त्री को अपने घर के कार्य की परवाह नहीं, उसकी निगाह बाहर ही रहती है। चंचल स्त्री सुलक्षणा नहीं होती।
३ फुर्तीला। उ०—दुसमणां रौ वंध बींद नै घर में पग पैसतां वड़तां मुगीजियो उण हीज वेळा अंचळ कपड़ा रै गांठ ही तिका छुडाय नै चंचळ घोड़ा नै दुसमणां री फौज ऊपरै संवाहयो।—वी स.टी.
४ उद्विग्न, विव्हल। उ०—देखण लागौ यक्ष आंखडी आंसू भरियां, नीतै मन कुम्हलाय आज आ किमड़ी बिलियां। निरख्यां ऐड़ा मेघ संजोगी चंचळ होवै, वांरा कांई हवाल कांमणी कंठ न होवै।—मेघ.
सं०पु०—१ पवन (ह. नां.)
२ घोड़ा (अ. मा.) उ०—अंतरीख मग उरस चंचळ सातहमुख चालै। तुरंग पंग सारथी हेक चक्रह रथ हालै।—सू.प्र.
३ मन, दिल, हृदय (अ. मा.) ४ चंद्रमा (नां. मा.) ५ पारा। उ०—करि निनांन अस्टम दिन काढ़ै। चंचळ सोळ मास मझि चाढ़ै।—सू.प्र.
सं०स्त्री० [सं० चंचला] ५ लक्ष्मी, माया। उ०—चवा चरत करंती चंचळ, सारा किया संसारह सवळ। मारू राव दीवांण निरमळ, छळै 'मूजउत' तो जांणू छळ।—कमा विहारी रौ गीत
६ नर्तकी। उ०—चंचळ केक करै नृत चाळा। बार' तेरै वरसां मझि बाळा।—सू.प्र.
७ मछली (ह. नां.) उ०—जोत वाग भळकै मिळ नदि जळ। चमकै मंगर ऊछळै चंचळ।—सू.प्र.
८ बिजली।
क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी (ह. ना.)

चंचळता, चंचळताई—सं०स्त्री० [सं० चंचलता] १ अस्थिरता, गतिशीलता. २ नटखटपन, चुलबुलापन।

चंचळ रूप—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा. हो.)

चंचळा—सं०स्त्री० [सं० चंचला] १ बिजली, विद्युत (ह. नां.)
उ०—अर चक्री रा चक्र रै समांन मही रै माथै प्रतिबिंब पाड़ता सतुरंग नक मेघमाळा में चंचळा रा चपळ भाव में चूक पाड़ता चंद्रहास नचाया।—वं.भा.
२ लक्ष्मी, माया. ३ घोड़ी. ४ पिप्पली (अ. मा.) ५ मछली. (अ. मा.) ६ प्रथम गुरु फिर लघु इस क्रम से १६ वर्ण का एक वर्ण वृत्त।
वि०स्त्री०—अस्थिर, चलायमान, चपल।

चंचळाई, चंचळाट, चंचळाहट—देखो 'चंचलता' (रू.भे.)। उ०—वेगी फुरती चंचळाई तथा उमंग, नित नित री रझांट-री झट झाल नहीं सकणै रै कारण काया कोटड़ी नै खाली करण लागी।—वरसगांठ

चंचळी—देखो 'चंचल'। उ०—चित्रउड़ धणी चंचळि चडेय, खरहंड लेय आयउ खड़ेय। मेवाड़ रांण परभोमि मांहि, सीकरी सेन आयउ सनाहि।—रा.ज.सी.

चंचाळ—१ पक्षी. २ देखो 'चंचळ' (२) (रू.भे.) उ०—चेवह वांटी चेभड़ा, एकल दाअड़ियाळ। कांनां सुण वूडै कमंद, चाहकाया चंचाळ।
—पा.प्र.

चंचाळी—सं०स्त्री०—मांसाहारी पक्षी। उ०—चरियौ अगन नको चंचाळी, भव चै कांम न आयौ भाळ। मारू राव असमरां मुंहडै, तिल तिल हुय पड़ियौ रिणताळ।—गोरधन कूंपावत रौ गीत

चंचु—सं०स्त्री [सं०] १ चोंच, तुंड. २ अरंड का पेड़. ३ मृग, हिरण.

चंचुका, चंचुपुट—सं०स्त्री [सं०] चोंच, तुंड।

चंचुभ्रत—सं०पु० [सं० चञ्चुभृत] पक्षी।

चंचुमांन—सं०पु० [सं० चञ्चुमान्] पक्षी।

चंचुराय—सं०पु०—सूर्यवंशी एक राजा का नाम। इसका दूसरा नाम चाप भी मिलता है। यह रोहिताश्व उनका पौत्र था (सू.प्र.)

चंचू—देखो 'चंचु' (रू.भे.)

चंचेड़ण, चंचेड़ू, चंछेड़ण—सं०पु०—मक्खन को गर्म करने के बाद उसे छानने पर छलनी में बचा हुआ अवशिष्ट अंश जो छाछयुक्त होता है।

चंछेड़णौ, चंछेड़बौ—क्रि०स०—१ छेड़ना, तंग करना. २ हिलाना, डुलाना, झकझोरना।

चंट, चंटेल—चतुर, होशियार, चालाक, धूर्त।

चंड—सं०पु० [सं०] १ ताप, गर्मी. २ एक दैत्य जो दुर्गा के हाथों मारा गया था. ३ एक शिव-गण. ४ एक भैरव. ५ राम की सेना का एक बन्दर. ६ सम्राट पृथ्वीराज की सेना का एक सामंत. ७ कुबेर के आठ पुत्रों में से एक (पौराणिक) ८ कार्तिकेय।
सं०स्त्री०—९ चंडी, देखो 'चंडिका'। उ०—१ ऊडंड पाखरां भड़ां भुज डंड ब्रह्मंड अड़ै, तुज चड सिहायक भल असुळा, राव ऊथपण थपण अद रड़मलां, करां थारा आज वर्ण 'कुसळा'।
—हटोजी खिड़ियौ
वि०—१ तेज, तीक्ष्ण, प्रखर. २ कठोर, कठिन, विकट. ३ घोर, भयंकर। उ०—१ वितंड चंड दंड दें उदंड छंडते वहें।—ऊ.का.
उ०—२ अलावुद्दीन रा अनीक नूं चंड चंद्रहास चखावण री चहै।
—वं.भा.
४ बलवान, प्रबल।

चंडकर—सं०पु० [सं०] तीक्ष्ण किरण वाला, सूर्य, भानु।

चंडका-सं०स्त्री० [सं० चंडिका] १ देवी, दुर्गा (क.कु.बो.) २ पार्वती (ह.नां.) ३ कलहप्रिय या झगड़ालू स्त्री।

चंडकोसिय, चंडकोसिक-सं०पु० [सं० चण्डकौशिक] १ एक सर्प जिसने भगवान महावीर को सताया था (जैन) २ एक मुनि का नाम।

चंडघंटा-सं०स्त्री० [सं० चण्डघण्टा] चौसठ योगिनियों में से ग्यारहवीं योगिनी।

चंडता-सं०स्त्री० [सं०] तीक्ष्णता, उग्रता, प्रवलता।

चंडनयर—देखो 'चंडीनगर' (रू.भे.) उ०—अवरंग असपति हुवौ विखम चंडनयर विचाळै।—सू.प्र.

चंडनायिका-सं०स्त्री० [सं०] १ दुर्गा. २ दुर्गा की सखी मानी जाने वाली अष्टनायिकाओं में से एक (तांत्रिक)

चंडमुंड-सं०स्त्री०—देवी के हाथों से मारे जाने वाले दो राक्षस।

चंडमुंडा-सं०पु०—१ देखो 'चंडमुंड'।

सं०स्त्री०—२ इन दो राक्षसों को मारने वाली देवी, चामुण्डा।

चंडमुंडी—१ देखो 'चंडनायिका' (रू.भे.) २ देखो 'चंडमुंडा' (रू.भे.)

चंडरुद्रिका-सं०स्त्री० [सं०] अष्टनायिकाओं को पूजने से प्राप्त होने वाली एक सिद्धि (तांत्रिक)

चंडवती-सं०स्त्री० [सं] १ दुर्गा. २ अष्टनायिकाओं में से एक (तांत्रिक)

चंडवारण-सं०पु० [सं०] ४९ क्षेत्रपालों में से २२वां क्षेत्रपाल।

चंडांसु-सं०पु० [सं० चण्डांशु] सूर्य, भानु (डि.को)

चंडा-सं०स्त्री०—१ अष्टनायिकाओं में से एक (तांत्रिक) २ कर्कशा, तेज स्वभाव की स्त्री।

वि०—भयंकर। उ०—चखां झाळ तूटै मुखां झाळ चंडा। परस्सी फरस्सी भ्रमावै प्रचंडा।—सू.प्र.

चंडाई-सं०स्त्री—१ शीघ्रता, जल्दी. २ प्रबलता, उग्रता. ३ ऊधम, अत्याचार।

चंडातक-सं०पु० [सं०] लहंगा, घघरी।

उ०—जावक पावक जिम रडातक जीवै, सातां ठोडां सूं चंडातक सीवै।—ऊ.का.

चंडाळ-सं०पु० [सं० चंडाल] (स्त्री० चंडाळण) अत्यन्त नीच मानी जाने वाली जाति विशेष या इस जाति का व्यक्ति। डोम, श्वपच।

वि०—पतित, दुष्ट, दुरात्मा, क्रूर, निष्ठुर।

यौ०—चंडाळ-चौकड़ी।

चंडाळ-चौकड़ी-सं०स्त्री०यौ०—उपद्रवी मनुष्यों का गुट या समूह (जो चार पांच व्यक्तियों से अधिक न हो) षड़यन्त्रकारी मण्डली।

चंडाळणी-सं०स्त्री०—१ दोहा छंद का भेद विशेष जिसमें विषम चरण में जगण आता हो। ऐसा दोहा अशुभ समझा जाता है 'चंडालिनी'। २ चांडाल जाति की स्त्री, देखो 'चंडाल'।

चंडाळता-सं०स्त्री० [सं० चंडालता] १ नीचता, अधमता. २ चंडाल होने का भाव।

चंडाळ-पक्षी-सं०पु० [सं० चंडाल पक्षी] कौआ।

चंडाळ-वाळ-सं०पु०—किसी के सिर में निकल आने वाला मोटा व कड़ा बाल (अशुभ)

चंडाळि—देखो 'चंडाळी' (रू.भे.) उ०—संसार सुपहु करता ग्रह संग्रह, तिणि हिज पंचमी गाळि। मदिरा रीस हिंसा निंदा मति, च्यारे करि मूंकिया चंडाळि।—वेलि.

चंडाळिका-सं०स्त्री० [सं० चंडालिका] १ दुर्गा, भवानी. २ एक प्रकार की वीणा।

चंडाळिणी—देखो 'चंडाळणी' (रू भे.)

चंडाळी-सं०स्त्री०—१ देखो 'चंडाळिणी' (रू.भे.) २ क्रोध, कोप, गुस्सा। उ०—किणी नै आपरा रूप रै सिवाय दूजी कीं चीज निजर नीं आई। हाथी नै बेसुमार चंडाळी छूटी। वौ रीस रै पांण चिंघाड़ियौ।—कोमल कोठारी

क्रि०प्र०—छूटणी।

चंडाळीक-सं०पु०—चौहान वंश की चित्रावा शाखा की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति (वं.भा.)

चंडाळीमंत्र-सं०पु०यौ०—वाममार्गीय मंत्र। उ०—अर त्रयी रा तिरस्कार करि किसड़ी नीच चंडाळीमंत्र री साधन करै।—वं.भा. (मि०—मैला मंतर)

चंडावळ—देखो 'चंदावळ' (रू.भे.)

चंडासि-सं०पु०—चौहान वंश का राजपूत (वं.भा.)

चंडिक, चंडिका-सं०स्त्री० सं० चंडिका] १ दुर्गा, देवी, शक्ति। उ०—घमक सेलक वंवक धकधक। तदि उबकि पत्र चंडिका त्रपतक।—सू.प्र.

२ लड़ाकी स्त्री, कर्कशा।

वि०—लड़ाकू, कर्कशा।

चंडी-सं०स्त्री० [सं०] १ दुर्गा देवी का वह शक्ति रूप जो महिषासुर नामक राक्षस के वध के लिये धारण किया गया था. २ दुर्गा, भवानी. ३ देखो 'चंडी नगर' (रू.भे.)

चंडी नगर-सं०पु०—दिल्ली शहर का एक नाम। उ०—चवै चंडी नगर 'अमर' ढुळंतां चमर, राज कर छतर धर आव राजा।

—आणंदरांम दधवाड़ियौ

चंडीपति-सं०पु०यौ० [सं०] १ शिव, महादेव. २ बादशाह।

चंडीपुर-सं०स्त्री०—दिल्ली।

चंडीपुरौ-सं०पु०—१ दिल्ली का बादशाह. २ दिल्ली नगर का रहने वाला व्यक्ति. ३ यवन, मुसलमान. ४ चौहान वंश का राजपूत।

चंडीस-सं०पु० [सं० चंडीश] शिव, महादेव। उ०—जोमंगी भंडीस जाग आयौ जिऊं चंडीस जायौ। राजपत्री आयौ ज्यूं थंडीस वाळै रेस।—हुकमीचंद खिड़ियौ

चंडीसा-सं०पु०—भाटों की एक शाखा।

चंडीसुर-सं०पु० [सं० चंडीश्वर] १ एक तीर्थ-स्थान. २ महादेव. ३ बादशाह।

चंडू-सं०पु०—अफीम का [illegible] के समान बनाया हुआ गाढ़ा अवलेह, जिसका धुआं [illegible] एक नली द्वारा पीया जाता है।

विशेष०—[illegible] के बने चाड़ू (एक प्रकार के बरतन) पर अफीम का अवलेह सेंका जाता है या उस अवलेह से बनी हुई [illegible] की बत्ती [illegible] पर रखी जाती है। चाडू का सम्बन्ध एक लकड़ी की नली से [illegible] है। फिर चाडू को जलते हुए दीपक की लौ पर रखा जाता है। पीने वाला अफीम का धुआं बिस्तर पर लेट कर या बैठ कर नली द्वारा पीता है और नशे में बेहोश हो जाता है।

क्रि०प्र०—पीणौ।

यौ०—चंडूखांनौ, चंडूबाज।

चंडूखानौ-सं०पु०—वह स्थान या घर जहां चंडू पीने वाले व्यक्ति चंडू पीने के लिए एकत्रित होते हैं।

चंडूबाज-सं०पु०—चंडू पीने का व्यसनी।

चंडूळ-सं०स्त्री०—खाकी रंग की एक प्रकार की छोटी चिड़िया जो वृक्षों पर बहुत सुन्दर घोंसला बनाती है और बहुत ही मधुर बोलती है।

उ०—जिकै विण समझ चंडूळ पंखी जिही जे न रघुनाथ चौ नांम जांणै।—र.ज.प्र.

वि०—१ मूर्ख. २ बहुत झगड़ालू।

चंडेस्वर-सं०पु० [सं० चंडेश्वर] शिव का एक गण जिसका वर्ण रक्त के समान गहरा लाल होता है।

चंडेस्वरी-सं०स्त्री०—एक देवी का नाम।

चंडोदरी-सं०स्त्री० [सं०] सीता को रावण के पक्ष में करने के लिये समझाने हेतु स्वयं रावण द्वारा नियुक्त की गई एक राक्षसी।

चंडोल, चंडोळ-सं०पु०स्त्री० [सं० चंद्र+दोल] १ हाथी के हौदे या अंबारी की आकृति की चार मनुष्यों द्वारा उठायी जाने वाली एक प्रकार की पालकी. २ मिट्टी का एक खिलौना. ३ देखो 'चंदोल' (रू.भे.)

चंडोळी—देखो 'चंदावळ' (रू.भे.) उ०—सु जिण दिन हरौळी आंबेर रा राजा जैसिंघजी है। फौज लाख तीन सू वा पछाड़ी चंडोळी पर जसवंतसिंहजी है फौज हजार असी सूं।—द.दा.

चंड़ार-सं०पु०—वह वृक्ष जिसके ऊपर सिचाई के अभाव में पत्ते न हों।

चंतामण, चंतामणि—देखो 'चिंतामणि' (रू.भे.)

चंद-सं०पु० [सं० चंद्र] १ देखो 'चंद्र' (रू.भे.) (ना.डि.को.) २ नाक का बायां छिद्र (योग) ३ पृथ्वीराज चौहान के दरबार का एक प्रसिद्ध कवि. ४ चंद्रक रागिनी (संगीत), ध्रुपद का एक भेद।

उ०—स्रांगिणि जळ तिरफ इन्द्र अग्नि पिअति, मरुत चक्र करि निदन मन। रामसरी गुमरी नागी रह, धूया माठा चंद धन।

—वेलि.

५ डिंगल का वेलियां सांणोर छंद का भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ३२ लघु, १८ गुरु, कुल ६८ मात्रायें हों तथा इसी क्रम से अन्य द्वालों में ३२ लघु १५ गुरु कुल ६२ मात्रायें हों (पि.प्र.) ६ राजा हरिश्चंद्र (रू.भे.) उ०—सतव्रत सुत हरिचंद सत जिहाज। रोहितास चंद सुत महाराज।—सू.प्र.

७ देखो 'चंदोळ' (रू.भे.) उ०—डाक तबल मुरसलां, हाक इतमांम जसोलां। चंद गोळ बाजुवां, हुवै रंगराग हरोळां।—सू.प्र.

वि०—१ श्वेत, सफेद॰ (डि.को.) २ काला॰ (डि.को.)

[फा०] ३ अल्प, थोड़ा, किंचित्।

चंदक-सं०पु० [सं०] १ चंद्रमा, चांद. २ चांदनी, चंद्रिका।

चंदकांत—देखो 'चंद्रकांत' (रू.भे.)

चंदगी-सं०स्त्री०यौ० [सं० चंद्रक+रा. प्र. ई] १ धन-दौलत, संपत्ति।

कहा०—करोला वदगी तौ पाम्रोला चंदगी—किसी की सेवा करने से कुछ लाभ अवश्य मिलता है।

(मि०—करोगे सेवा तो पावोगे मेवा)

२ आर्थिक सहायता।

उ०—लोग पण घणा दिन तिणसूं तह खरच हुइ रहियो छै, सो उहरी पण चंदगी करणी।—ठाकुर जैतसी री बात

चंदण-सं०पु० [सं० चंदन] १ एक प्रकार का वृक्ष विशेष जिसकी लकड़ी बहुत ही सुगन्धित होती है। यह वृक्ष अधिकतर मैसूर, कुर्ग, हैदराबाद, नीलगिरी, पश्चिमी घाट आदि स्थानों में बहुत होता है।

उ०—ग्रिह ग्रिह प्रति भींति सुगारि, हींगळू ईंट फिटक मैं चुणी अचंभ। चदण पाट कपाट ई चंदण, खुंभी पनां प्रवाळी खंभ।

—वेलि.

पर्याय०—अहिप्रिय, अहिभखक, अहिमन, उत्तमतर, गंधअपार, गंधगात, गंधसार, चीलप्यार, पनंगपाळ, मळयज, मळयातर, मळियागरी, रूंखासिणगार, रूंखांगिरै, रूपवन, रोहण, रोहणीद्रुम, वल्लवसिवा, वासमुद्रुम, व्याळपाळ, सार, सीतरूंख, सुगंधक, सुझाड़, सुनग, सुरभी, सौरंभमूळ, स्रीखंड।

मुहा०—१ चंदण उतारणौ—चंदन को पानी के साथ घिसना। बेवकूफ बना कर माल हड़पना। २ चंदण चढ़ाणौ—घिसा हुआ चंदन लगाना; मूर्ख बनाना। ३ चंदण लगाणौ—खर्चा करवाना।

रू०भे०—चंदग, चंदन।

यौ०—चंदणगिरि, चंदणगोह, चंदणजोत, चंदणधेनु, चंदणहार।

२ इस वृक्ष की लकड़ी. ३ इसकी लकड़ी के टुकड़ों को घिस कर बनाया जाने वाला लेप।

कहा०—चावळ, चदण, त्रण, त्रिया, तुरी, राग अर तार—ए दस पतळा ही भला, सिह, सरप, सरदार—चावल, चंदन, घास, स्त्री, राग, तार, सिंह, सर्प और योद्धा इन सबका पतला होना ही अच्छा है (पतलेपन की प्रशंसा)

४ छप्पय छंद के तेरहवें भेद का नाम जिसमें ५८ गुरु ३६ लघु सहित ९४ वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं (र.ज.प्र.) ५ डिंगल भाषा का एक गीत (छंद) विशेष जिसके प्रथम चरण में चार सगण तथा २ लघु तथा द्वितीय चरण में दो भगण एक रगण व एक गुरु होता है.

६ डिंगल के 'वेलिया सांणोर' छंद का एक भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ३६ लघु १४ गुरु कुल ६४ मात्रायें हों तथा इसी क्रम से शेष द्वालों में ३६ लघु १३ गुरु सहित कुल ६२ मात्रायें हों (पिं.प्र.) ७ केसर (ह.नां.)

वि०—श्वेत, सफेद॰ (डि.को.)

चंदणगिरि—देखो 'चंदन-गिरि' (रू.भे.)

चंदणगोह–सं०स्त्री०—एक प्रकार की विषैली गोह जो आकार में छोटी और रंग में कुछ सफेदी लिये होती है।

चंदणजोत, चंदणज्योत, चंदणज्योति–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा. हो.)

चैत्रि, चैत्री—देखो 'चैतरी' (रू.भे.)

चैन—सं०पु०—१ सुख, आराम, आनंद, शांति। उ०—जावूं किणनै जाय, दुनियां में दीखै नहीं। विन सुमरयां व्रजराज, चैन मिळै नहि चकरिया।—मोहनराज साह

मुहा०—१ चैन उडणो, चैन उडाणो—आनन्द में रहना। २ चैन पड़णो—शांति मिलना, सुख मिलना. ३ चैन सूं कटणो—सुखपूर्वक समय वीतना।

२ देखो 'चहन' (रू.भे.) उ०—थारा चैन इसा मोहि दीसै, म्हारा पिया ने थूं चोरसी।—लो.गी.

चैनराव—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

चैनसुख—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

चैनाळ—वि०स्त्री०—कुलटा, दुराचारिनी।

चैनिया—सं०स्त्री०—पड़िहार वंश की एक शाखा।

चैवचौ—देखो 'चहवचौ' (रू.भे.) उ०—वाभीसा आप खरच गिणता हा वो म्हारो पती सीलै छै अरथात हाथी रै चैवचै (होदै) पर तरवार वाहै छै।—वी.स.टी

चैवरौ—सं०पु०— सूअर का छोटा वच्चा।

उ०—पाठड़ा नवीन चैवरा परा आज भालां रौ भार पड़तां आकुळ दुःखी है।—वी.स.टी.

चैवास—अव्य० [फा० शावाश] एक प्रशंसासूचक शव्द खुश रहो, वाहवाह।

चैवासी—सं०स्त्री० [फा० शावाशी] वाहवाही।

क्रि०प्र०—देणी, मिळणी।

चैल—सं०पु० [सं०] १ कपड़ा, वस्त्र. २ पोशाक।

चैर—सं०पु०—गहरे रंग का एक मरुस्थली पौधा जो सीधी शलाकों के रूप में ऊपर वढ़ता है। यह रस्सा वँटने व छाजन के उपयोग में लिया जाता है। राजस्थान में इसे खींप भी कहते हैं।

चैं'रणो, चैं'रवौ—क्रि०स०—आलोचना करना, निन्दा करना।

चैंराड़णौ, चैंराड़बौ—क्रि०स०—निन्दा कराना, आलोचना कराना ।
उ०—म्हारो सुजस अमर करणावत, वासुर जग बहु हुवै वितीत । वाघारियो पाघड़ो विढंतै, चैंराड़ियौ नहीं वडचीत ।—द.दा.

चैंराड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—निन्दा कराया हुआ । (स्त्री० चैंराड़ियोड़ी)

चैंराणौ, चैंराबौ—देखो 'चैंराड़णौ' (रू.भे.)

चैंरायोड़ौ—देखो 'चैंराड़ियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० चैंरायोड़ी)

चैंरावणौ, चैंराववौ—देखो 'चैंराड़णौ' (रू.भे.)

चैंरावियोड़ौ—देखो 'चैंराड़ियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० चैंरावियोड़ी)

चैंरौ–सं०पु० [फा० चेहरा] १ शरीर में गर्दन के ऊपर का वह सम्मुख का भाग जिसमें मुंह, नाक, कान, आंख आदि सम्मिलित हैं ।
मुहा०—१ चैंरौ उतरणौ—मुख पर चिंता के लक्षण होना, उदास होना । २ चैंरौ चढणौ—कोप करना, गुस्सा करना । ३ चैंरौ तमतमाणौ—मुख लाल होना, क्रोध या आवेश में आना । ४ चैंरौ फक होणौ—चेहरे का तेज फीका पड़ना, घबरा जाना । ५ चैंरौ फीको पड़णौ—देखो 'चैंरौ फक होणौ' । ६ चैंरौ बिगड़णौ—मुंह उदास होना । ७ चैंरौ लाल होणौ—चेहरे पर खून आना, रौनक आना, मुख लाल होना, क्रोध में आना ।
२ किसी लीला या विनोद आदि में स्वरूप बनाने या स्वांग रचने के लिए चेहरे के ऊपर बांधी जाने वाली किसी धातु, मिट्टी-कुट्टी आदि की बनी किसी देवता, दानव, पशु आदि की आकृति ।
३ एक प्रकार की शिर की हजामत ।
रू०भे०—चेहरौ ।

चैंलक–सं०पु० [सं०] एक प्राचीन वर्णशंकर जाति ।

चैंल-पैंल—देखो 'चहल-पहल' (रू.भे.)

चैलेंज–स०पु० [अं०] ललकार, चुनौती ।

चैंहन–सं०स्त्री० [सं० चिह्न] ध्वजा, पताका (ह.नां.)

चैंहरणौ—देखो 'चैंरणौ' (रू.भे.)

चैंहरौ—देखो चैंरौ' (रू.भे.)

चैंहैन–सं०पु०—१ देखो 'चैन' (रू.भे.)
सं०स्त्री० [सं० चिह्न] २ झंडा, ध्वजा (ह.नां.)

चौंगियौ–सं०पु०—चारपाई या खाट की बुनावट का एक प्रकार जिसमें खाट बुनने की मूंज आदि की रस्सी के चार-चार ताने या बाने डाले जाते हैं ।

चोंच, चोंचजड़ली—१ देखो 'चांच' (रू.भे.)
उ०—उडि जावो री म्हारी सोन चिड़ी । काहे सूं मंढाऊं थारी आंख पांखड़ी, काहे सूं मंढाऊ थारी चोंचजड़ी ।—मीरां
मुहा०—चोंच निरोणी—ग्रास लेना, थोड़ा सा भोजन करना ।
२ गाड़ी के अगाड़ी का नुकीला भाग ।

चोंचदार–वि०यौ०—चोंच वाला, जिसके चोंच लगी हो ।
सं०पु०—सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी का बांधने का एक ढंग विशेष या इस ढंग से बांधी जाने वाली (पगड़ी) ।
रू०भे०—चांचदार ।

चोंटियौ—देखो 'चूंटियौ' (रू.भे.)

चोंतरी–सं०स्त्री०—देखो 'चोंतरौ' (अल्पा. रू.भे.)

चोंतरौ–सं०पु०—चबूतरा ।

चोंदौ—देखो 'चांदौ' (रू.भे.)

चोंप—देखो 'चूंप' (रू.भे.)

चोंपौ–सं०पु०—गाय बैल भैंस आदि का सम्मिलित समूह जो ग्वाले की देखरेख में जंगल में चरने के लिये बाहर जाता है ।
उ०—फजरां चोंपा घेरिया, धूळी अंबर धूंद । कै घण माट विलोवसी, कै घट जासी घूंद ।—वी.स.

चो–सं०पु०—१ मनुष्य. २ बैल. ३ अश्व, घोड़ा. ४ महावत (एका.)
सं०स्त्री०—५ गौ, गाय. ६ चतुरंगिनी सेना (एकां.)
अव्य०—षष्ठी विभक्ति अथवा संबंधकारक का चिन्ह 'का' ।
उ०—हेली हूं हेर न सकी, थिर जादू की थाय । चिरै बाढ़ चंदहास चो, चंड अर-उर चिर जाय ।—रेवतसिंह भाटी

चोग्रौ–सं०पु० —एक प्रकार का सुगंधित पदार्थ विशेष । उ०—फूलां रा चोसर पेहरीग्रा थकां अगरचै मरगचै, केसरिऐ कचमैलै वागै कीऐं घणै चोग्र अंतर फुलेल गळा मांहि भीनां थकां ।—रा.सा.सं.
रू०भे०—चोवौ ।

चोइग्रौ, चोइज्जौ–वि० [सं० चोदितः] प्रेरित (जैन)

चोकड़ी—देखो 'चौकड़ी' (रू.भे.) उ०—कुसळसिंह रै हाथ रै गुह रै लागी, सूरजमल रै माथै तरवारियां री चोकड़ी पड़ी सो ओ ही सरदार ढळ पड़ियौ ।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

चोकड़ौ— देखो 'चौकड़ौ' (रू.भे.)

चोकौ—देखो १ 'चोकौ' । २ 'चोखौ' (रू.भे.)

चोख–सं०स्त्री०—१ फुरती, तेजी. २ उमंग, जोश । उ०—चांपावत रांम हरी धरी चोख । समोसर नाहर खांन सरोख ।—रा.रू.
३ शौक । उ०—१ दोनूं ही घणी ही चोख सूं जीम्है छै, हंसै छै, वातां करै छै ।—कुंवरसी सांखला री वारता
उ०—२ फकीर रै मन में तौ वात तीसूं वैठ गयौ सो सतावौ सूं जीम लियौ ओर भीतर तौ परूसगारौ हुवै, होळै होळै चोख सूं जीमै ।
—सूरे खींवे कांधळोत री वात

चोखउ—देखो 'चोखौ' (रू.भे.)

चोखतीख—देखो 'चौकतीख' (रू.भे.)

चोखळौ—देखो 'चोखळौ' (रू.भे.) उ०—ठाकुरसिंह री धाक पड़ै चोखळै मांहि । रजपूतां वळ राख कोई वोलै नांहि ।
—ठाकुर जैतसी री वारता

चोखा–सं०पु० (बहु०व०)—चावल । उ०—तठा उपरायंत सीरो पूड़ी वर्ण छै, सोहितै सारू देवजीभी जोइजै छै । विरंजै सारू चोखा मंगायजै छै ।—रा.सा.सं.

चोखाई–सं०स्त्री०—चोखापन, अच्छाई ।

चोखौ–वि०[सं० चोक्ष, चोक्षम्] (स्त्री० चोखी) १ अच्छा, बढ़िया,

उत्तम। उ०—महमा वढ़ि मयंक कुळ मंडण, पोह अनकारां प्रभत पढ़ी। कटकां तणी दुयण रै कोटे, चोखी रज कांगरै चढ़ी।—अज्ञात २ सब में चतुर या श्रेष्ठ. ३ सच्चा, ईमानदार।

यौ०—चोखो-वींठो।

चोखी-वींठी-वि०यौ०—भला-बुरा, अच्छा-बुरा। उ०—पोखै प्रांणां नै नीसरिग्या परचा, चोखै-वींठै री वीसरिग्या चरचा।—ऊ.का.

चोगट, चोगड़दा, चोगड्डा—देखो 'चौगड़द' (रू.भे.)

उ०—मुणतांई जोधपुर चोगड़द तूटै। कवांन के चल्लेतें सायक से छूटै।—रा.रू.

चोगर-सं०पु०—उल्लू की सी आंखों वाला घोड़ा (अशुभ)

चोगांन—देखो 'चौगांन' (रू.भे.) उ०—सिपाहां समेत हाडै नरेस हालू आपरा रोकिया दुरग थी वारै कढ़ि चोगांन में सज्ज होई धारा तीरथ में मरण री ही मनोरथ गहियो।—वं.भा.

चोगुड़दाई-क्रि०वि०—चारों ओर, चारों तरफ।

चोघड़ियौ—देखो 'चौघड़ियौ' (रू.भे.) उ०—जयसळमेर जाय डेरा किया, उठे रावळजी री टीको आइयो, चोघड़िये केसरिया कर असवार हुवा।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

चोघणौ, चोघवौ-क्रि०स०—ढूंढना, तलाश करना, खोजना।

उ०—जांववंती री सहेली पिण पाटण मांहे देखती चोघती फिरै छै। —जगदेव पँवार री वात

चोघणहार, हारौ (हारी), चोघणियौ—वि०।

चोघाणौ, चोघावौ, चोघावणौ, चोघाववौ—क्रि०स०।

चोघिओड़ो, चोघियोड़ौ, चोघ्योड़ौ—भू०का०कृ०।

चोघीजणौ, चोघीजवौ—कर्म वा०।

चोघरौ-सं०पु०—तिवारी के अंदर का मकान (देखो 'तिवारी' शेखावाटी)

चोघाणौ, चोघावौ-क्रि०स०—ढूंढ़ाना, तलाश कराना, पता लगाना।

चोघायोड़ौ-भू०का०कृ०—ढूंढाया हुआ, तलाश कराया हुआ। (स्त्री० चोघायोड़ी)

चोघावणौ, चोघाववौ—देखो 'चोवाणौ' (रू.भे.)

चोघावणहार, हारौ (हारी), चोघावणियौ—वि०।

चोघाविओड़ो, चोघावियोड़ो, चोघाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

चोघावीजणौ, चोघावीजवौ—कर्म वा०।

चोघावियोड़ौ—देखो 'चोघायोड़ो' (रू भे.) (स्त्री० चोघावियोड़ी)

चोघियोड़ौ-भू०का०कृ०—ढूंढा हुआ, तलाश किया हुआ। (स्त्री० चोघियोड़ी)

चोड़े-वाड़े—देखो 'चौड़ै-धाड़ै' (रू.भे.)

चोच-सं०स्त्री० [सं०] १ चर्म, चमड़ी, खाल. २ छाल, वल्कल. ३ छल, कपट, धूर्तता. ४ आडम्बर।

चोचळा-सं०पु० [अनु०] जवानी की उमंग में प्रकट किये जाने वाले कायिक हावभाव, नाज, नखरे।

चोचळी, चोचली-वि०स्त्री०—नखरेबाज, नाज-नखरे दिखाने वाली।

चोचा-सं०पु०(बहु०व०)—१ लड़ाई, टंटा, झगड़ा, कलह. २ अपकीर्ति, निंदा।

चोचाकारौ-वि०—लड़ाई करने वाला, कलहप्रिय. २ निंदा करने वाला, चुगली करने वाला।

चोचाळौ-वि०पु० (स्त्री० चोचाळी) कलह करने वाला, झगड़ा करने वाला। उ०—वसे तूं रोमाळी कवन थळ खाली तुज विनां। लखां से चोचाळी कळ कि वळसाळी अज कितां।—ऊ.का.

चोची-वि०—अल्प, थोड़ी, साधारण।

कहा०—चोची खेती घर ना धणिये खाय—थोड़े स्थान पर या छोटे पैमाने पर की गई खेती घर के स्वामी को खा जाती है। थोड़े पैमाने पर किये गये कार्य में कोई विशेष लाभ नहीं होता।

चोचौ-सं०पु०—१ झगड़ा, कलह. २ उपद्रव. ३ प्रलाप, बकवाद. ४ आडम्बर, पाखंड, ढोंग। उ०—वाणियै रै बेटै नै बेटो कहै नहीं। चोचो करै तौ चाचर कहै, का कोई बीजो ठहरावै। —पलक दरियाव री वात

चोज-सं०पु०—१ मनोविनोद के लिये कही हुई उक्ति विशेष, मजाक, हँसी, ठट्टा, दिल्लगी. २ उमंग, उत्साह। उ०—इण भांत रा रजपूतां नै अमल सिरदार आपरा हाथां करावै छै। घणै चोज सूं मन लियां मनहारां कीजै छै।—रा.सा.सं.

३ साहस. ४ कपट, छल, धोखा. ५ चतुराई। उ०—करस्यां वात कबूल भली सू भासण सुणस्यां। गुण री है नहिं गरज चोज कर औगुण चुणस्यां।—ऊ.का.

६ रसास्वादन। उ०—१ मुनहारां हुय रही छै। घणी फीन सताई चोज लियां अरोगजे छै।—रा.सा.स.

उ०—२ सो आय अरोगणै बैठा, सारो साथ घणै चोज सूं जीम रहियो छै, खुस छै।—कुंवरसी सांखला री वारता

७ आनन्द, मौज। उ०—तठै गुल कोयल री छिब लीवी इसी चोज ऊपर हास्य इणनूं आयो।—र. हमीर

८ स्थान, जगह? उ०—डूम न जांणे देव जस, सूम न जांणे मोज। मुगळ न जांणे गउ दया, चुगल न जांणे चोज।—वां.दा.

सं०स्त्री०—९ आभा, कांति। उ०—पीछोला की पेखवौ, मांनसरोवर मोज। पांणी भरै छै पदमणी, चंदवदनी मुख चोज। —बगसीरांम प्रोहित री वात

चोजाळौ, चोजीलौ-वि० (स्त्री० चोजाळी, चोजीली)—१ हँसी-मजाक या दिल्लगी करने वाला. २ गुप्त बात जानने वाला, भेद जानने वाला. ३ बातचीत में निपुण, वाक-पटु।

चोजौ-सं०पु०—धोखा, छल, कपट। उ०—कुणनै बेटो कहै छै? इसो चोजो करै छै।—पलक दरियाव री वात

चोट-सं०स्त्री०—१ एक वस्तु की किसी दूसरी वस्तु पर लगने वाली जोर की टक्कर, आघात, प्रहार। उ०—लगाऊं सुरां वायकां चोट लागै। जती वोलियो क्रोध पावक जागै।—सू.प्र.

क्रि०प्र०—देणी, पड़णी, पहुँचाणी, मारणी, मेलणी, लगणी, लगाणी, लागणी, सै'णी।

मुहा०—चोट झेलणी—आघात सहन करना।

२ आघात या प्रहार का प्रभाव, जख्म, घाव।

क्रि०प्र०—आणी, लागणी।

३ किसी को मारने के लिये हथियार आदि चलाने की क्रिया, वार, आक्रमण।

मुहा०—चोट खाली जाणी—वार खाली जाना, आक्रमण व्यर्थ जाना।

४ मानसिक व्यथा, दुःख, शोक, संताप, हृदय पर लगने वाला आघात।

५ किसी को क्षति पहुँचाने या किसी का अनिष्ट करने के लिये चली हुई चाल. ६ व्यंग्यपूर्ण उक्ति, ताना. ७ विश्वासघात, धोखा। ८ छेड़छाड़। उ०—झोटां ज्यूं साधू झपट, जोटां दे जुग टाळ। चेलो सूं चोटां करै, रोटां हित रुगटाळ।—ऊ.का.

चोटड़ियाळ, चोटड़ियाळी–वि०—जिसके चोटी हो।

सं०स्त्री०—१ एक प्रकार की भांग विशेष (रा.सा.सं.) २ एक प्रकार का तारा. ३ एक प्रकार का पक्षी।

उ०—पांणी नाडा भरनै रह्या छै। चोटड़ियाळ डहकनै रही छै।

—रा.सा.सं.

रू०भे०—चोटिआळ, चोटीआळी।

चोटलियौ–सं०पु०—देखो 'चोटी' (अल्पा. रू.भे.) उ०—फाटा घावळिया घाघरिया फाटा, फरके चोटलिया देता फरराटा।

—ऊ.का.

चोटियाळ–सं०पु०—१ प्रहास गीत के दो पदों के बाद १० मात्रायें रख कर तुकान्त मिलाया जाने वाला गीत विशेष।

२ देखो 'चोटियाळी' (रू.भे.)

चोटियाळी—देखो 'चोटड़ियाळ' (रू.भे.) उ०—चोटियाळी कूदै चौसठि चाचरि, घ्रू ढ़ळियै ऊकसै धड़। अनंत अनै सिसुपाळ औझड़ै, झड़ मातौ मांडियौ झड़।—वेलि.

चोटियौ–सं०पु०—१ डिंगल का एक गीत (छंद) विशेष जिसमें जांगड़ा गीत (जिसके प्रथम व तृतीय पद में १६ मात्रायें और द्वितीय व चतुर्थ पद में १२ मात्रा तथा प्रथम द्वाले के प्रथम पद में १८ मात्रायें होती हैं) का द्वाला जोड़ कर फिर एक पांचवां चरण होता है, इसमें १६ मात्रायें अंत में दो गुरु सहित होती हैं। इस प्रकार से जहां द्वाले की रचना होती है वहां चोटिया गीत होता है (र.रू.)

२ राजस्थानी साहित्य में दोहे का एक भेद जिसमें दोहे के पूर्वार्द्ध पर १२ मात्रा अधिक हो और उत्तरार्द्ध में १० मात्रा अधिक हो। ३ छोटा रस्सा. ४ एक प्रकार का घोड़ा विशेष. ५ घास के विस्तृत मैदानों में उसका विभाजन करने के लिये खड़ी घास के कुछ तृणों को शामिल लेकर उसमें गाँठ लगा कर बनाया हुआ संकेत विशेष। ६ साफ किये हुए आक के महीन रेशों को कातने के निमित्त चोटी के आकार की बनाई हुई पूनी. ७ शिखर वाली ढेरी।

उ०—नापै कही, जी दीवांण सलांमत, मुरट ऊगै छै, पछै पाकै जद कांटा लागै, पछै खारी रै लकड़ी बांध एक हाथ झालै पछै लकड़ी एक चीर झाटकणी करै, तेसूं कांटा झाड़ के चोटिया करै, भेळा करै।

—नांपा सांखला री वारता

८ चोटी के आकार का बंधा घास का पुआल।

चोटी–सं०स्त्री० [सं० चूड] १ खोपड़ी के पीछे थोड़े से सपटे भाग में कुछ बड़े वे बाल जिन्हें हिन्दू रखना आवश्यक व पवित्र समझते हैं, शिखा।

मुहा०—१ एडी री चोटी उतरणी—अथक परिश्रम करना, पसीना बहाना। २ चोटी दबणी—वश में होना, अधिकार में होना। ३ चोटी पकड़णी—काबू में करना, अधिकार में करना, किसी बात का मूल पहिचानना। ४ चोटी री पसीनौ एडी तक आणौ—कठिन मेहनत करना। ५ चोटी हाथ में आणी—काबू में आना, किसी प्रकार के दबाव में आना, वश में होना।

२ स्त्रियों के गुंथे हुए सिर के बाल, वेणी।

क्रि०प्र०—करणी, गूंथणी, बांधणी।

३ किन्ही-किन्ही पक्षियों के शिर के वे पर जो कुछ ऊपर की ओर उठे रहते हैं. ४ सब से ऊपर का ऊंचा भाग, शिखर।

मुहा० —चोटी चढणी—ऊपर उठना, उन्नति को प्राप्त होना, सर्व श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करना. ५ पुत्र जन्म के इक्कीसवें दिन या जब कभी शुभ मुहूर्त्त हो जच्चा को स्नान करा कर नये वस्त्र पहिनाने, घट-पूजन कराने तथा उबाले हुए गेहूं व गुड़ बाँटने की पुष्करणा ब्राह्मणों की एक रस्म। इस दिन स्त्री की सुगंधित द्रव्यों से चोटी गूंथी जाती है तथा पिता एवं उसके मित्र बच्चे के हाथ में रुपये देते हैं।

चोटीआळ, चोटीआळी—देखो 'चोटड़िआळ' (रू.भे.)

उ०—पांणी एक नाळ भरिया। चोटीआळी डहकिनै रहीआ छै।

—रा.सा.सं.

चोटीआळौ–वि०—जिसके चोटी हो, चोटी वाला। (स्त्री० चोटीआळी)

सं०पु०—१ हिन्दू। उ०—मरते मोडे मारिया, चोटीआळा चार।—अज्ञात

२ दोहा का एक भेद जिसके अनुसार द्वितीय और चतुर्थ चरण में १६ मात्रा हो तथा प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ चरण की तुकबंदी हो।

चोटीकट–वि०—जिसकी चोटी कटी हुई हो।

वि०वि०—देखो 'चोटीवडियौ' उ०—म्हैं किव 'किसन' हुलासे चित में, आस लियौ अमंदौ। वर-सी राज रै चोटीकट वंदौ।

—र.ज.प्र.

चोटीबंध–सं०पु०—स्त्रियों के शिर का आभूषण विशेष।

चोटीवडियौ–वि०—जिसकी चोटी कटी हुई हो।

वि०वि०—जागीर प्रथा के समय जागीरदार की प्रजा का वह व्यक्ति जिसे जागीरदार ने विशेष सहूलियत देकर अपनी जागीर में आबाद

किया हो। ऐसे व्यक्ति को शादी व मृत्यु के अवसर पर कुछ भेंट-पुरस्कार आदि प्राप्त हो जाता था।

सं०पु०—मुसलमान, इस्लाम मत का अनुयायी।

चोटीयाळ, चोटीयाळो—देखो 'चोटीआळो' (रू.भे.)

चोटीवाळो—देखो 'चोटीआळो' (रू.भे.) उ०—ग्रीघाळ गूदाळ कजे गहर्के, चहर्के चोटीयाळ सीयाळ चर्के।—गो.रू.

सं०पु०—जटा वाला (नारियल) उ०—चढ़ै नै चढ़ावै थारै चूरमो, चोटीवाळा नारेळ, सेवगां की ओ बाबा भली करो।—लो.गी.

चोटो—सं०पु०—मोटी व लम्बी चोटी।

चो'ट्टो—सं०पु०—वह जो चोरी करता हो, चोर।

चोडंडी—वि०—जिसके चारों ओर डंडा लगा हुआ हो।

चोडाळ—सं०पु०—एक प्रकार की सवारी या वाहन।

उ०—सुखासण पालखी चोडाळ रथ पाइक वणीनै रहिआ छै।—रा.सा.सं.

चोडी—सं०स्त्री०—कुयें में पानी एकत्र करने के उद्देश्य से एक ओर जहां जल खींचने का पात्र डूबता हो वहां कुछ गहरा खुदा हुआ गड्ढा।

चोडोळ, चोडोळो—सं०पु० [सं० चतुर्दोल] हाथी, गज (डि.नां.मा.)

चोढरो—वि०—चढ़ने वाला, सवारी करने वाला।

चोढ़ाड़णो—देखो 'चढ़ाणो' (रू.भे.) उ०—पंगी ऊवारकां चंगी चोढाड़ै जोवांण पांणी, मारकां पोढ़ाड़ै भड़ां पौढ़ियो समीच।—महेसदास कूंपावत री गीत

चोतरफ—देखो 'चौतरफ' (रू.भे.) उ०—महाराज गजसिंहजी कही अठै ही खड़ा रहो, चोतरफ तोपखांनै री जंजीरबंदी करो।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

चोताळो—देखो 'चौताळो' (रू.भे.) उ०—पाखती चोताळै रा सैंधा लोग उणनै माळ कंय नै बतळावै।—वांणी

चोदक, चोदक्कड़—सं०पु०—१ स्त्री-प्रसंग या संभोग के लिये उकसाने वाला. २ बहुत अधिक स्त्री प्रसंग करने वाला, अत्यन्त कामी व्यक्ति (बाजारू)

चोदणो, चोदबो—क्रि०स०—स्त्री प्रसंग करना, संभोग करना।

चोदणहार, हारो, चोदणियो—वि०।

चोदीजणो, चोदीजबो—कर्म वा०।

चोदन—सं०पु०—स्त्री-प्रसंग, मैथुन, संभोग।

चोदस—देखो 'चौदस' (रू.भे.) उ०—जोगणी चोसठ नूं उमादे भख देती तरै चोदस रै दिन इतरी वारता उमादे करसी, थानूं संपड़ावसी।—पंचदंडी री वारता

चोदाई—सं०स्त्री०—१ स्त्री-प्रसंग, संभोग, मैथुन. २ मैथुन कराने के बदले मिलने वाला पारिश्रमिक।

चोदाकड़—देखो 'चोदक्कड़' (रू.भे.)

चोदाणो—देखो 'चुदाणो' (रू.भे.)

चोदायोड़ो—देखो 'चुदायोड़ो' (रू.भे.)

चोदास—सं०स्त्री०—स्त्री की पुरुष प्रसंग की अथवा पुरुष को स्त्री प्रसंग की प्रबल कामना, उत्कट कामेच्छा।

चोदासो—वि०—१ जिसे संभोग की प्रबल इच्छा हो. २ कामुक, कामी।

चोदियोड़ो—भू०का०कृ०—जिसके साथ संभोग किया जा चुका हो।

चोदू—वि०—डरपोक, भीरू, कायर, निकम्मा।

चोद्दग—वि०—चौदह (जैन)

चोद्दसम—देखो 'चवदै' (रू.भे.) (जैन)

चोद्दसरयणाहिवई—सं०पु० [सं० चतुर्दशरत्नाधिपति] चौदह रत्नों का स्वामी (जैन)

चोधार, चोधारण, चोधारो—देखो 'चौधार' (रू.भे.)

उ०—चोधारां लाल लालचख चौरंग, वयंडां भड़ां ओरवै वाज।—चांवंडदांन

चोप—सं०स्त्री०—१ सेवा। उ०—चोप अरज हरि चरण चोप फिर रे परदछण।—र.ज.प्र.

२ प्रार्थना, विनती। उ०—चोप करे कर जोड़ जंनम सरजंत आगळ जण।—र.ज.प्र.

३ ध्यान। उ०—चोप करे चित बीच नांम सिर अगर सु नरहर।—र.ज.प्र.

४ लगन। उ०—चंनण घस जुत चोप कमळ त्यूं तिलक चोप कर।—र.ज.प्र.

५ भक्ति. ६ श्रद्धा। उ०—अत चोप भजन सी-वर उचर, ध्यांन हृदय जुत चोप धर।—र.ज.प्र.

७ कृपा, दया, अनुकम्पा। उ०—कवि चहै चोप रघुराज को, कर-कर चोप स भजन कर।—र.ज.प्र.

क्रि०वि०—चारों तरफ।

चोपई—सं०स्त्री०—प्रत्येक चरण में ११ और १३ पर यति सहित २४ मात्रा का एक मात्रिक छंद (पिं.प्र.)

चोपग, चोपगो—देखो 'चौपगो' (रू.भे.)

चोपड़—सं०पु०—घी तेल आदि स्निग्ध पदार्थ। उ०—गोरस चोपड़ एकठा दोय एक दिखाया।—केसोदास गाडण

यौ०—चोपड़-चापड़।

चोपड़णो, चोपड़बो—देखो 'चुपड़णो' (रू.भे.) उ०—१ वांधउं वड़ री छांहड़ी, नीरूं नागर वेल। डांभ संभाळूं करहला, चोपड़ि सूं चंपेल।—ढो.मा.

उ०—२ ताहरां हेकर सो सूंटी पाखती सेक दियो, वळै तेल सेती दियो। राखा चोपड़ि अरवळै बीजी ही वार तिम हीज रातो करि चुवण लागो ताहरां दियो।—द.वि.

चोपड़णहार, हारो (हारी), चोपड़णियो—वि०।

चोपड़ाणो, चोपड़ाबो, चोपड़ावणो, चोपड़ावबो—क्रि०स०।

चोपड़िओड़ो, चोपड़ियोड़ो, चोपड़योड़ो—भू०का०कृ०।

चोपड़ीजणो, चोपड़ीजबो—कर्म वा०।

चोपड़ाणी, चोपड़ावी—देखो 'चुपड़ाणी' (रू.भे.)

चोपड़ाणहार, हारी (हारी), चोपड़ाणियौ—वि० ।

चोपड़ायोड़ी—भू०का०कृ० ।

चोपड़ाईजणौ, चोपड़ाईजवौ—कर्म वा० ।

चोपड़ायोड़ौ—देखो 'चुपड़ायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० चोपड़ायोड़ी)

चोपड़ावणौ, चोपड़ाववौ—देखो 'चुपड़ाणौ' (रू.भे.)

चोपड़ावियोड़ौ—देखो 'चोपड़ायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० चोपड़ावियोड़ी)

चोपड़ास-सं०पु०—स्निग्धता, चिकनाई ।

चोपड़ियोड़ौ—देखो 'चुपड़ियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० चोपड़ियोड़ी)

चोपड़ौ-सं०पु०—१ तिलहन या ग्वार की फसल का एक रोग विशेष जिसमें पौधे के पत्ते चिकने से हो जाते हैं । कीटाणु विशेष लगने से फसल नष्ट हो जाती है ।

२ देखो 'चौपड़ौ' (रू.भे.)

चोपण-सं०स्त्री०—१ गर्म लोहे को ठीक करने व सुधारने का एक औजार. २ आभूषणों पर खुदाई के काम में कोने दबाने का एक औजार (स्वर्णकार)

चोपदार—देखो 'चोबदार' (रू.भे.) उ०—१ सागै चोपदारां सा'ब भादुरजी खिनाया । भैरूं सिंघजी नै राजगादी पै बैठाया ।—शि.वं.

उ०—२ देखि अंगद वहौ चोपदार अति मांम वचारे । चंद मंद बुद्धि धीर चव असतूति अपारे ।—सू.प्र.

चोपन—देखो 'चौपन' (रू.भे.)

चोपनियौ—देखो 'चौपनियौ' (रू.भे.)

चोपनौ—देखो 'चौपनौ' (रू.भे.)

चोपाड़-सं०स्त्री०—पुरुषों का सम्मिलित होकर बैठने का स्थान, चौपाल (क्षेत्रीय)

चोपायी-सं०स्त्री०—१ चौपाई. २ चारपाई ।

चोपाळौ-सं०पु०—पालकी, शिविका ।

चोप्पड़—देखो 'चोपड़' (रू.भे., जैन)

चोप्पाळ-सं०पु०—सूर्याभदेव का अस्त्रागार (जैन)

चोप्पाळग-सं०पु०—मस्त हाथी (जैन)

चोफाड़णौ, चोफाड़बौ-क्रि०स०—१ काटना, चार भागों में विभाजित करना । उ०—तिण समय अरिसिंघ गदा री आघात दे'र दूजा सिंधुर रौ सीस चोफाड़ी करि पटकियौ ।—वं.भा.

२ नष्ट करना ।

चोफाड़, चोफाड़ा-क्रि०वि०—१ चारों तरफ, चारों ओर ।

चोफुली—देखो 'चौफूली' (रू.भे.)

चोफेर—देखो 'चौफेर' (रू.भे.) उ०—पुरी अवध परवेस सजोड़ा साथियां । चमर करै चोफेर हलै चढ़ हाथियां ।—र.रू.

चोव-सं०स्त्री०—१ चुभने की क्रिया या भाव. २ किसी नुकीले पदार्थ के अकस्मात् नेत्र में चुभने से होने वाला दर्द. ३ कुआ खोदने के कार्य को आरम्भ करने की क्रिया. ४ कुछ छोटे पौधे (विशेष कर मिर्च, प्याज आदि) को एक स्थान से दूसरे स्थान में गाड़ने की क्रिया या गाड़े जाने वाले पौधे. ५ तालाव या कुयें के मध्य में किया हुआ वह गहरा गड्ढा जहां पानी कुछ अधिक मात्रा में एकत्रित रहता है । [फा०] ६ शामियाना खड़ा करने का बड़ा खंभा. ७ नगाड़ा या ताशा बजाने का डंडा. ८ सोने या चांदी से मढ़ा डण्डा ।

यौ०—चौबदार ।

चोबचीणी-सं०स्त्री० [फा० चोबचीनी] १ प्रायः चीन और जापान में अधिक होने वाली एक लता की जड़, एक काष्ठौषध. २ हुबास नामक वृक्ष की जड़ जिसका रंग हलका भूरा होता है ।

चोबणौ-सं०पु०—जूते पर किया जाने वाला कसीदा विशेष ।

उ०—लाल चोवणौ मांमा मोचा, लाल कनारी जोड़ी ।

—डूंगजी जवारजी री पड़

चोवणौ, चोवबौ-क्रि०स०—पौधे को एक स्थान से उखाड़ कर दूसरे स्थान पर लगाना या गाड़ना ।

चोवणहार, हारौ (हारी), चोवणियौ—वि० ।

चोवाणौ, चोवाबौ, चोवावणौ, चोवाववौ—प्रे०रू० ।

चोविओड़ौ, चोवियोड़ौ, चोव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

चोवीजणौ, चोवीजवौ—कर्म वा० ।

चोवदार-सं०पु०—वह नौकर जिसके पास 'चोव' या 'आसा' रहता है । प्रतिहार ।

वि०वि०—ऐसे नौकर राजा महाराजाओं या किसी रईस के यहां समाचार आदि लाने या ले जाने के लिये रक्खे जाते हैं । ये राजा की सवारी निकलते समय आगे-आगे हाथ में सोने या चांदी के चद्दर से मढ़ा डंडा लेकर चलते हैं ।

पर्याय०—उतसारक, दंडी, द्वारपाळ, प्रतिहार, वेतधर, वैत्री ।

चोवाई-सं०स्त्री०—चोवने की क्रिया या इस कार्य की मजदूरी ।

देखो 'चोवणौ' ।

चोवाई गांठ-सं०स्त्री०यौ० [सं० चतुर्व्याप्तिग्रंथि] टूटी हुई रस्सी का जोड़ विशेष ।

चोवाणौ, चोवाबौ-क्रि०स० ('चौवणौ' क्रि० का प्रे०रू०)—किसी पौधे को उखड़वा कर अन्य जगह पर लगवाना ।

चोवायोड़ौ-भू०का०कृ०—किसी पौधे को उखाड़ कर अन्य जगह पर लगवाया हुआ । (स्त्री० चोवायोड़ी)

चोवारौ—देखो 'चौवारौ' (रू.भे.) उ०—वांवौ अंग फरकण लागौ, फरकत वांवी आंख । साजन आसी हे सखी ! चढ़ चोवारे झांक ।

—र.रा.

चोवावणौ, चोवाववौ—देखो 'चोवाणौ' (रू.भे.)

चोवाविओड़ौ—देखो 'चोवायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० चोवावियोड़ी)

चोवियोड़ौ-भू०का०कृ०—किसी पौधे व बीज आदि को किसी क्यारी आदि में गाड़ना, लगाना । (स्त्री० चोवियोड़ी)

चोवोलो-सं०पु०—एक प्रकार का मात्रिक छंद ।

चोवी—सं०पु०—शक, सन्देह, आशंका ।

चोम—सं०स्त्री०—१ देखो 'चोव' (रू.भे.) उ०—१ संकर सागर हुयगो सुरड़ा, करण मिळे नहि पांणी कुरड़ा । चोभ मांय ठहरै नहि चुरड़ा, जिण री पाळ पड़ै दस जुरड़ा ।—ऊ.का.

उ०—२ ऊपर वनात री कलावूती चांदणी रूपै री चोभां सूं खड़ी की छै ।—रा.सा.सं.

चोभको—सं०पु०—तीक्ष्ण या नुकीली वस्तु चुभाने से होने वाली पीड़ा । उ०—एक कांनी व्याज वाळा पल्लो खांचै है तो वीजै पासी थे घर वाळा चोभको देवो हो ।—वरसगांठ

चोभणी—देखो 'चोवणी' (रू.भे.)

चोभणो, चोभवो—देखो 'चोवणो' (रू.भे.)

चोभणहार, हारो (हारी), चोभणियो—वि० ।

चोभाणो, चोभावो, चोभावणो, चोभाववो—प्रे०रू० ।

चोभिओड़ो, चोभियोड़ो, चोभ्योड़ो—भू०का०कृ० ।

चोभीजणो, चोभीजवो—क्रि० कर्म वा० ।

चोभिओड़ो—देखो 'चोविओड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० चोभिओड़ी)

चोभो—सं०पु०—अनेक प्रकार की दवाइयों की बंधी हुई पोटली जिससे शरीर के कोई पीड़ित अंग या आंख आदि पर सिकताव किया जाता है ।

चोमकदीवो—सं०पु०यौ०—चौमुखा दीपक, चार वत्तियों वाला दीपक ।

चोमालहण—सं०स्त्री०—चौहान वंश की एक शाखा ।

चोमुखो—देखो 'चौमुखो' (रू.भे.) उ०—देहरो एकलिंगजी रो चोमुखो छै ।—नैणसी

चोमोतर—देखो 'चिमोतर' (रू.भे.)

चोय—सं०स्त्री० [सं० त्वचा] त्वचा, छाल (जैन)

चोयअ—सं०पु० [सं० चोयक] एक प्रकार का फल (जैन)

चोयण—वि० [सं० चोदनम्] प्रेरणा करने वाला (जैन)

चोयणा—सं०स्त्री० [सं० चोदना] प्रेरणा (जैन)

चोयाळ—सं०स्त्री०—गढ के ऊपर बैठने का स्थान (जैन)

चोयाळा, चोयाळीसा—सं०पु० [सं० चतुश्चत्वारिंशत्] चमालीस ।

चोरंग—देखो 'चौरंग' (रू.भे.) उ०—१ सावळ अणियां सांकुही, चोरंग वणियां चेत । भायां सूं भेळप नहीं, हुरकणियां सूं हेत ।—बां.दा.

उ०—२ चोरंग वाळ गिलण चुगलाळा, घोळै दिन लागा धाराळा ।—रा.रू.

चोर—सं०पु० [सं०] छिप कर पराई वस्तु का अपहरण करने वाला व्यक्ति । वह मनुष्य जो स्वामी की अनुपस्थिति या अज्ञानता में छिप कर कोई वस्तु या धन ले जाय । चोरी करने वाला ।

पर्या०—अलांम, एकागर, कुवधमूळ, कुवधी, गूढ़चर, चोंटो, तेन, तसकर, दसु, दुस्ट, निसचर, परमोख, परसंतोख, परासकंदी, पाटच्चर, पारपंथक, प्रतरोधक, प्रतिरोधक, मरमोख, मलमलुच, मलीमलुच ।

मुहा०—चोर माथै मोर पड़णो—धूर्त के साथ धूर्तता करना ।

कहा०—घणां चोरां चोरी मूंगी—अधिक चोर शामिल होने पर चोरी महंगी पड़ जाती है । अधिक चोरों के इकट्ठे होने पर पकड़े जाने की संभावना रहती है । अति सर्वत्र वर्जयते । २ चोर का पग काचा होवै—चोर के मन में दृढ़ता नहीं होती । ३ चोर कै पग को होवै नी—देखो कहा० २ । ४ चोर को माल चिडाळ खाय—चोरी से प्राप्त किया हुआ माल दुष्टों द्वारा भी नष्ट होता है अर्थात् चोरी से प्राप्त हुआ धन सदुपयोग नहीं होता । बुरी कमाई की निंदा । ५ चोर-चोर मासियाई भाई—कुकर्म करने वाले या दुष्ट स्वभाव वाले परस्पर मिल कर रहते हैं । ६ चोर ढोर ना सूं भरोसा करणो—चोर और पशु का भरोसा नहीं किया जा सकता, न मालूम वे कब हानि पहुंचादें । ७ चोर रा तो सौ दा'ड़ा धणी नो एक दा'ड़ो—पकड़े जाने पर सौ चोरियों की कसर एक साथ निकल जाती है । बुरे कार्यों का फल हमेशा अनुकूल नहीं होता । ८ चोर नै कह चोरी कर, कुत्तै नै कह भुस, साहू नै कह जाग—उस व्यक्ति के प्रति जो हर प्रकार के स्वभाव वाले व्यक्ति से मिल कर रहे । बुरे कार्य के लिए उकसाने वाले उस बुरे व्यक्ति के प्रति जो अवसर पाने पर उसे हानि भी पहुंचा दे । ९ चोर रा पग चोर ओळखै—चोर की गति को चोर ही समझता है । दुष्ट व बुरा व्यक्ति अपने स्वभाव वाले को शीघ्र पहचान जाता है ।

१० चोर री दाढ़ी में तिणकलो—किसी मनुष्य में कोई अवगुण हो और उसके समक्ष किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसी अवगुण की आलोचना की जाय तो वह अपने ही ऊपर उसे समझ कर जब बिगड़ने लगता हैं तब यह कहावत कही जाती है । ११ चोर री मां छांनै छांनै रोवै—चोर की मां छिप कर रोती है । चोर को जब किसी प्रकार की सजा होती हैं तो उसकी मां छिप कर रोती है, इसलिये कि कहीं चोर के साथ पुत्र का नाता प्रकट न हो । बुरे व्यक्तियों से अपना संबंध साधारणत: लोग प्रकट नहीं करते । १२ चोर री मां नै हीज मारणी—बुरे आदमी को नहीं बल्कि बुराई के मूल कारण को ही नष्ट करना चाहिये । १३ मिनखां में चोर छांनां को रैवै नी—मनुष्यों में चोर छिपा नहीं रह सकता, वह अपने अमानवीय या अस्वाभाविक व्यवहार से अपने आपको प्रकट कर ही देता है ।

यौ०—कांमचोर, चोरआळी, चोरखिड़की, चोरगळी, चोरगाय, चोरचकार, मूंहचोर ।

अल्पा०—चोरड़ो, चोरटो ।

२ लीपने-पोतने के कार्य में असावधानी से रह जाने वाला बिना लिपा-पुता भाग ।

३ ताश का वह पत्ता जिसे छिपाये रखने से दूसरे खिलाड़ियों को जीतने में बाधा पड़ती है. ४ एक गंध द्रव्य. ५ एक प्रकार का सर्प ।

वि०वि०—देखो 'पीणो'

वि०—१ जिसके वास्तविक स्वरूप का बाह्य आकार से पता न चले. २ काला, श्याम‡ (डिं.को.)

चोरश्राळो-सं०पु०यौ०—दीवार में बना हुआ वह गुप्त ताका जिसका आसानी से किसी को पता न चले। यह ताका धन, जेवर आदि सुरक्षित रखने के लिये बनाया जाता है।

चोरकार, चोरकारी, चोरकळी, चोरकाळी-सं०स्त्री० [सं० चौर्यकार, चौर्यकारी] चोर का कार्य, चोरी।

चोरखांनो-सं०पु०यौ०—किसी सन्दूक आदि का गुप्त खाना, दराज।

चोरखिड़की-सं०स्त्री०यौ०—छोटा गुप्त द्वार।

चोरग-सं०पु० [सं० चोरक] एक सुगंधित वनस्पति (जैन)

चोरगळी-सं०स्त्री०यौ०—१ वह गुप्त और तंग छोटी गली जिसकी जानकारी बहुत कम लोगों को हो. २ दोनों जांघों के बीच में रहने वाला पाजामे का भाग, मियानी।

चोरगाय-सं०स्त्री०—वह गाय जो दूध दुहते समय पूरा दूध न दे और दूध को थनों में ही ऊपर रोक रखे।

चोरड़ो—देखो 'चोर' (अल्पा. रू.भे.) उ०—कोमळ हरियौ मरु नरां री नेतौ धरमी धोरड़ौ, राज प्रक्रिति मेळ न राखै मरु जेळां जरु चोरड़ौ।—दसदेव

चोरजमी, चोरजमीन-सं०स्त्री०यौ०—वह जमीन जो देखने में समतल व ठोस प्रतीत हो परन्तु पैर रखते ही उसमें पैर धँस जाय।

चोरटो-सं०पु० [सं० चोरटः] (स्त्री० चोरटी) चोर, उचक्का (अल्पा.)

चोरणो, चोरबो—देखो 'चुराणौ' (रू.भे.)

चोरणहार, हारौ (हारी), चोरणियौ—वि०।

चोराणो चोराबो, चोरावणो, चोराववौ—प्रे०रू०।

चोरिओड़ो, चोरियोड़ो, चोरयोड़ो—भू०का०कृ०।

चोरीजणो, चोरीजबो कर्म वा०।

चोरताळो-सं०पु०यौ०—ऐसा ताला जिसके लगे होने का पता आसानी से न लगे या जिसके खोलने में विशेष बुद्धिमानी की आवश्यकता हो।

चोरदरवाजो-सं०पु०यौ०—किसी मकान आदि का वह गुप्त द्वार जिसकी जानकारी सामान्य लोगों को न हो।

चोरदांत-सं०पु०यौ०—बत्तीस दांतों के अतिरिक्त दांतों की पंक्ति में आगे या पीछे निकलने वाले दांत।

चोरपहरौ, चोरपैंरौ-सं०पु०यौ०—वह पहरा जो शत्रु के जासूसों से सेना की रक्षा के लिये लगाया जाता हो। किसी प्रकार का गुप्त पहरा।

चोराकूटो-सं०पु०यौ०—डकैती, लूट-पाट।

चोरा-चोरी-क्रि०वि०—गुपचुप, छिपे-छिपे, चुपके-चुपके।

चोरावणो, चोराववौ—देखो 'चुरावणौ' (रू.भे.)

चोरिक्क-सं०पु० [सं० चौरिक्य] चोरी।

चोरिय-सं०पु० [सं० चोरिक] १ मनुष्य को मार कर चोरी करने वाला (जैन)

[सं० चोरित] २ चोरी।

चोरियोड़ो-भू०का०कृ०—चुराया हुआ, अपहरण किया हुआ। (स्त्री० चोरियोड़ी)

चोरी-सं०स्त्री० [सं० चुर, चोरिका, चौरिका] छुप कर किसी दूसरे की वस्तु लेने या अपहरण करने का कार्य, चुराने की क्रिया या भाव।

मुहा०—चोरी-चोरी—छिपे तौर पर।

यौ०—चोरी-चकारी, चोरी-जारी।

चोळ-सं०पु० [सं० चोल] १ भारत के दक्षिण का एक प्राचीन राज्य, चोल राज्य. २ एक प्राचीन राजपूत वंश. ३ लाल रंग का वस्त्र, चीर विशेष. ४ गहरा लाल रंग। उ०—लेता भारी लाल चोळ रंग लागा चोखा, कोंडी फेर किया अजब द्रग धमळ अनोखा।

—अज्ञात

५ कवच. ६ मजीठ. ७ आनंद, उमंग। उ०—पुटियां टोळ पंचोळ चोळ चंपै चित आलां।—दसदेव

८ कामक्रीड़ा, मैथुन। उ०—करड़ो कुच नूं भाखता, पड़वा हूंदी चोळ। अब फूलां जिम अंग में, सेलां री धमरोळ।—बी.स.

९ क्रीड़ा, किलोल। उ०—१ सूंघै मैंगळ सूंड हुंकाळा चोळ करंतां, फळियां गूलर वन्न सुहांणी चाल बहंतां।—मेघ.

उ०—२ मैंगळ कुटंब सहत उनमत रै, आव हिलोळ चोळ की अतरै।

—र.ज.प्र.

१० रुचि, लगन। उ०—जा मुखि रांम न ऊचरै, आंन कथा मन चोळ। जन हरिदास ते मांनई, काग बिलाई कोळ।—ह.पु.वा.

वि०—लाल। उ०—१ चख चोळ भाळ विकराळ चूंच, कळ चाळ प्रगट दाढ़ाळ कूंच।—वि.सं.

उ०—२ चोळ अगनि रत नदी वीच चलि, होजफुंहारा अगनि चादर हलि।—सू.प्र.

यौ०—चोळ-बोळ।

चोळग-वि०—लाल, रक्त। उ०—अजगर के कंध टांमक से सीस, चखूं चोळग सैल रीस।—सू.प्र.

चोळगोळ-स०पु०यौ०—आग से तपा हुआ लाल गोला।

चोळचंचोळ-सं०पु०यौ०—क्रोधपूर्ण नेत्र, गुस्से में लाल नेत्र।

चोळचख-सं०पु०—शेर (ना.डि.को.)

चोळचखो-वि०—क्रोधपूर्ण या लाल नेत्र वाला।

चोळबोळ-वि०—१ लाल रंग से रंगा हुआ रक्तवर्णक।

उ०—१ प्रचंड लोह पाखरां, चोळबोळां चखचोळां।—सू.प्र.

उ०—२ थूर हथ धवळ री थाट मैंवट थियो, काळ चाळो चखां चोळबोळां कियो।—हा.झा.

२ उन्मत्त, मस्त। उ०—मोछण ठुंगार हुय रहचौ छै, चोळबोळां हुयजै छै।—रा.सा.सं.

चोळरंग-सं०पु०—मजीठ का रंग, गहरा लाल।

चोळवट, चोळवटउ-सं०पु० [सं० चोलपट्ट] लाल वस्त्र (उ.र.)

चोळवांन, चोळवन्न-वि० [सं० चोलवर्ण] रक्त वर्ण, गहरा लाल।

उ०—अंगां ऊपरै सवायो तायो सुरां वैण रांण वाळा, वडाळां छोह में छायो चखां चोळवन्न ।—र.रू.

चोळाहड़ो–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा विशेष (शा.हो.)

चोळियो–सं०पु०—देखो 'चोळो' (अल्पा. रू.भे.)

चोळी–स०स्त्री०—१ स्त्रियों का एक पहनावा जो स्तनों को ढकने के लिये छाती पर बांधा या पहिना जाता है। कंचुकी, अंगिया।

उ०—सिरी सीस कूंभां मणी हेम साऊ, जया नारी वक्षोज चोळी जड़ाऊ।—वं.भा.

२ मजीठ। उ०—१ प्रीतम वीछुड़ियां पछइ, मुई न कहिजइ काइ। चोळी केरे पांन ज्यूं—दिन दिन पीळी थाइ।—ढो.मा.

उ०—२ म्हारी धीयड़ चोळी पांन की, जँवाई चंपले रो फूल, म्हारी आज अमली फळ रही।—लो.गी.

३ स्त्रियों की अंगरखीनुमा पहनने का वस्त्र विशेष (पुष्करणा ब्राह्मण)

चोळीमारग–सं०पु० [सं० चोलीमार्ग] वाममार्गियों का एक भेद विशेष।

वि०वि०—देखो 'कांचळिया पंथ'।

चोळीय–सं०पु०—नौ नाथों में एक नाथ (पा.प्र.)

चोळवौ–वि०—लाल, लाल रंग का। उ०—कड़ी कुहटं गाळी ओकडां सांतरां पटाड़ां रा चोळवा वणायां थकां, कांगा कसणा कियां थकां चढ़ खड़िया छै।—रा.सा.सं.

चोळौ–सं०पु०—१ साधु, फकीर, मुल्ला आदि के पहनने का घुटनों तक लम्बा एक प्रकार का ढीला-ढाला सादा कुरता. २ ढीला-ढाला लम्बी बांहों का साधारण कुरता। उ०—विधि होय जद वांम, दोसत ही दुसमण हुवै। वदळ जाय जद वांम, चोळौ वैरी चकरिया।
—मोहनराज साह

३ देह, शरीर। उ०—घरचा रहै सब धांम, मात पिता सुत नारि घन। कोई न आवै कांम, चोळौ छूटचां चकरिया।—मोहनराज साह

मुहा०—१ चोळौ छोडणौ—मर जाना। २ चोळौ वदळणौ—एक शरीर छोड़ कर दूसरा शरीर धारण करना, नया रूप धारण करना।

४ इल्लत, आफत।

चोल्यो–सं०पु०—टोकरी। उ०—दूंणा रेत चोल्यां यां कना सू तौ नखाया। पाछै दोय चोल्या ठाकुरांणी वताया।—शि.वं.

चोवखो—देखो 'चोखो' (रू.भे.) उ०—दूलची जाय घणी आछी सादी की। घणी चोवखौ दात दायजै दीयो।
—दूलचीं जोइये री वारता

चोवड़ो–वि०—चार लड़ों वाला। उ०—दूजा दोवड़ा चोवड़ा, ऊंट कटाळउ खांणा।—ढो.मा.

चोवटियो, चोवटो—१ देखो 'चौवटो' (रू.भे.)

उ०—१ हे चुड़लो आयो गोरी चोवटै, लूंदारियो लै, चोवटिये दांन चुकाय, जाजौ मरवौ लै।—लो.गी. उ०—२ अणमणौ करियां टेपा कांन, चोवटै ऊभौ हेकल सांढ। सेवट किण घर रो मिजमांन, भलां ओ सीरोळै रो सांड।—सांझ उ०—३ चन्नण पड़ियो चोवटै, ले उड फिर-फिर जाय। आसी चनण रो पारखी, लेसी मोल चुकाय।—र.रा.

[सं० चतुर्+हट्ट] २ वह स्थान जिसके चारों ओर हाटें (दुकानें) हों, बाजार। उ०—सोनो रूपो पहरती, मोत्यां भरती भार। सो कासी रै चोवटै, हरचद वेची नार।—अज्ञात

चोवन—देखो 'चौवन' (रू.भे.)

चोवा-चनण–सं०पु०यौ०—सुगन्धित पदार्थ, अर्गजा चंदनादि पदार्थ।

चोवौ–सं०पु०—एक सुगंधित द्रव्य जो केसर, चंदन, कपूर आदि के मिलाने से बनता है। उ०—१ म्हे नै ढोलो भूं'विया, म्हां नूं आवी रीस। चोवा केरै कूंपलै, ढोळी साहिब सीस।—ढो.मा.

रू०भे०—चोग्रो।

चोस–सं०स्त्री०—कांसी (डि.को.)

चोसट—देखो 'चौसठ' (रू.भे.)

चोसठी—देखो 'चौसठी' (रू.भे.)

चोसणी, चोसबौ—देखो 'चूसणौ' (रू.भे.) उ०—चड़ चड़ जोगणियां रत चोस, जुड़ै भिड़ धूहड़ वाधै जोस।—गो.रू.

चोसर—देखो 'चौसर' (रू.भे.) उ०—ऊजळा फूलां रा चोसर घातियां हाथ ऊजळां फूलां रा गेंद उछाळती थकी।—रा.सा.सं.

चोसरो—देखो 'चौसरो' (रू.भे.) उ०—मालण लाई चोसरा, फूल अनोखा पोय। मन मुरझायो देखतां, ऊतर दीन्हो रोय।—र रा.

चोसांगी, चोसींगी–सं०स्त्री० [सं० चतुर शृंगी] एक प्रकार का कृषि उपकरण जिसके लम्बे डंडे के एक सिरे पर चार छोटे व पतले सींग के आकार के डंडे जो आगे से नुकीले होते हैं और कुछ गोलाई में मुड़े होते हैं। (मि. चौकनी)

चोस्क–सं०पु० [सं०] उत्तम जाति का घोड़ा (शा.हो)

चोहट, चोहटो—देखो 'चौवटो' (रू.भे.) उ०—१ लेवा कै थानक लाखावत, घण समदाये सेन घणा। चलणै तलक तुहाळै चोहट, 'मोकळ' सह मंडळीक तणा।—महारांणा मोकळ रौ गीत

उ०—२ घटां घटां चौरंग चा नारंग ऊलट्ट। किर फूटै विच चोहटां रंगरेजां मट्ट।—द दा.

चोहथी—देखो 'चौहथी' (रू.भे.)

चोहां–वि०—चारों। उ०—चोहां दिस रोहां रुक्कं छोहां भट छक्कं, जड्डं जंजीर न जरै वड्डुं गज वक्कं।—वं.भा.

चोहांन–सं०पु०—१ फदाली जाति के व्यक्तियों की एक शाखा (मा.म.)

२ देखो 'चौहांन' (रू.भे.)

चोहिल–सं०पु०—पड़िहार वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

चौंकलो–सं०पु०—भाले की नोंक, भाले का नुकीला भाग।

उ०—सु प्रथीराज सिकार रमण गयो थो सु सिकार रमतो एक लुगाई घड़ो भरिये जाती थी तिण रै चौंकला री लगाई।—नैणसी

चौंगियौ—देखो 'चोंगियौ' (रू भे.)

चौंडासमा-सं०स्त्री०—यादव वंश की एक शाखा। उ०—झाला चौंडासमा झळहळै, हाला हर हैकंप हुवा।—द.दा.

चौंतरौ-सं०पु०—चबूतरा। उ०—किणहेक सहर वाटाउ थकौ किणहेक रै वारणा रै चौंतरै ऊतरियौ हुतौ।—नैणसी

चौंतीस—देखो 'चौतीस' (रू.भे.)

चौंतीसमौं—जो क्रम में तेतीस के वाद पड़ता हो।

चौंतीसे'क-वि०—चौतीस के लगभग।

चौंतीसौ-सं०पु०—चौतीसवां वर्ष।

चौंप-सं०स्त्री०—१ कीर्ति, यश. २ देखो 'चोप' (रू.भे.)

चौंरी—देखो 'चंवरी' (रू भे.) उ०—१ क्रम न्रिप उच्छव कियौ, वेद सनीत विचार। दुलहरिग जुग लीधा दुलहि, चौंरी फेरा च्यार। —रा.रू.

उ०—२ चहूं भ्रात चौंरी चढै नेह चंगा। उचारै दुजां देव वांणी उमंगा।—सू.प्र.

चौ-सं०पु०—१ मनुष्य. २ बैल. ३ अश्व, घोड़ा. ४ महावत. ५ रस (एका.)

स्त्री०—६ गौ (एका.)

वि०—चार। उ०—छंद अध नाराच री, चौ तुक हेक दवाळ। वरण छंद सौ गीत वद, दूणौ अठौ दिखाळ।—र.ज.प्र.

अव्य०—देखो 'चो' (रू.भे.) उ०—हूं आखूं नय वयण हिक, सांभळ भरथ सुजांण। करणौ तौ मो अवस कर, पित चौ हुकम प्रमांण।—र.ज.प्र.

चौअटौ—देखो 'चौवटौ' (रू.भे.)

चौईगी—देखो 'चोसींगी' (रू.भे.)

चौईस-वि० [सं० चतुर्विंशति, प्रा० चउवीस] बीस और चार का योग, चौबीस।

सं०पु०—चौबीस की संख्या।

चौईसमौं-वि०—जो क्रम में तेईस के वाद पड़ता हो।

चौईसे'क-वि०—चौबीस के लगभग।

चौईसौ-सं०पु०—चौबीसवां वर्ष।

चौओतर—देखो 'चिमोतर' (रू.भे.)

चौओतरमौं—देखो 'चिमोतरमौं' (रू.भे.)

चौओतरौ—देखो 'चिमोतरौ' (रू.भे.)

चौओ—१ देखो 'चोभौ' (रू.भे.) २ देखो 'चौवौ' (रू.भे.)

चौओड़ी-सं०स्त्री०—चावड़ा वंश की कन्या। उ०—सुज कंत अंत अमरां सुपुरि, चौओड़ी हरि उच्चरै। छत्रपती सनेह चंद्र, छडी सेखावत व्रत संभरै।—रा.रू.

चौक-सं०पु० [सं० चतुष्क, प्रा० चउक्क] १ चौकोर खुली भूमि. २ नगर या गांव के बीच का वह खुला मैदान जिसके चारों ओर रास्ता गया हो, चौराहा। उ०—चौक गोकळै तणै साय बैठौ चडी, गरड़वुज भुयंग जमराव रौ धणी।—रुपमणी हरण

३ घर के अन्दर का वह खुला स्थान जिसके ऊपर किसी प्रकार का छाजन न हो। आंगन, सहन. ४ चार कोने वाला चबूतरा।

उ०—वीकैजी आ जागा आछी देखी तद तळाव री पाळ माथै स्री गोरैजी री मूरत पधराई, चौक करायौ।—द.दा.

५ मैदान, खुला स्थान। उ०—आवध धारियां चौक पधारै छै। —रा.सा.सं.

मुहा०—१ चौक करणौ—मैदान की ओर प्रस्थान करना। २ चौक पधारणौ—मैदान में आना, खुले स्थान की ओर गमन करना।

६ मांगलिक अवसर पर आंगन में या खुले स्थान में आटे, अबीर आदि से बनाये हुए रेखा चित्र। उ०—ओपै रूप घणौ राय अंगण, चौक मुक्त कण केसर चंनण।—रा.रू.

मुहा०—चौक पूरणौ—आंगन या सहन में कल्पना के चित्र चित्रित करना।

७ पीठ। उ०—तिकौ जसवंतजी रौ गळा मांहे हुयनै गुदड़ी रै पाखती ऊकसीयौ नै जसवंतजी उणरै छाती मांहै बरछी री दीधी सु उणरै चौक मां हाथ एक जाती बाहिर फूटी।—राव मालदेव री वात

८ धातु, काष्ट आदि की बनी हुई चौकी। उ०—कनक चौक थाळह कनक, सांमिल दहू नरेसुरां। सासत्रां जेम भोजन सतर, रीति आदि राजेस्वरां।—सू.प्र.

९ भूल, चूक। उ०—कहियौ न्रप सिध हूं जोड़े कर, आयस हसे चौक किण ऊपर।—सू.प्र.

चौकड़ा-सं०पु०—मर्दो के कान का आभूषण जिसमें दो मोती तथा एक माणक की लाल मणि होती है।

चौकड़ालगांम-सं०स्त्री०यौ०—घोड़े के मुंह में लगाई जाने वाली एक लगाम विशेष। उ०—हजार घोड़ा तयार कीजै छै, चौकड़ा लगांम दीजै छै।—रा.सा.सं.

चौकड़ियौ-सं०पु०—चांदी का वह चौकोर टुकड़ा जो पाणिग्रहण संस्कार के समय मेंहदी के साथ वर-वधू के हाथ में रखा जाता है।

(पुष्करणा ब्राह्मण)

चौकड़ी-सं०स्त्री०—१ चार या इससे अधिक मनुष्यों की मंडली।

यौ०—चंडाळचौकड़ी।

२ चार युगों का समूह। उ०—चहुं जुगां चौकड़ी छतीस जुगाई, चौकड़ियां इकोतरां इंद्र राज कराई।—केसोदास गाडण

३ चारपाई की एक बुनावट विशेष जिसमें चार-चार सुतड़ियां इकट्ठी कर बुनी जाती हैं।

४ अनेक तलवारों का एक साथ पड़ने वाला प्रहार, चोट।

उ०—१ पाळां झगड़ौ कियौ, तारां रावजी लूणकरणजी ऊपर तरवारां री चौकड़ी पड़ी।—द.दा.

उ०—२ तरवारियां रौ रीठ वागियौ। माथै चौकड़ी पड़ रही छै। —सूरे खींवे कांधळोत री वात

५ चारों पैरों से एक साथ कूद कर भरी जाने वाली छलांग (हरिन)

उ०—करी मातरी त्यार, श्रोकळी सोवण मुख भर। मिरग चौकड़ी मूल, चौकड़ी नेवैं दिन भर।—दसदेव

६ प्रायः सड़कों पर मिट्टी डालने के लिये सड़कों के श्रासपास या तालाब खोदते समय मजदूरों द्वारा खोदा जाने वाला चौकोर गड्ढा, ७ बाण के श्रंतिम सिरे पर लगाया जाने वाला उपकरण जिससे बांण प्रत्यञ्चा पर मजबूती से स्थिर होता है। उ०—खुरसांण रा उतारिया, माठी रा तिलाग्यिा ऊपर रूपं रा सांवा छै, पीतळ तांबैं रा छला छै, दांत री चौकड़ी छै।—रा.सा.सं.

८ शिर पर पेचा या पगड़ी बांधने की एक विधि विशेष जिसमें पगड़ी शिर पर बांधते समय सामने वाले भाग पर क्रॉस के चिह्न की सी अनेक चौकड़ी पड़ती जाती हैं।

९ चार घोड़ों की बग्घी।

चौकड़ो—सं०पु०—१ घोड़े के मुंह में लगाई जाने वाली एक लगाम जिसमें मुंह में रहने वाला हिस्सा लोहे का बना एक पतला डंडा सा होता है। उ०—घोड़ा कायजे हुआ ऊभा छै, चौकड़ो चावैं छै।
—जगदेव पंवार री वात

२ एक प्रकार का श्राभूषण विशेष।

उ०- कुंवरसी साळै नूं साथ ले श्राइयौ। श्रापरै डेरै श्राय कटारी तरवार जड़ाऊ चौकड़ो मोतियां री कंठी दीवी।
—कुंवरसी सांखला री वारता

चौकणौ, चौकबौ—क्रि०स०—१ श्रनाज बोने के पूर्व भूमि को जोतना। हल द्वारा भूमि को इस प्रकार जोतना कि पहले की जुताई की रेखायें दूसरी बार की जुताई की रेखाओं से कट जांय. २ खेत में श्रनाज को बोने के लिए हाथ से इधर-उधर फेंकना या बिखेरना. ३ चारों श्रोर से श्रावेष्ठित करना, घेरना। उ०—श्रहमंदपुर नज्जीक श्राय, चौकियौ दुरग रसबीर चाय।—सू.प्र.

४ चकित होना।

चौकणहार, हारौ (हारी), चौकणियौ—वि०।

चौकवाड़णौ, चौकवाड़बौ, चौकवाणौ, चौकवाबौ, चौकवावणौ, चौकवावबौ, चौकाड़णौ, चौकाड़बौ, चौकाणौ, चौकाबौ, चौकावणौ, चौकावबौ—प्रे०रू०।

चौकिश्रोड़ौ, चौकियोड़ौ, चौक्योड़ौ—भू०का०कृ०।

चौकीजणौ, चौकीजबौ—कर्म वा०।

चौकतीख—सं०स्त्री०—मान, प्रतिष्ठा। उ०—तुटै कळा छुटै ठौड़ ठौड़ री खंचांणी तोपां, लाखां हाडां गोड़ री कुरंमां श्राडी लीक। जोड़ रा ठिकांणां घणां मगेजी मेल दी जठै, तठै रही राठौड़ री हेक चौकतीख।—महाराजा मांनसिंह रौ गीत

चौकनी—सं०स्त्री०—खलिहान में गेहूँ को भूसे से अलग करने के लिए हवा में ऊपर फेंकने का काष्ठ का बना एक उपकरण (मि. चोसींगी)

चौकन्नौ—वि० (स्त्री० चौकन्नी) सतर्क, सावधान, होशियार, सजग।

क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।

२ चार कान वाला।

चौकळ—सं०पु० [सं० चतुष्कल] १ चार मात्राओं का समूह। इसके पांच भेद होते हैं—SS, IIS, ISI, SII, IIII २ संगीत में एक ताल, चतुष्कल।

वि०—चार कलाओं वाला।

चौकळौ—देखो 'चौखळौ' (रू.भे.) उ०—वा'र चढ़ै बा'रू वज्यां, चंड चौकळा हेत। है न जमी हिक चांम पिण, जांन भोंक जंग देत।
—रेवतसिंह भाटी

चौकळियौ—सं०पु०—वह छंद जिसमे चार-चार मात्राओं के समूह हों।

चौकस—सं०स्त्री०—ढूंढने की क्रिया, तलाश। उ०—१ कोटवाळ नट गयौ तद इण चौकस कर फेर कहायौ। कोटवाळ क्यूं'क वाद कर फेर नट गयौ।—पदमसिंह री वात

उ०—२ सहिनांण सब मिळिया पण डूबी बात छै। चार ही ठावा मांणस मेल्ह सांची खबर मंगावौ, चौकस करि श्रावैं।
—पलक दरियाव री बात

वि०—१ सचेत, सतर्क, चौकन्ना, सावधान. २ ठीक, सही, सत्य। उ०—पण मांणस च्यार ठावा जाय सांची खबर ले श्रावैं। बात चौकस है। महाराज पधारसी।—पलक दरियाव री बात

३ पक्का, निश्चित। उ०—रांणी वातां सुण कहण लागियौ जै श्रायसैं चौकस कै नहीं।—कुंवरसी सांखला री वारता

४ स्पष्ट। उ०—विजळी चमकी तद ढाल चौकस दीसी।
—कुंवरसी सांखला री वारता

क्रि०वि०—१ प्रत्यक्ष, सामने। उ०—ताहरां हरमाळा कह्यौ न मांनौ तौ थे जावौ चौकस देखौ।—पलक दरियाव री बात

२ निश्चय ही, श्रवश्य। उ०—१ चौकस श्रास किसी चुड़ला री, कहोरी श्रवै सुहाग किसौ। देवी इसौ भरतार म दे री, जिण सिर वैरी 'मांन' जिसौ।—मांनजी लाळस उ०—२ जिण दिन लीली जळै जवासी, मांडै राड़ सांप री मासी। बादळ रहै रात रा बासी, यूं जांणै चौकस मेह श्रासी।—वर्षा विज्ञान

चौकसाई, चौकसी—सं०स्त्री०—१ सावधानी, सतर्कता. २ निगरानी, देखरेख।

वि०—चांदी सोने की कसौटी पर परीक्षा करने वाला (किसनगढ़)

रू०भे०—चौगसी।

चौका—सं०पु०—तलवार की मूठ के निचले भाग का वह मध्य का चौड़ा चपटा भाग जहां उसकी खूबसूरती के लिये नक्कासी श्रादि की जाती है श्रौर पकड़ने के गोल उभरे भाग को मजबूती के साथ उसमें लगाया जाता है।

चौकाणौ, चौकाबौ—क्रि०स०—१ खेत या फसल बोने की भूमि को हल द्वारा सीधा व खड़ा जुताना. २ बोने के लिये श्रनाज को हाथ से फिकवाना. ३ चकित करना, चमकाना।

चौकायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ हल द्वारा जुताई हुई या चिराई हुई भूमि. २ बीज हाथ से फेंक कर बुवाया हुश्रा. ३ चौंकाया हुश्रा।
(स्त्री० चौकायोड़ी)

चौकावणौ, चौकाववौ—देखो 'चौकाणौ' (रू.भे.)

चौकावियोड़ौ—देखो 'चौकायोड़ौ' (स्त्री० चौकावियोड़ी)

चौकियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ हलों द्वारा जुताई किया हुआ (खेत) २ हाथ से फेंक कर बीज बोया हुआ. ३ चमका हुआ, चौंका हुआ। (स्त्री० चौकियोड़ी)

चौकी—सं०स्त्री० [सं० चतुष्की] १ चार पायों का काठ या पत्थर का चौकोर आसन. २ मंदिर में मंडप के ऊपर का घेरा जिस पर शिखर होता है तथा इस घेरे के नीचे का स्थान. ३ पड़ाव या ठहरने का स्थान. ४ आसपास के स्थान की सुरक्षा के लिये रक्खे जाने वाले कुछ सिपाहियों के रहने का स्थान. ५ पहरा, निगरानी।

उ०—१ रथ सतरि लाख चौकी विराज, सौ लाख गयंद नग हीर साज।—सू.प्र.

उ०—२ कळाहीण ह्वै भाजि कूके कहोकी, चले जाय कूकी जठै रांण चौकी।—सू.प्र.

६ गले में पहनने का एक आभूषण, चौरसी. ७ पुरुषों की भुजा पर धारण करने का आभूषण विशेष।

८ भुजा पर या गले में धारण करने का सोने, चांदी या तांबे का आभूषण जिसमें जंत्र मंत्र के साथ अभिमंत्रित धागा भी होता है।

उ०—तथा मरनै भूत होवै तरै प्रेत री जंत्र मादळिया में तथा चौकी में मंडाईजजो।—वी.स.टी.

९ सेना की टुकड़ी। उ०—पांच पांच सै रजपूतां री चौकी सात बैठी छै।—जैतसी ऊदावत री वात

१० रोटी बेलने का चकला. ११ राजाओं या जागीरदारों को अपने घर निमंत्रित करने पर उन्हें भेंट या नजर की जाने वाली धनराशि।

उ०—चौकी रुपियां लाख री, हाथी निजर तुरंत। रकम जवाहर उंच रुचि, पद तळ वसन सुरंग।—रा.रू.

१२ छोटा चबूतरा. १३ वह लगान या कर जो खेत व पशु आदि की निरन्तर चौकसी करने वाले को दी जाती है।

मुहा०—चौकी भरणी—चौकसी पर निगरानी का कर देना।

१४ ताश का वह पत्ता जिस पर चार बूंटियां हों।

१५ तोरणद्वार के इर्द-गिर्द बना चबूतरे के आकार का स्थान।

रू०भे०—चउकी।

चौकीखांनौ—सं०पु०यौ०—चौकी या पहरा देने का स्थान। उ०—गढ़ रै पाखती जलाल री महल छै, उठै मूमना रहै नै जलाल चौकीखांनै दोय घड़ी दिन चढ़तां आवै।—जलाल बूबना री वात

चौकीदार—सं०पु०यौ०—चौकसी करने वाला, पहरेदार, रखवाला।

चौकीदारी—सं०स्त्री०यौ०—१ रखवाली करने अथवा पहरा देने का कार्य. २ चौकीदार का पद. ३ वह कर या चंदा जो चौकीदार के वेतन के लिये एकत्रित किया जाता है. ४ चौकीदार को दिया जाने वाला पारिश्रमिक।

चौकीवट—सं०पु० [सं० चतुष्क पट्टः] काष्ट की बनी चौकी (उ.र.)।

चौकूणौ—वि० [सं० चतुष्कोण, प्रा० चउक्कोण] (स्त्री० चौकूणी) जिसके चार कोने हों, चौकोर।

चौकोर—सं०पु०—क्षत्रियों की एक शाखा।

वि०—चार कोने वाला।

चौकौ—सं०पु०[सं० चतुष्क प्रा० चउक] १ किसी पत्थर का चौकोर टुकड़ा. २ किसी पवित्र कार्य के लिये जल या गोबर के लेप से शुद्ध किया हुआ स्थान. ३ वह लिपा-पुता स्थान जहां हिन्दू (विशेष कर ब्राह्मण) लोग रसोई बनाते हैं।

मुहा०—चौकौ फेरणौ—घर की सब सम्पत्ति को बरबाद कर देना।

कहा०—तीन पग तांणिया नै चित्तौड़ तांई चौकौ—तीन पैर बाहर निकले और चित्तौड़ तक अपना चौका बना लिया। यात्रा में बाहर निकल कर छुआछूत में अधिक विश्वास रखने वाले के प्रति व्यंग। यात्रा में निकलने पर छुआछूत पालने की आवश्यकता नहीं।

वि०वि०—इस स्थान पर बाहरी लोग या बिना नहाये-धोये घर के लोग भी नहीं जाने पाते।

क्रि०प्र०—करणौ, देणौ, फेरणौ, राखणौ।

यौ०—चौका-बरतन।

४ एक ही स्थान पर एक ही प्रकार की चार वस्तुओं का समूह. ५ ताश की चार बूटियों वाला पत्ता. ६ चार का अंक. ७ चार का वर्ष. ८ सामने के चार दांतों का समूह। उ०—१ हसतां फूल झड़ै है, चौका री चकाचूंध में मुख नीठ निजर पड़ै है।—र. हमीर

उ०—२ छोटी सी बरछी थी सु इण छळ वाही दांत चार चौके रा पाड़ नै गुदड़ी में उकसी।—नैणसी

मुहा०—१ चौकौ तोड़णौ—बुरी तरह मारना। चौकौ पाड़णौ—सामने के चार दांतों के समूह को गिरा देना।

९ दांतों के काटने से बना हुआ गोल निशान, दंत-क्षत।

उ०—सोना री तौ रंग कपोळां रा रंग सूं उरै है पिण चौका री चहन ही करणफूलां री चूनियां में दुरै है।—र. हमीर

१० शव को सुलाने के लिये गोमय से लिपा-पुता स्थान।

चौखंड—वि०—१ चार मंजिल का, चार मंजिल वाला. २ जिसमें चार खंड हो, चार भाग वाला।

चौखंडी—सं०स्त्री०—चौथी मंजिल। उ०—जाई करि बैठी चौखंडी, पेहली बांची उपली ओळि।—वी.दे.

वि०—चौमंजिला।

चौखड़ौ—सं०पु०—एक प्रकार की घोड़े की लगाम।

चौखट—सं०स्त्री० [सं० चतुष्काष्ठिका] १ दीवार में लगाया जाने वाला पत्थर या लकड़ी का बना आयताकार ढांचा जिसमें किवाड़ के पल्ले लगे रहते हैं. २ देहलीज. ३ ताश के पत्तों में चौकोर बूटी का रंग या इस बूटी का पत्ता।

चौखटियौ, चौखटौ—सं०पु०—१ चार लकड़ियों का ढांचा जिसमें तस्वीर या शीशा जड़ा जाता है. २ देखो 'चौखट' (अल्पा.) ३ आकृति, सूरत।

वि०—चार कोने वाला।

अल्पा०—चौखटियौ।

चौखणौ-वि०—१ चार कोने वाला. २ चार खंड का, चौमंजिला।

उ०—ऊंचा मंदिर चौखणा, ऊंना घणु आवास। अजब झरोखा जाळियां, सीस्यां मूंगावास।—रा.रू.

३ चार दराजों या खानों वाला।

चौखळौ-सं०पु०—चारों ओर के पड़ोसी गावों का समूह।

उ०—१ म्हारै गांव रा रासोजी वाजो वातां रा ई पूतळा, चौखळा में वाजिदा।—बांगी

उ०—२ इण तरै सूं गांव में ईज नीं पण पूरा चौखळा में सेठां री ठरको जम्योड़ो हो।—रातवासौ

मुहा०—चौखळौ करणौ—किसी अवसर विशेष पर अड़ोस-पड़ोस के गांवों को भोजन के लिये निमंत्रित करना।

रू०भे०—चोखळौ।

चौखूंट-सं०पु० [सं० चतुष्कोटि] १ चारों दिशा. २ भूमंडल, जगत।

चौखूंटौ-वि०—जिसमें चार कोने हों, चौकोना।

चौगड़द, चौगड़दाई-क्रि०वि०—चारों ओर। उ०—१ दारुण 'गोयंद' चौगड़द, फिरिया पह फट्टी। श्रो भी श्रागि श्रजागि श्रंग, नाराज निछट्टी।—सू.प्र.

उ०—२ जग जणणी जायौ न जो, गरब सकै मो गाळ। फोगट चौगड़दा फिरै, काळ झाल करवाळ।—रेवतसिंह भाटी

उ०—३ गुदा के आसपास चौगड़दाई दोय अंगुळ मांहीं फुणणी होय।—अमरत

चौगड़ौ-वि०—चार। उ०—चीतवि त्रिगड़ौ चौगड़ौ, सोजि मेलि करि सात। सात दसां पर संचरै, वात कही विख्यात।—ल.पिं.

सं०पु०—जांणिजै अांक चौगड़ौ जेथि, तळि च्यारि रुप मांडिजे तेथि।
—ल.पिं.

चौगट—देखो 'चौखट' (रू.भे.)

चौगटियौ-सं०पु०—१ किसी मेहराव के ऊपर का पत्थर. २ देखो 'चौखटियौ' (रू.भे.)

चौगणौ-वि० [सं० चतुर्गुण, प्रा० चउग्गुण] (स्त्री० चौगणी) चार गुना, चौगुना।

चौगणौ, चौगवौ-क्रि०स०—देखना।

चौगरद—देखो 'चौगड़द' (रू.भे.) उ०—फूलां की माळा सूं चौगरद आच्छादित कीया छै।—वेलि.टी.

चौगस—देखो 'चौकस' (रू.भे.) उ०—हूरां कह तुरक अछर कह हींदू, दरवा कारण वाद वढै। हटैसींग ऊपर हठ लागी, चौगस वै तो रयां चडै।—हठीसिंह जोधा रो गीत

चौगसी—देखो 'चौकसी' (रू.भे.)

चौगान-सं०पु० [फा०] मैदान, विस्तृत आंगन। उ०—१ दिन पांच कल्यांणपुर रहिया। चौगांन रमिया।—द.वि.

उ०—२ लगावै फळां भोमि आहार लीधो, कपी बाग ऊंधांमि चौगांन कीधो।—सू.प्र.

चौगानियौ-वि० [फा० चौगान+रा०प्र० इयौ] चार तह का।

उ०—सू नमचा किण भांत रा छै? बीटीवा, चौगानिया, घणै वनात रा लपेटिया साळू लपेटिया।—रा.सा.सं.

सं०पु०—वह भैंसा जिसे मद्यपान करा कर दशहरे के दिन चौगान में छोड़ा जाता है और उसे घुड़सवार तलवारों से काटते हैं। उ०—घडां हूंत वैर घिर करै, अरियां इम अवगाह। चढ़ियौ मद चौगानियौ, दपटै दळण दुवाह।—रेवतसिंह भाटी

चौगिरद-क्रि०वि०—चारों ओर। उ०—१ आदमी बीसेक तरवारां काढ़ली अर पालखी रै चौगिरद लग गया।—पदमसिंह री वात

उ०—२ जणां कुंवरसी री लोग खरळां रा लोक नू परा किया अर आप चौगिरद कड़ी करि ऊभा रहिया।—कुंवरसी सांखला री वारता

चौगुड़दा—देखो 'चौगड़द' (रू.भे.)

चौगुणौ-वि० [सं० चतुर्गुणम्] (स्त्री० चौगुणी) चार गुना।

उ०—कीधी विगुण भयांणक काया, माया हूंत चौगुणी माया।
—सू.प्र.

रू०भे०—चउगणउ, चउगणौ, चउगिणउ, चउगुणउ, चउगुणौ, चौगणौ।

चौगौ-सं०पु०—१ वह बैल या भैंसा जिसके आयु अनुसार केवल चार दांत ही निकले हों। लगभग ३॥ या ४ वर्ष की अवस्था में चार दांत निकलते हैं. २ चार का अंक।

चौगोन—देखो 'चौगांन' (रू.भे.)

चौगोनी-सं०स्त्री०—१ गेंद का बल्ला. २ हाथ में रखने की पतली छड़ी, बेंत।

चौघड़ौ, चौघड़ियौ-सं०पु० [सं० चतुर्घटिकम्] १ एक प्रकार का नगारे के आकार का वाद्य विशेष जो प्रहर या चार घड़ी के अन्तर से बजाया जाता है। उ०—पाछलौ चौघड़ियौ बाजियौ जणां भरमल ऊठ मुजरौ कर डेरै गई।—कुंवरसी सांखला री वारता

२ समय विशेष, लगभग १३/५ घंटे (लगभग चार घड़ी) की अवधि।

उ०— इण भांत तमासौ करतां पाछलौ चौघड़ियौ आय रह्यौ छै।
—रा.सा.सं.

३ किसी मांगलिक कार्य या यात्रादि को आरम्भ करने के लिये वार गणना से निकाला हुआ मुहूर्त।

वि०वि०—ऐसा प्रतीत होता है कि 'चौघड़िया' जैन ज्योतिष से आया है।

'चौघड़िये' संख्या में सात होते हैं जिनके नाम क्रमशः निम्न लिखित हैं—

(१) उद्वेग—रविवार के दिन का प्रथम चौघड़िया।
(२) अम्रत (अमृत)—सोमवार ,, ,, ।
(३) रोग—मंगलवार ,, ,, ,, ।
(४) लाभ—बुधवार ,, ,, ,, ।
(५) सुभ(शुभ)—गुरुवार ,, ,, ,, ।
(६) चल—शुक्रवार ,, ,, ,, ।
(७) काळ (काल)—शनिवार ,, ,, ,, ।

इनमें अमृत, लाभ, शुभ और चल श्रेष्ठ हैं और उद्वेग, रोग और 'काळ' नेष्ठ हैं। इनका उपयोग यात्रा मुहूर्त के अतिरिक्त दैनिक आवश्यक कार्यों के लिये भी होता है। ये दिन में आठ और रात्रि में आठ आते हैं। इस प्रकार दिन रात में कुल सोलह होते हैं। इनका स्पष्ट मान दिन या रात्रि के अष्टमांश तुल्य होता है; अतः दिन या रात्रि के घटने-बढ़ने से चौघड़ियों का मान भी घटता-बढ़ता है।

चौघड़ियों की गणना दो प्रकार से होती है—

१. सूर्योदय से वार का प्रथम और फिर वार-क्रम से छठा। छठा चौघड़िया क्रमशः आता जाता है, इस प्रकार दिन रात में सोलह चौघड़िये छः के अन्तर से क्रमशः आते जाते हैं, जैसे रविवार का प्रथम चौघड़िया उद्वेग हैं अतः रविवार के दिन में सूर्योदय के समय उद्वेग तत्पश्चात् उद्वेग से छटा चौघड़िया चले (जोकि शुक्रवार का प्रथम चौघड़िया है) लगेगा। तीसरा शुक्र से छठा बुध का यानी लाभ का रहता है और आगे इसी प्रकार छः के अन्तर से क्रमशः आते जाते हैं और दूसरे दिन सोमवार के सूर्योदय में गणना-क्रम के अनुसार अमृत चौघड़िया लग जाता है। यह गणना पूर्वी भारत में प्रसिद्ध है।

२. इस गणना के अनुसार सूर्योदय से वार क्रम से छठा-छठा चौघड़िया आता जाता है और दिन का प्रथम व अंतिम चौघड़िया एक ही होता है जैसे रविवार के दिन का सूर्योदय के समय का प्रथम चौघड़िया उद्वेग है तो सूर्यास्त के समय अंतिम (आठवां) चौघड़िया भी उद्वेग ही होगा, जैसे, रविवार को सूर्योदय के समय प्रथम उद्वेग दूसरा रवि से छठा शुक्र का चल। तीसरा शुक्र से छठा बुध का लाभ, इसी प्रकार क्रमशः छठा-छठा अमृत काल शुभ रोग और सूर्यास्त के समय अंतिम (आठवां) चौघड़िया उद्वेग आ जाता है।

इस गणना में रात्रि के चौघड़िये वार क्रम से पांचवें। पांचवें आते जाते हैं। दिन की तरह रात्रि के भी प्रथम और अंतिम चौघड़िये समान होते हैं, जैसे रविवार के सूर्यास्त उद्वेग चौघड़िये पर दिन समाप्त हो जाता है तो उद्वेग से पांचवां चौघड़िया शुभ से रात्रि प्रारम्भ होगी। तत्पश्चात् उस रात्रि में पांच-पांच के वार क्रम के अनुसार क्रमशः चौघड़िये लगते जायेंगे, अतः रात्रि के प्रारम्भ में शुभ तथा शुभ से पांचवां अमृत, इसी प्रकार क्रमशः पांचवां-पांचवां चल, रोग, काल, लाभ, उद्वेग और अंतिम (आठवें) शुभ चौघड़िये पर रवि की रात्रि समाप्त हो जायेगी, शुभ से पांचवां चौघड़िया अमृत होता है जो कि सोमवार के दिन का प्रथम चौघड़िया है। इस प्रकार दिन और रात्रि में कुल सोलह चौघड़िये हो जाते हैं। यह गणना पूर्वी भारत को छोड़ कर सब जगह प्रचलित है।

चोड़–सं०पु०—नाश, ध्वंस। उ०—चुगलाळां करि चोड़, गिरधारी गाहे गजां। चढ़ियो खगधारां चढ़े, रंभ रथां राठौड़।—वचनिका

चौड़ाई–सं०स्त्री०—लंबाई के दोनों किनारों के बीच की लम्बवत् दूरी। लम्बाई के विपरीत किनारे का विस्तार।

चौड़े–क्रि०वि०—प्रकट रूप में। उ०—आपरी बेटी सारा जगत रा आंटा उधारा लै है सो आप वरज देओ, अे वचन पती री वीरपणो चौड़े करण रा छै।—वी.स.टी.

यौ०—चौड़े-धाड़े।

रू०भे०—चवड़े।

चौड़े-धाड़े–क्रि०वि०यौ०—खुलेआम, दिनदहाड़े। उ०—१ चौड़ेधाड़े चोर ढंग विन ढेढ़स ढेढ़ी। जिकै नहीं किण जोग मिळया घर घर रा मेढ़ी।—ऊ.का.

उ०—२ घसे हरवळां चौड़ेधाड़े आडा लोहां लड़ां अखाड़े। —सू.प्र.

रू०भे०—चवड़े-धाड़े।

चौड़ोतरसौ–सं०पु०यौ० [सं० चतुरुत्तरमृशतम्] एक सौ चार की संख्या या गिनती।

चौड़ौ–वि० (स्त्री० चौड़ी) लम्बाई के भिन्न दिशा की ओर फैला हुआ, लम्बाई के दोनों किनारों के बीच का विस्तार।

चौज—१ देखो 'चोज' (रू.भे.) उ०—१ जिण भळियो न्रिप चौज तन, मांग लियो माहेस। जोड़ै भतीज 'किसन्न' जे, निस दिन जतन नरेस। —रा.रू.

उ०—२ चढ़ि मसंद वैसि इम कहै चौज, कुण देस नगर पूरब कन्नौज।—सू.प्र.

२ उदारता। उ०—चाढ़णौ कुळ जळ, दळद चौजां, वाढ़णौ विरदैत।—र.ज.प्र.

चौजीलौ—देखो 'चोजीलौ' (रू.भे.)

चौजुगी–सं०स्त्री०—चार युगों का समय।

चौंटौ—देखो 'चौवटौ' (रू.भे.)

चौडोळ—२ हाथी. १ पालकी। उ०—चौडोळ लगे रुखमणी जी जिहि भांति चाल्या छै, सुकवि कहै छै।—वेलि.

चौतरफ–क्रि०वि०—चारों ओर। उ०—चौतरफ लिख फुरमांण चलवे, डाकदार उदार। धाविया वह जूंग धारक' पैक वड अणपार। —सू.प्र.

चौतरौ—देखो 'चवूतरौ' (रू.भे.) (स्त्री० चौतरी)

चौतार–सं०पु०—एक प्रकार का वस्त्र विशेष। उ०—सू किण भांत रा वागा छै सिरीसाफ, भैरव, चौतार, कसवो, महमूदी, फूलगार, अधरस, सेला, बाफता, डोरिया।—रा.सा.सं.

चौतारौ–सं०पु०—चार तारों का एक वाद्य विशेष।

चौताळ–सं०पु०—मृदंग का एक ताल (संगीत)

चौताळीस—देखो 'चमालीस' (रू.भे.)

चौताळौ–सं०पु०—आसपास के गावों का समूह। उ०—तिणसूं सूराचंद रै गोखै चौताळै असैंधा असवार देखै तरै पूछण री गाढ़ घणी करै।—जैतसी ऊदावत री वात

मि०—चौखळौ।

जिसमें चार ताल हों चार ताल का।
वि०—चार तालयुक्त।

चौतीणो–सं०पु०—वह चौड़ा कुआं जिस पर चार मोट या चार रहंट एक साथ चल सकें। उ०—महावीर गोतम मुख मोड़ी, चौतीणो खिणियो मिण चोंड़ी।—ऊ.का.

चौतीस–वि० [सं० चतुस्त्रिंशत, प्रा० चोत्तीस, अ०चोत्रिस] तीस और चार के योग के बराबर।
रू०भे०—चउत्रीस।
सं०पु०—३४ की संख्या।

चौतीसमों–वि०—जो क्रम में तेंतीस के बाद पड़ता हो।

चौतीसेक,–वि०—चौतीस के लगभग।

चौतीसौ–सं०पु०—३४ वां वर्ष।

चौतुको–वि०—जिसमें चार तुक हों।
सं०पु०—चार चरणों की तुक मिलने का एक प्रकार का छंद।

चौत्रफ—देखो 'चोतरफ' (रू.भे.) उ०—मल्लांनी ईडर मिळाया मारवाड़ मध्य, चौत्रफ चलायो चावो वांनो वीरताई को।
—जुगतीदांन देथौ

चौत्रीस—देखो 'चौतीस' (रू.भे.)

चौथ–सं०स्त्री० [सं० चतुर्थी] १ माह के किसी पक्ष की चौथी तिथि, चतुर्थी।
जक्ख—देखो 'जक्ष' (रू.भे.) उ०—१ नव नाथ चोरासी सिद्ध ग्रनेक पंखी पळचर ग्रीध चौसठि जोगणि बावन वीर जक्ख किन्नर गण गंध्रप सहित रिखि नारद ग्राया ।—वचनिका

उ०—२ ऊमर इम बरस नव ग्राई । सुता जक्खि जद कथा सुणाई ।—सू.प्र.

जक्खकद्दम-सं०पु० [सं० यक्षकर्दम] १ इस नाम के दो वनिये (जैन)

२ इस नाम का एक समुद्र ग्रौर उसमें स्थित द्वीप (जैन)

जक्खग्गह-सं०पु० [सं० यक्षग्रह] यक्ष कृत उपद्रव (जैन)

जक्खणायग—देखो 'जक्षनायक' (रू.भे., जैन)

जक्खदिन्ना-सं०स्त्री० [सं० यक्षदत्ता] २२वां तीर्थंकर की मुख्य साध्वी का नाम (जैन)

जक्खभद्द-सं०पु० [सं० यक्षभद्र] यक्ष द्वीप का ग्रधिपति देवता (जैन)

जक्खा-सं०स्त्री० [सं० यक्षी] स्थूलिभद्र की बहिन (जैन)

जक्खादित्त, जक्खालित्तय-सं०पु० [सं० यक्षादीप्तक] किसी एक दिशा में थोड़े थोड़े ग्रन्तर पर बिजली के जैसी चमक का देखा जाना, भूत-पिशाच वगैरह की माया (जैन)

जक्खिद-सं०पु० [सं० यक्षेन्द्र] १ यक्षों का इन्द्र (जैन) २ ग्रमरनाथजी के यक्ष का नाम (जैन)

जक्खि, जक्खी—१ देखो 'जक्ष' (रू.भे.)

सं०स्त्री० [सं० याक्षी] २ एक प्रकार की लिपि (जैन)

जक्खोद-सं०पु० [सं० यक्षोद] एक समुद्र का नाम (जैन)

जक्त—देखो 'जगत' (रू.भे.)

जक्ष-सं०पु० [सं० यक्ष] (स्त्री० जक्षणी) देवताग्रों का एक भेद जो कुबेर के ग्राधीन है ग्रौर निधियों की रक्षा करता है ।

उ०—सुक मंनकादिक तेड़ो जक्ष, किन्नर नैं कहावें रे । देव दांणव सहु तेड़ो रे, मंडप भीतर ग्रावो रे ।—रुकमणी मंगळ

रू०भे०—जक्ख, जक्खि, जख, जखण, जखरा, जख्खु, जच्छ ।

यौ०—जक्षनायक, जक्षपत, जक्षपति, जक्षपुर, जक्षपुरी, जक्षरात, जक्षसपुर, जक्षसलोक, जक्षाधिप, जखनायक, जखराज, जखराट, जखरात, जखलोक, जखसनायक, जखसपुर, जखांराज, जखाधप, जखाधिप, जखाधी, जखाधीस, जखाराज, जखेंद्र, जखेसर, जख्यंप्रति।

जक्षनायक–सं०पु०यौ० [सं० यक्ष+नायक] यक्षपति, कुवेर।

रू०भे०—जखनायक, जक्खणायग, जखसनायक।

जक्षपत, जक्षपति–सं०पु०यौ० [सं० यक्ष+पति] यक्षराज, कुवेर।

जक्षपुर, जक्षपुरी [सं० यक्षपुरी] कुवेर की नगरी, यक्षों की पुरी, अलकापुरी।

रू०भे०—जक्षसपुर, जखसपुर।

जक्षरात–सं०स्त्री०यौ० [सं० यक्ष+रात्रि] कार्तिक मास की पूर्णिमा जो यक्षों की रात्रि मानी जाती है।

रू०भे०—जखरात।

जक्षस–सं०पु० [सं० यक्षप] यक्षपति, कुवेर।

जक्षलोक–सं०पु० [सं०] यक्षपुर।

जक्षसपुर—देखो 'जक्षपुर' (रू.भे.)

जक्षसलोक–सं०पु०यौ० [सं० यक्ष+लोक] वह लोक जिसमें यक्षों का निवास माना गया है।

रू०भे०—जखलोक।

जक्षाधिप–सं०पु० [सं० यक्षाधिप] यक्षों का अधिपति कुवेर।

रू०भे०—जखाधप, जखाधिप।

जक्षेस–सं०पु० [सं० यक्षेश] कुवेर। उ०—जक्षेस वारिईस की सुरेस नेस प्री जिसा, 'अभौ' त्रिलोक में अचंभ भोग भोगवै इसा।—रा.रू.

जख—१ देखो 'जक्ष' (रू.भे.) उ०—गावै सुर नर नागर पुर, किन्नर राखस जख ऋगवत थारी ईसवर, लखी न जात अलख।—गजउद्धार

२ देवता (अ.मा.)

जखचेर–सं०पु० [सं० यक्षेश्वर] कुवेर (अ.मा., नां.मा.)

जखण–सं०पु० [सं० जक्षणम्] १ आहार, खाना (डिं.को.)

२ देखो 'जक्ष' (रू.भे.)

रू०भे०—जखन।

जखणी–सं०स्त्री० [सं० यक्षिणी] १ यक्ष की पत्नी. २ दुर्गा की एक अनुचरी का नाम।

जखन—देखो 'जखण' (रू.भे.) उ०—नरां सुर जखन दांनव नाग।
—रा.रा.

जखनायक—देखो 'जक्षनायक' (रू.भे.)

जखम–सं०पु० [फा० जख्म] १ शरीर में आघात, अस्त्र आदि के लगने के कारण होने वाला क्षत, घाव।

मुहा०—१ जखम खाणौ—घायल होना. २ जखम ताजौ होणौ—भूली हुई विपत्ति या वात फिर से याद आ जाना. ३ जखम देणौ—चोट पहुंचाना. ४ जखम माथै लूण भुरकाणौ (छिड़कणौ) कष्ट में और कष्ट देना।

२ सदमा।

जखमाइल, जखमायल–वि० [फा० जख्म+रा०प्र० आइल, आयल] आहत, घायल, जख्मी। उ०—१ रांम तूं संभाळे छै सो पग जखमाइल हुइ गयौ तीसूं ऊभौ नहीं हुवौ जावै।—डाढाळा सूर री वात

उ०—२ तौ भूंडण कही आज फौज करारी, पण कजियौ आछौ कियौ छै और काल रौ डील जखमायल छै तिणसूं विसेस लड़ सकी नहीं।—डाढ़ाळा सूर री वात

जखमी–वि० [फा० जख्मी] जिसे जख्म लगा हुआ हो, घायल।

उ०—सारी फौज रौ लोग जखमी हुवौ।—पदमसिंह री वात

जखराज, जखराट–सं०पु०यौ० [सं० यक्षराज] यक्षराज, कुवेर (अ.मा., नां मा.)

जखरात—देखो 'जक्षरात' (रू.भे.)

जखरौ–सं०पु०—सिंध का एक राजा समा गोत्र का यादव, इसका पूरा वंश वाद में मुसलमान हो गया जो आजकल पाकिस्तान में वसते हैं। उ०—जेहौ, जलौ, दादरौ, जखरौ, सोनग ओढ़ौ भाग सकाज। लालौ हैम काछवौ लाखौ, इळ पर अमर जिकै नर आज।—गोरधन खीची

जखलोक—देखो जक्षसलोक' (रू.भे.)

जखस—देखो 'जक्ष' (रू.भे.)

जखसनायक—देखो 'जक्षनायक' (रू.भे.)

जखसपुर—देखो 'जक्षपुर' (रू.भे.)

जखांणी–सं०स्त्री०—१ यक्ष कन्या. २ यक्ष पत्नी, यक्षिणी।

जखांराज–सं०पु० [सं० यक्षराज] कुवेर। उ०—रूपसींग तणा खत्रीवाट रा उजाळा राह, करै ठाळा मंसलां आठ रा उग्र काज। आप वाळा देण आगे पाट रा हुकमी आज, राळ काडै कपाट रा ताळा जखांराज।—जवांन जी आढ़ौ

रू०भे०—जखाराज।

जखाधप, जखाधिप—देखो 'जक्षाधिप' (रू.भे.)

जखाधी, जखाधीस–सं०पु०यौ० [सं० यक्षाधीश] कुवेर (ह.नां.मा)

जखाराज—देखो 'जखांराज' (रू.भे.)

जखि, जखी–सं०स्त्री० [सं० यक्षी] १ यक्षिणी। उ०—वनि इक समे रमै तिण वेळा, मिळ जखि सुता कुसुम हित मेळा।—सू.प्र.

२ कुवेर की स्त्री।

सं०पु०—३ यक्ष।

जखीर, जखीरौ–सं०पु० [अ० जखीरः] एक सी चीजों का संग्रह, ढेर, राशि, खजाना। उ०—१ तोप दगी दहुं ओर ते झर सोर उपट्टं, लुट्टं माल जखीर दे नर हैमर कट्टं।—ला.रा.

उ०—२ किल्ला में पाया ओर जेता जखीर, सावकही खंडपुर नै कीनां वहीर।—शि.वं.

रू०भे०—जखेरौ।

जखेंद्र–सं०पु०यौ० [सं० यक्षेन्द्र] कुवेर।

जखेरौ—देखो 'जखीरौ' (रू.भे.) उ०—१ करनाळ सुण तुरत हाडा आया सो हाथी घोड़ा तंवू सारौ जखेरौ कुंवर री नजर कियौ।
—गौड़ गोपाळदास री वारता

उ०—२ रूप तप मद्दोमा जगी ऊपरै गुमानी मैं (न) जनेरी ले जाता।—रसराज री रार

जग्गेसर जग्गेसुर, जग्गेस्वर—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञेश्वर] कुबेर।

जग्गणी—देखो 'जगणी' (रू.भे.) उ०—देवी जग्गणी भग्गणी देव बांणी।—देवि.

जग्गु—देखो 'जग' (रू.भे.)

जग्यप्रीति—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञप्रीति] शिव (डि.नां.मा.)

जगंनाथ—देखो 'जगनाथ' (रू.भे.) उ०—धन ! धन ! देव ! देव ! जगनाथ ! पदम नाभा रतनाक्रीत ग्रांग।—वी.दे.

जग—सं०पु० [सं० जगत्] १ संसार, जगत, दुनिया। उ०—सेवंति नवै प्रति नवा नवे मृग, जग नां मिसि वासी जगती। हसमिणि रमण तणा जु सरद रितु, मुगति रासि निसि दिन भगति।—वेलि.

२ सांसारिक लोग।

मुहा०—१ जग हंसाई करणी—ऐसा काम करना जिससे संसार में हंसी हो. २ जग हंसाई कराणी—संसार में हंसी कराना. ३ जग हंसाई होणी—संसार में हंसी होना।

यौ०—जगकरण, जगकरता, जगकरम, जगचख, जगजणणी, जगजा'र, जगजीवण, जगजेठ, जगदीप, जगधणी, जगधर, जगनायक, जगनेरलेप, जगनैण, जगन्नथ, जगपत, जगपाळक, जगपावन, जगपुरस, जगप्रांण, जगबंद, जगबदक, जगबांधव, जग-भल, जगभाळण, जगभावण, जगभामक, जगमण, जगमनमोहणी, जगमाय, जगमूरती, जगमोहण, जगरंजण, जगरांणी, जगवंदण, जगवलभा, जगवासग, जगसत्रु, जगसांई, जगसाखी, जगसेव, जगहथपथ, जगहरता।

[सं० यज्ञ] ३ देखो 'जिग' (रू.भे., डि.को.)

उ०—दिहू रघु लखमण पुत्र बुलाय, सभे जग विस्वामित्र सहाय।
—ह.र.

यौ०—जगकरम, जगकाळ, जगकुंड, जगपात्र, जगफळ, जगबाहु, जगभाग, जगभूमि, जगमंडळ, जगवाराह, जगवीरय, जगसाधन, जगसाळा, जगसास्त्र, जगसील, जगसूकर, जगसेन।

४ प्रज्वलित होने का भाव।

रू०भे०—जगि, जगौ, जगु, जगू, जग्ग।

जगई—सं०स्त्री० [सं० जगती] पृथ्वी (जैन)

जगईस—सं०पु० [सं० जगदीश] जगदीश, ईश्वर, परमेश्वर।

जगकरण, जगकरता—सं०पु०यौ० [सं० जग+कर्त्ता] १ सृष्टिकर्त्ता, ईश्वर। (नां.मा.)

उ०—१ अमरपति जगकरण देव नर हर अलख। चतुरभुज भजि चलण नांमि घण कमळि नख।—पि.प्र.

उ०—२ कविराजा नूं मंद कवि, अकस करै अविचार। अव जगकरता सूं अकस, करसी घट करतार।—बां.दा.

२ ब्रह्मा, विधि।

जगकरम—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञ+कर्म] १ यज्ञ का काम.
[सं० जगत कर्म] २ सांसारिक कार्य।

जगकळपंत—सं०पु०—१ संहार. २ युगान्त, प्रलय-काल।

उ०—जगकळपंत तणी पर जसवंत, फेग लहर कहर फरियौ। लोह धार मैंगाग लागतां, 'ग्रोरंग' धु जिम ऊबरियौ।—महेसदास आढ़ौ

जगकारण—सं०पु०—ईश्वर (नां.मा.)

जगकाळ—सं०पु० [सं० यज्ञकाल] १ यज्ञ करने का निश्चित समय.
२ पूर्णमासी।

जगकुंड—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञकुंड] हवन की वेदी, यज्ञकुंड।

जगगुर, जगगुरू—देखो 'जगदगुरू' (रू.भे.) उ०—हरीखीय उग्रसेन बेटीय भेटीयउ धर अवरोध। जगगुरु अमीय समांणिय वांणीय जनप्रतिबोध।—नेमिनाथ फागु

जगघण—सं०पु० [सं० यज्ञघ्न] यज्ञ का विध्वंसक, राक्षसादि।

जगचख, जगचक्ष, जगचक्षु, जगचख, जगचल्ल, जगचख्य, जगच्चक्षु, जगच्चख—सं०पु०यौ० [सं० जगच्चक्षु] सूर्य।

उ०—१ असवार मुखप सतेज इसौ। जगचख अनै सपतास जिसौ।
—सू.प्र.

उ०—२ असतूती छंद मोतीदांम, वी मोहर हंस कहै नरनाथ।
निमो जगचक्ष प्रतक्ष सुनात, नीमादि वसै सविचार ब्रहम।
—सूरज स्तुति

उ०—३ जळै चंद्र सिलो थाई जगचख, रेणायर सांसतौ रहै। जयमाल उत जाइ छांडे जुध, वेणी जळ उपरांठ वहै।
—रांमदास राठौड़ मेड़तिया रो गीत

उ०—४ पोसाक जवहर पूर, जगचख्य जोति जहूर।—सू प्र.

उ०—५ जगच्चख भाळत कोतुक जुद्ध। माळा कज संकर ढाळत मुद्ध।—मे.म.

रू०भे०—जगतचख।

जगजगाणौ, जगजगावौ—क्रि०अ०स०—१ जगमग करना, जगमगाना।
२ प्रज्वलित करना, जगाना।

जगजगायोड़ौ—भू०का०कृ०—जगमगाया हुआ (स्त्री० जगजगायोड़ी)

जगजणणी—सं०स्त्री०यौ०—१ जगत की माता, पार्वती (ह नां.मा.)
२ देवी, दुर्गा। उ०—महर करी मेहाई आई, खैंचो डोरी तांण। मो कांनी मत जा जगजणणी, क्रपा करो जन जांण।
—राघवदास भादो

जगजांमी—सं०पु०—जगत के पिता, ईश्वर, परमेश्वर।

उ०—जिण विलोकि कहियो जगजांमी। सिव छै सुखी सिवा तो स्यांमी।—सू प्र.

जगजा'र—वि०पु० (यौ० जग+जाहिर) प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात।

उ०—१ गिवांणय रीढ़ बजाय सुसार, जिका वह खाग सिरे जगजा'र।—पे.रू.

उ०—२ प्रसध नांम इवकार जगजा'रे मांटीपणौ, अतुळ दातार कीरत उजाळा। भलम वातां चिहुं वेस अगियां भमर, वाह रे कंवर अववेस वाळा।—र.रू.

जगजीत—वि०यौ०—संसार को विजय करने वाला, विजयी।
उ०—१ जिका वह तेग इसी जगजीत, रखी रयमाल भुजां वड़रीत।
—पे.रू.
उ०—२ जगजीत परी मांणं जिको जांणं न को जिहांन में। रणवास मैहल सूना रहै, आप रहै उद्यांन में।—पा.प्र.

जगजीव—सं०पु० [सं० जगज्जीव, जगज्जीह्व] शंकर, सदाशिव (अ.मा.)

जगजीवण, जगजीवन—सं०पु०यौ० [सं० जगज्जीवन] १ संसार को जीवन देने वाला—यथा बादल, जल आदि (अ.मा., ना.डि.को.)
२ ईश्वर, विष्णु।

जगजेठ, जगजेठी—स०पु० [सं० जगत्+ज्येष्ठ] १ ईश्वर। उ०—गजे रिम केतां गरब, धार सरब व्रद घेठ। दे कोड़ां दुजवर दरब, जीत परब जगजेठ।—र.ज.प्र.
२ ब्रह्मा. ३ योद्धा, शूरवीर। उ०—१ बहादर जीवण री रण वोह, 'लखौ' खळ थाट विभाड़त लोह। निजोड़ वीजळ मूगळ नेठ, जुरावर जोग तणौ जगजेठ।—सू.प्र.
उ०—२ जाडा थंडा जुड़े जगजेठी, चाडापुरी भणं इक चाव। गळिया पीयण गुणां रा गाडा, अलवलिया लाडा रथ आव।—महादांन महडू
४ राजा। उ०—जुड़े जिया दखणाद जगजेठ रांण जगा, धोकवा पीर पतसाह धायौ। ताहरै ताप चीतोड़ री राज तज, ऐवड़े फेर अजमेर आयौ।—महारांणा वडा जगतसिंह रौ गीत
५ पहलवान। उ०—यम तड़फड़तां अड़ै वाहि जमदाढ़ वहाड़ै, डाव घाव डोरियां जांणि जगजेठ अखाड़ै।—सू.प्र.
रू०भे०—जगज्जेठ।

जगजोनि—सं०पु० [सं० जगत्+योनि] ब्रह्मा।

जगज्जेठ—देखो 'जगजेठ' (रू.भे.) उ०—इंद्री पंच जीपै महासूर एहा, जगज्जेठ जोधा हणम्मांन जेहा।—वचनिका

जगझंप—सं०पु० [सं०] प्राचीन काल में युद्ध में बजाया जाने वाला चमड़े का मढ़ा हुआ एक प्रकार का बाजा।

जगढाल—सं०पु०—जगत का रक्षक। उ०—ज्यां दीहां सिवराज सुत, रांणौ रायांमाल। ज्यां दीहां जोवण जिसौ, उमरांणौ जगढाल।
—बां.दा.

जगण—सं०पु० [सं०] १ छंद शास्त्र में तीन अक्षरों का एक गण जिसके वीच में गुरु तथा आसपास के अक्षर लघु होते हैं।ISI
२ जलन, दाह।

जगणी—सं०स्त्री०—अग्नि (ह.नां.मा.)

जगणौ, जगवौ—देखो 'जागणौ, जागवौ' (रू.भे.) उ०—१ तठा उपरायंत दारू रा घड़ा मंगायजै छै, सू दारू किण भांत रौ छै? अरैराक रौ वेराक, संदली रौ कंदली, फूल रौ अतर वाती बफै धुंवांधोर तिवारा रौ काढ़ियौ, बोदी वाड़ में नांखियां जग उठै।—रा.सा.सं.
उ०—२ ऊंची ऊंची मेड़ी झरोखा जी च्यार, झवर-झवर दिवलौ जगै जी राज।—लो.गी.

जगत—सं०पु० [सं० जगत्] १ संसार, दुनिया.
यौ०—जगतअंबा, जगतउपाता, जगतगुर, जगतचख, जगतठांम, जगतनाथ, जगतपति, जगतपिता, जगतप्रांण, जगतभेदण, जगतमावीत्र, जगतमोहणी, जगतरोपण, जगतसाधार, जगतसेठ, जगत्पति, जगत्माता, जगत्मोहिनी, जगत्त्राता, जगत्साक्षी।
२ वायु. ३ महादेव।
रू०भे०—जक्त, जगत, जगद।

जगतअंबा—सं०स्त्री०यौ० [सं० जगदंबा] देवी, महाशक्ति, जगजननी।

जगतउपाता—सं०पु०यौ० [सं० जगदुत्पादयिता] ब्रह्मा (डि.को.)

जगतगुर, जगतगुरू—देखो 'जगदगुरू' (रू.भे.) उ०—१ निरधारां आधार जगतगुर, तुम विन होय अकाज।—मीरां
उ०—२ सबळा विरद वहण सूजावत, अबळा बळी अचळ ऊवेळ। जंगळ जपै राज जंगळवै, जगतगुरू पहिलौ जग छेळ।
—महाराजा करणसिंह रौ गीत

जगतचख—देखो 'जगचख' (रू.भे.) उ०—जैत भूप 'जैत' री हार 'कमरा' री हांसी। अड़ पोसी मुंडमाळ, जगतचख कौतुक जोसी।
—मे.म.

जगतठांम—सं०पु०यौ०—ईश्वर, परमेश्वर, विष्णु। उ०—विमळ आणंद लिखमीवर, जगतठांम जगसांमि। जगत रोपणं जगरंजणं, जगवंदण जगजेठ।—पीरदांन लाळस

जगतण—सं०स्त्री०—१ सांसारिक स्त्री. २ वेश्या, पतुरिया।
उ०—जगतण कूं भगतण कहै, कहै चोर कूं साह। चाकर कूं ठाकर कहै, तीनूं राह कुराह।—अज्ञात

जगतनाथ—देखो 'जगन्नाथ' (रू.भे.)

जगतपत, जगतपति—सं०पु०यौ० [सं० जगदपति] जगत के पति, ईश्वर।
उ०—ऊठिया जगतपति अंतरजांमी, दूरंतरी आवतौ देखि। करि वंदण आतिथ ध्रम कीधौ, वेदे कहियौ तेणि विसेखि।—वेलि.
रू०भे०—जगत्पति, जगपत, जगपत्त, जगपत्ती।

जगतपिता—सं०पु०यौ०—ब्रह्मा (नां.मा.)

जगतप्रांण—सं०स्त्री०यौ० [सं० जगत प्रांण] वायु, हवा (ह.नां.)

जगतभेदण—सं०पु०यौ० [सं० जगत भेदन] १ शिव, महादेव. २ विष्णु, ईश्वर। उ०—जगतभेदण, जगतभंजण, जगदीस जयौ तूं मूळ जग। जगतधिणी तूं जोरवर, जग मांहि मरै जीवै जगत।—पीरदांन लाळस

जगतमावीत्र—सं०पु०यौ० [सं० जगन्मातपितरौ] राजा (डि.नां.मा.)

जगतमोहणी—सं०स्त्री०यौ०—महामाया, दुर्गा।

जगतरण—सं०पु०यौ० [सं० जगत्तारण या जगत्त्राण] जग को तारने वाला, ईश्वर।

जगतरोपण—सं०पु० [सं० जगद्रोपण] विष्णु, ईश्वर। उ०—विमळ आणंद लिखिमीवर, जगत ठांम जग सांमि। जगतरोपणं जगरंजणं, जगवंदणं जगजेठ।—पीरदांन लाळस

जगतसाखी—सं०पु०यौ० [सं० जगत्साक्षी] १ ईश्वर. २ सूर्य।

जगतसाधार—सं०पु०यौ०—जगत की रक्षा करने वाला, ईश्वर।

जगत्सेठ—सं०पु०यौ० [सं० जगत्+श्रेष्ठिन्] १ बहुत बड़ा धनी महाजन. २ प्राचीन समय में राजाओं या बादशाहों द्वारा किसी धनी व्यक्ति को दी जाने वाली उपाधि. ३ यह उपाधिप्राप्त व्यक्ति।

जगतारण—सं०पु०—परमेश्वर, ईश्वर (ह.नां.)

जगति—सं०स्त्री०—१ द्वारिका। उ०—दिन लगन सु नेड़ो दूरि द्वारिका, सो पहुँचवा किसी भति। साझ सोचि कुंदणपुरि सूतो, जागियो परभाते जगति। वेलि

२ देखो 'जगती' (रू.भे.) उ०—बीजापुरो सैन बीतो वजाऐ जेआई राजा, जीतो-जीतो महाराजा वदीतो जगति।—दूदो वीठू

जगतिलक—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

जगती—सं०स्त्री० [सं०] १ संसार, भुवन। उ०—गु मानुखी लीला को संग्रह तरि अर जगती रै विखै बसीया।—वेलि.टी.

२ पृथ्वी (ह.नां., नां.मा.) उ०—जगती पर साख भरै जिणरा, कर दीध मंजीराय कुंदण रा।—पा.प्र.

३ जंबुद्वीप का कोट (जैन)

रू०भे०—जगति, जगत्ति, जगत्ती।

यौ०—जगतीतळ।

जगतीतळ—सं०पु०यौ० [सं० जगती+तल] पृथ्वी, भूमि।

जगतेस—सं०पु० [सं० जगदीश] संसार के स्वामी, ईश्वर।

जगतेसुर—सं०पु० [सं० जगदीश्वर] महादेव, शिव (अ.मा.) ईश्वर, विष्णु।

जगत्ति, जगत्ती—देखो 'जगती' (रू.भे.) उ०—पुराणी प्रब्भु वंचाणी पत्ति, जगत्पति तूं ही सव्व जगत्ति।—ह.र.

जगत्पति—देखो 'जगतपति' (रू.भे.)

जगत्माता—सं०स्त्री०—दुर्गा।

जगत्मोहिनी—सं०स्त्री० [सं० जगन्मोहिनी] महामाया, दुर्गा।

जगत्र—देखो 'जगत' (रू.भे.) उ०—१ समस्त नर जगत्र वैसानर परसतो रहियो—वेलि. टी. उ०—२ बधियो जिमि इंद्र समंद्र वरै, कुळि भांगा बखांण जगत्र करै।—ल.पिं.

जगत्राता—सं०पु०यौ० [सं० जगत्त्राता] १ संसार की रक्षा करने वाला, ईश्वर. २ प्रजा की रक्षा करने वाला, राजा।

उ०—दीनन के दाता जगत्राता जसवंत जैसे, विमळ विधाता सब बातन विसेस के।—ऊ.का.

३ यज्ञ की रक्षा करने वाला. ४ पंडित।

जगत्साक्षी—सं०पु० [सं०] सूर्य।

जगदंब, जगदंबा, जगदंबि, जगदंबिका, जगदंबी, जगदंभा—सं०स्त्री० [सं० जगदंबा] देवी, दुर्गा, पार्वती आदि (डिं.को.) उ०—१ सुणिया साद सतेज, आई आगळ आवतां। जगदंब, अब वर्यो जेज, करी इती तैं करनला।—अज्ञात

उ०—२ घणी जगदंबि घकै घमसांण, बूडो कवि दाखि सकै न बखांण।—मे.म. उ०—३ चौसट अववांन तणी चतुराई, बोलण माहराजां विरद। खूबी मिळी धारणा ख्यातां, जगदंभा तो क्रपा जद।—बां.दा.

जगद—देखो 'जगत' (रू.भे.) उ०—वड जगद विसतारै निधि मेधा तुभ्योनमः।—रा.रा.

यौ०—जगदगुर, जगदगौरी, जगदजोणी, जगदाधार, जगदाधिप, जगदानंद।

जगदगुर, जगदगुरु, जगदगुरू—सं०पु० (यौ० जगद्गुरु) १ परमेश्वर. २ शिव. ३ पूज्य एवं अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्ति. ४ शंकराचार्य की गद्दी के महंत की उपाधि. ५ ब्राह्मण।

रू०भे०—जगगुर, जगगुरु, जगगुरू, जगतगुर, जगतगुरू।

जगदगौरी—सं०स्त्री०यौ० [सं० जगद्गौरी] १ दुर्गा देवी. २ मनसा देवी।

जगदजोणी—सं०पु० [सं० जगद्योनि] १ शिव. २ विष्णु।

सं०स्त्री०—३ पृथ्वी।

जगदत्त—सं०पु० [सं० यज्ञदत्तक] यज्ञ के प्रसाद स्वरूप जन्म लेने वाला पुत्र।

जगदातार—सं०पु०यौ० [सं० जगद्दातार] १ महादानी, दानवीर।

उ०—अनवी नरां नवां नवासी, अवतार लियो ऊदांपती, जगदातार जवांनसी।—अज्ञात

२ ईश्वर, परमेश्वर।

जगदाधार—सं०पु०यौ० [सं०] परमेश्वर. २ वायु (नां.मा.)

जगदाधिप—सं०पु०यौ० [सं०] विष्णु का एक नाम।

जगदानंद—सं०पु० [सं०] १ परमेश्वर, ईश्वर. २ श्रीकृष्ण। उ०—विख विसहर डंसीणो, गारूड़ी स्रीगोविंद। अति अंग भाजइ लहर, वाजइ जीवीई जगदानंद।—रुकमणी मंगळ

जगदिवलो, जगदीप—सं०पु०यौ० [सं० जगद्दीप] १ सूर्य्य (डिं.को.)

उ०—रात रै काळै डूंगर लार, हसै है रूपाळो परभात। पळकती जगदिवलै री जोत, मुळकती मिनख पणै री जात।—सांझ

२ शिव. ३ परमेश्वर।

रू०भे०—जगद्दीप।

जगदीस, जगदीसर, जगदीसवर, जगदीस्वर, जगदीस्वरू—सं०पु० [सं० जगदीश, जगदीश्वर] १ परमेश्वर, ईश्वर, परमात्मा (ह.नां., नां.मा.)

उ०—१ लीध ओट प्रहळाद, पिता तद कोप प्रगासै। जिणरै हित जगदीस, भांज खंब नरहर भासै।—र.रू.

उ०—२ जीहा जप जगदीसवर, धर धीरज मन ध्यांन। करमबंध-निकरम-करण, भव भंजण भगवांन।—ह.र.

उ०—३ हा हा जगदीस्वर भैड़ी पुळ हेरी, गाफल दुनिया पर ऐड़ी पुळ गेरी।—ऊ.का.

उ०—४ इणि परिइं जगदीस्वरू ध्याइयइ स्तवन नइं मिसि उलग लाइयइ।—अर्बुदाचल वीनती

२ श्रीकृष्ण। उ०—१ लीलाधरण ग्रहे मांनुखी लीला, जगवासग वसिया जगति। पित प्रदुमन जगदीस पितामह, पोतो अनिरुध ऊखा-पति।—वेलि.

उ०—२ रमतां जगदीसर तणी रहसि रस, मिथ्या वयण न तासु महे। सरसै रुखमणि तणी सहचरी, कहिया मूं मैं तेम कहे।—वेलि.
३ विष्णु (डि.को.) ४ शिव, महादेव।
रू०भे०—जगादीस।

जगदीस्वरी—सं०स्त्री० [सं० जगदीश्वरी] भगवती, देवी, दुर्गा।

जगद्दीप—देखो 'जगदीप' (रू.भे.)

जगद्धाता—सं०पु० [सं० जगद्धातृ] १ ब्रह्मा. २ विष्णु।

जगद्धात्री—सं०स्त्री० [सं०] १ दुर्गा की एक मूर्ति. २ सरस्वती।

जगध—सं०पु० [सं० जग्धि, जग्धिः] भोजन (ह.नां.)

जगधणी—सं०पु०यौ०—ईश्वर, परमेश्वर। उ०—वांमण देव गुरुड़ खग वाहण, धरणी धरण जगधणी। प्रांमै कमण पार परमेसर, त्रीकम वडिम तूंझ तणी।—पिं प्र.

जगधर, जगधार—सं०पु०—जगत को धारण करने वाला, शेषनाग, ईश्वर। उ०—भै पड़ सह सत्र हर भजै, भमंग तजै सिर भार। जगधर गिर डोलै 'जमू', तूं तोले तरवार।—पदमसिंह आढ़ो

जगन—देखो 'जिगन' (रू.भे.) (डि.को.) उ०—१ जेहा केहा ज्याग, हैवर राखोड़ा हुवै। ताजी दीजै त्याग, जस लीजै सोई जगन।—बां.दा.
उ०—२ जोवै जां ग्रिहि ग्रिहि जगन जागवै, जगनि जगनि कीजै तप जाप। मारगि मारगि अंब मौरिया, अंबि अंबि कोकिल आलाप।—वेलि.
उ०—३ झीण गंठजोड़ पट बांध कर झालियौ, जठै वर वींदणी हेत जोड़ी। चारणां तणौ वित धाड़ नै चालियौ, घालियौ जगन में विघन घोड़ी।—गिरवरदांन सांदू

जगनक—सं०पु०—परमार के दरबार का एक प्रसिद्ध कवि।

जगनराय—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञि (द्विज) राज] चंद्रमा (डि.को.)

जगनांमी—वि०—विख्यात, प्रसिद्ध।

जगनात—देखो 'जगन्नाथ' (रू.भे.)

जगनाती—सं०पु०—१ एक बनावट विशेष का छोटा जल-पात्र (शेखावाटी) २ एक प्रकार का कपड़ा।

जगनाथ—१ देखो 'जगन्नाथ' (रू.भे.) २ श्रीकृष्ण (अ.मा.)

जगनायक—सं०पु०यौ०—१ परमेश्वर, ईश्वर. २ विष्णु (डि.को.)

जगनाह—देखो 'जगन्नाथ' (रू.भे.)। उ०—गाढ़उं वीहुंउं छउं जगनाह, क्रमि कूटी नइ कीधउ गाह।—चिहुंगति चउपई

जगनेरलेप—सं०पु०यौ० [सं० जगन्निर्लेप] विष्णु (ह.नां.)

जगनैण—सं०पु० [सं० जगन्नयन] सूर्य (डि.को.)

जगन्नाथ—सं०पु० [सं०] १ संसार के स्वामी, परमेश्वर. २ विष्णु. ३ उड़ीसा के अंतर्गत पुरी नामक स्थान में स्थित विष्णु की एक मूर्ति।
रू०भे०—जगंनाथ, जगनात, जगनाथ।

जगनृप—सं०पु०यौ० [सं० जगन्नृप] परमेश्वर। उ०—नांम नाव चढ़ियौ हूं जगनृप, रखे हवै डोलूं रांवण रिप।—ह.र.

जगपत, जगपति, जगपत्त, जगपत्ती—देखो 'जगतपति' (रू.भे.)
उ०—१ जनकसुता मनरंजण जगपत, भंजण खेळ रांवण भाराथ।—र.ज.प्र.
उ०—२ कळिया गाडा काढ़तौ, दे कांधौ वड दोर। हव धवळौ बूढ़ौ हुवौ, जगपत सूं की जोर।—बां.दा.
उ०—३ अकबर समुद्र पर आवियौ, साह सहूंसा आठ सिर। जीपणौ पांण जगपत्त रै, और मांण सोई अथिर।—रा.रू.

जगपात्र—सं०पु०यौ०—यज्ञपात्र।

जगपाळ, जगपाळक—सं०पु०यौ० [सं० जगत् पालक] १ जगतका पालन करने वाला, ईश्वर. २ राजा, नृप।

जगपावन—सं०स्त्री०यौ०—गंगा, भागीरथी (ह.नां., अ.मा.)

जगपुड़—सं०स्त्री०—पृथ्वी, जमीन। उ०—जगपुड़ 'जगा' पाखरां जंगम, रमहर माथै घात रहै। रुकमां जोख जोखियां रांणा, पड़िया जोखै दिली पहै।—महाराणा जगतसिंह री गीत

जगपुरस—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञ पुरुष] विष्णु।

जगप्रांण—सं०पु०यौ० [सं० जगत्+प्राण] वायु, हवा (डि.को.)

जगफळ—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञफल] यज्ञ का फल।

जगफळदाता—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञ फलदातृ] विष्णु।

जगबंद—वि०यौ० [सं० जग+वंद्य] जिसकी जगत् वंदना करे, विश्ववंद्य।

जगबंदक—सं०पु०यौ०—चंद्रमा (नां.मा.)

जगबंधव, जगबंधु, जगबांधव—सं०पु०यौ० [सं० जगत्+बंधु] ईश्वर, परमात्मा। उ०—सम्मेत सिखर समरीजइ, अजित प्रमुख तीर्थंकर वीस। सुकळ ध्यांन धरि सिव पहुंचता, जगबंधव जगगुरू जगदीस।—स.कु.

जगबाहु—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञबाहु] आग, अग्नि (डि.को.)

जग-भल—वि०यौ०—१ वह जिसकी संसार में कीर्ति हो (बां.दा.) २ वह जो यशस्वी हो. ३ वह जो संसार का कल्याण चाहता हो (बां.दा.)

जगभाग—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञ भाग] यज्ञ का एक भाग।

जगभाळण—सं०पु०यौ—आंख (ना.डि.को.)

जगभावण, जगभावन—सं०पु०यौ०—ईश्वर, परमात्मा। उ०—भाव भगत करतौ जगभावन। पतित सरीर करिस मम पावन।—ह.र.

जगभासक—सं०पु०यौ०—१ प्रकाश (नां.मा.) २ सूर्य।

जगभूमि—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञ भूमि] वह स्थान जहां यज्ञ किया जाता हो।

जगमंडळ—सं०पु०यौ० [सं० यज्ञमंडल] यज्ञमंडल।

जगमग—वि०—जो जगमगाता हो, प्रकाशित, चमकीला। उ०—१ महि प्रगटि रास विलास मंगळ, अमळ रेण अकास ए। सोभंति रिख गण चंद्र सोभा, किरण जगमग कास ए।—रा.रू.
उ०—२ पिंड पिंड दस दस सिर परठि सिर सिर छत्रधारे। जगमग हीर जड़ाव जोति आदित आभारे।—सू.प्र.
रू०भे०—जगामग, जगामगि।

जगमगणौ, जगमगबौ—क्रि०अ०—१ चमकना, झलकना, दमकना।

उ०—१ जगमगत हीरक जोत, धनि नौनि दंति उदोत ।—रा.रू.

उ०—२ नगु नील नगन मनि रम दमांग । जगमगत घटा मनि मटा जांग ।—सू.प्र.

२ प्रकाशित होना । उ०—निमल नीज जिग थार, जैत' सूरति हर अणी । मुग निरन संजोग, ज्याळ जांणै जगमगी ।—मे.म.

जगमगाट-सं०स्त्री०—जगमगाने का भाव, चमक, चमचमाहट ।

उ०—छवासा रहळन भळहळै पधारां, जगमगाट जाळियां । काच चांनण निरतारै, गनि गोख सोहियां ।—बगतो बिड़ियो

रू०भे०—जगमगाहट ।

जगमगाणी, जगमगाबौ-क्रि०अ०—१ चमकना, झलकना, दमकना, प्रकाशित होना. २ चमकाना, झलकाना, दमकाना, प्रकाशित करना ।

जगमगायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ चमका हुआ, झलका हुआ, दमका हुआ. २ प्रकाशित किया हुआ, चमकाया हुआ (स्त्री० जगमगायोड़ी)

जगमगाहट—देखो 'जगमगाट' (रू.भे.)

जगमण—देखो 'जगमिणि' (रू.भे.) उ०—ग्ररथ दीव ग्ररक नूं जयो जगमण तम-जारण ।—भगवांनजी रतनू

जगमनमोहणी-सं०स्त्री०यौ० [सं० जगत्-मनमोहिनी] जमीन (ग्र.मा.)

जगमहिरांण-सं०पु०—एक प्रकार का शुभ लक्षणों का घोड़ा (शा.हो.)

जगमाय-सं०स्त्री०यौ० [सं० जगन्मातृ] जगत की माता, देवी, शक्ति, दुर्गा । उ०—तनि दरसांणी सीतळा, जुगरांणी जगमाय । सरम ग्रही देवा सुरां, मुख कज धरम सहाय ।—रा.रू.

जगमालोत-सं०पु०—राठौड़ों की एक उपशाखा जो राठौड़ राव रिड़मलजी के पुत्र जगमाल के वंशज हैं, इस शाखा का व्यक्ति ।

जगमिणि-सं०पु०यौ० [सं० जगद्मणि] सूर्य ।

उ०—महपति धरमवंभ कुळ जगमिणि । तीरथराज राज दीधौ तिणि ।—सू.प्र.

जगमूरति-सं०पु०यौ० [सं० जगन्मूर्ति] १ ईश्वर (नां.मा.) २ विष्णु ।

जगमोहण, जगमोहन-सं०पु०यौ० [सं० जगन्मोहन] १ ईश्वर ।

उ०—बदरी टीकम परस बुध, जगमोहण जैकार । घणदाता ग्राणंद-घण, स्रीपति सब ग्राधार ।—ह.र.

२ विष्णु. ३ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.) ४ एक प्रकार का बढ़िया शराब ।

जगय-सं०पु० [सं० यकृत] कलेजा (जैन)

जगरंजण-सं०पु०यौ० [सं० जगद्रंजन] ईश्वर, परमात्मा ।

उ०—विमळ ग्राणंद लिखिमीवर, जगतठांम जगसांमि । जगत रोपण, जगरंजण, जगवंदण जगजेठ ।—पीरदांन लाळस

जगर-सं०पु० [फा० जिगर] १ कलेजा, यकृत ।

उ०—समहर वर भर बाहदर ग्रसमर, कटै वैर हर भर कुरख । जगर खून ग्रावटै ग्रीया जां, सर चौसट ऊछटै सुरख ।

—कविराजा करणीदांन

२ चित्त, मन. ३ साहस, हिम्मत. ४ गूदा, सार. ५ ग्रग्नि, ग्राग । [सं० ६ कवच । (डि.को.)

जगरांणी-सं०स्त्री०यौ० [सं० जगद्+राज्ञी] १ संसार की स्वामिनी—देवी, दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी ग्रादि । उ०—म्हूं चित री मूढ़ हूं पण हे वांणी सरस्वती देवी तूं जगरांणी जगत री मालक है सो म्हारी सरम राखजै ।—बी.स.टी.

[राे० जगत+रानी] २ जगत की स्त्री, वेश्या, पतुरिया ।

जगराज-सं०पु० [सं० यज्ञिराज ?] १ चंद्रमा का एक नाम. २ ऋषि, तपस्वी (ग्र.मा.)

जगराय-सं०पु०—जगतराज, ईश्वर, शिव ।

जगराया-सं०स्त्री०—देवी, शक्ति, दुरगा । उ०—माया रूपी मेह रै, ग्राया घर ऊदोत । कहवाया करनी कळू, जगराया निज जोत ।

—ग्रज्ञात

जगरै-सं०पु०—(घोड़ी का) ऋतुमति होना ।

क्रि०प्र०—ग्राणौ, होणौ ।

जगरौ-सं०पु०—१ शीघ्र जल उठने वाले पदार्थो (यथा-सूखे कांटे, घास ग्रादि) का जलाने के उद्देश्य से लाया हुग्रा महीन चूरा. २ जलती हुई ग्रग्नि ।

जगलिंग-सं०पु०यौ० [सं० यज्ञलिंग] कृष्ण का एक नाम ।

जगळ, जगळांण-सं०स्त्री०—कोल्हू में ग्रधकचरे किये हुए तिल । (मि० कचर, ३)

जगवंदण-सं०पु०यौ० [सं० जगद्वंदन] ईश्वर (नां.मा.)

उ०—विमळ ग्राणंद लिखिमीवर, जगतठांम जगसांमि । जगतरोपण जगरंजण, जगवंदण जगजेठ ।—पीरदांन लाळस

जगवलक-सं०पु० [सं० वज्ञवल्क] याज्ञवल्क्य नामक एक प्राचीन ऋषि के पिता का नाम ।

जगवलभा-सं०पु०यौ० [सं० जगद्+वल्लभा] वेश्या (ग्र.मा.)

जगवाणी, जगवाबौ-क्रि०स० ('जगणौ' क्रिया का प्रे०रू०) १ सोते हुए को उठवाना, निद्रा में विघ्न डलवाना. २ जागरण करवाना ।

उ०—ढोला म्हारी देवर-जेठांणी बुलावौ । म्हारै महलां छठी जगवावौ ।—लो.गी.

३ उत्साह दिलाना ।

जगवायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ जगवाया हुग्रा. २ जागरण कराया हुग्रा. ३ उत्साह दिलाया हुग्रा (स्त्री० जगवायोड़ी)

जगवाराह-सं०पु० [सं० यज्ञवराह] विष्णु का एक नाम ।

जगवासग-सं०पु०यौ०—जगत को बसाने वाला, ईश्वर ।

उ०—लीलाधण ग्रहे मांनुखी लीला, जगवासग वसिया जगति ।

—वेलि.

जगवीरय-सं०पु०यौ० [सं० यज्ञवीर्य] विष्णु का एक नाम ।

जगवेल-सं०स्त्री०—सोमलता ।

जगसंतोख-सं०स्त्री०यौ०—नदी (ग्र.मा.)

जगसत्रु-सं०पु०यौ० [सं० यज्ञशत्रु या जगत्+शत्रु] राक्षस ।

जगसव्वदंसी–वि॰ [सं॰ जगत्सर्वदर्शी:] समस्त जगत को देखने वाला (जैन)

जगसांई, जगसांमि, जगसांमी–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ जगत्स्वामी] संसार का स्वामी, ईश्वर। उ॰— विमळ आणंद लिखिमीवर, जगतठांम जगसांमि।—पीरदांन लाळस

जगसाखी–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ जगत्साक्षी] सूर्य (डिं.को.)

जगसाधन–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ यज्ञसाधन] विष्णु का एक नाम।

जगसाधार–वि॰—जगत की रक्षा करने वाला।

उ॰—धिन धिन मां करणी जगसाधार, पावै कुण नांमां गिणै पार।—रांमदांन लाळस

ईश्वर।

जगसाळा–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ यज्ञशाला] यज्ञशाला, यज्ञमंडप।

[सं॰ जगत्+श्यालक:] वेश्या का भाई।

जगसास्त्र–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ यज्ञशास्त्र] वह शास्त्र जिसमें यज्ञ करने का विधान हो।

जगसील–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ यज्ञशील] वह जो यज्ञ करता हो।

जगसूकर–सं॰पु॰ [सं॰ यज्ञशूकर] विष्णु।

जगसेन–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ यज्ञसेन] विष्णु का एक नाम।

जगसेव–सं॰पु॰यौ॰—शिव, महादेव (अ.मा.)

जगस्वांमी–सं॰पु॰यौ॰ [सं॰ जगत्स्वामी] १ ईश्वर. २ विष्णु।

जगह—देखो 'जगा' (रू.भे.)

जगहत्थ, जगहथ–सं॰पु॰—१ दिग्विजय करने की क्रिया। उ॰—१ तरु ताळ पत्र ऊंचा तड़ि तरळा, सरळा पसरंता सरगि। वैठे पाटि वसंत बंधिया, जगहथ किरि ऊपरी जगि।—वेलि.

उ॰—२ जगहत्थ जगतसिर जळहळै, दस दिगपाळ दहक्कवै। 'महिमाल' छहां जिहां सातमौं, चौथै पहौरै चक्कवै।—सू.प्र.

जगहथपत्र—सं॰पु॰यौ॰ [स॰ जगद्हस्तपत्र] दिग्विजय का घोषणा-पत्र, दिग्विजय का चुनौती पत्र।

जगहरता–सं॰पु॰यौ॰—ईश्वर (नां. मा.)

जगहेत–सं॰पु॰—ब्रह्मा (नां. मा.)

जगहोता–सं॰पु॰ [स॰ यज्ञहोतृ] यज्ञ के समय देवताओं को आह्वान करने वाला।

जगा–सं॰स्त्री॰ फा॰ जायगाह] १ स्थान, स्थल। उ॰—तौ सलावत खां कही-जो वादसाह रा हुकम ईं तरह का ही जे है तौ और कैसी जगा मेलें।—राठौड़ अमरसिंह री वात

मुहा॰—जगा-जगा—सव स्थानों पर, सर्वत्र, थोड़ी-थोड़ी दूर, वहुत से स्थानों पर।

२ पद, ओहदा. ३ स्थिति. ४ मौका, अवसर ५ मकान।

रू॰भे॰—जगह, जघा, जागा जायगा।

जगाइणौ, जगाइबौ—देखो 'जगाणौ' (रू.भे.)

जगाचख—देखो जगचख' (रू.भे.)

उ॰—चत्र जांग विनीत उदोत जगाचख। सजि रीझ विदा किय तीस छहै सख।—सू.प्र.

जगाजोत, जगाजोति–सं॰स्त्री॰—जगमगाहट। उ॰—१ जगाजोत आदीत री जोत ओपै। उभै हीर चांमीर में खंग ओपै।—सू.प्र.

उ॰—२ फौजां ऊपरां ऊजळां भालां रा डंबर भळळाट करि जगाजोति जागी।—वचनिका

जगाणौ, जगावौ–क्रि॰स॰—१ नींद से उठाना।

कहा॰—ऊंगियोडौ (सूतौ) ह्वै तौ जगावै पण ओ तौ जागतौ घोराजै—सोते हुए को जगाना तो सहज है किन्तु जो सोने का वहाना करता है उसे किस प्रकार से जगाया जाय। जानवूझ कर किसी कार्य को करने वाले को उस कार्य से विरत या विमुख करना कठिन होता है।

२ होश दिलाना. ३ फिर से ठीक स्थिति में लाना. ४ प्रज्वलित करना। उ॰—कांमनी जु स्त्री तहां जु दीपक जगाया छै।—वेलि.टी.

५ किसी कार्य के लिये उत्तेजित करना या तैयार करना।

उ॰—कोयल लाज करंत जगावै कांम नै रीझावै अदभुत आतमांरांम नै।—बां. दा.

६ किसी विशेष देव, सिद्ध आदि के निमित्त रात्रि-जागरण कराना।

जगाणहार, हारौ (हारी), जगाणियौ—वि॰।

जगायोड़ौ—भू॰का॰कृ॰।

जगाईजणौ, जगाईजवौ—कर्म वा॰।

जगणौ, जगवौ—अक॰रू॰।

जगाड़णौ, जगाड़वौ, जगावणौ, जगाववौ—रू॰भे॰।

जगात–सं॰स्त्री॰ [अ॰ ज़कात] १ पुण्य हेतु दिया जाने वाला धन, खैरात. २ कर, महसूल। उ॰—पातसाहजी फुरमाया—च्यार लाख रुपया लगाय सूरत दोळौ कोट करावणौ, एक वरस री जगात वोपारियां नूं माफ कीवी।—नापा सांखला री वारता

रू॰भे॰—जकात।

जगातमा–सं॰पु॰ [सं॰ यज्ञात्मा] विष्णु।

जगाती—देखो 'जकाती' (रू.भे.)

जगादीस—देखो 'जगदीस' (रू.भे.) उ॰—सही सेस लाखं मणां धारि सोधा। जगादीस राघौ सकौ देव जोधा।—सू.प्र.

जगामग, जगामगि—देखो 'जगमग' (रू.भे.) उ॰—वणि हीर जगामगि अस्टवळी। महले किर दीपक माळ मिळी।—रा.रू.

जगायोड़ौ—१ जगाया हुआ, नींद से उठाया हुआ. २ प्रज्वलित किया हुआ. ३ होश दिलाया हुआ. ४ फिर से ठीक स्थिति में लाया हुआ ५ किसी कार्य के लिये उत्तेजित किया हुआ या तैयार किया हुआ. ६ (किसी विशेष देव, सिद्ध आदि के निमित्त) रात्रि जागरण कराया हुआ।

(स्त्री॰ जगायोड़ी)

रू॰भे॰—जगावियोड़ौ।

जगार, जगारि, जगारी–सं॰पु॰ [सं॰ यज्ञारि अथवा जगद्+अरि] राक्षस।

जगावणौ, जगावबौ—देखो 'जगाणौ' (रू.भे.) उ०—तिण जंग वागां रंग मराजन री दीठो दखी, जिण रंग इणडौ जोस जाणे भभंग जगावियौ ।—प्रतापसिंह म्होकमसिंह री वात

जगावणहार, हारौ (हारी), जगावणियौ—वि० ।

जगावियोड़ौ, जगाविवोड़ौ, जगाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

जगावीजणौ, जगावीजबौ—कर्म वा० ।

जगणौ, जगबौ—प्रक०रू० ।

जगाड़णौ, जगाड़बौ—रू०भे० ।

जगावियोड़ौ—देखो 'जगायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० जगावियोड़ी)

जगि–सं०पु० [सं० यज्ञि] १ यज्ञ करने वाला. २ देखो 'जग' (रू.भे.) उ०—गज रूप चड़ण श्रंग रहण असंभ गति, पुहप कमळ देसोत पगि । जिम जगदीसर पूजतौ जैमल, जैमल तिम पूजिजै जगि ।—राठौड़ जैमल वीरमदेवोत री गीत

३ देखो 'जिग' (रू.भे.)

जगियोड़ौ—देखो 'जागियोड़ौ' (रू.भे.)

जगी—देखो 'जगि' (रू.भे.)

जगीस–सं०स्त्री०—१ इच्छा, अभिलाषा । उ०—१ जेठे तणी जगीस, मन हूंते मेली नहीं । वाल्हा मिळणू व्हीस, जोड़ी तौ संग जेठवा ।—जेठवा

उ०—२ लिखी फुरमांण पठावत सबही, घन करमचंद्र मंत्रीस । 'समयसुंदर' प्रभु परम क्रिपा करि, पूरत मनहि जगीस ।—ऐ.जै. का.सं.

२ जिज्ञासा. ३ कीर्ति, यश । उ०—चउंडराउ दिय ऊधूल चाउ, राउत्त आपहे आप राउ । सोहिया प्रवाड़ा सिघ सीस, जंबूअहदीप जग्गी जगीस ।—रा.ज.सी.

सं०पु०—३ युद्ध । उ०—सीस घरणि चौ गळै माळ सझि 'सिघ' तणौ विढ़ियौ स जगीस । संकर-घरणि देखि तिण संकी, संकर लियै रखै मो सीस ।—जसवतसिंह सोनगरा री गीत

[रा० जग=सं० जगत+ईश] ईश्वर ।

रू०भे०—जगीसौ, जग्गीस ।

जगीसौ—देखो 'जगीस' (रू.भे.) उ०—प्रह उगमते प्रणमिपे, विहरमांन जिन वीसौ जी । नांमे नवनिधि सपजे, पूरे मनह जगीसौ जी ।—स.कु.

जगु, जगू—देखो 'जग' (रू.भे.) उ०—भूयवलि भंजई रिउभड़िवाओ, दांणि जगु ऊरिणु करए ।—पं.पं.च.

जगेसर, जगेसुर, जगेस्वर–सं०पु०यौ० [सं० यज्ञेश्वर] विष्णु ।

जग्ग— देखो 'जग' (रू.भे.) उ०—जांगळ अरु सरणाइ घाति जग्ग । खिति मिति नदी साहइ खड़ग्ग ।—वचनिका

जग्गीस—देखो 'जगीस' (रू.भे.) उ०—कोटां कूंटां कमसीसां, जुड़ै न चांदो जग्गीसां । जे जुड़सी चांदो जग्गीसां, कोट न कूट न कमसीसां ।—चांदा वीरमदेवोतरी गीत

जग्य, जग्यन—देखो 'जिग' (रू.भे.) उ०—१ आगे देखउ तौहि अहि अहि विसै जग्य होय छै । जग्य-जग्य रै विसै तप जाप होइ छै ।—वेलि.टी.

उ०—२ जिम करूं वीरभद्र दक्ष जग्यन, कनर-पांगा किलमांण रौ । इम 'अभा' हूंत मिसलती अरज, रटै 'पतौ' महिरांण रौ ।—सू.प्र.

जग्यासेनी–सं०स्त्री० [सं० याज्ञसेनी] द्रौपदी (अ.मा.)

जग्योपवीत–सं०पु० [सं० यज्ञोपवीत] यज्ञोपवीत, ब्रह्मसूत्र, जनेऊ ।

उ०—ऐसी विध पंडतराज चातुरय कळा प्रवीण त्रिलोकूं का प्रवंध अनेक विध विमळ वांणी सै उच्चरै जिनूंसै रीझ स्री महाराज कनक जग्योपवीत चढाया ।—सू.प्र.

जघन्य–वि० [सं०] १ अंतिम. २ नीच, निकृष्ट. ३ गर्हित ।

जघन्यभ–सं०पु० [सं०] छः नक्षत्र—आर्द्रा, अश्लेषा, स्वाति, ज्येष्ठा, भरणी और शतभिषा ।

जघा—देखो 'जगह' (रू.भे.)

जड़ग–वि० [सं० जड़+अंग] मूर्ख, असभ्य । उ०—जड़ंग नीचा गमै, ऊधरै भगत जण ।—पीरदांन लाळस

जड़–सं०स्त्री० [सं० जड] १ वृक्षों, पौधों आदि का भूमि के भीतर रहने वाला भाग, मूल । उ०—विसरियां विसर जस बीज बीजिजै, खारी हाळाहळा खळांह । त्रूटै कंध मूळ जड़ त्रूटै, हळधर कां वाहतां हळांह ।—वेलि.

२ नींव, बुनियाद ।

मुहा०— १ जड़ उखाड़णी—हानि या बुराई कर के किसी की स्थिति बिगाड़ना । समूल नष्ट कर देना । जड़ खोदणी—देखो 'जड उखाड़णी'. ३ जड़ जमणी—जड़ या बुनियाद का मजबूत होना. ४ जड़ जमाणी—बुनियाद मजबूत करना. ५ जड़ ढीली करणी—देखो 'जड़ उखाड़णी'. ६ जड़ पकड़णी—जमना, अच्छी तरह जम जाना, अंकुरित होना, मजबूत होना ।

यौ०—जड़ामूळ ।

३ शीत, सर्दी. ४ देखो 'जड' (रू.भे.)

जड़कणौ, जड़कबौ–क्रि०स०—प्रहार करना, मारना ।

उ०—उचजी कुंभथळ थाप जड़की उरड़, तुरत कर एक सूं बजी ताळी । करी मुख रदन काळीदमण काढ़िया, मही मूळी कढ़ी जांण माळी ।—वां. दा.

जड़कियोड़ौ–भू०का०कृ०—प्रहार किया हुआ, मारा हुआ ।

(स्त्री० जड़कियोड़ी)

रू०भे०—जड़क्कियोड़ौ ।

जड़वकणौ, जड़वकबौ—देखो 'जड़कणौ' (रू.भे.)

उ०—१ चंगी फौजां वलूंवै बड़वकै डाड फुणी चील, उमगे जोगणी कांचां घड़वकै उरेव । हैजमां कड़वकै बीज जंगी हौदां रंगी हाडै, जड़वकै फरंगी सीस वरंगी जनेव ।—दुरगादत्त बारहठ

उ०—२ जड़क्कत सेल भिदै जरदाळ । कड़क्कत कंध वहै किरमाळ ।—सू.प्र.

जड़विकयोड़ौ—देखो 'जड़कियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० जड़विकयोड़ी)

जड़ड़णौ, जड़ड़बौ, जड़णौ, जड़बौ—क्रि०स० [सं० जटन] १ कपाट बंद करना। उ०—१ इतरै बीजी तरवार वाही सो वाढ़ नांखियौ। उठै सूं भोळी में घाल, बाहर मांगस था, उहांरे म्होंडा आंगा नांखियौ। खिड़की जड़ लीवी।—अमरसिंह राठौड़ री बात।

उ०—२ पछै राव रा सारा मांगस उगा घर में घालिया। राव आडौ ताळौ जड़ियौ। ऊपर महोर छाप दिवी।—बां. दा. ख्यात

२ प्रहार करना। उ०—१ निद्रा वसि पोह निरखि, पिलंग बंध कसे अपारां। 'जड़ी' विखम जमदाढ़, एक साथे ज अठारां।—सू.प्र.

३ कवच आदि पहन कर अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित होना।

उ०—पहली इसड़ा वचन रा बांगा लगाया जिगा थी एक सौ पचीस तोपां साथ दे'र रगा री सांमग्री सूं सिलह में जड़िया वीर बरात में विदा कीधा।—वं. भा.

४ एक चीज को दूसरी चीज में ठोंक कर बैठाना। ५ एक चीज को दूसरी चीज में पच्चीकारी कर के बैठाना। उ०—राजमहलूं के अड़ाव अरस सेती अड़ै। मनू धवळागिर विसकरमा जड़ाव सूं जड़ै—र.रू.

६ चुगली या शिकायत के रूप में किसी के विरुद्ध किसी से कुछ कहना, कान भरना। ७ जमाना, स्थिर करना।

उ०—१ पड़ै अमावड़ द्रोह छत्रधर फरंग पालटे, आंटधर क्रोध भुज गयगा अड़िया। सोध अंगरेज हिंदवांगा आया सरव, जोध सिर सेस रै कदम जड़िया।—मोतीरांम आसियौ

८ प्रविष्ठ होना, घुसना, पैठना। उ०—साजन सिळी सनेह की, खटक रही दिल मांय। नीकाळी निकळै नहीं जड़हि कळेजा मांय।
—र. रा.

९ मजबूती से बांधना या कसना। उ०—१ जमदाढ़ वांमै अंग भीड़ जड़ी। सुज ऊपर पेटीय सांवरड़ी।—गो.रू.

उ०—२ सेखाराव नूं मुलतांगा सपाहां, जड़ियौ सांकळ जाळी। पाछौ जिको आंगियौ पूंगळ, देवी थं दाढ़ाळी।—बां.दा.

१० संश्लिष्ट होना, जड़ा जाना, गड्डमड्ड होना।

जड़णहार, हारौ (हारी), जड़णियौ वि०।

जड़वाड़णौ, जड़वाड़बौ, जड़वाणौ जड़वाबौ, जड़वावणौ, जड़वावबौ, जड़ाड़णौ, जड़ाड़बौ, जड़ाणौ, जड़ावौ, जड़ावणौ, जड़ावबौ—प्रे.रू.।

जड़िओड़ौ, जड़ियोड़ौ, जड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जड़ीजणौ, जड़ीजबौ,—कर्म वा०।

जड़त-सं०स्त्री०—एक चीज को दूसरी चीज में पच्चीकारी कर के बैठाने का कार्य, पच्चीकारी। उ०—साह तांम समसेर, जड़त जवहरां जमधर। मुलक वधारे समपि हेम तोड़ा गज हैमर।—सू.प्र.

जड़वंद-वि०—जड़सहित, समूल।

जड़ाउ, जड़ाऊ-वि० [सं० जटित] जड़ा हुआ, पच्चीकारी किया हुआ, जटित। उ०—१ असी कोस चाळीस भाळी उंचाळी। जड़ाऊ नगां सोवनी लंक जाळी।—सू.प्र.

उ०—२ दरगाह आया, जद पातसाह भारी सरपाव मोती दिया। रांगा नूं सिरपेच जड़ाऊ भेज्यौ।—बां. दा. ख्यात

जड़ाकढ़-वि०—समूल नाश करने वाला।

जड़ाग-सं०पु०—१ आभूषण। उ०—१ लख वरीस नरेसुर 'लाखौ' रीत प्रवीत खत्रीध्रम राखै, भारत आगि वजाग महाभड़ जोध जड़ाग वडा छळ जागै।—ल.पि.

उ०—२ जोध जड़ाग अभनमौ 'जैतौ', सदा चलै आपरै सुभाय। लखदत दीयै भांजणौ लाखां, खेड़ेचौ वावळी खुदाय।
—तेजसी खिड़ियौ

२ पुत्र, बेटा। उ०—सेना थाट काकौ 'कन्ह' पंग रौ बछाय सूतौ। ज्यूं सरेवसज्जा सूतौ 'गंग' री 'जड़ाग'।—हुकमीचंद खिड़ियौ

४ घोड़ा (ना.डि.को.)

रू०भे०—जड़ागि।

जड़ाणौ, जड़ाबौ-क्रि०स० ('जड़णौ' क्रिया का प्रे०रू०) जड़ने का कार्य कराना।

जड़ाव-सं०पु०—१ जड़ने का कार्य या भाव। उ०—१ पिंड पिंड दस-दस सिर परठि, सिर-सिर छत्रधारे। जगमग हीर जड़ाव जोति, आदित आभारे।—सू.प्र. उ०—२ वाग वेस सोहांमणां, भुखण मोती माळ। कनक कचोळा जड़ाव रा, सुंदर सोवन थाळ।—ढो.मा.

रू०भे०—जड़ावट।

२ शिर के बालों का जूड़ा।

जड़ावट—देखो 'जड़ाव' (१)

जड़ावणौ, जड़ावबौ—देखो 'जड़ाणौ (रू.भे.) उ०—पोत रा 'सेवा' रा जंगी घुरावै सतारा वार, धावै खळां खतारा भूदंडां धाड़ धाड़। अबीह भतारा डंका आवै सदा आठवाटां, कंपनी जड़ावै किलकत्ता रा किंवाड़।—डूंगजी जवारजी री गीत

जड़ावियोड़ौ—देखो जड़ायोड़ौ।
(स्त्री० जड़ावियोड़ी)

जड़ित-वि०—जड़ा हुआ, जटित। उ०—आया बाहिर एम, बैसि गजां मेघाडंवरां। चगथा वे ढुळते चमर, हीर जड़ित छत्र हेम।
—वचनिका

जड़िया-सं०स्त्री०—नग जड़ने एवं पच्चीकारी का कार्य करने वाली स्वर्णकारों की एक जाति।

जड़ियाळ-वि०—वह जिससे प्रहार किया जाय। उ०—जोम छक, हरख जड़ियाळ भंजै गजां, जेगा तक वजर पड़ियाळ जांगां। जहर री छाक कड़ियाळ तौ रगा जुवां, 'पेम' हर असौ छड़ियाळ पांगां।
—जोवसिंह राठौड़ री गीत

जड़ियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ वन्द किया हुआ. २ प्रहार किया हुआ. ३ सुसज्जित. ४ ठोंक कर बैठाया हुआ. ५ पच्चीकारी कर के बैठाया

हुआ. ६ किसी के विरुद्ध कुड़की या हिरासत किया हुआ, काम लगा हुआ. ७ जमाया हुआ, स्थिर किया हुआ. ८ मजबूती से बांधा हुआ, कसा हुआ. ९ प्रविष्ट हुवा हुआ, घुसा हुआ, पैठा हुआ। १० सन्निविष्ट हुवा हुआ, मिला हुआ, गडुमडु हुवा हुआ।
(स्त्री० जड़ियोड़ी)

जड़ियो-सं०पु०—जड़ाई का कार्य करने वाला व्यक्ति, वह जो पच्चीकारी करे।

जड़ी-सं०स्त्री०—ऐसा पौधा या कोई वनस्पति जिसकी जड़ औषधि के लिये काम में लाई जाय।
यौ०—जड़ी-बूटी।

जड़ैल-वि०—जड़ने का कार्य किया हुआ, जटित।

जड़ो-सं०पु०—वह बैल, ऊंट आदि पशु जो समुचित रूप से शिक्षित न किया गया हो।

जचणो, जचबो-क्रि०अ०—१ जांच में पूरा उतरना, ठीक मालूम होना, उचित या अच्छा प्रतीत होना. २ जुड़ना, ठीक बैठना।
उ०—साळ्यां हंदो साथ, अरज करै छै आपनै। हथळेवा रो हाथ, जचियो पण रचियो नहीं।—रांमनाथ कवियो
३ ऐसा बैठना कि ढीला-ढाला या तंग न हो, ठीक बैठना।
उ०—हुवो हुकम लख चित हरख, जचिया सिलह जड़ाव। रावळ पिंडी रजमटां, पड़िया जाय पड़ाव।—जुगतीदांन देथो
४ देखा भाला जाना, जांचा जाना. ५ प्रतीत होना, निश्चय होना, मन में बैठना. ६ शोभित होना, फबना।
जचणहार, हारौ (हारी), जचणियो—वि०।
जचवाड़णो, जचवाड़बो, जचवाणो, जचवाबो, जचवावणो, जचवावबो, जचाड़णो, जचाड़बो, जचाणो, जचाबो, जचावणो, जचावबो—प्रे०रू०।
जचिओड़ो, जचियोड़ो, जच्योड़ो—भू०का०कृ०।
जचीजणो, जचीजबो—भाव वा०।
जंचणो, जंचबो, जच्चणो, जच्चबो—रू०भे०।

जचा—देखो 'जच्चा' (रू.भे.) उ०—सो सीयाळा में राजकुमारी रो जनम हुवो है जिणसूं जचा रै तापण नै तपणी लाया है।—वी.स.टी.

जचाड़णो, जचाड़बो—देखो 'जचाणो, जचाबो' (रू.भे.)
जचाड़णहार, हारौ (हारी), जचाड़णियो—वि०।
जचाड़िओड़ो, जचाड़ियोड़ो, जचाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।
जचाड़ीजणो, जचाड़ीजबो—कर्म वा०।

जचाड़ियोड़ो—देखो 'जचायोड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० जचाड़ियोड़ी)

जचाणो, जचाबो-क्रि०स० ('जचणो' क्रिया का प्रे०रू०) १ जांच में पूरा उतारना, ठीक मालूम कराना, उचित या अच्छा प्रतीत कराना. २ जुड़ाना, ठीक बैठाना, जोड़ना. ३ ऐसा बैठाना कि ढीला-ढाला या तंग न हो. ४ देख-भाल कराना, जंचाना. ५ प्रतीत कराना, निश्चय कराना, मन में बैठाना. ६ शोभित कराना, फबाना।
जचाणहार, हारौ (हारी), जचाणियो—वि०।
जचायोड़ो—भू०का०कृ०।
जचाईजणो, जचाईजबो—कर्म वा०।
जचणो, जचबो—अक०रू०।
जंचाणो, जंचाबो, जचाड़णो, जचाड़बो, जचावणो, जचावबो—रू०भे०।

जचायोड़ो-भू०का०कृ०—१ जांच में पूरा उतारा हुआ, ठीक मालूम कराया हुआ, उचित या अच्छा प्रतीत कराया हुआ. २ जुड़ाया हुआ, ठीक बैठाया हुआ, जोड़ा हुआ. ४ ऐसा बैठाया हुआ कि ढीला-ढाला या तंग न हो. ४ देख-भाल कराया हुआ, जँचाया हुआ. ५ प्रतीत कराया हुआ, निश्चय कराया हुआ, मन में बैठाया हुआ. ६ शोभित किया हुआ, जँचाया हुआ। (स्त्री० जचायोड़ी)
रू०भे०—जंचायोड़ो, जचाड़ियोड़ो, जचावियोड़ो।

जचावणो, जचावबो—देखो 'जंचावणो, जंचावबो' (रू.भे.)
जचावणहार, हारौ (हारी), जचावणियो—वि०।
जचाविओड़ो, जचावियोड़ो, जचाव्योड़ो—भू०का०कृ०
जचावीजणो, जचावीजबो—कर्म वा०।

जचावियोड़ो—देखो 'जचायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री०-जचावियोड़ी)

जचियोड़ो-भू०का०कृ०—१ जांच में पूरा उतरा हुआ, ठीक मालूम हुवा हुआ, उचित या अच्छा प्रतीत हुवा हुआ। २ जुड़ा हुआ। ३ ऐसा बैठा हुआ कि ढीला-ढाला या तंग न हो। ४ जांचा गया हुआ, जँचा हुआ, देखा-भाला हुवा। ५ प्रतीत हुवा हुआ, निश्चय हुवा हुआ, मन में बैठा हुआ। ६ शोभित हुवा हुआ, फबा हुआ।
(स्त्री० जचियोड़ी)

जच्च-वि० [सं० जात्य] १ स्वाभाविक. २ प्रधान, श्रेष्ठ. ३ सजातीय (जैन)

जच्चण्णिय-वि० [सं० जात्यान्वित] कुल में श्रेष्ठ, श्रेष्ठ जाति का (जैन)

जच्चणो, जच्चबो—देखो 'जचणो, जचबो' (रू.भे.)

जच्चा-सं०स्त्री० [फा० जच्चा] प्रसूता स्त्री जिसके हाल ही में बच्चा हुआ हो। उ०—रे म्हांरे उतर दिखण री, ए जच्चा पींपळी। हे म्हांरे पूरब नमी-नमी डाळ रे, हे म्हांनै घणो ए सुहावै जच्चा पींपळी।
—लो. गी.
रू०भे०—जचा।

जच्चाग्रां-सं०स्त्री०—एक प्रकार के मांगलिक गीत जो पुत्र-जन्मोत्सव के अवसर पर स्त्रियां गाती हैं।
(मि०—जसाग्रां)

जच्चियोड़ो—देखो 'जचियड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० जच्चियोड़ी)।

जच्छ-सं०पु० [सं० यक्ष] १ देखो 'जक्ष' (रू.भे.) २ कुबेर. ३ मध्य लघु की पांच मात्रा का नाम (डिं.को.)

जज-सं०पु० [ग्रं०] १ न्यायाधीश, न्याय करने के लिये नियुक्त बड़ा अधिकारी।

[रा०] २ सख्त या कठोर बंधन. ३ यज्ञ (ग.मो.)

जजक–सं०स्त्री०—१ हिचक, हिचकिचाहट. २ चौंकने का भाव ।
उ०—वाळवाळी तिलक साझ कर बनाती, ओपियो लहर छक खळक आखां । साकुरां धमक पोडां धमक सांवळे, लगी ओजक जजक अजक लाखां ।—सूरतसिंह री गीत

जजकणौ, जजकबौ–क्रि०अ०—१ हिचकना, झिझकना ।
२ चौंकना । उ०—सुण वाळा इक रैण पौढ़ती कंठ लगाणी । जागी जजकां नैण विळखतां नीर भरांणी ।—मेघ.
रू०भे०—जझकणौ, जझकबौ ।

जजकियोड़ौ–वि०—१ हिचका हुआ, झिझका हुआ. २ चौंका हुआ ।
(स्त्री० जजकियोड़ी)

जजट्ठळ देखो 'जुधिस्ठर' (रू.भे.) उ०—तोड़े दळ मुग्गळ खाग तरास, जजट्ठळ जेम लिये जसवास ।—सू.प्र.

जजण–सं०पु० [सं० यजन] यज्ञ । उ०—इळा राज करि एम, 'माल' स्रगि वसे महाबळ । जीत समर दन जजण, अमर रहीयौ जस उज्झळ ।
—सू.प्र.

जजणौ, जजबौ–क्रि०स०—१ दान देना, उदारता करना. २ यज्ञ करना ।

जजमणौ, जजमबौ [सं० यजमान] शान्ति प्राप्त करना ।

जजमाण, जजमांन–सं०पु० [सं० यजमान] १ वह जो यज्ञ करता हो, दक्षिणा आदि देकर ब्राह्मणों से यज्ञ पूजन आदि धार्मिक कृत्य आदि कराने वाला व्रती, यष्टा ।
उ०—हंसा था सो उड गया, कागा भया दिवांन । जा बांमण घर आपणे, सिंघ केरा जजमांन ।—अज्ञात
२ ब्राह्मणों को दान देने वाला ।
रू०भे०—जजिमान, जुजमांण, जुजमांन ।

जजमांनता, जजमांनी–सं०स्त्री०—१ यजमान का भाव या धर्म.
२ यजमान के प्रति पुरोहित की वृत्ति. ३ खातिरदारी. ४ वह गांव या नगर जहां किसी विशेष पुरोहित के यजमान लोग रहते हों ।

जजमाणौ, जजमाबौ–क्रि०स० [सं० यजमानन] क्रोध शांत कराना, धैर्य दिलाना । उ०—वागढाल करीजे, मांहै थांहरौ चोर छै तौ अबै जाय कठै ही नहीं । इसी भांत गूजरो जजमाय घोड़ा सूं उतारिया ।
—राव रिणमल री वात

जजमायोड़ौ–भू०का०कृ०—क्रोध शांत किया हुआ, धैर्य दिलाया हुआ ।
(स्त्री० जजमायोड़ी)

जजमावणौ, जजमावबौ—देखो 'जजमाणौ' (रू.भे.)

जजमावियोड़ौ—देखो 'जजमायोड़ौ (रू.भे.) (स्त्री० जजमावियोड़ी)

जजरंग–सं०पु०—१ यमराज. २ वज्र ।
वि०—भयंकर । उ०—जजरंग घाट तूटै जरद, झाट पड़ै झड़ ओझड़ां । दळ खोद वणै हूंकळ दिली, घोंकळ कीधी धूहड़ां ।
—सू.प्र.

जजर–सं०पु०—१ यमराज । उ०—राव वड़ उरड़ दीसै जजर रूप रा । पांण केवांण धारै कमण ऊपरा ।—पदमसिंह आढ़ौ
२ वज्र । उ०—वंकि पटां फुल हथां, सोरि खिलकार कुसत्री । तस कसीस लेजमां, जजर गत्ती जाजत्री ।—सू.प्र.
वि०—भयंकर । उ०—छोडै भूप दास खळ छोडै । जजर निहाव वजरचै जोडै ।—सू.प्र.
[सं० जर्जर] २ घावों से परिपूर्ण, क्षत-विक्षित । उ०—इक पड़ै मुड़ै मुड़ लड़ै आय । घड़ियाल गजर जिम जजरु घाय ।—रा.रू.
३ वृद्ध, बूढ़ा. ४ जीर्ण-शीर्ण, पुराना, जर्जर ।
रू०भे०—जज्जर, जञ्र, ।

जजराग–वि०—१ भयंकर, डरावना. २ क्रुद्ध ।
सं०पु०—१ यमराज. २ वज्र ।

जजराट–सं०पु० [सं० जज=युध+राट्] १ यमराज.
उ०—अेकौ नीसरै जठी साव जस को ओद्रकै, तेण री धकौ जजराट जेहौ । वधारै तुरी गढ़ जकौ भुरा विना, आंगमे न को भूपाळ एहौ ।
—जसजी आढ़ौ
रू०भे०—जज्राट, जुजराट ।

जजात, जजाति, जजाती–सं०पु० [सं० ययाति] १ यादववंशी राजा ययाति (नैणसी)
वि०वि०—ये नहुष के पुत्र थे, इनका विवाह शुक्राचार्य की कन्या देवयानी के साथ हुआ था ।

जजायळ–सं०स्त्री०—एक प्रकार की लम्बी ऊंटों पर लाद कर चलाई जाने वाली बन्दूक । उ०—असवार हजार दोय जजायळां हजार एक ऊंट पांच सौ बीस ऊंटां ऊपर बांण और बाजार रौ लोग मोदीखांनौ पेसखांनौ कारखांनौ सारा लेय वहिर हुवा ।
—कुंवरसी सांखला री वारता
रू०भे०—जुजायळ ।

जजार, जजाळ, जजाळौ–सं०स्त्री०—एक प्रकार की बड़ी, लम्बी एवं भारी बंदूक । उ०—दुझाळां वलाळां झाळां अचाळां दखणी दळां, रूक भालां जजाळां गैढाळां मातौ रीठ ।—पहाड़ खां आढ़ौ

जजिमांन—देखो 'जजमांन' (रू.भे.)

जजियौ–सं०पु० [अ०] अन्य धर्मावलंबियों पर मुसलमानी काल में लगने वाला एक प्रकार का कर ।
रू०भे०—जेजियौ ।

जजी–सं०पु०—यज्ञ (ग.मो.)

जजुवेद, जजुरवेद–सं०पु० [सं० यजुर्वेद] चार वेदों में से दूसरा वेद, यजुर्वेद (डि.को)

जजुरवेदी–सं०पु०—यजुर्वेद का ज्ञाता ।

जजुव्वेय–सं०पु० [सं० यजुर्वेद] यजुर्वेद (जैन)

जजेसर, जजेस्वर–सं०पु० [सं० यक्षेश्वर] कुबेर (अ.मा. नां.मा.)

जजोनी–सं०पु० [सं० योनिज] १ योनि से जन्म लेने वाला, योनिज ।
उ०—हास मुधर कुंडळ हींडोळता, जोगाभ्यास जजोनी । अण तसवीर रावळी ऊपर, वारूं पीर अजोनी ।—महाराजा मांनसिंह

जज्जर—देखो 'जजर' (रू.भे.) उ०—आया हूसनअली मजरायळ, जाजुलमांन मयंदर जज्जर।—सू.प्र.

जज्जरित्त–वि० [सं० जर्जरित्त] जीर्ण, पुराना (जैन)

जज्जीव–सं०पु० [सं० यावज्जीव] जीवमात्र, प्राणीमात्र।

जज्ज, जज्जक—देखो 'जजर' (रू.भे.) उ०—१ भळकै के मुराड़ा चकै भूनगा ना, बरंदां छांगड़ा गाह हत काना ऊप। ओठिया अखाड़ै चेला नांगड़ा ऐ भूतरा ना, रुद्दिया गांगड़ा जज्ज दूत का सारूप।

—महादांन महडू

उ०—२ कार्ढो वळा मी मंगळा प्रळै समदां ऊमळी किना, राळां धू अन्ठी जज्ज गै-थंडां खागास। तरग्गां बिछूटी तूटी माथ पत्ते काळा नीम, बीर 'चूंडा' वाळी ज्वाळा बीजळां बागास।—तेजराम आसियौ

जज्जजीव–सं०पु०—जीवों का यमराज, सिंह (डिं.को.)

रू०भे०—जीवजज्ज।

जज्जर–सं०स्त्री०—१ एक प्रकार की छोटी बंकदू. २ देखो 'जजर' (रू.भे.)

जज्जराट—देखो 'जजराट' (रू.भे.) (डिं.को.)

जझकणौ, जझकबौ—देखो 'जजकणौ, जजकबौ' (रू.भे.)

उ०—१ जझक अहराव फुण हूत झाळां अजर, क्रोधवंत जटाधर नेत केहो।—रावत अजीतसिंह सांरगदेवोत रो गीत

उ०—२ जझकै नहीं भयांणक जांणे, पनंग जिको अहियां नृप पांणे।

—सू.प्र.

जट—१ देखो 'जटा' (रू.भे.) उ०—जट आड बंध सेली जड़ाव, आवधां वीर संजत अड़ाव।—वि.सं.

२ देखो 'जाट' (रू.भे.)

सं०स्त्री०—३ बकरी व ऊंट के बाल. ४ नारियल की ऊपरी जटा।

जटगंग–सं०पु०यौ० [सं० गंगाजट] शिव, महादेव। उ०—उडै गति गेंद नरां उतमंग। गहै झट कंज करां जटगंग।—मे.म.

जटजूट–सं०पु०यौ०—जटा का समूह। उ०—नग नायक चा नाह, बिच जटजूट बसावियौ। पावन गंग प्रवाह, प्राणी तूं कद परसही।—बां.दा.

जटधर, जटधरण, जटधार, जटधारी–सं०पु० [सं० जटाधर, जटाधारी] १ शिव, महादेव। उ०—१ जंघा पवित्र करिस हूं जटधर, नृत करतौ आगळ नाटेसर।—ह.र.

उ०—२ व्रत जनक राख सीतावरण, धांनुख भंजण जटधरण। मुण 'किसन' सुजस रघुबंस मण, सीतापत असरण सरण।—र.ज.प्र.

उ०—३ अन पांन फूल छोडूं उदक, धरूं ध्यांन जटधार रो। मण देह मिळै मोनूं अभंग, जे सेरनींग 'सरदार' रो।—पहाड़ खां आढ़ो

उ०—४ 'दीपावत' 'फतमाल' एम बोलै अग्रकारी, सझि खग सत्र रथ भीम, पूजूं जटधारी।—सू.प्र.

२ सन्यासी, फकीर। उ०—जटधारी धारी जोगोई, कविताधारी कंथाधार। मारग दस मेवाड़ नरेसुर, वहै तुहाळै वड दातार।

—महाराणा हम्मीर रो गीत

जटपंख–सं०पु०—वह सांप जिसके सिर पर जटा हो तथा पर हों।

उ०—विरदां पूंगी राग वस, मांनै मंत्र समोद। प्रथी सीर धाव। पड़ै जटपंख नाहा जोद।—कविराजा करणीदांन

जटल—देखो 'जटिल' (रू.भे.)

जटवाड़–सं०पु०—१ जाटों का समूह या झुंड।

[रा० जाट+सं० पाटक] २ वह स्थान जहां जाट अधिक संख्या में निवास करते हों. ३ जाटों का प्रान्त, जाटों का राज्य।

उ०—अणी जटवाड़ वीरां तणी आकळै, विचख तीरां तणी मची वरखा। हुसम अंगरेज री आठ वाटां हुई, पूर पाटां हुई रुधर परखा।

—कविराजा बांकीदास

जटसंकरी–सं०स्त्री० [सं० जटा शंकरी] गंगा (अ.मा.)

जटा–सं०स्त्री० [सं०] १ उलझे हुए शिर के बड़े बड़े तथा अति घने बाल। उ०—सीस जटा पोथी गहै, सेत वसन गळ मांय। जोगी जगम है नहीं, बांमण पंडत नांय।—अज्ञात

२ एक में उलझे हुए बहुत से रेशे आदि।

रू०भे०—जट, जट्ट, जट्टा।

जटाई—देखो 'जटायु' (रू.भे.)

जटाचीर–सं०पु० [सं०] महादेव, शिव।

जटाजूट–सं०पु० [सं०] १ बहुत बड़ी जटायें. २ शिवजी की जटा।

जटाधर, जटाधार–सं०पु० [सं० जटाधर] शिव, महादेव। उ०—अयो कंस ऊपर केसव एम, जाळंधर सीस जटाधर जेम।—सू.प्र.

२ एक भैरव का नाम।

जटाधारी–सं०पु० [सं०] १ शिव, महादेव २ वह योगी या संन्यासी जिसकी जटायें बड़ी-बड़ी एवं लम्बी हों।

जटामाळी–सं०पु० [सं०] शिव, महादेव।

जटामासी–सं०स्त्री०—हिमालय में प्रायः १७००० फुट तक की ऊंचाई पर पाई जाने वाली एक वनस्पति की सुगंधित जड़।

जटाय—देखो 'जटायु' (रू.भे.) उ०—जोए खर दूखर रो घर जाय, जांणै गति प्रांमी आज जटाय।—पीरदांन लाळस

जटायत–सं०पु०—शिव, महादेव।

जटायु–सं०पु० [सं० जटायुः] रामायण में वर्णित एक प्रसिद्ध गिद्ध।

रू०भे०—जटाई. जटाय, जट्टाय।

जटायुज–सं०पु०—घोड़ा, अश्व (डिं.नां.मा.)

जटाळ–सं०पु० [सं० जटाल] १ शिव, महादेव। उ०—रवताळ रौदाळ रोसाळ महारिण, झाळ खंडाल आलाळ करै। झिलमाळ कंधाळ कराळ पड़ै भड़ि, धू मझि माळ जटाळ धरै।—सू.प्र.

२ जटाधारी व्यक्ति। उ०—१ कहजै दिगपाळ जटाळ कणा। मुदरा लय जोगिय आप मणा।—पा.प्र.

उ०—२ गै घटाळ जटाळ वैताळ गजै। विकराळ त्रंबाळ ववाळ वजै।—गो.रू.

३ उनचास क्षेत्रपालों के अंतर्गत २४वां क्षेत्रपाल. ४ वट वृक्ष, बरगद।

वि०—जटाधारी।

जटाळि, जटाळी—सं०स्त्री० [सं० जटाल] जटा का समूह। उ०—नटाळि दे भटाळि की जटाळि ऐंचते निभे। अगीन मुच्छ-मुच्छ दें स्वमुच्छ खेंचते अभें।—ऊ का.

वि०—वह जिसके जटा हो, जटाधारी।

जटाळो—सं०पु० [सं० जटिल:] १ शेर, सिंह. २ शिव, महादेव. ३ देखो 'जटाळ' (रू.भे.)

जटासुर—सं०पु०—एक राक्षस (महाभारत) उ०—गोवद्धन कर लेण कौ, जिम कन्ह कसाया। जांणि जटासुर जंग पै, भुज भीम बजाया। —वं.भा.

जटि—१ देखो 'जटा' (रू.भे.)

सं०पु० [सं० जटी:] २ शिव, महादेव. ३ गुलर का वृक्ष।

जटित—वि० [सं०] जड़ा हुआ। उ०—हट अटा हेम नग जटित हीर। धज कोटि-कोटि ऊपर सधीर।—सू.प्र.

जटियळ—सं०पु०—महादेव, शिव। उ०—महा जटियळ अगुट भेख वक्रत मयंक अलंकृत सेख मेचक उथाळी। किरणपत प्रभा परभातरा समोकर, तेज पुंज नाथ रा तणी ताळी।—भीम सीसोदिया री गीत

वि०—वह जिसके शिर पर जटा हो, जटाधारी।

जटिया—सं०स्त्री०—१ कुम्हारों की एक शाखा जो बकरियों की व ऊँटों के बालों की बुनाई का काम करते हैं. २ एक प्रकार की राजस्थानी अछूत जाति जो चमड़ा साफ करने या रंगने का व्यवसाय करती है।

जटियाळ—देखो 'जटा' (मह., रू.भे.) उ०—जटियाळ छुटाळ परै पत्र जोगणि, पै जिम खाळ रत्ताळ पड़ै।—सू.प्र.

वि०—वह जिसके जटा हो, जटाधारी. ३ देखो 'जटियळ' (रू.भे.)

जटियो—सं०पु० (स्त्री० जटणी) जटिया जाति का व्यक्ति।

जटिल—वि० [सं०] १ जो आसानी से सुलझ न सके, दुरूह. २ क्रूर, दुष्ट. ३ उलझन डालने वाला।

सं०पु० [सं० जटिल:] १ सिंह. २ ब्रह्मचारी. ३ शिव, महादेव. ४ फकीर। उ०—भग जटिल सीस लिय संग स्वांन, कर स्यांम पात्र वजित उपांन।—ला.रा.

रू०भे०—जटल।

जटिला—सं०स्त्री० [सं०] १ ब्रह्मचारिणी. २ गौतम वंश की एक ऋषि कन्या।

जटी—वि०—वह जिसके जटा हो, जटाधारी। उ०—जटी वीरभद्र घणा जगाया। आठ हजार इसा भड़ आया।—सू प्र.

सं०पु० [सं० जटि] शिव, महादेव (डिं.को.) उ०—जटी भूत प्रेत लिये लैर लग्यो, हठी वीरभद्रं तमासै उमग्यो।—ला.रा.

२ वह संन्यासी या तपस्वी जिसके सिर पर जटा हो. ३ वट वृक्ष (ह.नां. नां.मा.)

क्रि०वि०—जहाँ (रू.भे. जठी)।

उ०—मेचां सु समर मांडतै 'मोकळ', तद खाग वागी जटी तटी।
ढहिया रेण लाखां घड़ ढगळां, मुगळां पांमी नहीं मटी।
—रांणा लखमसिंह री गीत

रू०भे०—जट्टि, जट्टी, जट्ठी।

जटीधू—सं०पु० [सं० धूर्जटि] शिव, महादेव। उ०—जोवा रंगां बारंगां विरुणानाद सांमाजतो। जटीधू अजोणी नाद साभतो जंगेव।
—हुकमीचंद खिड़ियो

जटेत, जटेल, जटेस, जटेसर, जटेस्वर, जटैत, जटैल—सं०पु० [सं० जटिल:, जटा+ईश्वर] १ (जटाधारी) सिंह।

उ०—१ खूटा भंडा हबोळा हैथंडां भू वेहरी खुरां, सूर ढंकां खेहरी भू मंजं नसा तेम। रोळा काज तेहरी थटेत आया राजा माथ, जटेत केहरी दोळा फीलां टोळ जेम।—चांवंडदांन महड़ू

उ०—२ हलां करोलां तवल्लां वाज घेरियौ गिरंद हींदु, जगायौ अणी दुजांणौ अखाड़ै जटैत।—फतेसिंह महड़ू

२ वीर, योद्धा। उ०—गैण ऊचीसवा भांण खंचायौ थटैल ग्रीधां, बंकारू जटैल पाठ बंचायौ वीरांण। ऊजटैल पटा काळी नचायौ चंमंड-आळी, पटैळ वरुथां मारू मचायौ पीठांण।—महादांन महड़ू

३ शिव, महादेव।

वि०—वह जिसके सिर पर जटा हो, जटाधारी।

जट्ट—१ देखो 'जाट' (रू.भे.) २ देखो 'जटा' (रू.भे.)

जट्टा—देखो 'जटा' (रू.भे.)

जट्टाय—देखो 'जटायु' (रू.भे.) उ०—समाचार पूछे कहे भेद साहै, मिळै हंस जट्टाय वैकुंठ मांहै।—सू.प्र.

जट्टि, जट्टी, जट्ठी—देखो 'जाट' (रू.भे.) उ०—मारू आवी चउहड़इ, गांधी केरइ हट्टि। हट्ट लूसायउ वांणीयइ, वळद गमाया जट्टि।
—ढो.मा.

२ देखो 'जटी' (रू.भे.)

जठर—सं०पु० [सं०] उदर, पेट। उ०—अनंग जु कांम तेंका अंग महादेव जुदा जुदा कीया था, सु जेका जठर कहतां पेट कै विखै वसिनै जुड़िया।—वेलि.टी.

यौ०—जठरागनी, जठराग्नि, जठरानळ, जठागनि।

रू०भे०—जठरि।

मह०—जठराळ।

वि०—१ वृद्ध, बूढ़ा. २ निष्ठुर। उ०—अपहड़ अथग अरेह, जिको विनड़ियौ वधंतो। कुवचन मुख काढ़ता, जिको सुवचन जांणंतो। अेक घडी आंतरो, दोरम सोहि दाखंतो जिको जीव जीवतो, नको अंतर राखंतो। आफेई माल लेता उरो, कदे न चख भंखा किया। 'सेरसा' मरण फूटो नहीं, हूं लांणत जठर हिया।—पहाड़खां आढ़ो

जठरागनी, जठराग्नि—सं०स्त्री० [सं० जठराग्नि] उदर की अन्न पचने की गरमी या अग्नि, पेट की आग।

जठरानळ—सं०स्त्री०यौ०—जठराग्नि।

जठराळ—देखो 'जठर' (मह०, रू.भे.) उ०—दयाळ क्रपाळ संभाळ करे, जिळ भाळ कराळ विचाळ रखै। जठराळ उवाळ खुधाळ मरे, नभ नाभिन भाळ रसाळ भखै।—करुणासागर

जठरि—देखो 'जठर' (रू.भे.) उ०—पवनरि निणि प्रीति पसरि मन पवनरि, हाट भाट मोहिया हरि। अंग अनंग गया आपांणा, जुड़िया जिणि वनिया जठरि।—वेलि.

जठा-क्रि०वि०—जहां।

उ०—श्री उठाय फकत पगायो। जठा पछै नृप सिद्ध जगायो।

—सू.प्र.

जठागनि—देखो 'जठरागनि' (रू.भे.) उ०—कइ खाय सिराय पचाय जठागनि, दाय महाय सवाय मरै।—करुणासागर

जठी-क्रि०वि०—१ जिस तरफ, जिस ओर. २ जहां, जिधर।

उ०—रामदास हर रामशरण रै, वाड़ै गोधा वड़िया है। जठी तठी नै कर कर जुरड़ा, खिलखावण खड़भड़िया है।—ऊ.का.

जठै, जठै-क्रि०वि०—जहां। उ०—जोरावर तपियां जठै, भूपत आदव भांण। गांजे तूं सो देवगिर, गूजरवै सुरतांण।—बां.दा.

मुहा०—१ जठै तठै होणौ—कहीं कहीं होना, बहुत कम जगह पर होना, हर जगह या चारों ओर होना. २ जठै रौ तठै रै' जाणौ—जरा भी टस से मस न होना, उन्नति न करना, न उभरना, कार्यवाही न होना।

कहा०—१ जठै पड़ै मूसळ वठै खेमकुसळ—जहां मूसल गिरता है वहां क्षेम-कुशल रहती है, जहां कोई शक्तिशाली या समर्थ व्यक्ति पहुंचता है वहीं उसे सफलता मिलती है. २ जठै सेर वठै सवा सेर, जठै सौ वठै सवा सौ—इस संसार में कायर, वीर, निर्बल, बलवान, दुष्ट, सज्जन आदि सभी प्रकार के व्यक्ति मिलते हैं।

जडंबा-सं०स्त्री०—चौसठ योगिनियों में से एक योगिनी। उ०—देवी जम्मघंटा वदीजे जडंबा। देवी साकणी डाकणी रूढ़ सव्वा।—देवि

जड-वि० [सं०] १ जिसमें चेतनता न हो, अचेतन। उ०—देह जिकण वातां ए दोई, तिकै सदाई तीखा। बीजा जड जंगम वसुधारा, सारा जीव सरीखा।—र.रू.

२ चेष्टाहीन, जिसकी इंद्रियों की शक्ति मारी गई हो, स्तब्ध. ३ मंद बुद्धि, नासमझ, मूर्ख। उ०—मुणै जाय हरि मेले मोनूं, जड तोनूं आगूंच जताऊं। सीस नमाय सिया ले साथे, वत्तसी जदां उपाव बताऊं।

—र.रू.

४ गूंगा, मूक. ५ बहरा. ६ अनजान, अनभिज्ञ. ७ जिसके मन में मोह हो. ८ झूठा (अ.मा.) ९ जटा (उ.र.)

रू०भे०—जट्ट, जड्ड।

जडचर-सं०पु० [सं० जडश्चर] उनपचास क्षेत्रपालों में से एक।

जडटोप-सं०पु०—शिरस्त्राण, युद्ध में पहनने का लोहे का टोप, झिलमटोप।

जडणौ, जडबौ-क्रि०स०—१ टिड्डी दल का घनीभूत होना. २ अधिक होना. घना होना. ३ मोटा होना।

जडता-सं०स्त्री०—[सं० जड + रा०प्र०ता] १ अचेतनता. २ स्तब्धता. ३ मूर्खता, नासमझी. ४ गूंगापन. ५ बहरापन

जडधर, जडधार, जडधारी-सं०पु० [सं० जटाधर, जटाधारी] १ शिव, महादेव। उ०—तुं जडधार तणौ वळ जाणै। तुं महराज तणौ घर मांणै।—पी.ग्र.

स्त्री० [रा०] २ कटारी, कृपाण।

जडभरत, जडभरतरी-सं०पु०—एक प्राचीन पौराणिक राजा।

वि०वि०—परम विद्वान तथा शास्त्रज्ञ होते हुए भी ये सांसारिक वासनाओं से पीछा न छुड़ा सके थे। वानप्रस्थ होने पर भी सद्यःजात एक मृगशावक को पाल कर उससे अत्यन्त स्नेह किया। अंत में ईश्वर के स्थान में उसी का ध्यान करते हुए मरे जिसके फलस्वरूप पशु योनि में उत्पन्न हुए। चौरासी योनियां भोगते हुए पुनः मनुष्य योनि में आये किन्तु फिर भी इनकी जडता नहीं गई जिसके कारण ये जड भरत नाम से प्रसिद्ध हुये। परम विद्वान होते हुए भी इन्हें लोग मूर्ख समझते थे और केवल भोजन देकर इनसे खूब काम लेते थे। एक बार राजा सौवीर ने इन्हें पालकी ढोने में लगाना चाहा। इसी अपमान से इन्हें आत्मज्ञान हुआ। पालकी ढोना इन्होंने अस्वीकार किया जिससे इनके ऊपर मार पड़ी। किन्तु फिर भी ये टस से मस न हुए। अंत में राजा सौवीर ने इन्हें पहिचाना और क्षमा मांगते हुए इनसे ज्ञानोपदेश प्राप्त किया। भरत ने ज्ञानोद्रेक द्वारा मोक्ष प्राप्त किया।

जडळक, जडलक, जडळग, जडलग-सं०स्त्री०—१ तलवार (ह.नां.)

उ०—सत्र सारत समथा सब कोई, जडळग वह गई सग जिनोई।

—रा.रू.

२ कटार। उ०—तई सुपहां घड़ा मोड़ माहव तणा, ल्हसै अर किता रहिया होण लोग। जडळगां पांण 'मांना' हरा तो जसा, भरै कमळां जियां ऊजळा भोग।—रावत सारंगदेव कांनोड़ रौ गीत

रू०भे०—जडळग्ग, जडलग्ग।

जडळगधी-सं०स्त्री०—छुरी (डि.को.)

जडळग्ग, जडलग्ग—देखो 'जडळग' (रू.भे.) उ०—जडळग्ग प्रलग्ग अळग्ग भलै। मगथग्ग वळै पग डग्ग मिळै।—पा.प्र.

जडा-सं०स्त्री० [सं० जटा] जटा (जैन)

जडागि—देखो 'जडाग' (रू.भे.) उ०—काळै मरण मनोरथ कीधा, लाज मरण भारथ भुजि लीधा। आप तणै डेरे फिरि आयो, जोध जडागि मिळै गिर जायो।—वचनिका

जडाधर, जडाधार, जडाधारी-सं०पु० [सं० जटाधरः, जटाधारिन्] १ जटाधारी व्यक्ति. २ शिव, महादेव। उ०—१ वेद च्यारइ अनै ब्रह्म वाखांणियो। जडाधर सरीखै प्रमेसर जांणियो।—पी.ग्र.

उ०—२ केवी मुहर पूठि सुर-कांमिणि, जडाधार पासे व्योम जोगिणि। मोहिया सुर अंतरीख गयण मिणि, राइजादौ सोहियौ महारिणि।

—राठौड़ गोकुळ सुजांनसिहोत ईसरोत रौ गीत

जडाळी-सं०स्त्री०—कटारी, कृपाण। उ०—गढपतिए घणा किया गढ रोहा, परगह ले जूझिया पह। जिम कीधौ 'अमरेस' जडाळी, किणहि न कीधौ इम कळह।—केसोदास गाडण

जडि-संस्त्री० [सं० जटिका] जटी, जटिका।
संपु० [सं० जटिन्] १ जटाधारी तपस्वी (जैन) २ महादेव (जैन)
वि०—जटाधारी, जटायुक्त (जैन)
रू०भे०—जडी।

जडियाइलग, जडियाल-संपु० [सं० जटितालक, जटाल] ८८ ग्रहों में से एक ग्रह (जैन)

जडिल-वि० [सं० जटिल] जटाधारी, जटावाला (जैन)
संपु०—१ राहु (जैन) २ केसरीसिंह (जैन) ३ जटाधारी तपस्वी (जैन)

जडियल-संपु० [सं० जटिलक] राहु ग्रह का एक नाम (जैन)

जडी—देखो 'जडि' (रू.भे., उ.र.)

जडुल-संपु० [सं० जटिल] एक प्रकार का सर्प विशेष जिसके शिर पर जटा होती है (जैन)

जडौ—देखो 'जाडौ' (रू.भे.)। उ०—१ जडौ रूप तूंना ग्रणावंत जेहौ, कुहाडो त्रणा ऊपरे मात्र केहौ।—ना.द.
उ०—२ आडा दळ टक्कर हुंत उडाय। जडा दळ वीच कियौ जुध जाय।—सू.प्र.
उ०—३ थावर जंगम सुखम थूळ, छीदा भी जडा।
—केसोदास गाडण
२ जड़, मूर्ख। उ०—१ न भजै रघुनंद दयासमंदं, जे मतमंद जांण जडा। गुण राघव गाणै 'किसन' कहाणै, विच प्रथमांणै भाग वडा।
—र.ज.प्र.
रू०भे०—जड्डौ।

जड्ड-संपु०—१ हाथी (जैन) २ देखो 'जड' (रू.भे.)

जड्डौ—देखो 'जाडौ' (रू भे.)

जण-संपु० [सं० जन] (स्त्री० जणी) १ लोक, लोग।
उ०—वलि रितराइ पसाइ वेसन्नर, जण भुरड़िती रहै जगि।
—वेलि.
२ प्रजा, रय्यत. ३ अनुयायी, दास. ४ भुंड, समूह।
उ०—राजा परजा गुणिय-जण, कविजण पंडित पात। सगळां मन ऊछब हुग्रउ, वूठै तौ वरसात।—ढो.मा.
५ व्यक्ति। उ०—१ सुहिणा तोहि मराविसूं, हियइ दिराऊँ छेक। जद सोऊ तद दोइ जण, जद जागूं तद हेक।—ढो.मा.
उ०—२ राज कउ जण पाठवइ, ढोलइ निरति न होइ। माळवणी मारइ तियउ, पूगळ पंथ जिकोइ।—ढो.मा.
मुहा०—जण-जण, जणां-जणां—प्रत्येक व्यक्ति।
६ भक्त।
[सं० जन्म] ७ जन्म, उत्पत्ति. ८ संतान, औलाद।
मुहा०—जण खळणौ—संतान का मूर्ख रहना, संतान का पथभ्रष्ट होना।
[सं० जन] ९ सात लोकों में से एक लोक, जनलोक।
१० एक राक्षस का नाम।
रू०भे०—जन।
वि०—१ उत्पादक, उत्पन्न करने वाला. २ सज्जन।
उ०—पिण पंथ वीर जूजुग्रा पधारचा, पुरि भेळा मिळि कियौ प्रवेस। जण दूजण सहि लागा जोवण, नर नारी नागरिक नरेस।
—वेलि.
सर्व०—जिस। उ०—१ चमत्कार जण हुवौ सचेळी। भांण हुवौ जांणै जळ भेळी।—सू.प्र. उ०—२ जण तण ग्रागळ जोय, पड़ियां काज न पालटै। लागे सैणां लोय, मिसरी सरखौ मोतिया।
—रायसिंह सांदू
क्रिवि०—जब।
रू०भे०—जणौ, जन।

जणग्र-संपु० [सं० जनक] पिता (जैन)

जणइ-संस्त्री० [सं० जनिका] उत्पन्न करने वाली, जन्म देने वाली (जैन)

जणइउ-संपु० [सं० जणयितृ] जनक, पिता (जैन)

जणाईत्तर, जणइत्तु-वि० [सं० जनयितृ] उत्पन्न करने वाला, उत्पादक (जैन)

जणक-संपु०—जन्म (ह.नां.) २ देखो 'जनक' (रू.भे., जैन)

जणजण, जणज्जण-संपु०यौ०—प्रत्येक व्यक्ति।
उ०—१ विसतरी कत्थ जणजण वदन, ग्ररि मति घणां अभावियौ। एसा जवांन लीधां ग्रडर, खांन मुदप्फर ग्रावियौ।—रा.रू.
उ०—२ विथा भुव भार फणप्फण व्याळ। कणक्कण फौज जणज्जण काळ।—मे.म.

जणण-संपु० [सं० जनन] १ जन्म, उत्पत्ति (ह.नां.) २ वंश. ३ संतान।
रू०भे०—जनन।

जणणि, जणणी-विस्त्री० [सं० जननी] संतान उत्पन्न करने वाली, प्रसव करने वाली।
संस्त्री० [सं० जननी] माता। उ०—१ जणणि तिलक कीधउं वीर नूं नांम लीधउं।—विराट पर्व उ०—२ पातसाह ग्रकबर ग्रापरी जणणी नूं कांध दियौ।—बां दा. ख्यात
उ०—३ वहू कन्हां जणणी इक वार, ग्रारीसउ मांग्यउ तिणि वार।
—ढो.मा.
रू०भे० —जननी, जनूनी।

जणणौ, जणवौ-क्रिस०—१ संतान उत्पन्न करना, प्रसव करना, जन्म देना। उ०—१ जे विण पदम रांणियां जणियौ, भाई पिता तिके सव भणियौ।—सू.प्र. उ०—२ माई एहा पूत जण, जेहा रांण प्रताप। ग्रकवर सूतौ ग्रोधकै, जांण सिरांणै साप।
—प्रथ्वीराज राठौड़
२ जानना। उ०—जंप जीव नहिं ग्रावतौ जांणै, जोवण जावणहार जण। वहु विलखी वीछड़ती वाळा, वाळ संघाती वाळपण।—वेलि.

जणणहार, हारौ (हारी), जणणियौ— वि०।

जणवाड़णौ, जणवाड़बौ, जणवाणौ, जणवाबौ, जणवावणौ, जणवावबौ, जणाड़णौ, जणाड़बौ, जणाणौ, जणाबौ, जणावणौ, जणावबौ— प्रे०रू०।

जणिग्रोड़ौ, जणियोड़ौ, जण्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जणीजणौ, जणीजबौ—कर्म वा०।

जणपय–सं०पु० [सं० जनपद] देस (जैन)

रू०भे०—जणवय।

जणय–सं०पु० [सं० जनक] पिता (जैन)

जणवइ–सं०पु० [सं० जनपति] प्रजा का मुखिया, राजा।

उ०—ग्राइसु विहुरह दीधउं राइ, दह दिसि जणवइ जोवा धाइ।
—पं.पं.च.

जणवय—देखो 'जणपय' (रू.भे., जैन)

वि० [सं० जानपद] देश में उत्पन्न, देश निवासी (जैन)

जणवयकल्लाणिग्रा–स०स्त्री० [सं० जनपदकल्याणिका] चक्रवर्ती की रानी।

जणवा–सं०स्त्री०—सीरवी नामक एक काश्तकार कौम का भेद या शाखा।

जणवौ–सं०पु०—१ जन्म देने का कार्य. २ जणवा जाति का व्यक्ति।

जणां–क्रि०वि०—जब। उ०—१ जणां खीमसी बीठू नूं बुलाय के कही जे कुंवर जाय समझाय जे थारै विवाह तौ वगा हो हुग्रा।
—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—२ दिल मति धारौ देर, पधारौ पांवणा। समझूं जणां सनेह, ग्रचांणक ग्रावणा।—सिववक्स पानावत

सं०पु०—जन, लोग।

जणाड़णौ, जणाड़बौ, जणाणौ, जणाबौ–क्रि०स०—१ जन्म दिलवाना, प्रसव कराना. २ बतलाना, प्रकट करना, जतलाना।

उ०—१ ग्रर कोई नैमित्तिक महा ग्रंधकार में निसीथ रै समय दक्षिण दिसा रै द्वार जाय जिकै बडा जतन रै साथ गढ मांहिला नूं जणाया।—वं.भा.

उ०—२ सु तरै देवीजी सूं इंछना करी, मो ग्रागै ग्रा फौज भाजै तौ हूं तुरंत देवीजी नै म्हारौ माथौ चाढूं। मन मांहै इंछना की। बात किणही नूं जणाई नहीं।—नैणसी

जणाणहार, हारौ (हारी), जणाणियौ— वि०।

जणायोड़ौ—भू०का०कृ०।

जणाईजणौ, जणाईजबौ—कर्म वा०।

जणाड़णौ, जणाड़बौ, जणाणौ, जणाबौ—रू०भे०।

जणायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ प्रसव कराया हुग्रा. २ बतलाया हुग्रा, जताया हुग्रा (स्त्री० जणायोड़ी)

जणाव–सं०पु०—जानकारी, ज्ञान। उ०—पीछै इण बात रौ जणाव नसै गोसै नूं रावसिवजी नूं हुवौ।—द.दा.

जणावणौ, जणावबौ—देखो 'जणाणौ, जणाबौ' (रू.भे.)

उ०—माल उडावै ग्रावै मस्ती, तन पर लावै तमारषां। जद वेवां सूं हेत जणावै, सेजा रमै सिकारषां।—ऊ.का.

जणावियोड़ौ—देखो 'जणायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० जणावियोड़ी)

जणि—१ देखो 'जणी' (रू.भे.) उ०—रति मदन वदन हुइ होण रस, रसि उज्जळि पावस धरणि। नव-नव विलास नरपत्ति रा, ज्यों हुलास हरि गोपि जणि।—रा.रू.

सं०स्त्री० [सं० जनि] २ माता। उ०—धणि सस जणि थण-धण वलय, हणै सुहड़ कर हांम। चौरंग में चंदहास रो, विरध होय बदनांम।—रेवतसिंह भाटी

जणिय–वि० [सं० जनित] उत्पन्न हुवा हुग्रा (जैन)

जणियांणी–स०स्त्री०—प्रजनन करने वाली, स्त्री, ग्रौरत।

जणिया–सं०स्त्री० [सं० यामिनी] रात्रि (ग्र.मा.)

जणियार–सं०पु०—१ जगत का पिता, राजा।

उ०—खळ खेंगरण वडा ब्रिद खाटण, वैरां सूं चाळवण विरोध। सोमि सनाह दुवाहा सांमंत, जगि जणियार कळोधर 'जोध'।
—राठौड़ सुजाणसिंह ग्रासकरणोत री गीत

वि० (स्त्री० जणियारी) उत्पन्न करने वाला, पैदा करने वाला।

उ०—जुध जणियार ग्रभनमा 'जैता', सुकव करै वाखांण सह। तौ तो भुज भार चित्रगढ तेहा, कौ कव रथ चौ भार कह।
—चत्रभुज बारहठ

जणियारी–सं०स्त्री०—जन्मदातृ, माता। उ०—गोरी पणियारी तेजो तन गाजै। लारै धोरी रै जणियारी लाजै।—ऊ.का.

जणियोड़ौ–भू०का०कृ०—जन्म दिया हुग्रा, प्रसव किया हुग्रा। (स्त्री० जणियोड़ी)

जणियौ–सं०पु० [सं० जात] बेटा, पुत्र, लड़का। उ०—सुण मरियौ सुत एकलो, सासू प्रभणै धार। मो जणियौ कायर थियौ, बेटी वळण निवार।—वी.स.

जणी–सं०स्त्री० [सं० जनी] नारी, महिला (जैन)

सर्व०—१ जिस। उ०—इसड़ै टोटै हूं सखी, वारी बार ग्रनंत। पोत जणी में मोतियां, चूड़ो मैंगळ दंत।—वी.स.

२ उस। उ०—पाई फतै रोळै पाव ढूंढाड़ दराया पाछा, डांण ग्रायै वहाई न भूलो घाव डाव। ऊग्रांवरे 'पत्ता' मार भालां धरा ग्रापणाई, सुथाळा जणी नूं पाछी वढाई सुजाव।
—राजरांणा माधोसिंह झाला री गीत

क्रि०वि०—जब भी, जब।

रू०भे०—जणि।

जणीता, जणीती–सं०स्त्री०—जन्मदात्री, माता, जननी।

जणीतौ–सं०पु० (स्त्री० जणीता, जणीती) जन्म देने वाला, पिता।

जणुम्मि–सं०स्त्री० [सं० जनोर्मि] मनुष्यों की तरंग के समान पंक्ति। (जैन)

जणे—देखो 'जणै' (रू.भे.)

जणेता-सं०स्त्री०—जन्मदात्री, माता। उ०—देवी कोप रै रूप में काळ जेता, देवी क्रिया रै रूप माता जणेता।—देवि.

जणै-क्रि०वि०—जब। रू०भे०—जणे।

जणौ-सं०पु० [सं० जनक] १ पिता। उ०—पख दुहूं नूमळ सासरौ पीहर, जेठ 'अमर' 'सत्रसाल' जणौ। रांणी पांणी धरम राखियौ, ताणौ हिंदुसथांन तणौ।—जममांदे हाडी री गीत

२ देखो 'जण' (१,५) उ०—आवासि उतारि जोड़ि कर ऊभा, जण-जण आगै जणौ-जणौ। रांम किसन आया राजा रै, तौ कौ अचिरज मनुहार तणौ।—वेलि.

यौ०—जणोजण।

जण्ण-सं०पु० [सं० यज्ञ] १ यज्ञ (जैन) २ इष्टदेव की पूजा (जैन)

जण्णइ-वि० [सं० यज्ञिन्] यज्ञ करने वाला (जैन)

जण्णइज्ज-सं०पु० [सं० यज्ञीय] उत्तराध्ययन सूत्र के २५ वें अध्ययन का नाम (जैन)

वि०—यज्ञ सम्बन्धी (जैन)

जण्णजाइ-सं०पु० [सं० यज्ञयाजिन्] यज्ञ करने वाला (जैन)

जण्णदत्त-सं०पु० [सं० यज्ञदत्त] इस नाम का एक साधु (जैन)

जण्णवाड-सं०पु० [सं० यज्ञवाटः] यज्ञ करने का एक स्थान (जैन)

जण्णोवईय-सं०पु० [सं० यज्ञोपवीत] यज्ञोपवीत (जैन)

रू०भे०—जन्नोवाईय।

जण्हं-अव्य०—जहां, जिस लिये (जैन)

जण्हवी-सं०स्त्री० [सं० जाह्नवी] गंगा, भागीरथी (जैन)

जतंद्र, जतंद्रीयौ—सं०पु० यौ० [सं० जितेन्द्रिय] १ देखो 'जितेंद्रिय' (रू.भे.)।

उ०—१ क्रम ऊसस तांम जतंद्र कहै। वळ हाथ अमां तुझ हंस वहै।
—पा.प्र.

उ०—२ नागेस पनंगां सिरै जतंद्रीयौ वायनंद, चवां गोरखेस जोगारंभां सिरै चींत। उदघां खीरोद सिरै जुवां गुड़ाकेस ओपै, ओपै खाग त्याग सिरै उदां रौ आदीत।
—नींबाज ठाकुर सांवतसिंह रौ गीत

जत-सं०पु० [सं० यतित्व] १ जितेन्द्रिय होने का भाव।

उ०—सांगी सत हीणा है जत हीणा मत हीणा मांगंदा है।—ऊ.का.

२ शील धर्म, सतीत्व। उ०—नित नार निहार अपार निसा, जत खोवण जार हजार जिसा।—ऊ.का.

३ जन्म. ४ एक मुसलमान कौम।

जतधार-सं०पु०—हनुमान। उ०—जतधार जावौ करै कावौ खवर ल्यावौ खोद। धर धाख धावै जठै जावै हर अभावै हेरनै।—र.रू.

वि०—जितेन्द्रिय।

जतन-सं०पु० [सं० यत्न] १ साधन। उ०—चाकरी वाळा रै घोड़ौ चावै। कपड़ा चावै। हथियार चावै। चाकर चावै। खरची चावै। इतरौ थां नखे जतन नहिं।—पंचमार री वात

२ उपाय, तरकीब।

मुहा०—जतनां दही जमणौ—यत्न से ही दही जमता है। बुद्धिमानी से ही कार्य अच्छा होता है।

३ प्रयत्न, कोशिश। उ०—गावण म्हारा गीत परणी जतन करंती, ओढण मैलौ चीर गोद में वीण धरंती। ईखे मिंत पयोद आंखड़ी नीर भरंतां, भूली राग सुवाळ जतन सूं तार लुवंतां।—मेघ.

४ रक्षा, हिफाजत। उ०—१ क्रपण जतन धन रौ करै, कायर जीव जतन्न। सूर जतन उण रौ करै, जिण रौ खाधौ अन्न।
—वां.दा.

उ०—२ सू चंडौळी रा सिरदार जसवंतसिंहजी पछाड़ी हुरमखांनै रै जतन सारू हुता।—द.दा.

५ प्रबंध, व्यवस्था। उ०—अबार तौ इणां नै डेरा दिरावौ, खाणा-दांणा रा जतन करावौ।—रीसालू री वात

६ आदर-सत्कार। उ०—जठै जुमाई उजींण रौ परधांन है। जणी नै मास एक सूधी गांम मांहै राख्या भली भांत सौं जतन करे नै डायचौ दे अर सीख दीवी।—गांम रा धणी री वात

७ प्रमाण, पुष्टि। उ०—अनि सुकवि कोइक पूछै अभास, किण अरथ नांम सूरिज प्रकास। जिण जतन काजि साचौ जबाब, संजुगत अरथ दाखूं सताब।—सू.प्र.

क्रि०वि०—लिए।

रू०भे०—जतनि, जतनी, जतनेत, जतन्न।

जतनां-क्रि०वि०—लिये। उ०—ऐ कूंपा साथे अहंकारी, धणी तणा जतनां व्रतधारी।—रा.रू.

जतनि, जतनी—देखो 'जतन' (रू.भे.) उ०—जोध सहरी गढ जतनि सदृढ़ जादव पण सच्चै। सूर पणै समरत्थ रीत अनि पंथ न रच्चै।
—रा.रू.

वि०—यत्न करने वाला, चतुर, चालाक।

जतनेत, जतन्न—देखो 'जतन' (रू.भे.) उ०—१ अकबर रै बेटा तणी, हुरमां सहित जतन्न। भरम निवेड़े आपिया, तेड़े 'खींव करन्न'।
—रा.रू.

उ०—२ जस गाडां भरियौ जुड़ै, जग सो करौ जतन्न। औ आभरणां आभरण, रतनां सिरै 'रतन्न'।—वां.दा.

उ०—३ दिय सहंस तावीन, दीध महाराज पायदळ। उभै सहँस उमराव, बंधव जतनेत सहँसवळ।—सू.प्र.

जतराव-सं०पु०—जितेन्द्रिय व्यक्ति यथा—लक्ष्मण, हनुमान, पावू राठौड़ आदि। उ०—जतराव महा सिध पंथ जुओ। हाय आज भालाळ त्रिकाळ हुओ।—पा.प्र.

जतरै-क्रि०वि०—जब तक, जितने में। उ०—धूंम सुणै चख आग धकतरै। जाजुळ ग्राह जागीयौ जतरै।—र.ज.प्र.

रू०भे०—जतलौ।

जतरौ- (बहु० जतरा) देखो 'जितरौ' (रू.भे.)

उ०—जतरौ मुख आखी जवन, वात बणाय-बणाय। सह झूठा मीठा वयण, दीठा न आया दाय।—रा.रू.

(स्त्री० जतरी)

जतळाणो, जतळावौ—देखो 'जताणौ' (रू.भे.)

उ०—१ बिहंगी हिरणी-सी फिरणी बिजकाती। मुखड़ो मुसकाती जोरो जतळाती।—ऊ.का. उ०—२ भंवर-नाभि निरखाय वहंती मन भरमावै। प्रगट अंगां प्रीत भांम कद कह जतळावै।—मेघ.

जतळायोड़ो—देखो 'जतायोड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० जतळायोड़ी)

जतळावणो, जतळावबौ—देखो 'जताणौ' (रू.भे.)

जतलो (बहु० जतला) देखो 'जितरौ' (रू.भे.) (स्त्री० जतली)

जताणो, जतावौ—क्रि०स०—१ जताना, ज्ञात कराना, बतलाना।

उ०—१ मुर्गे जाय हरि मेले मोनूं, जड तोनूं आगूंच जताऊं। सीस नमाय सिया ले साथै, यचमो जदां उपाव बताऊं।—र.रू.

उ०—२ सो पती रा सूरवीरपणा री आंनै जतायौ के भागलां री घर नहीं सूरवीरां री छै सो अठा जाय नहीं सकसी नीकळणी मुसकल होवसी।—वी.स.टी.

२ आगाह करना।

रू०भे०—जतळाणो, जतळावौ, जतावणो, जताववौ।

जतायोड़ो—भू०का०कृ०—१ जताया हुआ, बतलाया हुआ. २ आगाह किया हुआ (स्त्री० जतायोड़ी)

रू०भे०—जतावियोडो।

जतालो—वि० [सं० यतवान] १ साहसी. २ ब्रह्मचारी।

जताव—सं०पु०—१ असर, प्रभाव. २ प्रकट होने का भाव।

उ०—तरै देवराज कह्यो 'भली वात' पिण आदमी पाछा मेलिया, कहाड़ियो-'म्हांरै मांथै वैर छै, हूं फलांणा दिन रै साहा ऊपर आईस, घणो जताव राज किणही नूं मत करो'।—नैणसी

रू०भे०—जतावो।

जतावणो, जतावबौ—देखो 'जताणौ' (रू.भे.) उ०—पती मरण री सोक नहीं करणी सती होवणी जतावै है।—वी.स.टी.

जतावियोड़ो—देखो 'जतायोड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० जतावियोड़ी)

जतावो—देखो 'जताव' (रू.भे.)

जतिंद्र—देखो 'जितेंद्रिय' (रू.भे.) उ०—विधना अंक मेटण को वरणै, पह वळ जतिंद्र जको परणै।—पा.प्र.

जति—देखो 'जती' (रू.भे.) उ०—लांगो हणमंत पराक्रम लेखि, दियै नह हार जति वप देखि।—सू.प्र.

जतिईस—सं०पु० [सं० यतीश] १ यती. २ हनुमान।

जति चांद्रायण—सं०पु०—एक प्रकार का व्रत जिसका विधान यतियों के लिये है।

जती—सं०पु० [सं० यति] १ जितेन्द्रिय व्यक्ति। उ०—१ साध सरावै सो सती, जती जोखता जांण। रज्जब सांचे सूर को, वैरी करै वखांण।—रज्जबदास

उ०—२ हलै हेक राई न को सम्म होतां, जती जीव चालै न ज्यूं वांम जोतां।—सू.प्र.

२ श्वेताम्बर जैन साधु। उ०—आ परत जिणमें बात कुसळचंद जती री बणायोड़ी छै।—ढो.मा.

३ योगी. ४ हनुमान (नां.मा.) उ०—जटी आक ओकबो सिधेस को भोखबो जंगां। जती को मोखबो नगां लंका सीस भाल।—हुकमीचंद खिड़ियो

५ लक्ष्मण (नां.मा.) उ०—एही रांम दाखे जती वैण एहा, दनां तांम पाई महादिव्य देहा। सू.प्र.

६ संन्यासी. ७ ऋषि. ८ ब्रह्मा का एक पुत्र. ९ नहुष का एक पुत्र. १० ब्रह्मचारी. ११ छप्पय का एक भेद जिसमें ५ गुरु और १४२ लघु मात्रायें होती हैं।

[सं० यती] १२ छंदों में लय ठीक रखने के लिये थोड़ा विश्राम. १३ रोक, रुकावट. १४ मनोविकार।

अव्य० [सं० यदि] यदि, अगर (जैन)

रू०भे०—जति।

जतीवाह—सं०पु०—गरुड (नां डि.को.)

जतीव्रती—वि० [सं० यतव्रती] ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करन वाला, जितेन्द्रिय। उ०—जटाधारी जोगधारी अभूत अनाद जोगी, पांणो नमो सींगी नाद पूरता प्रकास। जतीव्रती सिधनाथ आदेस करंता जठै, सिधेस रमंता जठै सहसा सुहास।—महाराजा मांनसिंह

जतु—सं०पु०—१ वृक्ष का गोंद. २ शिलाजीत. ३ लाख, लाक्षा।

जतेंद्र—देखो 'जितेंद्रिय' (रू.भे.) उ०—कहीस ओपमा अनोप धीजिती कविंद्र की। महा सु सूरवीर की जनेत है जतेंद्र की।—पा.प्र.

जतेक—वि०—जितने।

जतै, जतै—क्रि०वि०—जब तक। उ०—भालां तणो पांणगो भारी, 'कुंभ' कळोधर जतै कियो। तण अपहार वेवलां तोड़े, गोरी सेन अचेत गियो।—उडणा प्रथ्वीराज रो गीत

जत्त—सं०पु० [सं० यत्त] देखो 'जत' (रू.भे.)। उ०—सीता छांडै सत्त, जत्त लिछमण सूं जावै। महाजोध हणमंत कळा वळहीण कहावै।—चौथो वीठू

जत्ता—सं०स्त्री० [सं० यात्रा] प्रयाण, यात्रा (जैन)

जत्ताभयअ, जत्ताभयग—सं०पु० [सं० यात्राभतक] यात्रा में साथ रहने वाले नौकर (जैन)

जत्तासिद्ध—सं०पु० [सं० यात्रासिद्ध] बारह बार समुद्र की यात्रा कर के सकुशल लौट आने वाला व्यक्ति (जैन)

जत्तिय—वि० [सं० यावत्] जितना (जैन)

जत्ती—देखो 'जती' (रू.भे.) उ०—ईस अणवर ब्रह्म अत्ती, जांन साथै कोड़ जत्ती।—पी.ग्र.

जत्ती—अव्य० [सं० यतस्] जहां (जैन)

जत्ते—क्रि०वि०—जब तक।

जत्य, जत्यो—सं०पु० [सं० यूथ] झुंड, समूह, गिरोह। उ०—मिळ वीर मेळा प्रेत वेळा खेत खेळा नच्चए। जिदराव सत्थं 'पाल' मत्थं संचए।—पा.प्र.

मुहा०—१ जत्थै जुतणौ—पक्ष करना, तरफ होना. २ जत्थै बोलणौ—देखो 'जत्थै जुतणौ'।

क्रि०वि० [सं० यत्र] जहां (जैन) उ०—धम्म सुधम्म पहांण जत्थ नहु जीव हणिज्जइ, धम्म सुधम्म पहांण जत्थ नहु कूड़ भणिज्जइ।
—ऐ.जै.का.सं.

रू०भे०—जथौ।

जत्र–क्रि०वि० [सं० यत्र] जहां, जहां पर।

उ०—१ जिण सुतण 'ग्रनेरण' हुवौ जत्र। तिण सुतण 'व्रदनर' 'विरुप' तत्र।—सू.प्र.

उ०—२ कणियर तरु करणि सेवंती कूजा, जाली सोवन गुलाल जत्र। किरि परिवार सकळ पहिरायौ, वरणि वरणि ईए वसत्र।—वेलि.

यौ०—जत्र-तत्र।

सं०पु०—नाश, संहार। उ०—जिकै छत्र गजगत्त जत्र त्यां हुये ग्रलग्गा। जिकै काळ लंकाळ लुळै लुळ पाये लग्गा।—नैणसी

यौ०—जत्रकत्र।

जत्रकत्र–सं०पु०—नाश, संहार। उ०—ग्रातपत्र खोस ग्रारूढ़ कीधौ उठै, जत्रकत्र कियौ खळ जगत जांणी। तैं जणणी उवारचौ पड़चौ कस्ट तत्र-तत्र, रह पखू 'जैत' रै राजरांणी।—वालावख्स वारहठ

जत्रांकत्रां—देखो 'जत्र-कत्र' (रू.भे.)

उ०—कोस दोय दंताळा दकूळ भूळ जत्रांकत्रां। पत्रां तूळ कीधौ वत्रां वधूळ पटैल।—हुकमीचंद खिड़ियौ

जथा–ग्रव्य० [सं० यथा] जिस प्रकार, जैसे, ज्यों।

सं०स्त्री०—१ डिंगल-गीतों में प्रयुक्त होने वाला ग्रलंकार विशेष, एक प्रकार का शब्दालंकार. २ डिंगल-गीत रचना के नियम विशेष। ये कुल २५ हैं—ग्रंत, ग्रजोगजोग, ग्रनूप, ग्रहिगत, ग्राद, इधक, एकरंगीभ्रांति, ग्यांन, जोगग्रजोग, निस्चयांतभ्रांति, न्यून, परस्पर-माळागुण, मुगट, मुगताग्रह, मुगतग्रहवंध, वरण, वितीरेक, विधानीक, संकळ, सम, सर, सरळगत, सिर, सीलसम, सुद्ध।

३ मंडली, समूह. ४ पूंजी, संपत्ति. ५ सत्य, सच्चाई (ग्र.मा.)

कहा०—१ जथा नांम तथा गुण–जैसा नाम वैसा ही गुण, नाम के समान ही गुण होना। २ जथा राजा तथा प्रजा–जैसा स्वामी वैसा सेवक।

जथाक्रम–क्रि०वि०यौ०— [सं० यथाक्रम] क्रमशः, तरतीववार (ग्र.मा.)

जथाजथ–ग्रव्य० [सं० यथातथ्य] ज्यों का त्यों, यथातथ्य (ह.नां.)

जथाजात–वि० [सं० यथाजात] १ मंद बुद्धि, मूर्ख (ग्र.मा., ह.नां.) २ सुस्त, काहिल।

जथाजोग, जथाजोग्य–ग्रव्य० [सं० यथायोग्य] यथोचित, यथायोग्य, उपयुक्त। उ०—दई न रचतौ विध दुनी, सच 'प्रताप' सांमंत। जथाजोग जच जीह कौ, कवि की कवत कहंत।—जैतदांन वारहठ

जथातथ, जथातथि–ग्रव्य० [सं० यथातथ्य] ज्यों का त्यों, जैसा हो वैसा ही।

वि०यौ० [सं० यथातथ्य] सत्य। उ०—इण रीति मीसण विजय सूर री वचन सुणि वाटी री ग्रनुचर पाछौ जाइ जथातथ वात कही।
—वं.भा.

जथानियम–ग्रव्य०—यथानियम, नियमानुसार।

सं०पु०—डिंगल गीतों की जथाग्रों से संबंधित नियम।

जथान्याय–ग्रव्य०—न्याय के ग्रनुसार, यथान्याय।

जथारत, जथारथ–ग्रव्य०यौ०—यथातथ्य, ज्यों का त्यों।

वि०—यथार्थ, ठीक, उचित।

जथारथता–सं०स्त्री०यौ० [सं० यथार्थता] यथार्थता, सच्चाई, सत्यता।

जथारुचि, जथारुची–ग्रव्य०यौ० [सं० यथारुचि] रुचि के ग्रनुसार, यथारुचि, इच्छानुसार।

जथालाभ–वि०यौ० [सं० यथालाभ] जो कुछ मिले उसी पर निर्भर।

जथाविधि–ग्रव्य० [सं० यथाविधि] विधि के ग्रनुसार, विधिपूर्वक।

उ०—पधरावि त्रिया वांमै प्रभणावै, वाच परसपर जथाविधि। लाधी वेळा मांगी लाधी, निगम पाठ के नवे निधि।—वेलि.

जथासंभव–ग्रव्य०यौ०—[सं० यथासंभव] जहाँ तक हो सके, यथासंभव।

जथासकती, जथासक्ति, जथासगती–ग्रव्य०यौ० [सं० यथाशक्ति] जितना हो सके, सामर्थ्य के ग्रनुसार, भरसक।

जथासमै–ग्रव्य०यौ० [सं० यथा समय] ठीक समय पर, यथा समय।

जथास्थान–ग्रव्य०यौ० [सं० यथासमय] ठीक स्थान पर, यथास्थान।

जथौ—देखो 'जत्थौ' (रू.भे.) उ०—ग्रोड वोलाया। सहर-सहर रा ग्रोड ग्रावै छै। गुजरात रा ग्रोड ग्राया। पाल्हौ ग्रोड गुजरात री दौ सौ ग्रादमियां रै जथै सूं ग्रायौ।—जसमा ग्रोडणी री वात

जद–क्रि०वि० [सं० यदा]१ जव। उ०—जद जागूं तद एकली, जद सोऊं तद वेल। सोहणा थे मने छेतरी, वीजी तीजी हेल।—ढो.मा.

मुहा०—१ जदकद—जव कभी. २ जद तद—देखो 'जद कद'. ३ जद तद—हर समय।

रू०भे०—जदा, जदे, जदेक, जदै, जद्दं, जद्द, जद्दै।

२ देखो 'जादव' (रू.भे.) उ०—ग्रवत्तरि दसवारं भार भूंमि उतारं। कुळ जद सिणगारं देव ग्राणंदकारं।—पिं.प्र.

जदपत–सं०पु०यौ० [सं० यादवपति] श्रीकृष्ण (पिं.प्र.)

जदपि, जदपी–क्रि०वि० [सं० यद्यपि] यद्यपि, ग्रगरचे।

उ०—सुं ग्रांख्यां नैं देखिवा की त्रिपति होय नहीं। जदपि मन नै त्रिपति हुई छै।—वेलि.

जदरथ—देखो 'जयद्रथ' (रू.भे.)। उ०—जदरथ सलव वुलवुल जिसा दईत किता ही दोटिया।—पी.ग्र.

जदरांण–सं०पु०यौ० [सं० यदुराज] श्रीकृष्ण।

जदवंस—देखो 'जदुवंस' (रू.भे.) उ०—जदवंस उजाळ भुजाळ महा गुण जांण। तप तेज दिनंकर जेम तपै तुडि तांण।—ल.पिं.

जदा—देखो 'जद' (रू.भे.)

जदि, जदी–क्रि०वि० [सं० यदि] जब। उ०—१ जळ क्रीड़ा नृप पदम रमै जदि। तन पदमणि उदती देखे तदि।—सू.प्र.
उ०—२ जदी भोम्यं पूछी, कहै थांरी जात कांई अर कठै रहो। जदी यो बोल्यो कहै, फलांणी जायगा रहूं अर फलांणी म्हारी जात।—पंचमार री वात

जदीक–क्रि०वि०—जब भी, जब।

जदु–सं०पु० [सं० यदु] १ देवयानि के गर्भ से उत्पन्न ययाति राजा का सब से बड़ा पुत्र। श्रीकृष्ण इन्हीं के वंश में हुए थे. २ यदुवंश. ३ श्रीकृष्ण।
रू०भे०—जदू।

जदुकुळ–सं०पु० [सं० यदुकुल] यदुवंशी महाराज यदु से उत्पन्न संतान।

जदुणंदण, जदुनंदण–सं०पु० [सं० यदुनंदन] श्रीकृष्ण (जैन)

जदुनाथ–सं०पु० [सं०] श्रीकृष्ण।

जदुपत, जदुपति–सं०पु०यौ० [सं० यदुपति] श्रीकृष्ण।
उ०—१ वसु साधार आधार खट ही वरन, जीव जण वारवै कूट जातां। आथ भरतार अणपार जदुपत उमंग, वार तण ही करी परार वातां।—रावळ अमरसिंह रो गीत
उ०—२ विधिजा सारद वीनवूं, सादर करो पसाव। पावाड़ो पनगां सिरे, जदुपति कीनो जाय।—ना.द.

जदुपाळ–सं०पु० [सं० यदुपाल] श्रीकृष्ण।

जदुपुर–सं०पु० [सं० यदुपुर] यदुराजा का नगर, मथुरा।

जदुवंसी—देखो 'जदुवंसी' (रू.भे.)

जदुरांम–सं०पु०यौ० [सं० यदु+राम] यदुवंश के राम, बलराम।

जदुराई, जदुराज, जदुराय–सं०पु० [सं० यदुराज] श्रीकृष्ण।

जदुवंस–सं०पु०—राजा यदु का वंश।
उ०—उण वार रांम जदुवंस इंद। सरदंत जांण राका समंद।
—रा.रू.
रू०भे०—जदवंस, जदूवंस।

जदुवंसी–सं०पु० [सं० यदुवंशी] १ यदुवंश में उत्पन्न व्यक्ति. २ श्रीकृष्ण (ह.नां)
रू०भे०—जदुवंसी, जदूवंसि, जदूवंसी।

जदुवर–सं०पु०यौ० [सं० यदुवर] श्रीकृष्ण।

जदुवीर–सं०पु० [सं० यदुवीर] श्रीकृष्ण।
रू०भे०—जदूवीर।

जदू—देखो 'जदु' (रू.भे.)

जदूणी–क्रि०वि०—जब से। उ०—जळी जदूणी केतकी, जळया न उणहि संग। प्रीत विगोवै भंवरा, भसमि चढ़ावै अंग।—र.रा.

जदूवस—देखो 'जदुवंस' (रू.भे.)

जदूवंसि, जदूवंसी—देखो 'जदुवंसी' (रू.भे.) उ०—सिरै भांति सारी कळा अधिकारी करमी कहावै। जदूवंसि जांमो सिधावंत सांमो नवै खंडि नांमो अनंमी नमावै।—ल.पि.

जदूवीर—देखो 'जदुवीर' (रू.भे.)

जदे, जदेक, जदै, जद्दं—देखो 'जद' (रू.भे.) उ०—१ सिर ढाल कड़क्कड़ रूक सदै। जिम वाग डंडेहड़ फाग जदै।—रा.रू.
उ०—२ जिकै वार बोले वडा पात जद्दं। वडा वंस वाखांण हद्दं विहद्दं।—सू.प्र.

जद्द–वि० [फा० ज्यादा] १ अधिक, ज्यादा. [सं० योद्धा] २ प्रचंड, बलवान।
क्रि०वि०—देखो 'जदपि' (रू.भे.)

जद्दपि—देखो 'जद्यपि' (रू.भे.)

जद्दव—देखो 'जादव' रू.भे.) उ०—पंडव पत्थ सहाय, क्रिस्न आयो जिमि जद्दव। क्रिसि सूके तें मेघ, मनहु धायो धुर भद्दव।—ला.रा.

जद्दांणी–वि०—यादव वंश का, यादव वंश संबंधी।
सं०पु०—यादव वंश का पुरुष।
रू०भे०—जद्दोणी।

जद्दापि, जद्दिप—देखो 'जद्यपि' (रू.भे.)

जद्दुरांण–सं०पु०यौ० [सं यदुराज] यादवराज, श्रीकृष्ण।

जद्दै—देखो 'जद' (रू.भे.) उ०—मदोमत्त हाथी हुवै हीण मद्दै, जिसो रैणका पुत्र दीसंत जद्दै।—सू.प्र.

जद्दोणी—देखो 'जद्दांणी' (रू.भे.) उ०—जल्लह सुता जद्दोणी, रूमा आंणी जिण रांणी।—वं.भा.

जद्यपि–क्रि०वि० [सं० यद्यपि] यद्यपि, अगरचे। उ०—अति प्रेरित रूप आंखियां अत्रिपत, माहव जद्यपि त्रिपत मन। वार वार तिम करै विलोकन, धण मुख जेही रंक धन।—वेलि.
रू०भे०—जद्दपि, जद्दापि, जद्दिप।

जधा—देखो 'जहा' (रू.भे.) (जैन)

जनकेस–सं०पु०—राजा जनक। उ०—दसा एम राजा जनकेस देखै। प्रतंग्या धरी आप सो वात पेखै।—सू.प्र.

जनंगम–सं०पु० [सं०] भंगी, चांडाल।

जन—देखो 'जण' (रू.भे.)। उ०—असमझ समझ अखीजं तो पण, हरिनांम ग्रवत जन तारत। जिम परसत अजांण दगधत, तन समथ्य दावानळ।—र.ज.प्र.

जनअ–सं०पु० [सं० जनक] पिता (जैन)
रू०भे०—जनय।

जनक–सं०पु० [सं०] १ जन्मदाता, पिता। उ०—हर रिख दस सिर विजय हित, धर निज कर सर धनक। पढ़त 'किसन' कवि सरण पय, नय रघुवर जग जनक।—र.ज.प्र.
२ उत्पादक. ३ अपने अध्यात्म तथा तत्वज्ञान के लिए प्रसिद्ध एक विख्यात पौराणिक राजा, जो राजा निमि के पुत्र थे। इन्होंने ही मिथिलापुरी बसाई। इनके कारण ही बाद के राजवंश की उपाधि जनक हो गई। इनकी सत्ताइसवीं पीढ़ी में सीरध्वज जनक उत्पन्न हुए जिनकी कन्या सीता थी जो श्री रामचन्द्र को ब्याही गई थी।
रू०भे०—जनंकेस, जनवक, जन्नक।

जनकता-सं०स्त्री०—उत्पन्न करने का भाव या शक्ति।
जनकनंदिणी-सं०स्त्री० [सं० जनकनंदिनी] सीता।
जनकपुर-सं०पु० [सं०] मिथिला प्रदेश की एक प्राचीन राजधानी।
जनकमहेस-सं०पु०यौ० [सं० जनक+महेश] ब्रह्मा (ह.नां.)
जनक-राय-सं०पु० [सं० जनकराज] राजा जनक। उ०—जनकराय घर सीता जनमी दिन दिन रूप सवाय।—रुकमणी मंगळ
जनकांणी-सं०स्त्री०—सीता, जानकी।
वि०—१ जनक के वंश का. २ जनक संबंधी।
जनक्क—देखो 'जनक' (रू.भे.)
जनखो-सं०पु० [फा० जनकः] वह हिजड़ा (नपुंसक) जो मुसलमान धर्म को मानने वाला हो।
वि०वि०—देखो 'हिजड़ो'।
जनघर-सं०पु० [सं० जनगृह] १ मंडप. २ विश्रामस्थल।
जनचक्षु, जनचख-सं०पु०यौ० [सं० जनचक्षु] १ सूर्य. २ मनु।
जनचरचा-सं०पु०यौ० [सं० जनचर्चा] लोकवाद, लोकचर्चा।
जनता-सं०स्त्री० [सं०] १ जनन का भाव. २ जन-समूह. ३ प्रजा।
जनन—देखो 'जणण' (रू.भे.)। उ०—नाहर रै सप्तम तनय, निडर थयो निरवांण। निरवांण ही जिण रो जनन, बाजै विदित बखांण। —वं.भा.
जननी—देखो 'जणणी' (ह.नां.) उ०—धवळ न अटकै धुर वहै, कासूं पांणी कीच। इणरी जननी तारही, वैतरणी रै बीच।—बां.दा.
जननेंद्रिय-सं०पु०—प्राणियों को उत्पन्न करने की इन्द्रिय, योनि।
जनपद-सं०पु०—१ देश. २ जनता, प्रजा।
जनपदनी-सं०पु०—देश (अ.मा.)
जनपाळ-सं०पु० [सं० जनपाल] मनुष्यों का पोषण करने वाला, राजा।
जनमंतर, जनमंतरि-सं०पु० [सं० जन्मान्तर] दूसरा जन्म।
उ०—१ बाधा जीव सूं बंधणी जनमंतर खोया। —केसोदास गाडण
उ०—२ ले जनमंतर कळह लग, वस भावी वळ वेड। कहै सुणावो सह कथा, म्हांनै धुरसूं मांड।—पा.प्र.
उ०—३ पदमनाभ पंडित भणइ, जनमंतरि जे रीति। जाति हुई जूजूई, पूठि न छांडइ प्रीति।—कां.दे.प्र.
जनमंद, जनमंध-सं०पु० [सं० जन्मांध] जो जनम से अंधा हो, जन्मांध।
उ०—हेक चारण जनमंद हो वसुधा विकांणी, निरधन जांचण नीकळ्यो रजपूतां ढांणी।—पा.प्र.
रू०भे०—जनमांध, जन्मांध।
जनम-सं०पु० [सं० जन्म] १ उत्पत्ति, पैदाइश। उ०—१ जिण दीध जनम जगि मुखि दे जीहा, क्रिसन जु पोखण भरण करै। कहण तणी तिणि तणी कीरतन, स्रम कीधा विणु केम सरै।—वेलि.
उ०—२ पेख अजै रिणछोड पद, लियो जनम क्रम लाभ। छवि निरखे रिणछोड री, अरक कोड़ सम आभ।—रा.रू.
पर्या०—अवतार, उतपत, उतपति, उतपन, उदभव, उपजण, उपत, जगस्त्रजत, जण, जणक, जणण, जणी, जनुख, जिणि, पैदा, प्रजणण, प्रभव, भव, संभव, संस्रत।
क्रि०प्र०—दैणो, लैणो, होणो।
मुहा०—जनम लेणो—उत्पन्न होना, पैदा होना।
कहा०—१ जनम रा मंगता नांव दातारांम—गुण के अनुसार नाम न होने पर. २ जनम रा साथी है करम रा साथी कोयनी—मां-बाप जन्म के साथी हैं पर भाग्य के साथी नहीं, भाग्य का फल तो स्वयं को ही भोगना पड़ता है. ३ जनम रो दुखियारो नांम सदासुख—गुण के अनुसार नाम न होने पर।
यौ०—जनमआठम, जनमकुंडळी, जनमगांठ, जनमघूंटी, जनमतंत्र, जनमदिन, जनमधरती, जनमपत्री, जनमभूमि, जनमभोम, जनममरण, जनमरोगी, जनमसंघाती, जनमांध, जनमाठम, जनमास्ठमी।
विलो०—मरण।
२ अस्तित्व प्राप्त करने का भाव, आविर्भाव. ३ जिन्दगी, जीवन।
उ०—इण अवसर मत आळसै, ईसर आखै एम। प्रांणी हररस प्रांमियां, जनम सफळ थयै जेम।—ह.र.
मुहा०—१ जनम-जनम—सदा, नित्य. २ जनम विगड़णो—वेधर्म होना, धर्म नष्ट होना।
४ जन्म कुंडली का वह लग्न जिसमें कुंडली वाले का जन्म हुआ हो। (फलित ज्योतिष)
रू०भे०—जंम, जंमण, जनम्म, जन्म, जम्म, जलम।
जनमआठम-सं०स्त्री०यौ० [सं० जनमाष्ठमी] भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्ठमी, इस रात्रि को श्रीकृष्ण का जन्म होना माना जाता है।
रू०भे०—जनमाठम, जन्मअस्टमी, जन्मास्ठमी।
जनमगांठ-सं०स्त्री०यौ० [सं० जन्म+ग्रंथि] जन्मदिन। उ०—जनमगांठ जिण दीह गीत छत्रपतियां जोड़ै। आध घड़ी भर अन्न रोज ऊपड़ै रसोड़ै।—अरजुनजी बारहठ
पर्या०—बरसगांठ।
जनमघूटी-सं०स्त्री०यौ० [सं० जन्मघुटिका] बच्चों के जनमते समय दो-तीन वर्ष तक दी जाने वाली घूंटी जिसमें निम्न लिखित पदार्थ होते हैं—सनाय, कालानमक, दानामेथी, वायविड़ंग, हर्रे की छाल, बहेड़ा की छाल, अजवाइन, जोहर्रे, अमलतास का गिर, बाय फूंबा, गुलाब की पंखुड़ियां, गुड़ आदि।
जनमणो, जनमबो-क्रि०अ०—जन्म लेना, उत्पन्न होना। उ०—वनि नयरि घराघरि तरि तरि सरवरि, पुरुख नारि नासिका पथि। वसंत जनमियो दैण वधाई, रमै वास चढ़ि पवन रथि।—वेलि.
रू०भे०—जनम्मणो, जनम्मबो, जन्मणो, जन्मबो।
जनमतंत्र-सं०पु०यौ० [सं० जन्मतंत्र] जन्मपत्री। उ०—दासी ने दोय जात्र दिया, सघरी मन धारै। जनमतंत्र सुण जाव रही, आगम परवारै।—अरजुणजी बारहठ

जनमदिन—सं०पु० [सं० जन्मदिन] किसी वर्ष में आने वाली वह तिथि जिस दिन जन्म हुआ हो, जन्मतिथि ।
जनमधरती—सं०स्त्री० [सं० जन्म+धरित्री] जन्मभूमि, मातृ-भूमि ।
जनमपत्र, जनमपत्री, जनमपुत्र—देखो 'जन्मपत्री' (रू.भे.)
उ०—माह ज मोहरत मोंधियो, मुगत हरख मनाह । जनमपुत्र में जोतगियां, दीनो नांम 'पनाह' ।—पना वीरमदे री वात
जनमभोम—देखो 'जन्मभूमि' (रू.भे.) उ०—ढूंग उघाड़ै ढगळ मूंछ मुख घूरट मुंडावै । जनमभोम में जाय भीख ले जनम मंडावै ।
—ऊ.का.
जनममरणमेटण—सं०पु०यौ०—ईश्वर, परमात्मा ।
जनमसंघाती—सं०पु०यौ० [सं० जन्मसंघाती] जन्म से या जन्म भर साथ-साथ रहने वाला ।
जनमांत—सं०पु० [सं० जन्मांत] १ जीवन, जिन्दगी. २ जन्मजन्मान्तर, दूसरा जन्म । उ०—अब गरब कियो अमलांन में, तन देखेला तोमना । जनमांत फेर जासी नहीं, बुरा करम री वासना ।—ऊ.का.
रू०भे०—जन्मांत ।
जनमांतर—देखो 'जनमंतर' (रू.भे.)
जनमांध—देखो 'जनमंद' (रू.भे.)
जनमाठम—देखो 'जनमआठम' (रू.भे.) उ०—निस दिन जनमाठम आठम गम नांही, माधव जनम्यो कै मरयो जग मांही ।—ऊ.का.
जनमाणो, जनमावो—क्रि०स०—प्रसव कराना ।
रू०भे०—जन्माणो, जन्मावो ।
जनमायोड़ो—भू०का०कृ०—प्रसव कराया हुआ (स्त्री० जनमायोड़ी)
जनमियोड़ो—भू०का०कृ०—जन्मा हुआ (स्त्री० जनमियोड़ी)
जनमेज, जनमेजय, जनमेजे—सं०पु० [सं० जन्मेजय] १ एक महान पौराणिक राजा जो अर्जुन के प्रपौत्र एवं परीक्षित के पुत्र थे, इनके पिता तक्षक नामक सर्प से मारे गये अतएव सर्पों का नाश करने के लिये इन्होंने एक महान सर्प यज्ञ किया जिसमें समस्त सर्प और नाग मंत्राहूत होकर यज्ञाग्नि में भस्म हो गये । उ०—१ वदि सूंडि घणा रत होद विचि, उडि पड़ै पड़ि ऊछळै । जनमेज जाग जांणे भुजंग, अगनि कुंड मझि आकुळै ।—सू.प्र.
उ०—२ उड़ पड़ै पोगरा वरति आंण, जनमेज जाग रा नाग जांण ।
—वि.सं.
उ०—३ वैसंपा एम ओचरे, जनमेजे स्रवणे धरे । विस्तरे वांणीइ, गुण पांडव तणा रे ।—नलाख्यांन
२ नीप के वंशज एक कुलघातक राजा. ३ राजा कुरु और वाहिनी के पुत्र एक चंद्रवंशी राजा. ४ राजा कुरु के पुत्र, इनकी माता कौशल्या तथा स्त्री अनंता थी । इनके पुत्र का नाम 'प्राचीन्वस' था । ५ अविक्षित् के वंशज एक चंद्रवंशी राजा. ६ एक नाग विशेष. ७ विष्णु ।
जनमोजनम—अव्य०—जन्म-जन्म तक, जन्मजन्मान्तर ।
जनम्म—देखो 'जनम' (रू.भे.) । उ०—ताहरी इच्छा दीध तें, जइयां आदि जनम्म । तइयां हूंतां अम्ह तणा, केसव किसा करम्म ।—ह.र.
जनम्मणो, जनम्मवो—देखो 'जनमणो' (रू.भे.)
उ०—मही बीता दस मास, जांम नृप कूंवर जनंम्मे । वधाउवां जिण वार, 'अजं' बहु दरब उनंमे ।—सू.प्र.
जनयंती, जनयंत्री—सं०स्त्री० [सं० जनयित्री] माता, जननी (ह.ना.)
जनय—देखो 'जनअ' (रू.भे.) (जैन)
जनयता—सं०पु० [सं० जनयिता] पिता (ह.नां.)
रू०भे०—जनयिता ।
जनया—सं०स्त्री० [सं० जन्या] रात्रि (ह.नां.)
जनयिता—देखो 'जनयता' (रू.भे.)
जनरल—सं०पु० [अं०] फौज का बड़ा अफसर । उ०—फिरंग जनां री फौज में, पातल प्रथी प्रसिद्ध । करनल व्हैणो है कठण, हुवणो जनरल हद्द ।—जुगतीदांन देथो
रू०भे०—जनराल, जनरेल ।
वि०—साधारण ।
जनरव—सं०पु० [सं०] १ जनश्रुति. २ लोकनिंदा. ३ घोर, कोलाहल ।
जनराल, जनरेल—देखो 'जनरल' (रू.भे.) । उ०—अलीमन सूर रौ वंस कीधो असत, रेस टीपू विजे अंवट रुड़िया । लाट जनराल जरनेल करनैल लख, जाट रै किलै जमजाळ जुड़िया ।—बां.दा.
जनलोक—सं०पु०—सात लोकों में से पाँचवाँ लोक ।
जनवअ—सं०पु० [सं० जनपद] देश, राष्ट्र (जैन)
जनवरी—सं०स्त्री० [अं०] अंग्रेजी साल का प्रथम मास ।
जनवास—सं०पु० [सं०] १ सर्वसाधारण के रहने या टिकने का स्थान. २ सभा. ३ देखो 'जानीवासो' (रू.भे.) उ०—करचाव हुता जनवास ऋमै । मझरात लगो झड़ आसव मैं ।—पा.प्र.
जनवासी—सं०पु० [सं०] १ अन्तःपुर के रहने वाले. २ नगर निवासी । उ०—आछा-आछा जनवासी व्हैगा वनवासी । उठगा उगलांणा पाछा कद आसी ।—ऊ.का.
जनवासो—देखो 'जांनीवासो' (रू.भे.)
जनसंख्या—सं०स्त्री० [सं०] किसी स्थान के निवासियों की संख्या ।
जनस—सं०पु० [अ० जिन्स] देखो 'जिनस' (रू.भे.)
उ०—१ जोइयां पास हुतो दस जनसां, उण दन दाखै सकोयर । हेकण घाव अंजसियो हसियो, कमधज वटका वीस कर ।
—गोगादे राठौड़ री गीत
उ०—२ रूपै री बाजोट, पाळो, कळस और ही सारी जनस थांहरां नजर में राखजे ।—कुंवरसी सांखला री वारता
जनस्रुति, जनस्रुती—सं०स्त्री०यौ० [सं० जनश्रुति] १ अफवाह, लोकोपवाद. २ किवदंती । उ०—गती रती न ग्यांन की गदा विग्यांन की गमी । स्रुती परी करी सदा स्रुती जनस्रुती समी ।—ऊ.का.

जनहरण–सं०पु० [सं०] एक दंडक वृत्त का नाम। इस वृत्त के प्रत्येक चरण में तीस लघु और एक गुरु होता है।

जनां–सर्व०—जिस। उ०—जनां हुंदा कोटवाळ. जेरै जमरांणा।
—केसोदास गाडण

जनांनखांनौ–सं०पु० [फा० जनान:+खान:] भवन का स्त्रियों के रहने का अंदर का भाग, रनिवास।

जनांनीडोढ़ी, जनांनीडयोढ़ी–सं०स्त्री० [फा०जनान:+रा०प्र०ई+ड्योढ़ी] १ रनिवास का मुख्य द्वार. २ रनिवास, जनाना महल।

जनांनौ–वि० [फा० जनान:] १ नामर्द, नपुंसक. २ निर्बल, डरपोक. ३ स्त्रियों के समान वेश-भूषा या हाव-भाव वाला।

स०स्त्री०—१ स्त्री, औरत।

सं०पु०—२ राजा द्वारा अपनी रानियों को महल में एकत्रित कर के दरबार लगाना।

उ०—अर राजा मेंहलां में पधारचा, मांहै जनांनौ कीधौ। सारी राण्यां बुलाई।—साहूकार री वात

क्रि०प्र०—करणौ।

मुहा०—जनांनौ करणौ—पर्दा करना।

जनाख, जनाखि–सं०पु० [फा० जनख या जनख-दाँ] ठोडी, चिबुक।

उ०—१ सूरज की वीरक वरन साख, जुलमी की चीरत हम जनाख।
—ऊ.का.

उ०—२ द्रुम आखि जनाखि जडाव दिपै, छबि तेण लखै अनि ओप छिपै।—रा.रू.

जनाजौ–सं०पु० [अ० जनाज:] १ शव. २ मृतक की अरथी।

उ०—यवन रै चाळीस हाथ कपड़ौ चाहीजै म्रतक सरीर में, जनाजौ कहै म्रतक रथी नूं यवन।—बां.दा. ख्यात

जनाद–सं०पु०—देश (अ.मा.)

जनाब–सं०पु० [अ०] अपने से बड़ों के लिये प्रयुक्त किया जाने वाला आदरसूचक शब्द, महाशय, महोदय।

यौ०—जनावआली।

जनारजन, जनारदन–सं०पु० [सं० जनार्दन] १ विष्णु. २ श्रीकृष्ण।

उ०—एहिज परि थई भीरि कजि, आयां धनंजय अनै सुयोधन। मासे मगसिर भलउ जु मिळियौ, जागिया मींट जनारजन।—वेलि.

३ ईस्वर (नां.मा.) उ०—जगदाता जनारदन, गिरधारी गुण गेह। व्रजपत रोटी बांटणौ, मोटी नींद म देह।—बां.दा.

जनावर—देखो 'जांनवर' (रू.भे.) उ०—तद कुंवर पांच पातळ परिसाय नै दोय पातळ आप रांणी जीमै अर तीन्ह पातळ छै सु पंखी जनावरां नै घातै।—चौबोली

जनि–अव्य०—निषेधार्थक सूचक शब्द 'नहीं'। उ०—क्रम बंध पाप जावै कटे, उर परम्म धरतां अगा। ऐतौ प्रताप हरि जाप रौ, जाप ज जनि भूलै 'जगा'।—ज.खि.

रू०भे०—जनी।

जनित्री–सं०स्त्री० [सं० जनित्रि] माता, मा, जननी।

सं०पु० [सं० जनितृ] पिता।

जनी–सं०स्त्री० [सं० जनि] १ माता, जननी।

उ०—बाळकपणै के कै विनोद कर बार-बार विहस वधायौ, मन जनक जनी को तैं। सिसुता में चरम खडग सैंधव सुहाये सदा, सहज दिखायौ सोख फनी ज्यूं मनी को तैं।—ऊ.का.

२ दासी, सेविका।

३ देखो 'जनि' (रू.भे.)

जनीयित–सं०पु० [सं० जनयितृ] पिता।

जनु–अव्य०—मानों। उ०—सांभळिया 'अवरंग' सा, कर धांम घखांणा। कै सीतापत आय सिर, जनु रांवण रांणा।—द.दा.

जनुख–सं०पु० [सं० जनुस्] जन्म, उत्पत्ति (अ.मा.)

जनुवी–सं०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार।

जनून–सं०पु० [अ०] पागलपन, उन्माद।

जनूनी—देखो 'जणणी' (रू.भे.) उ०—नारी गांठियौ सूंठ दूजी न खायौ। जनूनी तुंही हेक हेकौ ज जायौ।—ना.द.

जनूमणी–सं०पु०—श्याम या लाल और चिकना शरीर का वह भाग जो जन्म के साथ ही हो (अमरत)

जनेंद्र–सं०पु० [सं० जनेन्द्र] राजा, नृप।

जनेऊ–सं०स्त्री० [सं० यज्ञोपवीतम्] १ यज्ञोपवीत के स्थान पर धारण करने का सोने का जंजीरनुमा एक प्रकार का आभूषण।

उ०—ढोलोजी नै पिण कड़ा मोती जनेऊ किलंगी अमोलख वसतां दीधी—ढो.मा.

२ यज्ञोपवीत।

पर्या०—उपवीत, जग्यसूत, पवित्र, ब्रहमसूत।

३ यज्ञोपवीत का संस्कार. ४ यज्ञोपवीत पहनने के स्थान पर होने वाला रक्त-विकार संबंधी रोग विशेष।

रू०भे०—जनोई।

जनेऊउतार, जनेऊकट, जनेऊवढ़, जनेऊवाढ़, जनेऊवढ़–सं०पु०—शस्त्र या तलवार का वह प्रहार जो कंधे के एक छोर से कमर के दूसरे छोर तक (जैसे जनेऊ बांधी जाती है ठीक वैसे ही) काट देता है।

उ०—धरा जरदैत पड़ै खग धार। उडै भ्रड़ फाड़ जनेऊ-उतार।
—सू.प्र.

मि०—उपवीत-उतार।

जनेत–सं०स्त्री० [सं० जनयित्री अथवा जनित्रि] १ माता।

उ०—कहीस ओपमा अनोप धी जिती कविंद्र की। महा सु सूरवीर की जनेत है जितेंद्र की।—पा.प्र.

[सं० जन्य+रा०प्र० एत] २ बरात।

सं०पु० [सं० जनयितृ अथवा जनेतृ] ३ पिता।

रू०भे०—जनेता, जनेती।

जनेता–सं०स्त्री० [सं० जनयित्री, सं० जनित्रि] माता। उ०—१ साह उग्राहणी नांम आछा सुणै, तरिंद रै जेम तूं दळद तोड़ै। मुणै कव 'खेतसी' मदद तण माहरै, जनेता ताहरै न को जोड़ै।—खेतसी वारहठ

उ०—२ वह महिनी नव वार्ट मफळादे भोज की रांना ग्रनळ की जनेता ।—ग्र. वचनिका

जनेती–सं०पु० [सं० जन्य+रा०प्र० एती] बराती ।

उ०—१ जमाति जाति बजि घंब गजर, जीघ जनेती उद्धव जिम । न्ह लियग् पम हल्ले गजग्, तोरग् बांदग् वींद तिम । —सू.प्र.

उ०—२ हाथां का हथियार ले लिया, साथा को सांमांन : जांन बगाय'र चढ्या ग्रागरै, हर राखै लो मांन । रात-रात वै चलै जनेती, दिन ऊग्यां टम जाय । ग्रागरै के तीन कोस पर, डेरा दिया लगाय ।

—डूंगजी जवारजी री पड़

जनेव–सं०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार (डि.को.)

उ०—उठी विलंद दळ ग्रसुर, वांधि मुगरवां जनेवां । पेस कवज खंजरां, जकड़ वगिया रगजेवां ।—सू.प्र.

जनेसर, जनेस्वर–सं०पु० [सं० जनेश्वर या जिनेश्वर] १ जितेन्द्रिय. २ विष्णु. ३ बुद्ध. ४ सूर्य. ५ कुबेर (ह.नां.) ६ जिनेश्वर, जिनवर । उ०—ग्रवै वसुधा विन व्याज विचित्र। महाजन पुन्य जनेस्वर मित्र ।—ऊ.का.

जनोई—१ देखो 'जनेऊ' (रू.भे.)

जनौ–सं०पु०—तलवार की मूठ को पकड़ने के स्थान पर का मध्य का गोलाई में उभरा हुग्रा भाग जो हाथ की हथेली के मध्य में रहता है।

जन्न–सं०पु० [सं० यज्ञ] यज्ञ (जैन)

जन्नक—देखो 'जनक' (रू.भे.) उ०—सेवै पग सन्नक जन्नक सूर, ग्ररज्जुग उद्धव ग्रो ग्रकरूर ।—ह.र.

जन्नट्ठी–सं०पु० [सं० यज्ञार्थी] यज्ञ की इच्छा रखने वाला (जैन)

जन्नत–सं०स्त्री० [ग्र०] स्वर्ग । उ०—मुहमद मुवां पछै छटै महीनै खातून जन्नत हुई ।—बां.दा ख्यात

जन्नवाइ–सं०पु० [सं० यज्ञवादिन्] १ यज्ञ की स्थापना करने वाला । (जैन) २ यज्ञ का कथन करने वाला, यज्ञवादी (जैन)

जन्नवाड–सं०पु० [सं० यज्ञवाट] यज्ञवाट (जैन)

जन्नसिट्ठ–सं०पु० [सं० श्रेष्ठ-यज्ञ] ग्राध्यात्मिक यज्ञ (जैन)

जन्नारजन—देखो 'जनारजन' (रू.भे.) उ०—जुग सकळ मांहि देखे 'जगा', लाभ धरम समरग् लिया । जोतीसरूप जन्नारजन, दिल महिल्ल दीपग दिया ।—ज.खि.

जन्नोवईय—देखो 'जग्णोवईय' (रू.भे.)

जन्म—देखो 'जनम' (रू.भे.)

जन्मग्रस्टमी—देखो 'जनमग्राठम' (रू.भे.)

जन्मकील–सं०पु०यौ० [सं०] जन्म मरग् को मिटाने वाला, विष्णु ।

जन्मकुंडळी–सं०स्त्री० [सं० जन्म कुण्डली] फलित ज्योतिष के ग्रनुसार वह चक्र जिसके द्वारा किसी के जन्म के समय में ग्रहों की स्थिति का पता चले ।

जन्मक्रत–सं०पु०यौ० [सं० जन्मकृत] जन्म देने वाला, माता-पिता ।

जन्मग्रहण–सं०पु० [सं०] उत्पत्ति ।

जन्मणी, जन्मबौ—देखो 'जनमणी, जनमबौ' (रू.भे.)

जन्मतिथि–सं०स्त्री० [सं०] जन्मदिन, वर्षगांठ ।

जन्मनक्षत्र, जन्मनखत्र–सं०पु० [सं० जन्मनक्षत्र] जन्म के समय का नक्षत्र ।

जन्मप, जन्मपति–सं०पु० [सं०] १ कुंडली में जन्मराशि का स्वामी. २ जन्मलग्न का स्वामी ।

जन्मपत्र–सं०पु०—१ देखो 'जन्मपत्री' (रू.भे.) २ पूर्ण विस्तृत विवरग् ।

जन्मपत्री–सं०स्त्री० [सं०] वह पत्र जिस पर किसी के उत्पत्ति के समय ग्रहों की स्थिति, उनकी दशा ग्रादि का तथा शुभाशुभ फल का वर्णन हो (फलित ज्योतिष)

रू०भे०—जनमपत्र, जनमपत्री, जनमपुत्र, जन्मपत्र ।

जन्मप्रहार–सं०पु०यौ०—संसार में बार-बार जन्म-मरग्, ग्रावागमन ।

उ०—ग्राखै कवि 'ईसर' तेज ग्रंबार, प्रभूजी टाळो जन्मप्रहार ।—ह.र.

जन्मभ–सं०पु० [सं०] जन्म लेने के समय का नक्षत्र, राशि ग्रथवा लग्न । (ज्योतिष)

जन्मभूमि, जन्मभोम–सं०स्त्री०यौ० [सं० जन्मभूमि] जन्मस्थान, जहां जन्म लिया हो ।

रू०भे०—जनमभूमि, जनमभोम ।

जन्मरासि–सं०स्त्री०यौ० [सं० जन्मराशि] किसी के उत्पन्न होने के समय चंद्रमा उदय होने का लग्न ।

जन्मविधवा–सं०पु०यौ० [सं०] जो बचपन में ही विधवा हो गई हो, बालविधवा ।

जन्मस्थान–सं०पु०यौ० [सं०जन्म स्थान] १ जन्मभूमि. २ कुंडली में वह स्थान जिसमें जन्म के समय के ग्रह रहते हों ।

जन्मांत—देखो 'जनमांत' (रू.भे.)

जन्मांतर–सं०पु० [सं०] दूसरा जन्म, पूर्वजन्म । उ०—काळराज ही ग्रवै तौ ग्रापरो लोभायोड़ो है सो वेगाहीज मारसी तौ पापी रिग् तीरथ में हीज धारा तीरथ करै नी जो जन्मांतर रा प्राचंत कटै ।

—वी.स.टी.

जन्मांध—देखो 'जनमंद' (रू.भे.)

जन्माणौ, जन्मावौ—देखो 'जनमाणौ' (रू.भे.)

जन्मायोड़ो—देखो 'जनमायोड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० जन्मायोड़ी)

जन्माधिप–सं०पु०यौ० [सं०] १ शिव का एक नाम. २ जन्म लग्न का स्वामी. ३ जन्म राशि का स्वामी ।

जन्मास्टमी—देखो 'जनमग्राठम' (रू.भे.) उ०—जाळ झाळियां मंच, जचावां उछब सावां । जन्मास्टमी परव, सिंहासग् मढ्ढ़ सजावां ।

—दसदेव

जन्मेय—देखो 'जनमेजय' (रू.भे.)

जन्मेस–सं०पु० [सं० जन्मेश] जन्मराशि का स्वामी ।

जन्मोत्सव–सं०पु०यौ० [सं०] किसी के जन्म के ग्रवसर पर या जन्म को स्मरग् के लिये मनाया जाने वाला उत्सव ।

जन्य–सं०पु० [सं०] १ साधारग् मनुष्य. २ राष्ट्र. ३ पुत्र. ४ पिता. ५ बराती. ६ जन्म ।

जन्ह—देखो 'जह्नु' (रू.भे.) उ०—जन्ह नरिंदह केरी धूय। गंगा नामि रइसमरूय।—पं.पं.च.

जन्हवी–सं०स्त्री० [सं० जाह्नवी] जन्हु ऋषि से उत्पन्न, गंगा।

जप–सं०पु० [सं०] १ किसी मंत्र, श्लोक या शब्द का बार-बार धीरे-धीरे उच्चारण करते हुए पाठ करना या संध्या-पूजा आदि में मंत्रों का पाठ करना। उ०—कि जोग जाग जप तप तीरथ कि, व्रत कि दांनासम वरणा। मुख कहि क्रिसन रुखमिणि मंगळ, कांई रे मन कळपसि क्रिपणा।—वेलि.

यौ०—जप-तप।

२ सेवा (अ.मा.)

रू०भे०—जप्प।

जप-जाप—देखो 'जप-तप' (रू.भे.)

जपणी–सं०स्त्री० [सं० जप+रा.प्र.णी] १ जप करने के काम आने वाली माला। उ०—अपणी सरधा खोय अभागी, सपणी आदत सोग। तपणी पर बैठे तावड़िये, जपणी फेरण जोग।—ऊ.का.

२ वह थैली जिसमें माला रख कर जप किया जाय।

जपणौ, जपबौ–क्रि०स० [सं० जप] १ मंत्र-पाठ करना, मंत्रों को बार-बार व धीरे-धीरे उच्चारण करना, जप करना। उ०—आलीणौ हर नांम, जांण अजांण जपै जो जीहा। सासतर वेद पुरांण, सरव मही तत् अक्खर सारम्।—ह.र.

२ कथना, कहना। उ०—जपियौ सिध जिण विध जुध जीता। वधै वंस खैरोद वदीता।—सू.प्र.

३ पढ़ना, जपना। उ०—चतुर विधि वेद प्रणीत चिकित्सा, ससत्र उखद मंत्र तंत्र सुवि। काया कजि उपचार करंतां, हुवै सु वेलि जपंति हुवि।—वेलि.

जपणहार, हारौ (हारी), जपणियौ—वि०।

जपवाड़णौ, जपवाड़बौ, जपवाणौ, जपवावौ, जपवावणौ, जपवावबौ, जपाड़णौ, जपाड़बौ, जपाणौ, जपावौ, जपावणौ, जपावबौ—प्रे०रू०।

जपिओड़ौ, जपियोड़ौ, जप्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जपीजणौ, जपीजबौ—कर्म वा०।

जपत—१ देखो 'जब्त' (रू.भे.)

२ प्रबंध, व्यवस्था, इंतजाम। उ०—जद नोसेरसाह जवांन हुवौ, आग्या करण लागियौ, 'बापरौ' देस जपत में आंणियौ।—नी.प्र.

जपतप–सं०पु०यौ० [सं०] पूजा-पाठ, संध्या-पूजा।

जपता–सं०स्त्री०—सिर के उलझे हुए लम्बे-लम्बे बाल, जटा।

जपती—देखो 'जब्ती' (रू.भे.)

जपमाळा–सं०स्त्री०यौ० [सं० जपमाला] जप करने की माला।

जपमाळी–सं०स्त्री० [सं० जपमालिका] जपमाला।

जपा–सं०स्त्री० [सं०] १ सदा गुलाब का फूल या पौधा, अड़हुल (अ.मा.)

उ०—फवै ललाइ बिंबफळ, परतख अधर प्रवाळ। जपा कुसुम जोड़ै जियां, भाखै सहियां भाळ।—बां.दा.

जपाणौ, जपावौ–क्रि०स० ('जपणौ' क्रिया का प्रे०रू०) जप कराना, जप करने को प्रेरित करना।

जपायोड़ौ–भू०का०कृ०—जप कराया हुआ (स्त्री० जपायोड़ी)

जपियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ मंत्र पाठ किया हुआ, जप किया हुआ। २ कहा हुआ, कथा हुआ. ३ पढ़ा हुआ, जपा हुआ। (स्त्री० जपियोड़ी)

जपियौ, जपी–सं०पु० [सं० जप] जप करने वाला, वह जो जप करता हो (अ.मा.)

उ०—म्हारै रे बीस जपिया अपामारजन नूं बैसाणिया। —कुंवरसी सांखला री वारता

जप्त—देखो 'जब्त' (रू.भे.)

जप्ती—देखो 'जब्ती' (रू.भे.)

जप्प—देखो 'जप' (रू.भे.)

जफरतकिया–सं०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार।

जब–क्रि०वि०—१ जिस समय।

रू०भे—जब्ब।

२ देखो 'जव' (रू.भे.)

जबक–सं०पु०—चोट। उ०—सो तीनूं तूंड सूं उलाट दीन्हौ सो उवौ राव समेत परै पड़ियौ। राव रै साथळ रै जबरी जबक आई और डाढ़ाळौ निसर गयौ।—डाढ़ाळा सूर री वात

जबड़ौ–देखो 'जबाड़ौ' (रू.भे.)

जबत–देखो 'जब्त' (रू.भे.)

जबती—देखो 'जब्ती' (रू.भे.)

जबरंग–वि०—जबरदस्त।

जबर–वि० [अ० ज़बर] १ बलवान, शक्तिशाली, शूरवीर। उ०—सो बादसाह औरंगजेब सारखौ महादिवांण पण जयसिंघ इसौ जबर।

२ क्रूर, जुल्मी। —आंमेर रा धणी री वारता

कहा०—१ जबर नै पूगै खबर–जबरदस्त अथवा जुल्मी के जुल्मों को धैर्य्यपूर्वक सह लेना ही ठीक है। क्योंकि एक दिन निर्बल की हाय से जुल्मी नष्ट हो जायगा। २ जबरां रा पग माथै ऊपर–बलवानों के पैर शिर पर अर्थात् समर्थ की आज्ञा शिरोधार्य। ३ जबरौ मार'र रोवण को देनी–जबरदस्त मारता है और रोने भी नहीं देता, अत्याचारी एवं क्रूर के प्रति।

३ प्रबल। उ०—१ खबर राख कुसमै समै, कांसूं षबर करीस। खिण खिण ले जग री खबर, जबर सगत जगदीस।—बां.दा.

उ०—२ जबर विरोधी अगन जळ, ले निज का लूहार। जबर विरोधी मंत्रियां, सुपह काज लै सार।—अज्ञात

४. तीव्र, अधिक।

रू०भे०—जब्बर।

जबरई—देखो 'जबराई' (रू.भे.)

जबरजंगनाळी–सं०स्त्री०—एक प्रकार की तोप। उ०—जबर-जंग नाळयां रा निहा ऊपड़िनै रहिया छै।—रा.सा.सं.

जवरण, ज्वरणां–क्रि०वि० [अ० जब्रन्] जवरदस्ती, बलात् । उ०—चौवळ ग्राह तंत गत नरणां । जकड़ छोवण संन जवरणां । —र.ज.प्र.

जवरदस्त–वि० [अ०+फा०] १ शक्तिशाली. २ क्रूर, जुल्मी. ३ प्रबल । रू०भे०—जवर।

जवरदस्ती–सं०स्त्री० [अ+फा] १ ज्यादती, अन्याय, अत्याचार।

क्रि०प्र०—करणी, होणी ।

२ प्रबलता ।

क्रि०वि०—बलात्, बलपूर्वक ।

जवरन–क्रि०वि० [अ० जब्रन] बलात्, बलपूर्वक । उ०—तद आदमी एक टावो मेल गढ़ में कहायो—वादसाह जवरन सूं म्हांनूं आंख्यां अदीठ कीन्हा छै ।—जलाल बूबना री बात

रू०भे०—जव्ररण, जवरणां ।

जवराई–सं०स्त्री० [अ० जब्र+रा०प्र०आई] १ ज्यादती, सख्ती ।

क्रि०प्र०—करणी, होणी ।

२ जवरदस्ती ।

क्रि०प्र०—करणी, होणी ।

रू०भे०—जवरई ।

जवरायल, जवरायेल–वि० [अ० जब्र+रा०प्र० आयल, आयेल] शक्तिशाली, पराक्रमी, जवरदस्ती । उ०—१ जवरायल जोधार छाक मन मछर छाया । अलवेलियां असवार आजै पीछोलै आया ।
—वगसीरांम प्रोहित री बात

उ०—२ जवरायेल स्यंघ जेम भभका सोर का, जवरायेल कर खीज भुजंगम जोर का ।—वगसीरांम प्रोहित री बात

रू०भे०—जवरेल, जवरैल ।

जवरी–सं०स्त्री०—ज्यादती, अन्याय । उ०—१ जे रौ किंही रौ मुनसव ओछौ करै सो खांनजहां होवणै न देवै जवरी कर कराय देवै ।
—गौड़ गोपाळदास री वारता

उ०—२ पण ओ तौ रिसालौ खास छै, सगळौ लोग इणरै तावै छै ओर मैं ही इहां रै तावै सो सदा सूं जवरी करता रहै छै ।
—जयसिंह आंमेर रा धणी री वारता

२ अनुचित वात, कष्टदायक कार्य ।

वि०स्त्री०—देखो 'जवरौ' (रू.भे.) (पु०)

क्रि०वि०—बलात्, जवरदस्ती ।

जवरेल, जवरैल—देखो 'जवरायल' (रू.भे.)

जवरोड़ौ, जवरौ–वि०पु० [अ० ज़ब्र] (स्त्री० जवरोड़ी, जवरी) १ शक्तिशाली, वलवान, प्रबल, वली । उ०—१ लोभ लाय में लाख गुण, जवरोड़ा जळ जाय । कनक दांन रा कीच में, के ओगण कळ जाय ।
—ऊ.का.

उ०—२ सो इण भांति महाराज जयसिंह वडो जवरौ थौ ।
—महाराज जयसिंह आंमेर रा धणी री वारता

२ क्रूर, जुल्मी. ३ प्रचंड । उ०—रजपूतां परज लोग सूं भली पर पाळी । डील निपट जवरौ हुतौ ।—नैणसी

४ अधिक, ज्यादा. ५ बढ़िया, श्रेष्ठ, अच्छा ।

उ०—भूमरदे रंग रौ लट्ठा रौ घाघरौ मर खादी री मांखी भांत ओरणी उणनै जवरी फवती ।—रातवासौ

६ महान्, वड़ा । उ०—सो महाराज जयसिंहजी वडौ राजा थौ । वादसाह रा घणा ही जवरा कांम सुधारिया ।
—महाराज जयसिंह आंमेर रा धणी री वारता

अल्पा०—जवरोड़ौ ।

जवळ–सं०पु० [अ० जवल] पहाड़, पर्वत । उ०—तन दुख नीर तड़ाग, रोज विहंगम रूखड़ौ । विसन सलीमुख वाग, जरा वरक ऊतर जवळ । —वां.दा.

जवह—देखो 'जिवह' (रू.भे.)

जवां, जवांन–सं०स्त्री० [फा० ज़्वान] १ जिह्वा, जीभ ।

उ०—१ करारा वचन खारा जवां काढतो, वरारा कोट भरतो गयण धाय । धुरा तैं कीया चाळा विग्रह धरा रा । 'हरा' रा देख मांहरा हमैं हाय ।—पहाड़खां आढ़ौ

उ०—२ जे निज कहै जवांन, हीरा लेख समांन है । पीपळ साटी पांन, पळटै ज्यां न 'प्रतापसी' ।—जैतदांन वारहठ

क्रि०प्र०—करणी, खोलणी, चलणी, चलाणी, रोकणी ।

मुहा०—१ जवांन खींचणी–जीभ को वाहर खींच लेने या उखाड़ लेने की धमकी देना, धृष्टतापूर्ण या अनुचित कार्य के लिये कठोर दंड देना । २ जवांन खुलणी–मुंह से शब्द निकालने या वोलने की हिम्मत पड़ना, कुछ कहा जाना । वच्चे का वोलना शुरू होना । ३ जवांन खोलणी–मुंह से कुछ वात कहना, वोलना, मांगना । ४ जवांन घिसणी–कहते-कहते थक जाना । ५ जवांन चलाणी–विशेषत: जल्दी-जल्दी वोलना, अनुचित शब्द का उच्चारण करना । वाचाल होना । ६ जवांन चालणी–अनुचित शब्द निकालना, मुंह से शब्द निकालना । ७ जवांन निकाळणी–थोड़ा भी वोलना, धमकी देना । ८ जवांन पकड़णी–वोलने न देना, कहने के लिये मना करना, वात पकड़ना । ९ जवांन वंद करणी–चुप होना, वोलने से रोकना, विवाद में हराना । १० जवांन वंद होणी–मुंह से शब्द न निकालना, गुमसुम होना, विवाद में हार जाना, वोलने का साहस न होना । ११ जवांन विगड़णी–मुंह से अपशब्द निकालने का अभ्यास होना । १२ जवांन माथै होणी–हरदम याद रहना, स्मरण रहना । १३ जवांन मुंडा में राखणी–चुप रहना, मौन धारण करना । १४ जवांन में लगांम देणी–सोच-समझ कर वोलना, चुप रहनो । १५ जवांन में लगांम नी होणी–अनुचित वातें कहने का अभ्यास होना, वोलने में उचित-अनुचित का ख्याल न होना, अनर्गल प्रलाप करना । १६ जवांन रुकणी–वोलना वंद होना, मरने के करीव होना । १७ जवांन रै लगांम लगणी–देखो 'जवांन रुकणी'। १८ जवांन रै लगांम लगाणी—देखो 'जवांन रोकणी' । १९ जवांन रोकणी–चुप करना, चुप होना । २० जवांन लड़ाणी–सवाल-जवाव करना, आदर योग्य व्यक्ति से तर्क-वितर्क

करना। २१ जवांन संभाळणी–मुंह से अनुचित शब्द न निकलने देना, सोच-समझ कर बोलना. २२ जवांन सूं निकळणी–न चाहने पर भी कह देना, कहना। २३ जवांन सूं निकाळणी–कहना, उच्चारण करना, बोलना। २४ जवांन हिलाणी–कुछ भी बोल देना, थोड़ी सी सिफारिश करना, बोलने का प्रयत्न करना, विरोध करना। २५ वदजवांनी–अनुचित और अशिष्ट वात।

यौ०—जवांनदराजी।

अल्पा०—जवांनड़ी।

२ मुंह से निकला हुआ शब्द, वात, बोल, वचन।

मुहा०—१ जवांन वदलणी–कही हुई वात से फिर जाना। २ जवांन रौ धणी होणौ–वात का पक्का होना।

कहा०—जवांन है के साटी रौ पान है-जवान है या पुनर्नवा का पत्ता है? कही हुई वात से फिर जाने पर।

३ प्रतिज्ञा, वायदा।

मुहा०—१ जवांन देणी–प्रतिज्ञा करना, वायदा करना। २ जवांन हारणी–वचन से विमुख होना, वायदे से हट जाना।

कहा०—जवांन हारी जिकै जनम हार्यौ–जो प्रतिज्ञा से टल गया उसने अपना जीवन व्यर्थ कर दिया। वायदे का पालन न करने वाले की निंदा।

रू०भे०—जुवांन, जुवांण, जुवांन।

जवांनी–वि० [फा० जवान+रा०प्र०ई] जो केवल ज्वान से कहा जाय, मौखिक।

मुहा०—जवांनी जमा-खरच करणौ—कुछ काम न करना। सिर्फ कहना।

रू०भे०—जुवांनी, जुवांणी, जुवांनी।

जवाड़ौ–सं०पु० [सं० जंभ] मुंह के दोनों ओर की वे हड्डियां जिनमें दाढ़ें रहती हैं। उ०—सू हाथी री सूंड कट, दांतूसळ दोनूं कट वीचलौ जवाड़ौ कटियौ।—द.दा.

रू०भे०—जवड़ौ।

जवाव–सं०पु० [अ० ज़वाव] १ किसी प्रश्न के वदले दिया गया समाधान, उत्तर।

क्रि०प्र०—दैणौ, पाणौ, मांगणौ, मिळणौ, लिखणौ।

मुहा०—१ जवाव-तलव करणौ—कैफियत मांगना, किसी वात या घटना का कारण पूछना. २ जवाव दैणौ—धृष्टतापूर्वक उत्तर देना, निषेधात्मक उत्तर देना. ३ जवाव मिळणौ—निषेधात्मक उत्तर मिलना।

यौ०—जवावतलव, जवावदावौ, जवावदेह, जवावसवाल।

विलो०—सवाल।

२ कार्य रूप में दिया गया उत्तर, वदला. ३ मुकावले की चीज, जोड़. ४ नौकरी छूटने की आज्ञा।

रू०भे०—जवाव, जवावू, जुवाव।

जवाव-तलव–वि०यौ० [फा० ज़वावतलव] किसी कार्य के लिये मांगा गया समाधानकारक उत्तर।

जवावदावौ–सं०पु०यौ० [अ० ज़वावदावा] वादी के निवेदन-पत्र के उत्तर में अदालत के अन्दर प्रतिवादी द्वारा लिख कर दिया गया प्रत्युत्तर।

जवावदेह–वि० [अ० ज़वाव+फा० देह] जिस पर जिम्मेदारी हो, जिम्मेदार, उत्तरदायी।

जवावदेही–सं०स्त्री० [अ० ज़वाव+फा० देही] जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व।

जवावसवाल–सं०पु०यौ० [अ० ज़वाव+सवाल] वादविवाद, प्रश्नोत्तर।

जवावी–वि० [फा० ज़वावी] १ जिसका जवाव देना हो। २ जवाव संबंधी। उ०—आसतखांन दिवांण, सुणै निज दूत सितावी। साह दिसा डाक सूं, जवन मेलिया **जवावी**।—रा.रू.

जवावूं—देखो 'जवाव' (रू.भे.)

उ०—जैतावत मंडणसी गोवरधन साथै। जवावू न लेखे आवै निवावूं सौं वाथै।—रा.रू.

जवुफळ–सं०पु०—एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

जवून—देखो 'जव्वू' (रू.भे.)

उ०—सादूळौ वन साहिवौ, खाटै पग-पग खून। कायरड़ा इण कांम नूं, जंवक कहै **जवून**।—वां.दा.

जवेह–सं०पु० [अ० ज़वीहः] वह पशु जो नियमानुसार जवह किया जाय। उ०—फेर दिल्ली दाखिल होय. मुरादसाह नूं पकड़, तखत वैठांण पछै **जवेह** करायौ—पदमसिंह री वात

जवोड़, जवोड़ौ–सं०पु०—प्रहार, चोट।

उ०—जोड़ाळां मुहि दियण जवोड़ां, रांम सिहाइ हुअउ राठोड़ां।
—रा.ज.सी.

जव्त–सं०पु० [अ०] १ दंडस्वरूप किसी की सम्पत्ति का हरण।

२ किसी वस्तु को वलात अपने अधिकार में लेने का भाव।

३ सहनशीलता। उ०—एक तौ सियासत उमराव चाकर दरगाह रां री ओर जव्त राखण रीत इणारी।—नी.प्र.

रू०भे०—जपत, जप्त, जवत।

जव्ती–सं०स्त्री० [अ० ज़व्त+रा०प्र०ई] ज़व्त होने की क्रिया।

रू०भे०—जपती, जप्ती, जवती।

जव्व—देखो 'जव' (रू.भे.)

जव्वर—देखो 'जवर' (रू.भे.)

उ०—जेळै कई **जव्वर** वव्वर जोर, दिखावत वायु वरव्वर दोर।
—मे.म.

जव्वू–वि० [फा०] वुरा, खराव, निकृष्ट। उ०—उस विरयां मुलतांन खां मूंछां कर घल्ले। ऐंचि कवादे टंक तोलि **जव्वू** कहिं वुल्ले।
—ला.रा.

रू०भे०—जवून।

जव्रन—देखो 'जवरन' (रू.भे.)

जभै—देखो 'जिवह' (रू.भे.) उ०—कहायौ छै—इणानै **जभै** मत करज्यौ

नै दगारी स्टका सूं मारि नै हमारा चाकरां नै सीख दीजो।
—वीरमदे सोनगरा री वात

जमंद-सं०पु०—जामुन के रंग का घोड़ा। उ०—ज्रिनहर आवनूंगी जमंद। कुम्हरी हरी सैली समंद।—सू.प्र.

जमंधर—देखो 'जमधर' (रू.भे.) उ०—होय लथब्बड़ आहुड़ै घड़ जड़ै जमंधर।—सू.प्र.

जम-सं०पु० [सं० यम] १ एक साथ पैदा होने वाले बच्चों का जोड़ा, यमज (अ.मा.)
२ दक्षिण दिशा के दिक्पाल और मृत्यु के देवता (पौराणिक)
३ मन व इंद्रिय का निग्रह। उ०—अर जम नियम आसण प्राणायाम—वं.भा.
४ चित्त को धर्म की ओर झुके रहने के लिये कर्मों का साधन।
५ कौआ. ६ शनिश्चर (अ.मा.)
७ विष्णु. ८ वायु. ९ जमराज (नां.मा.)
उ०—भोळै परम जम भूप रै, पिंड जांणै अहि पांखिया। विण सुरस बंध भवणी विखम, अघकंध उपड़ांखिया।—सू.प्र.
अल्पा०—जमड़ो।
वि०—अंधा।
उ०—थांहरै बेटे खरळां री नारियळ झालियौ छै, उवा छोकरी आंखियां सूं जम छै।—कुंवरसी सांखला री वारता
क्रि०वि०—जैसे। उ०—जेठ रा भांण सम असह वरकांण जम। मांण दुजरांण असहांण मारै।—र.ज.प्र.

जमक-सं०पु० [सं० यमक] १ यमक अलंकार, एक प्रकार का शब्दालंकार।
२ प्रत्येक चरण में पांच लघु वर्ण का एक वृत्त (पिं.प्र., र.ज.प्र.)
रू०भे०—जमग।

जमकाइय-सं०पु० [सं० यमकायिक] यमराज (जैन)

जमकात, जमकातर-सं०पु०—१ भँवर. २ यम का खांडा. ३ एक प्रकार की छोटी तलवार।

जमग-सं०पु० [सं० यमक] १ देव कुरु. २ उत्तर कुरु-क्षेत्र में स्थित एक पर्वत का नाम. ३ इस पर्वतवासी देवता का नाम. ४ एक पक्षी विशेष।
४ देखो 'जमक' (रू.भे.)

जमघंट-सं०पु० [सं० यमघंट] १ यमराज का घंटा (ग.मो.)
२ दीपावली का दूसरा रोज।
३ देखो 'जमघंटजोग' (रू.भे.)

जमघंटजोग, जमघटयोग—स०पु० [यमघंट योग] दिन व रात्रि के साथ रहने वाला मुहूर्त शास्त्र का एक अशुभ योग विशेष जो क्रमशः रविवार को मघा नक्षत्र, सोमवार को विशाखा नक्षत्र, मंगलवार को आर्द्रा नक्षत्र, बुधवार को मूल नक्षत्र, गुरुवार को कृतिका नक्षत्र, शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र और शनिवार को हस्त नक्षत्र होता है इस योग में जन्म लेने वाला बालक जीवित नहीं रहता है और यदि जीवित रह जाय तो माता-पिता और कुटुम्ब के लिये अनिष्टकारक सिद्ध होता है। (फलित ज्योतिष)
रू०भे०—जमघंट।

जमघट, जमघट्ट—सं०पु०—मनुष्यों की भीड़।

जमड़ो—देखो 'जमी' (अल्पा. रू.भे.) उ०—जमड़ो नाजोगांह, दळतोही नांही दवै। जावै नह जोगांह, रजपूती बाघी रसा।—उदयराज उज्ज्वल

जमचक्र-सं०पु० [सं० यमचक्र] यमराज का शस्त्र।

जमज-सं०पु० [सं० यमज] एक साथ उत्पन्न दो बच्चों का जोड़ा।

जमजनक-सं०पु०यौ० [स० यमजनक] सूर्य (डि.को.)

जमजग्य-सं०पु०यौ० [स० यमयज्ञ] अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह ये पांच यम—संयम रूप यज्ञ, भाव यज्ञ (जैन)

संपु०—२ एक वृक्ष। उ०—मोजूद हाथियां ऊपर सब आदमी भला भला तीरंदाज घणी जळंधरी धांमण रा कांमठा, सुही रा तीर।

—डाढाळा सूर री वात

जळंधरीपाव-संपु० [सं० जलंधरपाद] नाथ संप्रदाय के एक प्रसिद्ध सिद्ध।

रू०भे०—जळंध्रीपाव।

जळंधरो—देखो 'जळंधर' (रू.भे.)

जळंध्रीपाव—देखो 'जळंधरीपाव' (रू.भे.)

जळंनिद्ध-संपु० [सं० जलनिधि] समुद्र। उ०—'अभो' चालियो आसुरां सीस ऐसो। जळंनिद्ध उच्छेदियां बंध जैसो।—रा.रू.

जळंवळ-संस्त्री०—नदी।

जळ-संपु० [सं० जल] १ पानी, जल।

मुहा०—जळ देणो—देखो 'पांणी देणो'।

यौ०—जळ-क्रीड़ा, जळब्रिक्ष। २ पूर्वाषाढा नक्षत्र (नां.मा.)

३ ज्योतिष के अनुसार जन्मकुंडली में चौथा स्थान।

[सं० ज्वल] ४ कोप, क्रोध, गुस्सा। उ०—ग्रीध हळवळ समर गळळ पळ मळणरां, असळ सल वळोवळ कळळ हुकळंतरां। कळ विकळ सवळ दळ भळळ सावळ करां, यळापत कीध जळ कसा खळ ऊपरां।

—महादांन महडू

[सं० ज्वल] ५ कान्ति, प्रभा, दीप्ति। उ०—आसकरन्न 'पिराग' तण, पड़ियो खाग बजाड़। सुतन सजीपै भोज सम, जळ भाटीपै चाड़।—रा.रू.

६ वीरत्व, वीरता। उ०—जोय कढचो लड़ सुवण-जळ, बहु भरियो जळ आत। जळ मांगै खग जात औ, जळ आदै जळ जात।

—रेवतसिंह भाटी

जळग्राधीन–सं०पु०—इन्द्र (ग्र मा.)

जळग्रासय–सं०पु० [सं० जलाशय] जलाशय ।

जलइय–सं०पु० [सं० जलकित] जलकान्त इन्द्र के एक लोकपाल का नाम (जैन) ।

जळग्रोक–सं०स्त्री० [सं० जल+ग्रोक] पानी में रहने वाला एक प्रसिद्ध कीड़ा जो जीवों के शरीर से चिपक कर उनका रक्त चूसता है ।

जळकंत–सं०पु० [सं० जलकान्त] १ मणि विशेष (जैन) २ उदधि कुमार नामक देव जाति का दक्षिण दिशा का इन्द्र (जैन) ३ जलकान्त इन्द्र का लोकपाल (जैन) ४ इन्द्र विशेष (जैन) ।

जळकंतार–सं०पु० [सं० जलकांत] वरुण (नां.मा., ग्र.मा.)

जळकणौ, जळकवौ—देखो 'झळकणौ, झळकवौ' (रू.भे.)
उ०—देहरि दंड कळस ग्रांमल सारा सोना तणा जळकइ ।—व.स.

जळकांत–सं०पु० [सं० जलकान्त] वरुण (डिं.को.)

जळकांतार–सं०पु० [सं० जलकांतार] वरुण (डिं.को.)

जळकाक, जळकाग–सं०पु० [सं० जलकाक] जल में रहने वाला एक पक्षी जो कौए के समान काले रंग का तथा बतख के ग्राकार का होता है । यह प्राय: जल में गोता लगा कर मछली ग्रादि को खा जाता है । जलकौग्रा ।

जळकार–सं०पु०यौ०—बादल, मेघ, घन (डिं.को.)

जलकारी–सं०उ०लिं० [सं० जलकारिन्] चतुरिन्द्रिय जीव की एक जाति (जैन)

जळकिट्ट–सं०पु० [सं० जलकिट्ट] पानी का मैल, काई ग्रादि (जैन)

जळकीड़ा, जळकीडा, जळकीला–सं०पु०यौ—१ श्रीकृष्ण ।
२ देखो 'जळक्रीड़ा' (रू.भे.)

जळकुंभी–सं०स्त्री० [सं० जलकुंभी] कुंभी नामक वनस्पति जो जलाशयों के पानी के ऊपर प्राय: हरे या पीले रंग की फैली हुई होती है, काई (ग्रमरत)

जळकूंडियौ, जळकूंडौ–सं०पु०—चंद्रमा के चारों ग्रोर यदा-कदा दिखाई पड़ने वाला प्रकाश का घेरा जो वर्षासूचक माना जाता है ।
विलो०—वायकुंडियौ, वायकूंडौ ।

जळकेतु–सं०पु०यौ० [सं० जलकेतु] पश्चिम दिशा में उदय होने वाला एक प्रकार का पुच्छल तारा ।

जळकौग्रा–सं०पु०—देखो 'जलकाक' (रू.भे.)

जळक्कणौ,जळक्कवौ—देखो 'झळक्कणौ, झळक्कवौ' (रू.भे.)
उ०—खळक्कै सिलै पाखरां राड़ि खंगि । जळक्कै विचै धोम सी दीठ जंगी ।—सू.प्र.

जळक्रीड़–सं०पु०—१ ईश्वर. २ श्रीकृष्ण (नां.मा.)

जळक्रीड़ा–सं०स्त्री०—जलाशय में की जाने वाली क्रीड़ा, जल-विहार ।
रू०भे०—जळकीड़ा, जळकीडा, जळकीला ।

जळखड़िया–सं०स्त्री०—राठौड़ों की प्रमुख १३ शाखाग्रों में से एक ।
(बां.दा. ख्यात)

जळखांनौ–सं०पु० [सं० जल+फा०खान:] पीने का जल रखने का स्थान ।
मि०—पळींडौ ।

जळखार–सं०पु०—समुद्र । उ०—रुघ तपत बांण सधार, खळ भळै जिम जळखार ।—सू.प्र.

जळखेड़ा, जळखेड़िया—देखो 'जळखड़िया' (रू.भे.)

जळख्यात–सं०पु०—नाविक, केवट (ग्र.मा.)

जळगंग–सं०स्त्री०—गंगा नदी (ग्र.मा.)

जळगार–सं०पु० [सं० जलागार] जलाशय, तालाब ।

जळगौ–सं०पु०—ग्रग्नि (ह.नां.)

जळग्रभ–सं०पु० [सं० जल+गर्भ] बादल, मेघ । उ०—काळी काळी घटा करि । ऊनळा बादळ । वाउ सों डोलता उवै ग्रागै । स्रावण का मेह धारां वरसण लागा । दिसा-दिसा हुता जु जळग्रभ गळि पड़ै छै ।
—वेलि.टी.

जळघड़ियौ–सं०पु० [सं० जल+घट+रा०प्र० इयौ] वैष्णव सम्प्रदाय में विष्णु की पूजा के लिये जल लाने वाला व्यक्ति ।

जळघड़ी–सं०स्त्री०यौ०—एक प्रकार का कटोरीनुमा बरतन जिसमें एक छोटा छिद्र होता है । इसे पानी में छोड़ दिया जाता है । निश्चित समय के बाद उसमें पानी भर जाने के कारण वह डूब जाता है । इससे समय का पता लग जाता है । (प्राचीन)

जळघरिय–वि० [सं० जलगृहिक] पानी की व्यवस्था करने वाला, पानी पिलाने वाला (जैन)

जळचर–सं०पु०यौ० [सं० जलचर] जल में रहने तथा उसमें विचरण करने वाले प्राणी, जलजंतु । उ०—पूर तोय परिखा चहूं पासी, मगर मीन जळचर सुखरासी ।—ला.रा.
रू०भे०—जळचारी ।

जळचरी–सं०स्त्री०यौ० [सं० जलचरी] मछली ।

जळचारण–सं०पु० [सं० जलचारण] जिसके प्रभाव से पानी में भी भूमि की तरह चला जा सके ऐसी ग्रलौकिक शक्ति रखने वाला मुनि (जैन)

जळचारिया–सं०स्त्री० [सं० जलचारिका] चार इन्द्रियधारी एक जाति का जीव (जैन)

जळचारी–सं०पु० [सं० जल चारिन्] देखो 'जळचर' (रू.भे.)

जळछत्र–सं०पु०यौ०—कमल (ग्र.मा.)

जळजंत्र–सं०पु०यौ० [सं० जल+यंत्र] फौव्वारा । उ०—पात गदा दै पुट्ठली फटकार फबाया । घाय हुव्वकै रंग के जळजंत्र चलाया ।
—वं.भा.

जळज–सं०पु० [सं० जलज] १ कमल (नां.मा.) उ०—जळज प्रभू पद जांण, दै सुगंध निरवांण पद । मो मन भंवर प्रमांण, रात दिवस विलम्यौ रहै ।—र.रू. उ०—२ डंळ सिर भांग 'विजा' हर ग्रोपै, नाथ क्रपा प्रभता नूमळ । जळज गुणिंद हरख मय जाभा, खूटे रिख वळ छोड खळ ।—महाराजा मांनसिंह री गीत
२ मोती (नां.मा.) उ०—ग्रस पांखां ग्रावर 'ग्रजबावत', बावर जुध ग्रावध विखम । ढुंढ़ाहड़ा सतोल जळज ढिग, जे खळ भखिया सुचळ जम ।—प्रिथ्वीसिंह हाडा रौ गीत

३ शंख (टि.को.) उ०—नयण कंज सम निपट, सुभग आंगुण हिमकर सम। जप सम ग्रीवह जळज, तवत सम हीर दसण तिम।
— र.ज.प्र.

४ चंद्रमा. ५ वरुण (अ.मा.)

वि०—शीतल (टि.को.)

जळचख-सं०पु० [सं० जलज+चक्षु] ईश्वर।

जळजनम-सं०पु० [सं० जल+जन्म] कमल (ह.नां.मा., अ.मा.)

जळजवर-सं०पु० [सं० जल+वर] वरुण (अ.मा.)

जळजळाकार-सं०पु०—जहां सर्वत्र जल ही जल हो।

उ०—प्रथम जळजळाकार हुतौ। तिहां निरंजन निराकार वड पात मांहि पोढिया हुता।—द.वि.

जळजळित-वि० [सं० जाज्वल्यमान] देदीप्यमान (जैन)

जळजळौ-वि० (स्त्री० जळजळी) अश्रुपूर्ण, डबडबाया हुआ, सजल नेत्र, ज्यूं—टाबर री आंख्यां जळजळी व्हैगी।

क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।

जळजहर-सं०पु० [सं० जलज+हर] १ हंस (नां.मा.)

[सं० जलधर] २ बादल, मेघ (ना.डि.को.)

जळजांन-सं०पु० [सं० जलयान] जहाज। उ०—मसक समांन कान्ह कूं मारचौ। उदनवांन जळजांन उवारचौ।—मे.म.

जळजात-सं०पु० [सं० जलजात] १ कमल। उ०—जोय वंक जळजात ज्यौं, संजुत संत असंत। वड़वानळ कड़वा वचन, जळ भलपण जांणंत।
२ जोंक। —बां.दा.

जळजात-व्यूह-सं०पु—कमल के आकार का सेना का एक व्यूह विशेष।

उ०—तिण भांति री समंद व्यूह सेन्यां कीआं चाली आवै छै। कांही जळजात-व्यूह सेन्या कीधी छै।—रा.सा.सं.

जळजाळ-सं०पु०यौ० [सं० जलजाल] मेघमाल, बादल, घनघटा।

उ०—जळजाळ स्रवति जळ काजळ ऊजळ, पीळा हेक राता पहल। आधौ फरै मेघ ऊभसता, महाराज राजै महल।—वेलि.

जळजासन-सं०पु०यौ० [सं० जलजासनः] कमल पर आसन जमाने वाला ब्रह्मा।

जळजीव, जळजीवि-सं०पु० [सं० जल+जीव] जल में पनपने वाला जीव। उ०—गुरि सरिसा जळि तरइं द्रोण चलणु जळजीवि लिद्धऊ। कूंयर परीक्षा तणइ मिसिं गुरिहिं कूड पोकारु किद्धऊ।—पं.पं.च.

जळजुत-वि०—कान्तियुक्त, दीप्तिमान। उ०—खोळा टंकियोड़ा गळ में खूंगाळी। जळजुत ठोडी पर टिमकी जंघाळी।—ऊ.का.

जळजेता-सं०पु० [सं० जलजित] वरुण (अ.मा.)

जळजैत-सं०स्त्री०—१ कान्ति, शोभा।

सं०पु०—२ यश।

जळजोग-सं०पु०यौ०—वर्षा का योग (ज्योतिष)

जळझूलणी-सं०स्त्री०यौ०—भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी।

वि०वि०—इस दिन विष्णु की मूर्ति को सिंहासन पर (रेवाड़ी में) बैठा कर किसी जलाशय पर ले जाया जाता है, जहां पर उन्हें जल से स्नान करा कर ऋतुफल का भोग रखा जाता है।

जळठांण-सं०पु० [सं० जळस्थान] १ जलाशय (जैन) २ जल रखने का स्थान (जैन)

मि०—'पळींडौ'।

जळडमरमध्य-सं०पु०यौ०—दो बड़े समुद्रों को मिलाने वाला जल का वह तंग रास्ता जो किन्हीं दो भूमि खंडों के बीच में से होकर गया हो।

जळण-सं०स्त्री० [सं० ज्वलन] १ दाह, जलन। उ०—रासो लाज विभू ! विनती की। जीव की जळण हरौ सब ही की।—गी.रां.

२ अग्नि (ना.डि.को.) उ०—१ पारथिया क्रिपण वयण दिसि पवणै, विण अंबह वाळिया वण। लागै माघि लोक प्रति लागौ, जळ दाहक सीतळ जळण।—वेलि.

उ०—२ ओम गोम विच दीसै अवगत, जळ में प्राजळतौ जळण।
—प्रथ्वीराज राठौड़

३ गर्मी, उष्णता, ताप। उ०—जळ जाळ माळ विसाळ नभ जुत, उरड़ भड़ अण पार ए। मिटि जळण धरणि विनोद मांनव, भूरि सर जळ भार ए।—रा.रू.

४ ईर्ष्या, डाह. ५ क्रोध, गुस्सा (जैन) ६ अग्निकुमार देवता (जैन)।

जळणौ, जळबौ-क्रि०अ० [सं० ज्वलनम्] १ अग्नि के संयोग से अंगारे या लपट के रूप में होना, दग्ध होना, भस्म होना।

उ०—जउहर महि जळिवाह इसइ तेज पइसइ अनळ। पहिला थी राहि पाछिली पग एक पड़ खइ नाह।—अ. वचनिका

२ बहुत गरमी या आंच के कारण किसी पदार्थ का कोयले या भाप के रूप में हो जाना. ३ झुलसना. ४ बहुत अधिक ईर्ष्या, डाह या द्वेष के कारण कुढना। उ०—इम देखि अमल जळिया असह, धरा लियै इम धारियौ। जुध करण न हूं आसंग जदि, विग्रह चूक विचारियौ।—सू.प्र.

५ कोप करना, क्रुद्ध होना। उ०—वदन्न वणै कंघ वांके विनांणै, जळै गारडू छेड़ियौ नाग जांणै।—र.रू.

जळतंग, जळतरंग-सं०पु० [सं० जलतरंग] १ धातु की बहुत सी कटोरियों को एक क्रम से रख कर बजाया जाने वाला बाजा।

[रा०] २ फरशी के ऊपर लगा हुवा सीधा और पोला वह भाग जिस पर तम्बाखू की भरी चिलम रखी जाती है।

जळतर-सं०पु० [सं० जल+तर] जहाज, नाव (अ.मा.)

जळतरण-सं०स्त्री०—७२ कलाओं में से एक कला (व.स.)

जळतवाई, जळताई-सं०स्त्री०—१ दीपक में तेल के कारण जमने वाला चिपचिपा मैल।

सं०पु०—गंदे स्वभाव का व्यक्ति।

जळतोरु-सं०स्त्री०—मछली।

जळद-सं०पु० [सं० जलद] १ मेघ, बादल। उ०—जोड़ जळद पटळ

दळ सांवळ, ऊजळ, घुरै नींसांण सोई घणघोर। प्रोळि प्रोळि तौरण परठीजै, मंडे किरि तंडव गिरि मोर ।—वेलि.

२ कपूर (अ.मा.)

वि०—जल देने वाला।

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्द। उ०—फौज री कठी अणियां फिरै निजर देख नै धावजो सांभळी जिता कांनां सवद, जळद आय भुगतावजो ।—पे.रू.

रू०भे०—जळद्द ।

जळदकाळ-सं०पु० [सं० जलदकाल] वर्षाकाल ।

जळदतिताळौ-सं०पु०—वह साधारण तिताला ताल जिसकी गति साधारण से कुछ तेज हो ।

जळदाग-सं०पु०यौ० [सं० जल+रा० दाग] शव को पानी के बहाव में बहा देने की क्रिया ।

जलदि, जलदी—देखो जल्दी' (रू.भे.)

जळदुरग-सं०पु०यौ०—वह दुर्ग जो चारों ओर से नदी, झील आदि से सुरक्षित हो ।

जळदेव, जळदेवता-सं०पु [सं० जलदेव] १ पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र. २ वरुण। [रा०] ३ एक मारवाड़ी लोकगीत ।

जळद्द—देखो 'जळद' (रू.भे.)

उ०—हरी केसरी वोळ कूं कूं हळद्दं। जठै मोतियां धार वूठै जळद्दं। —सू.प्र.

जळद्र-वि०—जल से भीगा हुवा ।

उ०—उस्णकाळ पहुंतउ, जिसी दावानळ तणी ज्वाळा तिसी लू वाइं, जिसउ बावन्न पळ तणउ गोध मिउ हुइ तिसिउ आदित्य तपइ, जिसी आसड तणी वेळू तिसी भूमिका धगधगइ, मस्तक तणउ प्रस्वेद पांह्ली ऊतरइ, धरमि जीवलोक गळगळइ, स्रीमंत तणां चउवारां झळहळइं, जळद्रां सरीरि लगाडीइं, गुलाव तणा अभ्यंग कीजइं, बावन्ना स्रीखंड घसीयइ, चउदिसीयइं वीजणा फिरइं, द्राक्षा आवली-पांन कीजइं, कळमसालि तणा सीधउरा करंवा कीजइं, अच्छां कापड़ा पहरियइं, लू आहण्यां पांणी पीजइं ।—व.स.

जळद्रव्य-सं०पु०यौ० [सं० जलद्रव्य] जल से उत्पन्न होने वाले मुक्ता, शंख आदि द्रव्य ।

जळध-सं०पु० [सं० जलधि] समुद्र (अ.मा.)

उ०—विध रा रछक दीन रा बंधव, सिव रा ध्यांन निगम रा सार। जस रा जळध अंतर रा जांमी, भांमी तौ सिय रा भरतार ।—र.रू.

जळधआधीन-सं०पु०यौ०—इन्द्र (अ.मा.)

जळधर-सं०पु० [सं० जलधर] १ बादल (नां.मा.)

उ०—वरसात भर घर परम सुख वणि, उमड़ि जळधर आवही। घण घोर सोर मयोर रस घण, घटा घण घहरावही ।—रा.रू.

२ समुद्र। उ०—१ जिण कीध वट पट निपट जळधर, अद्रतार ऊभेखजै ।—र.ज.प्र.

उ०—२ कहि जिण वार 'अभैमल' केहो। जळधर वांध लियौ लंक जेहो ।—सू.प्र.

रू०भे०—जळाधर ।

जळधरकेदारा-सं०पु०—एक संकर राग (संगीत)

जळधरण-सं०पु० [सं० जल+धरण] बादल, मेघ (ह.नां.मा., अ.मा.)

जळधरमाळा-सं०स्त्री०यौ० [सं० जलधरमाला] घनघटा, मेघमाला ।

जळधरियौ-सं०पु०—मेघ, बादल ।

जळधरी-सं०स्त्री०—धातु या पत्थर का बना अर्घा जिस पर शिवलिंग स्थापित किया जाता है ।

जळधार-सं०स्त्री० [सं० जळधारा] १ नदी (अ.मा.)

[रा०] २ कटारी, तलवार आदि शस्त्र जिनकी बाढ उज्वल हो । उ०—जळधार पेस कवजां जड़ंत। पोटलां मार गुरजां पड़ंत ।—वि.सं.

जळधारा-सं०स्त्री० [सं० जलधारा] १ पानी का प्रवाह. २ नदी. ३ वह तपस्या जिसमें तपस्या करने वाले पर निरन्तर पानी की धारा डाली जाती रहती हो ।

जळधारी-वि० [सं०जलधारी] पानी को धारण करने वाला ।

सं०पु०—१ बादल, मेघ. २ इंद्र (ना.डिं.को.) ३ जल पिलाने वाला व्यक्ति (जैन)

जळधाव-सं०पु०—समुद्र (अ.मा.)

जळधि-सं०पु० [सं० जलधि] समुद्र। उ०—हर अकरण करण सरण असरण हरी, तरण अतर भव जळधि तिको ।—र.ज.प्र.

जळधिगा-सं०स्त्री० [सं० जलधिगा] १ नदी (डिं.को.) २ लक्ष्मी.

जळधिज-सं०पु० [सं० जलधिज] चंद्रमा ।

जळधिया-सं०स्त्री० [सं० जलधिगा] १ नदी, सरिता ।

[सं० जलधि+रा०धी] २ लक्ष्मी ।

जळधेनु—सं०स्त्री० [सं० जलधेनु] एक कल्पित धेनु जिसकी कल्पना जल के घड़े में दान के लिये की जाती है (पौराणिक)

जळनध-सं०पु०यौ० [सं० जलनिधि] समुद्र ।

जळनवास-सं०पु०यौ० [सं० जलनिवास] किसी जलाशय के अन्दर बना हुआ भवन। उ०—करै चाव हरिया गरां मौर कळकां करै, चलै नद नीर दरियाव चाळा। पातवां पाव आसां तणा पीयाला, आव जळनवासा 'भीम' आळा ।—चिमनजी आढ़ौ

जळनायिका-सं०स्त्री०—राजा महाराजाओं तथा धनवान व्यक्तियों के स्नानागार व जल-क्रीड़ा में साथ रहने वाली स्त्री; जल-योषिता ।

उ०—प्रेमांधल सांत दांत जितेंद्रिय जितक्रोध परित्यक्त परिवाद लब्ध साधुवाद सतीजनभाल तिलकानुकारिणी, एवं विध जळनायिका । —व.स.

जळनिध—देखो 'जलनिधि' (रू.भे.)

उ०—हिले संप हैथाट, चले वांना बहरंगी। इळ जळनिध उलटै, बड़वानळ संगी ।—रा.रू.

जळनिधराज-सं०पु०यौ० [सं० जलनिधिराज] महासागर ।

जळनिधि, जळनिधी-सं०पु० [सं० जलनिधि] समुद्र (डिं.नां.मा.)

उ०—वरसत दड़ड़ नड़ अनड़ वाजिया, सघण गाजियौ गुहिर सदि। जळनिधि ही सांमाइ नहीं जळ, जळवाळा न समाइ जळदि ।—वेलि.

रू०भे०—जळनिध ।

जळनिधि–सं०पु० [सं० जलनिधि] समुद्र

जळनीम–सं०स्त्री०—प्रायः जलाशयों के निकट दलदली भूमि में होने वाली एक प्रकार की नीलिमा जो कड़ुई होती है ।

जळनीवाण–सं०पु० [सं० जलनिपान] पाताल (डि.नां.मा.)

जळपखंद, जळपखंदण–सं०पु० [सं० जलप्रस्कंद] पानी में डूब मरने की एक क्रिया विशेष (जैन)

जळपणौ, जळपवौ–क्रि०अ० [सं० जल्प्] १ बोलना, कहना ।

उ०—सेना चालि, सेग हालि, माहाले महिपति मलपता । 'नारि वरसूं प्रीति करसूं, मोद धरसूं' जळपता ।—नलाख्यांन

जळपत, जळपति, जळपती–सं०पु० [सं० जल+पति] १ समुद्र (अ.मा.) २ वरुण (डि.को., ना.डि.को.)

उ०—विसन ब्रह्म सिव अरक वखांणौ, जळपति ससि दिस मारुत जांणौ ।—रा.रू.

जळपथ–सं०पु०यौ० [सं० जलपथ] १ वह नाली या नहर जिसमें पानी बहता हो. २ समुद्री-मार्ग ।

जळपरवा–सं०स्त्री०—ईशान कोण की वायु (शेखावाटी)

जळपराव्धी–क्रि०वि०यौ० [सं० अब्धि+जल+पार] समुद्रपर्यन्त ।

जळपवेस–सं०पु० [सं० जलप्रवेश] जल में डूबने की एक क्रिया (जैन)

रू०भे०—जळप्पवेस ।

जळपांन–सं०पु० [सं० जल+पान] थोड़ा व हलका भोजन, नाश्ता, कलेवा ।

जळपियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ बोला हुआ, कहा हुआ. २ प्रलाप किया हुआ (स्त्री० जळपियोड़ी)

जळपू–सं०पु०—१ अभ्रक, भोडल । २ घटिया दर्जे का वरक ।

उ०—धूजता हाथां सूं पेटी ऊंधी करनै सगळी चीज दरी माथै विखेरदी—सिगरेटां रा चिळकता जळपू, भांत-भांत री छापां, भांत-भांत रा गुळगुचिया, काच रा केई टुकड़ा ।

रू०भे०—जळफू । —वांगी

जळप्पभ–सं०पु० [सं० जलप्रभ] १ जलकान्त तथा जलप्रभ इन्द्र के चौथे लोकपाल का नाम (जैन) २ उत्तर की तरफ से उदधि कुमार जाति के भवनपति देवता का इन्द्र (जैन)

रू०भे०—जळप्पह ।

जळप्पवेस—देखो 'जळपवेस' (रू.भे., जैन)

जळप्पह—देखो 'जळप्पभ' (रू.भे., जैन)

जळप्रवाह–सं०पु०यौ० [सं० जलप्रवाह] १ पानी का प्रवाह. २ बहाव में किसी वस्तु या शव को बहा देने की क्रिया या भाव ।

जळप्रिय–सं०पु० [सं० जलप्रिय] १ मछली (डि.को.) २ चातक, पपीहा ।

जळफळ–सं०पु०—बांस (ह.नां.)

जळफू—देखो 'जळपू' (रू.भे.)

जळवंध–वि०—कान्ति व दीप्ति युक्त । उ०—दुय गिरि चंदण अढार, वरै जळवंध मोताहळ । सेर एक सोव्रन, पंच रूपक झाळाहळ ।

—नैणसी

जळवटी—देखो 'जळवट' (रू.भे.) उ०—तूझ तुरंगां दांन रा, हिमगिर तळहटियांह । गावै गीत तुरंग मुख, जळरख जळवटियांह ।—बां.दा.

जळवळजांमी–सं०पु०—इंद्र । उ०—भल नूंती रे म्हारो जळवळजांमी बाप, रातादेई म्हारी मांय ने जे ।—लो.गी.

जळवाळक–सं०पु० [सं० जलबालक] विंध्याचल पर्वत ।

जळबाळा, जळबाळिका–सं०स्त्री०यौ० [सं० जलबालिका] बिजली, विद्युत । उ०—वरसतै दड़ड़ नड़ अनड़ बाजिया, सघण गाजियौ गुहिर सदि । जळनिधि ही सामाइ नहीं जळ, जळबाळा न समाइ जळदि ।—वेलि.

जळविडाळ–सं०पु०यौ० [सं० जलविडाल] ऊदबिलाव ।

जळवेंत–सं०पु० [सं० जलवेत्र] लता के आकार का एक प्रकार का बेंत का पेड़ जो जलाशयों के निकट होता है ।

जळबोळ–सं०पु०—१ संहार, नाश । उ०—जळ······नांखेय सोम जळा । कुळ जींद करूं जळबोळ कळा ।—पा.प्र.

२ देखो 'जळावोळ' (रू.भे.) उ०—प्रळैकाळ जळबोळ पतसाह दळ पसरिया, सार भुज सजे जुधभार सारू । इनि गिरां नरां अविलोप होवतां अकळ, मेर डिगियौ नहीं राव मारू ।

—राठौड़ वल्लू गोपाळदासोत चांपावत री गीत

उ०—२ जिण समै साह जगड़ु जिहाज, दरियाव बीच खेड़े दराज । जळबोळ महा सांमद्र जोर, घण वेळ जंत्र आवरत घोर ।

—रांमदांन लाळस

वि०—क्रोधपूर्ण । उ०—त्यै पांतरै वडौ छत्र पड़ियौ, वोटण गढां अथग जळबोळ ।—नैणसी

जळभंगरौ—देखो 'जळभांगरौ' (रू.भे.)

जळभांगरौ–सं०पु०—जलभंगरा नामक औषधि में प्रयोग होने वाली वनस्पति जो जलाशयों के तटों पर ही होती है (अमरत)

जळमंड, जळमंडण, जळमंडळ–सं०पु०—बादल (अ.मा., ना.डि.को.)

जळमंडूक–सं०पु०यौ० [सं० जलमंडूक] एक प्रकार का बाजा (प्राचीन)

जलम–सं०पु०—१ देखो 'जुलम' (रू.भे.)

२ देखो 'जनम' (रू.भे.)

जलमअाठम—देखो 'जनमआठम' (रू.भे.)

जळमई–वि०—जलयुक्त, जलपूर्ण । उ०—प्रिथी समस्त जळमई होय रही थी ।—वेलि.टी.

जलमणौ, जलमवौ—देखो 'जनमणौ, जनमवौ' (रू.भे.)

उ०—जलमिया घरती लाखां लाल, कोड रै हालरियै हुलराय । गिणिया वधै वेल री जात, अणगिण खोळा में रह जाय ।—सांझ

जलमणहार, हारौ (हारी), जलमणियौ—वि० ।

जलमाड़णौ, जलमाड़वौ, जलमाणौ, जलमावौ, जलमावणौ,

जलमावर्वो—प्रे०रू० ।

जलमिग्रोड़ौ, जलमियोड़ौ, जलम्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

जलमीजणौ, जलमीजबौ—भाव वा० ।

जलमपतरी—देखो 'जनमपतरी' (रू.भे.)

जलमभोम—देखो 'जनमभोम' (रू.भे.)

जळमांणस, जळमांणसियौ—देखो 'जळमांनुस' (रू.भे.)

जलमांतर—देखो 'जनमांतर' (रू.भे.)

जळमांनुस-सं०पु०—एक कल्पित जलजंतु जिसका आधा भाग मनुष्य के समान तथा आधा भाग (नाभि के नीचे का) मछली के समान होता है ।

रू०भे०—जळमांणस ।

अल्पा०—जळमांणसियौ ।

जलमाणौ, जलमावौ—देखो 'जनमाणौ' (रू.भे.)

जळमात्रका-सं०स्त्री०यौ० [सं० जलमातृका] जल में रहने वाली सात देवियां—मत्सी, कूर्मी, वराही, दर्दुरी, मकरी, जलूका, जंतुका ।

जळमारग-सं०पु०—समुद्री रास्ता ।

जळमाळ, जळमाळयिण, जळमाळा-सं०स्त्री० [सं० जलमाला] नदी (अ.मा., ह.नां.) उ०—बादळ काळा बरसिया, अत **जळमाला** आंण । कांम लगौ चाळा करण, मतवाळा रंग मांण ।—बां.दा.

जलमावणौ, जलमावबौ—देखो 'जनमाणौ' (रू.भे.)

जलमावणहार, हारौ (हारी), जलमावणियौ—वि० ।

जलमाविग्रोड़ौ, जलमावियोड़ौ, जलमाविब्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

जलमावीजणौ, जलमावीजबौ—कर्म वा० ।

जलमणौ, जलमवौ—अक०रू० ।

जलमावियोड़ौ-भू०का०कृ०—प्रसव कराया हुआ ।

(स्त्री० जलमावियोड़ी)

जलमासटमी—देखो 'जनमासटमी' (रू.भे.)

जळमित्त-सं०पु० [सं० जलमित्र] दूध, पय, दुग्ध ।

जळमुक, जळमुच-सं०पु० [सं० जलमुक्] मेघ, घन, बादल (नां.मा.)

रू०भे०—जळमूक ।

जळमुरगाई—एक प्रकार की छोटी बतख ।

जळमूक-सं०पु०—देखो 'जळमुक' (रू.भे.)

जळय-सं०पु० [सं० जलद] १ मेघ, बादल (जैन)

[सं० जलज] २ कमल (जैन)

जळयर, जळयरी-सं०उ०लिं० [सं० जलचर, जलचरी] १ जल में रहने वाले पचेन्द्रिय जीव (जैन). २ मछली ।

जळयांन-सं०पु० [सं० जलयान] जल में काम आने वाला यान, नाव, जहाज आदि ।

जळयात्रा-सं०स्त्री०यौ० [सं० जलयात्रा] १ पवित्र जल लाने के लिये की जाने वाली यात्रा. २ देवोत्थापिनी एकादशी के दिन उदयपुर में होने वाला एक उत्सव. ३ ज्येष्ठ की पूर्णिमा को होने वाला वैष्णवों का एक उत्सव ।

जळयाळ-सं०पु०—जलागार, समुद्र ।

जळरअ-सं०पु० [सं० जलरत] जलकान्त तथा जलप्रभ इन्द्र के लोकपाल का नाम (जैन)

जळरक्ख-सं०पु० [सं० जलराक्षस] राक्षसों का पांचवां भेद (जैन)

जळरख-सं०पु०—यक्ष । उ०—तूझ तुरंगां दांन रा, हिमगिर तळहटियांह । गावै गीत तुरंग मुख, **जळरख** जळ बटियांह ।—बां.दा.

जळरक्षक-सं०पु०यौ० [सं० जलरक्षक] वरुण (अ.मा.)

जळरमण, जळरमणि, जळरमणी-सं०स्त्री० [सं० जलरमणी] १ बिजली (अ.मा., ह.नां.) २ जळक्रीड़ा (जैन) ।

जळरांण, जळराइ, जळराट-सं०पु० [सं० जलराट्] समुद्र (अ.मा.)

उ०—रायां राउ उपरि असुरि राइ, **जळराइ** जांणि मेल्ही अजाइ ।
—रा.ज.सी.

जळरास, जळरासि, जळरासी-सं०पु० [सं० जलराशि] १ कर्क, मकर, कुंभ और मीन राशियां (ज्योतिष) २ समुद्र (अ.मा.)

उ०—ज्यां लंघन **जळरासि** कौ, हणुमा हुळसाया ।—वं.भा.

जळरिप-सं०पु०—वायु, पवन (ह.नां., अ.मा.)

जळरुट, जळरुत-सं०पु० [सं० जळरुहः] कमल (ह.नां, अ.मा.)

जळरुह-सं०पु० [सं० जलरुहः] कमल (ह.नां.)

जळरूट-सं०पु० [सं० जलरुहः] कमल (अ.मा.)

जळरूप, जळरूव-सं०पु० [सं० जलरूपः] १ उदधि कुमार के इन्द्र जलकान्त के तीसरे लोकपाल का नाम (जैन) २ मगर, घड़ियाल ।

जळळ-वि०—१ अतिक्रोधी. २ भयंकर । उ०—कहर झड़ै चकमक चखां चांपिया नाग कळ, अरि चडै कांपिया गिरां ओखा । 'अजन' रा ठेट हुं अलल जुध ऊपरै, गढ़ पड़ै फेट हूं **जळळ** गोख ।
—रावत अरजुनसिंह चूंडावत रौ गीत

सं०पु०—१ दंड, सजा. २ युद्ध, संग्राम ।

जळवट-सं०पु०—१ समुद्र । उ०—**जळवट** थळवट चिहुँ दिसी, तणी वस्त विदेसी आवइ घणी । वीसा दसा विगति विस्तरी, एक स्रावक एक माहेसरी ।—कां.दे.प्र

२ जलमार्ग. ३ वह स्थान जो चारों ओर जल से घिरा हुआ हो. टापू ।

रू०भे०—जळवटी, जळवटी, जळवट्ट ।

जळवटराय-सं०पु०यौ०—विष्णु । उ०—जीव रे जेज म कर तिल जवड़ी, माठा आखर दळिद चा मेट । मुगत दियण **जळवटराय** मिळियौ । भुगत दियण थळवट राव भेट ।—ईसरदास बारहठ

जळवटी, जळवट्ट—देखो 'जळवट' (रू.भे.) उ०—ताहरां कह्यौ—थे मोनूं कोई द्रव्यवंत बावड़ौ । ताहरां कह्यौ—मूगळ भोजराज-रौ **जळवटी** पातिसाह, ओथ द्रव्य छै, उवै रै कोड़ ग्यांन छै, तोनूं देसी, ओथ जाह ।—सयणी री वात

जळवळजांमी—देखो जळ वळ जांमी (रू.भे.) उ०—जोड़ौ खुदा दै,

ओ हां ओ म्हारा जळवळजांमी वाद, आई रे गांवड़िये री तीजां, वाई झोलसी ।—लो.गी.

जळवह, जळवहण–सं०पु० [सं० जलवाह] मेघ, बादल (ना.डि.को.)

जळवा–सं०स्त्री०—नवप्रसूता स्त्री का सूतिका-गृह से बाहर निकलने पर सर्वप्रथम किसी जलाशय पर जल-पूजन की क्रिया ।

उ०—एक वर्ग देरी ए म्हारी मिरगा नैणी जळवा पूजती ।—लो.गी.

यौ०—जळवा-पूजन ।

जळवाणो, जळवावौ–क्रि०स० ('जळणौ' क्रि० का प्रे०रू०) जलाने का काम दूसरे से कराना ।

जळवाणहार, हारौ (हारी), जळवाणियौ—वि० ।

जळवायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

जळवाईजणौ, जळवाईजवौ—कर्म वा० ।

जळणौ, जळवौ—अक०रू० ।

जळवासी–सं०पु० [सं० जलवासिन्] जल के अन्दर रहने वाले तापस की एक जाति (जैन)

जलवाह–सं०पु० [सं० जलवाह] बादल (डि.को.)

जळविभू–सं०पु० [सं० जल+विभू] वरुण (अ.मा.)

जळविसुव–सं०पु०यौ० [सं० जलविषुव] तुला संक्रान्ति, ज्योतिष का एक योग ।

जळवेत–सं०स्त्री० [सं० जलवेतस] जल के अंदर होने वाला लता के आकार का एक वृक्ष ।

जळवैक्रत–सं०पु०यौ० [सं० जलवैकृत] किसी जलाशय के पानी में आकस्मिक विकार या अदभुत बातों का दिखाई पड़ना ।

जळव्याघ्र–सं०पु०यौ० [सं० जलव्याघ्र] एक जंतु जो बड़ा क्रूर और हिंसक होता है, यह सील की जाति का होता है ।

जळव्याळ–सं०पु० [सं० जलव्याल] १ जलगर्द, पानी का सांप. २ मेंढ़क ।

जळव्रक्ष, जळव्रिक्ष–सं०पु०यौ० [सं० जलवृक्ष] जल में उत्पन्न होने वाले पौधे, वृक्ष आदि जैसे—कमल, सिंघोड़ा, शेवाल आदि ।

जळसंव्रत–सं०पु०—वरुण (डि.को.)

जळसपणी–सं०स्त्री० [सं० जलसर्पिणी] जोंक ।

जळसमुद्र–सं०पु० [सं० जलसमुद्र] सात समुद्रों में से एक समुद्र । (पौराणिक)

जळसळजांमी–सं०पु०—इन्द्र । उ०—कोयल ए! आज म्हारे जळसळजांमी जोइ जे, कोयल ए, जांमी म्हारे भर मादरवा री महेस, वाई री तौ सरवरजांमी सोह भरे ।—लो.गी.

रू०भे०—जळवळजांमी ।

जळसांई–सं०पु० [सं० जलस्वामी] १ ईश्वर (नां.मा.) २ विष्णु (ह.नां.)

जळसीप–सं०स्त्री० [सं० जलशुक्ति] वह सीप जिसमें मोती होता है ।

जळसीर–सं०स्त्री०—जमीन (अ.मा.)

जळसुत–सं०पु०यौ० [सं० जल+सुत] कमल ।

जळसूग–सं०पु० [सं० जलसूक] जलकान्त इन्द्र के दूसरे लोकपाल का नाम (जैन)

जळसोयवाइ–सं०पु० [सं० जलशौचवादिन्] पानी से शुद्धि मानने वाले तापस की एक जाति (जैन)

जळसौ–सं०पु० [अ० जलसा] आनंद या उत्सव मनाने का कार्य जिसके लिये बहुत से मनुष्य इकट्ठे होते हों ।

जळस्तभिनी–सं०स्त्री०—एक प्रकार की विद्या (व.स.)

जळस्राव–सं०पु० [सं० जलश्राव] सूर्य, भानु । उ०—निमो जळ सोख निमो जळस्राव, निमो भव भांण निमो ग्रह राव ।—सूरज स्तुति

जळहट्ठ–सं०पु०—मोती, मुक्ता । उ०—तें सौ लाख समापिया, रावळ लालच छट्ठ । सांसण सीचांणा जिसा, जेथ हुवै जळहट्ठ ।—बां.दा.

जळहर–सं०पु० [स० जलधर] १ बादल, मेघ (ना.डि.को.)

उ०—जंबक सबद नचींत कर, डर कर तूं मत भाज । सादूळो खीजै सुणे, जळहर हंदी गाज ।—बां.दा.

यौ०—जळहरजांमी ।

रू०भे०—जळवळ ।

२ इंद्र । उ०—१ मेघाडमर छतर घर मसतक, मही लग गमै खळा चां मूळ । जळहर गरज करै जोधपुरी, सत्र आफळै मरै सादूळ । —देवराज रतनू

उ०—२ राज करै रिमराह, खगट पिंगळ प्रथवीपति । प्रतपै जसु प्रताप, दांन जळहर जिम दीपति ।—ढो.मा.

३ सरोवर, तालाव । उ०—सुंदर सोळ सिंगार सजि, गई सरोवर-पाळ । चंद मुळक्कयउ जळ हंस्यउ, जळहर कंपी पाळ ।—ढो.मा.

यौ० [सं० जल+हर] ४ सूर्य. ५ वायु, पवन ।

जळहरजांमी–सं०पु०यौ० [सं० जलधर+रा० जांमी] इंद्र ।

रू०भे०—जळवळजांमी, जळवळसांमी, जळसळजांमी ।

जळहरी—१ देखो 'जलेरी' (रू.भे.) उ०—त्यै कौं जु सेन्या वेरि रही छ सु किसी देखिजै छै, जैसी चंद्रमा कै पासि जळहरी ।—वेलि.टी.

२ वह धातु या पत्थर का अर्घा जिसमें शिवलिंग की स्थापना की जाय ।

[सं० जलधर] ३ बादल ।

रू०भे०—जळहळी ।

जळहळ–सं०स्त्री०—चमक, रोशनी ।

जळहळणौ, जळहळवौ–क्रि०अ०—चमकना, झलकना । उ०—चौधारां लाल लाल खग चौरंग, वयंडां ओरवै वाज । फौजां कहर तमर भर फाड़ै, रव जम जळहळियौ जसराज ।—चावंडदांन बारहठ

जळहळणहार, हारौ (हारी), जळहळणियौ—वि० ।

जळहळिओड़ौ, जळहळियोड़ौ, जळहळ्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

जळहळीजणौ, जळहळीजवौ—भाव वा० ।

जळहळी–वि—आग बबूला । उ०—जांमवंत क्रुध भळ जळहळी,

सुवखेण मयंदह सतवळी ।—सू.प्र.

जळहस्ती–सं०पु० [सं०] छ: से आठ गज तक लम्बा सील की जाति का एक जल जंतु ।

जळहि–सं०पु० [सं० जलधि] समुद्र (जैन)

जळांजळी–सं०पु० [सं० जलांजलि] पानी से भरी अंजुलि ।

जळांतक–सं०पु० [सं० जलांतक] सात समुद्र में से एक समुद्र (पौराणिक)

जळांधीस—देखो 'जळाधीस' (रू.भे.)

जळा–सं०स्त्री०—१ फौज, सेना । उ०—१ कोपै कवर करूर, जळा भड़ मेले 'जगो' । जोइयां वेध जरूर, आयो 'वीरम' ऊपरे ।—गो.रू.
उ०—२ रात दिन मांमला किया सजको रहे, दोयणां जळा भंज इळा डाटी । दूठ कुळ किसव री अजब दूजा 'दला', पढ़तो कुण गजब वीरांण पाटी ।—उम्मेदसिंह सीसोदिया रौ गीत
२ अपार संपत्ति, धन, द्रव्य, लक्ष्मी, माया. ३ बड़ी आपत्ति. ४ फैला हुआ सामान. ५ आभा, कान्ति ।

जळाकांक्ष–सं०पु० [सं० जलकांक्ष] (स्त्री० जळाकांक्षिणी) हाथी ।

जळाकार–सं०पु० [सं० जल+आकार] जहां सर्वत्र ही जल हो ।
मि०—जळजळाकार ।

जळाणौ, जळाबौ–क्रि०स० [सं० ज्वलन] १ अंगारे या अग्नि के सहयोग से किसी वस्तु को अंगारे या लपट के रूप में कर देना ।
उ०—ज्वाळ घणां खळ उरां जळाई । तितै लीध धर मांन तळाई ।
—सू.प्र.
२ अधिक गरमी पहुंचा कर किसी वस्तु को काली बना देना या झुलसाना ।
३ किसी के मन में डाह, ईर्ष्या, कुढ़न आदि पैदा करना ।
जळाणहार, हारौ (हारी), जळाणियौ—वि० ।
जळायोड़ौ—भू०का०कृ० ।
जळाईजणौ, जळाईजबौ—कर्म वा० ।
जळणौ, जळबौ—अक०रू० ।
जळाड़णौ, जळाड़बौ, जळावणौ, जळावबौ—रू०भे० ।

जलाद—देखो 'जल्लाद' (रू.भे.)

जळाधर—देखो 'जळधर' (रू.भे.) उ०—उपै खग टूक लोही मझि एम । जळाधर बीच कळाधर जेम ।—सू.प्र.

जळाधार–सं०पु०—समुद्र । उ०—भुजा वीस सीसं दसं मूझ भाई । खितां दुंग लंका जळाधार खाई ।—सू.प्र.

जळाधिदैवत–सं०पु०यौ० [सं० जलधिदैवत] १ वरुण. २ पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र ।

जळाधिप–सं०पु० [सं० जलाधिप] १ वरुण. २ संवत्सर में जल का अधिपति ग्रह (फलित ज्योतिष)

जळाधीस–सं०पु० [सं० जलधीश] १ समुद्र. २ वरुण ।

जळाबोळ–वि०—१ भयंकर, विकट । उ०—१ बंबीडंडा रोड़ चंडा होड़ हाक डाक बागा, सतारौ चीतोड़-बागा जळाबोळ सार ।
—हुकमीचंद खिड़ियौ
उ०—२ जळाबोळ कळजुग, महा दूतर भवसागर । मोह लोभ जळ मांझि, हुवा गरकाव किता नर ।—ज.खि.
२ जलप्लावित । उ०—इम 'सूर' जीत दूजौ अभंग, आरंभ दळ हालै इसौ । ऊझळै छौळ पौरस उझळि, जळाबोळ सांमंद जिसौ ।
—सू.प्र.
३ वैभवपूर्ण, ऐश्वर्यपूर्ण । उ०—खट-त्रीस वंस राजकुळी सिरोमणि सूरजवंसी राजांन मारवाड़ि रा नव कोट री ठकुराई जळाबोळ राज-पदवी भोगवै ।—रा.सा.सं.
४ पूर्ण रूप से रंगा हुआ, रंग की चमक युक्त ।
उ०—हळाबोळ चतुरंग जळाबोळ केसरियां । हाकां खंभायकां डोह ऊच्छव डंवरियां ।—सू.प्र.
५ क्रोधपूर्ण ।
सं०पु०—समुद्र । उ०—१ चढ़ि चढ़ि गज भिड़जां नयण चोळ । बहं हलै प्रघळ दळ जळाबोळ ।—सू.प्र.
उ०—२ जळाबोळ संसार सिर जोर जग जांणगर, ग्राह पतसाह 'औरंग' करै गाज । धरा सिर राखियौ 'करण' हिंदू धरम, राखियौ जेम व्रजराज गजराज ।—ठाकरसी सिंढायच
रू०भे०—जळबोळ ।

जळाभिसेयकढ़िणगाय–सं०पु० [सं० जलाभिषेककठिनगात्र] वानप्रस्थ तापस की एक जाति जिसका शरीर पानी के बारबार सींचने से कठिन हो गया हो (जैन)

जलायत—देखो 'जिलायत' (रू.भे.)

जळायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ (अंगारे या अग्नि के सहयोग से किसी वस्तु को) अंगारे या लपट के रूप में किया हुआ ।
२ (अधिक गर्मी पहुंचा कर किसी पदार्थ को) काला बनाया हुआ, झुलसाया हुआ ।
३ (किसी के मन में) डाह, ईर्ष्या, कुढ़न आदि पैदा किया हुआ ।
(स्त्री० जळायोड़ी) ।

जलाल–सं०पु०—१ प्रियतम, (पति) । उ०—१ आप नहीं जो आवस्यौ, 'हीरां' कवण हवाल । महिला पदमण मांणज्यौ, जोड़ी तणा जलाल ।
—बगसीरांम प्रोहित री वात
उ०—२ जलाजी मारू, म्हे तौ थांरा डेरा निरखण आई हो मिरगानैणी रा जलाल ।—लो.गी.
२ जलाल गाहांणी नामक व्यक्ति जो बड़ा उदार था एवं जिसके नाम का 'जलो' लोकगीत राजस्थानी में गाया जाता है ।
वि० [अ०] १ प्रकाशमान । उ०—म्हारी नजर तौ माथै पड़ै, म्हारा जलाल महल रौ तूं थंभ है ।—बां.दा. ख्यात
२ तेजस्वी, कान्तिमान । उ०—केसवदास आदमी वडौ संचियार थौ, जलाल थौ, मरद मोटियार थौ ।
—मारवाड़ रा अमरावां री वारता
अल्पा०—जलालियौ, जलाल्यौ ।

जलालियौ-सं०पु०—१ दरवाजे के बीच में लगाया जाने वाला पत्थर जिससे कपाट अन्दर की ओर खुल सकते हैं किन्तु बाहर की ओर नहीं जा सकते ।

२ जबरदस्त, बलवान व्यक्ति । उ०—पड़ता आसमांन कूं झेलै । मेहर का प्राक्रम, सोर का भभका, वाराह का जोर, जलालिया का धका, काळी का रुळन, सती का नारेळ ।
—बगसीरांम प्रोहित री वात

३ देखो 'जलाल' (अल्पा., रू.भे.)

४ देखो 'जलालौ' (अल्पा., रू.भे.)

रू०भे०—जलाल्यौ ।

जलालोक-सं०पु० [सं० जलालुक] जोंक ।

जलालौ-वि०—जबरदस्त, दृढ़, मजबूत । उ०—१ फाटौ लोह धरा आव सुरेस री वज्र फाटौ, पेखे भूप जावौ फाटौ जलालौ पहाड़ । फेरूं कप्र तरु हीरौ अठारा ठौड़ सूं फाटौ, घणो जातां म्हारौ हीयौ न फाटौ विकार ।—सरूपदास दादूपंथी

उ०—२ जलाला चाढ़ जुधवेर भांजण जबर, यळा आळा लियण विरद अगता । हैजमां तोड़ चहुंवांण भाला हथां, विसाला तपो जुग कोड़ 'वगता' ।—रांमलाल आढो

अल्पा०—जलालियौ, जलाल्यौ ।

जलाल्यौ—१ देखो 'जलाल' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'जलालियौ' (रू.भे.)

उ०—१ प्रपा कूप नेंड़ो न वेंड़ो पयांणो । जलाल्या तणो फेटवो थेट जाणो ।—मे.म.

उ०—२ सेरां के झुंड, बळ के वितुंड, हूरां के हार, दिल के उदार'। काळी के चक्र, जलाल्या की टक्कर ।—ला.रा.

३ देखो 'जलालौ' (अल्पा., रू.भे.)

जळावण-वि०—जलाने वाला, भस्म करने वाला ।

उ०—नमो कपिळेसुर दिस्ट करूर, नमो सुत सग्र जळावण सूर ।
—ह.र.

जळावणौ, जळाववौ—देखो 'जळाणौ' (रू.भे.)

उ०—जळ वड़वानळ जिकौ जळावै । ऊन्हौ तिकौ सदमंदचे आवै ।
—सू.प्र.

जळावियोड़ौ—देखो 'जळायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० जळावियोड़ी)

जळासय-सं०पु० [सं० जलाशय] वह स्थान जहां अधिक मात्रा में पानी इकट्ठा रहता हो । उ०—सूरय आपण पइ थापड, जगत्र संतापइ । जे जीव थळ चरइ, तेहि जळासय अनुसरइ ।—मुरकलानुप्रास

जळासयसोसण-सं०पु० [सं० जलाशयशोषण] जलाशय, तालाब आदि सोखते श्रावक के सातवें व्रत का अतिचार रूप, पन्द्रहवां कर्मदान में चौदहवां कर्मदान. (जैन)

जळाहळ-सं०स्त्री०—१ चमक, दमक । उ०—१ भेळा गेहणा सूं जड़ाव जड़ियो छै । सोभा सूरजं री किरण री जळाहळ लाग रही छै ।
—रीसालू री वात

उ०—२ कंठसरी वहु क्रांति मिळी मुकताहळां । हिंदुळ नोसरहार, जळूस जळाहळां ।—वां.दा.

[सं० जलधर] २ समुद्र ।

वि०—१ देदीप्यमान । उ०—सुत्र चहन प्रथी मज जिता धरिया सकळ, भांण तप जळाहळ मुजस भावै । इता गुण तूज में 'वगतसी' 'अजावत', अंगोटो देखतां निजर आवै ।—महाराजा वगतसिंह रो गीत

२ प्रज्वलित ।

जळि—देखो 'जळ' (रू.भे.) उ०—पांखे पांणी थाहरइ, जळि काजळ गहिळाइ । सयणां-तणां संदेसड़ा, मुख वचने कहिवाइ ।—ढो.मा.

जळियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ अग्नि के संयोग से अंगारे या लपट के रूप में बना हुआ, दग्ध हुवा हुआ, भस्म. २ झुलसा हुआ.

३ (बहुत गर्मी या आंच के कारण किसी पदार्थ का) कोयले या भाप के रूप में बना हुआ. ४ ईर्ष्या, डाह या द्वेष के कारण कुढ़ा हुआ.

५ क्रुद्ध हुवा हुआ, कुपित हुवा हुआ । (स्त्री० जळियोड़ी)

जळियोतन-वि०—१ जो सहनशील न हो तथा जिसे शीघ्र क्रोध आता हो. २ ईर्ष्यालु ।

जळजंपियौ, जळियोजामळियौ-क्रि०वि०—१ यथास्थान. २ शान्त, चुप।

जलिर-वि० [सं० ज्वलिर] जलने के स्वभाव वाला (जैन)

जळिहर-सं०पु० [सं० जलधर] बादल ।

जलील-वि० [अ० ज़लील] १ तुच्छ, बेक़दर. २ जिसने नीचा देखा हो, अपमानित ।

क्रि०प्र०—करणौ, होणौ ।

जलूक, जलूग, जलूगा, जलूया-सं०स्त्री० [सं० जलुका, जलूका] देखो—'जळोक' (उ.र. जैन)

जळूस-सं०पु० [अ० जुलूस] १ बहुत से लोगों का एकत्रित होकर (प्रायः किसी सवारी के साथ) आनन्द या उत्सव हेतु किसी विशिष्ट स्थान पर जाना अथवा नगर की परिक्रमा करना. २ समूह ।

उ०—अलक डोरा तिल चड़सवौ, निरमळ चिबुक निवांण । सींचै नित माळी समर, प्रेम बाग पहचांण । प्रेम बाग पहचांण निरंतर पाळही, ग्रीवा कंबू कपोत गरब्बां गाळही । कंठसरी वहु क्रांति मिळी मुकता हळांह, हिंदुळ नौसरहार जळूस जळांह ।—वां.दा.

जळूसी-वि०— जलूस से संबंधित ।

सं०पु०—१ जलूस में सम्मिलित व्यक्ति ।

सं०स्त्री०—२ शान-शौकत ।

जळेंद्र-सं०पु०यौ० [सं० जलेंद्र] १ वरुण. २ महासागर ।

जळेचर—देखो 'जळचर' (रू.भे.)

जळेव, जलेव-सं०स्त्री० [अ०] १ हाजरी । उ०—असचढ़चौ राजा अभी, कव चाढ़ै करिराज । पोहर हेक जलेव में, मोहर हले महाराज ।
—अज्ञात

२ तैनात, मुकर्रर । उ०—स्त्री जी समेदसिंघजी देसूरी सैल करण पधारता जद भमरा वा कीपलां री कावड़ां जलेव वैती गांव रा डावड़ा मांगता ज्यांनै कीपला भमरा दिरीजता ।—वां.दा. ख्यात

सं०पु०—३ राजा की सवारी के इर्द गिर्द लगाया जाने वाला बड़ा और मोटा रस्सा जिसके कारण जन-समूह राजा की सवारी से दूर रहे. ४ इस रस्से को पकड़ने वाला राजा का सेवक. ५ आवृत्त, घेरा।

जलेवचौक-सं०पु०यौ०—राजा के महल के पास का वह चौक जिसमें फौज या दूसरी सवारी का लवाजमा खड़ा रहता है।

जलेवदार-सं०पु०यौ०—राजा का समीपवर्ती सेवक। उ०—१ करि कटक नै राव चढ़ियौ। ज्यूं कोसे च्यार पांच गांम रह्यौ ताहरां जलेवदार मेल्हियौ।—वात नांन्है वाघेलै री

जळेबिय, जळेबी-सं०स्त्री०—१ एक प्रकार की कुंडलाकार मिठाई जो खमीर उठाये हुए पतले मैदे से बनाई जाती है।
उ०—पकवांन जळेबिय पावन को, गहरी धुनि रागनि गावन को।
२ गोल घेरा, कुंडली। —ऊ.का.

जळेरिय, जळेरी-सं०स्त्री०— १ सूर्य या चंद्रमा के चारों ओर यदा-कदा होने वाला प्रकाश का वह घेरा जो वर्षा के आगमन का सूचक माना जाता है।
[सं० जलधरी] २ वह छोटा कुंड जिसमें शिवमूर्ति पर चढ़ाया गया जल एकत्रित होकर बहता है. ३ लुहार का लोहा गरम कर के पानी में बुझाने का एक बरतन।
[सं० जलधरी] ४ शिव लिंग के ऊपर टांगा जाने वाला मिट्टी का घड़ा।
रू०भे०—जळहरी।

जलेला-सं०स्त्री० [सं० जलेला] कार्तिकेय की अनुचरी एक मातृका का नाम।

जळेस, जळेसर, जळेस्वर-सं०पु० [सं० जलेश, जलेश्वर] १ वरुण (अ.मा.)
२ समुद्र. ३ इंद्र (अ.मा.)

जळोक, जळोका-सं०स्त्री० [सं० जलुका] प्राय: जलाशयों अथवा उनके किनारे रहने वाला कीड़ा जो प्राणियों के शरीर से चिपक कर खून चूसता है। जोंक।
रू०भे०—जळौक, जळौका।

जळोटिया—देखो जाळोटिया (रू.भे.)

जळोदर-सं०पु० [सं० जलोदर] एक प्रकार का रोग जिसमें रोगी का पेट आगे की ओर फूल आता है और नाभि के नीचे पेट की तह में पानी भर जाता है।

जलौ-सं०पु०—१ जलाल गहांणी नामक व्यक्ति जो बड़ा उदार था. २ इसके नाम पर गाया जाने वाला राजस्थानी का एक प्रसिद्ध लोक-गीत. ३ जन्तु विशेष. जोंक, जलिका।
रू०भे०—जल्लौ।

जळौक, जळौका—देखो 'जळोक' (रू.भे.)

जल्द-क्रि०वि० [अ० जल्द] शीघ्र, चटपट, अविलम्ब।

जल्दबाज-वि०यौ० [अ० जल्द+फा० बाज] उतावला।

जल्दी-सं०स्त्री० [अ०] शीघ्रता, फुरती।
रू०भे०—जलदि, जलदी।

जल्प, जल्पण-सं०पु० [सं० जल्प, जल्पन] १ कथन. २ प्रलाप, बकवाद।

जल्पणौ, जल्पबौ—देखो 'जळपणौ' (रू.भे.)
उ०—अनंत आप हैं अनल्प आदि अंत अल्प में। व्रितांत जल्पनू व्रिथा, तुला न कोटि कल्प में।—ऊ.का.

जल्पियोड़ौ-भू०का०कृ०—देखो 'जळपियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० जल्पियोड़ी)

जल्फूकार-सं०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार।

जल्लं, जल्ल-सं०पु०—प्रस्वेद, शरीर का मैल (जैन)

जल्लाद-सं०पु० [अ०] १ हत्या करने वाला. २ प्राणदंड दिये गये अभियुक्त के प्राण लेने वाला।
रू०भे०—जलाद।

जल्लाल-सं०पु० [अ० जलाल] आतंक, प्रभाव।
उ०—जल्लाल जुल्म इजहार जाव, होयगी कयामत में हिसाब।
—ऊ.का.

जल्लौ—देखो 'जलौ' (रू.भे.)

जल्लौसहि-सं०स्त्री० [सं० जल्लौषधि] एक प्रकार की आध्यात्मिक शक्ति जिसके प्रभाव से शरीर के मैल से रोग का नाश होता है।
उ०—आमोसहि विप्पोसहि खेलोसहि जल्लोसहि सव्वोसहिलब्धि, वैक्रियलब्धि, पुलाकलब्धि, तेजोलेस्यालब्धि......।—व.स.

जवंन—देखो 'जवन' (रू.भे.) उ०—जालिम जोध जुआंण जवंनां जीपणौ। घांसाहर दळ पासि कव्है पोरिस घणौ।—ल.पि.

जव-सं०पु० [सं०] १ वेग, तेजी। उ०—जिसौ नूर नरपती इसौ सांमंत सूर नर। जव जैसोइ जंगमां सोभि तैसैइ मद सिंधुर।—रा.रू.
[सं० यव] २ एक प्रकार का अनाज जो प्राय: समस्त उष्ण तथा समप्रकृतिस्थ स्थानों में होता है। इसका पौधा बिल्कुल गेहूँ का सा होता है। जौ. ३ अंगुल का आठवां भाग (जैन) ४ कन्या को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की चोली (जैन) ५ इस नाम का एक मनुष्य (जैन) ६ उँगली में होने वाली जौ के आकार की एक रेखा, एक सामुद्रिक चिन्ह (शुभ)
क्रि०वि०—शीघ्र (ह.नां.)
देखो 'जव' (रू.भे.)

जवख-सं०पु०—भूत, प्रेत, जिंद ?
उ०—जवन री कन्या नूं जवख लागी हुतौ सो नारायण भट्ट काढ़ दियौ।—वां.दा. ख्यात

जवखार-सं०पु० [सं० यवाक्षार] देखो 'जवाखार' (अमरत)

जवगुडायलौ-सं०पु०—आभूषणों पर खुदाई करने का एक औजार (स्वर्णकार)

जवड़ौ-वि० (स्त्री० जवड़ी) १ जैसा, तुल्य, समान. २ जितना।
उ०—जीव रै जेज म कर तिल जवड़ी, माठा आखर दळिद चा मेट।
—ईसरदास बारहठ
क्रि०वि०—जिस मात्रा में।

जवज्जव-संपु० [अनु०] [illegible], [illegible]। उ०—जवज्जव कीन संगाह [illegible]। निसनिस कीध निवेह गज्जन।—सू.प्र.

जवण-संपु० [सं० जव+रा०प्र०ण] वेग, शीघ्र गति (जैन)
 [सं० यापन] निर्वाह, गुजारा (जैन)
 [सं० यवन] म्लेच्छ, यवन।

जवण-दीव-संपु० [सं० यवन-द्वीप] वह द्वीप जहां यवन अधिक निवास करते हों (जैन)

जवणपुर—देखो 'जवनपुर' (रू.भे.) उ०—नगळउ ही संसार आइ जि [illegible] आणिपउ। जवण-पुरउ ज्यउं-ज्यउं करइ तिह सउ कळा कमार।—अ. वचनिका

जवणांण—देखो 'जवनांण' (रू.भे.)

जवणा-संस्त्री० [सं० यापना] १ शरीर-निर्वाह (जैन), जीवन-निर्वाह (जैन)
 २ संयम का निभाव (जैन)

जवणाणिया-संस्त्री० [सं० यवनानिका] एक प्रकार की लिपि (जैन)

जवणाळिया-संस्त्री० [सं० यवनालिका] कन्या को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की चोली (जैन)

जवणि—देखो 'जमना' (रू.भे.) उ०—खेलइ खेलत रायकुमर अंतेउरि जुत्तु। गंग जवणि नय अंतराळि, कुळगिरि संपत्ता।
—प्राचीन फागु संग्रह

जवणिज्ज-वि० [सं० यापनीय] १ समय गुजारना (जैन) २ इन्द्रिय और मन को जीतना (जैन)

जवणिया-संस्त्री० [सं० यवनिका] कनात, पर्दा (जैन)

जवणी-संस्त्री० [सं० यवन+रा०प्र०ई] यवन स्त्री (जैन)

जवदोस-संपु०यौ० [सं० यवदोष] रत्नों में पड़ने वाली जव के आकार की रेखा जिससे रत्न दूषित माना जाता है।

जवन-संपु० [सं० यवन] १ यवन, मुसलमान।
 उ०—नूरतन रीझंतां भीजतां सैलगुर, पहां अन दीजतां कदम पाछै। दांत चढतां जवन सीस पछटी दुजड़, तांत सावण ज्युंहीं गई ताछै।
—गोरधन बोगसो
 २ राक्षस, दैत्य (अ.मा.)
 [सं० जवन] ३ घोड़ा. ४ वेग. ५ पवन (अ.मा.)
 वि० [सं०] वेगवान, वेगयुक्त, तेज।
 रू०भे०—जवंन, जवन्न, जवन्निय।
 मह०—जवनेस।

जवनणी-संस्त्री०—यवन स्त्री।
 वि०—यवनकी। उ०—जवनणी तणी घड़ पूगड़ी जीव लै। होड नरपणा हमस छोड हाली।—प्रथीराज राठौड़

जवनपत, जवनपति-संपु०यौ० [सं० यवनपति] बादशाह।'
 उ०—१ कटठ कांटळ कटक रोस चांमास कर, जवनपत हींदवां छात जूटा। अभंग जसराज सर कणंगर ऊपरा, खाग वादळ वरस वार गूटा।—अजबसिंघ बारहठ उ०—२ जवनपति परताप भांण ग्रीखम जिसौ। आगि कहतां साळां वदन दाफै इसौ।—सू.प्र.
 रू०भे०—जवनांपत, जवनांपति।

जवनपुर-संपु०यौ० [सं० यवनपुर] दिल्ली। उ०—आयौ जवनपुर जग टकौ आगरै, समहर सग सप्रांणौ।—नैणसी
 रू०भे०—जवणपुर।

जवनांण-संपु० [सं० यवन+रा०प्र० आंण] यवन, मुसलमान।
 उ०—१ जवनांण दळे बीजूजळे देख भले कुळ देस रो।—रा.रू.
 उ०—२ उठै वृथ पळ अंग, जूथ ढाहे जवनांणां।—सू.प्र.
 रू०भे०—जवणांण।

जवनांपत, जवनांपति, जवनांपती—देखो 'जवनपत' (रू.भे.)
 उ०—चक्रवत कमंध चिलै भ्रूह चाडै, निपट निमाड़ै जेम नमै। जवनांपती असल तूजी जिम, खांचो तिम खांचियो खमै।
—तेजो खिड़ियो

जवनाचारज-संपु०यौ० [सं० यवनाचार्य] यवन वंश का एक ज्योतिषाचार्य जिसका उल्लेख ज्योतिष ग्रंथों में आया है।

जवनाळ-संपु० [सं० यवनाल] १ जुआर का पौधा. २ ज्वार नामक अन्न. ३ सूखने पर पशुओं को खिलाये जाने वाले जौ के डंठल।

जवनासव, जवनासु-संपु० [सं० यवनाश्व] मिथिला देश के एक प्राचीन सूर्यवंशी राजा का नाम जिसके पुत्र का नाम बहुलाश्व था (सू.प्र.)

जवनिका-संस्त्री० [सं० यवनिका] नाटक का परदा।
 उ०—प्रगटै मधु कोक संगीत प्रगटिया, सिसिर जवनिका दूरि सिरि। निज मंत्र पढे पात्र रितु नांखी, पहुपंजळि वणराय परि।—वेलि.
 रू०भे०—जवनी।

जवनिस्ट-संपु०यौ० [सं० यवनिष्ठ] मुसलमान। उ०—अज्ज धरम रच्छक इतै रु जवनिस्ट उतै। घाट हळदी रण अमावै भट भालां की।—बालावक्स बारहठ

जवनी—देखो 'जवनिका' (रू.भे.)

जवनेंद्र-संपु० [सं० यवनेंद्र] बादशाह। उ०—सेहरसाह (सेरसाह) जवन पूरब में जवनेंद्र हुवौ जिणरा आतंक सूं कासी सूनी हुई।
—बां.दा. ख्यात

जवनेस-संपु० [सं० यवनेश] १ बादशाह। उ०—करि बळ दूणौ कोपियौ, जिको दुसह जवनेस। सुरजन हू कहियौ सजै, अब मारौ मुत एस।—वं.भा.
 २ देखो 'जवन' (महत्व, रू.भे.) उ०—खहे जमक्रन्न तणौ 'खड़गेस', जिको खग झाट ढहे जवनेस।—सू.प्र.

जवन्न—देखो 'जवन' (रू.भे.) उ०—१ अखई थंभ अकास कूं, माधवदास मुतन्न। कोड़ जवन्नां भंजणौ, बंधव जोड़ 'विसन्न'।—रा.रू.

जवन्निय-वि०—यवन की। उ०—२ जवन्निय सेन प्रळै किर ज्याळ। घमंघम पक्खर गुग्घरमाळ।—रा.रू.

जवफळ-संपु० [सं० यवफल] १ बांस (ह.नां.) २ इन्द्र जौ (नां.मा.)

जवबिंदू–सं०पु०यौ० [सं० यवबिंदु] वह हीरा जिसमें बिंदु सहित यव रेखा हो (दोष)

जवमज्भचंदपडिमा, जव-मज्भा–सं०स्त्री० [सं० यवमध्यचन्द्रप्रतिमा, यव-मध्या] एक प्रकार का कठिन व्रत विशेष जिसके अनुसार शुक्ल-पक्ष की प्रतिपदा के दिन त्रिकाल स्नानादि से निवृत होकर केवल एक ग्रास आहार लेकर क्रमशः एक एक ग्रास नित्य प्रति बढ़ा कर पूर्णिमा के दिन पन्द्रह ग्रास आहार लेवे। पुनः कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से नित्य प्रति एक-एक ग्रास घटाता हुआ अमावस्या के दिन निराहार रह कर व्रत को पूर्ण करे (जैन)
(मि०—चांद्रायण)

जवर—१ देखो 'जवाहिरात' (रू.भे.) २ देखो 'जौहर' (रू.भे.) ३ देखो जौहरी' (रू.भे.)

जवरदार–सं०पु०—जवाहरखाने का अफसर। उ०—वीस रिपिया खरची रा दिया, फेर देवीदास कह्यौ—आळै री कूंची जवरदार मोहण कन्है छै सो मांग लीजौ।—पलक दरियाव री वात

जवरारौ—देखो 'जमराज' (रू.भे.) उ०—तितरै गूजरी बाहर बाहर कर उठी, जवरारौ लीधौ, कुळ री खांपण मो गरीवणी री जीवारी गंवाय जाय रे, जाय हो चाचा मेरा, म्हारी घोड़ी हेकण नै बाढी, बीजी घोड़ी ले गयौ, किथी जाऊं।—राव रिणमल री वात

जवरी–सं०पु०—जौहरी।
कहा०—हीरै री पारख जवरी जोवै—हीरे की परीक्षा जौहरी ही कर सकता है। गुणी की कद्र विद्वान ही करते हैं।

जवरौ भौंरौ–सं०पु०—यमद्वितीया।

जवलि–क्रि०वि० [सं० यमल] एक साथ, शामिल। उ०—अरे कमळहि कुमुंदिहि सोहिया मांनस जवलि तळाय। अरे सीयळा कोंमळा सुरहिया वायइं दक्खिण वाय।—प्राचीन फागु-संग्रह

जववारय–सं०पु० [सं० यववारक] जव के अंकुर, जवारा।

जवलियौ—देखो 'भाउल्यौ' (रू.भे.)
(बहु व० जवलिया) २ स्त्रियों की कलाई का आभूषण।

जववेदी–सं०पु०—इंद्र (ना.डिं.को.)

जवस–सं०पु० [सं० यवस] १ घास, तृण (जैन) २ गेहूँ वगैरह धान्य (जैन)

जवसट, जवस्ट–सं०पु० [सं० यविष्ट] १ छोटा भाई (अ.मा., ह.नां.मा.) २ देखो 'जविस्ट' (रू भे.)

जवहर–सं०पु०—जवाहिरात। उ०—जर जवहर घर जोरुवां, लूंटांणी सम लाज। मेछां नीमड़ियौ विभौ, सुण चडियौ महाराज।—रा.रू.

जवहरड़ी, जवहरड़े–सं०स्त्री०— छोटी हरड़े।

जवहरी–सं०पु०—१ जौहरी। उ०—फडीया दोसी नइ जवहरी, नांमि नेस्ति कांमइ करी।—कां.दे.प्र.
२ जवाहिरात।

जवहार–सं०पु०—१ जवाहरात. २ अभिवादन।

जवांई–सं०पु० [सं० जामातृ] १ दामाद, जामाता। उ०—रतनसेन सुण नै जय करण नूं कहाड़ियौ सु चोर छै, सो थांहरौ जवांई छै।
—पंचदंडी री वारता
२ जमाने की क्रिया, जमावट।

जवांण, जवांन–वि० [फा० जवान = सं० युवानः] युवा, तरुण।
उ०—रांम नांम गाव रे, पायं कंज धाव रे। जांनकीस जांण रे, वेस तूं जवांण रे।—र.ज.प्र.
सं०पु०—१ मनुष्य, पुरुष. २ वीर पुरुष, योद्धा. ३ सिपाही. [सं० यवन] ४ म्लेच्छ, मुसलमान। उ०—२ जठै कोप काळोप मारू जवांणं। महाराज थंभे भुजा आसमांणं।—रा.रू.
रू०भे०—जुआंण, जुआंन, जुवांन, जुवांण, जुवांन, जूवांण, जूवांन।

जवांनपण, जवांनपणौ–सं०पु०—जवानी, युवावस्था। उ०—ए अखीयात कीध 'आसावत', रोदां सूं तेवड़ै रिण। वप वदियौ वरधापण वधतां, पोरस मछर जवांनपण।—दुरगादास री गीत

जवांनियवेस–सं०स्त्री० [सं० युवा + वयस् अथवा फा० जवान + सं० वयस्] युवावस्था। उ०—विढै रिण वीच जवांनियवेस। तठै हरनाथ तणौ 'सगतेस'।—सू.प्र.

जवांनी–सं०स्त्री० [फा० जवानी] तरुणाई, यौवन। उ०—भरी जवांनी पइसौ पल्लै। रांम चलावै तौ मारग चल्लै।—अज्ञात
मुहा०—१ चढ़ती जवांनी—यौवन के आगमन का समय. २ जवांनी उतरणी—बुढापा आना. ३ जवांनी ऊठणी—जवानी आना. ४ जवांनी चढ़णी—यौवन आना, युवावस्था आना, जवानी की मस्ती आना. ५ जवांनी ढळणी—देखो 'जवांनी उतरणी'।
कहा०—जवांनी ना देखे रात ना देखे दा'ड़ौ—यौवन न रात देखता है और न दिन। जवानी अंधी होती है।
रू०भे०—जुआंणी, जुआंनी, जुवांनी, जुवांणी, जुवांनी।

जवांमरद–वि० [फा० जवांमर्द] बहादुर, शूरवीर।
सं०पु०—सिपाही।

जवांमरदी–सं०स्त्री० [फा० जवांमर्दी] वीरता, बहादुरी।

जवांहर–सं०पु०—जवाहिरात, रत्न। उ०—जड़ियौ तिलक जवांहरां, जांणै दीपक जोत। वालम चीत पतंग विधि, हित सूं आसक होत।
—बां.दा.

जवा–स०स्त्री० (सं० जया) १ हड़ हर (ह.नां.)
[सं० जपा] २ एक प्रकार की वनस्पति (जैन)

जवाई–सं०स्त्री०—१ जाने की क्रिया या भाव. २ एक रंग विशेष. ३ मारवाड़ की एक नदी का नाम।

जवाखार–सं०पु०यौ० [सं० यवक्षार] जौ के क्षार से बनने वाला एक प्रकार का पाचक नमक (अमरत)
रू०भे०—जवखार।

जवाद–सं०पु०—घोड़ा।

जवादिकस्तूरी—सं०स्त्री०यौ० [अ० जुब्बाद+सं० कस्तूरी] गंध मार्जार से निकाला जाने वाला एक प्रकार का सुगंधित द्रव्य, गोरामार।

जवादु—सं०पु०—योद्धा, वीर। उ०—जंपा वीर विना कदाहु सनमां रण मां साथा सूर, जवादु जग री जीत अग्गाणा जरूर। आहू दंदी साग वाला भागा नहै तार मोडो, पठाणां सूं दाहूंदो बाग बहादूर।
—दाहूंदी सायां री गीत

जवाधि—सं०पु०—एक प्रकार का पुष्प।

जवाधिक—सं०पु० [सं०] बहुत तेज दौड़ने वाला घोड़ा।

जवाद—देखो 'जवाब' (रू.भे.)

जवाबतलब—देखो 'जवाबतलब' (रू.भे.)

जवाबदावो—देखो 'जवाबदावो' (रू.भे.)

जवाबदेह—देखो 'जवाबदेह' (रू.भे.)

जवाबदेही—देखो 'जवाबदेही' (रू.भे.)

जवाबसवाल—देखो 'जवाबसवाल' (रू.भे.)

जवाबी—देखो 'जवाबी' (रू.भे.)

जवार—१ देखो 'जुहार' (रू.भे.) उ०—१ कहजे यूं बूढा कमंध नै, जे हात हूंत जवार। गोळ घरा नागोर रा, संग लाविया सिरदार।
—पा.प्र.

उ०—२ थारी महंदी पर वारूं पन्ना जवार। पेमरस महंदी राचणी।
—लो.गी.

२ एक धान्य विशेष, ज्वार, जुआर। उ०—एक नमायां तुंड अति, उर लगि चिबुक अनोप। बण कांकणस जवार विधि, पांन कलंगी ओप।—रा.रू.

रू०भे०—जुआर, जुवार, जुहार, जूआर, जूवार, ज्वार।

जवारखांनो—देखो 'जवाहरखांनो' (रू.भे.)

जवारड़ा (बहु व०) देखो 'जुहार' (१, अल्पा. रू.भे.)

जवारड़ो—देखो 'जुहार' (२,३, अल्पा. रू.भे.)

जवारमल—सं०पु०—राजस्थानी का एक लोकगीत।

जवारा—देखो 'जंवारा' (रू.भे.)

जवारात—देखो 'जवाहिरात' (रू.भे.)

जवारी—सं०स्त्री०—१ विवाहादि अवसर पर अपने दामाद या बरातियों को दिया जाने वाला नकद रुपया या कपड़े आदि में दी जाने वाली भेंट।

२ दूल्हे द्वारा किया जाने वाला अभिवादन तथा अभिवादन करने पर दूल्हे को दिया जाने वाला रुपया या भेंट।

क्रि०प्र०—करणी, देणी, लेणी।

३ देखो 'जुआरी' (रू.भे.)

रू०भे०—जंवारी, जुआरी, जुवारी, जुहार, जुहारी।

जवाल—सं०पु० [अ०] १ जंजाळ, आफत। उ०—तो तूं खजानां रै ऊपर भरोसो मत कर क्यूं माल मारग जवाल जांणे रा में छै।
—नी.प्र.

२ अवनति, घटाव।

जवाळाजीह—सं०स्त्री०यौ० [सं० ज्वाला जिह्वा] अग्नि (डि.को.)

जवाळामुखी—देखो 'ज्वाळामुखी' (रू.भे.)

जवाळी—सं०स्त्री०—वधू के गले में विवाह के समय डाला जाने वाला हार जिसमें छुहारे, खोपरे पिरोये जाते हैं और उन पर वरक लगे रहते हैं (कायस्थ)

जवास, जवासी—देखो 'जवासो' (रू.भे.) उ०—जिण दिन लीली जळै जवासी, मांडै राड़ सांप री मासी। बादळ रहै रात रा बासी, यूं जांणो चौकस मेह आसी।—वरसा विज्ञान

जवासीर—सं०पु० [फा० जावशीर] कुछ पीले रंग का तथा बहुत पतला एक प्रकार का गंधाबिरोजा।

जवासो सं०पु० [सं० यवासक, प्रा० जवासअ] १ एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां करौंदे की पत्तियों के समान होती हैं. २ एक प्रकार का घास जो वर्षा ऋतु में वर्षा के कारण जल कर भस्म हो जाता है।

रू०भे०—जंवास, जवासी।

जवाहड़—सं०स्त्री०—छोटी हर्रे, छोटी हरीतकी।

जवाहर—देखो 'जवाहिरात' (रू.भे.) उ०—घणां मोतियां री माळा नैं जवाहरां रा जाळ उर ऊपर रुळ रया छै। मांहोमांह गुलाब छिड़कीजै छै।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

जवाहरखांनो—सं०पु० [अ० जवाहर+फा० खांनः] वह घर वा स्थान जहां जवाहिरात रक्खे जाते हों।

रू०भे०—जवारखांनो।

जवाहरात, जवाहिर, जवाहिरात—सं०पु० [अ० जवाहरात] रत्न, मणि आदि का बहुवचन जवाहिरात। उ०—एक हिस्से मांहीं नकदी और जवाहरात, एक हिस्से में हाथी घोड़ा तीन, हिस्से मवेशी गाय भैंस रथ पालकी लेवो।—गोड़ गोपाळदास री वारता

रू०भे०—जवारात, जवाहर, जव्वाहर।

जवाहरी—१ देखो 'जोहरी' (रू.भे.) उ०—जंवाहर परक्ख जांत के जवाहरी करै।—सू.प्र. २ देखो 'जवारी' (रू.भे.)

जवि—वि० [सं० जविन्] वेग वाला (जैन)

जविण—वि० [सं० जविन] १ वेग युक्त (जैन) २ चंचल (जैन)

जविस्ट—सं०पु० [सं० यविष्ट] अग्नि, आग (डि.को.)

वि०—छोटा, कनिष्ठ।

जवेरी—सं०पु० [फा० जौहरी] जौहरी।

जवौ—सं०पु०—१ शुभ रंग का घोड़ा. २ एक प्रकार का कीड़ा जो प्रायः खाद मिश्रित मिट्टी में पाया जाता है, पशुओं या मनुष्यों के चिपक कर यह उनका खून चूसा करता है।

रू०भे०—जुओ।

जव्वाहर—देखो 'जवाहिर' (रू.भे.) उ०—करै दांन हित कंत तरै दुज दीन निरंतर। किता चीर मंजीर हीर मांणक जव्वाहर।
—रा.रू.

जसंसी–वि० [सं० यजस्विन्] यश वाला (जैन)

जस–सं०पु० [सं० यश] १ सुख्याति, कीर्ति, प्रशंसा, बड़ाई।

उ०—पड़िया जुध प्रथमी जस पावै। कनिया हतण अजोग्य कहावै।

—सू.प्र.

पर्या०—असतूत, असतूती, उदाहरण, कीरति, ख्यात, गुणावली, प्रिसिधि, प्रताप, प्रसध, वखांण, वरण, वयण, वाच, विरुद, साधुवाद, सवद, समगिनां, सिलोक, सुजस, सुपारस, सुसवद, सोभाग।

२ डिंगल का एक गीत (छंद) विशेष (क.कु.बो.) सर्व०—जिस।

उ०—अमर वड तेतीस कोड जस नांम जपंदे।—केसोदास गाडण

वि०—जैसा। उ०—संपजे जस जस सूर री, मह कुण दे तस मांण। जंग जीव कै भोकिया, भूपत हुवौ न भांण।—रेवतसिंह भाटी

जसकर, जसकरण–वि०—१ यशगान करने वाला।

उ०—पीळ प्रवाह वाह हिंदूपत, रटै सुजस दोय राह रसा। 'विजमल' हरा अनेक वणाया, जसकर भारी भूप जसा।

—महाराजा मांनसिंह री गीत

२ ऋषभदेव स्वामी के ४२ वें पुत्र का नाम (जैन)

जसकळस–सं०पु० [सं० यशकलश] वह घोड़ा जिसके तीन पैर श्वेत हों, सिर में तिलक हो और वक्षस्थल में भौंरी (चक्र) हो (शा.हो.)

जसकित्ति–सं०स्त्री० [सं० यशकीर्ति] यश, कीर्ति (जैन)

जसखाटक–वि०—यशस्वी।

जसगाथ–सं०स्त्री०—यशगाथा, यशवर्णन। उ०—महामत महण जसगाथ मुनि वाळमिक, कोट सत चिरत रघुनाथ कीधौ। इधक अनुराग कर पुरख निरजर अही, लोड त्रिय भाग कर वांट लीधौ।

—र.रू.

जसग्राहग–वि०यौ० [सं० यशग्राहक] यशस्वी। उ०—जांण प्रवीण विजौ जस-ग्राहग, करणीगर सहु विधि कियौ। क्रम कायरां लखण क्रपणां रा, सु तौ न जांणै सरवहियौ।—ईसरदास बारहठ

जस-घोस–सं०पु० [सं० यशघोष] ऐरावत क्षेत्र के भावी तृतीय तीर्थंकर का नाम (जैन)

जसचंद–सं०पु० [सं० यशचंद्र] एक जैन गणी का नाम (जैन)

जसड़ौ–वि०—जैसा। उ०—जसड़ौ हुतौ देग वट जाहर, तेग वगां भ्रत कियौ तसौ।—उम्मेदसिंह सीसोदिया री गीत

देखो 'जस' (अल्पा., रू.भे.)

जसजोड़ौ–वि०—१ यशस्वी. २ उदार।

सं०पु०—कवि।

जसडाक, जसढोल–सं०पु०—यशवाद्य। उ०—वाळपणै में वाजिया, जेहल रा जसढोल। न कूं वसावै क्रिपण नर, वूढ़ा ही जस वोल।

—वां.दा.

जसत–सं०पु० [सं० यपद] एक धातु, जस्ता।

रू०भे०—जसद, जसोद।

जसतलक–सं०पु० [सं० यशतिलक] वह घोड़ा जिसके चारों पैर घुटने के नीचे सफेद रंग के हों और ललाट में सफेद तिलक हो (शा.हो.)

जसतांण–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

जसथांनी–सं०पु०—मुसलमानों की एक जाति।

जसथूळ–वि० [सं० यश+स्थूल] यशस्वी।

जसद—देखो 'जसत' (रू.भे.)

जसधण–सं०पु० [सं० यशोधन] एक राजा का नाम (जैन)

जसधर–वि० [सं० यशधर] यश को धारण करने वाला।

उ०—राजथंभ मंत्रियां, राज रच्छिक उमरावां। राजद्वार बहु कुरव, राज जसधर कविरावां।—सू.प्र.

सं०पु०—पक्ष के पांचवें दिन का नाम (जैन)

जसनांमौ–सं०पु० [सं० यश+नामः] यश, यश की प्रसिद्धि।

जसब–सं०पु० [अ० यशव] एक प्रकार का हरे रंग का पत्थर।

जसबर–वि० [सं० यश+वर] यशस्वी। उ०—जे दातार जमीन पर, जुग च्यार जिकर का। सूरधीर सच्चा मरद, बच्चा जसबर का।

- दुरगादत्त बारहठ

जसभद्द–सं०पु० [सं० यशोभद्र] १ शय्यम्भव सूरि के एक शिष्य का नाम (जैन)

२ इस नाम के एक आचार्य का नाम जो आर्य सम्भूत विजय के शिष्य थे (जैन) ३ पक्ष के पन्द्रह दिनों में से चौथे दिन का नाम (जैन)

४ यशोभद्र से निकले हुए एक कुल का नाम (जैन) ५ इस नाम का श्री पार्श्वनाथ का एक गणधर (जैन)

जसमंगळ–सं०पु० [सं० यश+मंगल] वह घोड़ा जिसके मस्तक, ललाट और कंठ पर भौंरी (चक्र) हो (शा.हो.)

जसमंत–सं०पु० [सं० यशोमत] इस नाम के एक कुलकर (जैन)

वि०—यशस्वी, कीर्ति वाला (जैन)

जसमां–सं०स्त्री०—एक ओड जाति की पतिपरायणा स्त्री जिसका आख्यान राजस्थान के अंतर्गत 'रातीजोगो' के गीतों में गाया जाता है।

जसमाळ–सं०स्त्री० [सं० यशमाला] १ यशमाला। उ०—पुन फळ ग्रहे-ग्रहे फळ पोरस, 'माल' तणौ पहरे जसमाळ। करी कैलपुर कळह नवी कथ, घड़ियौ जगन घड़े घांटाळ।—महारांणा सांगा री गीत

२ एक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण में २२ मात्रा होती हैं।

जसर—देखो 'जूसर' (रू.भे.)

जसरथ—देखो 'दशरथ' (रू.भे.)

जसराज–सं०पु० [सं० यशराज] एक प्रकार का घोड़ा (शा हो.)

जसरुघवंसी–सं०पु० [सं० यश रघुवंशी] लक्ष्मणजी का एक नाम (नां.मा.)

जसलद्ध, जसलुद्ध–वि० [सं० यशोलुब्ध] यशलोभी, यशलोलुप।

उ०—प्रतिहार बुद्धपाळ री, सुता प्रभा गुण सुद्ध। सोमेस्वर परणी सुमति, ललित रूप जसलुद्ध।—वं.भा.

जसवई–सं०स्त्री० [सं० यशोमति] १ दूसरे सगर चक्रवर्ती की माता का

नाम (जैन) २ श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी की पुत्री की पुत्री का नाम (जैन) ३ तृतीया, अष्टमी एवं त्रयोदशी तिथियों की रात्रि
रू०भे०—जसवती। (जैन)

जसवणी-वि०—यशस्वी। उ०—पाटण मूळराज ली, जसवणी हुतो, कह्यो 'इतरी पीढ़ी आंपणा घर सूं पाटण रो राज नहीं जाय।'—नैणसी

जसवती—देखो 'जसवई' (रू.भे., जैन)

जसवांन-वि० [सं० यशवान] यशस्वी।

जसवा, जसवाउ-सं०पु० [सं० यशोवाद] यश, कीर्ति।
उ०—१ राज्याभिसेक पुत्र सिक्षा, वत्स ! प्रजा सुखि पाळेवी, अन्याय वाट टाळेवी, भलउ न्याय आदरिवौ, जसवा उपारजेवउ।
—व.स.
उ०—२ केवलिवयणु जु सच्चु किउ। तिहूं भुयणि जसवाउ लिद्धउ।
—पं.पं.च.

जसवाय-सं०पु० [सं० यशोवाद] धन्यवाद (जैन)

जसवास, जसव्वास-सं०पु०[सं० यशोवाद+रा.प्र.स] १ यश।
उ०—औसर नरपुर उद्धरे, वैकुंठ कीधा वास। राजा 'रैणाइर' तणौ, जुगि अविचळ जसवास।—वचनिका
२ लखपत पिंगळ के अनुसार एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः दो सगण, एक नगण, लघु एवं गुरु होते हैं।

जर्सास्स-वि० [सं० यशस्विन्] यशवान, यशस्वी (जैन)

जसहड़-सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

जसहर-सं०पु० [सं० यशोधर] १ जम्बूद्वीप के भारत खण्ड में होने वाला सोलहवां तीर्थंकर (जैन) २ पक्ष के पन्द्रह दिनों में से पांचवां दिवस (जैन)
सं०स्त्री०—३ दक्षिण रुचक पर्वत के ऊपर की आठ दिशा कुमारियों में से चौथी दिशा कुमारी (जैन) ४ पक्ष की पन्द्रह रात्रियों में से चौथी रात्रि का नाम (जैन) ५ जम्बू सुदर्शना नामक वृक्ष (जैन)
वि०—यशस्वी, यशवान (जैन)

जसा-वि०—जैसा। उ०—सावास छै, वड़ी रजपूती राखी। जसा पुरसां रा थे लड़का था विसी हीज कीवी।—सूरे खींवै री वात
सं०स्त्री० [सं० यशा] १ कौशाम्बी के रईस काश्यप की स्त्री और कपिल की माता (जैन) २ भृगु पुरोहित की स्त्री (जैन)

जसाग्रां-सं०स्त्री०—पुत्र जन्मोत्सव पर गाया जाने वाला मांगलिक गीत, सोहर।
रू०भे०—जसाया।

जसाई-सं०पु०—यश का बाजा, नगाड़ा। उ०—'रामै' तणा जसाई रड़िया।—द.दा.

जसाया—देखो 'जसाग्रां' (रू.भे.)

जसियौ-वि०—जैसा। उ०—कैंवर अबीढ़ो कामली, जसियौ औरंगजेब। आंण मिळ्या सो ऊबरया, राजा झालि रकेब।—शि.वं.

जसी-वि०—१ जैसी। उ०—उच्चरी तुररी कुररी जसी। सुभट ना सवि रोम ज उद्धसी।—विराट पर्व
२ यशस्वी।

जसीलौ-वि० [सं० यश+रा०प्र० इलौ] यशप्रिय, यशलोलुप।

जसु-सं०पु०—यश। उ०—गयणे दुंदुहि द्रमद्रमीय सुरवरि जसु गाईउ।—पं.पं.च.
सर्व०—जिसकी। उ०—प्रभणै पित मात पूत मत पांतरि, सुर नर नाग करै जसु सेव। लिखमी समी रुकमणी लाडी, वासुदेव सम सुत वसुदेव।—वेलि.

जसुदा—देखो 'जसोदा' (रू.भे.) उ०—गिरावै घृत गोरस भरी गागरां, पूत जसुदा तणौ राह पाड़े।—वां.दा.

जसुमती-सं०स्त्री० [सं० यशुमती] यशोदा।

जसूदा—देखो 'जसोदा' (रू.भे.)

जसै-क्रि०वि०—जैसे।
वि०- जैसा।

जसोड़-सं०पु०—भाटी वंश के क्षत्रियों की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

जसोचंद—देखो 'जसचंद' (रू.भे., जैन)

जसोडाटी-सं०स्त्री०—जैसलमेर राज्यान्तर्गत जसोड़ भाटियों के राज्य की भूमि।

जसोद—देखो 'जसत' (रू.भे., अ.मा.)

जसोदा-सं०पु० [सं० यशोदा] व्रज में माता के रूप से कृष्ण का पालन करने वाली नंद की स्त्री।
रू०भे०—जसुदा, जसूदा, जसोमत, जसोमति, जसोमती, जस्सुदा।

जसोदानंद-सं०पु० [सं० यशोदानंद] श्रीकृष्ण।

जसोधण, जसोधन-वि० [सं० यशोधन] यशस्वी। उ०—हुवा जसोधन पुरस जे, इळ वडमत अवदात। ज्यांरी कहीं पुरांण में, व्यास तपोधन वात।—वां.दा.
सं०पु०—इस नाम का एक राजा (जैन)

जसोधर-सं०पु० [सं० यशोधर] रुक्मिणी के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण का एक पुत्र।
वि०—यशस्वी।

जसोधरा-सं०स्त्री० [सं० यशोधरा] १ गौतम बुद्ध की पत्नी और राहुल की माता. २ दक्षिण रुचक पर्वत पर रहने वाली एक दिशा कुमारी (जैन) ३ पन्द्रह रात्रियों में से चौथी रात्रि का नाम (जैन)

जसोनांम-सं०पु० [सं० यशोनामन्] नाम कर्म की एक प्रकृति जिसके उदय से जीव यश प्राप्त करता है (जैन)

जसोमत, जसोमति, जसोमती—देखो 'जसोदा' (रू.भे.)
उ०—१ वार वाहां की आठ मासां वळण, नह की वळण जसोमत नंद।—वां.दा. उ०—२ महा अदभूत जवै उपमांण। जसोमति पूत नचै फण जांण।—मे.म.

जसोमाधव–सं०पु० [सं० यशोमाधव] विष्णु ।

जसोया–सं०स्त्री० [सं० यशोदा] १ महावीर स्वामी की स्त्री का नाम । (जैन)
२ देखो 'जसोदा' (रू.भे.) (जैन)

जसोल–वि०—जोश दिलाने वाला, उत्साहित करने वाला ।
उ०—डाक तवल मुरसलां, हाक इतमांम जसोलां । वंधी गोळ वाजुवां, हुवै रंगराग हरोळा ।—सू.प्र. उ०—२ हुय मुजरौ रावतां, हौय हाका पड़सद्दां । हाक जसोलां हुई, निहस त्रंबागळ सद्दां । —सू.प्र.

जसोलिया–सं०स्त्री०—राठौड़ राव मल्लिनाथ के पुत्र मंडलीक के वंशज, राठौड़ों की एक उपशाखा ।

जसोवई—देखो 'जसवई' (रू.भे.)

जसोहर–सं०पु० [सं० यशोधर] १ भरत क्षेत्र के गत चौवीसी के सोलहवें तीर्थंकर का नाम (जैन) २ आने वाली चौवीसी के भरत क्षेत्र के उन्नीसवें तीर्थंकर का नाम (जैन)

जसोहरा–सं०स्त्री० [सं० यशोधरा] दक्षिण दिशा के रुचक पर्वत पर की आठ दिशाकुमारियों में से चौथी दिशाकुमारी (जैन)

जसौ–वि०—जैसा । उ०—१ आप पौढ़िया था सो हूं तो म्हारै मन री खुसी सूं जसौ दरसाव देखियौ वसौ कहियौ ।
—कुंवरसी सांखला री वारता
उ०—२ ऊगां विण सूर केहवौ अंवर, दीपक पाख जसौ दुवार । पावस वना जहेवा प्रथमी, सांगा विण जेही संसार ।
—महारांणा संग्रांमसिंह वडा री गीत

जस्त, जस्तौ–सं०पु० [सं० यषद] कुछ कालापन लिये एक सफेद धातु जिसमें गंधक का अंश बहुत होता है ।

जस्यौ—देखो 'जैसौ' (रू.भे.)

जस्सुदा—देखो 'जसोदा' (रू.भे.) उ०—दैवी जस्सुदा रूप कांनं दुलारै, देवी कांन रै रूप तूं कंस मारै ।—देवि

जहंगम–सं०पु० [सं० जिह्मग] तीर, वांण । उ०—ओडव चाप ऊठियौ नरियंद, जहंगम वायौ खांच जुवौ ।—नवलदांन जी लाळस

जहं, जह–अव्य० [सं० यथा] १ जिस जगह, जहां ।
उ०—जह मह विवाह लाडां जुड़ण हाडां घर गहमह हुई ।—वं.भा.
२ जिस प्रकार, जैसे ।

जहक्कम–क्रि०वि० [सं० यथाक्रम] क्रमानुसार, तरतीववार (जैन)
रू०भे०—जहाक्कम ।

जहक्खाय–सं०पु० [सं० यथाख्यात] १ कसाय रहित यथाख्यात नाम का पांचवां चरित्र (जैन) २ निर्दोष चरित्र, परिपूर्ण संयम (जैन)

जहड़ौ–वि० [स्त्री० जहड़ी] जैसा । उ०—१ भरमल अहड़ी कांमणी, जहड़ौ चंद प्रकास । काया ले घर कूं चल्या, रह्यौ जीव वीं पास ।
—कुंवरसी सांखला री वारता
उ०—२ निरमळ चित ज्यूं नीर गंभीरां छांह सुहावै । कुमदां जहड़ी जेथ माछळी ऊजळ धावै ।—मेघ.

जहट्ठिय–क्रि०वि० [सं० यथास्थित] यथास्थित (जैन)

जहण–सं०पु० [सं० जघन] कमर के नीचे का भाग, जांघ (जैन)

जहणिज्ज–वि०—त्यागने योग्य, हेय (जैन)

जहण्ण, जहण्णि–वि० [सं० जघन्य] १ निकृष्ट, हीन, अधम, नीच (जैन), [सं० जघन्यक] २ कम से कम, थोड़े से थोड़ा (जैन)
रू०भे०—जहन्न ।

जहतह–अव्य० [सं० यथातथा] जैसे-तैसे (जैन)

जहत्थ–वि० [सं० यथार्थ] यथार्थ (जैन)

जहत्स्वारथा–सं०स्त्री० [सं० जहत्स्वार्था] लक्षणा का एक भेद जिसमें पद या वाक्य अपने वाच्यार्थ को परित्याग कर अभिप्रेत अर्थ को प्रकट करता है ।

जहद–सं०स्त्री० [अ०] प्रयत्न, उद्योग । उ०—जद जहद सो महनत परिस्रम कठिनाई सरीर सूं सो मोटा वादसाहां प्रथ्वी जीतणहारां रा स्वभाव छै ।—नी.प्र.

जहदजहल्लक्षणा–सं०स्त्री० [सं०] लक्षणा का एक भेद जिसमें वोलने वाले को शब्द के वाच्यार्थ से निकलने वाले कई एक भावों में कुछ को छोड़ कर केवल किसी एक का ही ग्रहण करना अभिलषित होता है ।

जहन–सं०पु० [अ० जिह्न] १ मस्तिष्क. २ स्मरणशक्ति. ३ बुद्धि, दिमाग ।

जहनि–सं०पु० [फा० जहान] जहान, संसार । उ०—चित अंत तपतां चौसठे वीत गयौ वरसात । जहनि पवनां अंत जिम, छिळियौ जेवनां छात ।—रा.रू

जहनू–सं०पु० [सं० जह्नु] १ विष्णु. २ एक राजर्षि जिन्होंने भगीरथ द्वारा गंगा लाते समय उसे पी लिया था, किन्तु भगीरथ द्वारा प्रार्थना करने पर उसे कान से निकाल दिया (पौराणिक)
रू०भे०—जन्ह, जन्हु ।

जहनूतनया–सं०स्त्री०यौ० [सं० जह्नुतनया] गंगा नदी ।

जहन्न—देखो 'जहण्ण' (रू.भे.)

जहन्नुम–सं०पु० [अ०] नरक, दोजख ।

जहर—१ देखो 'जै'र' (रू.भे.) उ०—कर छुटी वांण चिल्लै कवांण । वोलिया जहर अहंकार वांण ।—वि.सं.
२ आठवीं वार उलटा कर निकाला हुआ शराव (रा.सा.सं.)

जहरजर–सं०पु० [फा० जह्र+सं० जू] महादेव, शंकर, शिव (डिं.को.)

जहरधर, जहरधार–सं०पु० [फा० जह्र+सं० धारी] १ सर्प ।
उ०—जहरधर सुनर निरजर नगर जोवतां, वहर तप हेक दिल गहर वीजौ । वंवहर सूर गुर 'अमर' तण वेखतां, तुलै नह वरावर भूप तीजौ ।—महारांणा संग्रांमसिंह (दूजा) रौ गीत
२ शेषनाग । उ०—वजि ध्रीह नगारौ जेण वारौ वर अंवर थरहर जहरधार ।—सू.प्र.

जहरनवी—देखो 'जहांनवी' (रू.भे.)

जहरवाद–संपु० [फा०] एक प्रकार का रक्त विकार के कारण उत्पन्न होने वाला रोग जिसके कारण शरीर के किसी अंग में विषाक्त फोड़ा हो जाता है। यह मनुष्यों के अतिरिक्त घोड़ों, बैलों और हाथियों को भी होता है (शा.हो.)

जहरवायु–संपु०गो० [फा० जह्र+सं० वात] घोड़ों का एक रोग विशेष जिसके फलस्वरूप उनके पैर और पेट पर सूजन आ जाती है। (शा.हो.)

जहराळ–संपु० [फा० जह्र+रा०प्र० आळ] शेषनाग। उ०—रजभांखो किरणाळ, कमळ जहराळ लटक्कै। चोळ भाळ चापड़ै, कमंध रवदाळ कटक्कै।—सू.प्र.

जहरी, जहरीलो–वि० [फा० जह्र+रा०प्र०ई, इलो] जिसमें विष हो, विषाक्त।

जहवंत–वि०पु० [सं० यशवंत] यशस्वी।

उ०—वेहा लिख खोटा वरण, रेहा हीन रहंत। पात अछेहा धन लहै, जेहा धन जहवंत।—वां.दा.

जहसत्ति–अव्य० [सं० यथाशक्ति] शक्ति के अनुसार, यथाशक्ति (जैन)

रू०भे०—जहासत्ति।

जहां–अव्य० [सं० यत्र, पा० यत्थ, प्रा० जह] जिस जगह, जिस स्थान पर।

संपु० [फा० जहान] संसार, जगत, दुनिया।

जहांण, जहांन–संपु० [फा० जहान] संसार, जगत, दुनिया।

उ०—गहरी लाली देख कर, फूल गुमांन भयाह। कितरा बाग जहांन में, लग-लग सूख गयाह।—अज्ञात

रू०भे०—जीहांण, जीहांन।

जहांनमी, जहांनवी, जहांननेवी, जहांन्नवी–संस्त्री० [सं० जाह्नवी] जह्नु ऋषि से उत्पन्न, गंगा नदी। उ०—१ कोड़वै तेतीस देव वीसासो सारण काज, माहाराज तेज धुधारण आसमांण। नरां लोक तारणा पै जारणा जहांननेवी, देवी जै कारणा रूपी चारणा दीवांण।

—हुकमीचंद खिड़ियो

उ०—२ ज्यां हुंदा क्रत जोय, दोजग नहं वासो दियो। ते न्हावै तुय तोय, जोत समावै जहांनमी।—वां.दा.

उ०—३ संभु ग्यांन में गहीर मैं प्रमाद भाग पायो संतां, जहांनवी नीर रो क सांपड़वो जन। डोरो व्रज कुंज रो समीर रो क आज दीठो, वीरमदे हेळ मैं हमीर रो वदन।—सायबो सुरतांणियो

रू०भे०—जह्नवी।

जहांपनाह–संपु० [फा०] संसार का रक्षक। रू. भे. जांपनाह

जहा–अव्य० [सं० यथा] जिस प्रकार, जैसे, यथा (जैन)

जहाकम—देखो 'जहक्कम' (रू.भे., जैन)

जहाच्छंद–वि० [सं० यथाच्छन्द] स्वच्छन्द (जैन)

जहाज—देखो 'जा'ज' (रू.भे.)

जहाजाय, जहाजायत्ति–वि० [सं० यथाजात, यथाजातेति] १ जैसा जन्मा वैसा, नग्न (जैन) २ जड़, मूर्ख।

जहाजी–वि० [अ०] जहाज से संबंधित।

संपु०—१ एक प्रकार का अच्छा लोह जिसकी तलवार बनाई जाती है. २ एक प्रकार की तलवार।

जहाजेट्ठ–अव्य० [सं० यथाज्येष्ठ] बड़ाई के क्रम से (जैन)

जहाजोग–अव्य० [सं० यथायोग्य] यथायोग्य (जैन)

जहाठांण–अव्य० [सं० यथास्थान] यथास्थान (जैन)

जहातच्च–वि० [सं० यथातथ्य] यथातथ्य, वास्तविक, सत्य (जैन)

जहातह–संपु० [सं० यथातथ्य] १ सूयगडांग सूत्र का तेहरवां अध्ययन (जैन)

२ वास्तविकता, सत्यता (जैन)

जहानाय–अव्य० [सं० यथान्याय] न्याय के अनुसार, यथोचित (जैन)

जहापवट्टकरण–संपु० [सं० यथाप्रवृत्तकरण] आत्मा का परिणाम विशेष (जैन)

जहाफुड–वि० [सं यथास्फुट] स्पष्ट (जैन)

जहाभूत, जहाभूय–वि० [सं० यथाभूत] सच्चा, वास्तविक (जैन)

जहार–वि० [अ० जाहिर] १ जाहिर, प्रकट, विहित. २ प्रकाशित।

जहालत–संस्त्री० [अ०] मूर्खता, अज्ञानता।

जहावाइ, जहावाई–वि० [सं० यथावादिन्] सत्य कहने वाला, सत्य बोलने वाला (जैन)

जहासत्ति—देखो 'जहसत्ति' (रू.भे.)

जहासुयं–अव्य० [सं० यथाश्रुतम्] जैसा सुना (जैन)

जहासुह–अव्य० [सं० यथासुख] यथासुख (जैन)

जहिं, जहि—देखो 'जहीं, जही' (रू.भे., जैन)

सर्व०—जिस। उ०—भला भूमिका तणा प्रदेस, सोभा तणा निवेस, जहि दीठे जाइं मन ना क्लेस।—व.स.

जहिच्छ, जहिच्छा–अव्य० [सं० यथेच्छ, यथेच्छा] यथेच्छा (जैन)

जहिच्छिय–अव्य० [सं० यथेच्छित] इच्छा के अनुसार (जैन)

जहिट्ठिल—देखो 'जुधिस्टर' (रू.भे.) (जैन)

जहियइ–क्रिवि०—यदा, जब (उ.र.)

जहीं, जही–वि०—जैसी। उ०—कर ग्रहीयां 'भीम' ग्रथी सिर कमधज, निकळंक अंक सुधा-निवास। वधते तेज सह कोई वांदे, वाला चंद जही वांणास।—महाराजा भीमसिंह रो गीत

अव्य०—१ जैसे। उ०—जवनां भड़ पुंज पलाल जही। मिळिया किर मारुत चक्र मही।—रा.रू.

२ जहां. ३ ज्योंही, जब।

जहीइं–क्रिवि०—जब, यदा (उ.र.)

जहीन–वि० [अ० ज़हीन] समझदार, धारणाशक्ति वाला।

जहीफ–देखो 'जईफ' (रू.भे.)

जहीफी–देखो 'जईफी' (रू.भे.)

जहुट्ठिलो—देखो 'जुधिस्ठर' (रू.भे.) (जैन)

जहूरी-सं०पु०—जौहरी। उ०—के जहूरी कविराज, नग मांरास परखै नहीं। काच क्रिपरा वेकाज, रुळिया सेवै राजिया।—किरपाराम

जहूर-सं०पु० [फा० जुहूर] प्रगट, जाहिर होने का भाव, प्रकाशन।
उ०—१ जगमग करि दरगह नग जहूर। पुर करे चित्र ओछाड़ पूर।
—सू.प्र.
उ०—२ तिकरा रौ सीखियां भेद नावै तुरत। सूरत परा पेखियां पड़े सांसै। विधग घराजांरा रा मांरा छोडे वहै, वांरा रा जहूरां तराँ वांसै।—नवलजी लाळस
सं०स्त्री०—२ कान्ति, आभा। उ०—कंवर पिरा लपेटां में पाट छबी थी सु रतना नूं दीवी, दोनां जिसौ जहूर तिसी ही सहूर, परसपर सारीसी ही सोभा नै सारीसौ ही देखरा रौ लागौ लोभ।—र. हमीर
वि०—प्रकाशमान। उ०—जाहर मही जहूर सुजस जिरा, महपत नूर सूरकुळ मंडरा।—र.ज.प्र.

जहेज-सं०पु० [अ० जहेज] दहेज।

जहेट्ठ-क्रि०वि० [सं० यथेष्ठ] यथेष्ट (जैन)

जहेव-अव्य० [सं० यथैव] इच्छानुकूल (जैन)

जहोइय, जहोचिय, जहोच्चिय-वि० [सं० यथोचित] जैसा चाहिए वैसा, मुनासिब, ठीक, यथोचित (जैन)

जहोवइट्ठ [सं० यथोपदिष्ट] यथा उपदेश (जैन)

जन्हवी-सं०स्त्री० [सं० जाह्नवी] गंगा (जैन)

जन्हु—देखो 'जह्नू' (रू.भे.)

जन्हुसप्तमी-सं०स्त्री०यौ० [सं०] वैशाख मास के शुक्लपक्ष की सप्तमी, गंगा-सप्तमी (इसी दिन जह्नु ऋषि ने गंगा का पान किया था।)

जन्हरदारइरांणीगोळियौ-सं०पु०—एक प्रकार की तलवार।

जन्हरदारमालवाळी-सं०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार।

जन्हार—देखो 'जुहार' (रू.भे.) उ०—आवियौ कमंध एसि, वोम लागि जेरा वार। जोम हूंत कीध जोध, जाय साह हूं जन्हार।
—सू.प्र.

जां-सर्व०—१ जिन। उ०—दीनां आज तांई दांम जां का तौ दिरावौ, घोड़ा चायजै तौ कारवांनां मा' लिरावौ।—शि.वं.
उ०—२ तोकतां बारा स्रवरणां तरणां, अग्र भाग दोनों अड़्या। जां पीठ जोध सावळ दुजड़, चाप बांरा ले-ले चड़्या।—मे.म.
२ उन। उ०—१ सुरातां ही सारौ साथ चढ़ियौ। जां दिनां रा खोखर सो कहरणी में नहीं आवै।—सूरे खींवे री वात
उ०—२ खंडचा अनेक आक्रिति खळां, जोति हेक वप जूजवा। जां मध्य राज राजेस्वरी, हिंगळाज परगट हुवा।—मे.म.
३ जिस। उ०—भावसिंघ सबळ का मांडरा सवाई, ओछाह सी लागै जां कू साह की लड़ाई।—रा.रू.
क्रि०वि० [सं० यावत्] १ जब। उ०—सज्जरा अळगा तां लगइ, जां लग नयरो दिट्ठ। जब नयरणां हूं बीछुड़े, तब उर मंझ पइट्ठ।
—ढो.मा.
२ जब तक। उ०—रोहे 'पातल' रांरा, जां तसलीम न आदरै। हिंदू मुस्सलमांरा, एक नहीं तां दोय है।—सूरायच टापरचौ
३ जहाँ। उ०—१ जोवै जां ग्रिह-ग्रिह जगन जागवै, जगनि-जगनि कीजै तप जाप। मारगि-मारगि अंब मौरिया, अंबि-अंबि कोकिल आलाप।—वेलि. उ०—२ उत्तर आज स उत्तरउ, सही पड़ेसी सीह। वालंभ घरि किम छांडियइ, जां नित चंगा दीह।—ढो.मा.
वि०—जितना।

जांई-सं०पु० [सं० जामातृ] दामाद, जामाता।

जांउ-क्रि०वि०—जब। उ०—जांउ जागइ तांउ मांगइ, जांउ जोयराउं तांउ भोयराउं।—व.स.
सर्व०—जो।

जांग-सं०पु०—१ घोड़ों की एक जाति. २ देखो 'जंघा' (रू.भे.)

जांगड़—देखो 'जांगड़ौ' (मह., रू.भे.)
उ०—भाभी जांगड़ आपरा, छिपै न लाखां गांन। सूने घर सींधू थिया, आंपां रा मिजमांन।—वी.स.

जांगड़ा-सं०स्त्री०—१ भाट जाति की एक शाखा विशेष (मा.म.)
२ नाइयों की एक शाखा (मा.म.) ३ ढोलियों की एक शाखा.
४ वीररस पूर्ण एक राग. ५ शेखावाटी में रहने वाली जाति विशेष जिसके व्यक्ति बढ़ई का या आभूषरा बनाने का काम करते हैं।
रू०भे०—जांघड़ा।

जांगड़िया—देखो 'जांगड़ा' (अल्पा., रू.भे.)

जांगड़ियौ-सं०पु०—१ जांगड़िया शाखा का व्यक्ति.
२ देखो 'जांगड़ौ' (अल्पा., रू.भे.) उ०—१ घराी गोठां कररो लागिया। जांगड़िया गाणे लागिया।—सूरे खींवे री वात
३ एक राग विशेष में गाया जाने वाला दोहा छंद विशेष।

जांगड़ौ-सं०पु०—१ ढोली, दमामी। उ०—जांगिया ठोर सिंधू गवै जांगड़ा, लड़रा रगा खांगड़ा वीर हळकै। भर तरा जठै पीधा अमल भांगड़ा, जो मरद रांगड़ापराौ झळकै।—माधोसिंह सक्तावत री गीत
२ वीररस पूर्ण एक राग। उ०—आया लाट रा खलीता वांचतांई घकै लाय ऊभौ, धरै हाथ मूंछां छाय ऊभौ क्रोध धींग। आपरे भरोसे राग जांगड़ौ दिराय ऊभौ, साय ऊभौ जनेवां खांगड़ौ मांनसिंह।
— नवलजी लाळस
वि०—जबरदस्त, महान। उ०—जाळ जांगड़ौ रूंख, सघन गायड़-मल गाढ़ौ। वील सरेसां वडौ, खजूरां सिरसौ डाढ़ौ।—दसदेव
अल्पा०—जांगड़ियौ।
मह०—जांगड़, जांघड़।

जांगड़ौ सांणीर-सं०पु०—डिंगल के अरटिया गीत (छंद) का एक भेद विशेष जिसमें नगरा अनिवार्य है।

जांगळ-सं०पु० [सं०] १ तीतर. २ सौराष्ट्र। उ०—मगधमंडळ अंग वंग कलिंग कासी (कोसल कुरु) कुसह, पंचाळ जांगळ (सुराष्ट्र) विदेह संडिल्ल मलय।—व.स.
३ जल के अभाव वाला देश. ४ देखो 'जांगळू' (रू.भे.)

जांगळग्री—देखो 'जांगळवौ' (रू.भे.)

जांगळया, जांगळवै—सं०पु०यौ० [सं० जंगल] जांगलू देश (बीकानेर)
उ०—गोहलां बावरियां गह गंजे, गजे जेठवा कावा गाव। जूनंगढ़ गढ़पत जांगळवै, सांफै चक्रवत 'कला सुजाव।'—द.दा.

जांगळवौ, जांगळू—सं०पु०—जांगलू देश, बीकानेर।
उ०—१ पूनाहरौ सुवौ दळि पलटै, दीपावै जांगळवौ देस। सुर-गिर सथिर कार वध सायर, सूरिज सतप भार भल सेस।
—सांखला महेस कल्यांणमलोत री गीत
उ०—२ इतरी वात करतां खींवसी सांखलौ जांगळू राज करै छै। तिण री बेटी उमा सांखुली मारवणि री अवतार।
—लाली मेवाड़ी री वात
वि०वि०—वस्तुतः 'जांगलू' बीकानेर के एक भाग का नाम है जहां गर्मी खूब पड़ती है एवं जलाभाव रहता है, किन्तु कालान्तर में पूरे बीकानेर को ही 'जांगलू' कहा जाने लगा।
रू०भे०—जांगळग्री, जांगेळू।

जांगळूराय—सं०स्त्री०—१ श्री करणीदेवी।
सं०पु०—२ 'जांगलू' देश बीकानेर का अधिपति।

जांगळूवौ—वि०—जांगलू देश का, जांगलू देश संबंधी।

जांगळौ—वि०—योद्धा, वीर। उ०—नेत दस सहंस वाळा गळै नांगळा, जनेवां झळां भांजण खळां जांगळा। वळोवळ नांम सांभळ दुझर वांगळां, पंथ वहता हुवै किता अग पांगळा।—बद्रीदास खिड़ियौ

जांगियौ—देखो 'जांघियौ' (रू.भे.)

जांगी—सं०पु०—१ नगाड़ा (डि.को.)
उ०—वीरा रस जांगी गिरवागा। लोळा पुंज सिखर सिर लागा।
—रा.रू.
२ ढोली, दमांमी।
वि०—देखो 'जंगी' (रू.भे.)

जांगी हरड़े—सं०पु०—बड़ी हड़ (अमरत)

जांगेळू—देखो 'जांगळू' (रू.भे.)

जांगेस—सं०पु०—युद्ध का राग, सिंधुराग।

जांघ—देखो 'जंघा' (रू.भे.) उ०—राव री जांघ तौ बच गई पण घोड़ै री काळजौ बूकड़ा ग्रांतड़ा ग्रोझड़ा काढ जावतौ निसरियौ।
—डाढ़ाळा सूर री वात

जांघड़—देखो 'जांगड़ौ' (मह., रू.भे.)

जांघड़ा—देखो 'जांगड़ा' (रू.भे.)

जांघियौ—सं०पु०—१ कमर में पहनने का पाजामे की तरह का एक कपड़ा जिसकी मोहरियां घुटने के ऊपर ही रहती हैं। यह प्रायः शरीर से चिपका रहता है. २ मालखंभ की एक कसरत।
रू०भे०—जांगियौ।

जांच—सं०स्त्री०—जांचने की क्रिया या भाव, परख, निरीक्षण, देखभाल, परीक्षण।
यौ०—जांच-पड़ताल।

जांचणौ, जांचबौ—क्रि०स०—१ जांचना, परख करना. २ अनुसंधान या परीक्षण करना. ३ मांगना।
जांचणहार, हारौ (हारी), जांचणियौ—वि०।
जांचिग्रोड़ौ, जांचियोड़ौ, जांच्योड़ौ—भू०का०कृ०।
जांचीजणौ, जांचीजबौ—कर्म वा०।

जांचियोड़ौ—भू०का०कृ० परीक्षण या निरीक्षण किया हुआ, जांचा हुआ (स्त्री० जांचियोड़ी)

जांजर—देखो 'जांझर' (रू.भे.)

जांजरू—सं०पु०—१ जहरीला कीड़ा, बिच्छू. २ देखो 'जांझर' (रू.भे.)

जांजळी—सं०स्त्री०—वर्षा ऋतु में वर्षा होने के बाद का वह सूखा निकलने वाला समय जब तक कि पुनः वर्षा न हो। कृषि के लिये यह समय हानिकारक माना जाता है।
रू०भे०—जांझळी।

जांजा—देखो 'जांदा' (रू.भे.)

जांझ—सं०स्त्री० [सं० जंझा] १ वर्षा के समय चलने वाली तेज ठंडी वायु. २ शमी वृक्ष की सूखी फली (क्षेत्रीय) ३ देखो 'जांझर'। (रू.भे.)

जांझर—सं०पु०—स्त्रियों के पैरों का छम-छम की ध्वनि करने वाला एक आभूषण, पैंजनी। उ०—धिन घण छकि जाती छाती लख छाती। जांझर झणकाती जाती मदमाती।—ऊ.का.
रू०भें०—जांजर, जांजरू, जांझ।
अल्पा०—जांझरियौ।

जांझरकौ—सं०पु०—पौ फटने का समय, ब्राह्म मुहूर्त्त।
उ०—एक दिन सारौ परवार लियां डाढ़ाळौ नै भूंडण सोय रह्या छै। इतरै जांझरकै री वखत री ठाडी पवन ग्राई।
—डाढ़ाळा सूर री वात

जांझरियाळ, जांझरीयाळ—सं०स्त्री०—'जांझर' नामक ग्राभूषण धारण करने वाली देवी, शक्ति।

जांझळी—देखो 'जांजळी'। उ०—ललकत जांझलियां वाजण नै लागी, भूखां मरतोड़ी खळकत पड़ भागी।—ऊ.का.

जांझी—वि०—बहुत सी, अधिक।

जांट—सं०पु०—शमी वृक्ष (शेखावाटी)

जांणग, जांणगी—वि० [सं० ज्ञायक] १ जानकार, विज्ञ। उ०—'दलौ' सकज दईवांण, घण जांणग ग्रायौ घरै।—गो.रू.
२ चतुर।

जांण—ग्रव्य०—उत्प्रेक्षा अलंकार का वाचक शब्द, मानों, जैसे।
उ०—१ वपु नील वसन मभि इम वखांण। जगमगत घटा मभि छटा जांण।—सु.प्र. उ०—२ अधुरां डसणां सूं उदै, विमळ हास दुतिवंत। सो संध्या सूं चंद्रिका, फैली जांण फवंत।—वां.दा.

सं०स्त्री० [सं० ज्ञान] १ ज्ञान, जानकारी। उ०—वरिहांहां मारण नूं हजार दाव प्रपंच करै। सु जिसड़ो साथ करै तिसड़ी जांण उठै पड़ै।—नैणसी

२ जान-पहिचान, परिचय. ३ जानने की क्रिया या भाव।

उ०—तुंही ज सज्जण मित्त तूं, प्रीतम तूं परिवांण। हियड़इ भीतरि तूं वसइ, भावइं जांण म जांण।—ढो.मा.

[सं० यान] ४ सवारी (जैन) ५ यमुना नदी।

वि० [सं० ज्ञाता] जानने वाला, विज्ञ। उ०—जद वंस उजाळ भुजाळ महा गुण जांण। तप तेज दिनंकर जेम तपै तुडि-तांण।

—ल.पि.

जांणई—सं०स्त्री० [सं० जानकी] सीता (जैन)

रू०भे०—जांणगी।

जांणक—वि०—जानने वाला, जानकार।

अव्य०—मानों, जानों, जैसे। उ०—१ नाक नवल्ली नारि रै, नकवेसर घण नूर। मोती अहियां चांच मझ, जांणक कीर जरूर।

—वां.दा.

उ०—२ हिये लगाया रांम नै न्रप नेह कियौ। मुनिवर नैं सूंप्या रांम जांणक हृदय दियौ।—गी.रां.

रू०भे०—जांणिक।

जांणकार—वि० [सं० ज्ञायक] १ जानकार, अभिज्ञ। उ०—बादसाह भला स्वभाव री रीत रौ जांणकार चाहिजै।—नी.प्र.

२ चतुर। उ०—धरती पछिमी सूर धीर भगतांवछळ जास भीर। जिहड़ौ गहड़ जेत्रवार कुंअरां तिलिक जांणकार।—ल.पि.

रू०भे०—जांणीकार।

जांणकारी—सं०स्त्री०—१ परिचय. २ ज्ञान। उ०—परंपरा रै पगां विना नवौ ग्यांन निबळौ, अपंग, वेजांन। आगै री निरमांण लारली जांणकारी माथै। लारलै ग्यांन विना आगै री निरमांण नामुमकिन।

—वांणी

३ अभिज्ञता. ४ निपुणता।

जांणग, जांणगर—वि० [सं० ज्ञायक] जानकार, विज्ञ, जानने वाला।

उ०—कळहंस जांणगर मोर निरत कर, पवन ताळधर ताळपत्र। आरि तंति सर भमर उपंगी, तीवट उघट चकोर तत्र।—वेलि.

रू०भे०—जांणागर, जांणीगर।

जांणगी—देखो 'जांणइ' (रू.भे., जैन)

जांणण—सं०पु० [सं० ज्ञान] 'जानना' क्रिया का भाव, ज्ञान (जैन)

जांणणा—सं०स्त्री० [सं० ज्ञान] जिससे वस्तुओं का निर्णय हो, ज्ञान।

जांणणौ, जांणबौ—क्रि०स० [सं० ज्ञा, ज्ञानम्] १ परिचय, ज्ञान अथवा पूरी जानकारी प्राप्त करना। उ०—पनरह दिन हूं जागती, प्री सूं प्रेम करंत। एक दिवस निद्रा सबळ, सूती जांणि निचंत।—ढो.मा.

मुहा०—१ जांणतौ अणजांण बणणौ (होणौ)—किसी बात के विषय में जानकारी रखते हुए भी किसी को चिढ़ाने, धोखा देने या अपना मतलब निकालने के लिये अपनी अनभिज्ञता प्रकट करना. २ जांण-वूझ नै करणौ—समझ कर करना, अनजाने में न करना. ३...तौ मैं जांणू—तो मैं समझूं कि बड़ा भारी काम किया अथवा अनहोनी बात हो गई। तो मैं समझूं कि बात ठीक है। ज्यूं—अगर थूं दो दिन में औ कांम करलै तौ मैं जांणू. ४...तौ म्हैं नहीं जांणू—तो मैं जिम्मेदार नहीं, तो मेरा दोष नहीं।

कहा०—जांणै जिण नै तांणै—परिचित व्यक्ति को ही कोई काम निकालने के लिए तंग किया जाता है।

यौ०—जाणतौ-वूझतौ।

२ समझना। उ०—१ भूली सारस सद्दड़इ, जांणइ करहउ थाय। धाई धाई थळ चढी, पग्गे दाधी माय।—ढो.मा.

उ०—२ इसौ जवाब करतां समांन तुरंत ही वेग जांणियौ जु म्हारी अदव पड़ै इसड़ै कांपियौ।—द.वि.

३ सूचना पाना।

जांणणहार, हारौ (हारी), जांणणियौ—वि०।

जांणाड़णौ, जांणाड़बौ, जांणाणौ, जांणाबौ, जांणावणौ, जांणावबौ

—प्रे०रू०।

जांणिओड़ौ, जांणियोड़ौ, जांण्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जांणीजणौ, जांणीजबौ—कर्म वा०।

रू०भे०—जांणीणौ, जांणीबौ।

जांणपण, जांणपणु, जांणपणौ—सं०पु० [सं०ज्ञान+त्वन] ज्ञान, जानकारी।

उ०—१ जांणपण घणौ पित मात रौ जांणीयें। अधिपती मेल आहीर घर आंणीयें।—रुखमणी हरण

उ०—२ द्रव्य तणउ ए महिमा जांणि। जांणपणुं एह नुं म वखांणि।

—विद्याविलास पवाडउ

उ०—३ प्रज रज रखपाळ सुयण मिळ पह वह जांणपणौ। तंढ मल तुडि तांण कुंअर गुर देसल राउ तणौ।—ल.पि.

जांणपिछांण—सं०स्त्री०—जान-पहिचान, परिचय। उ०—नहीं तू दीह नहीं तू रात, नहीं तू भ्रात नहीं तू जात। नहीं तो जांण-पिछांण जमार, नहीं तो साख सबंध संसार।—ह.र.

जांणप्पवर—सं०पु० [सं० यान-प्रवर] उत्तम रथ, श्रेष्ठ रथ (जैन)

जांणय—वि० [सं० ज्ञायक] जानकार, समझदार, बुद्धिमान (जैन)

जांणया—सं०स्त्री० [सं० ज्ञान] ज्ञान, समझ (जैन)

जांणरह—सं०पु० [सं० यानरथ] एक प्रकार का रथ (जैन)

जांणवणौ, जांणवबौ—क्रि०स०—जान लेना। उ०—दिन दिन भोळौ दीसतौ, सदा गरीबी सूत। काकी कुंजर काटतां, जांणवियौ जेठूत।

—वी स.

जांणवय—वि० [सं० जानपद] देश में उत्पन्न, देश सम्बन्धी (जैन)

जांणसाला—सं०स्त्री० [सं० यानशाला] वाहन रखने का स्थान (जैन)

जांणागर—देखो 'जांणगर' (रू.भे.)

जांणाणौ, जांणाबौ, जांणावणौ, जांणावबौ—क्रि०स० ('जांणणौ' क्रिया का

प्रे०रू०) १ जानकारी देना, जतलाना। उ०—वीरमदे पत घरम सवायो। जोस भुजे दूणो जांणायो।—रा.रू.

२ सूचना देना।

जांणावियोड़ो-भू०का०कृ०—जानकारी दिया हुआ, जतलाया हुआ। (स्त्री० जांणावियोड़ी)

जांणि-अव्य०—मानों। उ०—कुमकुमै मंजण करि धोत वसत धरि, चिहुरे जळ लागो चुवण। छीणे जांणि छछोहा छूटा, गुण मोती मखतूळ गुण।—वेलि.

सर्व०—जिस।

जांणिक—देखो 'जांणक' (रू.भे.) उ०—१ एक दंतउ मुख झळमळइ, जांणिक रोहणीउ तप्पई सूर।—वी.दे.

उ०—२ उडै ग्रहि अंत ग्रिभां असमांण, पलो हिक झालत जोगणि पांण। उभी हुय जांणिक गोख अटारि, उडावत गूडिय राजकुमारी। —सू.प्र.

जांणियार-वि०—विज्ञ, जानकार।

जांणी-अव्य०—मानों, जैसे।

जांणीकार—देखो 'जांणकार' (रू.भे.)

जांणीगर—देखो 'जांणगर' (रू.भे.) उ०—खट भाखा रो जांणीगर। —प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

जांणीजै-अव्य०—मानों।

जांणीणो, जांणीवौ—देखो 'जांणणो' (रू.भे.) उ०—कणयाचळ जगि जांणीइ, ठांम तणउं जावालि। तहीं लगइ जगि जाळहुर, जण जंपइ इणि कालि।—कां.दे.प्र.

जांणीतो-वि०—१ प्रसिद्ध। उ०—भाटी भीमजी इण चौकळा रो जांणीतो। खांनदांनी आदमी हो। पल्लो खाली होवतां थकां ई घर ग्वाड़ी वाळो रजपूत हो।—रातवासो

२ जानकार।

जांणीवांण-वि०—१ जानकार, ज्ञाता. २ परिचित।

जांणु-वि० [सं० ज्ञायक] जानने वाला (जैन)

सं०पु० [सं० जानु] घुटना (जैन)

जांणे-अव्य०—मानों। उ०—कमळापति तणी कहेवा कीरति आदर करै जु आदरी। जांणे वाद मांडियो जीपण, वागहीण वागेसरी। —वेलि.

मुहा०—जांणे चिड़ियां में ढळ पड़ियो—मानों चिड़ियों के बीच में ढेला आ गिरा; उसके प्रति जिसके कारण एकत्रित समूह बिखर जाय।

रू०भे०—जांणं, जांने, जांनै।

जांणेऊ, जांणेतो-वि०—१ जानकार, वाकिफ। उ०—आप कमर बांध तयार हुवा तद न जांणेता था तिकां अरज कीवी! —ठाकुर जैतसी री वारता

२ देखो 'जांणीतो' १ (रू.भे.)

जांणै—देखो 'जांणे' (रू.भे.) उ०—यूं दळां हूंत जांणै खड़ग ऊकठी, वादळां हूंत जांणै कढ़ी वीज।—हुकमीचंद खिड़ियो

जांण्हई-सं०स्त्री० [सं०जाह्नवी] गंगा (जैन)

जांत-सं०पु०—खाट, चारपाई। उ०—एक खांत अनई दीठउ गादलउ जांत, एक निद्राळ अनइ पाथरिउ पल्यंक विसाळ।—व.स.

जांदा-सं०स्त्री०—इच्छा, अभिलाषा, लालसा, लाले।

उ०—जादा जीवण रा पड़िया जिय जांदा। मांगण खावण डर नर पड़िया मांदा।—ऊ.का.

क्रि०प्र०—पड़णा।

रू०भे०—जांजा।

वि०वि०—इस शब्द का प्रयोग सदा बहु वचन में होता है।

जांन-सं०स्त्री० [सं० जन्य:] १ वरात, वर-यात्रा।

उ०—जिकै वार स्रीराम री जांन जोई। कहै ओपमा पार पावै न कोई।—सू.प्र.

क्रि०प्र०—आणी, चढ़णी, जाणी, जीमणी, देणी।

कहा०—१ जांन घणी आई तो मांडो थाको—अधिक वरात आने पर वधू पक्ष के लोग भी सत्कार करते-करते तंग आ जाते हैं। अधिक खर्चा आदमी को थका देता है। अति सर्वत्र वर्जयेत. २ जांन में मांझी कुण—वरात में मुखिया कौन? बूझ-बुझक्कड़ के प्रति, किसी समूह एवं दल के मुख्य व्यक्ति के प्रति। मि०—'बींद रो काको कुण?' ३ जूता वाळा किसा जांन गिया है—सजा देने वाले कौनसे वरात में गये हुए हैं? अपराध करने वाले को सजा देने वाले भी वहीं मिल जाते हैं।

अल्पा०—जांनड़ली, जांनड़ी, जांनणलो।

मह०—जांनड़, जांनेस।

[फा० जान] २ प्राणी, जीव।

मि०—जीव।

३ वल, सामर्थ्य।

जांनउत्र-सं०स्त्री० [सं० जन्य:+यात्रा अथवा यज्ञ+यात्रा] वरात।

उ०—अभिनव ए चालिय जांनउत्र, 'अंबडु' तणइ वीवाहि। अप्पुणु ए घम्मह चक्कवइ, हूयउ जांनह मांहि।—ऐ.जै. का.सं.

रू०भे०—जांनत्र, जांनुत्र।

जांनकी-सं०स्त्री० [सं० जानकी] श्रीराम की पत्नी एवं सीरध्वज जनक की पुत्री, सीता (रामकथा)

जांनकीजीवन-सं०पु० [सं० जानकी जीवन] श्री रामचंद्र।

जांनकीनाथ-सं०पु०यौ० [सं० जानकीनाथ] सीतापति, श्रीरामचंद्र।

जांनकीमंगळ-सं०पु० [सं० जानकी मंगल] तुलसीदास का वनाया हुआ राम के विवाह से संबंधित वर्णन का एक ग्रंथ।

जांनकीरमण, जांनकीरवण-सं०पु०यौ० [सं० जानकीरमण] जानकी के पति, श्रीरामचंद्र।

जांनकीस-सं०पु०यौ० [सं० जानकी+ईश] श्रीरामचंद्र। उ०—राम नांम गाव रे, पाय कंज धाव रे। जांनकीस जांण रे, वेस तूं जवांण रे। —र.ज.प्र.

जांनड़—देखो 'जांन' (मह., रू.भे.)

जांनड़ली, जांनड़ो—देखो 'जांन' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—केसरियौ लुळ-लुळ पाछौ जी जोवै, जांणू म्हारी जांनड़ली म्हारा भाभोसा पधारै, भाभोसा पधारै नै घोड़लिया सिणगारै ।
—लो.गी.

जांनणी-संस्त्री०—१ बरातिन. २ देखो 'जांन' (अल्पा० रू.भे.)

जांनत्र—देखो 'जांनउत्र' (रू.भे.) उ०—अरे माधवी मनि हरसियउ भणइ, जांनत्र वेगु चलेहि । अरे सिवदिवी प्रमुह दस मातुर, भत्तिहि मउड बंधेहि ।—प्राचीन फागु संग्रह

जांनदार-वि०यौ० [फा० जानदार] जिसमें प्राण हो, सजीव ।
संपु०—जानवर, प्राणी ।

जांनपदी-संस्त्री० [सं० जानपदी] एक अप्सरा जिसका वर्णन महाभारत के आदि पर्व में आया है ।

जांनपात्र-संपु०यौ० [सं० यानपात्र] नाव, नौका (ह.नां.)

जांनमाज-संस्त्री० [फा० जानमाज] नमाज पढ़ने का फर्श ।

जांनराय-संपु०—चांपावत राठौड़ों के आराध्यदेव, विष्णु ।

जांनवर-संपु० [फा० जानवर] १ प्राणी, जीवधारी. २ पशु, हैवान ।
वि०—मूर्ख, बेवकूफ ।
रू०भे०—जनावर, जिनावर ।

जांनसीन-संपु० [फा० जानशीन] उत्तराधिकारी ।

जांनावासउ-संपु० [सं० यज्ञावासक] विवाह के अवसर पर कन्या के नातेदार आदि के ठहरने का स्थान जहाँ विवाह का मंडप आदि रचाया जाता है (उ.र.)
मि०—मांडो ।

जांनि, जांनिड़ौ, जांनियौ, जांनी, जांनीड़ौ-संपु० [सं० जन्यः] बराती ।
उ०—सभै आवळाभूल जांनि सुरंगा । चढ़ै दासरत्थं बजै राग चंगा ।—सू.प्र.
कहा०—बींद रै लाळां पड़ै तौ जांनी बापड़ा कंई करै—जब मुख्य व्यक्ति ही अशक्त और निर्बल हो तो उसके सहायक उसकी सहायता कैसे कर सकते हैं ? अशक्त एवं निर्बल व्यक्ति के प्रति ।
रू०भे०—जांनि ।
यौ०—जांनीवासौ ।
अल्पा०—जांनिड़ौ, जांनियौ, जांनीड़ौ, जांन्यौ ।
वि० [फा० जानी] जान से संबंधित ।
मुहा०—जांनी दुस्मण—वह शत्रु जो प्राण लेने को तत्पर हो ।

जांनीवासउ, जांनीवासौ-संपु० [सं० जन्यः+आवासक या जन्यावासक] वर और बरात के ठहरने का या ठहराने का स्थान, जनवासा (उ.र.)
उ०—१ धार नगरी आयौ बीसळराव, जांनीवासउ दीयौ तिणि ठांव ।—वी.दे. उ०—२ राजलोक पिण गोखां चढ़ि-चढ़ि नै जोवै छै । इण जुगत करि नै तोरण वंदायौ छै । वांद नै जांनीवासै पधारिया ।—लाली मेवाड़ी री वात
उ०—३ तठै चंवरियां मांहीं पचीस सिरदार मारिया, नै जांनीवासै साथ उतरियौ उणनूं अमल पांणियां मांहे काई वलाई दी सु वे छकिया तरै कूट मारिया ।—नैणसी
रू०भे०—जनवास, जनवासौ ।

जांनु—१ देखो 'जांन्हौ' (रू.भे.)
[सं० जानु] २ जांघ और पिंडली के मध्य का भाग. ३ जांघ ।
रू०भे०—जांनू ।

जांनुकीकंत-संपु०यौ० [सं० जानकी+कांत] श्रीरामचंद्र (र.ज.प्र.)

जांनुत्र—देखो 'जांनउत्र' (रू.भे.)

जांनुविजांनु-संपु०यौ० [सं० जानुविजानु] तलवार के बत्तीस हाथों में से एक हाथ ।

जांनू-सर्व०—उनको ।
संपु०—देखो 'जांनु' (रू.भे.)

जांने—देखो 'जांणे' (रू.भे.)

जांनेती-संपु० [सं० जन्यः+रा० प्र० एती, जन्यः+यात्री]
(स्त्री० जांनेतण)
बराती । उ०—आपां तौ जांनेती बणल्यां, बीन बणै भोपाळ । दोय जणां जांगड़िया बण कै, सिंधू द्यौ अरसाल ।—डूंगजी जवारजी री पड़

जांनेलौ-संपु०—एक प्रकार का घास ।

जांनेस—देखो 'जांन' (मह., रू.भे.) उ०—अवद्धेस राजेस जांनेस आया । विदेहेस साम्हेस आंणे वधाया ।—सू.प्र.

जांनेसुरी-संस्त्री०—दुर्गा, महामाया । उ०—देवी मात जांनेसुरी व्रन्न मेहा । देवी देव चांमुंड संख्याति देहा ।—देवि.

जांनै—देखो 'जांणे' (रू.भे.)

जांनोई—देखो 'जनोई' (रू.भे.)

जांनोटण-संपु० [सं० जन्योत्थान] बरात के रवाने होने के पूर्व वर पक्ष की ओर से दिया जाने वाला भोजन ।

जांनौ—देखो 'जांन्हौ' (रू.भे.)

जांन्यौ—देखो 'जांनी' (अल्पा. रू.भे.)

जांन्हक-संपु०—घोड़े का एक रोग (शा.हो.)

जांन्हवी-संस्त्री० [सं० जाह्नवी] गंगा, भागीरथी ।

जांन्हौ-संपु० [सं० जानु] दाहिने घुटने में होने वाला एक प्रकार का वात रोग जो क्रोष्टुवात से मिलता-जुलता होता है ।
रू०भे०—जांनु, जांनौ, जांमू ।

जांपनाह—देखो' जहांपनाह' (रू.भे.)

जांबक-संपु० [सं० जंबुक] सियार, गीदड़ । उ०—डावी भैरव चहक वांम घूघू घोरारव । है नाहर सावडू वांम जांबक बोले तव ।
—पा.प्र.

जांबफळ-संपु०—अमरूद नामक फल ।
रू०भे०—जांमफळ ।

जांबवत—देखो 'जांबवांन' (रू.भे.)

जांबवती–सं०स्त्री० [सं० जाम्बवती] श्री कृष्ण की एक पत्नी जो जांबवान की कन्या थी।
रू०भे०—जांमवती।

जांबवांन–सं०पु० [सं० जाम्बवान्] ब्रह्मा का पुत्र और सुग्रीव का मंत्री जो राम की ओर से रावण के विरुद्ध युद्ध में लड़ा था। कहा जाता है कि यह रीछ था। श्रीकृष्ण ने इसकी कन्या के साथ विवाह किया था।
रू०भे०—जांबवत, जांबुवत, जांमंत, जांमंति, जांमत, जांमति, जांमवंत, जांमवत, जांमूत।

जांबवि–सं०पु० [सं० जांबवि] वज्र।

जांबुमाळी–सं०पु० [सं० जांम्बुमाली] हनुमानजी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ते समय मारा जाने वाला प्रहस्त नामक राक्षस का एक पुत्र। (रांमकथा)

जांबुवत—देखो 'जांबवांन' (रू.भे.)

जांबू–सं०पु० [सं०] १ जामुन. २ रक्त-विकार अथवा मच्छर आदि के काटने से शरीर पर पड़ने वाले चकत्ते. ३ एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

जांबूणय—देखो 'जांबूनद' (रू.भे.) (जैन)

जांबूदीप—देखो 'जंबुदीप' (रू.भे.)
उ०—निज सुखरूख सेव करावी नांही, दाखै धन धन जांबूदीप।
—वां.दा.

जांबूनद–सं०पु०यौ० [सं० जाम्बूनद] १ स्वर्ण, सोना (ह.नां.)
२ धतूरा (अ.मा.)
रू०भे०—जांबूणय।

जांबूफळ–सं०पु० [सं० जाम्बू फल] जामुन।
वि०—काला, श्याम॥ (डिं.को.)

जांबौ, जांभौ–सं०पु०—विश्नोई संप्रदाय का प्रवर्तक एक सिद्ध पुरुष।
वि०वि०—इनका जन्म पीपासर ग्राम में संवत १५०८ के भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को हुआ था। ये लोट के पुत्र थे। कहा जाता है कि ये जन्म से गूंगे थे किन्तु श्री गोरखनाथजी के दर्शन से इनकी जवान खुल गई। विश्नोई जाति में इनका पूजन किया जाता है।

जांमंग–सं०पु०—देखो 'जांमकी' (मह०रू०भे०)
उ०—करि वंदूक पायकां, ज्वाळ धिकता जांमंगां। पांति जजर पेड़िया, भांति छेड़िया भुजंगां।—सू.प्र.

जांमंगी—देखो 'जामकी' रू.भे.

जांमंत, जांमंति—देखो 'जांबवांन' (रू.भे.)
उ०—लगै वेण जांमंत रौ सीख लागै। उठै आविया वालि रा नंद आगै।—सू.प्र.

जांम–सं०पु० [फा० जाम] १ प्याला। उ०—१ कोमळ राता पातळा, अधर जिकां रा ईख। अभिलाखै पीवण अमर, सुधा जांम ते सीख।
—वां.दा.

[सं० याम] २ क्षण भर का समय, पलक झपकने का समय।
उ०—१ अरहट कूप तमांम, ऊमर लग न हुए इती। जळहर एकी जांम, रेलै सब जग राजिया।—किरपारांम
उ०—२ जांम जांम में उच्चार रांम नांम।—र.ज.प्र.
३ प्रहर, घड़ी भर का समय। उ०—१ अंग अंग मभ ऊफणैं, जोवन आठूं जांम। त्यां हूंदी तसवीर रो, कलम हुवै नंह कांम।
—वां.दा.

उ०—२ घड़ी आठ वर्जदियां जांम हेको हो जाई।—केसोदास गाडण
[रा०] ४ पिता, जनक. ५ पुत्र, बच्चा।
उ०—कायर घर ऊढ़ा कहै, की धव जोड़ै कांम। कण कण संचै कीड़ियां, जोवै तीतर जांम।—वी.सं.
६ वस्त्र, कपड़ा। उ०—साह फतै सांभळै जांम गज भिड़ब जवाहर। तांम तेग नववत्रि, धूप समसेर जमंधर।—सू.प्र.
सं०स्त्री०—७ यादव वंश की एक शाखा. [सं० जामि] ८ पुत्री, कन्या।
उ०—विण मरियां विण जीतियां, धणी आवियां धांग। पग पग चूड़ी पाछटूं, जे रावत री जांम।—वी.स.
[सं० यामिः, यामी] ९ रात्रि, यामिनी।
वि०—दाहिना। उ०—त्रि सकत बांमे धेनु दुहंतां। जांमे करग तारवी ज्हाज।—चौथो बीठू
क्रि०वि० [सं० यावत्] जब। उ०—१ जुटा 'रतनागिर' 'ओरंग' जांम। वडा जम रूप विन्है वरिग्रांम।—वचनिका
उ०—२ जैचंद दळांवळ देखि जांम। तोलै खग बोलै एम तांम।
—सू प्र.

जांमकी–सं०स्त्री०—वंदूक छोड़ने का छोटा पलीता।
उ०—वोयदार री डावां छै। कसूमल सूत री लपेटी जांमकी छै।
—रा.सा.सं.

रू०भे०—जांमंग, जांमखी, जांमगिरी, जांमगी।

जांमकीदार–सं०पु०—एक प्रकार की वंदूक जो पलीता लगा कर छोड़ी जाय।
(मि० तोड़ादार)

जांमखी, जांमगिरी, जांमगी—देखो 'जांमकी' (रू.भे.)
उ०—चाकर कनै थी जिकण कनां जांमगी कळ रै लागी थी। अर भील री काळ री घड़ी आय बागी थी।
—प्रतापसिंह म्होकमसिंह री वात

जांमघोस–सं०पु० [सं० यमघोष] मुर्गा।

जांमण–सं०स्त्री० [जामि=सती साध्वी स्त्री+रा.प्र.ण.] १ माता, जननी।
उ०—पूत महा दुख पाळियो, वय खोवण थण पाय, एम न जांण्यो आवही, जांमण दूध लजाय।—वी.स.
यौ०—जांमणजाई, जांमणजायो।
अल्पा०—जांमणड़ी।
२ जन्म। उ०—छूटा जांमण मरण सूं, भवसागर तिरियाह। मुंवा जूंभ जे रण मही, वे नर ऊवरियाह।—वां.दा.

[सं० जामि=लड़की=सन्तान+रा.प्र.ण] ३ संतान।

उ०—रजपूतां जांमण दुहुं रूड़ा, वप जां रइ नह कळू वसइ। सारां धार धंसइ सनमुख सुत, धार अंगारां सुता धंसइ।—रजपूतां री गीत

सं०पु०—४ दूध जमाने के निमित्त दूध में डाला जाने वाला खट्टा पदार्थ।

क्रि०प्र०—दैणौ।

५ गन्ने के खौलते हुए रस को गुड़ के रूप में जमाने हेतु राख आदि का डाला जाने वाला मिश्रण।

क्रि०प्र०—दैणौ।

६ एक वस्तु का दूसरी वस्तु में मिलाने का भाव, मेल।

क्रि०प्र०—दैणौ।

७ जामुन। ८ देखो 'जांमणि' (रू.भे.) उ०—नहु जांमणहि पट्ठवरत्ति, रहु भमइ नभमणह। नहु विहारि वखांणु जत्त तुगी भरि समणह।—ऐ.जै.का.सं.

रू०भे०—जांमन, जांवण।

जांमणजाई–सं०स्त्री० [सं० जामि+रा.प्र.ण+सं०जात+रा.प्र.ई] सहोदरा।

जांमणजायौ–सं०पु० [सं० जामि+रा.प्र.ण+सं०जात] सहोदर।

जांमणमरण, जांमणम्रत–सं०पु०यौ०—संसार का आवागमन, जन्म-मरण।

जांमणवाळी–सं०स्त्री०यौ०—माता, जननी। उ०—जद यूं बोल्यौ डूंगसिंघ, थें सुणज्यौ फिरंग्यां वात। फिटफिट थांरी जांमणवाळी, फिटफिट थांरौ वाप।—डूंगजी जवारजी री पड़

जांमणि, जांमणी–सं०स्त्री०—१ दूध जमाने का पात्र. [सं० जामि] २ माता, जननी [सं० यामिनी] ३ रात्रि, यामिनी (अ.मा.)

उ०—चंद विहूणी जांमणी जी कंत विहूणी नार।—गी.रां.

रू०भे०—जांवणी।

जांमणीचर–सं०पु०यौ [सं० यामिनीचर] निशाचर, असुर।

जांमणौ–सं०पु०—कन्या या वहिन के प्रसवोपरान्त ससुराल जाते समय दिया जाने वाला आभूषण, वस्त्रादि का उपहार।

रू०भे०—जांमतणौ। (मि० वाळूजौ)

जांमणौ, जांमबौ–क्रि०अ० [सं० जनि] जन्म लेना। उ०—१ लखां जोजनां जांमतें भांण लीधौ। किसूं जोजनां सौ तणौ सोच कीधौ।
—सू.प्र.

उ०—२ जांमियौ जेण घर जांमसी सहजां साहिव 'सेर' रै।
—पहाड़खां आढौ

जांमत—देखो 'जांववांन' (रू.भे.)

जांमतणौ—देखो 'जांमणौ' (रू.भे.)

जांमति—देखो 'जांववांन' (रू.भे.)

जांमदगनी–सं०पु० [सं० जामदग्न्य] परशुराम के पिता जमदग्नि ऋषि।

जांमदांनी–सं०स्त्री० [फा० जामः दानी] एक प्रकार का चमड़े का संदूक विशेष (मा.म.)

जांमदेवासुरां–सं०पु०यौ०—ब्रह्मा, विधि (डि को.)

जांमन—१ देखो 'जामिन' (रू.भे.) उ०—नभ चंद्र रु नीर नक्षत्र नहैं। जड़ भूचर खेचर जांमन हैं।—पा.प्र.

२ देखो 'जांमण' (रू.भे.) उ०—सुनिए धनुषधारी अरजी हमारी यह, मेट दीजै भय भारी जांमन मरन की।—र.रू.

जांमनी—देखो 'जांमिनी' (रू.भे.)

जांमनीस–सं०पु० [सं० यामनीश] चंद्रमा, राकेश (वं.भा.)

जांमनेमी–सं०पु०—इंद्र (डि.को.)

जांमन्न—देखो 'जांमिन' (रू.भे.)

जांमफळ–सं०पु०—१ देववृक्ष (अ.मा.) २ अमरूद नामक फल।

जांमयं–सं०स्त्री० [सं० यामिनी] रात्रि, निशा।

जांमळ–वि०—१ अतुल्य. २ मिला हुआ. ३ दोनों। उ०—'याल' 'पिराग' सांम सुखदाई, सोभा डयोढ़ी प्रीत सवाई। भूप द्वार 'असक्रन्न, भंडारी, हेमराज जांमळ हितकारी।—रा.रू.

४ शामिल, साथ, सहित। उ०—'सूजौ' कंवर संग खळ साफण। तिण जांमळ रूपसी न्रिभै तण।—रा.रू.

रू०भे०—जांवळि।

सं०पु० [सं० यामल] १ जोड़ा, युग्म. २ जन्म। उ०—जिण गजसिंघ पाट सिव जांमळ, बैठौ जसवंतसिंघ महावळ। वारौ न्रपत जिवं वरतायौ। सुरां धरम तहां लगै सवायौ।—रा.रू.

जांमळणौ, जांमळबौ–क्रि०अ०—१ मिलना २ शामिल होना, ऐक्यता करना।

जांमळियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ मिला हुआ. २ शामिल हुवा हुआ, ऐक्यता किया हुआ।

जांववंत, जांमवत—देखो 'जांववांन' (रू.भे.)

जांमवती—१ देखो 'जांववती' (रू.भे.)

सं०स्त्री०—२ रात्रि, यामिनी।

जांमाइण–सं०पु०—यमराज। उ०—भारत मंडै भयांण जांण जांमाइण जेहा।—मालौ सांदू

जांमात, जांमाता–सं०पु० [सं० जामातृ] दामाद, जंवाई। उ०—आखै सकति हसै प्रति उत्तर। हूं जांमात आप घरि न्रपहर।—सू.प्र.

जांमि–सं०स्त्री० [सं० जामि] वहिन, भगिनी।

जांमिए–सं०पु०—योगी। उ०—निद्रावस जग एहु महा निसि, जांमिए कांमिए जागरण।—वेलि.

जांमिकपण–सं०पु० [सं० यामिकः+रा० प्र० पण] रक्षा करने का भाव, चौकीदारी। उ०—गरदाय सिविर दीधौ गरट, जांमिकपण लीधौ सजव।—वं.भा.

जांमित्र–सं०पु० [सं० जामित्र] किसी शुभ कर्म के काल के लग्न का सातवां स्थान।

जांमित्रवेध–सं०पु०यौ० [सं० जामित्रवेध] ज्योतिष का एक योग जिसमें कोई शुभ काम करने का निषेध है।

जांमिन–सं०पु० [अ० जामिन] जमानत करने वाला, जिम्मेदार।

रू०भे०—जांमन, जांमन्न।

जांमिनदार–सं०पु० [फा०] जमानत करने वाला।

जांमिनी—सं०स्त्री० [फा०] जमानत, जिम्मेवारी ।
[सं० यामिनी] रात्रि ।
रू०भे०—जांमनी ।
जांमिप—सं०पु० [सं० जामिप] बहिन का पति, बहनोई । उ०—तिण री एकसकार तदि, जांमिप घन वय जोर । रुपाजीवा रूप री, जिण तूणियौ अति तोर ।—वं.भा.
जांमिय, जांमी—सं०पु० [सं० जामातृ=प्रभू, स्वामी] (स्त्री० जांमण) १ पिता । उ०—जग अघ हरण सुरसुरी जांमी । राज तणां चरणां रघुरजा ।—र.ज.प्र.
२ स्वामी. ३ योगाभ्यासी, योगी ।
मि०—'जांमिए' ।
४ यमराज, यम ।
जांमीत—सं०पु० [सं० जामातृ] पिता ।
जांमुं, जांमु—क्रि०वि० [सं० यावत्] १ जब । उ०—अरजुनि जांमु दळ, निरदळं, राय तणु तां सूकउं गळ ।—पं.पं.च.
२ देखो 'जांन्हीं' (रू.भे.)
रू०भे०—जांमू ।
जांमुण—देखो 'जांमुन' (रू.भे.)
जांमुणी—सं०पु०—१ जामुन का वृक्ष ।
वि०—जामुन के रंग का ।
जांमुन—सं०पु० [सं० जंबु] १ गरम देशों में होने वाला एक सदाबहार वृक्ष । गरमियों में इसके बड़े-बड़े बेर के आकार के काले काले फल लगे होते हैं. २ इस वृक्ष का फल ।
रू०भे०—जांमुण, जांमून ।
जांमू—देखो 'जांमु' (रू.भे.)
जांमूत—देखो 'जांववांन' (रू.भे.) उ०—दहूं जेम जुट्टे मधु कीट दांनू, मनी हेत स्रीकस्न जांमूत मांनू ।—ला.रा.
जांमून—देखो 'जांमुन' (रू.भे.)
जांमेत—सं०पु०—योद्धा, बहादुर । उ०—मोह टाळा पुरा मरी जुध बांका जांमेत । घिर चमराळां घूमरां लाख दळां भ्रख लेत ।—पो.प्र.
जांमोपत्त—सं०पु०—सन्तानोत्पत्ति । उ०—मंभि समदां वींट घर, जळ सूं जांमोपत्त । किणहीं अवगुण कूंभड़ी, कुरळी मांभिम रत्त ।
—ढो.मा.

वि०—जन्मा हुआ ।
जांमौ—सं०पु० [फा० जाम:] १ एक प्रकार का चुननदार घेरदार पहनावा । उ०—जरदोजी जांमौ वण्या, पाटु सुथन पाइ । साहिब घरें पधारिया, सो गळ वळगुं जाई ।—व.स.
२ पुत्र, बेटा । उ०—सुण रावण वात सकामा नूं, मारीच बुलायौ मांमा नूं । जा तूं छळ दसरथ जांमा नूं, मिळ ल्यावां तिणसूं बांमा नूं ।—र.रू.
[सं० जन्म] ३ जन्म ।
उ०—१ भगत बीज पलटै नहीं, जे जुग जाय अनंत । ऊंच नीच घर जांमा लहे, तोई रहे संत का संत ।—संतवांणी
उ०—२ आगली असतरी सुण नै मेहल सूं उतर नै करवत लीन्हौ । करवत लेतां कह्यौ—इणहीज भरतार री असतरी होयज्यो । इतरो कहत पांण धरती पड़ी सो पड़तां गाय री हाड पगे लागौ । सो अलावदी पातसाह रै घरै जांमौ पायो ।—वीरमदे सोनगरा री वात
जांमौत—सं०पु० [सं० जामात] दामाद, जंवाई ।
जांम्य—वि० [सं० याम्य] १ यमराज सम्बन्धी, यमराज का.
२ दक्षिण का ।
सं० स्त्री० दक्षिण । उ०—सारी ओरंग साह सूं, दाखै दूत विगत्त । दुरग अकव्वर जांम्य दिस, गा पंखराव जुगत्त ।—रा.रू.
जांवण—देखो 'जांमण' (रू.भे)
जांवणी—देखो 'जांमणी' (रू.भे.)
जांवळणौ, जांवळवौ—क्रि०अ०—साथ होना, शामिल होना ।
उ०—'कमा' हरी 'गिरवर' रिण कालो, 'पीथलिआ' जांवळि प्रोचाळो ।
—वचनिका
जांवळि—देखो 'जांमळ' (रू.भे.) उ०—बेटी जांवळि वाप, 'रासो' 'रैणाइर' तणौ । गज 'केहर' रिण गाजियौ, तोड़ेवा खळ ताप ।
—वचनिका
जांवौ—सं०पु०—एक प्रकार का सरकारी कर ।
जांसारी—सं०स्त्री०—जूआ ।
जांह्नवी—सं०स्त्री० [सं० जाह्नवी] गंगा नदी । उ०—विसवामित्र रघुपति वदति, ए जगपावन जांह्नवी ।—रांमरासो
जा—सं०स्त्री०—माता, जननी. २ योनि. ३ फांसी (एका०)
वि०—१ उत्पन्न (एका०) ज्यूं०—गिरजा ।
२ वृद्ध. ३ चतुर (एका.)
सर्व० [सं० यद्] १ जो. २ जिस । उ०—उत्तर आज स उत्तरउ, पाळउ पड़इ असेस । दहिसी गात जु विरहणी, जा का प्री परदेस ।
३ जिन । —ढो.मा.
जाअ—वि० [सं० जात:] उत्पन्न (जैन)
जाइ—वि० [सं० यायिन्] १ जाने वाला (जैन)
२ जितना । उ०—रूप लखण गुण तणा रुखमिणी, कहिवां सांमरथीक कुण । जाइ जांणिया तिसा मैं जंपिया, गोविंद रांणी तणा गुण ।—वेलि.
सर्व०—जिस, जिन । उ०—१ दधि वीणि लियौ जाइ वणतौ दीठौ, साखियात गुण मैं ससत । नासा अग्नि मुताहळ निहसति, भजति कि सुक मुख भागवत ।—वेलि.
उ०—२ क्रित करण अकरण अन्नथा करणां, सगळै ही श्रोकै ससमत्थ । हालिया जाइ लगाया हूंता, हरि साळै सिरि थापै हत्थ ।—वेलि.
सं०स्त्री० [सं० जाति] १ जन्म, उत्पत्ति (जैन) । २ एक इन्द्रिय द्विइन्द्रिय आदि पांच जाति (जैन) । ३ मद्य विशेष (जैन) ।
४ देखो 'जाति' (रू.भे.) (जैन)

रू०भे०—जाई ।

जाइग्र—देखो 'जाइय' (रू.भे.) (जैन)

जाइग्राजीव–सं०पु० [सं० जात्याजीव] जाति को जान कर ग्राहार लेने वाला साधु (जैन) ।

जाइग्रासीविस–सं०पु० [सं० जात्याशीविप] जन्म से ही विषैला जन्तु (जैन) ।

जाइकम्म–सं०पु० [सं० जातिकर्मन्] देखो 'जातकरम' (रू.भे.) (जैन)

जाइगइ, जाइगा, जाइगाइ—देखो 'जगा' (रू.भे.)

उ०—१ मारू ग्राडि मांहि कटक पुहूतां, भली जाइगइ लीधी । महल मांहि वइसी नइ मोटे, मलकि मसूरति कीधी ।—कां.दे.प्र.

उ०—२ पुस्तक्कि उडि भंडार विच, 'जेसलमेरन' कइ परी । 'ग्यांन-हरस' कहत तिस जाइगा, रक्खइ वहु चउसठ सुरी ।—ऐ.जै.का.सं.

जाइणी–सं०स्त्री० [सं० याकिनी] जैन ग्रंथकार श्री हरिभद्र सूरि की धर्म माता, एक जैन साध्वी (जैन)।

जाइतिग–सं०पु० [सं० जातित्रिक] पांच जाति, चार गति ग्रौर दो विहायोगति इस त्रिपुटी की ग्यारह प्रकृति का समुदाय (जैन)

जाइथेर–सं०पु० [सं० जातिस्थविर] साठ वर्ष से ग्रधिक ग्रायु वाला साधु (जैन) ।

जाइधम्मय–वि० [सं० जातिधर्मक] उत्पत्ति स्वभाव वाला (जैन) ।

जाइपह–सं०पु० [सं० जातिपथ] जन्मने ग्रौर मरने का मार्ग, संसार । (जैन) ।

जाइय–वि० [सं० याचित] मांगा हुग्रा (जैन)

रू०भे०—जाइग्र ।

जाइवंझा–सं०स्त्री [सं० जातिवंध्या] वह स्त्री जिसके सन्तान न हुई हो, जन्म-वांझ स्त्री (जैन) ।

जइफळ—देखो 'जायफळ' (रू.भे.) उ०—ताहरां पासै खड़ि ग्रर बीजै डेरै पधारिया । ग्रोथि ग्राथमण तेल ग्रर जाइफळ री मरदन कीधी ग्रर सेक कराड़ियौ ।—द.वि.

जाईदौ–वि० [फा० जाईद:] (स्त्री० जाईदी) जन्मा हुग्रा, उत्पन्न ।

जाई–सं०स्त्री० [सं० जाया, प्रा० जाइ] १ स्त्री । उ०—कहिन वहिन वाई कुण नई एह जाई । करिन मझ पसाई ताहरउ हउं जि भाई ।
—विराटपर्व

२ कन्या, पुत्री ।

सर्व०—१ उस । उ०—जाई सहर कै राजा री कुंवरी पंचकळी नै मिळयौ चंपे री कळी सूं तुलती ।—चौवोली

देखो 'जाइ' (रू.भे.)

जाईजणौ, जाईजवौ–क्रि०ग्र० ('जाणौ' क्रि० का भाव वा० रूप) जाया-जाना । उ०—सात समंदरां रै पार उतरीयौ छै । राजा मांनधाता दीठौ जाईजै केथ ताहरां एक मारिग दीठौ ।—चौवोली

जाउ–सं०पु० [सं० जायु] दवा, ग्रौपधि (जैन)

जाउया–सं०स्त्री० [सं० यातृका] पति के छोटे भाई की स्त्री, देवरानी (जैन)

जाकजमाळा–वि०—मोटा-ताजा, हृष्टपुष्ट । उ०—तिहां वैठा वत्रीस लक्षण पुरुस दुंदळा फुंदळा जाकजमाळा मुंछाळा, केई जमाई केई साळा ।—व.स.

जाऊड़ी–सं०पु०—एक प्रकार का वृक्ष जो वड़ा व छोटा दो प्रकार का होता है । यह प्राय: नदियों के किनारे ही होता है । इसकी टहनियां कलमें वनाने के काम में ग्राती थीं ।

रू०भे०—जंऊड़ी, जऊड़ी ।

जाकेड़ौ, जाकोड़ौ—देखो 'जाखोड़ौ' (रू.भे.)

जाखंत–सं०पु०—एक प्रकार का वृक्ष ग्रथवा उसका फल ।

जाखमांनि–सं०पु०—यक्ष । उ०—१ पगमांनि वांणही, ग्रांखि मांनि भरण, त्रिख मांनि फळ, जाखमांनि वळि ।—व.स.

जाखळ–सं०पु० [सं० यक्ष] १ यक्ष । उ०—जिम जिम मिथ्यात्वि वाहिउ जाखळ, सेखल नी पूजा करइ । तिम तिम ते घणउ घणेरडउ व्यापीइं ।—षष्टिशतक प्रकरण

२ देखो 'जाखी' (मह०, रू.भे.)

जाखांणपट्टी–सं०स्त्री०—वीकानेर राज्यान्तर्गत एक प्राचीन भूमि-भाग जहाँ पर वीदावत राठौड़ों का राज्य था ।

जाखी–वि०—१ दुष्ट, ग्राततायी. २ पापी ।

उ०—लीना सहैं जाखी । मार पाड माचतौ गयौ ग्रजरावळ डाकी ।
—पा.प्र.

सं०पु०—देव विशेष के निमित्त वलि किया जाने वाला वह वकरा जिसे खिला-पिला कर मोटा किया गया हो ।

३ ऊँट ।

मह०—जाखळ ।

जाखेड़ौ, जाखोड़ौ–सं०पु० [सं० जक्ष+इंद्र] ऊँट (ना.डिं.को.)

उ०—साथियां सजोड़ां घोड़ां जाखोड़ा साकतां साजी, लड़ालूंव हुग्रा देखे राजी लाखां लोक ।—मयारांम दरजी री वात

रू०भे०—जाकेड़ौ, जाकोड़ौ ।

जागंगी–सं०पु० [सं० यज्ञांग] १ उदुंबर वृक्ष. २ देखो 'जोगंगी'
(रू.भे.)

जाग–सं०पु० [सं० याग:] १ यज्ञ । उ०—किं जोग जाग जप तप तीरथ किं, व्रत किं दांनासम वरणा । मुख कहि क्रसन रुखमिणि मंगळ, कांई रे मन कळपासि क्रपणा ।—वेलि.

२ विवाह । उ०—महा मंडियौ जाग उज्जैण खागां मधै, रुदन विलखावती रही रोती । हेळवी 'ग्रमर' री हीय करती हरख, 'जसा' ग्रपछर रही वाट जोती ।—नरहरदास वारहठ

सं०स्त्री०—३ घोड़ी की योनि. ४ घोड़ी का ऋतुमती होने का भाव. ५ जागरण. ६ देखो 'जगा' (रू.भे.)

जागडउ–सं०पु०—एक देश का नाम । उ०—मांणिक्यदंडउ हस्ती, खुरसांणिउ घोडउ, मुरस्थळीनउं ऊंट, दंडाहिनउ वळद, भीमासननउं करपूर, जागडउ कुंकुम, काकतुंडउं ग्रगुरु ।—व.स.

जागण—देखो 'जागरण' । उ०—कंठी वांध पराई कांमण, लेवे कंठ

नगारै। मुळ मुळ लगन पगन लागरा री, जागण माय जगाई।
—ऊ.का.

सं०स्त्री०—अग्नि (ह.नां.)

जागणो—वि० (स्त्री० जागणी) जगने वाला। उ०—डाकणी पापणी सापणी, भांमणी भोगणी भेद दे रोगणी। जोगणी जागणी भूतणी लागणी, भूकरी सूकरी काकणी कूकरी।—ह.पु.वा.

जागणो, जागबो—क्रि०अ० [सं० जागरणम्] १ जाग्रत होना, नींद से उठना। उ०—घाली टापर वाग मुखि, भेजयउ राजदुआरि। करहइ किया टहूकड़ा, निद्रा जागी नारि।—ढो.मा.

कहा०—१ जागते नै जगावणो दो'रो है—जागते हुए को जगाना कठिन है। जान-बूझ कर सोये हुए व्यक्ति को जगाना मुश्किल है। जान-बूझ कर गलती करने वाले व्यक्ति को समझाना कठिन है. २ जागतो घुररावणो—जान-बूझ कर गलती करने वाले के प्रति।

२ विख्यात होना, फैलना, चमकना। उ०—लागी हर हूं ता लगन, जागी क्रीत जिकांह। वडभागी वै वांकला, त्यागी नांम तिकांह।
—वां.दा.

३ उत्तेजित होना. ४ अग्नि का प्रज्वलित होना. ५ जगमगाना. ६ उन्नति करना।

जागणहार, हारौ (हारी), जागणियो—वि०।

जगवाड़णो, जगवाड़बो, जगवाणो, जगवाबो, जगवावणो, जगवावबो, जगाड़णो, जगाड़बो, जगाणो, जगाबो, जगावणो, जगावबो—प्रे०रू०।

जागिओड़ो, जागियोड़ो, जाग्योड़ो—भू०का०कृ०।

जागीजणो, जागीजबो—भाव वा०।

जगणो, जगबो, जागवणो, जागवबो—रू०भे०।

जागतारण—सं०पु०यौ० [सं० यागत्रातृ] यज्ञ का उद्धार करने वाला। यथा—विष्णु, ईश्वर, श्रीराम।

जागती—सं०स्त्री०—देखो 'जगती' (रू.भे.)

जागतीकळा, जागतीजोत—१ किसी देवी या देवता का चमत्कार. २ दीपक।

वि०—प्रभावशाली।

जागदत्ती—सं०पु० [सं० याज्ञदत्ति] कुबेर।

जागवळिक—सं०पु० [सं० याज्ञवल्क्य] याज्ञवल्क्य।

जागर—सं०पु०—श्वान, कुत्ता (ह.नां.)

वि०—जागृत रहने वाला, निद्रा के अभाव वाला (जैन)

जागरण—सं०पु० [सं०] १ किसी पर्व, व्रत या धार्मिक उत्सव में विना नींद लिये भगवद् भजन करते हुए जाग कर सारी रात्रि विता देना. २ निद्रा का अभाव, जागने का भाव। उ०—राता तत चितारत चितारत, गिरि कंदरि विन्हे गए। निद्रावस जग एहु महा निसि, जांमिए कांमिए जागरण।—वेलि.

रू०भे०—जागण।

जागरवाळ—सं०पु०—पुरोहित ब्राह्मणों का एक भेद विशेष जो अपने को बाल ऋषि की संतान कहते हैं। ये सिंघल राठौड़ों के पुरोहित हैं (मा.म.)

जागरि—वि० [सं० जागृत] जागरण। उ०—घरि आवी इम चितवइ, अजे सोम बहु रात। धरम जागरि जागतां, प्रकटाणउ परभात।
—ऐ.जै. का.सं.

जागरिया—सं०स्त्री० [सं० जागर्या] १ चितवन. २ विचार (जैन)

जागरी—सं०पु० [सं०] एक जाति विशेष जिसकी कन्यायें प्रायः वेश्या-वृत्ति करती हैं (मा.म.)

जागरूक—सं०पु० [सं०] १ वह जो जाग्रत अवस्था में हो. २ चैतन्य, सावधान।

जागळ—सं०स्त्री०—एक प्रकार की बढ़िया मछली।

जागवणो, जागवबो—१ देखो 'जागणो, जागबो' (रू.भे.)

उ०—१ तोही जोध न जागवै मुदगर उडाया।—केसोदास गाडण

उ०—२ जोवै जां ग्रहि-ग्रहि जगन जागवै। जगनि-जगनि कीजै तप जाप।—वेलि.

देखो—२ 'जगाणो, जगाबो' (रू.भे.)

उ०—१ मोती-जड़ी ज हाथि, सुरह-सुगंधी वाटली। सूती मांझिम राति, जांणू ढोलूं जागवी।—ढो.मा.

उ०—२ सुरह सुगंधी वास, मोती कांने झुळकते। सूती मंदिर खास, जांणू ढोलइ जागवी।—ढो.मा.

जागवणहार, हारौ (हारी), जागवणियो—वि०।

जागविओड़ो, जागवियोड़ो, जागव्योड़ो—भू०का०कृ०।

जागवीजणो, जागवीजबो—भाव वा०।

जागवलक—सं०पु० [सं० याज्ञवल्क्य] याज्ञवल्क्य ऋषि।

जागवी—सं०स्त्री०—अग्नि (नां.मा.)

जागसेनी—सं०स्त्री० [सं० याज्ञसेनी] द्रौपदी।

जागा—सं०स्त्री—१ पंवार वंश की एक शाखा. २ वंशावलि लिखने वाले भाटों की एक शाखा (मा.म.)

३ देखो 'जगा' (रू.भे.)

जागात—सं०स्त्री०—देखो 'जकात' (रू.भे.)

उ०—कुंवर महाराज सूं अरज कीवी—नायक आछी जागात भरी, भली भांति वसतां नजर कीवी, हुकम हुवै तो सिरपाव दीजै।
—पलक दरियाव री वात

जागार—सं०पु०—पंवार वंश की एक शाखा अथवा इस शाखा का व्यक्ति।

जागियोड़ो—भू०का०कृ० [सं० जागरित] १ जाग्रत हुआ हुआ, नींद से उठा हुआ. २ विख्यात हुवा हुआ, फैला हुआ, चमका हुआ. ३ उत्तेजित हुवा हुआ. ४ (अग्नि का) प्रज्वलित हुवा हुआ। ५ जगमगाया हुआ. ६ उन्नति किया हुआ।

(स्त्री० जागियोड़ी)

रू०भे०—जगियोड़ो।

जागीदार—देखो 'जागीरदार' (रू.भे.)

जागीर-सं०स्त्री० [फा०] राजा या शासक आदि की ओर से किसी व्यक्ति विशेप को उसकी सेवाओं के उपलक्ष में दिया गया एक या एक से अधिक गांव ।

जागीरदार-सं०पु०यौ० [फा०] किसी जागीर का स्वामी ।

जागीरी-सं०स्त्री० [फा० जागीर+रा.प्र.ई] १ जागीरदार के अधिकार की भूमि ।

२ जागीरदार होने का भाव ।

वि०—जागीर का, जागीर से संबंधित ।

जागेवी-सं०स्त्री० [सं० जागृवि] अग्नि (ह.नां.मा)

जागेसर, जागेस्वर-सं०पु० [सं० योगीश्वर] महादेव, शिव (नां.मा.)

जाग्णं-सं०पु०—घोड़ी के ऋतुमती होने का भाव ।

क्रि०प्र०—आणी, होणी ।

जाग्या-सं०स्त्री०—देखो 'जगा' (रू.भे.)

जाग्रण—देखो 'जागरण' (रू.भे.)

उ०—वाल जती पतिवरता वेवै । सपत निसा जाग्रण करि सेवै ।
—सू.प्र.

जाग्रत-वि० १ जो जग रहा हो ।

सं०स्त्री० [० जाग्रत] वह अवस्था जिसमें सव वातों का परिज्ञान हो । उ०—पांच तत्व गुण तीन, धात तहां सात समोई । जाग्रत सुपन सुखोपति, पांच ग्यांन यंद्री पचीस प्रक्रित लोई ।—ह.पु.वा.

जाग्रति-सं०स्त्री०—जाग्रतावस्था ।

जाग्रवी-सं०स्त्री० [सं० जागृवि] अग्नि (ह.नां.)

जाड़—देखो 'जाड़ी' (रू.भे.)

उ०—'जेहो' सिंहां जाड़, ऊवेड़ै ऊनड़ हरो । चारण माथै चाड, रूपग सुण सुण राखिया ।—वां.दा.

जाड़िया-सं०स्त्री०—ढोली जाति की एक शाखा (मा.म.)

जाड़ियौ—देखो 'जाड़ी' (अल्पा. रू.भे.)

जाड़ी-सं०स्त्री०—१ दाढ़ी के वालों को ठीक जमाये रखने के हेतु दाढ़ी पर वांधी जाने वाली कपड़े की पट्टी ।

मि०—वुकांनी ।

२ जवाड़ा । उ०—म्हारा रूंगता ऊभा व्हैग्या अर म्हूं म्हारी पथारी सूं च्यार छः हाथ आघौ जाय पड़्यो । अणूती सरदी में वाजै ज्यूं म्हारी जाड़ी वाजगी अर दांत किट···किट···किट वोलण लाग्या ।
—रातवासौ

जाड़ौ-सं०पु०—१ शीत, सरदी. २ जवाड़ा ।

उ०—प्रसण मार रख संत सहीपण, राघव जीपण राड़ा । निज हेकल धापियो न दीसै, जे खळ पीसै जाड़ा ।—र.ज.प्र.

यौ०—जाड़ा-तोड़ ।

३ समूह । उ०—नकटां री नहिं न्याति, विलग वोळां री नह वाड़ौ । वूचां रौ नहिं वास, ज्यूं न गूंगां रौ जाड़ौ ।—ऊ.का.

अल्पा०—जाड़ियौ ।

जाचक, जाचग, जाचण-वि० [सं० याचक] याचक, मांगने वाला (ह.नां.)

पर्या०—अरथी, ईहण, जग-आसगर, जाचण, नीपग, भिखक, मगतौ, मनरख, मांगण, मारगण ।

रू०भे०—जाचिग ।

जाचणौ, जाचवौ-क्रि०स० [सं० याचनम्] १ मांगना, याचना करना ।

उ०—कौसिक रिख जग काज रे, जाचिया स्री रघुराज रे । सुज विदा दसरथ साज रे, मेल्हिया स्री महाराज रे ।—र.रू.

२ देखो 'जांचणौ' (रू.भे.)

उ०—भेजिये प्रथम वांभणोनां वी भणी । वीजीये वार गयौ जाचवा वंभणी ।—रुखमणी हरण

जाचणहार, हारौ (हारी), जाचणियौ—वि० ।

जचवाड़णौ, जचवाड़वौ, जचवाणौ, जचवावौ, जचवावणौ, जचवाववौ—प्रे०रू० ।

जाचिओड़ौ, जाचियोड़ौ, जाच्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

जाचीजणौ, जाचीजवौ—भाव वा० ।

जाचा-सं०स्त्री०—जच्चा । उ०—हूं वळिहारी राणियां, सांचा गरभ सिखाय । जाचां हूंदै तापणै, हरखै धी द्रग लाय ।—वी.स.

जाचिग—देखो 'जाचक' (रू.भे.)

उ०—वावन हजार घोड़ा जाचिगां नूं दिया ।—नैणसी

जाचेल-सं०पु०—तिल्ली का तेल ।

जाज-सं०स्त्री०—थोड़ी देर, क्षण भर का समय ।

जा'ज-सं०स्त्री०—समुद्र में चलने वाली वड़ी नाव, जहाज ।

उ०—साजन तुम दरियाव हौ, मैं औगण की जा'ज । अवकी पार लगायदे, कर पकड़े की लाज ।—र.रा.

पर्या०—जहाज, जिहाज, पोत, वहित्र, महनाव ।

मुहा०—१ जा'ज रौ कागलौ होणौ—ऐसा होना जिसे एक ही आश्रय हो अतः घूम फिर कर वहीं आना पड़े. २ जा'ज रौ पंखेरू होणौ—देखो 'जा'ज रौ कागलौ होणौ' ।

रू०भे०—जहाज, जिहाज, जा'झ ।

जाजड़ा-सं०स्त्री०—राव सीहा के वंश में राठौड़ों की एक उपशाखा ।

जाजत्री-सं०स्त्री०—शस्त्र विशेष ।

उ०—वंकि पटां फुलहथां, 'सोरि' खिलकार कुसुत्री । तस कसीस लेजमां, जजर गत्री जाजत्री ।—सू.प्र.

जाजम-सं०स्त्री० [फा०] १ वेल-वूटे आदि छपी हुई अथवा रंगीन एक प्रकार की मोटी चादर जो फर्श पर विछाने के काम आती है ।

उ०—ढोलोजी उमर री पाखती जाजम ऊपरै जाय वैठा ।—ढो.मा.

मुहा०—१ जाजम उलटणी (पलटणी) १ किसी प्रवन्ध को नष्ट-भ्रष्ट करना । व्यवस्था वदल देना । २ जाजम जमणी—किसी कार्य का अच्छे ढंग से प्रवन्ध होना, सुव्यवस्था होना ।

२ गलीचा, कालीन।
रू०भे०—जाजिम।
जाजमलार–सं०पु० [तु० जाजामलार] संपूर्ण जाति का एक राग (संगीत)
जाजमात्र, जाजमाट, जाजमाठ–वि०—कम, थोड़ा।
जाजरउ–वि० [सं० जर्जर:] वृद्ध, बूढ़ा, जीर्ण, कमजोर (उ.र.)
जाजरणौ, जाजरबौ–क्रि०स० [सं० जृ वयो हाने] १ संहार करना, मारना। उ०—दड़वतौ गुरिज गुरिज भुज आहवि, सत्र घड जाजरतौ सनड। अकबर साहि ईखियौ 'ईसर', गढ़ ऊपर चालतौ गढ़।—ईसरदास मेड़तिया रौ गीत
जाजरियोड़ौ–भू०का०कृ० [सं० जाजरित:] संहार किया हुआ, मारा हुआ। (स्त्री०—जाजरियोड़ी)
जाजरौ–वि० [सं० जर्जर, प्रा० जज्जर] जो बहुत ही जीर्ण हो, जर्जर।
उ०—माथउं धवळउं देह जाजरी। वांकउ वांसउ झवइं लालरी।
—चिहुंगति चउपई
जाजरू–सं०पु० [फा० जा+अ० जरूर] १ शौचालय। उ०—इतरै मांहीं बादसाह नूं जाजरू री जरूरत हुई तद एक छोकरी नूं कही—लोटियौ मेलह।—महाराजा जयसिंह आंमेर रा धणी री वारता (मि० 'तारत')।
२ कुएं की तरह का एक प्रकार का गहरा पाखाना, शौचकूप।
वि०वि०—यह जमीन के नीचे खोदा हुआ एक प्रकार का गहरा गड्ढा होता है जिसका ऊपरी भाग ढका रहता है, केवल एक छिद्र बना रहता है जिस पर बैठ कर मल त्याग करते हैं। आधुनिक समय में इस गड्ढे का तल पृथ्वी तल पर ही होता है। मकान के बाहर की ओर इस गड्ढे से संबंधित एक खिड़की रहती है जिसमें से मेहतर आकर मल उठा ले जाता है।
(मि० 'संडास')।
जाजळ–सं०पु०—जल का बड़ा बर्तन जिसमें स्नान करने का पानी गर्म किया जाता है (रा.सा.सं.)
जाजळमांन, जाजळमांनू—देखो 'जाजुळमांन' (रू.भे.)
उ०—१ जाजळमांन भयंकर जोसां। पाडूं बह खळ बगतर-पोसां।
—सू.प्र.
उ०—२ ओळखियौ तौ केही नहीं पण फकीर जाजळमांन सो तपस्या वाळौ मांणस छांनौ न रहै।—नी.प्र.
जाजळी–वि० [सं० जाज्वली] भयंकर, जबरदस्त।
उ०—जाजळी फौज मुगळी सजोर, कर दिल्ली सिली दस्तूर कोर। इम हले खेत सनमुख असाध। विख नदी उज्जळी हूंत बाध।
—वि.सं.
जाजामलार–सं०पु० [तु०] संपूर्ण जाति का एक राग (संगीत)
जाजिम—देखो 'जाजम' (रू.भे.)
जाजी–वि०स्त्री०—देखो 'जाजौ' (रू.भे.)
सं०पु० [सं० याजि] यज्ञ करने वाला।
जाजीव–अव्य० [सं० यावज्जीवनम्] जीवनपर्यन्त (जैन)
जाजुळ–वि०—भयंकर, जबरदस्त। उ०—धूंम सुणै चख आग धकतरै। जाजुळ ग्राह जागियौ जतरै।—र.ज.प्र.
२ क्रुद्ध, कोपित। उ०—जाजुळ दुजराज करण जुध जाडौ, तस कुठार दगतायळ। राह वरात ईख अजरायळ, आय'र ऊभौ आडौ।
—र.रू.
३ जाज्वल्यमान, तेजस्वी। उ०—१ ऊससै लड़ण इंद्रजीत हूं, जाजुळ भड़ अगजीत रा।—सू.प्र. उ०—२ विचि तिमिर घोर गोळा वहै, जाजुळ मंगळ जोति रा। अम्ह सम्हां जांणि लागा उडण, सिखर मुकति साजोति रा।—सू.प्र.
रू०भे०—जाजुळि, जाजुळी।
जाजुळमांन–वि० [सं० जाज्वल्यमान] तेजस्वी, तेजवान।
उ०—१ उण ग्रह अग्र तन कनक अरोगी। जाजुळमांन तपै इक जोगी।—सू.प्र. उ०—२ आया हसन अली अजरायळ, जाजुळमांन भयंकर जज्जर।—सू.प्र.
रू०भे०—जाजळमांन, जाजुळमांनौ।
जाजुळि—देखो 'जाजुळ' (रू.भे.) उ०—१ छूटै प्रांण पाव नह छूटै। जाजुळि एम दहूं दळ जूटै।—सू.प्र.
उ०—२ जाजुळि वरुथ्थां रोहा भड़ंगी अरोहा जच्चे। वडंगी अरोहा खचै आसमांन वीच।—हुकमीचंद खिड़ियौ
जाजौ–वि० (स्त्री० जाजी) १ बहुत, अधिक। उ०—रांमा पीर ऊवी रूणेचा रै मांहि, मांगूं पूत रतनां री जोड़। कुळ में वहुवां री जाजी झूलरी।—लो.गी.
२ सघन, घना।
रू०भे०—जाझौ।
जा'झ—देखो 'जा'ज' (रू.भे.)
सं०स्त्री०—बैलगाड़ी पर लगाने की टट्टी (किसनगढ़)
उ०—हेली! जग में जतन हुंत, हांण न लेस हुवंत। जाझी गाड़ी पर जच्यां, खांन न भरचौ खिरंत।—रेवतसिंह भाटी
जाझी–वि०स्त्री०—देखो 'जाझौ' (रू.भे.) उ०—१ वडा बोलतौ बोल, वातां घणी वणातौ, जोम छक जणातौ ठसक जाझी। 'सदा' री अग्राजै 'सेर' ऊभौ समर, मुदायत 'हरा' रा आव माझी।
—पहाड़खां आढ़ौ
उ०—२ केसर तौ रळायौ जाझा नीर में, जाझी नीर में, जी म्हारा राज।—लो.गी.
जाझेरा–वि० (स्त्री० जाझेरी) अधिक। उ०—घणी ज्वार हुवै सखरी साख हुवै छै, ताहरां कण नेपत गोहूं मण २००००० तथा ३००००० जाझेरा हुवै छै।—नैणसी
जाझौ—देखो 'जाजौ' (रू.भे.) उ०—१ कोई भावजड़चां त चमक्यौ जाझौ झूमखौ ए मोरी सइयां।—लो.गी.
उ०—२ खड़गौ झाझे भार खित, वापू का रे बोल। नहीं उचित करणौ नरां, धवळा हंदौ मोल।—बां.दा.

(स्त्री० जाभी)

जाट-सं०पु० (स्त्री० जाटण, जाटणी) पंजाव, सिंध, राजपूताने और उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में फैली हुई भारतवर्ष की एक प्रसिद्ध जाति या इस जाति का व्यक्ति।

कहा०—जाट जठै ही थाट—जहां जाट अधिक वसते हैं वहां ठाठ होता है। अधिकतर जाट कृषि कार्य करते हैं अतः उस गांव के लोग प्रायः संपन्न होते हैं।

रू०भे०—जट, जट्ट, जट्टि, जट्टी, जट्ठी, जाटव, जाटू।

जाटव—देखो 'जाट' (रू.भे.)

जाटावांभी-सं०पु०—चमारों की एक शाखा। इनकी स्त्रियों का पहनावा जाटों की स्त्रियों के पहनावे से मिलता-जुलता होता है। ये प्रायः कपड़े वुनने का कार्य करते हैं।

जाटाळिका-सं०स्त्री० [सं० जाटालिका] कार्तिकेय की एक मातृका का नाम।

जाटू—देखो 'जाट' (रू.भे.) उ०—सारां सूं आगाउ यां पाठांणां जंग जूटा। जाटू लोग सारा जूटता ही भागि छूटा।—शि.वं.

जाटोड़ा-सं०स्त्री०—तंवर वंश के राजपूतों की एक शाखा जो रामदेवजी की पूजा किया करते हैं।

जितरै–क्रि०वि०—१ जब तक। उ०—झांझरकी हुवां साह रै वेटै री वहू कांम काज करण लागी तरै देवीदास उण घर में कांम काज करै छै।—पलक दरियाव री वात

२ इतने में।

जितरौ–वि०पु० (स्त्री० जितरी) १ जिस मात्रा में, जितना। उ०—सारा एक तरह मनगरा था सो जितरौ साथ हुतौ तितरौ जे हुवै और उणसूं कजियौ करां जणां तौ खवर पड़ जाय।

—सूरे खींवे री वात

२ जिस परिमाण का। उ०—और बाळक जितरौ वरस दिन मांहे वधै तितरै रुकमणीजी एक महीना मांहे वधै।—वेलि.टी.

रू०भे०—जतरौ, जतलो, जितलौ।

जितलौ—देखो 'जितरौ' (रू.भे.) (स्त्री० जितली)

जिताणौ, जितावौ—देखो 'जीताणौ, जीतावौ' (रू.भे.)

जितायोड़ौ–भू०का०कृ०—जीतने में समर्थ किया हुआ। (स्त्री० जितायोड़ी)

जितिंदिय, जितिंद्रिय—देखो 'जितेंद्रिय' (रू.भे., जैन)

उ०—तपु ताप तपेरू अतिंद्रिय ह्वै, जपु जाप जपेरू जितिंद्रय ह्वै।

—ऊ.का.

जितूं—देखो 'जितौ' (रू.भे.) उ०—जितूं करवा तणौ सोच न कियौ जितौ, इंद्र भरवा तणौ कियौ आलोच।

—महारांणा राजसिंह (वडा) रौ गीत

जितेंद्रि, जितेंद्रिय, जितेंद्री–वि० [सं० जितेंद्रिय] १ जिसकी इंद्रियां उसके वश में हों, संयमी. २ समवृत्ति वाला, शांत।

रू०भे०—जतंद्र, जतंद्रीयौ, जतिंद्र, जतेंद्र, जितइंद्रिय, जितइंद्री, जितिंदिय, जितिंद्रिय।

जिते, जितै—क्रि०वि०—जब तक। उ०—जग माझिल थारौ जिते, पांणी गंग प्रवीत। अमरां मुख वांणी इतै, गावै सह ऐ गीत।

—वां.दा.

उ०—२ सवा पहर राजा हरि सेवै, दूजौ जितै अरज न देवै।

—सू.प्र.

उ०—३ जितै 'जसौ' पह जीवियौ, थिर रहिया सुर थांण। आंगळ ही 'अवरंग' सूं, पड़ियौ नह पाखांण।—वां.दा.

जितौ, जितौक, जित्तौ–वि० (स्त्री० जिती, जितीक, जित्ती) जितना।

उ०—१ परिवार सहे हुवै त्रपती। जुगणी चवसठ सगति जिती।

—सू.प्र.

उ०—२ जिकै वार तेजोमई थाट जाडौ। उभै वीस कोसां जितौ कीध आडौ।—सू.प्र.

उ०—३ लाखीणौ संदेस सुणै धण चौळ करंती। ले सुख मिळण जितोक सैण-धव वोल सुणंती।—मेघ.

उ०—४ पछै बीसवौ वरस लागसी। तो जित्ती-ई सगाई-री चेस्टा तौ करणी जोयीजै, व्याव पांच-छै महीनां पछै कर देसां।—वरसगांठ

कहा०—१ जित्तौ गुड़ घालसी उत्तौ ही मीठौ होसी—जितना अधिक गुड़ डाला जायगा उतना ही मीठा होगा। जितना अधिक पैसा देकर काम करवाया जायगा उतना ही अच्छा होगा। २ जितौ वारै जितौ मांय—जितना वाहर है उतना ही भीतर है। चालाक व धूरत के प्रति।

जिद, जिद्–सं०स्त्री० [अ० ज़िद] १ वैर, शत्रुता।

सं०उ० लिं०—२ हठ, दुराग्रह।

मुहा०—जिद चढ़णी, जिद पकड़णी—हठ करना।

जिद्दी–वि० [फा० ज़िद्दी] जिद करने वाला, हठी, दुराग्रही।

जिन–सं०पु० [सं०] १ सूर्य. २ बुद्ध. ३ जैनों के तीर्थङ्कर. ४ अर्जुन. [अ०] ५ भूत-प्रेत।

अव्य०—निषेधसूचक, मत। उ०—संदेसउ जिन पाठवइ, मरिस्यउं हीया फूटि। पारेवा का झूल जिउं, पड़िनइं आंगणि त्रूटि।—ढो.मा.

सर्व०—'जिस' का वहु वचन।

रू०भे०—जिणिउ, जिणु, जिण्ण, जिन्न, जिन्नां, जिन्हं।

जिनक—देखो 'जनक' (रू.भ.)

उ०—भगतवछळ दसरथ रौ भगवांनं। गयो जिनक सां मिळण केवळ-गियानं।—पी.ग्रं.

जिनकल्पी-सं०पु० [सं० जिनकल्पिन्] उत्कृष्ट आचार वाला साधु (जैन)
उ०—अंतौ जिनकल्पी अल्पी अणगारा। थीवरकल्पी जन नांखै सुधकारा।—ऊ.का.
रू०भे०—जिणकल्पी।

जिनचंद—देखो 'जिणचंद' (रू.भे.)
उ०—चिहुंनांम जिनचंद तणुं त्रिभुवन सकळ सुहामणा।—स.कु.

जिनपति, जिनपाळ-सं०पु०—जैनों के तीर्थंकर, जिन।
उ०—पांचमउ चक्रवरती सोळमउ जिनपति, साधत री खट खंड भरत री।—स.कु.

जिनमंदिर-सं०पु०—जैन मंदिर। उ०—सिवांणा री खेड़ौ पहलां पोरवाळां वसायौ। मुसलमांनां रा वास में सोनांणा रा पत्थर रौ जिनमंदिर नै आथूणी भाखरी हेटै सिवांणा रौ सिंदूरियौ पत्थर जिण रचित पारसनाथ रौ मंदिर, जुमलै दोनूं जिनमंदिर सिवांणै।
—बां.दा. ख्यात

जिनमत-सं०पु०यौ० [सं०] श्री तीर्थंकर का मत, जैन दर्शन।
उ०—कोई कहै मा भूंडी कीधी, निज कन्या नै सीख न दीधी। केई पाठक अवगुण काढ़े, जिनमत नै केई दूखण चाढ़ै।—स्रीपाळ रास

जिनराइ, जिनराज, जिनराजौ, जिनराय, जिनरायौ, जिनरिस, जिनरिसी, जिनवर, जिनवरु, जिनवरौ-सं०पु० [सं० जिनराज, जिन ऋषि, जिनवर]—जैनों के तीर्थंकर, जिन।
उ०—१ मास खमण नइ पारणइ जी पूछइ स्री जिनराज।—स.कु.
उ०—२ आज मनोरथ सवि फळचा, जउ भेटचा स्री जिनराजौ रे।
—स.कु.
उ०—३ हां रे रिखभादिक जिनराय, इणि परि वीनव्या रे।—स.कु.
उ०—४ साठ लाख वरसां लगी, पाली सगळी आयौ जी। सप्तमी वदि आखाड़ नी, सिद्ध थया जिनरायौ जी।—स.कु.
उ०—५ जीव जपि जपि जपि जिनवर अंतरयांमी।—स.कु.
उ०—६ इण अवसर स्री जिनवरु जी आव्या नगर उद्यांन।—स.कु.
उ०—७ अह ऊठि नित प्रणमुं पाय प्रभु ना, सीमंधर युगमंध रौ। बाहू सुबाहू सुजात स्वयंप्रभ, स्री रिखभांनन जिनवरौ।—स.कु.

जिनवा री भात—देखो 'जिणवा रौ भात' (रू.भे.)
उ०—म्हारी पीवरिये री बाटड़यां, बाया जिनवा रा भात।—लो.गी.

जिनस-सं०स्त्री० [अ० जिन्स] १ वह वस्तु जो खाने के लिये बनाई गई हो, भोज्य पदार्थ। उ०—वज जंत्र बगे जद नीठ जगे, इतरी जिनसां किय आंण अगे। सतमेख सदं, अज सेंम अदं, मिसटांन मदं, अण अन्न हृदं। जिण रंच कलेवौ कीध जदं।—र.रू.
२ चित्र, नक्शा। उ०—तरै राजा रै मन आई 'जु एक इसड़ौ देहुरौ कराऊं, जिसड़ौ म्रतयुलोक मांहै अचंभौ हुवै' सु हमैं देस रा सूत्रधार तेड़ीजे छै, कारीगर देहुरा री जिनस मांड दिखावै छै।
—नैणसी

सं०पु०—३ प्रकार, तरह, किस्म। उ०—तिका बिछेरी दौड़ती-दौड़ती 'मेलै'-रै घोड़ै हूं आगै हुई। नै वळी। अपूठी बिछेरी आयी। आइ अर वळै आघी बिछेरी जावै वळै अपूठी आवै। बार दोइ बिछेरी इयुं जिनस आयी।—उदै उगमणावत री वात
४ वस्तु, चीज। उ०—डांभ री राछ एकै जिनस री घड़ायो।
—द.वि.
५ देखो 'जिंस' (रू.भे.)
रू०भे०—जनस, जिनिस।

जिना-सं०पु० [अ० ज़िना] व्यभिचार।

जिनाकार-वि० [फा०] व्यभिचारी।

जिनाकारी-सं०स्त्री० [फा०] व्यभिचार।

जिनावर—देखो 'जांनवर' (रू.भे.)
उ०—पिण भय छै जिनावर घणा छै।—सयणी री वात

जिनिखि—देखो 'जनक' (रू.भे.)
उ०—कहै जिनिखि किसोरी सकति सजोरी चरिति निमौ ईता है चोरी।—पी.ग्रं.

जिनिस—१ देखो 'जिनस' (रू.भे.)
२ देखो 'जिंस' (रू.भे.)

जिनिसवार—देखो 'जिंसवार' (रू.भे.)

जिनेता—देखो 'जनेत' (रू.भे.)
उ०—करम अनै अकरम किसन, भ्रिनि नै चिति नै भ्रोख। बाप जिनेता बाहिरौ, मोख नहीं तुं मोख।—पी.ग्रं.

जिनेसर, जिनेसरराय, जिनेसरु, जिनेस्वर [सं० जिनेश्वर, जिनेश्वरराज] देखो 'जिणेसर' (रू.भे.) उ०—१ अस्टापद गिरि सांत जनेसर समय सुंदर पाय प्रणमत री।—सं.कु.
उ०—२ खरतर वसही वांदियइ रे, स्री सांति जिनेसरराय रे।
—स.कु.
उ०—३ जगगुरु नेमे जिनेसरु, सेना मात मल्हारौ जी। जीवयस नृप नंद नौ, सूरज अंक उदारौ जी।—स.कु.
उ०—४ क्रतारथ जिनेस्वर सुद्धमति सिवकर, स्यंदन संप्रति चौवीसे तीरथंकर।—स.कु.

जिनोई—देखो 'जनेऊ' (रू.भे.) उ०—सत्र सारत समधा सब कोई, जड़लग वह गई संग जिनोई।—रा.रू.

जिन्न-वि० [सं० जीर्ण] १ जीर्ण, पुराना (जैन) २ देखो 'जिण्ण'। (रू.भे.)
३ देखो 'जिन' (रू.भे.)

जिन्नां—देखो 'जिन' (रू.भे.) उ०—सांई तू वड्डा धणी, तुझ न वड्डा कोय। तू जिन्नां सिर हाथ दै, से जग वड्डा होय।—ह.र.

जिन्नावर-सं०पु० [फा० जानवर = हैवान] १ हिंसक जानवर।
उ०—देसपति उवारइ का दईव, जीवासणि भागी लेय जीव। मेदनी केहि मूसल्लमांण, जिन्नावर चिड़ियां पड़िय जांण।—रा.ज.सी.
२ देखो 'जांनवर' (रू.भे.)

जिन्ह—देखो 'जिन' (रू.भे.) उ०—जिन्हां जीतव जीतिया, जे रघुवर-नित जाप जपंदे।—र.ज.प्र.

जिवह, जिवा–सं०स्त्री० [अ० जिबह] गला काट कर प्राण लेने की क्रिया। उ०—अन्याय करै छै सो आप नूं जिवा करै छै।—नी.प्र.
रू०भे०—जवह, जभै, जिभै।
जिब्भ, जिब्भा—देखो 'जीभ' (रू.भे., ह.नां.) (जैन)
जिब्भादंत–वि० [सं० दान्तजिह्व] जिह्वा का दमन करने वाला (जैन)
जिब्भिदिय–सं०पु० [सं० जिह्वेन्द्रिय] जिह्वा, रसना, जीभ (जैन)
जिब्भिआ–सं०स्त्री० [सं० जिह्विका] १ पानी निकलने की परनाल (जैन)
२ देखो 'जीभ' (रू.भे.) (जैन)
जिभै—देखो 'जिवह' (रू.भे.) उ०—पीछै तखत पर औरंग मुराद वगस नूं वैठायौ अरु कुरान री सौगन उतारियौ। तथा दूजै दिन मुराद कूं जिभै करवायौ।—द.दा.
जिभ्या—देखो 'जीभ' (रू.भे.) उ०—स्रवणा राच्या नाद सूं, नैणा राच्या रूप। जिभ्या राची स्वाद सूं, दादू एक अनूप।—दादूवांणी
जिभ्याप–सं०पु० [सं० जिह्वाप] कुत्ता, स्वान (अ.मा.)
जिम–अव्य० [सं० यिव] १ जिस प्रकार, जैसे।
उ०—जमदढ़ खंजर अम्होसम्ह जड़िया। लूथ-बथां जेठी जिम लड़िया।—सू.प्र.
२ देखो 'जम' (रू.भे.) उ०—रोसि चडिआ राउत भ्रूभइं जिम जेहा विकराळ।—विद्याविलास पावाडउ
जिमण—देखो 'जीमण' (रू.भे.) उ०—हल करो सार ही जिमण विहला हुसी। पाछली रात रै पोहर हर परणसी।—रुखमणी हरण
जिमणउ—देखो 'जीमणौ' (रू.भे. उ.र.) उ०—छाया तउ आतप, उंचउं तउ नीचउं, जिमणउं तउ डावउं, अम्रित तउ विस।—व.स.
जिमणवार, जिमणार—देखो 'जीमणवार' (रू.भे.)
उ०—१ जिमणवार लिखीइ छइ।—व.स. उ०—२ जगत करै जिमणार, स्वारथ रै ऊपर सको। पुन री फळ अणपार, रोटी नह दै राजिया।—किरपारांम
जिमणुं—देखो 'जीमणौ' (रू.भे., उ.र.)
जिमणौ, जिमबौ—देखो 'जीमणौ, जीमबौ' (रू.भे.)
जिमतिम–क्रि०वि०—जैसे-तैसे।
जिमनार—देखो 'जिमणार' (रू.भे.)
जिमाड़णौ, जिमाड़बौ, जिमाणौ, जिमाबौ, जिमावणौ, जिमावबौ—देखो 'जीमाड़णौ, जीमाड़बौ' (रू.भे.) उ०—१ जिमाड़े जिके भावता भाग जांणी. परूसे जसोदा जमी चक्रपांणी।—ना.द.
उ०—२ जीमण सिखरण भाथ जिमावै। मेवा नूंत अनेक मिळावै।—सू.प्र.
जिमि—देखो 'जिम' (रू.भे.) उ०—हंस जिमि प्रथम पायै हलांण दूजै केहरि जिमि भरै डांण।—ल.पि.
जिमियोड़ौ—देखो 'जीमियोड़ौ' (रू.भे.)
जिमि–सं०स्त्री०—जमीन, भूमि।
जिमु—देखो 'जिम' (रू.भे.) उ०—वात सुणी पाछउ वळइ, जां नवि देखइ गंग। चउवीस (वांस) रहइ, जिमु रइहीणु (अणंगु)।—पं.पं.च.
जिम्महग–सं०पु० [सं० अजिह्मग] तीर, वांण (डि.को.)
जिम्मावार, जिम्मेदार—देखो 'जिम्मेवार' (रू.भे.)
जिम्मेदारी–सं०स्त्री०—उत्तरदायित्व, जवाबदेही।
रू०भे०—जिम्मेवारी।
जिम्मेवार–सं०पु० [अ० जिम्मेवार] उत्तरदाता, जवाबदेह।
रू०भे०—जिम्मावार, जिम्मेदार।
जिम्मेवारी—देखो 'जिम्मेदारी' (रू.भे.)
जिम्मौ–सं०पु० [अ० जिम:] १ उत्तरदायित्व, जुम्मा।
मुहा०—१ जिम्मै करणौ—भार सौंपना। २ जिम्मे नांखणौ—उत्तरदायित्व देना। ३ जिम्मे निकळणौ—ऋणी होना। ४ जिम्मे निकाळणौ—किसी के यहां ऋण बतलाना।
२ देखो 'जम्मौ' (रू.भे.)
जिम्हंग, जिम्हग–सं०पु० [सं० जिह्मग] सर्प, सांप (ह.नां.) उ०—साह सुजा गंजे समर, सामंतां'र सलेम। मदविण पाछौ मेल्हियौ, जिम्हग रदविण जेम।—वं.भा.
जियंतग, जियंतय–सं०पु० [सं० जीवान्तक] एक प्रकार की वनस्पति (जैन)
जियंती–सं०स्त्री० [सं० जीवंती] एक प्रकार की लता, वेल (जैन)
जिय–सं०पु० [सं० जीव] १ जीव, प्राण। उ०—निरगुण नाथ नमौ जियनाथ, सर्वगत देव नमौ ससिमाथ।—ह.र.
२ प्राणी (जैन)
३ हृदय, मन, दिल. ४ ध्वन्यात्मक शब्द।
अल्पा०—जियड़ौ, जियरौ।
सं०स्त्री० [सं० जित] ५ जीत, विजय (जैन)
जियसत्तु, जियसत्तू–सं०पु० [सं० जितशत्रु] अजीतनाथ स्वामी के पिता का नाम (जैन)
वि०—जीतने वाला (जैन)
जियसेण–सं०पु० [सं० जितसेन] भरत क्षेत्र के तृतीय कुलकर का नाम (जैन)
जियां–क्रि०वि०—जिस प्रकार, जैसे। उ०—सत्री हेक साथै जियां रूप साजै। लखै रूप कांमंगना दिव्य लाजै।—सू.प्र.
सर्व०—जिन। उ०—१ उपर जियां धनूंख उणिहारै। भमर वंक पंकति भंवहारै।—सू.प्र.
उ०—२ कळिया गाडा काढ़ही, जाडा कंध जियांह। रहै नचीतो सागड़ी, ज्यां कळ जोत दियांह।—बां.दा.
जियांन–क्रि०वि०—१ जैसे
२ देखो 'जहांन' (रू.भ.)
जियाग–सं०पु० [सं० यज्ञ] यज्ञ, हवन।
जियादती–सं०स्त्री०—देखो 'ज्यादती' (रू.भे)

उ०—२ किरी रज्जा रावत रोह मांडी। जाइ जिसिइ अरजन ट्रेठि छांटी।—विराटपर्व

रू०भे०—जिसउ।

अल्पा०—जिसड़ो, जिहड़ो, जिहेड़ो।

जिस्नु, जिस्नू—वि० [सं० जिष्णु] जीतने वाला, विजयी।

उ०—निरगुण अणविद्या हाई जग जिस्नू। विद्या वीसरिगो सदगुण वस विस्नू।—ऊ.का.

२ देखो 'जिसन' (रू.भे.)

जिस्तौ—देखो—'जस्तौ' (रू.भे.)

जिस्यांन—वि०—जैसा।

क्रि०वि०—जैसे।

जिस्यूं—क्रि०वि०—जैसे।

जिस्यौ—देखो 'जिसौ' (रू.भे.)

उ०—आगइ कुरुखेत्रइ घाउ जिस्या, हींदू तुरक भिडइ रणि तिस्या।
—कां.दे.प्र.

जिहं—सर्व०—जिस।

जिह—देखो 'जीभ' (रू.भे.)

उ०—तो पद अविधांन प्रवाड़ा सूरत, अरविंद इडग तंत इधकार। नांमै रटै सांभळै निरखै, मसतक जिहं स्तुत नयण मुरार।—र.रू.

जिहग—सं०पु० [सं० जिह्मग] १ सर्प (अ.मा.)

[सं० अजिह्मग] तीर, बाण।

जिहड़ो—देखो 'जिसौ' (अल्पा. रू.भे.)

जिहां—क्रि०वि०—जहां, जिस जगह। उ०—भड भिडि जयलच्छि जिहां वरी। दिसि दिखाडि न लिइं जिम कइच्छरी।—पं.पं.च.

सर्व०—जिन। उ०—जिहां मांहि जोधां हणूंमांन जेहा। दइ मुद्का जेण नूं मेघदेहा।—सू.प्र.

जिहांन—देखो 'जहांन' (रू.भे.)

उ०—'विलंद' नै 'अभै' तद कर विचार, चौथै दिन लिखिया समाचार। जाहरां तेग तूं सब जिहांन, खोटड़ अमीर सिर विलंद खांन।
—वि.सं.

जिहांनी—वि०—१ संसारी, जहान से संबंधित।

२ देखो 'जहांन' (रू.भे.)

जिहाज—देखो 'जा'ज' (रू.भे.)

उ०—सतव्रत सुत हरिचंद सत जिहाज। रोहितास चंद सुत महाराज।
—सू.प्र.

जिहाद—सं०पु० [अ०] मुसलमानों द्वारा अपने धर्म प्रचार के लिये दूसरे धर्मावलंबियों के साथ किया जाने वाला युद्ध। धर्म के लिये युद्ध।

जिहालत—सं०स्त्री० [अ० जहालत] मूर्खता, अज्ञानता।

जिहि, जिहि—सर्व०—जिस। उ०—सो रांम 'किसन' किव समर समरि। जिहिं विजय जिगन करि सियहिं वरि।—र.ज.प्र.

क्रि०वि०—जैसे।

वि०—जैसा। उ०—जांणतौ जिको बंधव जिहि, दांन जेण लखां दिया। 'सेरसा' मरण फूटो नहीं, है लांणत लठर हिया।
—पहाड़लां आढ़ो

जिहेड़ो—देखो 'जिसौ' (अल्पा. रू.भे.)

जिह्मग, जिह्मग—वि० [सं० जिह्मग] धीमा, मंदगति।

सं०पु०—टेढ़ा-मेढ़ा चलने वाला, सर्प (ह.नां., अ.मा.)

उ०—उस वरि यौं 'दोले' नवाब पुरजा सुनि पाया। जहर भरे जिह्मग जिम घन रोसण छाया।—ला.रा.

जिह्मगति—सं०पु०—सांप, सर्प।

जिह्वांण—देखो 'जीभ' (रू.भे.)

उ०—जउ देखिइं पुच्छनउं आस्फाचळउं तउ कउण कहइं हूं एहरइं जालवउं, रक्तोत्पल कमळनी परिइं सुकुमाळ ताळउं, प्रकट जिह्वांणउं भग्न।—व.स.

जिह्वामूळ—सं०पु० [सं० जिह्वामूल] जीभ का पिछला स्थान जहां से वह जुड़ी रहती है।

जिह्वामूळी, जिह्वामूळीय—वि० [सं० जिव्हामूलीय] जो जिव्हा के मूल से संबंध रक्खे।

जिह्वाळिह—सं०पु० [सं० जिह्वालिह] कुत्ता, श्वान।

जिह्वास्तंभ—सं०पु० [सं०] एक प्रकार की वात व्याधि (अमरत)

जीं—सर्व०—जिस। उ०—विसील नांम एक नगरी, जीं मांहीं नंद राजा राज करै।—सिंघासण बत्तीसी

रू०भे०—जी।

जींका—सं०स्त्री०—१ ईंट व खपरैल आदि को घिस कर बनाया हुआ महीनतम चूर्ण।

अल्पा०—जींकाळी, जीकाळी।

सं०पु० (बहु व०) २ नन्ही-नन्ही बूंदें।

जींकाळी—देखो 'जींका' (१) (अल्पा., रू.भे.)

जींगड़ौ—सं०पु० (स्त्री० जींगड़ी) छोटा बछड़ा (मेवात)

जींजणियाळ—सं०स्त्री०—देवी, शक्ति।

उ०—मण धार निभै मण हेक मणौ। तुल बंधव जींजणियाळ तणौ।—पा.प्र.

जींजणी—सं०स्त्री०—एक प्रकार की कँटीली झाड़ी जिसके फूल गुलाबी रंग के होते हैं।

जींजो—सं०पु० (बहु व० जींजा) १ कांसी, पीतल धातुओं से बना हुआ एक वाद्य जो संख्या में दो होते हैं।

वि०वि०—दोनों हाथों में एक-एक लेकर संगीत के साथ ताल देने के लिए इन्हें आपस में टकरा कर ध्वनि उत्पन्न की जाती है।

२ एक प्रकार की कंटीली झाड़ी का फूल. ३ एक प्रकार का कांटीला वृक्ष जिसकी पतली टहनियों की छाल से रहट की माल बनाई जाती है।

रू०भे०—जींझो।

महु०—जींझ ।

जींझ—देखो 'जींजो' (मह., रू.भे.) उ०—झाड़खियां झुक जींझ, नीमड़ा करै निछावळ । हरी कीरतन हुवै, फरासां त्रिण सुर सावळ । —दसदेव

जींझौ—देखो 'जींजो' (रू.भे.)

जींण—सं०स्त्री० [सं० हयसंनाह, प्रा० जयगाम्] १ घोड़े का कवच । उ०—जोड जींण भड भीखण भाळा । वीर ना सयर केसरयाळां । —विराटपर्व

२ देखो 'जीण' (रू.भे.)

जींमण—देखो 'जीमण' (रू.भे.)

जींमणी— (स्त्री० जीमणी) देखो 'जीमणौ' (रू.भे.)

जींमणौ, जींमबौ—देखो 'जीमणौ, जीमबौ' (रू.भे.)

जींवणौ— (स्त्री० जींवणी) देखो 'जीमणौ' (रू.भे.)

उ०—डावी न फरूकै देख कर जळै आंख मम जींवणी । साथियां कठै तू सीखियौ पीव तमाखू पींवणी ।—ऊ.का.

जींहांन—देखो 'जहांण, जहांन' (रू.भे.) उ०—माथै सत्रां खांपां घावै गवांवै जिहांन माथै, दसूं दसा सोभाग छवायौ वीरदांण । जींहांन जांणियौ जोम छते नाहरेस जायौ, अजंठी ऊठायौ आयौ आपै ही आथांण ।—कमजी दधवाड़ियौ

जींहू—देखो 'जीहू' (रू.भे.)

जी—सं०पु०—१ पिता. २ पितामह ।

[सं० जीव] ३ प्राण, जीव, आत्मा । उ०—लागी जिणरै लाय, उणरो जी जांणै असल । ओरां रै किम आय, चित में वौ दुख 'चकरिया' ।—मोहनराज साह

मुहा०—जी जेवड़ी एक होणी—भारी कष्ट उठाना ।

[सं० आज्यं] घृत, घी ।

अव्य० [सं० जित्, प्रा० जिव] १ एक आदरसूचक शब्द जो नाम या गोत्र के आगे लगाया जाता है अथवा किसी वड़े के सम्बोधन के उत्तर में अथवा वाक्य को समझते हुए या वाक्य को पुन: कहलाने के लिए, संक्षिप्त प्रति-सम्बोधन के रूप में प्रयुक्त होता है ।

२ एक संयोजक शब्द, कि । उ०—ताहरां कूंची राजा नुं दी । कह्यौ जी कोठार मतां खोलियौ ।—चौबोली

देखो 'जीं' (रू.भे.)

जीअ—देखो 'जीव' (रू.भे., जैन)

जीउ, जीऊं—१ देखो 'जिउं' (रू.भे.) २ देखो 'जीव' (रू.भे.)

उ०—लहु वंधवि···दुन्नि वार तुह जीउ उगारीउ ।—प.पं.च.

जीकार, जीकारौ—सं०पु०—किसी के नाम या गोत्र के आगे सम्मान-सूचक 'जी' लगाने का भाव, आदरसूचक शब्द ।

उ०—जीकारो अम्रित ज्युंहीं, भावै जग नूं भाळ । है रेकारौ आक पय, गरळ वरावर गाळ ।—वां.दा.

(विलो०—तूंकारौ)

जीकाळी—देखो 'जींका' (१) (अल्पा., रू.भे.)

जीखेस—सं०पु० [सं० ऋषभेष] शिवजी का वैल, नंदिकेश्वर, नंदी ।

उ०—वर्णं जांन सोभा छभा देववाळी, सुरांनाथ चै साथिवाळै सिघाळी । यथा व्रिंद नाखत्र के चंद्र साथै, कना सोभियौ सिभु जीखेस माथै ।—रा.रू.

जीजा, जीजासा—देखो 'जीजोसा' (रू.भे.)

उ०—कुसळ मंडप थारै ताऊ चाचा छाया, थारा नांना मांमा छाया, थारा बीर भतीजा छाया, थारा जीजा फूफा छाया ।—लो.गी.

जीजी—सं०स्त्री०—वड़ी वहिन ।

जीजोसा—सं०पु०—वड़ी वहिन का पति । वहनोई ।

रू०भे०—जीजा, जीजासा ।

जीण—सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा. २ जीवन, जिन्दगी, प्राण । उ०—सरसति सांमणी तूं जग जीण । हंस चढ़ी लटकावै वीण ।—वी.दे.

३ घोड़े का चारजामा । उ०—कप्पड़, जीण, कमांण-गुण, भीजइ सव हथियार । इण रुति साहिव ना चलइ, चालइ तिके गिमार । —ढो.मा.

यौ०—जीण-पोस ।

४ देखो 'जीण-माता' (रू.भे.)

वि० [सं० जीर्ण:] १ वृद्ध. २ जर्जर, पुराना. ३ महीन, वारीक ।

सर्व०—जिस (उ.र.)

रू०भे०—जींण, जीन ।

जीणगर—सं०पु०—मोचियों का एक भेद जो घोड़ों का चारजामा वनाने का कार्य या व्यवसाय करते हैं (मा.म.)

जीणमाता—सं०स्त्री०—एक देवी का नाम ।

वि०वि०—जयपुर राज्य के अन्तर्गत सीकर जिला के ग्राम खोसा से ३ कोस दक्षिण की ओर पहाड़ी के निम्न भाग में जीनमाता का स्थान एक सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध है । वर्ष में दो वार नवरात्रों में यहाँ मेले लगते हैं । यात्रियों के ठहरने के लिये अनेक धर्मशालाएँ हैं । देवी की प्रतिमा अष्टभुजी है । वहाँ घी व तेल के दो अखंड दीपक जलते हैं । भोपों के लोकगीतों के आधार पर जीन और हर्ष दो भाई वहिन थे । भाई विवाहित और वहिन अविवाहित । भाभी के ताने से व्यथित होकर दुर्गा की साधना द्वारा दुर्गा के रूप में परिणित होकर पूजार्ह वन गई और भाई भैरव की उपासना द्वारा भैरव रूप हो गया । हर्षनाथ भैरव और जीणमाता दोनों देव-देवी के रूप में सम्पूजित हैं । यहाँ मंदिर के स्तंभों पर अनेकों अभिलेख हैं, जिनमें संवत् ११६२ का जिसमें मोहिल के पुत्र हठड़ द्वारा मंदिर वनाये जाने का उल्लेख है । संवत् ११९६ व १२३० का अल्हण द्वारा सभामंडप वनाये जाने का उल्लेख है ! संवत् १५३५ को जो अभिलेख है जिसमें मंदिर के जीर्णोद्धार का उल्लेख है । इसे स्व० ठा० श्री किशोरसिंहजी ने चौहान कुलोत्पन्न माना है ।

जीण-पोस—सं०पु०यौ० [फा० जीन-पोश] घोड़े की जीन के ऊपर ढकने का कपड़ा जो प्राय: कशीदेदार भी होता है ।

उ०—घोड़ो ऊभो चौकड़ो चावै छै। कंवर चंवेली बिद्रां मांहि। जीण-पोस बिछाय बैठा छै।—जगदेव पंवार री वात

जीण-सवारी-सं०स्त्री०यौ०—घोड़े पर चारजामा रख कर चढ़ने का कार्य।

जीण-साज-सं०पु० [फा० ज़ीनसाज] जीन बनाने वाला।

जीणसाल, जीणसालियौ-सं०पु० एक प्रकार का कवच।

उ०—१ जादव जांन करइ अति ओपम, छपंन कोड़ि कुळसाख। टाटर टोप जरद जीणसाला, साठि भरी साह्रि लाख।

—रुकमणी मंगळ

उ०—२ घड़ां ऊपरि ऊजळी धारां तरवारयां चमकण लागी, सु माही मांनो बीजळी चमकण लागी छै अठै काळा जीणसालिया का डीलइ है वादळ। घड़ां ऊपरि तलवारि चमकै छै सुइ है वीजुळी।

—वेलि.टी.

अल्पा०—जीणसालियौ, जीनसालियौ।

जीणी-सर्व०—जिस। उ०—धन माता जीणी जनमिया, जांणिक भेटयौ त्रिभुवन राई।—वी.दे.

जीणौ, जीबौ—देखो 'जीवणौ, जीववौ' (रू.भे.)

उ०—जुग-जुग जीणौ तोई खप्पणौ है।—सांईदीन

जीत-सं०स्त्री० [सं० जितिः वैदिक जीति] १ युद्ध या समर में शत्रु के विरुद्ध सफलता, जय, विजय. २ किसी ऐसे कार्य में सफलता जिसमें दो या अधिक विपक्षी हों. ३ लाभ, फायदा।

जीतणौ-वि०—जीतने वाला, विजय प्राप्त करने वाला।

उ०—खगां जीतणा धाव में दाव खेल्है, मलगे तड़ां मांकड़ां पीठ मेल्है।—वं.भा.

जीतणौ, जीतवौ-क्रि०स० [सं० जि] १ युद्ध या समर में शत्रु के विरुद्ध विजय प्राप्त करना, जीतना। उ०—१ दावसी घणा बांका दुरंग, जीतसी घजें नृप घणा जंग।—वि.सं. उ०—२ जग जीतण हारौ हे दीखणमें ही डावड़ौ, सिव चाप चढ़ायो हे राख्यो पण रावळो।

—गी.रां.

२ दो या अधिक विरुद्ध पक्ष रहते कार्य में सफलता प्राप्त करना, ज्यूं—मुकदमौ जीतणौ, खेल जीतणौ।

जीतणहार, हारौ (हारी), जीतणियौ—वि०।

जीतवाड़णौ, जीतवाड़बौ, जीतवाणौ, जीतवावौ, जीतवावणौ, जीतवावबौ, जीताड़णौ, जीताड़बौ, जीताणौ, जीतावौ, जीतावणौ, जीतावबौ—प्रे०रू०।

जीतिओड़ौ, जीतियोड़ौ, जीत्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जीतीजणौ, जीतीजबौ—कर्म वा०।

जइतणौ, जइतबौ—रू०भे०।

जीतब-सं०पु० [सं० जीवीतव्यं] जीवन, जिंदगी।

उ०—१ जिन्हां जीतब जीतिया जे रघुवर नित जीह जपंदे।

—र.ज.प्र.

उ०—२ किणी नै सरप खाधौ। गारडू झाड़ौ देई बचायौ। जद उ पगां लागे बोल्यौ, इतरा दिन तो जीतब माइतां रौ दियौ हु'तो अनै अबै आज सूं जीतब आप रौ दियौ।—भि.द्र.

रू०भे०—जीतव।

जीतरणताळ-सं०पु०यौ० [सं० रणतालजित] तलवार, खड्ग (अ.मा.)

जीतव—देखो 'जीतब' (रू.भे.) उ०—अेकलौ जाय अतीत, जतो काय अेकलौ जासी, घण विवनी रौ धणी, गरढ जासी अभवासी। त्रिया विण जासी तुरक, न तो कय जासी नाजर। लूटण दुख विध लखत, वांम रह जाय जकां वर। पोसाख हीण मोसा खमण, जीतव अग हूं जावसी। अेकलौ नांज जावै अली, रूपनगर रौ राजवी।

—अरजुणजी वारहठ

जीताड़णौ, जीताड़बौ—देखो 'जीताणौ, जीतावौ' (रू.भे.)

उ०—क्रपा अभिलाखियौ 'जैत' भिड़ियौ कटक, तुरत कर दाखियौ जोर तारां, समर जीताड़ियौ सूर चंद साखियौ, वीकपुर राखियौ कई वारां।—खेतसी वारहठ

जीताड़णहार, हारौ (ह री), जीताड़णियौ—वि०।

जीताड़िओड़ौ, जीताड़ियोड़ौ, जीताड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जीताड़ीजणौ, जीताड़ीजबौ—कर्म वा०।

जीताणौ, जीतावौ, जीतावणौ, जीतावबौ—रू०भे०

जीताड़ियोड़ौ—देखो 'जीतायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० जीताड़ियोड़ी)

जीताणौ, जीतावौ-क्रि०स०('जीतणौ' क्रि० का प्रे०रू०) १ जीतने के लिये प्रेरित करना, विजय करवाना. २ किसी विरुद्ध पक्षों को होड़ में सफलता प्राप्त कराना। ज्यूं—मुकदमे में जिताणौ या खेल में जीताणौ।

जीताणहार, हारौ (हारी), जीताणियौ—वि०।

जीतायोड़ौ—भू०का०कृ०।

जीताईजणौ, जीताईजबौ—कर्म वा०।

जिताणौ, जीतावौ, जीताड़णौ, जीताड़बौ, जीतावणौ, जीतावबौ—रू०भे०।

जीतायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ जीतने के लिये प्रेरित किया हुआ, जिताया हुआ. २ किसी के विरुद्ध सफलता प्राप्त कराया हुआ।

(स्त्री० जीतायोड़ी)

जीतावणौ, जीतावबौ—देखो 'जीताणौ, जीतावौ' (रू.भे.)

जीतावणहार, हारौ (हारी), जीतावणियौ—वि०।

जीताविओड़ौ, जीतावियोड़ौ, जीताव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जीतावीजणौ, जीतावीजबौ—कर्म वा०।

जीताड़णौ, जीताड़बौ, जीताणौ, जीतावौ—रू०भे०।

जीतावियोड़ौ—देखो 'जीतायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० जीतावियोड़ी)

जीति—देखो 'जीती' (रू.भे.)

जीतियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ शत्रु के विरुद्ध विजय प्राप्त किया हुआ. २ किसी पक्ष के विरुद्ध सफलता प्राप्त किया हुआ।
(स्त्री० जीतियोड़ी)

जीती—सं०स्त्री० [सं० जितिः] जीत, विजय। उ०—१ जिण समय राठौड़ चंद्रहास चलावण में कुमीं न कीधी, परंतु महा पापां रा करणहार तौ स्त्री परमेस्वर रा प्रपंच में जीती हूं न जावै।
—वं.भा.

उ०—२ अस लेगौ अणदाग, पाघ लेगौ अणनांमी। गौ आडा गवड़ाय, जिकौ वहतौ धुर वांमी। नवरोजै नह गयौ, न गौ आतसां नवल्ली। न गौ झरोखां हेठ, जेथ दुनियांण दहल्ली। गहलोत रांण जीती गयौ, दसण मूंद रसणा डसी। नीसास मूक भरिया नयण, तो म्रत 'साह' प्रतापसी।—दुरसौ आढ़ौ

क्रि०प्र०—जाणौ।

रू०भे०—जीति।

जीतौ—देखो 'जीवतौ' (रू.भे.)

जीन—देखो 'जीण' (रू.भे.)

जीनत—सं०स्त्री०—तैयारी। उ०—१ हमैं हीरानंद रतनां नूं लिखमीदास नूं बीदा दीवी, ओभ्रणा री घणी जीनत कीवां।—र.हमीर

जीनसाल, जीनसालियौ—देखो 'जीणसाल' (रू.भे.)

उ०—१ हाथी १५ किंवाड़ भांजण नूं आगै किया छै नै मूळराज प्रोळ री हाटां मांहै जीनसाल पैहर मांणस हजार दोय सूं रह्यौ छै।
—नैणसी

उ०—२ तरै वेढ री वेळा हाजीखांन आपरा घणा जतन कीया। जीनसाल पहर नै हाथी ऊपर लोह री कोठी हुवै छै तिण मांहै वैठौ।—राव मालदेव री वात

उ०—३ पछै साहारै दिन वारै सौ १२०० असवार जीनसालिया करि ऊपर ढीला वागा पैहर केसरिया करनै वारै वींदां रै साथै वारै जांन कर नै एकण समचै वारां ही प्रोळि मांही पैठा।—नैणसी

जीनोई—देखो 'जनेऊ' (रू.भे.) उ०—रांमसिंह कल्यांणमलोत जांणियौ—राव मारीयौ, लोही जैतसी रै वैर रै आंटै चाटियौ। पछै जीनोई वखतर उतार नीसरियौ।—राव चंद्रसेन री वात

जीप—सं०स्त्री०—जीत, विजय। उ०—अर जुद्ध मांहै जीप पण लाखैजी री हुवै तौ वेदल क्युं रहै छै।—नैणसी

जीपणौ, जीपबौ—क्रि०स० [सं० जित, प्रा० जित्त, अप० जिप्प] जीतना, विजय प्राप्त करना। उ०—कमळापति तणी कहेवा कीरति, आदर करै जु आदरी। जांणै वाद मांडियौ जीपण, वाग हीण वागेसरी।
—वेलि.

जीपणहार, हारौ (हारी), जीपणियौ—वि०।

जीवाड़णौ, जीपाड़बौ, जीपाणौ, जीपावौ, जीपावणौ, जीपाववौ—प्रे०रू०।

जीपिओड़ौ, जीपियोड़ौ, जीप्योड़ौ—भू०का०कृ०।

जीपल—वि०—जीतने वाला, विजेता।

जीपा—सं०स्त्री०—पंवार वंश की एक शाखा।

जीपियोड़ौ—भू०का०कृ०—जीता हुआ, विजेता।
(स्त्री० जीपियोड़ी)

जीव, जीवी—सं०स्त्री० [सं० जिह्वा+रा.प्र.ई] १ देखो 'जीभ' (रू.भे.) २ जिह्वा का मैल उतारने का चांदी या ताम्र का बना उपकरण. ३ वढ़ई का औजार विशेष।

रू०भे०—जीभी।

जीभ—सं०स्त्री० [सं० जिह्वा] १ मुख में स्थित लम्बे व चिपटे मांस पिण्ड के आकार की वह इन्द्रिय जिससे खाद्य पदार्थों का रस; स्वाद, भौतिक अवस्था का अनुभव एवं शब्दों का उच्चारण किया जाता है। जवान, जिह्वा, रसना।

पर्या०—जवांन, जिभ्या, जीहा, बोलणी, रटण, रसंगना, रसग, रसजांणण, रसण(न), रसना, रसमाता, लालकी, लोला, वकता (वगता), वाचा, वाया।

मुहा०—१ जीभ अटकणी—निरुत्तर होना, बोलते बंद होना। मरणासन्न समय कण्ठावरोध होना, बोलने में असमर्थ होना. २ जीभ आणी—वाचाल होना. ३ जीभ ऊपर सरसती वसणी—विद्वान होना. ४ जीभ कतरणी ज्यूं—अधिक वाचाल के प्रति। तर्कयुक्त दूसरे की वात खण्डन करने वाले के प्रति. ५ जीभ कम करणी—कम बोलना, जिह्वा पर संयम रखना. ६ जीभ कम होणी—कम बोलना, चुप होना. ७ जीभ काढ़णी—असमर्थता प्रकट करना, सामर्थ्यहीन होना. ८ जीभ कावू करणी—जवान पर संयम रखना, भय या आतंक से बोलना बंद करना. ९ जीभ कावू राखणी—जिह्वा पर संयम रखना, मितभाषी होना. १० जीभ खींचणी—देखो 'जवांन खींचणी'. ११ जीभ खीलणी—बोलना बंद करना, आतंक या रौब से बोलने में असमर्थ करना. १२ जीभ खुलणी—देखो 'जवांन खुलणी'. १३ जीभ खोलणी—देखो 'जवांन खोलणी'. १४ जीभ घिसणी—देखो 'जवांन घिसणी'. १५ जीभ चलणी—वाचाल होना. १६ जीभ चलाणी—देखो 'जवांन चलाणी'. १७ जीभ चालणी—देखो 'जवांन चालणी'. १८ जीभ चिपणी—निरुत्तर होना, मूक होना. १९ जीभ डळाडळा होणा—पदार्थ विशेष के खाने से जिह्वा का फट जाना. २० जीभ ताळवै छेटी करणी—भय या आतंक से बोलना बंद करना, बोलने से रोकना. २१ जीभ ताळवै छेटी पड़णी—भय या आतंक से बोलना बंद होना. २२ जीभ नै कैर रौ कांटौ—अमांगलिक संदेश देने पर प्रयोग किया जाता है. २३ जीभ नै गुड़—कोई मांगलिक खबर देने पर प्रयोग किया जाता है. २४ जीभ रै ताळौ लगाणौ—बोलना बंद करना, चुप करना. २५ जीभ रै ताळौ लागणौ—बोलना बंद होना, चुप होना. २६ जीभ निकळणी—असमर्थ होना. २७ जीभ निकाळणी—असमर्थता प्रकट करना,

बोलने में असमर्थ करना. २८ जीभ पकड़णी—देखो 'जबांन पकड़णी'. २९ जीभ फेरणी—देखो 'जीभ हिलाणी'. ३० जीभ बंद करणी—देखो 'जबांन बंद करणी'. ३१ जीभ बंद कर देणी—देखो 'जबांन बंद करणी'. ३२ जीभ बंद होणी—देखो 'जबांन बंद होणी'. ३३ जीभ भारी पड़णी—कठिनता से बोला जाना, बोलने में असमर्थ होना. ३४ जीभ माथै जोर होणो—बोलने में समर्थ, बोलने में पटु, अधिक वाचाल होना. ३५ जीभ माथै देणी, (देणो)—स्वाद लेना, चखना. ३६ जीभ माथै सरसती वसणी—देखो 'जीभ ऊपर सरसती वसणी'. ३७ जीभ माथै होणी—देखो 'जबांन माथै होणी'. ३८ जीभ में जोर होणी—देखो 'जीभ माथै जोर होणी'. ३९ जीभ रुकणी—देखो 'जबांन रुकणी'. ४० जीभ रोकणी—देखो 'जबांन रोकणी'. ४१ जीभ वतावणी—कविता पाठ करना, कंठस्थ कविता सुनाना, नवीन कविता रच कर सुनाना. ४२ जीभ संभाळणी—देखो 'जबांन संभाळणी.' ४३ जीभ रुकणी—प्यासा होना, भय से बोला न जाना, मरणासन्न काल में वाक शक्ति कमजोर होना. ४४ जीभ हिलाणी—जिह्वा हिला कर संकेत करना. ४५ दांतां विचली जीभ—दोनों ओर से संकट में होना. ४६ होठां माथै जीभ फेरणी—हतोत्साह होना, निराश होना ।

२ कलम की नोंक ।

रू०भे०—जिब्भ, जिब्भा, जिब्भिआ, जिभ्या, जिह, जिव्हांण, जीव, जीवी, जीभि, जीभी, जीह, जीहा ।

अल्पा०—जीवड़ली, जीवड़ी, जीभड़ली, जीभ ।

मह०—जीवड़, जीभड़ ।

जीभड़ली—देखो 'जीभ' (अल्पा., रू.भे.) उ०—१ एक जीभड़ली जस दइयौ विनायक लाडले की मायनैं, वा तौ मीठी सी बोलैं निंव कर चालैं जस रैं'वैं परवार में ।—लो.गी. उ०—२ कागा दिळं वधाइयां, तूं पिव मेळै मुज्झ । काढूं मुख थी जीभड़ी, भोजन देस्यूं तुज्झ ।

—ढो.मा.

जीभप—सं०पु०—कुत्ता, श्वान (ह.नां.)

जीभि, जीभी—देखो 'जीव्री' (रू.भे.)

जीमण—सं०पु० [सं० जेमनम्] १ घी, पानी, मैंदे के साथ गुड़ अथवा शक्कर के संयोग से आग पर पका कर बनाया हुआ खाद्य मिष्ठान्न । उ०—घुरवा घरणी लग लोढा ले धावैं । जीमण जीमण नैं मोडा जिम जावैं ।—ऊ.का. उ०—२ जीमणूं के गंज एते दरसावैं जिसकी ओट जीमणहार नजर न आवैं ।—सू.प्र.

२ बहुत से लोगों को एक साथ खिलाया जाने वाला खाना, जेमनार, भोज. ३ खाना, भोज । उ०—एक साहो थापियो । पछै वे परणीजण आया, सु जीमण मांहे दारू में धतूरो घात नैं पायो, सु सारा बेसुध किया ।—नैणसी

रू०भे०—जिमण, जींमण, जीम्हण ।

यौ०—जीमण-चूठण, जीमण-जूठण ।

जीमण-वार—सं०स्त्री०—भोज, रसोइ, ज्योनार ।

उ०—छट्ठै प्रहरै दिवस के, हुई ज जीमणवार । मन चावळ तन लापसी, नैंण ज घी की धार ।—ढो.मा.

रू०भे०—जिमणवार, जिमणार, जिमनार ।

जीमणियाळ—वि०—दक्षिण पार्श्व का दाहिना ।

उ०—'माल' घणी अर' जैत' मुसायव, 'कूंप' करण दीवांण कहै । वेपड़ 'अखा' सदा धुर वांमैं, वळ रा जीमणियाळ वहै ।

—जैताजी कूंपाजी रौ गीत

जीमणो—वि० (स्त्री० जीमणी) दक्षिण पार्श्व का, दाहिना ।

उ०—१ तरै वीच आप ऊभो रयो नैं साथ अढाई सौ प्रोळरुसा डावी कांनी नैं अढाई सौ जीमणी वाजू ऊभा राखिया ।—नैणसी

उ०—२ चाल्या चउरास्या न लावी छइ बार, आडी आयज्यो इंधण हार । होज्यौ देवी जीमणी ।—वी.दे.

सं०पु०—दाहिना हाथ, दक्षिण हाथ ।

रू०भे०—जिमणउ, जिमणु, जींमणो, जींवणो, जीवणो ।

जीमणो, जीमवौ—क्रि०स० [सं० जिम्] भोजन करना, खाना खाना ।

उ०—१ भयण अंभ भोजन भूख जीमियां न भज्जै ।—चौथ वीठू

कहा०—जीम्यां पछै चळू—भोजन करने के पश्चात हाथ प्रक्षालन नहीं होता है, अर्थात् अवसर निकल जाने के बाद कुछ नहीं हो सकता ।

जीमणहार, हारौ (हारी), जीमणियौ—वि० ।

जीमवाड़णो, जीमवाड़वौ, जीमवाणो, जीमवावौ, जीमवावणो, जीमवाववौ, जीमाड़णो, जीमाड़वौ, जीमाणो, जीमावौ, जीमावणो, जीमाववौ—प्रे०रू० ।

जीमिओड़ौ, जीमियोड़ौ, जीम्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

जीमीजणौ, जीमीजवौ—कर्म वा० ।

जिमणौ, जिमवौ, जीम्हणौ, जीम्हवौ—रू०भे० ।

जीमना—सं०स्त्री०—यमुना, रवि-तनया (जैन)

जीमाड़णो, जीमाड़वौ—क्रि०प० ('जीमणो' क्रिया का प्रे० रू०) भोजन करवाना, खिलाना । उ०—१ ताहरां चारण दूही लै नैं हालियौ । विचै मारग में एक गांव चारण घरै उतरियौ । ताहरां राति जीमाड़ियौ

—फोफाणंद री बात

उ०—२ मोटौ रांमसिहजी तेड़ि अर आप कन्है जीमाड़ियौ ।

—द. वि.

जीमाड़णहार, हारौ (हारी), जीमाड़णियौ—वि० ।

जीमाड़िओड़ौ, जीमाड़ियोड़ौ, जीमाड़योड़ौ—भू०का०कृ० ।

जीमाड़ीजणौ, जीमाड़ीजवौ—कर्म वा० ।

जिमाड़णौ, जिमाड़वौ, जिमाणौ, जिमावौ, जिमावणौ, जिमाववौ, जीमाणौ, जीमावौ, जीमावणौ, जीमाववौ—रू०भे० ।

जीमाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—भोजन कराया हुआ।
(स्त्री० जीमाड़ियोड़ी)

जीमाणौ, जीमावौ—देखो 'जीमाड़णौ, जीमाड़वौ' (रू.भे.)
जीमाणहार, हारौ (हारी), जीमाणियौ—वि०।
जीमायोड़ौ—भू०का०कृ०।
जीमाईजणौ, जीमाईजवौ—कर्म वा०।

जीमायोड़ौ—देखो 'जीमाड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० जीमायोड़ी)

जीमावणौ, जीमाववौ—देखो 'जीमाड़णौ जीमाड़वौ' (रू.भे.)
जीमावणहार, हारौ (हारी), जीमावणियौ—वि०।
जीमाविश्रोड़ौ, जीमावियोड़ौ, जीमाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
जीमावीजणौ, जीमावीजवौ—कर्म वा०।

जीमावियोड़ौ— देखो 'जीमाड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० जीमावियोड़ी)

जीमियोड़ौ–भू०का०कृ०—भोजन किया हुआ। (स्त्री० जीमियोड़ी)

जीमूत–सं०पु० [सं०] १ बादल, मेघ (ना.डि.को.)
२ एक ऋषि का नाम (महाभारत) ३ एक मल्ल का नाम जो विराट की सभा में रहता था और भीम द्वारा मारा गया था। (महाभारत)
४ शाल्मली द्वीप के एक देश का नाम (जैन)

जीमूतरिखि–सं०पु०—एक ऋषि का नाम। उ०—इंद्र माळी, व्रह्मा परोहित भ्रिगिरीटि रिखि अचमन करवाइ। जीमूतरिखि छोरू खेलावइ, कांमदेव कटारउं बांधइ।—व.स.
रू०भे०—जीवरि(खि)ति।

जीमूतवाहण, जीमूतवाहन–सं०पु० [सं० जीमूत–वाहन] १ शालिवाहन राजा का पुत्र। २ इन्द्र, देवराज। उ०—ऐस्वरच सुरेंद्र एकू अनेक रूप नरेंद्र, सत्यवाचां हरिस्चंद्र, निरभय भीम, आपन्न जीमूतवाहन वागदेवीविलास कास्मीर।—व.स.
रू०भे०—जीवाहन।

जीम्हण—देखो 'जीमण' (रू.भे.) उ०—पड़ पकवांन प्रवाड़ा प्रमरथ, साहां सेन करै बोह संग। मंदा कटक महारस मसळै, जीम्हण रांण कियौ रणजंग।—महारांणा खेता रौ गीत

जीम्हणौ, जीम्हवौ— देखो 'जीमणौ, जीमवौ' (रू भे.)
उ०—१ मेवा तजिया महमहण, दुरजोधन रा देख। केळा छोंत विसेख, जाय विदुर घर जीम्हिया।—र.ज.प्र.
उ०—२ तीसूं उवौ टावर रात-दिन राजूखां कन्है रहै, भेळौ जीम्है, दरबार में खोळै मांहीं सूतौ रहै।— सूरे खीवे कांधळोत री वात

जीम्हियोड़ौ—देखो 'जीमियोड़ौ' (रू.भे.)

जीय—१ देखो 'जीव' (रू.भे.) २ परम्परा से चला हुआ व्यवहार, प्रथा (जैन) ३ कर्त्तव्य (जैन) ४ व्यवस्था (जैन)

जीयकप्प–सं०पु० [सं० जीतकल्प] परम्परा से चला हुआ आचार (जैन)

जीयकप्पीय–वि०यौ० [सं० जीतकल्पिक] परम्परा से चले हुए आचार वाला (जैन)

जीय-निंदा–वि०यौ०—१ वह जो पापी की निंदा नहीं कर के पाप की निन्दा करे (जैन) २ वह जो निंदकों की परवाह न करे (जैन)
३ वह जो स्वल्प निद्रा लेवे (जैन)

जीय-परिखह, जीय-परिसह–वि०यौ०—उपसर्ग, भूख, प्यास आदि २२ परिसहों को जीतने वाला (जैन)

जीय-मांण–वि०यौ०— वह जो विनय से मान को पराजित करे (जैन)

जीयमाय–वि०यौ०—वह जो सरलता से माया को पराजित करे (जैन)

जीयलोह–वि०यौ०—वह जो संतोष से लोभ को पराजित करे (जैन)

जीयै–सर्व०—जिस। उ०—१ जीयै घड़ी उदैराव री जन्म हुवौ तीयै घड़ी प्रोळि रा कांगरा गिड पड़्या।—देवजी वगड़ावत री वात
उ०—२ मांचौ वळै किवाड़ां नुं लगाइ नै जीयै मारिग आयौ हुतौ तीयै ही मारिग अपूठौ उतरियौ।—चौबोली

जीर—देखो 'जीरौ' (मह०, रू०भे०)

जीरय–सं०पु० [सं० जीरक] १ देखो 'जीरौ' (रू.भे.)
२ एक प्रकार की वनस्पति (जैन)

जीरउ, जीरक—देखो 'जीरौ' (रू.भे.) (उ.र.)

जीरण–वि० [सं० जीर्ण] १ जर्जर, बुड्ढा। उ०—प्रतिदिन मोळा पड़ भिन-भिन पद पूजै। धोळा नीरण बिन जीरण जिम धूजै।—ऊ.का.
२ फटा-पुराना, जीर्ण-शीर्ण। उ०—सठ-सनेह, जीरण वसन, जतन करंतां जाय। चतर-प्रीत, रेसम-लछा, घुळत-घुळत घुळ जाय।
—अज्ञात
३ टूटा-फूटा, पुराना. ४ कमजोर।

जीरण-ज्वर–सं०पु० [सं० जीर्ण-ज्वर] पुराना बुखार।

जीरणता–सं०स्त्री०—पुरानापन, बुढ़ापा।

जीरणा–सं०स्त्री०—चार गुरुवर्ण का वृत्त विशेष (र.ज.प्र.)

जीरणोद्धार–सं०पु० [सं० जीर्णोद्धार] टूटी-फूटी या जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का पुनः सुधार, मरम्मत। उ०—जुमलै सवा लाख जिन-मंदिर कराया राजा संप्रति। नवासी हजार जिन-मंदिर रौ जीरणोद्धार करायौ
—वां.दा.ख्यात

जीरवणा–सं०स्त्री०—१ धैर्य। उ०—कही सैंवास, घन थारी माता पिता सो इतरी तैं वात री जीरवणा राखी पण कही नहीं।
वंधी बुहारी री वात
क्रि०प्र०—राखणी, होणी।
२ देखो 'जरणा' (रू.भे.)

जीरवणौ, जीरववौ–सं०पु०—हजम करना। उ०—दईत राज कुण दलै पखै नरसिंघ नरेसुर, काळकूट जीरवै न कौ पाखै भूतेसर।
—अलूनाथ

जीरवियोड़ौ-भू०का०कृ०—हजम किया हुआ।
(स्त्री० जीरवियोड़ी)

जीरह—देखो 'जिरह' (रू.भे.) उ०—जांन तणी साजति करउ। जीरह रंगावळी पहरज्यो टोप।—बी.दे.

जीरांण—सं०पु० [सं० ज्वलनस्थान] मरघट, श्मशान। उ०—कमध जोगेस आदेस सह जग करै, दीव आसीस कर रीस दूणी। घाल आयो तूं होज वैरियां तणै घर, धुकै घमसांण जीरांण धूणी।

—महेसदास कूंपावत रो गीत

वि० [सं० जीर्ण] जीर्ण, जर्जर।

जीरय—सं०पु० [सं० जीरुक] एक प्रकार की वनस्पति (जैन)

जीरौ—सं०पु० [सं० जीरक] १ दो हाथ ऊंचा एक पौधा जिसके सुगंधित छोटे फूलों के गुच्छों को सुखा कर मसाले के काम में लेते हैं। जीरा।

रू०भे०—जीरउ, जीरक।

मह०—जीर।

२ लड़कियों द्वारा गाया जाने वाला लोकगीत।

जील—सं०स्त्री०—सारंगी के मुख्य दो तारों के नीचे कसे हुए तार जो संख्या में कुल १७ होते हैं।

जीवंजीवक, जीवंजीवग—सं०पु० [सं० जीवज्जीवक] १ देखो 'जीवंजीव' (२) (रू.भे., जैन) २ एक प्रकार की वनस्पति (जैन)

जीवंजीव—सं०पु० [सं० जीवजीव] १ एक प्रकार का वृक्ष. २ चकोर पक्षी. ३ जीव का आधार, आत्म पराक्रम (जैन) ४ जीवन (जैन)

जीवंती—सं०स्त्री०—१ संजीवनी (अ.मा.) २ हरड़ं, हरीतकी। (नां.मा., ह.नां.)

३ एक लता जिसकी टहनियां औषधि के काम आती हैं (अमरत)

जीवंदौ—वि०—जो जिंदा हो। सजीव हो। जीवित।

उ०—मरियंदा जीवाड़ ही जीवंदा मारै।—केसोदास गाडण

जीव—सं०पु० [सं०] १ प्राणियों का चेतन तत्व, जीवात्मा, आत्मा।

मुहा०—१ जीव कळपणौ—आत्मा का दुखी होना। इच्छा के प्रतिकूल अथवा अनुचित कार्य होने से आत्मा को क्षोभ होना. २ जीव कळपाणौ—जी को कष्ट पहुँचाना। अनुचित कार्य कर के अथवा किसी की इच्छा के प्रतिकूल कार्य कर के आत्मा को कष्ट पहुँचाना. ३ जीव खटकणौ—जी खटकना। किसी संदेह के कारण आत्मा का बेचैन रहना. ४ जीव खटकाणौ—जीव खटकाना। किसी का आत्मा को बेचैन करना. ५ जीव ठंडौ राखणौ—जी ठंडा रखना, शान्त रहना, धैर्य रखना. ६ जीव ठंडौ होणौ—जी ठंडा होना। आत्मा को शान्ति मिलना. ७ जीव तपणौ—जी तपना। आत्मा का कष्ट पाना। क्रोधित होना. ८ जीव तपाणौ—जी तपाना। किसी कार्य की सिद्धि के लिये साधना करना। आत्मा को कष्ट देना। किसी की आत्मा को कष्ट पहुँचाना। क्रोधित होना। किसी को क्रोधित करना. ९ जीव पांणी-पांणी होणौ—जी पानी-पानी होना। बहुत कष्ट सहन करना। चित्त कोमल होना। दयार्द्र होना. १० जीव बळणौ—जी जलना। आत्मा का कुढ़ना। दुखी होना। क्रोधित होना। किसी से ईर्ष्या करना. ११ जीव बाळणौ—जी जलाना। आत्मा को दुखी करना। कुढ़ाना। क्रोधित करना। ईर्ष्या करना. १२ जीव भरीजणौ—जी भरना। आत्मा का सन्तुष्ट होना. १३ जीव में जीव आणौ—जी में जी आना। आत्मा का चिंता रहित होना। चैन आना। आत्मा का सुख पाना. १४ जीव मोटौ करणौ—जी बड़ा करना। दुखी नहीं होना। धैर्य धारण करना।

कहा०—जीव दोरौ है तौ सोरौ कंई है—यदि आत्मा ही दुखी है तो सुख क्या है। सुख के सभी साधन होते हुए भी यदि आत्मा दुखी है तो वह सुखी नहीं अर्थात् आत्मा की सन्तुष्टि ही सुख है।

यौ०—जीवात्मा।

२ जीवन तत्व। प्राण। जान। उ०—जन हरिदास या जीव कै, दुख सुख चालै साथि। अब या चीरी क्यूं मिटै, ता दिन आई हाथि। —ह.पु.वा.

मुहा०—१ जीव अच्छौ होणौ—जी अच्छा होना। रोग आदि की बेचैनी या पीड़ा नहीं होना। स्वस्थ होना। नीरोग होना. २ जीव अटकणौ—देखो 'जीव रुकणौ'. ३ जीव आणौ—जी आना। आराम मिलना। विश्राम मिलना। चैन आना. ४ जीव ऊं(सूं) खेलणौ—जी से खेलना। जान खो बैठना। मरना. ५ जीव ऊँचौ चढ़णौ—भयभीत होना। जी घबराना। सदमा पहुँचना. ६ जीव कांपणौ—जी कांपना। भय के कारण दुखी होना। किसी आशंका से थर्राना. ७ जीव काडणौ—जी निकालना। प्राणविहीन कर देना. ८ जीव खपाणौ—जी खपाना। किसी कार्य में बहुत दिलचस्पी लेना। अत्यंत कष्ट उठाना। प्राण देना। परेशान होना. ९ जीव गमाणौ—जी गुमाना। प्राणों की बाजी लगाना। प्राण खोना. १० जीव गोटौ खाणौ—जी चकराना। जी में घबराहट पैदा होना. ११ जीव घबराणौ—जी घबराना। जी में उद्वेग उत्पन्न होना। दुखी होना. १२ जीव छूटणौ—जी छूटना। पीछा छूटना। दम तोड़ना। प्राण निकल जाना. १३ जीव छोडणौ—जी छोड़ना। प्राण देना। मर जाना. १४ जीव जांन लड़ाणौ—जी जान लड़ाना। पूर्ण रूप से दिलचस्पी लेना। मन लगाना। जुट जाना। प्राणों की बाजी लगाना. १५ जीव जाणौ—जी निकलना। प्राण निकलना। जिन्दा हो जाना। सजीव हो जाना. १६ जीव तोड़णौ—जी तोड़ना। दम तोड़ना। प्राण निकलना. १७ जीव दांन—जी दान। प्राण दान। प्राणों की रक्षा। १८ जीव देणौ—जी देना। प्राण छोड़ना। अपने प्राणों से भी बढ़ कर प्रिय समझना. १९ जीव दोरौ होणौ (व्हैणौ) जी कष्ट पाना। जी घबराना. २० जीव धड़कणौ—भय के कारण थर्राना। मन में डरना। आशंकित होना। जी धड़कना. २१ जीव धड़का खाणौ—कलेजा धक-धक करना। भय के कारण हृदय का धड़कना. २२ जीव धक-धक करणौ—देखो 'जीव धड़का खाणौ'. २३ जीव धक धक होणौ—किसी भय के कारण सशंकित होना, डर के कारण मन का अस्थिर होना. २४ जीव धै'लणौ—भयभीत होना, आतंकित होना, एकाएक घबराना. २५ जीव धै'लाणौ—

अचानक भयभीत करना, आतंकित करना. २६ जीव धँ'लीजणौ—देखो 'जीव धँ'लणौ' २७ जीव निकळणौ—प्राण निकलना, मृत्यु होना, व्याकुल होना, भयभीत होना. २८ जीव निकाळणौ—मार डालना, प्राणहीन कर देना, भयभीत करना. २९ जीव नीसरणौ—देखो 'जीव निकळणौ'. ३० जीव नैं जीव जांणणौ—प्राण को प्राण समझना, इतना परिश्रम करना कि जिससे हानि न हो अतः उस समय कहा जाता है 'जीव नैं जीव जांणणौ चाहिजै' अर्थात् इतना परिश्रम नहीं करना चाहिए जिससे जी को अत्यधिक कष्ट पहुँचे.
३१ जीव नैं मारणौ—मार डालना, समाप्त कर देना.
३२ जीव पड़णौ—सजीव होना, प्राण का संचार होना.
३३ जीव फेरी दैणौ—जी घबराना, जी मचलना, चक्कर आना, सूझ विहीन होना. ३४ जीव वावड़णौ—मृत प्रायः में प्राण का संचार होना, किसी अनहोनी से बचना. ३५ जीव बिखरणौ—व्याकुल होना, बेहोश होना, जी का कष्ट पाना, विह्वल होना.
३६ जीव मचळणौ—मन उचाट होना, जी में ऐसी स्थिति होना कि वमन हो जाय, व्याकुल होना, आकुल होना. ३७ जीव मचळाणौ—आकुल करना, उत्तेजित करना, घबराहट पैदा करना. ३८ जीव माथै आय नैं पड़णौ—ऐसे भारी संकट में फँस जाना कि पीछा छुड़ाना कठिन हो जाय। प्राण पर आ बनना. ३९ जीव माथै खेलणौ—प्राणों की बाजी लगाना, प्राण जाने की परवाह न करना. ४० जीव मारणौ—किसी प्राणी को प्राणहीन करना. ४१ जीव में जीव घालणौ—जी में जी डालना। मरे हुए को जीवित करना। किसी कार्य को करने के लिए उत्प्रेरित करना। ४२ जीव रखौ—शरीर या प्राण को सुरक्षित रखने का कार्य या ऐसा कोई पदार्थ जिसके सहारे से शरीर की सुरक्षा हो. ४३ जीव राखणौ—प्राण बचाना, प्राणों की सुरक्षा रखना. ४४ जीव री जड़ी (जीव-जड़ी)—प्राण का आधार, जी से ज्यादा प्यारा. ४५ जीव री जेवड़ी करणी—अत्यधिक परिश्रम करना, इतना परिश्रम करना कि शरीर को बहुत कष्ट पहुँचे. ४६ जीव री पड़णी—देखो 'जीव माथै आय नैं पड़णौ'. ४७ जीव री लागणी—प्राण बचाना भी दुष्कर होना, भयंकर कष्ट आना. ४८ जीव रुकणौ—मरणासन्न व्यक्ति का इच्छित कार्य अथवा इच्छा की पूर्ति न होने के कारण प्राण तुरन्त न निकलना, प्राण अटकना. ४९ जीव रुखाळणौ—प्राण की रक्षा करना, जी को किसी आपत्ति अथवा कष्ट से टालना. ५० जीव रैं'णौ—प्राण बचना, जिन्दा रहना. ५१ जीव रौ—जी का, प्यारा, वल्लभ (स्त्री० जीव री) ५२ जीव रौ काचौ—जी का डरपोक, कायर, डरने वाला, प्राण की अत्यधिक परवाह करने वाला, कृपण. ५३ जीव रौ चोदू—देखो 'जीव रौ काचौ'.
५४ जीव रौ जूर (जौ'र) करणौ—शरीर को अत्यधिक कष्ट पहुँचाना, अत्यधिक परिश्रम के कारण जी को दुखी करना.
५५ जीव रौ जू'र (जौ'र) होणौ—अधिक कार्य करने से पीड़ा होना. ५६ जीव रौ ताऊ—तेज मिजाज का, शीघ्र क्रोधित होने वाला, शीघ्र तड़कने वाला. ५७ जीव रौ दातार (उदार)—प्राण की परवाह नहीं करने वाला, वीर, बहादुर. ५८ जीव रौ पांणी करणौ—अत्यधिक परिश्रम करना. ५९ जीव रौ लागू—जी के पीछे पड़ा हुआ, प्राण लेने वाला, कष्ट देने वाला. ६० जीव रौ हांणू—जी को हानि पहुँचाने वाला, प्राण को कष्ट देने वाला, अत्यधिक परिश्रम कर के स्वास्थ्य को हानि पहुँचाने वाला. ६१ जीव लड़ाणौ—जी लड़ाना, अत्यधिक परिश्रम करना, जी जान से योग देना, पूरा ध्यान देने वाला. ६२ जीव लारै पड़णौ—जी के पीछे पड़ना, पीछा नहीं छोड़ना, तंग करना, कष्ट देना.
६३ जीव लेनै न्हाटणौ—जी लेकर भागना, प्राण बचाने के लिए भागना, कायरता प्रकट करना. ६४ जीव लैणौ—जी लेना, प्राण हरना, मार डालना. ६५ जीव लोटणौ—देखो 'जीव वावड़णौ'.
६६ जीव वाळौ—जी वाला, जानदार, साहसी, हिम्मत वाला, उदार.
६७ जीव वालो लागणौ—जी प्यारा लगना, प्राण का मोह होना.
६८ जीव सूं (ऊं) जाणौ—जी से जाना, जान खो बैठना, प्राण-विहीन होना, मरना. ६९ जीव सूं बणणी—देखो 'जीव माथै आय नैं पड़णौ'.
७० जीव सोरौ होणौ (ह्वैणौ)—रोग आदि की पीड़ा या बेचैनी न रहना। चैन पडना। आराम होना. ७१ जीव हवा होणौ (ह्वैणौ)—मृत्यु होना। प्राण निकल जाना. ७२ जीव हाथ में राखणौ, जीव हाथ में लैणौ—प्राण की परवाह न करना। जी का मोह न रखना। प्राण देने के लिए प्रस्तुत हो जाना। प्राण की बाजी लगाने के लिये तैयार हो जाना. ७३ जीव होमणौ—जी होमना। बलिदान हो जाना। प्राण या स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए कार्य करना.
यौ०—जीवजनावर, जीवजानवर, जीवतसंभ, जीवतसिंभ, जीवतासंभ, जीवतोसंभ, जीवतोसंभू, जीवदांन, जीवदांनु, जीवधन, जीवपति, जीवबंधू, जीवमात्रका, जीवरखी, जीवरखौ, जीवसंभ, जीवहत्या, जीवहिंसा, जीवाधार।
३ जीवधारी। इंद्रिय विशिष्ट शरीर। प्राणी। जैसे—मनुष्य, पशु-पक्षी आदि।
मुहा०—१ जीव नैं जीव जांणणौ—जी को जी जानना। प्राणी को प्राणी समझना। किसी को अधिक कष्ट नहीं देना। एक सा वर्ताव करना. २ जीव नैं मारणौ—जी को मारना। प्राणी को मारना। बहुत कष्ट देना. ३ जीव रौ जीव लागू, जीव रौ जीव हांणू—प्राणी प्राणी के पीछे पड़ता है। एक प्राणी दूसरे को मारता है। एक प्राणी का गुजारा दूसरे प्राणी को खा कर होता है जो उससे छोटा या कमजोर होता है। प्राणी प्राणी को हानि पहुँचाता है।
यौ०—जीवधारी, जीवभासा, जीवलोक, जीवजूण, जीवजोण, जीवांजूण, जीवाजूण।
४ मन, दिल, तबियत, चित्त, हृदय।

मुहा०—१ जीव आणो—जी में आना। मन में बसना। किसी के प्रति स्नेह होना। किसी पर मन चलना. २ जीव उकताणो—बहुत समय तक एक ही दशा में रहने से परिवर्तन के लिये चित्त का व्यग्र होना। मन का न लगना. ३ जीव उखड़णो—देखो 'जीव उकताणो'. ४ जीव उड जाणो (उडणो)—देखो 'जीव उकताणो'. ५ जीव उचकणो—मन हटना। चित्त न लगना. ६ जीव उचटना—मन में उचाट पैदा होना। चित्त विक्षिप्त होना. ७ जीव उठाणो—मन हटाना। चित्त फेर लेना। विरक्त होना। जी उठाना. ८ जीव उलट जाणो—चित्त चंचल होना। होश-हवास जाता रहना। मन फिर जाना। चित्त विरक्त होना. ९ जीव ऊठणो—मन हट जाना। मन न लगना। विरक्त हो जाना. १० जीव ओचारणो—मति पलट होना। धोका देना. ११ जीव करणो—जी करना। मन चलना। इच्छा होना। लालायित होना. १२ जीव खपाणो—जी तोड़ कर किसी कार्य में लगना। जी खपाना। खूब मन लगा कर कार्य करना. १३ जीव खराब करणो—जी खराब करना। मन पर काबू नहीं पाना। मन चंचल करना. १४ जीव खराब होणो—मन का वश में नहीं रहना। अनुपयुक्त या अनुचित इच्छा होना। मन का स्थिर नहीं रहना।

१५ जीव (खट्टो) खाटो करणो—मन हटा देना, चित्त विरक्त कर देना, घृणा उत्पन्न कर देना. १६ जीव (खट्टो) खाटो पड़णो—
१७ जीव (खट्टो) खाटो होणो—अनुराग न रहना, घृणा होना, मन फिर जाना, चित्त हट जाना. १८ जीव खुलणो—डर नहीं रहना, संकोच दूर होना, धड़क न रहना, किसी कार्य को करने में हिचक न रहना. १९ जीव खोटो—कपटी दिल का, धोखा देने वाला.
२० जीव खोटो करणो—कपट करना, मन विचलित करना.

२१ जीव खोटो होणो—मति पलटना, मन में कपट आना.

२२ जीव खोल नै—जी खोल कर, बिना किसी डर के, बिना किसी हिचक या संकोच के, अपनी ओर से किसी प्रकार की कमी किये बिना, मनमाना, यथेष्ट. २३ जीव गोता खाणो—विचलित होना। डांवाडोल होना. २४ जीव घबरांणो—जी घबराना, मन का दुखी होना, कष्ट पाना, मन में व्यग्र होना, मन स्वस्थ नहीं रहना, जी ऊबना. २५ जीव घालणो—स्नेह करना, मन लगाना, तल्लीन होना, प्राण डालना, जीवित करना, जी डालना. २६ जीव चलणो—मन मोहित होना, इच्छा होना, जी चाहना. २७ जीव चलाणो—चाह करना, इच्छा करना, मन दौड़ाना, लालायित होना. हौसला बढ़ाना, हिम्मत बँधाना. २८ जीव चालणो—देखो 'जीव चलणो'. २९ जीव चुराणो—किसी कार्य अथवा बात से बचने के लिए बहाना बनाना, हीला-हवाली करना, जी चुराना. ३० जीव छिपाणो—किसी कार्य अथवा बात से बचने के लिए अपने आपको छुपा लेना, इधर-उधर हो जाना, देखो 'जी चुराणो'. ३१ जीव छोटो करणो—कंजूसी करना, उदारता छोड़ना, चित्त उदास करना, उत्साह कम करना. ३२ जी जांन ऊं लगाणो—तल्लीन होकर लगना, पूर्ण ध्यान लगाना, मन से प्रवृत्त होना. ३३ जीव जांन लड़ाणो—ध्यान लगाना, जुट जाना, दत्तचित्त होना. ३४ जीव जोग—विश्वासपात्र, जिस पर भरोसा किया जा सके. ३५ जीव झेलणो—सब्र पकड़ना, धैर्य रखना. ३६ जीव टूटणो—विरक्ति होना, उदासीनता होना, उमंग या हौसला न रहना. ३७ जीव टेकणो—मन लगाना, किसी कार्य में दिलचस्पी लेना. ३८ जीव ठा माथै रै'णो—मन स्थिर रहना, डांवाडोल न होना. ३९ जीव डूबणो—चित्त व्याकुल होना, कुछ भय सा प्रतीत होना, बेचैनी होना, घबराहट होना, मूर्छा आना, बेहोशी होना, लीन होना, तल्लीन होना.
४० जीव ढाईजणो—जी बैठ जाना, जी अधीर होना, घबरा जाना, व्याकुल होना, विलाप करना, रुदन करना, कुछ भय सा प्रतीत होना.
४१ जीव ढोळणो—स्नेह करना, प्रेम करना, बहुत प्यार करना.
४२ जीव तरसणो—किसी इच्छा की पूर्ति न होने से दुःख होना, अधीर होना, कष्ट पाना, लालायित होना. ४३ जीव तरसाणो—किसी वस्तु के लिये लालायित करना, अधीर करना, कष्ट देना. ४४ जीव दूखणो—हृदय को कष्ट पहुँचना, चित्त दुखी होना. ४५ जीव दुखाणो—हृदय को कष्ट देना, चित्त को व्यग्र करना. ४६ जीव दोरो करणो—इच्छा की पूर्ति नहीं होने के कारण चिंतित होना, किसी के अनुचित व्यवहार के कारण दुखी होना. ४७ जीव दोरो होणो—मन में घुटन होना, ऊबना.

४८ जीव दौड़णो—मन चलना, चित्त का चंचल होना, किसी समस्या के हल के लिए जी का व्यग्र होना, लालसा होना, जी दौड़ना। ४९ जीव नै नहीं भावणो (लागणो)—जी को अच्छा नहीं लगना, मन हट जाना. ५० जीव नैनो करणो—देखो 'जीव छोटो करणो'.
५१ जीव पिघळणो—हृदय द्रवित होना, दया आना, दयार्द्र होना, प्रेम से हृदय का द्रवित होना, मन में स्नेह का संचार होना.

५२ जीव पीतळणो—हृदय का (किसी पर) अनुरक्त होना, मन मोहित होना, विचार बदलना, मति पलट जाना, मन में कपट का संचार होना. ५३ जीव फाटणो—पहले का सा प्रेम-भाव न रहना, मन से निकल जाना, उदासीन हो जाना (किसी की ओर से) विरक्त हो जाना; भयभीत होना, डरना. ५४ जीव फिर जाणो—मति पलट जाना, हृदय में कपट उत्पन्न हो जाना. ५५ जीव फिरणो—देखो 'जीव फिरजाणो' चक्कर आना, जी घबराना.

५६ जीव फीको पड़णो—मन चिंतित होना, उदासीन होना; अरुचि होना; मन में ग्लानि आना; जी नहीं लगना।

५७ जीव बिगड़णो—मति पलटना। इच्छुक होना। क्रोधित होना। घबराना। बेचैन होना। विचलित होना. ५८ जीव बिगाड़णो—(हड़पने के लिये) मति पलटना। (खाने के लिये) इच्छुक करना या इच्छुक होना। क्रोधित करना। घबराना। बेचैन करना। ५९ जीव बैलणो—किसी विषय में चित्त का आनन्दपूर्वक लीन होना। किसी

कार्य में लग जाने से चित्त को शांति मिलना. ६० जीव वैलाणौ—अपनी इच्छानुसार किसी कार्य में लग कर मन को प्रसन्न करना। मनोरंजन करना। दुःख या चिंता की बात छोड़ कर मन को किसी ओर प्रवृत्त करना. ६१ जीव वैलीजणौ—देखो 'जीव वैलणौ'. ६२ जीव भरीजणौ (भरणौ)—मन अघाना। संतुष्ट होना। आनन्द और संतोष होना। मन मानना। यथेष्ट। मनमाना। इतमीनान करना। विश्वास करना। चित्त गद्गद् होना। करुणा का वेग उमड़ पड़ना। आँसू छलछला जाना। चित्त के किसी आकस्मिक आवेग से मन व्यग्र होना. ६३ जीव मर जाणौ. ६४ जीव मरणौ—उदासीन होना। निराश होना। हृदय का उत्साह समाप्त होना। मन में उमंग न रहना. ६५ जीव मारणौ—चित्त की उमंग शान्त करना। जी का उत्साह समाप्त करना. ६६ जीव मिळणौ—एक दूसरे के मन का विचार आपस में मिलना। एक मनुष्य के भावों का दूसरे मनुष्य के भावों के अनुकूल होना। मन पटना। स्नेह होना. ६७ जीव मिळाणौ—मेल कराना। एक दूसरे के विचारों का परस्पर समन्वय कराना। प्रेम कराना। मिलाना. ६८ जीव में आणौ—इरादा होना। जी चाहना। इच्छा करना. ६९ जीव में चुभणौ—चित्त में खटकना। अप्रिय लगना। हृदय पर अंकित होना. ७० जीव में जीव घालणौ—किसी के विचारों को अपने अनुकूल करना. ७१ जीव में धारणौ—निश्चय करना। संकल्प करना. ७२ जीव में बैठणौ—चित्त में स्थान कर लेना. ७३ जीव में राखणौ—मन में रखना। मन में बसोना। ध्यान रखना। निरन्तर याद रखना। स्मृति में रखना. ७४ जीव मोटौ करणौ—सहनशील होना। उदार होना. ७५ जीव राखणौ—किसी का मन रखना, किसी की इच्छा पूरी करना, किसी को प्रसन्न करना, संतुष्ट करना. ७६ जीव री काडणौ—मन की इच्छा पूरी करना; अपने हृदय की उमंग पूरी करना, किसी को भला-बुरा कह कर अपने उद्वेग को शान्त करना, प्रतिशोध लेना, जी की निकालना. ७७ जीव री जीव में रैणी—मन की मन में रहना, इच्छा पूरी नहीं होना, सोचे हुए कार्य का पूरा नहीं होना. ७८ जीव रैणौ—जी का नियंत्रण में रहना, जी का वश में रहना, जी पर काबू पाना ७९ जीव रौ काचौ, ८० जीव रौ चोदू—जी का संकुचित, कृपण, कंजूस. ८१ जीव रौ ताव काडणौ—मन के शोक, दुख, क्रोध आदि के कारण बक-झक करना. ८२ जीव रौ दलाल—जी का उदार; जो संकुचित दिल का न हो. ८३ जीव रौ दातार—जी खोल कर देने वाला, जी का उदार, जिसका हृदय संकुचित न हो. ८४ जीव रौ पोचौ—देखो 'जीव रौ काचौ'. ८५ जीव रौ बोझ हळकौ करणौ—मन में निरन्तर बनी रहने वाली चिंता को दूर करना, बेचैनी हटाना. ८६ जीव रौ बोझ हळकौ होणौ—ऐसी स्थिति या बात का दूर होना जिसकी चिंता लगातार रहती हो, खटका मिटना. ८७ जीव रौ बोदौ—देखो 'जीव रौ काचौ'। देखो 'जीव रौ मैलौ'. ८८ जीव रौ मैलौ—संकुचित भावों का, बुरे विचारों वाला, कृपण, कंजूस.

८९ जीव लगाणौ—जी लगाना; किसी कार्य में मन का प्रवृत्त होना, किसी कार्य को करने में लीन होना, किसी से स्नेह करना, प्रेम करना. ९० जीव लड़ाणौ—सारा ध्यान केन्द्रित करना, पूरा ध्यान लगाना, प्राण जाने की परवाह न करना. ९१ जीव ललचावणौ—जी ललचाना, किसी चीज को पाने के लिए लालायित होना, तरसना, किसी के जी को लालायित करना, आकृष्ट करना.
९२ जीव लागणौ—मन का किसी विषय में लीन होना, चित्त का प्रेमासक्त होना, चित्त का प्रवृत्त होना, मन का तल्लीन होना.
९३ जीव लुभाणौ—मन मोहित करना। चित्त का आकृष्ट होना। जी लुभाना. ९४ जीव लूटणौ—मन मोहित करना। चित्त चुराना। मन आकृष्ट करना. ९५ जीव वधणौ—किसी के प्रति आस्था बढ़ना। किसी के प्रति अधिक मोह होना। साहस करना। हिम्मत करना. ९६ जीव वधाणौ—उत्साह दिलाना। हिम्मत कराना। किसी के प्रति आस्था बढ़ाना। किसी के प्रति मोह करना. ९७ जीव सूं—मन लगा कर। ध्यान दे कर। पूर्ण रूप से दत्तचित्त हो कर ९८ जीव सूं उतर जाणौ—मन में स्थान न रहना। मन से निकल जाना। मन का हट जाना। उदासीन हो जाना (किसी के प्रति) ९९ जीव सूं जीव मिळणौ—मन से मन मिलना। मैत्री व्यवहार होना। परस्पर प्रीति होना. १०० जीव हट जाणौ—देखो 'जीव सूं उतर जाणौ'. १०१ जीव हलाणौ—जी चलाना। मन चलाना। इच्छा करना. १०२ जीव हवा हो जाणौ—चित्त व्याकुल होना। डर के कारण चित्त का स्थिर न रहना. १०३ जीव हाथ में राखणौ—किसी को खुश रखने के लिये उसके भाव को अपने प्रति अच्छा रखना। मन को वश में रखना। हर समय चौकन्ना रहना. १०४ जीव हारणौ—निराश होना। हतोत्साहित होना। १०५ जीव हालणौ—मन चलना। जी चलना। इच्छा होना। मोहित होना. १०६ जीव हिलणौ—किसी वस्तु का चस्का लग जाने पर मन का बार-बार उसी ओर प्रेरित होना. १०७ जीव हिलणौ—चित्त का भय के कारण विह्वल होना। भयभीत होना। डाँवाडोल होना. १०८ दबिये जीव—किसी के दबाव के कारण मन के भावों का प्रकट न होना। दबे रहना। इच्छाओं की पूर्ति न कर सकना. १०९ नैनौ जीव करणौ—देखो 'जीव छोटौ करणौ'. ११० साचा जीव सूं—मन लगा कर। सच्चे दिल से। तल्लीन हो कर। मन में किसी प्रकार का कष्ट नहीं रख कर।
यौ०—जीव-जोग।
५ वह स्थान जहाँ पर चोट लगने से मृत्यु होने की आशंका रहती है। शरीरस्थ मर्म स्थान।
मुहा०—जीव री लागणी—मर्मस्थान पर प्रहार होना। चोट लगना। ६ बृहस्पति। सुर-गुरु (अ.मा.) ७ खाट के मध्य की उन सूतलियों का समूह जिनके आधार पर खाट की बुनाई की जाती है. ८ नौ तत्वों में से प्रथम तत्व (जैन) ९ सात द्रव्यों में से एक द्रव्य (जैन)

१० बल, पराक्रम (जैन)

रू०भे०—जिव, जीग्र, जीउ, जीऊं, जीवण, जीय ।

अल्पा०—जिवड़ौ, जीवड़लौ, जीवड़ौ ।

जीवक—सं०पु० [सं०] १ एक प्रकार का पौधा या जड़ी जो अष्टवर्ग के अन्तर्गत माना जाता है (अमरत) २ प्राण धारण करने वाला. ३ जीव । प्राण. ४ सेवक. ५ सूदखोर ।

जीवका—सं०स्त्री० [सं० जीविका] जीवन निर्वाह करने का साधन । उपाय । वृत्ति । रोजी । उ०—सीहा के कुळ संभव सदीव । जीवका हेत हसि देत जीव ।—ऊ.का.

रू०भे०—जीविका ।

जीवकाय—सं०पु० [सं०] जीवलोक, जीवराशि (जैन)

जीवग्गाह—वि० [सं० जीवग्राह] जीवित को पकड़ने वाला (जैन)

जीवड़लौ, जीवड़ौ—देखो 'जीव' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—१ मनड़ा में ई थेई वसौ रे राज । मीठा मारू रे कागदियौ हाथां में रे, जीवड़लौ वातां में रे मोरा राज ।—लो.गी.

उ०—२ जीव चा सबद सुण जीवड़ा, महियळ जळ थळ मंभळी । अलेख पुरुस अपरम परम, जळहर सद्द सु संभळी ।—ह.र.

जीवजज्ञ—देखो 'जज्ञजीव' (रू.भे., अ.मा.)

जीवजनावर, जीवजांनवर—सं०पु०यौ०—जीव-जन्तु ।

जीवजूण—देखो 'जीवाजूण' (रू.भे.) उ०—चौरासी लाख जीवजूण पांणी बुदबुदा ।—केसोदास गाडण

जीवजोग—सं०पु०यौ० [सं० जीवयोग्य] वह व्यक्ति जिसका स्वयं का भरोसा हो । विश्वास-पात्र । उ०—इण भांत सूं उमरावां घणाई वरजिया, पिण रीस रै वसै राजा वाद चढ़ियौ थकौ काळौ घोड़ौ, काळौ सिरपाव ले नै आपरा जीवजोग रा आदमियां नै साथै मेलिया ।

—रीसालू री वात

जीवट्ठांण—सं०पु० [सं० जीवस्थान] जीव-स्थान, गुण-स्थान (जैन)

जीवण—सं०पु० [सं० जीवन] १ वह अवस्था जिसमें प्राणी अपनी इन्द्रियों द्वारा चेतन व्यापार करते हैं । जन्म और मृत्यु के बीच की अवधि । जिन्दा रहने की दशा । जिन्दगी । उ०—१ सुणी सुद्धि मैं बालंम-तणी, विरह विथा तिणि छेइ मुझ घणी । जीवण पखइ जमारउ जाइ, भाजइ दुख जै मेळउ थाय ।—ढो.मा.

उ०—२ जितरा-जितरा पग दीजइ तितरा-तितरा अस्वमेघ ज्याग का फळ लीजइ । इणि विधि जीवण वेढ़िजइ, तउ सूरज-मंडळ भेदिजई ।

—अ. वचनिका

उ०—३ हित लेगौ हाथांह, जीवण रौ सुख जेठवा ।—जेठवा

क्रि०प्र०—काढ़णौ, बिताणौ ।

२ प्राण रहने का भाव । जीने का भाव या व्यापार । जीवित रहने का भाव । प्राण धारण । उ०—तो हुंता ढोलो कहै, कूड़ी गल मा करय । हवै तौ जीवण एकठा, मरतौ मारू सत्य ।—ढो.मा.

३ जिसके सहारे जिन्दा रहा जाय । प्राण का अवलम्बन । उ०—वासुदेव परब्रह्म, परम-आतम परमेस्वर । अखिल-ईस अणपार जगत जीवण जोगेस्वर ।—ह.र.

४ देखो 'जीव' (रू.भे.) उ०—जे जीवण जिन्हां-तणां, तन ही मांहि वसंत । धारइ दूध पयोहरे, बाळक किम काढ़ंत ।—ढो.मा.

५ पानी । जल । उ०—१ जीवण दाता बादळघां, थांसू जीवण पाय । भल लूआं बाजै किती, मुरधर सहसी लाय ।—लू

उ०—२ फूकण नव कोटी झंडा फरहरिया । घर-घर जाती रा टांमक घरहरिया । खाली जळ घरथी जळधर जळ खूटौ । ततखिण जीवण बिण जगजीवण तूटौ ।—ऊ.का.

६ वह जिसके प्रति बहुत स्नेह हो, परम प्रिय, प्यारा. ७ जीविका, धंधा, वृत्ति. ८ हड्डी के भीतर का गूदा । मज्जा. ९ संजीवनी. १० घी या मक्खन. ११ बेटा, पुत्र. १२ परमेश्वर. १३ पवन, वायु (डि.को.)

रू०भे०—जीवन, जीवनि ।

जीवणमाता—देखो 'जीणमाता' (रू.भे.)

जीवणसाल—देखो 'जीणसाल' (रू.भे.) उ०—राउत चडीया । सनाह लीधा । किस्या-किस्या सनाह । जरहजीण । जीवणसाल । जीवरखी । अंगरखी । करांग । वज्रांगी । लोहवद्धलुडि । समस्त संनाह लीधा । सज्जीभूत हूआ ।—कां.दे.प्र.

जीवणिकाय—सं०पु० [सं० जीव-निकाय] जीवराशि (जैन)

उ०—१ दगो धारियो 'डूंग' सूं सोवं पाकड़ै छावणी दीठा, लोह लाट लंगरी ग्रमाप फोजां लेर । लालां मुखां ग्राठां सोवा ऊपरै सोभाग लीधी, जोम ग्रंगी सीह नै ग्रागरै कीधो जेर ।—डूंगजी री गीत

उ०—२ 'ऊदै' 'राजड़' 'जगपती' 'जोधहर' सिवदांन । जोवांणे ग्रजमेर विच, कीधो जेर जिहांन ।—रा.रू

क्रि०वि०—वश में, अधिकार में, क़ब्जे में । उ०—१ ईत तणी नह भीत ग्रगंजी, मांन दुजा मन मेर । ग्रासेटां मजबूत ग्रडाकी, जीत किया खळ जेर ।—र.रू.

उ०—२ मंडियो मेर ग्रडिग मेवाड़ो, जुड़ै दुरंग ग्रिहुं कीधा जेर । ग्रो जुध वैर हणू जिम ग्राखां, मुतन सुद्रसण पाखर सेर ।

—रावत घासीरांम सक्तावत री गीत

क्रि०प्र०—करणी ।

सं०स्त्री०—वह झिल्ली जिसमें गर्भ का बच्चा रहता है और पुष्ट होता है ।

जेरणी, जेरबौ—क्रि०स०—१ बन्धन में डालना । उ०—कांम गयंद चींटि फिरि घेरचा, पकड़ि सील सांकळ सूं जेरचा ।—ह.पु.वा.

२ वश में करना, ग्राधीन करना । उ०—निखमीवर लोधियौ, लखण देवता न लाधा । पांडव वाल्हा पांच, मया तो नां बह माधा । प्रबळ चीर पूरिया, परम पेखियौ पंचाळी । पांडव दाखे प्रभू, वेगि ग्राया वनमाळी । जुजिठिळ भीम ग्ररिजण जिसा, जिणा जीता ग्ररि जेरिया । भीस्म द्रोण दुरजोध भ्रिगि, खोहिण ग्रठारै खेरिया ।—पी.ग्रं.

जेरियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ बन्धन में डाला हुग्रा. २ वश में किया हुग्रा । (स्त्री० जेरियोड़ी)

जेरदस्त—वि०—ग्रधीन, तावै । उ०—नै लोक जेरदस्त इण रा हुकमी छै ।—नी.प्र.

जेरपाई—सं०स्त्री० [फ़ा०] स्त्रियों के पैर की जूती, स्लीपर ।

जेरबंद, जेरबंध—सं०पु० [फ़ा० जेरबंद] घोड़े की गर्दन के नीचे ग्रगले पैरों तक शोभा के लिये बांधा जाने वाला कपड़े या चमड़े का बन्धन जो मोहरी ग्रौर तंग में फँसाया जाता है, तस्मा ।

उ०—१ बंध जोट दीध कसि जेरबंध । सभि पेस बंध कमसार संध ।—सू.प्र. उ०—२ कसंता बिजैमंड कोदंड कंधां । वणावै ग्रिया बरर जेरबंधां ।—वं.भा.

जेरबाद—सं०पु०—घोड़े का एक रोग विशेष (शा.हो.)

जेरबार—वि० [फ़ा०] १ ग्रापत्ति से दबा हुग्रा, तंग, दुखी. २ क्षतिग्रस्त ।

जेरबारी—सं०स्त्री० [फ़ा०] १ किसी नुकसान के कारण दुखी होने की क्रिया, तंगी. २ बेचैनी, परेशानी ।

जेरांणौ—सं०पु०—मृत व्यक्ति की मृत्यु के बाद स्त्रियों द्वारा गाया जाने वाला एक प्रकार का शोकसूचक गीत ।

जेराजेर—सं०पु०—१ हाकी का खेल. २ देखो 'जेर' (रू.भे.)

जेरीबिरियां—सं०पु०—एक प्रकार का पकाया हुग्रा मांस ।

उ०—कलिया पुलाव बिरंज दुप्याजा जेरीबिरियां ग्रखनीं चसताळा भांति-भांति के मजे ।—सू.प्र.

जेळ—सं०स्त्री० [ग्रं.] १ कैद ।

क्रि०प्र०—काटणी, भोगणी, होणी ।

२ राज्य द्वारा दंडित ग्रपराधियों को कुछ निश्चित समय तक दण्ड-स्वरूप रखने का बंद स्थान, बंदीग्रह, कारागार ।

क्रि०प्र०—करणी, काटणी, देणी, भोगणी, होणी ।

३ खेल के मैदान की सीमा, ग्रंतिम छोर, लक्ष्य-स्थान. ३ एक प्रकार का खेल । उ०—जिण तरै दड़ियां रा रमणा में जेळ एक खेल री नांम है सो उण खेल में ग्रादमियां रा दोय दळ होवै है नै दोही दळां रै थापियोडी एक-एक दोनूं धकै हद होवै है ।—वी.स.टी.

जेळखांनौ—सं०पु० [ग्रं० जेल+फ़ा० खाना] बंदीगृह, कारागार ।

जेलड़—सं०पु०—स्त्रियों का एक ग्राभूषण । उ०—ग्यांन ग्रंगूठी कांन जुगति का भूठणा । जेलड़ सील संतोख नरत का घूघरा ।—मीरां

जेळणौ, जेळबौ—क्रि०स०—भेजना । उ०—सुण सेस सिया चो सोधा नूं, जेळै दिस च्यारूं जोधा नूं ।—र.रू.

२ बराबर करना । उ०—जेळै कइ जब्बर बब्बर जोर । दिखावत वायु बरब्बर दोर ।—मे.म.

जेळदड़ी—सं०स्त्री०—हॉकी की तरह का एक प्रकार का देशी खेल ।

जेलर—सं०पु० [ग्रं०] बंदीगृह का ग्रफसर ।

जेळियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ भेजा हुग्रा. २ बराबर किया हुग्रा । (स्त्री० जेळियोड़ी)

जेळियौ—सं०पु०—१ हॉकी खेलने के बल्ले के ग्राकार का ग्रागे से मुड़ा हुग्रा गेंद खेलने का डंडा. २ खेल में सीमा-स्थान का रक्षक, गोल-कीपर ।

यौ०—जेळियौ-दोटौ ।

जेळियौ-दोटौ—सं०पु०यौ०—हॉकी की तरह गेंद के देशी खेल में गेंद के लगाई जाने वाली वह चोट जिससे गेंद लक्ष्य-स्थान (गोल) के भीतर से पार हो जाय ।

जेळी—सं०स्त्री०—एक लम्बे लट्ठ के ग्रागे दो नुकीले डंडे लगा हुग्रा कांटे, कंटीली भाड़ियां ग्रादि हटाने का उपकरण जिसे किसान, चरवाहे ग्रादि प्रायः ग्रपने पास रखते हैं । उ०—हाथ ज कसियौ, कांधे जेळी, सिर घर चाली जो जुवारमल को पालणूं ।—लो.गी.

मि०—वेई ।

रू०भे०—जेई, जेंई, जैळी ।

ग्रल्पा०—जेयलो ।

जेवड़ी—सं०स्त्री०—देखो 'जेवड़ौ' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—रावतजी सलामत ग्रो भीलड़ो हरांमखोर, प्रथी री चोर, काळ री खादो, मौत री जेवड़ी रो बाधो, ग्रो ग्रावै ।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

वि०स्त्री० [सं० यावत्] जैसी। उ०—जिनसागर सूरि नी महिमा जेवड़ी रे, समयसुंदर कहइ एवड़ी रे।—स.कु.

रू०भे०—जेवडी।

जेवड़ौ—सं०पु०—१ रस्सा। उ०—च्यारूं सखी गंध मसांण सिद्ध वड़ जाय पैठी नागरा जेवड़ा कर च्यारूं ही सिद्ध वड़ हींचै छै।

—पंचदंडी री वारता

अल्पा०—जेवडी।

२ विवाह के समय तोरण द्वार पर सासू द्वारा अपने आँचल का दामाद के गले में बंधन डाल कर अन्दर खींचने की प्रथा।

वि० [सं० यावत्] १ जैसा. २ जितना।

(स्त्री० जेवड़ी)

रू०भे०—जेवडउ, जेवडौ।

जेवडउ—१ देखो 'जेवड़ौ' (रू.भे.) (उ.र.) २ जितना।

उ०—जेवडउ अंतर मेरु अनइ सरसिव, जेवडउ अंतर। माम अनइं परिभव, जेवडउ अंतर लोह अनई कांचन।—व.स.

जेवडी—देखो 'जेवड़ी' (रू.भे.) उ०—जगडइ ए जासक जूहिय, मूं हियडउ निरधार। देखउं केवडी केवडी, जेवडी करवत धार।

—नेमिनाथ फागु

जेवडौ—देखो 'जेवड़ौ' (रू.भे.)

जेवर—सं०पु० [फ़ा० ज़ेवर] आभूषण, गहना, अलंकार।

रू०भे०—जेहिर।

जेवरळौ—वि० [सं० जीव विरल] जो केवल कहीं-कहीं पाया जाय, जो अधिकता से न मिले, दुर्लभ, विरल। उ०—प्रीत उतारण पार, जेवरळा लाधै जगत। हेतू वर्ण हजार, मतळव अपणै मोतिया।

—रायसिंह सांदू

रू०भे०—जोवरलौ।

जेवली—सं०पु०—एक लम्बे डंडे के आगे दो नुकीले डंडे लगा हुआ कांटे, कंटीली झाड़ियां आदि हटाने का उपकरण (अल्पा०)

उ०—झाल गळा निज जेवलै, डंडां सिर डोटाय। करसौ अत क्रम-वीर हूं, वध हुंत देस बचाय।—रेवतसिंह भाटी

रू०भे०—जाउल्यौ, जेवाल्यौ।

जेवहौ—वि० (स्त्री० जेवही) जैसा। उ०—अकळि हरि एवहौ, जिकरिण कुण जेवहौ। गुमर अरि गंजणौ, भगत दुख भंजणौ।—पि.प्र.

रू०भे०—जेवहौ, जेवौ।

जेवां—क्रि०वि०—जैसे। उ०—दिवै दांन रतनां तणौ सरिसि देवां। जरू दुख दै दांणवां राह जेवां।—पी.ग्रं.

जेवाल्यौ—देखो 'जेवलौ' (अल्प० रू.भे.)

जेवीराव—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

जेवौ—वि० (स्त्री० जेवी) जैसा।

जेस—सं०पु०—बारहवीं बार उलटा कर बनाया हुआ शराब।

उ०—तठा उपरांति करि नै राजांन सिलांमति दारू री पांणीगौ मंडिओ छै। सो किण भांति री दारू। उलटै री पलटै, पलटै री अराक, अराक री वैराक वैराक री संदळी, संदळी री कंदळी, कंदळी री कहर, कहर री जहर, जहर री कटाव, कटाव री नेस, नेस री जेस, जेस री मोद, मोद री कमोद, कमोद······।—रा.सा.सं.

जेसट, जेसठ—देखो 'ज्येस्ठ' (रू.भे., ह.नां.)

जेसटाश्रम, जेसठाश्रम—देखो 'जेस्टाश्रम' (रू.भे.)

जेसांण, जेसांणौ—देखो 'जैसांण' (रू.भे.) उ०—सुणि भाटी भड़ ऊससै, जेसांण उजाळा।—सू.प्र.

जेसा—देखो 'जैसा' (रू.भे.)

जेसौ—सर्व०—१ जिस। उ०—फुलांणौ राजा री बेटी छूं। इयै भांत निसरियौ छूं। जेसा तरह नीसरिया सो वात मांड हर कही।

—चौबोली

२ जेसा शाखा का भाटी राजपूत. ३ देखो 'जैसौ' (रू.भे.)

जेस्टसुर—देखो 'जेस्ठसुर' (रू.भे.)

जेस्टा—देखो जेस्ठा' (रू.भे.)

जेस्टाश्रम—सं०पु० [सं० ज्येष्ठाश्रम] श्रेष्ठ आश्रम, उत्तमाश्रम, गृहस्था-श्रम। उ०—दुरभिख नकटासण किणनै नह दीधौ, नकटै नकटा-पण क्रपणासय कीधौ। मिळगा धूळी ज्यूं जेस्टाश्रम जूनां, साले सूळी ज्यूं स्रेस्टाश्रम सूनां।—ऊ.का.

रू०भे०—जेसटाश्रम, जेसठाश्रम, ज्येस्ठाश्रम।

जेस्टी, जेस्टौ—वि० [सं० ज्येष्ठ] बड़ा, ज्येष्ठ। उ०—नमौ स्रिस्टा त्वस्टा अगम उतक्रस्टा अह नमौ। नमौ स्रेस्टी जेस्टी मुदित परमेस्टी मह नमौ।—ऊ.का.

जेस्ठसुर—सं०पु० [सं० ज्येष्ठ-सुर] ब्रह्मा (डि.नां.मा.)

रू०भे०—जेस्टसुर।

जेस्ठा—सं०स्त्री० [सं० ज्येष्ठा] सत्ताइस नक्षत्रों में से अठारहवां नक्षत्र।

रू०भे०—जेस्टा।

जेह—सं०स्त्री० [फ़ा० ज़िह=चिल्ला] १ कमान की डोरी के मध्य का वह भाग जहाँ पर तीर रखा जाता है और आँख तक खींच कर छोड़ा जाता है। लक्ष्य-स्थान इसी की सीध में रहता है।

उ०—जिका सणणंकि भणंकिय जेह। सुवा भड़ भुम्मि हुवा धड़ सेह।—मे.म.

क्रि०वि०—१ जैसा. २ देखो 'जे' (रू.भे.)

उ०—जैन धरम (समो नहिं कोई) मोटौ जग मांहि, जेह थी जाये दुख रे।—स्रीपाळ रास

जेहड़—सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

रू०भे०—जेड़, जेहर।

जेहड़ि, जेहड़ी—क्रि०वि०—जैसे ही, ज्यों ही। उ०—देहली वसति हरि जेहड़ि दीठी, आणँद कौ ऊपनौ अमाप। तिण आपही किरायौ आदर, ऊभा करि रोमां सूं आप।—वेलि.

वि०स्त्री०—जैसी। उ०—जहर पियाले जेहड़ी, इण कुण मंडे

भाग। मदि काळै मुन अंगुळी, वाळै फिर विनवास।—रा.रू.

जेहड़ौ—देखो 'जे'हो' (रू.भे.) उ०—१ जसै फते जेहड़ा, घड़ा थंभण पतसाही। जोड़ै गिरधार रा, हरि सम च्यारूं भाई।—रा.रू.

उ०—२ पित मोहिरि 'गजण' प्रचंड, जग चग जेहड़ौ तपवंत लड़ै गनेज, धरिजग एहड़ौ।—सू.प्र.

(स्त्री० जेहड़ि, जेहड़ी)

जेहनउं, जेहनउ—वि०—जिसका (उ.र.) उ०—मनहूं मोह्युं रे माहरूं, गुरु ऊपरि गुणराग। जिनसागर सूरि गुरु भला, साचउ जेहनउ सोभाग।—स.कु.

जेहर—सं०स्त्री०—१ पैर में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।

उ०—कल कदमूं के लंगर भारी कनक की हूंस। जवाहर के जेहर दीपमाळा की रूंस।—र.रू.

रू०भे०—जेहरि, जेहरी।

२ देखो 'जेहड़' (रू.भे., बां.दा.ख्यात)

जेहरांन—सं०पु०—जेवरात, जेवर, आभूषण, गहना।

उ०—सुरंग रंग भोमि में तरंग है न तांन की। ढमंक ढोलकी न त्यूं घमंक घुग्घरांन की। छमंक बिच्छवांन की दमंक ना दरीन की। झमंक जेहरांन की चमंक नां चुरीन की।—ऊ.का.

जेहरि, जेहरी—देखो 'जेहर' १ (रू.भे.) उ०—जेहरि घूघरमाळ पगां भुणकै जियां। कुंजै बारिज पुंड्र बचा कळहंसियां।—बां.दा.

वि०स्त्री०—जैसी। उ०—कुळ री वार में भड़ां भली अछेह री कीधी, दीधी भाट जंगां ज्यों केहरी गजां दोट। गाढ़ै गत्तै खाग दंडां भुदंडां जेहरी कीधी, चाळागारां खेलियौ तेहरी की सी चोट।

—डूंगजी रौ गीत

जेहरौ, जेहवउ, जेहवौ-वि० (स्त्री० जेहरी, जेहवी) जैसा।

उ०—१ बावन चंदन अंगई परिमळ बूरत तपई निसंभ। उर जेहवउ दीसइ उरवंसी रूप विसेखइ रंभ।—रुकमणी मंगळ

उ०—२ लखण बतीसे मारुवी, निधि चंद्रमा निलाट। काया कूंकूं जेहवी, कटि केहरि सै घाट।—ढो.मा.

उ०—३ रांगा रणथंभ तणाह जउहर जउहर जेहवा। कीधा भोजा-कइ कंवरि वधता बीस गुणाह।—अ. वचनिका

जेहांण, जेहांन—देखो 'जहांण, जहांन' (रू.भे.) उ०—थापै सोजत थांन, पांणां वागै छात्रपती। जांणै सरब जेहांन, आरोपौ भारी उठै।

—पा.प्र.

जेहा—१ देखो 'जैसा' (रू.भे.) सं०स्त्री० [सं० जिह्वा] २ जीभ।

उ०—ताता दोय घोरी जोतरिया, भंवर उजळ दोहूं पाख भलाह। वाजै जेहा पाटली विध विध, इण रा खेड़ू आप अलाह।—ओपौ आढ़ौ

जेहाज—देखो 'जा'ज' (रू.भे.) (ह.नां.)

उ०—माया जळ अति विमळ, तास कोइ पार न पावै। लहर लोभ ऊठत, मन्न जेहाज चलावै।—ज.खि.

जेंहि, जेहि—देखो 'जेही' (रू.भे.) (उ.र.)

जेहिर—देखो 'जेवर' (रू.भे.)

जेहिल—सं०पु० [सं०] वशिष्ठ गोत्रोत्पन्न आर्यनाग का शिष्य, थिवर मुनि (जैन)

जेही—सर्व०—जिस। उ०—१ ताहरां नायण राजा पास खरची ले नै आदमी दस वीस ले नै एक डूंडो कराय नै नदी नदी चाली। तठै जेही सहर मांहे नदी आवै सहर मांह जाय साहूकार रा घर देखै। बेरां रा गहणा वेस पहरीया तेठै देखै तद पाछी आय डूंडै वैसै, आघी चालै। इयै भांत केही सहर दीठा।—चौबोली

उ०—२ महि मंडळ पदम पै ओपिया मंडळी, ओळग्र अंतरै जिमी असमांण। रिख तणा ओण पाहार जेही रिदै, जवर जगदीस चै 'दलो' जम-रांण।—राठौड़ महाराजा दळपतसिंह रायसिंघोत रौ गीत

क्रि०वि०—जैसे, ज्यों। उ०—हंसा गति तणौ आतुर थ्या हरि सूं, वाधाऊआ जेही वहे। सूंधावास अनै नेउर सद, क्रमि आगै आगमन कहे।—वेलि.

वि०स्त्री०—देखो 'जेहौ' (रू.भे.) उ०—पर मन-रंजन कारणइ, भरम म दाखिस कोइ। जेही दीठी मारुवी, तेही आखै मोइ।

—ढो.मा.

जेहु—वि०—जैसा। उ०—साहेली हे जिणचंद सूरि कह्युं जेहु तुं, साहेली हे सांमल सिरदार। साहेली हे तेह वचन तिमहिज थयुं, साहेली हे पुज्य थया पटधार।—स.कु.

जेहौ—वि० (स्त्री० जेही) १ जैसा। उ०—१ जेहा सज्जण काल्ह था, तेहा नांही अज्ज। माथि त्रिसूळउ नाक सळ, कोइ विणट्ठा कज्ज।

—ढो.मा.

२ समान, तुल्य, सदृश। उ०—१ धरती जेहा भरखमा, नमणा जेही केळि। मज्जीठां जिम रच्चणां, दई सु सज्जण मेळि।—ढो.मा.

उ०—२ कहि जिण सुतण वीर नृप केहौ। जग जस प्रगट भगीरथ जेहौ।—सू.प्र.

३ जिस रूप-रंग, आकृति या गुण का, जिस प्रकार का।

उ०—ऊमर दीठी मारुई, डींभू जेही लक्कि। जांणै हर-सिरि फूलड़ा, डाकै चढ़ी डहक्कि।—ढो.मा.

सं०पु०—भाटी वंश की जैसा शाखा का व्यक्ति।

रू०भे०—जैहौ।

जें—देखो 'जे' (रू.भे.) उ०—१ श्री लिखमी अवतार सरब लिखमी सारीखौ। जें जायौ जगत नां अनंत इहड़ी विधि ईखौ।—पी.ग्रं.

उ०—२ जें चढ़ सूत्यौ नणद बाई रौ वीर, गीत कुण्यां घर गावै, जी राज।—लो.गी.

जेंगड़ो—सं०पु०—बछड़ा (मेवात)

जेंट—सं०पु०—१ शमी वृक्ष (रू.भे. जांट)

२ देखो 'जेट' (रू.भे. जंट)

जै—सं०पु०—१ बृहस्पति. २ पुष्य नक्षत्र. ३ सूर्य. ४ ब्रह्मा. ५ पतंगा. ६ अग्नि (एका.) ७ देखो 'जय' (रू.भे.)

उ०—प्रबळ सुर असुर जिण लगाया पागड़े, जिको खळ चापड़े खेत जारां। पाड़ियो रांम दसकंठ पीठांण में, सबद जै जै हुवा लोक सारां।
—र.रू.

मुहा०—जै मनाणी—मंगल कामना करना, विजय की कामना करना, समृद्धि चाहना। २ जै हो—पूज्य और ब्राह्मणों द्वारा आशीर्वाद के उपलक्ष में कहा जाने वाला शब्द।

८ देखो 'जे' (रू.भे.) उ०—१ जै डर न होइ जांणां जनक प्रणत काल्हि लागूं पगां। सो जै न होइ दीजै सहज सुत अपजस असंगां सगां।—वं.भा. उ०—२ कंवरी सूरज कंवर, 'अजन' ध्रम रचे अपंपर। जै नांनो 'अमरेस', धरा जेसांण छतरधर।—रा.रू.

उ०—३ साधां गिरि राया जै महमाया, सातां दीपां मां छाया।
—पी.ग्रं.

उ०—४ जाइग्रो सरब संसार जै बिसन कहीजै सीलवंत। जम तणो ग्रंत कंत ज्यांनखी ग्रनंत नमो फेरा ग्रनंत।—पी.ग्रं.

उ०—५ जै जीतौ अजमेर घड़ी मांही घण चक्कह। जै लीयो जाळोर भिड़ै पट्टांण कटक्कह।—गु.रू.बं.

जंई—देखो 'जेळी' (रू.भे.)

जैकरी—सं०स्त्री० [सं० जयकरी] तीन चौकल एक लघु ग्रंत गुरु कुल १५ मात्राओं का मात्रिक छंद विशेष, चौपई छंद का एक भेद।

जैकार—देखो 'जयकार' (रू.भे.) उ०—हुवा नगारां सद्द हुए तड़भड़ नर इंदां। 'ग्रभो' हुवो ग्रसवार हुवौ जैकार कविंदां।—रा.रू.

जैकारणौ, जैकारवौ—क्रि०स०—जय ध्वनि करना, जयजयकार करना।
उ०—घर ग्रंबर रज धोम ग्रंधारै। जोगणि चंडी वीर जैकारै।
—सू.प्र.

जैकारियोड़ो—भू०का०कृ०—जयध्वनि किया हुग्रा।
(स्त्री० जयकारियोड़ी)

जैंड़े—क्रि०वि०—१ जब तक। ज्यूं-यूं रोटी जीमलै जैंड़े हूं इणसूं बातां करूं, पछै दोनूं चालसां।
२ तब तक। ज्यूं-यूं उठी हो'र आवैला जैंड़े तो हूं ठेट पूगसूं।

जैंड़ो—वि० (स्त्री० जैंड़ी) जैसा। उ०—जठै झाड़ियां खंड खोखंड जैंड़ी। नगां पुंजरी मंजरी रूप नैंड़ी।—मे.म.

जैचंद—सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या व्यक्ति (बां.दा.ख्यात)

जैज—देखो 'जेज' (रू.भे.) उ०—बयन एम उच्चरै, गमन पल जैज न कीजै। सिलह तोप बारूद, जुद्ध संजत सब लीजै।—ला.रा.

जैजयं—सं०स्त्री०—जय-जय, जयकार। उ०—डहंत केळि डांळयं, उपंति वंद्रवाळयं। वहंत दुंदभं वयं, जपंत देव जैजयं।—सू.प्र.

जैजैकार—सं०स्त्री०—विजय अथवा मंगल कामना की आनन्दमय ध्वनि, जयध्वनि, जयघोष, जयजयकार। उ०—१ जैजैकार भयो त्रिभवन में, ब्रह्मा निस दिन ध्यावै। नंदकंवर गिरधर वर को जस, भगत 'पदमयो' गावै।—रुकमणी मंगळ उ०—२ जगडू जग जीवाड़ियो, भांजै भैभैकार। कीधो जैजैकार ग्रन, बागो राय सधार।—बां.दा.

उ०—३ वसुधा सब फूलै फळै, प्रथ्वि अनंत अपार। गगन गरज जळ थळ भरै, दादू जैजैकार।—दादू-वांणी

जैजैवंती—सं०स्त्री० [सं० जय+जयवंती] भैरव राग की एक रागिनी जो सवेरे गाई जाती है।

जैट—देखो 'जैंट' (रू.भे.)

जैढक—सं०पु० [सं० जय+ढक] विजय और सफलता के उपलक्ष में बजाया जाने वाला ढोल, जयढ़क।

जैत—सं०स्त्री० [सं० जैत्र] १ विजय, जीत। उ०—भुज भिड़ज रूप सपतास भांति, कवि तेण लखण गुण वरण क्रांति। सतं उकति जेण पंडित प्रमांण, जुधि जैत मरम क्रम प्रथम जांण।—रा.रू.
यौ०—जैतखंभ।
२ देखो 'जैता' (रू.भे.) ३ देखो 'जैतो' (रू.भे.)

जैतकारी—सं०पु० [सं० जैत्र+कारी] विजयी। उ०—ऐसै ही जोधांण तैसै वगीचे, मंडोवर के बीच निवास जहां स्री महाराज के खड़ग जैतकारी काळै गोरे महावीरू भैरू का वास।—सू.प्र.

जैतखंभ—सं०पु०यौ० [सं० जैत्र+स्कम्भ:] विजय-स्मारक स्तम्भ, जय-स्तम्भ, विजयस्तम्भ। उ०—जैतहथा जैतहरा, जैतखंभ जुधवार। तैसो ई मंडण वीक तण, खळ खंडण खगधार।—रा.रू.
वि०—कभी नहीं हारने वाला, हमेशा विजय प्राप्त करने वाला।
उ०—ग्रई ग्ररोड़ा रांण झाला ग्रचळ ग्रखाड़ा। जैतखंभ ग्रमोड़ा खळां जारै। रायहर ग्रजोड़ा केम तो सूं रहै। थाय खोड़ा हरण नांम थारै।—जालमसिंह झाला (कोटा) रो गीत

जैतपत्र—सं०पु०—जीत की सनद।

जैतमाल, जैतमालोत—सं०पु०—राठोड़ों की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

जैतरती—वि० [सं० जैत्र+रति] शक्तिशाली, बलवान।

जैतळ—देखो 'जैता' (रू.भे.)

जैतवंत, जैतवांन—वि०—जीतने वाला, विजयी।
उ०—भारत पारथ जैतवंत, राव वीक वरांण। हूं उजवाळूं ऊजळा पर वर ग्रापांण।—द दा.

जैतवादी—वि० [सं० जैत्र+वादी] जीतने वाला, विजयी।
उ०—उडणो प्रथीराज, निपट झाळपूळा हुवो। तोडो नै जाळोर एक दिन रै वीच मारिया, तरै ग्रा वात पातसाह सुणी, तरै उडणो प्रथीराज कहांणो ग्रसंख प्रवाडे, जैतवादी रांणो रायमल जीवतां ही मूग्रो।—नैणसी
रू०भे०—जइतवादी, जयतवादी।

जैतवार—वि० [सं० जैत्र+वार] विजयी। उ०—१ दीन के सहाय द्विज गऊ के दास। जंगू के जैतवार ग्रजांनबाह। ऐसे भड़ ग्राय विराजै महाराज की दरगाह।—नैणसी उ०—२ झखां खंजरीटां त्रिगां, संबर हतक सरांह। जैतवार ज्यांरा नयण, सरोरुहां सुथरांह।
—बां.दा.

उ०—३ पछै सं० १६६३ नवैरा रै पटै ऊपर आसोप रो पटो। पातसाही मांहे हैट रो जैतवार हुवो।—नैणसी

रू०भे०—जैतवार।

जैतमी-सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति। (बां.दा.ख्यात)

जैतश्री-सं०स्त्री० [सं० जयश्री] एक रागिनी (संगीत)

जैतहस्त, जैतहथ, जैतहथो-वि० [सं० जैत्र+हस्त] विजय जिसके हाथ में हो, विजयी। उ०—१ सेन मेल सिवपुरी, फौज घेरै धांनोहर। जैतहस्थ कळिमस्थ साथि भाटी रिण घोयर।—गु.रू.बं.

उ०—२ जैत कळोधर जैतहथ, मंडण गोवरधन्न।—रा.रू.

उ०—३ जैतहथा जैताहरा, जैतखंभ जुधवार। तैसोई मंडण वीक तण, गढ खंडण खग धार।—रा.रू.

रू०भे०—जैत्रहथ, जैत्रहथो, जैयहथ, जैयहथो।

जैतां-सं०स्त्री०—एक पतिव्रता राजपूत रमणी जिसका आख्यान राजस्थान के अन्तर्गत 'रातिजोगा' के गीतों में अवश्य गाया जाता है।

रू०भे०—जैतळ।

जैता-सं०स्त्री०—राठौड़ों की एक शाखा, जैतावत।

जैताई-वि०—[सं० जैत्र:+रा०प्र०ई] विजयी। उ०—जैसावत सुरतो जैताई, सांम तणै छळि रांम सवाई। भांण तणै साहिबो भुजाळो, चक्रवति दळां खळां कळि-चाळो।—रा.रू.

वि०—जितने।

जैतार-वि० [सं० जैत्र:] जीत कर उद्धार करने वाला, जीतने वाला, विजयी। उ०—आजांन भुज वळ अंग रो, जैतार दससिर जंग रो। —र.ज.प्र.

जैतारणियो-सं०पु०—१ राठौड़ों की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति, सींधल राठौड़ (बां.दा.ख्यात) २ मारवाड़ के अन्तर्गत जैतारण कस्बे का निवासी।

जैतावत-सं०पु० [सं० जैत+पुत्र] राठौड़ों की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

जैतावार—देखो 'जैतवार' (रू.भे.)

जैतुग-सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति। (बां.दा.ख्यात)

जैतून-सं०पु० [अ०] अरब, शाम और यूरोप के दक्षिणी भागों में सर्वत्र मिलने वाला एक सदाबहार वृक्ष। इसके फल और बीज दोनों काम आते हैं। इसके बीजों का तेल औषधि में काम आता है।

जैतो-सं०पु०—राठौड़ों की जैतावत शाखा का राजपूत।

जैत्र-सं०स्त्री० [सं० जैत्रं] जय, विजय। उ०— प्रहसमि गुरुजी पत्तणि अविया, वाज्या जैत्र निसांण। ठांम-ठांम ना संघ मिळया घणा, आपै दांन सुजांण।—ऐ.जै.का.सं.

जैत्रवादी, जैत्रवार-वि० [सं० जैत्रं+वादिन्, जैत्रं+वार] विजयी। उ०—१ मांझी मेघ हरो मछराळ हूं, तल्ल मल्ल हाथाळ। जैत्रवादी जंमजाळ केवियां रो काळ सूरवीर सप्पखाळ।—ल.पि.

उ०—२ धरती पछिमी सूरधीर, भगतां-वछल जास भीर। जिहड़ो गहड़ जैत्रवार, कुंअरां तिलिक जांणकार।—ल.पि.

जैत्रसाद-सं०पु० [सं० जैत्रं+शब्द] विजय का शब्द।

जैत्रहथ, जैत्रहथो—देखो 'जैतहथ, जैतहथो' (रू.भे.)

उ०—वडा ही वडा आचार दीपै विसवि, वहै सबळां खळां सेति वागै। जगहथै बंधिये गजण रो जैत्रहथ, जगहथां बंध गया विरद जागै।—अमरसिंह राठौड़ रो गीत

जैत्राई-सं०स्त्री० [सं० जैत्रं+रा.प्र.आई] जीत, विजय, जय।

वि० [सं०जैत्र:+रा.प्र.ई] विजयी। उ०—विजपाळो चाळै विरदाई, जोगीदास तणो जैत्राई।—रा.रू.

वि०—जितने ही।

रू०भे०—जैताई।

जैयहथ, जैयहथो—देखो 'जैतहथ, जैतहथो' (रू.भे.)

उ०—कर कर क्रांमतीजी खोपै जैयहथ जस खंभ। नागर नोवती जी घर घर घुरत द्वार असंभ।—रा.रू.

जैये—देखो 'जैय' (रू.भे.)

जैदरथ, जैदरथी, जैदरथ्थी—देखो 'जयद्रथ' (रू.भे.)

उ०—जैदरथी माथो जुई, अई झुकाओ आंण। आयो 'मैंदर' ऊपरै, पावू इण परमांण।—पा.प्र.

जैदेव-सं०पु० [सं० जयदेव] गौड़ के महाराज लक्ष्मणसेन की राजसभा में रहने वाले एक प्रसिद्ध वैष्णव कवि जो संस्कृत के प्रसिद्ध काव्य 'गीत गोविंद' के रचयिता थे। इनका जन्म आज से प्राय: आठ-नौ सौ वर्ष पहले बंगाल के वर्तमान वीरभूम जिले के अंतर्गत केंदुविल्व नामक ग्राम में हुआ था।—(पी.ग्रं.)

जैद्रथ—देखो 'जयद्रथ' (रू.भे.)

जैन-सं०पु० [सं०] १ भारत का एक प्रसिद्ध संप्रदाय जिसका अहिंसा परम धर्म माना जाता है. २ इस धर्म का अनुयायी, जैनी।

रू०भे०—ज्यांन।

जैनगर, जैनेर—देखो 'जयनेर' (रू.भे.) उ०—नरपति रहियो जैनगर, परम रिदै धर प्रीत। रीधो भूप विलास रस, कीध्रो चैत वितीत। —रा.रू.

जैपरियो-वि०—जयपुर से सम्बन्धित, जयपुर का।

सं०पु०—जयपुर निवासी।

रू०भे०—जैपुरियो, जैपुरी।

जैपाळ-सं०पु०—१ पँवार वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति (बां.दा.ख्यात) २ अजयपाळ नामक औषधि।

जैपुर-सं०पु०—राजस्थान का एक प्रसिद्ध नगर जो राजस्थान की राजधानी है।

जैपुरियो, जैपुरी—देखो 'जैपरियो' (रू.भे.)

जैपैलेदिन-सं०पु०—वर्तमान समय से गत या आने वाला पांचवां या छठा दिन।

जैवो–वि०—जैसा।

जैमंगळ—देखो 'जयमंगळ' (रू.भे.)

जैमती–सं०स्त्री० [सं० जयमती] १ यह बुवाल के राजा ईहड़देव चालुक्य की पुत्री थी। इसका विवाह भगाय के राणा वृद्ध राजा वाघराज पड़िहार से हुआ था। यह अत्यंत दुश्चरित्रा थी।

वि०वि०—बाघ के चौवीस पुत्रों की वीरता के प्रभाव से वृद्ध राजा ने वघड़ावतों के साथ भ्रातृ भाव स्थापित कर लिया था। वघड़ावतों में एक भोज भी था जिसने इतना धन लुटाया कि चारों ओर उसकी कीर्ति फैल गई थी। जयमती अपने पति को वृद्ध एवं भोज को सुन्दर एवं युवा देख कर उन्हें पति रूप में ग्रहण करने के विचार से भोज के पास संदेश भेजा। भोज ने उचित मौका देख कर वाघराज की अनुपस्थिति में डाका डाल कर जयमती को उड़ा लिया। इस पर वाघराज ने एक बड़ी सेना लेकर भोज पर चढ़ाई कर दी। इधर जयमती भी भोज से शीघ्र ऊब गई और मन ही मन पछताने लगी। अतः उसने भोज एवं उसके भाइयों को मरवाने के उद्देश्य से वाघराज से लड़ने को खूब प्रोत्साहित किया। सब भाई एक-एक कर के वाघराज की सेना द्वारा मार डाले गये। इसी दुश्चरित्र एवं कपट भाव के कारण जयमती को कालान्तर में अत्यन्त हेय दृष्टि से देखा जाने लगा और इसी के आधार पर आज भी दुश्चरित्रा स्त्री को दुत्कारते समय जा ए रांड जैमती! या जा ए रांड जैमती, भोजा खपावणी! कह कर फटकारा जाता है।

२ दुश्चरित्रा स्त्री।

जैमाळ, जैमाळा–सं०स्त्री० [सं० जयमाला] विजय के उपलक्ष में पहनाई जाने वाली माला।

जैमिनि, जैमीनी–सं०पु० [सं० जैमिनि] व्यासजी के मुख्य चार शिष्यों में एक। ये पूर्व मीमांसा के प्रवर्त्तक थे (ऊ.का.)

जैयली—देखो 'जेळी' (अल्पा., रू.भे.)

जैयो–सं०पु०—१ एक प्रकार का कीड़ा जो प्रायः पशुओं के पैरों तथा दूध देने वाले पशुओं के स्तनों में पड़ जाता है जिससे जख्म हो जाते हैं। वर्षा के पानी से यह शीघ्र मिट जाता है।

रू०भे०—जइयो।

२ देखो 'जवौ' (रू.भे.)

जैं'र–सं०पु० [फा० ज़ह्र] वह पदार्थ जिसके शरीर में पहुंचने से मृत्यु हो जाय या कोई अंग रोगग्रस्त हो जाय, विष, जहर। उ०—पूठै पई उठावै पोठां, खोस तंदुळ भूठा फळ खाय। दार खड़ग कर सार दिखावै, जैं'र पीयौ आणंद उपजाय।—भगतमाळ

पर्या०—काळकूट, कुटक, गर, गरळ, गाळ, जहर, तीखण, वखम, विरसन, मार, मारण, रस, रससार, विख, संसार, हळाहळ, हाळाहळ।

मुहा०—१ जैं'र उगळणौ—किसी के विरुद्ध द्वेषपूर्ण बात कहना। मर्म की बात कहना। जली-कटी सुनाना. २ जैं'र खाणौ—दुःख, ईर्ष्या, लज्जा किसी बात या आदमी के कारण ग्लानि से आत्म-हत्या पर उतारू होना. ३ जैं'र दैणौ—किसी के प्राण हरने के निमित्त जहर खिला देना. ४ जैं'र री गांठ, जैं'र री पोटळी—वह जो अनेक प्रकार के उपद्रव और अपकार आदि करता हो। खराबी पैदा करने वाला, लड़ाई का मूल. ५ जैं'र रौ कांई थोड़ौ—विष का क्या कम। विष तो कम भी भयंकर ही होता है। दुष्ट का क्या छोटा. ६ जैं'र रौ घूंट स्वाद रहित या अत्यधिक कड़ुआ, जो खाने योग्य नहीं हो. ७ जैं'र रौ घूंट पीणौ—किसी अप्रिय या अनुचित बात को देख कर मन में उठने वाले आवेश को दबाये रखना। क्रोध प्रकट नहीं करना। मि०—गम खाणी।

८ जैं'र रौ बुझायोड़ौ—वह जो बहुत अधिक उत्पात् या अनिष्ट करता हो। विषाक्त किया हुआ तेज धार वाला हथियार. ९ जैं'र सूं जैंर डटणौ—जहर से जहर दबता है। दुष्ट के साथ दुष्टता का ही बर्ताव करने से वह दबता है। दुष्ट के साथ यदि नरमी का वर्ताव किया जायगा तो वह अपनी दुष्टता अधिक दिखायेगा।

२ अत्यधिक अनुचित या अप्रिय कार्य, जो बहुत ही नागवार हो।

मुहा०—१ जैं'र करणौ—असह्य कर देना। अप्रिय बना देना.
२ जैं'र मिळाणौ—किसी बात का असह्य या अप्रिय कर देना.
३ जैं'र लागणौ—चित्त को बहुत खराब प्रतीत होना, बहुत अप्रिय लगना। नागवार महसूस होना।

रू०भे०—जैंहर।

जैं'रबाद—देखो 'जहरबाद' (रू.भे.)

जैं'रवाय—देखो 'जहरवायु' (रू.भे.)

जैं'रमो'रौ–सं०पु० [फा० जहरमुहरा] १ काले रंग का एक प्रकार का पत्थर जो सर्पादि का विष शरीर से खींचने की कथित शक्ति रखता है. २ हरे रंग का एक प्रकार का पत्थर जो औषध रूप से प्रयोग किया जाता है। जहरमोहरा

रू०भे०—जैं'रीमो'रौ।

जैं'रवाय—देखो 'जहरवायु' (रू.भे.)

जैं'री–वि० [फा० ज़ह्र+रा.प्र.ई] विषयुक्त, विषैला, जहरी।

उ०—सुख सूं सूती थी परिजा सुखियारी, दुसटी आतां ही करदी दुखियारी। जग में ऊसरियौ खापरियौ जैं'री। वाल्हा बीछोडण वापरियौ वैरी।—ऊ.का.

रू०भे०—जैहरी।

जैं'रीमो'रौ—देखो 'जैं'रमो'रौ' (रू.भे.)

जैरीलौ—देखो 'जैं'री' (अल्पा., रू.भे.)

जैळी—देखो 'जेळी' (रू.भे.)

जैवंत–सं०पु०—राठौड़ों की मुख्य तेरह शाखाओं में से एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

वि०—जीतने वाला, विजयी। उ०—दिग्रंण दांन मांन दातार अमर नांम दार ऊदार। सगह सूर धीर सांमंत, विगळ जोतिवंत जैवंत।—ल.पिं.

जैसड़ो, जैसो—देखो 'जेहड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० जैसड़ी, जैसी)

जैसळ-सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।
वि०—जैसलमेर का, जैसलमेर सम्बन्धी।

जैसळगर—देखो 'जैसलमेर' (रू.भे.)

जैसळगरो—देखो 'जैसलमेरो' (रू.भे.)

जैसळगिर—देखो 'जैसलमेर' (रू.भे.) उ०—तोड़ै खगि तुरकांण, रिण पड़ि ऊजड़ियो 'रचो'। भाटी भला भवाड़िया, जैसळगिर जोधांण।

जैसळगिरो—देखो 'जैसलमेरो' (रू.भे.) उ०—'गोइंद' पेखि जैसळगिरो, बाघ बीसमो बीरवर। रिण वार रांण 'अमरेस' रा, कुरंगां जिम भागा कुंअर।—गु.रू.बं.

जैसळमेर-सं०पु० [सं० जयसल+नगर] जयसल नामक भाटी वंश के राजा ने विक्रमी संवत् १२१२ श्रावण शुक्ला १२ को किले की नींव डाली और उसके पास एक नगर बसाया जिसका नाम जैसलमेर पड़ा और इसी नगर के कारण समूचे राज्य का नाम जैसलमेर पड़ा।
रू०भे०—जेजळमेर, जैसलगर, जैसलगिर, जेसांण, जेसांणो, जैसांण, जैसांणो।

जैसळमेरो-वि०—जैसलमेर का, जैसलमेर सम्बन्धी।
उ०—सिंभूनाथ कह्यो सो वेरां, भला हुवै तेरा अणभंग। मिळियो माल सुमेरां माफिक, यो जैसळमेरो उतमंग।
—दुरजनसाळ भाटी री गीत
रू०भे०—जैसलगरो, जैसलगिरो।

जैसांण, जैसांणो—देखो 'जैसलमेर' (रू.भे.) उ०—१ जैसांण लूटियो दे जुहार, बीकांण लूटियो पांच वार। रूपांण भरै डंड खिमे रेस, नागांण करै सेवा नरेस।—वि.सं.
उ०—२ माड-धर बीचमें महोछिव मंडांण, दांन सूं अदेवां हिया दहतां। 'चूंड' हर अनड़ जैसांण चंवरी चढ़ै, बीदगां चढ़ाया गजां वहतां।—द.दा.
उ०—३ गढ़ जैसांणै बीकपुर, कै सीरोही पार। जग मैं भूपत थांन रो, बुध अनुमांन विचार।—रा.रू.

जैसा-सं०स्त्री०—भाटी वंश की एक शाखा।
रू०भे०—जेसा, जेहा, जैहा।

जैसो-वि० (स्त्री० जैसी) जैसा। उ०—अर जोधपुर जैसो राज वडेरां री बांधियो पातसाही खालसै रहतो दीसै है।—द.दा.
सं०पु०—भाटी वंश की जैसा शाखा का व्यक्ति।
रू०भे०—जेसो।

जैसो-रांणो-सं०पु०—एक मारवाड़ी लोकगीत।

जैहर—१ देखो 'जै'र' (रू.भे.) (अ.मा.)
सं०पु०—२ सांप (अ.मा.)

जैहरी—देखो 'जै'री' (रू.भे.)

जैहा—देखो 'जैसा' (रू.भे.)

जैहो—देखो 'जेहो' (रू.भे.)

जों-वि०—ज्यों, समान।

जोंईडी-सं०स्त्री०—यूका का बच्चा।

जोंज, जोंट-सं०पु०—शमी वृक्ष या इसका पका फलीनुमा फल।
(रू.भे. जांट) (मि० खोखो)

जो-सं०पु०—जौ।
सर्व० [सं० यः] वह सम्बन्ध वाचक सर्वनाम जिसके द्वारा कही हुई संज्ञा के वर्णन में कुछ और वर्णन की योजना की जाय।
क्रि०वि [सं० यतः, प्रा० जओ, अप० जओ] यदि, अगर।
उ०—१ वळिबंधण मूफ स्याळ सिंघ बळि, प्रासै जो बीजौ परणै। कपिल धेनु दिन पात्र कसाई, तुळसी करि चांडाळ तणो।—वेलि.
उ०—२ आज आगन्या आपो जो, मुहने हस्तनापोर जाऊं धाई। गदा तणे प्रहार, मारूं साथे सोए भाई।—नळाख्यांन
रू०भे०—जु।

जोअ—देखो 'जोग' (जैन)

जोअण—देखो 'जोजन' (रू.भे.) उ०—सिंधु परइ सत जोअणे, खिवियां बीजळियांह। सुरहउ लोद्र महक्कियां, भीनी ठोवड़ियांह।—ढो.मा.

जोअणो, जोअवो—देखो 'जोवणो, जोववो' (रू.भे.)

जोइ-सं०स्त्री० [सं० ज्योतिः] १ अग्नि (जैन) २ ज्योति, प्रकाश। (जैन)
[सं० जोपित्] ३ स्त्री, महिला. ४ देखो 'जो' (रू.भे.)
उ०—जोइ जळद पटळ दळ सांवळ ऊजळ, धुरै नीसांण सोइ घण-घोर। प्रोळि-प्रोळि तोरण परठीजै, मंडै किरि तंडव गिरि मोर।
—वेलि.
रू०भे०—जोई।

जोइजणो, जोइजवो-क्रि०अ०—आवश्यक होना, जरूरी होना।
उ०—पातसाह सीख दी तरै राठोड़ प्रिथीराज नुं महेसजी मिळिया ही नहीं जांणियो खेरवो दियो जोइजसी।—राव चंद्रसेन री वात

जोइजै—देखो 'जोईजै' (रू.भे.)

जोइठांण-सं०पु० [सं० ज्योतिः स्थान] अग्नि-स्थान, अग्नि-कुण्ड (जैन)
रू०भे०—जोईठांण।

जोइण-सं०स्त्री०—१ जोशी की स्त्री. २ देखो 'जोजन' (रू.भे.)
उ०—१ काछी करह वियूंभिया, घड़ियउ जोइण जाइ। हरणाखी जउ हसि कहइ, आंखिसि एथि विसाइ।—ढो.मा.
उ०—२ लांबउ पिहुतउ इक लख जोइण नै विस्तार।—ध.व.ग्रं.
रू०भे०—जोइन।

जोइणि, जोइणी—देखो 'जोगणी' (रू.भे.) उ०—उज्जेणि वक्कु जोइणि तणउं, जिणि पडि वोहउ भांग वलि। जिणदत्त सूरि पहु सुरगुरवि, हुयउ न होइ सइ इत्थु कलि।—ऐ.जै.का.सं.

जोइणो, जोइवो-क्रि०स०—देखो 'जोवणो, जोववो' (रू.भे.)
उ०—तठा उपरांति करि नै राजांन सिनामति गढ़ कोट चौफेर कांगुरा लागा थका विराजै छै। जांणै आकास लोग गिलण नूं दांत

किया छै · ऊंची निजरि करि जोइजै तौ माथा री मुगट खड़हड़ै ।
—रा.सा.सं.

जोइन—देखो 'जोइग' (रू.भे.) उ०—आंखि निमांणी क्या करइ, कउवा लवइ निलज्ज । सउ जोइन साहिब वसइ, सो किम आवइ अज्ज ।—ढो.मा.

जोइय-वि० [सं० योजित] जोता हुआ (जैन)

जोइयइ—देखो 'जोइजै' (रू.भे., जैन) उ०—कल्प व्रक्ष समउ प्रभु कहियइ, जो जोइयइ ते जाचउ ।—स.कु.

जोइयणौ, जोइयबौ—देखो 'जोवणौ जोवबौ' (रू.भे.)
उ०—झावकि पइठी झालि, सुंदरि कांइ न सळसळइ । वोलइ नहीं ज वाळ, घण धंधूणी जोइयउ ।—ढो.मा.

जोइयांणी-सं०स्त्री०—जोइया वंश की कन्या । उ०—राजा प्रथीराज चहुंवांण री वैर सुहबदे जोइयांणी रूसणै बाप रै घरै हुती ।—नैणसी

जोइया-सं०स्त्री०—प्राचीन काल की एक क्षत्रिय जाति या वंश विशेष जो उत्तर पश्चिम भारत में रहती थी । इसका उल्लेख पांणिनी ने भी अपनी व्याकरण में किया है । उ०—वीरमजी जोइयां सूं झगड़ौ कर कांम आया जोइयावाटी में ।—बां.दा.ख्यात
रू०भे०—जोइया ।

जोइयावाटी, जोइयावार-सं०स्त्री०—सतलज नदी व वहावलपुर के समीप राजस्थान के जोहियावंशी क्षत्रियों का निवास-स्थान ।
उ०—वीरमजी जोइयां सूं झगड़ौ कर कांम आया जोइयावाटी में ।
—बां.दा.ख्यात

जोइयोड़ौ—देखो 'जोवियाड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० जोइयोड़ी)

जोइसंग-सं०पु० [सं० ज्योतिषांग] ज्योतिषांग (जैन)

जोइसंगविउ-सं०पु० [सं० ज्योतिः शास्त्रांग विद्] ज्योतिषांग के वेत्ता, ज्ञाता (जैन)

जोइस-सं०पु० [सं० ज्योतिष्क] १ ज्योतिषी (जैन) २ ज्योतिषीदेव जो इस पृथ्वी से ७९० योजन ऊपर की ओर रहते हैं (जैन)

जोइसम-वि० [सं० ज्योतिः सम] अग्नि के समान (जैन)

जोइसवंत-वि०—ज्योतिषवान । उ०—जोइसवंतर प्रतिमा सासती, असंख्यात वळि जेहोजी । पाय कमळ तेह ना नित प्रणमियइ, सोवन वरण सुदेहोजी ।—स.कु.

जोइसालय-सं०पु० [सं० ज्योतिषालय] ज्योतिषी-देवों का आलय (जैन)

जोइसी—देखो 'ज्योतिसी' (रू.भे.) उ०—त्रिकाळदरस्सी जोइसी, कहै एम आगम कहा । असमांन उपद्रह थाइसै, उठी आग पांणी महा ।
—गु.रू.बं.

जोई—देखो 'जोड़' (रू.भे.)

जोईजणौ, जोईजबौ-क्रि०अ०—जरूरत पड़ना, आवश्यक होना ।
उ०—सिवांणी राजाजी हीज तोड़ियौ हुतौ परिण मुंहतौ 'पतौ' मुंहतै नूं ऊपरि जिका वस्तु जोईजती सु पहुचाड़तौ तिण वास्तै गांव टूटौ नहीं ।—द.वि.

जोईजै-अव्य०—उचित है, उपयुक्त है, मुनासिब है, चाहिए ।
उ०—१ तरै रांणकदे कह्यौ, माता ! अबै थेट आज दिन ऊगतां पहली जाळोर पोहतौ जोईजै ।—वीरमदे सोनगरा री वात
उ०—२ इतरै कांठळ ऊठी एकै पाखती, कागल्या नांखती, दीठौ जोईजै घटा रौ वणाव, इसौ ही तिणमैं इंद्र धनुख रौ तणाव ।
—र. हमीर
रू०भे०—जोइजै, जोयजै, जोयीजै ।

जोईठांण—देखो 'जोइठांण' (रू.भे., जैन)

जोईया—देखो 'जोइया' (रू.भे.)

जोईसी-सं०पु० [सं० ज्योतिषी] ज्योतिषी । उ०—१ सूदन कहै रूड़ा जोईसी । बाचइ पतड़ौ बोलइ छइ सांच ।—बी.दे.
उ०—२ घड़ि मंडि घड़ियाल जोइ जोतक जोईसी ।—गु.रू.बं.

जोक— देखो 'जळोक' (रू.भे.)

जोकर—देखो 'जोखर' (रू.भे.)

जोकिणी—देखो 'जोगणी' (रू.भे.)

जोख-सं०स्त्री० [सं० योषा] १ स्त्री, महिला । उ०—जोवत जोख जमाव, घणूं नूत भेद घणैं । क्रीड़ति जांणि किसन्न, व्रंदावन रास वणै ।—सू.प्र.
२ देखो 'जळोक' (रू.भे.) उ०—(थे) राजवियां री धीह, (म्हे) पांणी मां'ला काछवा । जोख न तातौ जीह, पर घर वासौ नी लियां ।—रसराज
३ इच्छा, अभिलाषा, ख्वाहिश । उ०—जणां खीवसीजी वीठू नूं बुलाय कै कही जे कुंवर जाय समझाय जे थारै विवाह तौ घणा ही हुवा फेर ही जोख छै तौ सखरी जायगां देख एक दोय और कर लैं ।
—कुंवरसी सांखला री वारता
४ रुचि. ५ शौक ।
[सं० युष = सेवायां] ६ खुशी, मौज, आनन्द, हर्ष ।
उ०—१ नवलापुरी पुरी इंद्र नोखां । जोए बाग नदी जळ जोखां ।
—सू.प्र.
उ०—२ जोधार चढ़ै बहु वळै जाय । पोह तेज देख सो लगय पाय । नीसांण घोख कर अमल नोख । जोधांण करै आथांण जोख ।—वि.स.
उ०—३ आखेट भेळा रमै अधपत, जोख सूं दिन जाय । गायणी जांघड़ गावतां इण, रीत गोखां आय ।—पा.प्र.
७ वैभव, ऐश्वर्य. ८ (तोलने) जोखने का कार्य या भाव. ९ वजन, तोल. १० तोलने का बाट. ११ दावत. १२ क्रीड़ा (कांम-किलोल)
उ०—मन हुय खुसी सुरगपुर मोल्ही, जोखां की निस दीह जठै । सोळंखणी सती हुय स्रग में, आई खांमद कनै उठै ।
—महेसदास कूंपावत रौ गीत
सं०पु०—१३ जेवर । उ०—जगपुड़ जगा पाखरां जंगम, रमहर माथै घात रहै । रुकमां जोख जोखियां रांणा, पड़िया जोखै दिली पहै ।—महारांणा स्री जगतसिंह (वडा) रौ गीत

१४ भय. डर। उ०—दूज्दा देव पवांण सिद्ध-गण सांमा मिळसी, बांगा भीसम जोख विचरता दूर विचरसी। नमजो चवळ हेत हिये में पादर पांणो। रंतीदे भूकंत जिगन री कीरत जांणो।—मेघ.

रू०भे०—जख्म, जोख।

जोखणो, जोखबो—क्रि०स०—१ वजन करना, तोलना।

उ०—१ बांणिये टकै री गुळ जोख्यो।—वांणी

उ०—२ जगगुर 'जगा' पागरां जंगम, रमहर मार्थे घात रहै। दकमां जोख जोखियां रांणा, पड़िया जोखे दिली पहै।

—महारांणा श्री जगतसिंह (बडा) री गीत

२ भयभीत करना, आतंकित करना। उ०—वारण घड़ हेक तणी वधूसै, वारण हेके ले विमळ वमळ। जोखिया भला रांण जग जेठी, दहू पतसाहां तणा बळ।—महारांणा सांगा री गीत

जोखणहार, हारो (हारी), जोखणियो—वि०।

जोखवाड़णो, जोखवाड़बो, जोखवाणो, जोखवाबो, जोखवावणो, जोखवावबो, जोखाड़णो, जोखाड़बो, जोखाणो, जोखाबो, जोखावणो, जोखावबो—प्रे०रू०।

जोखिम्रोड़ो, जोखियोड़ो, जोख्योड़ो—भू०का०कृ०।

जोखीजणो, जोखीजबो—कर्म वा०।

जोखत, जोखता—सं०स्त्री० [सं० योषित्, योषिता] १ औरत, स्त्री। उ०—तुरियै भव तारिया, छांन छींपै घर छाई। जोखता जैदेव री, जगत जांणै जीवाई।—ग्रलूनाथ

२ वेश्या, गणिका। उ०—साध सराहै सो सती, जती जोखता जांण। रज्जब सच्चै सूर का, वैरी करत बखांण।—रज्जब

जोखम—सं०स्त्री०—१ वह मूल्यवान पदार्थ या धन-दौलत जिसके कारण चोर-डाकुओं द्वारा भारी विपत्ति आने की सम्भावना हो।

मुहा०—१ जोखम उठाणी, जोखम सहणी—ऐसा कार्य जिसमें भारी नुकसान या खतरे की आशंका हो. २ जोखम में पड़णो—किसी आपत्ति में फँसना। संकट में उलझ जाना।

२ आपत्ति, संकट। उ०—१ अरजण वांण जिसो आखाड़ै, गज खग झाड़ै गीत गवाड़ै। 'अखो' 'रिदावत' रावत एहो, जोखम विरियां भीखम जेहो।—रा.रू. उ०—२ हरखीयो रिख मन मांह आणंद हुओ। जीव जांमण मरण कीध जोखम जुओ।—रुकमणी हरण

३ खतरा, भय, डर। उ०—१ तद मां भीतर बुलाय कही बेटा इण घर विवाह क्यूं करो जिण में जीव नूं जोखम हुवै सो क्यूं करै।

—कूंवरसी सांखला री वारता

उ०—२ खावै जहर अमल पण खावै, करक मसांणां मढ़ी करै। जीवै नर जतरै नह जोखम, मरण तणै दिन अवस मरै।—अज्ञात

४ उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी। उ०—लाखां नै हजारां तणी रे! जोखम लेले तो मोल। तेहिज निरधन हो गया रे। प्रांणी फिरता डावाडोल।—जयवांणी

जोखमणो, जोखमबो—क्रि०अ०—वीर गति को प्राप्त होना, मृत्यु को प्राप्त होना, मरना। उ०—भिड़िया तिकै मुंवा काइ भमिया। जट लोहांण खत्री जोखमिया। जुड़ि गज खेत पड़ै बोह जिसड़ा। इकसठ समर जीविया इसड़ा।—सू.प्र.

जोखमिणो, जोखमिबो—क्रि०अ०—१ टूटना. २ भागना. ३ मरना।

जोखमियोड़ो—भू०का०कृ०—१ मरा हुआ. २ टूटा हुआ. ३ भागा हुआ। (स्त्री० जोखमियोड़ी)

जोखमी—वि० वह पदार्थ जिसके कारण किसी आपत्ति के आने की सम्भावना हो।

जोखसोख—सं०पु०—१ वैभव, ऐश्वर्य. २ धन-दौलत. ३ विषय-विलास।

जोखहारी, जोखर—सं०पु०—१ आमोद-प्रमोद का कार्य करने वाला.

२ अपनी वेश-भूषा और विशेष बनावट से दूसरों को हँसाने वाला.

३ योद्धा। उ०—क़ायर जमि जोखर कड़क, लाभ जुड़घां बिण लेह। अज रीमां थाव र अहर, टिक कतरा टाळेह।—रेवतसिंह भाटी

४ हानि पहुँचाने वाला, शत्रु।

रू०भे०—जोकर, जोखाहर।

जोखा—सं०स्त्री० [सं० योषा] स्त्री, नारी, महिला (ह.नां., अ.मा.)

जोखाई—सं०स्त्री०—तोलने जोखने का कार्य या इस कार्य की मजदूरी।

जोखारा—सं०स्त्री०—चूसने वाली स्त्री, वेश्या।

जोखाहर—देखो 'जोखहारी' (रू.भे.)

जोखित, जोखिता—देखो 'जोखत, जोखता' (रू.भे.) (ह.नां., अ.मा.)

जोखिया—सं०पु० (ब.व.) आनन्द, मौज। उ०—हमैं थे बैठा जोखिया करो।—जलाल बूबना री बात

जोखियोड़ो—भू०का०कृ०—१ वजन किया हुआ. २ भयभीत किया हुआ, आतंकित किया हुआ। (स्त्री० जोखियोड़ी)

जोखो—सं०पु०—१ हानि, क्षति। उ०—१ जोखो दांतां तणो न जांणै। दांतां भिडणांणा देसोत।—द.दा.

उ०—२ अर कारी की सु ईम चींतवि अर की हुती जु जीव रै जोखै लग अटकळी हुती, का घर बार हुंती रहै। पणि केसवराय जे मारै नहीं तौ किम ही ज मारीजै नहीं।—द.वि.

२ खतरा, भय। उ०—कुहाड़ा मार जिहाज वटका करै, धरि सारां घरै मेट धोखो। करां खग तोल मुख बोल कहियो 'करण', जितै ऊभो डरै नहीं जोखो।—द.दा.

क्रि०प्र०—आणो, पड़णो।

३ जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व। उ०—दूद-कुळ-आभरण धुहड़हर दाखवै, धीर मंड डरै मत करै धोखो। प्रिथी पर माहरो सीस पड़ियां पछै, जांणजै ताहरै सीस जोखो।

—राठौड़ जैमल वीरमदेवोत री गीत

क्रि०प्र०—होणो।

४ क्षत, पीड़ा। उ०—पछै आंख्यां कची पड़ गई, ओखध घणो कीधो तिण सूं आंख्यां में जोखो थयो।—भि.द्र.

५ कष्ट, दुःख, संताप। उ०—हाय रे हाय फूटो हियो, जतन न दीसै

जेण रौ। मर जाय जदे जोखौ मिटै, श्रौ घोकौ है ऐण रौ।—ऊ.का.

६ वह धन जिसके पास रहने से चोर डाकुओं द्वारा लूटने का भय रहे, वह वस्तु जिसको शत्रु लेने के लिये उत्सुक या कटिवद्ध हों।

उ०—'सोनग' धोकौ संभरै, सुण जोखौ निज साथ। दाह मिटी राजी थयौ, श्रौरंग साह समाथ।—रा.रू.

क्रि०प्र०—दैणौ, लैणौ।

७ श्रमानत। उ०—पहलौ दुख हाथ में होकौ। दूजौ दुख परायौ जोखौ।—श्रज्ञात

८ श्राशंका। उ०—हाथी-हाथ फारगती करी, कुण जोखौ राखै? मूंडै-मूंड कह्यौ—'गायां तौ ऊछरगी नै पोठा लारै छोडगी।—वांणी

क्रि०प्र०—पड़णौ, राखणौ।

९ श्रापत्ति, विपदा, संकट। उ०—रोळौ देख टळौ मत रावत, दुजड़ां भड़ां भिकोळौ देह। जतन कियां उपजै तन जोखौ, लै लै कियां न डाकण लेह।

मुहा०—१ जोखै में पड़णौ— किसी श्रापत्ति में फँसना, विपदा में पड़ना. २ जोखौ मोल लैणौ—जान-बूझ कर या मूर्खता के कारण किसी संकट में फंस जाना।

१० हिसाव, लेखा।

क्रि०प्र०—करणौ।

११ धन-दौलत, माल-मिल्कियत।

जोगंगी–सं०पु० [सं० योगांगी] योगाभ्यास का पूर्ण जानकार।

रू०भे०—जागंगी।

जोगंद, जोगंद्र–सं०पु० [सं० योगेन्द्र] १ देखो 'जोगेन्द्र' (रू.भे.)

उ०—पाळ री पीठ जोगंद्र पीर। वींटियौ सांवळां हूंत वीर।—पा.प्र.

जोगंधर–सं०पु० [सं० योगंधर] शत्रु के चलाये हुए अस्त्र से अपना बचाव करने की एक युक्ति।

जोग–सं०पु० [सं० योग] १ अवसर, मौका। उ०—पिता ताहरौ माहरौ साच पायौ। इसौ पावसी तूंज श्रौ जोग श्रायौ।—सू.प्र.

२ समय, वक्त। उ०—पोळ खुलण रौ दीखै नांही जोग ऐ, जी वौ भँवरजी वौ, कोई पोळचां में सूत्यौ पूत कलाळ, ए जी म्हारा राज।
—लो.गी.

३ शिव, महादेव (डि.नां.मा.) ४ चन्द्रमा, चांद (श्र.मा.)

५ गणित में दो या अधिक राशियों का जोड़. ६ संयोग, मेल-मिलाप. ७ उपाय, युक्ति. ८ श्रौषधि, दवा. ९ शुभ काल, अच्छा समय. १० ध्यान, तप, वैराग्य। उ०—वदै इम ईसर सव्व-वियाप, जुवौ जिण थाय अजप्पा-जाप। अजप्पा-जाप तणौ तूं ईस, अजप्पा तोरा जोग अधीस।—ह.र.

११ मुक्ति या मोक्ष का उपाय, जीवात्मा का परमात्मा में जाकर मिलने का उपाय।

१२ प्रेम। उ०—देखी जूंणां दोय, नार पुरख भेळा निपट। कहसी वातां कोय, जोग तणी जी जेठवा।—जेठवा

१३ योगाभ्यास, योग साधना। उ०—पदमासण श्रासण जोग पूर, क्रोध में हुतासण तप करूर। जोग में धुनी चढ़ छोह जंग, उनमनी मुद्रा निरवोह अंग।—वि.सं.

१४ चित्त को एकाग्र कर के ईश्वर में लीन करने का एक विधान जो छः दर्शनों में से एक है. '१५ दर्शनकार पतंजलि के अनुसार चित्त को केवल एक ही वस्तु में स्थिर रखना, मन को इधर-उधर भटकने या चंचल होने से रोकना।

उ०—पदमासण श्रासण जोग पूर, क्रोध में हुतासण तप करूर। जोग में धुनी चढ़ छोह जंग, उनमनी मुद्रा निरवोह अंग।—वि.सं.

यौ०—जोगश्रठंग, जोगश्रधीस, जोगधाता, जोगनिधांन, जोगपंथ, जोगपति, जोगपारंगत, जोगपीठ, जोगवळ, जोगभ्रस्ट।

१६ संगति. १७ धोखा, छल. १८ धन-दौलत. १९ सांम, दाम, दंड, भेद के चारों उपाय. २० वशीकरण का उपाय. २१ लाभ, फायदा. २२ सुभीता. २३ भजन करने की विधि. २४ सम्बन्ध. २५ ताड-घात. २६ लेख, प्रारब्ध। उ०—भाग लिख्योड़ा भोग, भला बुरा सब भोगणा। झूठा हुवै न जोग, चतुराणण रा चकरिया।
—मोहनराज साह

२७ सन्यास। उ०—मगसिर मासि गांमातरै, मगसिर हुवा लोग। हुं पिण छोडी मगसिर नीं. हिवै लेस्युं जोग।—ध.व.ग्रं.

मुहा०—१ जोग उतारणौ—सन्यास छोड़ कर गृहस्थ जीवन अपनाना. २ जोग लेणौ—सन्यास लेना।

[सं० युजिर = योगे] २८ श्राज्ञा (ह.नां.) २९ सूर्य श्रौर चन्द्र के राशि, श्रंश, कला श्रौर विकला के योग के तेरह श्रंश बीस कला के प्रत्येक विभाग के काल का मान जो सूर्य श्रौर चन्द्र की गति-भेद के कारण कम से कम बीस घंटे श्रौर अधिक से अधिक पच्चीस घंटे का होता है, यही पंचांग के पांच श्रंगों में से चतुर्थ श्रंग है। इसके सत्ताइस भेद होते हैं—१ विषकुम्भ, २ प्रीति, ३ श्रायुष्मान्, ४ सौभाग्य, ५ शोभन, ६ अतिगण्ड, ७ सुकर्मा, ८ धृति, ९ शूल, १० गण्ड, ११ वृद्धि, १२ ध्रुव, १३ व्याघात, १४ हर्षण, १५ वज्र, १६ सिद्धि, १७ व्यतिपात, १८ वरियाण, १९ परिघ, २० शिव, २१ सिद्धि, २२ साध्य, २३ शुभ, २४ शुक्ल, २५ ब्रह्म, २६ ऐन्द्र, २७ वैधृति।

३० फलित ज्योतिष के अनुसार तिथि, वार श्रौर नक्षत्र के सम्बन्ध से बनने वाला समय विशेष जो चार प्रकार का होता है—(क) तिथि व वार सम्बन्धी—इसके पांच भेद होते हैं—१ सिद्धिदा तिथि, २ दग्ध योग, ३ मृतदा तिथि, ४ कर्कच श्रौर ५ हुताशण।

(ख) वार व नक्षत्र सम्बन्धी—इसके अठाइस भेद होते हैं—१ श्रानन्द, २ कालदण्ड, ३ धुम्राक्ष, ४ प्रजापति, ५ सौम्य, ६ ध्वांक्ष, ७ ध्वज, ८ श्रीवत्स, ९ वज्र, १० मुद्गर, ११ छत्र, १२ मित्र, १३ मानस, १४ पद्म, १५ लुम्बेक, १६ उत्पात, १७ मृत्यु, १८ काण, १९ सिद्धि, २० शुभ, २१ अमृत, २२ मूसल,

२३ गद, २४ मातंग, २५ राक्षस, २६ चर, २७ स्थिर और २८ वर्द्धमान।

इनके अतिरिक्त निम्न ६ भेद और हैं—१ अमृतसिद्धि, २ सर्वार्थ सिद्धि, ३ दग्ध, ४ यमघंट, ५ यमदंष्ट्रा और ६ वज्रमूसला।

(ग) तिथि व नक्षत्र सम्बन्धी—इसके तीन भेद होते हैं— १ कालमुखी, २ ज्वालामुखी और ३ तिथि नक्षत्र दोष।

(घ) तिथि, वार व नक्षत्र सम्बन्धी—इसके चार भेद होते हैं— १ राज योग, २ कुमार योग, ३ स्थिर योग और ४ हलाहल, (विष योग)।

सं०स्त्री० [सं० योगिनी] ३१ पँवारवंशोत्पन्न एक देवी।

वि०—१ योग्य, काबिल, लायक। उ०—जीव दांन देवहु इन्हें, मरण जोग ये नांहि। संकर भोळानाथ मैं, करूं विनय तुम पांहि। —जलाल बूबना री वात

२ उचित, योग्य। उ०—सू मोयलां वदळे तैं म्हां ऊपर तरवार बांधी, सु आ वात तनै जोग नहीं।—द.दा.

रू०भे०—जोगि।

जोग-ग्रठंग—देखो 'ग्रस्टांग जोग' (रू.भे.) उ०—कोटिक जोग-ग्रठंग सधौ, अरु कोटि तपौ तप नेम घराबर। ये 'किसना' सुपने न कहूं, यक स्री रघुनायक नांम बराबर।—र.ज.प्र.

जोगग्रधीस-सं०पु० [सं० योग+अधीश] योगाधीश, ब्रह्मा।

उ०—उदोत-तपोनिध ग्रंगुण-ईस, अजीत-जरा-ग्रत जोग-ग्रधीस। विसम्र बिमोह-विसव्व बिग्यांन, रती-पति-तात प्रकत्त-राजांन।—ह.र.

जोगखेम-सं०पु० [सं० योगक्षेम] अप्राप्त की प्राप्ति और प्राप्त की रक्षा (जैन)

जोगजोगी-सं०पु० [सं० योगयोगिन्] योगासन पर बैठा हुआ योगी।

जोगटी—देखो 'जोगणी' (अल्पा., रू.भे.)

जोगड़ौ, जोगटौ—देखो 'जोगी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—१ जटाजूट जोगी जबर है, जूनौ जिणरौ जोगड़ौ। इळा पिंगळा जड़ांपियांळां, भल मरु फरजन फोगड़ौ।—दसदेव

उ०—२ जटा कनफटा जोगटा, खाखी पर-धन खावणा। मरुधर में कोढ़ां मिनख, करसा एक कमावणा।—ऊ.का.

उ०—३ दुख थारै 'पेमा' उरै, मन रो भ्रम मोटोह। जांण्यो तोनूं जोगटा, 'बूडा' रो बेटोह।—पा.प्र.

(स्त्री० जोगडी, जोगटी)

जोगण—१ देखो 'जोगणी' (रू.भे., हिं.को.) उ०—१ जमला मैं जोगण भई, पैरै म्रग की खाल। बन बन सारो ढूंढ़ियो, फरत जमाल जमाल।—रसराज उ०—२ वीर नाच रहिया छै। जोगण डाक बजावै छै। खप्पर भरै छै।—सूरै खींवै कांधळोत री वात

उ०—३ घर अंबर रज डंबर अंधारां। जोगण करि चवसठि जैकारां।—सू.प्र. उ०—४ यो गहणौ यो वेस अब, कीजै धारण कंत। हूं जोगण किण कांम री, चूड़ा खरच मिटंत।—वी.स.

उ०—५ भूरै रे भ्रिगनैणी भूलर, मेह तणी परि मोरां। जोगण पीठ दियां सहजादी, घूमरि ऊपरि घोरां।—अमरसिंह राठौड़ री गीत

२ ज्वार की फसल का एक रोग विशेष जिससे ज्वार के भुट्टों पर जटा के समान बाल वाला पदार्थ निकलता है और दानों के स्थान पर राख निकलती है।

जोगणपुर, जोगणपुरी-सं०स्त्री० [सं० योगिनीपुर, पुरी] दिल्ली का नाम।

उ०—१ तांतळिया तुरंगम खड़ खग लीना, जुड़वा रथ जोगणपुर जाय। असपत राव तणा दळ आया, तिलोकसी न वीसरै ताय। —नैणसी

उ०—२ जोगणपुर लाहोर थटो, भक्खर मुळतांणाह।—गु.रू.बं.

उ०—३ जोगणपुरी मयण तण जोवण। वर प्रापत गहि पूरत वेस। परणें जिकी चढ़ी तें परणण। नव खंड हिंदू तुरक नरेस। —राठौड़ रतनसिंह ऊदावत री वेलि

उ०—४ धुकै आरांण असमांण नीसांण धुबै, ढहे मोहतांण मुगळांण ढेरी। जोड़ियां पांण सज डांण जोगणपुरी, फौज दखणांण पछमांण फेरी।—जोगीदास चांपावत री गीत

रू०भे०—जोगणिपुर, जोगणीनगर, जोगणीनग्गर, जोगणीपीठ, जोगणीपुर, जोगिणपुर, जोगिणिपुर, जोगिणीपीठ, जोगिणीपीठि, जोगिणीपुर।

अल्पा०—जोगणपुरी, जोगिणीपुरी।

जोगणपुरौ-सं०पु०—१ बादशाह। उ०—महादुरग अजमेर, सूर जीतौ रिण चाचर। जळियो जोगणपुरौ, वाइ जांणें वैसन्नर।—गु.रू.बं.

२ दिल्ली का निवासी. ३ मुसलमान, यवन।

उ०—१ गाजै बांण आरहट गोळां, धोळै दन साबळां धमोड़। गोपाळोत ऊपरै गुड़िया, जोगणपुरां तणा गळजोड़। —वीठळ गोपाळदासोत री गीत

उ०—२ पेखण कळह कमंध परणावण, लिखिया रुद्र नारद लगन। जोगणपुरा मांडही जांनी, जोगणपुर मंडियो जगन।—किसनो आढ़ो

४ चौहान राजपूत. ५ देखो 'जोगणपुर' (अल्पा., रू.भे.)

रू०भे०—जोगिणपुरौ, जोगिणीपुरौ।

जोगणि—देखो 'जोगणी' (रू.भे.)

जोगणिपुर—देखो 'जोगणपुर' (रू.भे.) उ०—केक दीह मझि कमंध, 'अभो' जोगणिपुर आए। दळ वगसी र दिवांण, जाय अरजां गुजराए।—सू.प्र.

जोगणिपुरी—देखो 'जोगणपुरी' (रू.भे.) उ०—फुरमास सुपारिस मोकळी, दिढ़ राजा दळ थंभ तूं। जागीर दीध जोगणिपुरै, कणियागिर साचोर सूं।—गु.रू.वं.

जोगणी-सं०स्त्री० [सं० योगिनी] १ देवी, शक्ति, योगमाया।

उ०—१ देवी माळणी जोगणी मत्त मेघा, देवी वेधणी सूर असुरां उवेघा। देवी कांमही लोचना हांम कामां, देवी वासनी मेर माहेस वांमा।—देवि. उ०—२ हरो अभिलाख कव अमर री हमरकै,

जोगणी वीसरो मती जाता। कदम दे दास रो नेस पावन करो, मूझ सिर धरो घणियाप माता।—खेतसी बारहठ

२ रणचण्डी। उ०—१ हरिखि हुइ जोगणी तांम नारद हसै, कांइमै त्रिधारो खडग कड़ियां कसै।—पी.ग्रं.

उ०—२ भाभा नांमी चकर सीस लागा भड़ण। पतर भर जोगणी रगत लागी पियण।—रुखमणी हरण

३ विधवा। उ०—कीधी घर घर जोगणी, दीधी नर नर दाह। जोवन गो आई जरा, की अब नाह सनाह।—बी.स.

४ सन्यासिनी. ५ तपस्विनी, योगाभ्यासिनी. ६ भिखारिन. ७ जोगी जाति की स्त्री. ८ पार्वती. ९ देखो 'जोगणपुर' (रू.भे.)

१० आठ विशिष्ट देवियां जो निम्न हैं—१ कात्यायणी [सं०कात्यायनी] २ काळरात्री [सं० कालरात्रि], ३ कूस्मांडा, [सं० कुष्मांडा] ४ चडिका, ५ चंद्रघंटा, ६ महागौरी, ७ सकंदमाता [सं० स्कंदमाता], ८ सैलपुत्री [सं० शैलपुत्री]।

११ ज्योतिष शास्त्रानुसार आठ देवियां जो निम्न हैं—१ इंद्रांणी, २ कौमारी, ३ चामुंडा (चंडिका), ४ नारायणी (वैष्णवी) ५ ब्रह्माणी (ब्राह्मी) ६ महालछमी (महालक्ष्मी), ७ माहेस्वरी (माहेशी) ८ वाराही।

१२ तिथि विशेष में किसी विशेष दिशा में स्थित योगनी।

उ०—१ तद राव गांगजी कहायो, 'ठीक छै।' नै सेखैजी कहायो 'सवारै लड़ाई करसां।' तारां गांगैजी नूं कयो, 'राज, जोगणी सांमी है सवारै।' तद सांगैजी वा जैतसीजी जांसी नूं बुलायो नै कयो, 'सवारै जोगणी कांई वाहण छै?' तद सारांई काक जांण कयो, 'काक तीरां आगै भाज जासी।'—द.दा.

उ०—२ दिसासूळ दाहनो पूठ जोगणी पुणीजै। डावो दिन मांनियो चंद सनमुखी सुणीजै।—पा.प्र.

१३ रणप्रिय चौसठ योगिनियां—

१ अंबिका (अम्बिका), २ अग्नि ज्वाळा (अग्नि ज्वाला), ३ अपरणा (अपर्णा), ४ ऐंद्री, ५ कात्यायणी (कात्यायनी) ६ काळरात्री (कालरात्रि) ७ कौमारी ८ कौसिकी (कौशिकी) ९ क्रिस्णपिंगळा (कृष्णपिङ्गला) १० गौरी ११ घोररूपा १२ चंडघंटा १३ चामुंडा (चामुण्डा) १४ जोगणी (योगिनी) १५ जळोदरी (जलोदरी) १६ डाकणी (डाकिनी) १७ तपस्वणी (तपस्विनी) १८ तुस्टी (तुष्टि) १९ त्रिदसेस्वरी (त्रिदशेश्वरी) २० दुरगा (दुर्गा) २१ ध्रति (धृति) २२ नारसिंही २३ नारायणी (नारायणी) २४ पारवती (पार्वती) २५ पुस्टी (पुष्टि) २६ ब्रह्मवादणी (ब्रह्मवादिनी) २७ ब्रह्मांणी (ब्रह्माणी) २८ भद्रकाळी (भद्रकाली) २९ भीमा ३० भ्रांमरी (भ्रामरी) ३१ महातपा ३२ महादेवी ३३ महाबळा (महाबला) ३४ महाविद्या ३५ महासस्ठी (महाषष्ठी) ३६ माहेस्वरी (माहेश्वरी) ३७ महोदरी ३८ मातृका (मात्रिका) ३९ मुगतकेसी (मुक्तकेशी) ४० मेघस्वना ४१ मेधा ४२ रगतदंतका (रक्तदन्तिका) ४३ रुद्रांणी (रुद्राणी) ४४ रौद्रमुखी ४५ लक्ष्मी ४६ लज्जा ४७ लाकणी (लाकिनी) ४८ वाराही ४९ विद्या ५० विसालाखी (विशालाक्षी) ५१ विस्णुप्रिया (विष्णुप्रिया) ५२ विस्णुमाया (विष्णुमाया) ५३ वैस्णवी (वैष्णवी) ५४ सरव मंगळा (सर्वमङ्गला) ५५ सरस्वती ५६ सहस्राखी (सहस्राक्षी) ५७ सकंभरी (शाकम्भरी) ५८ साकणी (शाकिनी) ५९ सावित्री ६० सिवदूती (शिवदूती) ६१ स्म्रति (स्मृति) ६२ स्तुति ६३ हाकणी (हाकिनी) ६४ हारणी (हारिणी)

मतान्तर से—

१ अंबिका २ अपरणा (अपर्णा) ३ इंद्रांणी (इन्द्राणी) ४ उग्रचंडा ५ उमा ६ कपाळणी (कपालिनी) ७ कात्यायनी ८ काळरात्री (कालरात्रि) ९ काळका (कालिका) १० काळी (काली) ११ कुसमांडा (कुष्माण्डा) १२ कौमारी १३ कौसिकी (कौशिकी) १४ खमा (क्षमा) १५ खेमंकरी (क्षेमकरी) १६ घोररूपा १७ चंडघंटा १८ चंडनायका (चण्डनायका) १९ चंडवती २० चंडा २१ चंडिका २२ चंडी २३ चंडोग्रा २४ चामुंडा (चामुण्डा) २५ जयंती २६ जया २७ तारा २८ दुरगा (दुर्गा) २९ धात्री ३० नारसिंही ३१ प्रियंकरी ३२ ब्रह्मांणी (ब्रह्माणी) ३३ भद्रकाळी (भद्रकाली) ३४ भयंकरी ३५ भ्रांमरी (भ्रामरी) ३६ भीमा ३७ मनोन्मथणी (मनोन्मथिनी) ३८ महाकाळी (महाकाली) ३९ महागौरी ४० महानिद्रा ४१ महामोहा ४२ महोदरी ४३ माहेस्वरी (माहेश्वरी) ४४ मेधा ४५ रुद्रांणी (रुद्राणी) ४६ रौद्री ४७ वळप्रमथणी (वलप्रमथिनी) ४७ वळविकारणी (वलविकारिणी) ४९ वाराही ५० विजया ५१ वैस्णवी (वैष्णवी) ५२ सकंदमाता (स्कंदमाता) ५३ सरवमंगळा (सर्वमङ्गला) ५४ सरव भूतदायणी (सर्व भूतदायिनी) ५५ सांकरी (शाङ्करी) ५६ सांता (शान्ता) ५७ साकंभरी (शाकम्भरी) ५८ सिवदूती (शिवदूती) ५९ सिवा (शिवा) ६० सैलपुत्री (शैलपुत्री) ६१ स्वधा ६२ स्वाहा ६३ ६४

१४ देखो 'जोगण' (रू.भे.)

रू०भे०—जुगणी, जुग्गनी, जुग्गिनी, जुइणि, जोइणी, जोकणी, जोगणि।

अल्पा०–जोगटी।

जोगणीनगर, जोगणीनग्गर, जोगणीपीठ, जोगणीपुर—देखो 'जोगणपुर' (रू.भे.)

उ०—१ 'अभमल' ऊभळ दळां सभि आयो। नर सिणगार जोगणीनगर।—सू.प्र.

उ०—२ निज जोगणीपुर नाह, सुजि पड़ै दौला साह।—सू.प्र.

जोगणेस—सं०पु० [सं० योगिनीश] दिल्लीपति, बादशाह।

उ०—आकळे पुकार एह, जोगणेस द्वार जाइ। सांभळे स पातिसाह, आंम-खास कीध आइ।—सू.प्र.

जोगतंत-सं०पु० [सं० योगतंत्र] योगत्व, योग रहस्य । उ०—क्रिसण [illegible] का [illegible] देवण [illegible] । कांमिनी कहइ कांम प्रायो । [illegible] प्रादो प्रोर जिंदई विरोधी न था त्यांह लो [illegible] [illegible] । वेद का अरथी था, त्यांह कह्यो मूरत-[illegible] [illegible] । योगीस्वरां जांण्यो जोगतंत यो ही ।—वेलि. टी.
रू०भे०—जोगतन, जोगतन्त ।

जोगत-सं०स्त्री० [सं० योगतत्व] योगविद्या । उ०—इतरी विद्या हूं [illegible] हूं—प्रगम निगम, जोगत मुगत, गुरमंद, कायाकळप ।
—पंचदंडी री वारता

जोगतन, जोगतन—देखो 'जोगतंत' (रू.भे.)
उ०—कांमिनि कहि कांम, काळ कहि केवी, नारायण कहि अवर नर । देवारव दम कहै वेदवंत, जोगतत्त जोगेसर ।—वेलि.

जोगता-सं०स्त्री०—योग्यता । उ०—सीळवंती नै हो जोगता, धरम-पर्ने ब्रह माग ।—वि. चं. कुस

जोगती-वि०—योग्य । उ०—स्रीपत री बेटी तूं परण, वे कह्यो हूं [illegible] ह्वो म्हारै जोगती बात नहीं ।—पंचदंडी री वारता

जोगतीजोत—देखो 'जागतीजोत' (रू.भे.)

जोगदोस-सं०पु० [सं० योगदोष] पैर के ऊपर लेप करने से जो सिद्धि होती है उससे आहार आदि लेना (जैन)

जोगधाता-सं०पु० [सं० योग+धाता] महादेव, शिव । उ०—देवी सावित्री रूप ब्रम्मा मोहांणी, देवी ब्रम्म रै रूप तूं निगम वांणी । देवी गोरजा रूप तूं रुद्र राता, देवी रुद्र रै रूप तूं जोगधाता ।—देवि.

जोगनंद्रा, जोगनिद्रा-सं०स्त्री० [सं० योगनिद्रा] १ योगनिद्रा.
२ निर्विकल्प समाधि. ३ युगान्त में विष्णु की नींद. ४ निद्रा के कारण आने वाली झपकी. ५ देवी, दुर्गा, शक्ति । उ०—१ देवी आद अनाद ओंकार वांणी, देवी हेक हुंकार ह्रींकार जांणी । देवी आप ही आपां उपाया, देवी जोगनिंद्रा भवं तीन जाया ।—देवि.
उ०—२ भवांनी नमो दच्छ लोकेस छोनी । भवांनी नमो जोगनिद्रा अजोनी ।—मे.म.

जोगनिद्राळु, जोगनिद्राळु-सं०पु० [सं० योगनिद्रालु] प्रलय के समय योग निद्रा लेने वाले भगवान विष्णु ।

जोगनिधांन-सं०पु०—योगनिधान, योग का खजाना, योगपरिपूर्ण, योगस्थान । उ०—नमो अनंत नित्य अम्रत निधात, वडा कवि-इंद ब्रह्म विख्यात । नमो गुरु नारद ब्रह्म-गिनांन, नारायण जोगिय जोग-निधांन ।—ह.र.

जोगपंथ-सं०पु० [सं० योग पथ:] योगियों द्वारा अवलम्बन की जाने वाली राह, योग का रास्ता ।

जोगपत, जोगपति, जोगपती-सं०पु० [सं० योगपति] १ महादेव, शिव.
२ विष्णु ।

जोग-परिणांम-सं०पु० [सं० योगपरिणाम] जीव के परिणाम का एक प्रकार (जैन)

जोग-परिव्वाइया-सं०स्त्री० [सं० योगपरिव्राजिका] समाधि वाली परि-व्राजिका सन्यासिनी (जैन)

जोगपारंग, जोगपारंगत-सं०पु० [सं० योगपारंग] शिव ।
वि०—जो योग में प्रवीण हो, पूर्ण योगी ।

जोगपीट-सं०पु० [सं० योगपीठ:] देवताओं का योगासन ।

जोगबळ-सं०पु० [सं० योगबल] योग की साधना से प्राप्त होने वाली शक्ति, योगबल, तपोबल ।

जोगभ्रस्ट-वि० [सं० योगभ्रष्ट] चित्त विक्षेप या अन्य कारणों से जिसकी योग-साधना पूरी नहीं हुई हो, जो योगमार्ग से गिर गया हो ।

जोगमाता-सं०स्त्री० [सं० योगमातृ] देवी, शक्ति, दुर्गा ।

जोगमाय, जोगमाया-सं०स्त्री० [सं० योगमातृ] १ दुर्गा, महामाया, योगमाया, देवी, शक्ति । उ०—महारुद्र डेरू वजै जोगमाया । इसा थाट ले तीर सामंद्र आया ।—सू.प्र.
२ दिल्ली नगर । उ०—दिल्ली सहर जोगमाया जिसके दरम्यांन बावन वीर चौसठ जोगणी का वास ।—सू.प्र.
३ [सं० योगमाया] यसोदा के गर्भ से उत्पन्न कन्या जिसको कंस ने मारा था. ४ विष्णु की माया, भगवती ।
५ पारवती (डि.को.) ६ श्री करनी देवी ।
उ०—धावतां जंगळधर हूंत मोटा धणी, 'जैत' कज पधारया जोग-माया ।—वालावख्स बारहठ

जोगमुद्रा-सं०स्त्री० [सं० योगमुद्रा] हाथ की उंगलियों को परस्पर अन्तरित कर के संपुट बना कर तथा कोहनियों का भाग उदर के समीप स्थित कर के वंदना पाठ का उच्चारण करते समय शरीर के पांच अंग २ घुठना २ हाथ और मस्तक नमाने की क्रिया या ढंग । (जैन)

जोगरंभ—देखो 'जोगारंभ' (रू.भे.) उ०—नऊं नाथ ले साथि, मेर चढ़ि आसण धारया । जोगरंभ विण जोग, भोग विण भोग विचारया ।
—ह.पु.वा.

जोगरांणी-सं०स्त्री० [सं० योगराज्ञी] पार्वती, देवी, शक्ति, दुर्गा, रणचंडी ।
उ०—१ रमै काळो अताळो-हालरै जमै जोगरांणी, भड़ां रोस जा लोपै अचाळ रै भारात । वाह रे अणी रा छैल कोयणां लालरै वाळा, हुआ थेट जाता गेढ़ाल रै माथै हात ।—जवांनजी आढ़ौ
उ०—२ रूकां वेग झालरा वू हालरा दे जोगरांणी, धुरै राग काळ रा वडांणी वंब घोर । असा वीर ख्याल रा मंडांणी आप ताप. उठै, तठै रिमां सालरा 'सदांणी' वाळो तोर ।—फतहरांम आसियो

जोगराज-सं०पु० [सं० योगराज] महादेव, शिव ।

जोगराजगुगळ, जोगराजगूगळ—देखो 'योगराजगुग्गुल' (रू.भे., अमरत)

जोगराया-सं०स्त्री०—देवी, शक्ति, दुर्गा ।

जोगल-सं०पु०—राठौड़ वंश की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।

जोगवं-वि० [सं० योगवान्] योग वाला, स्वाध्यायी (जैन)

जोगवंत–वि० [सं० योगवत्] १ शुभ प्रवृत्ति वाला योगी, सन्यासी (जैन)

जोगवट–सं०पु०—योगाभ्यास, योग ।

जोगवटउ–सं०पु० [सं० योगपट्ट] प्राचीनकालीन एक प्रकार का पहनावा जो पीठ को ढक कर कमर में बांधा जाता था और जिससे घुटनों तक का अंग ढका रहता था (उ.र.)

जोगवांण, जोगवाई–सं०स्त्री०—१ वैभव, सम्पत्ति, धन-दौलत.
२ योग्यता. ३ स्थिति, ढंग । ज्यूं—थे उठै सगपण करौ तौ हौ पण घर री जोगवाई कैड़ीक है ?
४ अवसर, मौका । उ०—वनसपती में काळ अनंतौ रे, आप भाख गया भगवंतौ । इम भमियौ आदि अनादि रे, नरभव **जोगवाई** लाधी ।
—जयवांणी
४ अवसर प्राप्त होने का भाव. ६ व्यवस्था, प्रबंध ।
उ०—जद मोहनगढ़ में गोचरी फिरतां एकरण घरे गोचरी गया । पूछ्यौ आहार पांणी री **जोगवाई** है ।—भि.द्र.

जोगवासिसट, जोगवासिस्ट—देखो 'योगवासिस्ठ' (रू.भे.)

जोगविसोही–सं०स्त्री० [सं० योगविशुद्धी] योग की शुद्धी (जैन)

जोगसंथा–सं०स्त्री० [सं० योगश्रन्था] योगमंत्र, योग शिक्षा (जैन)

जोगसकति, जोगसकती, जोगसक्ति, जोगसक्ती, जोगसगति, जोगसगती–सं०स्त्री० [सं० योग शक्ति] योग के द्वारा प्राप्त होने वाली शक्ति, योगबल, तपोवल ।

जोगसच्च–सं०पु० [सं० योगसत्य] सच्चा योग (जैन)

जोगसमाउत्त–वि० [सं० योग समायुक्तः] योगों से युक्त (जैन)

जोगसर—देखो 'जोगेसर' (रू.भे.)

जोगसाधन–स०पु० [सं० योगसाधन] योग साधन, तपस्या ।
रू०भे०–जोगसाहण ।

जोगसास्त्र—देखो 'योगसास्त्र' (रू.भे.)

जोगसाहण—देखो 'जोगसाधन' (रू.भे) (जैन)

जोगसिधी—देखो 'योगसिधी' (रू.भे.)

जोगांण–सं०पु० [सं० योग+रा.प्र. आंण] महादेव, शिव (डिं.नां.मा.)

जोगांतराय—देखो 'योगांतराय' (रू.भे.)

जोगांतिक–सं०पु० [सं० योगान्तिक] बुध ग्रह की चाल विशेष ।

जोगांगि–सं०स्त्री० [सं० योगाग्नि] योगाग्नि । उ०—संवत् १५९५ चैत सुद ९ ब्रहस्पतवार स्रीकरणीजी **जोगाग्नि** सूं परमधांम पधारिया ।
—द.दा.

जोगागम—देखो 'योगागम' (रू.भे.)

उ०—२ सुवन 'सौन' 'सादूळ', झूळ वनचरां विचाळै । जिसौ चंद जग वंद, वीज रख व्रिद समाळै । वाज नंद वळवंड, झुण्ड लावां ग्राभासै । कनां वीच वादळां, कळा सूरज परकासै । ग्रसपति निरख ग्रचरज्जियौ, रूप परख कुळ राह मैं । ग्रादीत जोत प्रतपै 'ग्रभौ', दिपै एम दरगाह में ।

—रा.रू.

उ०—३ तूल जिम उडै खळथूळ गुरजां तड़च्छ, झूळ चवसठ लगी लेण

झंपा। मूछ नमकावता फिरै बावन सुभट, स्यांम वाघूळ बिच जांण संपा।—बालावस्स बारहठ

उ०—४ नखि आवत पदमणि झूळ संग। उरवसी सची रति लजत अंग।—सू.प्र.

उ०—५ राव रिणमल अठै धिणलै सोजत कनै रहै। गांव री ठकुराई, पाखती घणा रजपूतां रा झूळ रहै।—राव रिणमल री वात

उ०—६ साह सूं गयौ अनमी थको सूर-सुत, राय सतियां तणौ झूळ रमियो। विरद बांकम तणा स्रोकमळ वांधियो, वीर बांकम सुरां-लोक वसियो।—महाराजा करणसिंह रो गीत

२ सेना, फौज, दल। उ०—किलम्मेस वाळा उठी झूळ काळा। अठी आवळा-झूळ भूपाळ वाळा।—सू.प्र.

झूल-सं०स्त्री०—१ पाखर, कवच। उ०—गजबोल चित्रह गात, सिर इंद्र धनुख सुभात। जरकसी के जरतार, पिंड झूल फूल अपार।

—सू.प्र.

२ शीत, घाम, वर्षा आदि से वचाने तथा शोभा के लिये चौपायों पर डाला जाने वाला चौकोर कपड़ा।

उ०—१ रेसम री रास, सींगां पीतळ री खोळी। वनाती झूलां घातियां रहकळां इकां खड़सलां जूता छै।—रा.सा.सं.

उ०—२ घर अंवर क्रम घोम, घटा डंवर रज घुम्मट। हाक वीर है हींस झूल नेवर झणणाहट।—सू.प्र.

अल्पा०—झूलकियो, झूलकी, झूलको, झूलड़की, झूलड़ियो, झूलड़ी, झूळड़ो, झूलो।

मह०—झूलड़।

झूळकियो—देखो 'झूळी' (अल्पा., रू.भे.)

झूलकियो-सं०पु०—देखो 'झूल' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'झूलो' (अल्पा., रू.भे.)

झूलकी—देखो 'झून' (अल्पा., रू.भे.)

झूळकी—देखो 'झूळी' (अल्पा., रू.भे.)

झूलको-सं०पु०—१ देखो 'झूल' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'झूलो' (अल्पा.. रू.भे.)

झूलड़—देखो 'झूल' (मह., रू.भे.)

२ देखो 'झूलो' (मह., रू.भे.)

झूलड़को, झूलड़ियो-सं०पु०—१ देखो 'झूल' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'झूलो' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—पीळी कीधी पाघड़ी, झूलड़िए रंग-रोळ।—मा.कां.प्र.

झूलड़ी—देखो 'झूल' (अल्पा., रू.भे.)

झूलड़ो-सं०पु०—१ देखो 'झूलो' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—झाझी वांहि झूलड़ां, झगा झगझगइ मांहि। फळ सटी आंनी फांटि विचि, कोहलूंजाइ किहांइ।—मा.कां.प्र.

२ देखो 'झूल' (अल्पा., रू.भे.)

झूलण-सं०पु०—१ ऊंट का एक अवगुण (जो ऊंट झूमता रहे)

२ स्नान।

झूलणा-सं०स्त्री०—१ ३७ मात्राओं का मात्रिक छंद (र.ज.प्र.)

८ यगण का २४ वर्ण और ४० मात्रा का छंद विशेष।

-(रूप दीप पिंगळ)

२४ अक्षर का वर्णिक छंद विशेष जिसके अन्त में यगण हो।

२ देखो 'झूलणा इग्यारस' (रू.भे.)

झूलणा इग्यारस-सं०स्त्री०यौ०—भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी या इस दिन मनाया जाने वाला उत्सव। इस दिन देव-मूर्ति को किसी सरोवर, नदी आदि में झुलाया जाता है।

झूलणो-वि० (स्त्री० झूलणी) १ विचरण करने वाली।

उ०—ऐसी कहा वेद पढ़ी, छिन में विमांण चढ़ी। हरिजी सूं बांध्यो हेत, वैकुंठ में झूलणी।—मीरां

२ देखो 'झूलो' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—१ छोटी सी वनी का लंवा लंबा केस, करै ए वावाजी सूं वीणती जी राज। वावाजी म्हांनै द्यो परणाय, म्हारै जोड़ा की गई ओ साथण सासरिये जी राज। राजल झूठी ए वाई झूठ न वोल, थारै जोड़ा की झूलै झूलणै जी राज।—लो.गी.

झूलणो, झूलवौ-क्रि०अ०—१ हिंडोले लेना, झूले खाना, झूलना।

उ०—१ जरणी का रै जाया, एकै पालणियै दोन्यूं झूलिया।

—लो.गी.

उ०—२ काढ़ी घर खोदै मुळकंती। झूलै कनक तणै झूलंती।

—सू.प्र.

२ हिलना, डोलना. ३ लटक कर वार-वार इधर-उधर हिलना, लटकना. उ०—अधर दुती आक्रती जंत्र वजवती जुगत्ती, रूपवती रंजती माळ झूलतो मुकत्ती।—सू.प्र.

४ झूमना, हिलना, लटकना।

उ०—फबै मोगरो सेवती जाय फूली, भ्रंगी पंति सेवंति झूली अभूली। लता माधुरी मालती फूल लेखै, दसा आप भूलै तपी रूप देखै।—रा.रू.

५ किसी कार्य के होने की आशा में लम्बे अर्से तक अथवा वहुत समय तक पड़े रहना, भरोसे पर रहना, अनिर्णीत अवस्था में रहना।

६ मोहित होना। उ०—तुझ गुण पंकति वाड़ी फूली। मुझ मन भमर रह्यउ तिहां झूली।—वि.कु.

७ स्नान करना, नहाना। उ०—१ अमलियां मनहारां कर देणै नूं लागिया, पछै तळाव में झूलण नूं वड़िया।

—भाटी सुंदरदास वीकूपुरी री वात

उ०—२ आगै देखै तो नीवो सिवाळोत सातवीसी सांईनां रा साथ सूं झूलै छै।—वीरमदे सोनिगरा री वात

८ (जलचरों आदि का) जल में विचरण करना।

उ०—अनेक होद, सरोवर, दादरे, मीन जळ झूलै छै।

—वगसीरांम प्रोहित री वात

९ अग्निकुण्ड के पास वैठ कर तपस्या करना, तप करना, तपना।

उ०—गोदड़ कांनफाड़ जोगी जंगम सोफी संन्यासी अविधूत पंचाग-

निरा झूलणहार ग्रलमसत फकीर जिके संसार नूं भागा थका फिरै।
—रा.सा.सं.

१० (भौंरों का ध्वनि करते हुए) मँडराना।

११ देखो 'झीलणौ, झीलवौ' (रू.भे.)

झूलणहार, हारौ (हारी), झूलणियौ—वि०।

झूलवाड़णौ, झूलवाड़वौ, झूलवाणौ, झूलवावौ, झूलवावणौ, झूलवाववौ—प्रे०रू०।

झूलाड़णौ, झूलाड़वौ, झूलाणौ, झूलावौ, झूलावणौ, झूलाववौ—क्रि०स०।

झूलिग्रोड़ौ, झूलियोड़ौ, झूल्योड़ौ—भू०का०कृ०।

झूलीजणौ, झूलीजवौ—भाव वा०।

झुलणौ, झुलवौ—रू०भे०।

झूलर—देखो 'झूलरौ' (मह., रू भे.)

उ०—झाझे झूलर झीलतां, पैठौ कुंवर विचित्र। ग्रजहु न ग्रायौ ग्रापणौ, मन मांनीतौ मित्र।—पलक दरियाव री वात

झूलरउ—देखो 'झूलरौ' (रू.भे.)

उ०—वाळूं, बाबा, देसड़उ, जहां पांणी सेवार। ना पणिहारी झूलरउ, ना कूवइ लैंकार।—ढो.मा.

झूलरियौ—वि०—१ झुण्ड या समूह के साथ रहने वाला। उ०—मां को जायौ वीर भलौ, म्हांसूं ऊभौ ही मिळ जाय। मिळौ रे वीरा, झूलरिया वीरा, मिळौ रे बांह पसार।—लो.गी.

२ देखो 'झूलरौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

उ०—पणिहारचां परवार, जाय सरवरं जळ ल्यावण। झूलरियै झणकार, लसकरां लै'री गावण।—दसदेव

झूलरौ—सं०पु०—समूह, झुण्ड, यूथ, टोली।

उ०—१ तीज का उछाह सूं चित्त ज्यां का छाजै छै, जठै रिमझोळां का झरणाट वाजै छै। हींडोळा लुहरां गावै छै, झूलरा का झूलरा बाग में ग्रावै छै।—पनां वीरमदे री वात

उ०—सात सहेलियां रै झूलरै, पणिहारी ए लो। हिळमिळ गई रे ताळाव, वाला जी ग्रो।—लो.गी.

रू०भे०—झूलरउ।

ग्रल्पा०—झूलरियौ।

मह०—झूलर।

झूला—सं०स्त्री०—पृथ्वी, धरती (ना.डि.को.)

झूलाळ—वि०—१ हिंडोले खाने वाला, झूलने वाला. २ हिलने-डोलने वाला. ३ लटकने वाला. ४ झूमने वाला. ५ भरोसे पर रहने वाला, ग्रनिर्णीत ग्रवस्था में रहने वाला. ६ मोहित होने वाला. ७ स्नान करने वाला, नहाने वाला. ८ जल में विचरण करने वाला. ९ ग्रग्निकुण्ड के पास बैठ कर तपस्या करने वाला, तप करने वाला. १० मँडराने वाला (भौंरा ग्रादि) ११ कवचधारी, योद्धा।

उ०—१ गठजोड़ ग्रछर झूलाळ गंठ। कदमां ग्रंत्राळ वरमाळ कंठ।
—वि.सं.

उ०—२ गजराजूं की हळवळ। वाज राजूं की कळहळ। नाळूं का निहाव, सावळूं का सिळाव। त्रंबागळूं के डाके। जसोल्लूं के हाके। झूलाळूं की झळहळ। पैदलूं की हळवळ।—सू.प्र.

१३ मग्न होने वाला, लीन होने वाला. १४ देखो 'झूलौ'।
(मह., रू.भे.)

ग्रल्पा०—झूलाळौ।

झूलाळौ—देखो 'झूलाळ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

उ०—१ चाढ़ां दहूं दळ चाढ़वै, झळहळ झूलाळा। खुरसांणां दहूं दळ खिवै, बीजळ वाढ़ाळां।—सू.प्र.

उ०—२ झूलाळा कीया झाड़ि-झाड़ि। मोटा ग्रह मोखी मारुग्राड़ि।
—रा.ज.सी.

उ०—३ झूलाळां खग झाड़ि, बेटां विहुं सहितौ 'वलू'। खिति पड़ियौ मोटौ खित्री, ग्राधौ दळ ऊडाड़ि।—वचनिका

झूलि—सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का झूलानुमा पलंग।

२ देखो 'झूल' (रू.भे.)

झूलियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ हिंडोले लिया हुग्रा, झूले खाया हुग्रा, झूला हुग्रा. २ हिला हुग्रा, डोला हुग्रा. ३ लटक कर हिला हुग्रा, लटका हुग्रा. ४ झूमा हुग्रा, हिला हुग्रा. ५ भरोसे पर रहा हुग्रा, ग्रनिर्णीत ग्रवस्था में रहा हुग्रा. ६ मोहित हुवा हुग्रा. ७ स्नान किया हुग्रा, नहाया हुग्रा. ८ (जलचरों ग्रादि का) जल में विचरण किया हुग्रा. ९ ग्रग्निकुण्ड के पास बैठ कर तपस्या किया हुग्रा, तपा हुग्रा. १० (भौंरों ग्रादि का) मँडराया हुग्रा.

११ देखो 'झीलियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० झूलियोड़ी)

झूळौ—सं०पु०—१ एक साथ बहुत से ग्रस्त्र-शस्त्रों को समूह के रूप में सीधा खड़ा करने का ढंग। उ०—१ कंवर वीरमदे ग्राय ऊतरिया। वड़ां री छाया घोड़ां री वागां लगाइजै छै। कमरियां खुलाइजै छै। बन्दूकां ग्रर वरछियां रा झूळा दीजै छै।
—पनां वीरमदे री वात

उ०—२ तठा उपरायंत देसोत राजांन ग्रापरा टोळी मजल रा जुवांन लियां विराजमांन हुवा छै। कमरां खोलजै छै। वरछी रा झूळा कीजै छै।—रा.सा.सं.

२ सूखने के लिये पृथक-पृथक रखे गये घास के गट्ठर. ३ समूह, यूथ, झुण्ड, टोला। उ०—ग्रोर ही झूळा रा झूळा लमझम करता फूल वाग नू ग्रावै है, लहरिया गावै है।—र. हमीर

४ जटाजूट। उ०—माथै केसां रौ झूळौ रहै नै ऊपरां लपेटौ वांधै। वागौ, चिळकता बगतर पैरै।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

५ एक प्रकार का पहनने का वस्त्र विशेष।

ग्रल्पा०—झूळकियो, झूळकौ।

झूलो—सं०पु०—१ हिंडोला, पालना। उ०—१ काढ़ी घर खोदे मुळकंती। झूलै कनक तणै झूलंती। ग्रांणी झूला सहित उठाए।

परतह भंगी प्रचंभ नृप पाए ।—सू.प्र.

उ०—२ मोवन झूले वांनो झूलें, झोटे झोटे वोलो यूं । उतणी वार हिंनावे दिरवर्यां में तोय जितरा झोटा द्यूं ।—लो.गी.

उ०—३ गयां गयां वगीचां रै मांय, झूलै तो लागा झूलवाजी राज ।
—लो.गी.

उ०—४ झूलै झूलै झूमती, तीजण सांवण तीज । तरु वादळ छायां तळं, भेळी प्रवके वीज ।—लो.गी.

क्रि०प्र०—खाणी, देणी, लेणी ।

२ रस्सियों अथवा तारों से बनाया हुआ पुल । ज्यू०—लिछमण झूलो ।

क्रि०प्र०—बांधणी ।

३ वर्षा ऋतु में श्रावण शुक्ला तृतीया से पूर्णिमा तक होने वाला एक प्रकार का उत्सव जिसमें श्रीकृष्ण या श्री रामचन्द्र की मूर्तियों को झूले में झुलाते हैं. ४ श्रावण मास में गाया जाने वाला एक लोक गीत ।

क्रि०प्र०—गाणो ।

अल्पा०—झूलकियो, झूलको, झूलड़को, झूलड़ियो, झूलड़ो, झूलणो ।

मह०—झूलड़ ।

५ देखो 'झूल' (अल्पा., रू.भे.)

झूयवो—देखो 'झूंबो' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—पताका फरहरती कीधी, कस्तूरी नी गूहली दीधी, मोती तणा झूवखा ढंवाव्या, मांहि पद्मराग पटल लंवाव्या ।—व.स.

झूस, झूसण—सं०पु०—१ कवच, वख्तर । उ०—१ चढ़ै खळ हीक तुरी उर चोट । काळाहळ झूस हुवै वज्र कोट ।—सू.प्र.

उ०—२ सांवळां भीच घणियां भंवर, काळरूप झूसण कियां । काळवी 'पाल' आगै क्रमै, लगा पूठ वेनां लियां ।—पा.प्र.

उ०—३ तठा उपरांति करि नै राजांन सिलांमति असवारां री वाग ऊपाड़ी, किलकिला ज्यों ऊपाड़ि ऊपाड़ि नांखीजै छै । झूसणां ऊपरै वरछी चमकिनै रही छै । रांमण गांजा सेलां रा धमोड़ा पड़िनै रहीआ छै ।—रा.सा.सं.

२ तलवार, खड्ग. ३ गाड़ी, हल आदि जोतते समय वैलों के कंधे पर रखा जाने वाला जुआ । उ०—वांहळिया वळ छंडियो, कंध झूसण इनकार । पिंड 'पातल' यूरोप रो, है धुर खंचणहार ।
—किसोरदांन वारहठ

रू०भे०—झूसांण ।

झूसणो, झूसवो—क्रि०स०—अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित करना, कवच आदि पहनाना । उ०—पमंगां धाती पाखरां, झूसणियां जोधार । काळी निस आवा कठठ, लीधां लंगर लार ।—वी.मा.

झूसर, झूसरी, झूसरो—सं०पु०—१ हल, गाड़ी आदि जोतने के लिये वैलों के कंधे पर रखा जाने वाला लकड़ी का वना जुआ ।

उ०—झूसर भार न झल्लही, गोधां गावड़ियांह । इम जस भार न ऊपड़ै, मोलां मावड़ियांह ।—वां.दा.

उ०—२ कव सुत रवी वरद ललकारा, तपण कलोड़ा घरै न तांड । अद झूसरी 'अडस' नृप वाळा, मूछाळा वेगड़ भुज मांड ।—अज्ञात

२ तलवार, खड्ग । उ०—झालै भुजडंड झूसरी, मार झुंड यर मांण । भांज रांम कोडंड भव, प्रचंड खित्रीवट पांण ।—र.ज.प्र.

झूसांण—देखो 'झूसण' (रू.भे.) उ०—छायो धूम्रै अयास धमंकां सोर भंकां छूट, घोर तोपां अमंखां चरेल पंखां घांण । कसीस अढ़ार टंकां ऊघड़ी परीर कंकां, झड़ी वीर वंकां सीस असंकां झूसांण ।
—दुरगादत्त वारहठ

झूसिय—वि० [सं० जूपित] युक्त, सहित (जैन)

झें झें—अव्य० (अनु०) झनझन का शब्द, ध्वनि, झंकार ।

उ०—थेइ थेइ थेइ ठवति पाय, वेणु वीणा करि वजाय । झें झें झझरिय लाय, रणण रणण नेउरि । सुरियांम सुर करि प्रणांम, मांगति अव मुक्तिधांम । समयसुंदर सुजस नांम, जय जय जय सांमरी ।
—स.कु.

झे—सं०पु०—१ रांम. २ लक्ष्मण. ३ चमार. ४ वन. ५ शशि-मण्डल ।

सं०स्त्री०—६ मर्यादा. ७ अग्नि (एका.)

झें—अव्य०—गाय, भैंस व वैल को पानी पिलाने के लिये उच्चारित किया जाने वाला शब्द ।

रू०भे०—छें' ।

झेड़णो, झेड़वो—क्रि०स०—१ प्राप्त करना । उ०—ग्यांन समंद गुण गाइ च्यार मुगितै हू चेडै । ग्यांन तत गुण गाइ सात तरगां फळ झेड़ै ।—पी.ग्रं.

२ देखो 'झाड़णो, झाड़वो' (रू.भे.) उ०—झोटा वकर झेड़िया खळकै रत खाळै । कीनी रिध मोटै कड़ाव भाद्रवै विचाळै ।—पा.प्र.

झेड़णहार, हारो (हारी), झेड़णियो—वि० ।

झेडाड़णो, झेड़ाड़वो, झेड़ाणो, झेड़ावो, झेड़ावणो, झेड़ाववो—प्रे०रू० ।

झेड़िओड़ो, झेड़ियोड़ो, झेड़चोड़ो—भू०का०कृ० ।

झेड़ीजणो, झेड़ीजवो—कर्म वा० ।

झड़णो, झड़वो—अक०रू० ।

झेरणो, झेरवो—रू०भे० ।

झेड़ियोड़ो—भू०का०कृ०—१ प्राप्त किया हुआ.

२ देखो 'झाड़ियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० झेड़ियोड़ी)

झेडर—सं०स्त्री०—एक मारवाड़ी लोकगीत । उ०—गायां गोसाळां गूदां गळगळती । ढाळा द्रग ढळती वूंदां वळवळती । डाई डेडरसी धाई धुर धीणें । झीणी झेडर झुर गाई सुर झीणें ।—ऊ.का.

झेर—सं०स्त्री०—१ नींद का झोंका, हल्की नींद ।

उ०—१ ऊंठां पर वैठचा सेठां री पागड़ियां विखरण लागती अर झेरां लेवती सेठांण्यां रा काळजा अचांणक ऊंचा चढ़ जावता ।
—रातवासो

२ देखो 'जेर' (रू.भे.) उ०—कामी कूड़ प्रपंच घणा कर, भूड़ करै तन झेर। ऊ साध्वी दिस धूड़ उडायर, फूड़ वतावै फेर।—ऊ.का.
यौ०—झेर-झेर।
३ झरना, चश्मा (मेवाड़)

झेरण—देखो 'झेरणौ' (मह., रू.भे.)

झेरणियौ—देखो 'झेरणौ' (अल्पा., रू.भे.)

झेरणू—देखो 'झेरणौ' (रू.भे.)

झेरणौ—सं०पु०—१ मथने का उपकरण, मथदण्ड, मथानी।
उ०—रतनां सारू तद मंद्राचळ पहाड़ री मथांणी (झेरणा जैड़ी) करी ही—तिण सह दरियाव नै मथियौ, इण तरै म्हारौ पती रण रतनाकर डोहै छै।—वी.स.टी.
२ एक प्रकार का घास विशेष।
रू०भे०—झेरणू।
अल्पा०—झेरणियौ।
मह०—झेरण।

झेरणौ, झेरबौ—क्रि०स०—१ काटना, मारना।
उ०—१ खंडां झीक देतै सूंडाडंडां घू झेरिया कायां। जाडा थंडां ओरिया वितुंडां 'जालमेस'।—जालमसिंह चांपावत री गीत
उ०—२ चांपा हरौ सांमहो जे आवतौ चौड़ै, जीवतौ न जावतौ नांखतौ खागां झेर। जोध 'सबळेस' रौ पावतौ फतै जाडा थंडां, खाय जातौ अमीरां देतौ सायवी विखेर।—नवलजी लाळस
२ तंग करना, दिक करना, कष्ट देना। ३ देखो 'जेरणौ, जेरबौ'। (रू.भे.)
४ देखो 'झेड़णौ, झेड़बौ' (रू.भे.) उ०—भळका सवारि अण्यां काडीजै छै। फूलधारां रा वाड झेरीजै छै।—पनां वीरमदे री वात
झेरणहार, हारौ (हारी), झेरणियौ—वि०।
झेरवाड़णौ, झेरवाड़बौ, झेरवाणौ, झेरवाबौ, झेरवावणौ, झेरवावबौ, झेराड़णौ, झेराड़बौ, झेराणौ, झेराबौ झेरावणौ, झेरावबौ—प्रे०रू०।
झेरिओड़ौ, झेरियोड़ौ, झेरयोड़ौ—भू०का०कृ०।
झेरीजणौ, झेरीजबौ—कर्म वा०।
झेरवणौ, झेरवबौ—रू०भे०।

झेरवणौ, झेरवबौ—देखो 'झेरणौ, झेरबौ' (रू.भे.)
उ०—हाथळै झेरवी कड़तलां हाथियां। सहै भुभा थया वळि 'जसा' रा साथियां।—हा.झा.

झेरवियोड़ौ—देखो 'झेरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० झेरवियोड़ी)

झेरापौ, झेराबौ—देखो 'झुरापौ' (रू.भे.)

झेरियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ काटा हुआ, मारा हुआ। २ तंग किया हुआ, दिक किया हुआ, कष्ट दिया हुआ। ३ देखो 'जेरियोड़ौ' (रू.भे.) ४ देखो 'झेड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० झेरियोड़ी)

झेल, झेलण—सं०स्त्री०—१ खुले दरवाजों या झरोखों के कमानदार पत्थरों के ऊपर लगाया जाने वाला पत्थर. २ झेलने की क्रिया या भाव।

झेलणौ, झेलबौ—क्रि०स०—१ वन्धन में डालना।
उ०—थे खांडी हूं ढाल हंगांमी ढोला रे। हेकै नै रोसीलै दोय झेलिया हो राज।—लो.गी.
२ सहारा देना, आश्रय देना। उ०—आभ-विमूहां मांणसां, है घर झेलणहार। धरणीधर धर छंडियां, अच्छै तूं आधार।—ह.र.
३ देखो 'झालणौ, झालबौ' (रू.भे.) उ०—१ वूडंती दरियाव विच, झ्याज लई भुज झेल। देवी सो भुज इंद्र रै, माथै दीजै मेल। जी मेहाई थांरै वाईसा री करीजै उवेल।—मे.म.
उ०—२ झेली-झेली सुंदर गोरी घोड़ै री लगांम, आंसूं तौ रळकाया कायर मोर ज्यूं, जी म्हारा राज।—लो.गी.
उ०—३ गजघड़ां रा गाहणहार, काली रा कळस, सिवकासी जावणहार, डिगता आसमांन रा झेलणहार, अवसांण रा खेलणहार।—पनां वीरमदे री वात
उ०—४ या सुणतां ही अणिलपुर रौ अधीस सेना रा संभार सूं मही रै मचोळा देतौ गजनवी रौ वेग झेलण रै काज जवनेस रौ राह रोकि सोझति सहर आडो आय पड़ियौ।—वं.भा.
उ०—५ म्हारौ हेलौ, म्हारौ हेलौ, सरवव्यापी झेलौ, जगत रा जांमी! देवां-दळ सरणै आयौ।—गी.रां.
उ०—६ पावस री सघन छौळां पड़ै छै जकौ जमीन झेलै छै।—पनां वीरमदे री वात
उ०—७ पहला तौ वार वैरी नै कहै थूं वाह लै सो वैरी रौ सस्त्र सरीर माथै झेल नै पाछो आप वावै सो एक ही वार में अंसु उतार अंसु खवां सूं उतार नीची आवै तरवार जिनोई उतार वहै छै।—वी.स.टी.
उ०—८ अरि परदेसां साझणौ, अंतर पणौ अपार। विण चांपां विण भाटियां, भुज कुण झेलै भार।—रा.रू.
उ०—९ अकळ कळा एक आरंभ रचियौ, सकळ कळा में खेलै। उपजै खपै आपरै करमां, हरि पाप पुण्य नहीं झेलै।—स्री हरीरांमजी महाराज
उ०—१० जुगत अरध भक्ष त्रिखा जतावै। अधर झेल पुक्कर अंचवावै।—सू.प्र.
उ०—११ सरवणां री ओर ओपमा न वणसी, सीप मांनूं स्वाति वूंद झेली छै।—पनां वीरमदे री वात
झेलणहार, हारौ (हारी), झेलणियौ—वि०।
झेलवाड़णौ, झेलवाड़बौ, झेलवाणौ, झेलवाबौ, झेलवावणौ, झेलवावबौ, झेलाड़णौ, झेलाड़बौ, झेलाणौ, झेलाबौ, झेलावणौ, झेलावबौ—प्रे०रू०।
झेलिओड़ौ, झेलियोड़ौ, झेल्योड़ौ—भू०का०कृ०।

झेलीजणो, झेलीजवो—कर्म वा० ।
मलणो, मलवो, भिलणो, भिलवो—अक०रू० ।
झेलणो झेलवो—सं०पु०—१ कुए से पानी निकालने का वह मोट जिसे मनुष्य हाथ से पकड़ कर खाली करता है ।
रू०भे०—झेलो ।
२ ऐसे मोट द्वारा सिंचाई किया जाने वाला कुआ ।
वि०—वह जो हाथ से पकड़ा जाय ।
झेलाजोड़, झेलाजोड़ी—सं०स्त्री०यौ०—कान का आभूषण ।
झेलू—वि०—१ उत्तरदायित्व लेने वाला । उ०—जोवनिया रा झेलू ह्वो तो, मंडियोड़ो घर मांगूं श्रो । अघविच में छिटकावो जिणरो, कौल मांगूं श्रो, क लिख दो कागदियो ।—लो.गी.
२ रक्षक. ३ मदद करने वाला, सहायक ।
झेलो—सं०पु० (बहु व० झेला) १ कान का आभूषण, कर्ण-भूषण ।
यौ०—झेला-जोड़, झेला-जोड़ी ।
२ स्त्रियों के ललाट के ऊपर शिर पर धारण करने का एक आभूषण ।
३ हाथी की गर्दन पर लगाई जाने वाली घंटियों की माला.
४ सहारा, मदद । उ०—असरण दीन दुखित ऊपर रो । थू धारण झेलो गिरधर रो ।—र.ज.प्र.
५ कुये पर लगाया हुआ पत्थर जिस पर खडे होकर व्यक्ति पानी का मोट खाली करता है. ६ मकान के प्रधान द्वार के अगाड़ी का अहाता (चहार दीवारी का स्थान). ७ एक लकड़ी जो ताने के तारों को ठीक करने के लिये करघे के ऊपर लगी रहती है ।
८ वह स्थान जहां पर जल भरे चरस के बाहर आने पर लाव से जुड़ी कीली निकालते हैं ।
झैं—अव्य०—देखो 'झैं' (रू.भे.)
झेंकणो, झेंकवो—क्रि०स०—ऊंट को बैठने के लिये प्रेरित करना, ऊंट को बैठाना । उ०—१ उठी नै धाड़ैतियां चांवटा रै बीच ऊंठ झेंकया, चांतरै पर जाजम ढाळी, कपड़ै री दुकांन फोड़'र मोठड़ा भुकाया, खंवै नवा खेस राळया अर सब सूं पै'ली सुनार री दुकांन लूट'र मोहरत कियो ।—रातवासो
उ०—२ ढोलाजी करहलो थांव्यो रे झेंक्यो रेतूड़ रै मांय । काढ्यो डावा पग रो ताकळो कांई पूगो छिन रै मांय ।—लो.गी.
झेंकणहार, हारो (हारी), झेंकणियो—वि० ।
झेंकवाड़णो, झेंकवाड़वो, झेंकवाणो, झेंकवावो, झेंकवावणो, झेंकवाववो, झेंकाड़णो, झेंकाड़वो, झेंकाणो, झेंकावो, झेंकावणो, झेंकाववो—प्रे०रू० ।
झेंकिओड़ो, झेंकियोड़ो, झेंक्योड़ो—भू०का०कृ० ।
झेंकीजणो, झेंकीजवो—कर्म वा० ।
झिकणो, झिकवो—अक०रू० ।
झेंकवणो, झेंकववो, झेंकणो, झेंकवो, झेंकवणो, झेंकववो—रू०भे० ।
झेंकवणो, झेंकववो—देखो 'झेंकणो, झेंकवो' (रू.भे.)
उ०—पटाळा हठाळा महागात पूरां, सुरंगा सगाहा सकोपा सनूरां । सलीतां कन्हैं झेंकवै प्रांण साहै, लियां हाथ लट्ठी समा सेल ठाहै ।
—रा.रू.
झेंकवियोड़ो—देखो 'झेंकियोड़ो' (रू.भे.)
झेंकाड़णो, झेंकाड़वो—देखो 'झेंकाणो, झेंकावो' (रू.भे.)
झेंकाड़णहार, हारो (हारी), झेंकाड़णियो—वि० ।
झेंकाड़िओड़ो, झेंकाड़ियोड़ो, झेंकाड़योड़ो—भू०का०कृ० ।
झेंकाड़ीजणो, झेंकाड़ीजवो—कर्म वा० ।
झिकणो, झिकवो—अक० रू० ।
झेंकाड़ियोड़ो—देखो 'झेंकायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० झेंकाड़ियोड़ी)
झेंकाणो, झेंकावो—क्रि०स० (झेंकणो क्रिया का प्रे०रू०) १ ऊंट को बैठाना, ऊंट को बैठाने के लिये प्रेरित करना. २ ऊंट को बैठाने का कार्य किसी दूसरे से कराना ।
झेंकाणहार, हारो (हारी), झेंकाणियो—वि० ।
झेंकायोड़ो —कर्म वा० ।
झिकणो, झिकवो—अक०रू० ।
झिकाड़णो, झिकाड़वो, झिकाणो, झिकावो, झिकावणो, झिकाववो, झेंकाड़णो, झेंकाड़वो, झेंकारणो, झेंकारवो, झेंकावणो, झेंकाववो, झेंकाड़णो, झेंकाड़वो, झेंकाणो, झेंकावो, झेंकारणो, झेंकारवो, झेंकावणो, झेंकाववो—रू०भे० ।
झेंकायोड़ो—भू०का०कृ०—१ (ऊंट को) बैठाया हुआ, बैठाने के लिये प्रेरित किया हुआ. २ ऊंट को बैठाने का कार्य किसी दूसरे से कराया हुआ ।
स्त्री०—झेंकायोड़ी ।
झेंकारणो, झेंकारवो—देखो 'झेंकाणो, झेंकावो' (रू.भे.)
उ०—कह्यो ऊभा रह्यां तो सभै कोयनी, थांरै कांम छै तो ऊंट झेंकारू छूं ।—ढो.मा.
झेंकारियोड़ो—देखो 'झेंकायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० झेंकायोड़ी)
झेंकावणो, झेंकाववो—देखो 'झेंकाणो, झेंकावो' (रू.भे.)
झेंकावणहार, हारो (हारी), झेंकावणियो—वि० ।
झेंकावविओड़ो, झेंकावियोड़ो, झेंकाव्योड़ो—भू०का०कृ० ।
झेंकावीजणो, झेंकावीजवो—कर्म वा० ।
झिकणो, झिकवो—अक०रू० ।
झेंकावियोड़ो—देखो 'झेंकायोड़ो' (रू.भे.)
स्त्री०—झेंकावियोड़ी ।
झेंकियोड़ो—भू०का०कृ०—ऊंट को बैठने के लिये प्रेरित किया हुआ, (ऊंट को) बैठाया हुआ । (स्त्री० झेंकियोड़ी)
झेंपणो, झेंपवो—क्रि०अ०—लज्जित होना, शर्माना । उ०—भूंडण खादी घड़-घड़ी, गिरिया भाला तीर । देख पराक्रम झेंपिया, चकित रह्या सै वीर ।—डाढ़ाळा सूर री वात

झेंपणहार, हारौ (हारी), झेंपणियौ—वि० ।
झेंपवाड़णौ झेंपवाड़वौ, झेंपवाणौ, झेंपवावौ, झेंपवावणौ, झेंपवाववौ —प्रे०रू० ।
झेंपाड़णौ, झेंपाड़वौ, झेंपाणौ, झेंपावौ, झेंपावणौ, झेंपाववौ—क्रि०स०
झेंपिम्रोड़ौ, झेंपियोड़ौ, झेंप्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
झेंपीजणौ, झेंपीजवौ—भाव वा० ।
झेपणौ, झेपवौ—रू०भे० ।

झेंपाड़णौ, झेंपाड़वौ—देखो 'झेंपणौ, झेंपावौ' (रू.भे.)
झेंपाड़णहार, हारौ (हारी), झेंपाड़णियौ—वि० ।
झेंपाड़िम्रोड़ौ, झेंपाड़ियोड़ौ, झेंपाड़्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
झेंपाड़ीजणौ, झेंपाड़ीजवौ—कर्म वा० ।
झेंपणौ, झेंपवौ—अक०रू० ।

झेंपाड़ियोड़ौ—देखो 'झेंपायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झेंपाड़ियोड़ी ।

झेंपाणौ, झेंपावौ–क्रि०स०—लज्जित करना ।
झेंपाणहार, हारौ (हारी), झेंपाणियौ—वि० ।
झेंपायोड़ौ—भू०का०कृ० ।
झेंपाईजणौ, झेंपाईजवौ—कर्म वा० ।
झेंपणौ, झेंपवौ—अक०रू० ।
झेंपाड़णौ, झेंपाड़वौ, झेंपावणौ, झेंपाववौ, झेपाड़णौ, झेपाड़वौ, झेपाणौ, झेपावौ, झेपावणौ, झेपाववौ—रू०भे० ।

झेंपायोड़ौ—लज्जित किया हुआ । (स्त्री० झेंपायोड़ी)

झेंपावणौ, झेंपाववौ—देखो 'झेंपाणौ, झेंपावौ' (रू.भे.)
उ०—धापूड़ी नै झेंपावण नै उणरी साथणियां एक तरकीब सोची अर साथै गावती-गावती एकदम चुप रैयगी । एकली धापू री ईज झीणौ सुर गूंज ऊठ्यौ ।—रातवासौ
झेंपावणहार, हारौ (हारी), झेंपावणियौ—वि० ।
झेंपाविम्रोड़ौ, झेंपावियोड़ौ, झेंपाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
झेंपावीजणौ, झेंपावीजवौ—कर्म वा० ।
झेंपणौ, झेंपवौ—अक० रू० ।

झेंपावियोड़ौ—देखो 'झेंपायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झेंपावियोड़ी ।

झेंपियोड़ौ–भू०का०कृ०—लज्जित हुवा हुआ, शरमाया हुआ ।
स्त्री०—झेंपियोड़ी ।

झै–सं०पु०—१ ब्रहस्पति. २ गुरु. ३ नाक, नासिका. ४ मैथुन. ५ स्वर्ग. ६ कृत्तिका. ७ आत्मा (एका.)
अव्य०—ऊंट को बैठाने के लिये बोला जाने वाला सांकेतिक शब्द (एका.)

झैकणौ, झैकवौ—देखो 'झैंकणौ, झैंकवौ' (रू.भे.)
उ०—घाली टापर वाग मुखि, झैक्यउ राजदुआरि । करहइ किया टहूकड़ा, निद्रा जागी नारि ।—ढो.मा.

झैकवणौ, झैकववौ—देखो 'झैंकणौ, झैंकवौ' (रू.भे.)

झैकवियोड़ौ—देखो 'झैंकियोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैकवियोड़ी ।

झैकाड़णौ, झैकाड़वौ—देखो 'झैंकाणौ, झैंकावौ' (रू.भे.)

झैकाड़ियोड़ौ—देखो 'झैंकायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैकाड़ियोड़ी ।

झैकाणौ, झैकावौ—देखो 'झैंकाणौ झैंकावौ' (रू.भे.)

झैकायोड़ौ—देखो 'झैंकायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैकायोड़ी ।

झैकारणौ, झैकारवौ—देखो 'झैंकाणौ, झैंकावौ' (रू.भे.)
उ०—तोडांह चेड नुखतां तणा रा, राज दवारै झैकारियां ।
—वखतौ खिड़ियौ

झैकारियोड़ौ—देखो 'झैंकायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैकारियोड़ी ।

झैकावणौ, झैकाववौ—देखो 'झैंकाणौ, झैंकावौ' (रू.भे.)

झैकावियोड़ौ—देखो 'झैंकायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैकावियोड़ी ।

झैकियोड़ौ—देखो 'झैंकियोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैकियोड़ी ।

झैपणौ, झैपवौ—देखो 'झैंपणौ, झैंपवौ' (रू.भे.)

झैपाड़णौ, झैपाड़वौ—देखो 'झैंपाणौ, झैंपावौ' (रू.भे.)

झैपाड़ियोड़ौ— देखो 'झैंपायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैपाड़ियोड़ी ।

झैपाणौ, झैपावौ—देखो 'झैंपाणौ, झैंपावौ' (रू.भे.)

झैपायोड़ौ—देखो 'झैंपायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैपायोड़ी ।

झैपावणौ, झैपाववौ—देखो 'झैंपाणौ, झैंपावौ' (रू.भे.)

झैपावियोड़ौ—देखो 'झैंपायोड़ौ' (रू.भे.)
स्त्री०—झैपावियोड़ी ।

झैपियोड़ौ—देखो 'झैंपियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० झैपियोड़ी)

झैं'र—देखो 'जैंर' (रू.भे.)
उ०—जैपुरनाथ जैसा धांम वेटा तीन जाया । प्याला झैं'र पाया । एक वेटा नैं मराया ।—शि.वं.

झोंक—देखो 'झोक' (रू.भे.)

झोंकणौ, झोंकवौ—देखो 'झोकणौ, झोकवौ' (रू.भे.)

झोंकौ—देखो 'झोकौ' (रू.भे.)

झोंपड़ी–सं०स्त्री०—देखो 'झूंपड़ौ' (अल्पा., रू.भे.)

झोंपड़ौ—देखो 'झूंपड़ौ' (रू.भे.)

झोक–सं०पु०—१ ऊंटों के बैठने का वाड़ा ।
उ०—१ झोक भरी छै म्हारी टोडियां जे, जे मैं म्हारौ गल्लेवाळौ टोड, ओक वरसैं वरसोदण होळी पांवणी जे ।—लो.गी.

उ०—२ भोक मांय म्हांरा ऊंट अरळावै, गोरयां मांय गाय'रां भैंस, इतना भोजूं मत पड़ियै म्हांरै देस में ।—लो.गी.

उ०—३ हिवै जखड़ै रैबारी नै तेड़ पूछियो, घणी फरवी, चलाक सांढ हुवै तिका बताय । तरै रैबारी कह्यो, महाराजा, रावळै भोक नव छै, तिण में अकाळगारी तिणरी नानी बनास पांणी पीवती नै नागरवेली री पनवाड़ी चर नै घरै आवती । तरै जखड़ै उण सांढ नै मारणी मांटी । तिका मास एक मांहे सभाई । तिका कोस पचास जाय नै एकै टांण पाछी आवै ।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

२ उतनी भूमि जो एक ऊंट के बैठने से घिर जाय ।

उ०—नवहत्थी भोक रा, मसत फीफरा भरारा । वगलां उरळी विहूं, वगलि नीकळै छिकारा ।—सू.प्र.

३ मादा ऊंट के बच्चा देने अर्थात् प्रसव करने की क्रिया ।

क्रि०प्र०—देणी ।

४ जोश, उत्साह, साहस । उ०—कढ़िया खग सावळ भोक कियां । लगिया सिर अंबर वाग लियां ।—सू.प्र.

क्रि०प्र०—आंणी, करणी ।

सं०स्त्री०—५ तराजू के किसी पलड़े का नीचे होने की क्रिया ।

क्रि०प्र०—होणी ।

६ भुकाव, प्रवृत्ति. ७ 'भुकणी' क्रिया का भाव.

८ तिरछी चितवन, कटाक्ष । उ०—चोहटै मांहै नगर-नायिका वेस्या लाख लाख री लहणहार, सोळै सिंगार ठवियां थकां, फूलां रा चौसर पैहरियां थकां, टोय अणियाळां काजळ ठांसियां थकां, वांका नैणां री भोक नांखती पायल रै ठमकै सूं, घूघरै रै घमकै सूं, विछियां रै छमकै सूं, रमभोळ करती, अंगूठा मोड़ती, नखरा करती वाजारि चाली जाय छै ।—रा.सा.सं.

क्रि०प्र०—नांखणी, देणी, फैंकणी ।

९ तरंग, लहर ।

१० इधर से उधर हिलने-डुलने या भुकने की क्रिया ।

ज्यूं—नसै री भोक, नींद री भोक ।

अव्य०—प्रशंसा सूचक शब्द, वाह, शाबाश ।

उ०—१ वर्द अंगदेस हुवा जोध वंका । लंगा भोक रे भोक प्राजाळ लंका ।—सू.प्र.

उ०—२ काळा भोक लागै मेद पाटका कंवाड़ ।

—माधोसिंह सीसोदिया रौ गीत

उ०—३ प्रथम नेह भीनौ महाक्रोध भीनौ पछै, लाभ चमरी समर भोक लागै । रायकंवरी वरी जेण वागै रसिक, वरी घड़ कंवारी तेण वागै ।—वां.दा.

११ शोभा । उ०—नवौ जन्म ले कुंड कंडीर न्हावै । महा सुद्ध ह्वै मुद्ध मांनूं नमावै । लखै सूळ सिंदूर री भोक लेतौ । सज्यो मात स्त्री हाथ श्री नोक सेतौ ।—मे.म.

भोकड़ी-सं०स्त्री०—भूम, मस्ती । उ०—वडा दातारां सिरदारां खंभाइची मांहे दूहा गाईजै छै । जस जांगड़ा गवाड़ीजै छै । ढाढीआं री जोड़ी गजराज पटाभर ज्यों भोकड़ी खाइ नै रही छै ।—रा.सा.सं.

२ नींद का भोंका, भपकी । उ०—करी आखरी त्यार भोकळी सोवण सुख भर । मिरग चौकड़ी भूल, भोकड़ी लेवै दिन भर ।

—दसदेव

भोकणी, भोकवौ-क्रि०स०—१ प्रहार करना, वार करना ।

उ०—जटी आक भोकवौ सधेस कौ भोकवौ जंगां, जती कौ मोकवौ नंगां लंका सीस भाल । कळसां कोकवौ काळ तोकवौ तुरी कौ कना । छौळां नाथ संभरी कौ भोकवौ छड़ाळ ।—हुकमीचंद खिड़ियौ

२ किसी वस्तु को एक बारगी ही भटके के साथ आगे की ओर फेंकना, फेंक कर छोड़ना, सामने की ओर वेग से फेंकना ।

३ जोशपूर्वक आगे की ओर बढ़ाना । उ०—'अभमाल' क्रोध देवै अताळ । महमंद-साह दिये मुक्तमाळ । पत हुकम मदपफरखांन पेल । भोकिया थाट भुज भार भेल ।—वि.सं.

४ जबरदस्ती आगे की ओर करना, ढकेलना, ठेलना. ५ प्रवृत्त करना । उ०—१ स्रोण छौळां रा कीच माचसी, बावन वीर आखाड़ नाचसी । काथा खड़ै छै । सहुड़ा भोकसी, खळां रा अमख सूं पळचरां नै पोखसी ।—पनां वीरमदे री वात

उ०—२ ऊगती मौसरां अडर, सिंघ करण अभावत । कवरां गुर इम कहै वरण मुख अरण वधावत । अणी फूल ऊपरा, भोकि ऊडंड भळाहळ । सभूं राड़ सांधणी, वाहि सावळ वीजूजळ ।—सू.प्र.

६ बहुत अधिक खर्च करना, अंधाधुंध व्यय करना । ज्यूं०—छोरै री पढ़ाई में घणाई रिपिया भोकिया । ७ आहुति देना । उ०—धुवै राग सिंधुवां, गजै नाळियां त्रंबागळ । मेळा भड़ गहमहै, वहै गोळा वींभाभळ । ठहै दवानळ ठठर, भोकि पिंड सांमी भाळां । खोभ गिरंद खोहरां, लिया मोरचा लकाळां ।—सू.प्र.

८ आपत्ति में डालना, बुरी जगह भेजना या ढकेलना । ज्यूं०—थे तो थांरी छोरी नै कसाइयां रै घर में भोक दी । ९ खींचना ।

उ०—ताहरां हेकै रजपूत नूं भुवाळां हूं भालि भोकि करि नीचो नांखियो ।—द.वि.

१० डालना । उ०—अर जिकण रै बदळै ऊकळता कड़ाह रा तेल में आपरो ही कलेवर भोकि दीधौ ।—वं.भा.

११ अत्यधिक कार्य देना, बहुत श्रम करने के लिये जोत देना, बहुत कार्य लादना । ज्यूं०—१ औ सगळौ कांम करण रै सारूं थै नित म्हनै ईज क्यूं भोक दिया करौ. ज्यूं०—२ औ सगळौ कांम म्हारै माथै ईज क्यूं भोक दियौ ।

१२ बन्दूक छोड़ने के लिये बन्दूक की कल गिराना या बन्दूक छोड़ना । उ०—करै वंदूकां तीर वंध, दे सूवा दोय वार । फूल मार कर पाधरी, भोकै कळ जोधार ।—पनां वीरमदे री वात

१३ देखो 'भैंकणी, भैंकवौ' (रू.भे.) उ०—मिळि रींछ रूप

अधियांमणा, जकस जिहाजां जिम जिसा। झोकिया सिंधु नुखतां झटंकि, अंधकंध राकस इसा।—सू.प्र.

झोकणहार, हारौ (हारी), झोकणियौ—वि०।

झोकवाड़णौ, झोकवाड़बौ, झोकवाणौ, झोकवावौ, झोकवावणौ, झोकवाववौ, झोकाड़णौ, झोकाड़बौ, झोकाणौ, झोकावौ, झोकावणौ, झोकाववौ—प्रे०रू०।

झोकिग्रोड़ौ, झोकियोड़ौ, झोक्योड़ौ—भू०का०कृ०।

झोकीजणौ, झोकीजवौ—कर्म वा०।

झुकणौ, झुकवौ—अक०रू०।

झोंकणौ, झोंकवौ, झोखणौ, झोखवौ—रू०भे०।

झोका—अव्य०—एक प्रशंसासूचक शब्द, शावाश, वाह।

उ०—१ आपांण दिखायौ भलौ झोका वखतेस आळा, 'आपा' नै घपायौ रोळां छकायौ अपार।—हुकमीचंद खिड़ियौ

उ०—२ खेद ग्रह पूंज विमुहा खड़ै झोट खग। झाट खग थाट यर भंज झोका।—र.ज.प्र.

रू०भे०—झोखा।

झोकाइत, झोकाई, झोकाऊ—वि०—१ वीर, वहादुर।

उ०—१ नींवौ सैवाळोत। साख राठौड़। धिणला री धणी। लाखां री लोड़ाऊ। रुळियां री जोड। रांका री माळवौ। अधणियां री धणी। पर भोम पंचायण। सयणां री सेहरौ। दुसमणां री नाटसाल। वडौ झोकाइत।—वीरमदे सोनिगरा री वात

उ०—२ हिवै पाटण थी ४० कोस ऊपरै कागलौ वळोच रहै। तिकौ बडौ झोकाई। गांव ४० री धणी।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

उ०—३ तरै एकण चाकर कह्यौ—साखि राठौड़, नींबौ सिवाळौत, लाखां री लोड़ाऊ, बडौ झोकाऊ, सैणां सेहुरौ, दुसमणां री साल, जातां-मरतां री साथी, लाखां री लहरी।

—वीरमदे सोनिगरा री वात

२ लुटेरा, डाकू। उ०—परवतसर चौरासी मारोठ री दाळ आवै ओर च्यारू पासां री माल खायजै। वडा झोकाई। दिल्ली सूं उरै-उरै मुलक री धाड़ौ हमेसां करै।—सूरे खींवे कांधळोत री वात

रू०भे०—झोकायत, झोखाइत, झोखाई, झोखाऊ, झोखायत।

झोकाड़णौ, झोकाड़बौ—देखो 'झोकाणौ, झोकावौ' (रू.भे.)

झोकाड़णहार, हारौ (हारी), झोकाड़णियौ—वि०।

झोकाड़िग्रोड़ौ, झोकाड़ियोड़ौ, झोकाड़चोड़ौ—भू०का०कृ०।

झोकाड़ीजणौ, झोकाड़ीजवौ—कर्म वा०।

झुकणौ, झुकवौ—अक०रू०।

झोकाड़ियोड़ौ—देखो 'झोकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० झोकाड़ियोड़ी)

झोकाणौ, झोकावौ—क्रि०स० ('झोकणौ' क्रिया का प्रे०रू०) झोंकने का कार्य दूसरे से कराना।

झोकाणहार, हारौ (हारी), झोकाणियौ—वि०।

झोकायोड़ौ—भू०का०कृ०।

झोकाईजणौ, झोकाईजवौ—कर्म वा०।

झुकणौ, झुकवौ—अक०रू०।

झोकाड़णौ, झोकाड़वौ, झोकावणौ, झोकाववौ, झोखाड़णौ, झोखाड़वौ, झोखाणौ, झोखावौ, झोखावणौ, झोखाववौ—रू०भे०।

झोकायोड़ौ—भू०का०कृ०—झोंकने का कार्य दूसरे से कराया हुआ।

(स्त्री० झोकायोड़ी)

झोकायत, झोकायती—देखो 'झोकाइत' (रू.भे.)

उ०—१ सीस वह भुजां तोकायतां सावळां, रखां रोकायतां अरक रीझ। राळिया भड़ज धक नयण रोखायतां, बीच झोकायतां 'रयण' वीज।—रांमकरण महड़ू

उ०—२ वंब इळा ठोर बागा हकां वीरबर, खळ थटां कितां खागां रदन खेर। थया मद हीण अर हरां थोकायती, जग अचळ किया झोकायती जेर।—साहपुरै राजा अमरसिंह री गीत

झोकावणौ, झोकाववौ—देखो 'झोकाणौ, झोकावौ' (रू.भे.)

झोकावणहार, हारौ (हारी), झोकावणियौ—वि०।

झोकाविग्रोड़ौ, झोकावियोड़ौ, झोकाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

झोकावीजणौ, झोकावीजवौ—कर्म वा०।

झुकणौ, झुकवौ—अक०रू०।

झोकावियोड़ौ—देखो 'झोकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० झोकावियोड़ी)

झोकि—देखो 'झोका'। उ०—जग्दाळ घण पखराळ जुड़ि, विहंड खाळ नारंग वहै। हद करां इसौ जुध विहद हूँ, करां झोकि सूरिज कहै।—सू.प्र.

झोकियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ प्रहार किया हुआ, वार किया हुआ।

२ किसी वस्तु को एक वारगी ही झटके के साथ आगे की ओर फेंका हुआ, फेंक कर छोड़ा हुआ, सामने की ओर वेग से फेंका हुआ।

३ जोशपूर्वक आगे की ओर वढ़ाया हुआ। ४ जवरदस्ती आगे की ओर किया हुआ, ढकेला हुआ, ठेला हुआ। ५ प्रवृत्त किया हुआ।

६ वहुत अधिक खर्च किया हुआ, अंधाधुंध व्यय किया हुआ।

७ आहुति दिया हुआ। ८ आपत्ति में डाला हुआ, बुरी जगह भेजा हुआ या ढकेला हुआ। ९ डाला हुआ। १० खींचा हुआ।

११ अत्यधिक कार्य दिया हुआ, वहुत श्रम करने के लिये जोता हुआ, वहुत कार्य लादा हुआ। १२ वन्दूक छोड़ने के लिये वन्दूक की कल गिराया हुआ या वन्दूक छोड़ा हुआ। १३ देखो 'झैंकियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० झोकियोड़ी)

झोकौ—सं०पु०—१ झपट्टा, रेला, धक्का।

क्रि०प्र०—आणौ, लागणौ।

२ झटका, आघात।

क्रि०प्र०—आणौ, लागणौ।

३ हवा का प्रवाह, झकोरा।

क्रि०प्र०—खाणौ, आणौ, लागणौ।

४ इधर-उधर हिलने-डुलने या झुकने की क्रिया।

उ०—महमद लटका पड़ण में, कह किन झोका खाय। तन-घट में दिया गगन, भरत हिलाय-हिलाय।—अज्ञात

मुहा०—१ झोका आणा—निद्रा के कारण झपकियां आना.

२ झोका खाणा—नशे में इधर-उधर झुकना, डांवाडोल होना, किसी आघात या वेग के कारण इधर-उधर झुकना।

५ लहर, तरंग।

क्रि०प्र०—आणौ।

रू०भे०—झोखौ।

झोख—देखो 'झोक' (रू.भे.) उ०—सुपातां पाळ-गर जोग पारथ समर, केवियां गाळ-गर वंस रा दिनंकर। वसू साधार झोख लागै क्रीतवर, अभंग पारथ अत इळा राजो 'अमर'।—विसनदास बारहठ

झोखणौ, झोखबौ—१ देखो 'झेंकणौ, झेंकबौ' (रू.भे.)

उ०—मजबूत थूंभ डाचा मगर, जियां पूंछ करवत जिसा। झोखिया सिघु नुखतां झटकि, अंघ कघ राकस इसा।—सू.प्र.

२ देखो 'झोकणौ, झोकबौ' (रू.भे.) उ०—साजै द्रढ़ आसण इस्ट अराधण, पैठो जाय पताळ में जी। दिल पंच इंद्री दम घोम सखी, घम झोखै आहुत झाळ में जी।—र.रू.

झोखा—देखो 'झोका' (रू.भे.)

झोखाइत, झोखाई, झोखाऊ—देखो 'झोकाइत' (रू.भे.)

झोखाड़णौ, झोखाड़बौ—देखो 'झोकाणौ, झोकाबौ' (रू.भे.)

झोखाड़ियोड़ौ—देखो 'झोकायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० झोखाड़ियोड़ी)

झोखाणौ, झोखाबौ—देखो 'झोकाणौ, झोकाबौ' (रू.भे.)

झोखायोड़ौ—देखो 'झोकायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० झोखायोड़ी)

झोखायत, झोखायती—देखो 'झोकाइत' (रू.भे.)

झोखावणौ, झोखावबौ—देखो 'झोकाणौ, झोकाबौ' (रू.भे.)

झोखावियोड़ौ—देखो 'झोकायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० झोखावियोड़ी)

झोखियोड़ौ—देखो 'झोकियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० झोखियोड़ी)

झोखौ—देखो 'झोकौ' (रू.भे.)

झोड़-सं०पु०—१ टक्कर, आघात। उ०—घमंकै जड़ी पाखरां थाट घोड़ां। झमंकै झड़ी पाखरां आगि झोड़ां।—वं.भा.

२ देखो 'झौड़' (रू.भे.)

झोट—१ देखो 'झोटी' (मह., रू.भे.) उ०—१ घिरत घला द्यूं ए भूरी झोट री।—लो.गी.

उ०—२ उवा झोट छोड देवौ।—कुंवरसी सांखलै री वारता

२ देखो 'झोटौ' (मह., रू.भे.)

झोटींग देखो 'झोट' (मह., रू.भे.)

झोटी-सं०स्त्री०—युवा भैंस। उ०—दूध पीवण नैं जोसी झोटी दिराऊं रे, धांन भराऊं थारी कोठी रे, म्हारा जूना जोसी, रांम मिळण कद होसी रे।—मीरां

मह०—झोट।

झोटौ-सं०पु०—१ झूले को इधर-उधर हिलाने के लिये दिया जाने वाला धक्का, झोंका। उ०—१ सोवन झूलै बांनो झूलै, झोटै-झोटै बोली थूं। उतणी वार हिलायै पिरथी, मैं तोय जितणा झोटा द्यूं।
—लो.गी.

उ०—२ गाजै घण सुण गावणौ, प्याला भर मद पाव। झूलै रेसम रंग झड़, झोटा दे'र झुलाव।—बां.दा.

क्रि०प्र०—देणौ।

२ किसी अधर लटकी हुई वस्तु को हिलाने-डुलाने के लिये दिया जाने वाला धक्का, झोंका। उ०—सू उण ही बादळां सूं घोड़ा रा लाळिया छांटजै छै। फेर बादळा खंखोळ उण हीज तळाव रै पांणी सूं छांण भरजै छै। उण हीज वड़ां, पीपळां री साखां सूं टांगजै छै। झोटा दीजै छै। पवन खुवाय पांणी ठंडौ कीजै छै।—रा.सा.सं.

क्रि०प्र०—देणौ।

३ इधर से उधर झूमने, झुकने या हिलने-डुलने की क्रिया।

उ०—१ लुळि लुळि लपाक झोटा लिवै, ऊंचा नीचा आवता। नमि नमि नाक अमली निलज, जमीं लगावै जावता।—ऊ.का.

उ०—२ इण भांत रा रजपूतां नै अमल सिरदार आपरा हाथां करावै छै। घणै चोज सूं मन लियां मनहारां कीजै छै। दिल हाथ लीजै छै। अमलां गहतंत हुवा छै। मातै हाथी ज्यूं झोटा खाय रह्या छै।—रा.सा.सं.

वि०वि०—यह क्रिया प्रायः मस्ती, नशे अथवा नींद आदि आने के कारण होती है।

क्रि०प्र०—खाणौ, लैणौ।

(स्त्री० झोटी) ४ भैंसा, महिषा। उ०—मोडा एक बहुत ह्वै गहिला, ज्यूं भैंसिन में झोटा। दे छांटा नारी परवोधै, खसम बतावै खोटा।—ऊ.का.

मह०—झोट।

वि०—हृष्ट-पुष्ट।

झोतिखिक, झोतिसिक—देखो 'ज्योतिसी' (रू.भे.) (व.स.)

झोबा-झोब-वि०यौ०—पसीने में तरबतर। उ०—कुत्तै झपटी मारी। अेक छोरी डर'र चीख मारी। सरीर झोबा-झोब हुयग्यो। आंखिया सूं आंसू पडण लागा।—वरसगांठ

झोर-सं०पु०—१ समूह, झुण्ड। उ०—कपोळां रै मदगंध करि न भौंरां रा झोर पड़ नै रहिया छै।—रा.सा.सं.

२ देखो 'झोरौ' (मह., रू.भे.)

३ देखो 'झौरौ' (मह., रू.भे.)

झोरावो, झोरावौ—देखो 'झुरापो' (रू.भे.)

झोरो-सं०पु०—१ गुच्छा। उ०—रसे माधुरै पी जंभीरी विजोरा। झुकै साख फूलां फळां भारि झोरा।—रा.रू.

मह०—झोर।

२ देखो 'झोरौ (रू.भे.)

झोळ-सं०पु०—धातुओं पर चढ़ाया जाने वाला मुलम्मा।

उ०—१ रूपा री म्हारी वणी ए वाटकी, सोनां के रौ झोळ चढ़ायौ, कहौ तो सहेल्यां आपां वागां में चालां, वागां में हींडो ए घलायौ। —लो.गी.

उ०—२ अनै इणरै मांहै तौ तांबौ अनै ऊपर रूपा री झोळ तिण सूं ए खोटौ।—भि.द्र.

२ तरकारी आदि का शोरवा, शाक का द्रव पदार्थ. ३ वह घोल जो अन्न के आटे में मसाले आदि मिला कर पकाया जाता है जैसे कढ़ी। ४ परदा, ओट. ५ हाथी का झूलते हुए चलने का एक ऐब।

६ देखो 'झोळौ' (रू.भे.)

झोल-सं०स्त्री०—१ किसी वस्तु के तनाव का कहीं से झुक जाने या बीच से मुड़ जाने का भाव।

क्रि०प्र०—काडणौ, दैणौ, निकाळणौ, पड़णौ, होणौ।

२ तनाव या कसाव के शिथिल होने का भाव, तने हुए कपड़े आदि का कहीं से लटक जाने या झोली की तरह हो जाने का भाव।

क्रि०प्र०—दैणौ, पड़णौ।

३ । उ०—आप तौ जाय द्वारका छायै, हमकौ पड़ गये झोल। मीरां के प्रभु गिरधर नागर, पिछले जनम को कौल।—मीरां

४ देखो 'झोलौ' (मह., रू.भे.)

उ०—डेरां मांहि मिळै 'जैसाह' आय। वैसंदर जांणिक झोल वाय। —सू.प्र.

झोळउ—देखो 'झोळौ' (रू.भे.)

उ०—करुणा कीलइ लेपीउ ए, ग्यांन निरूपम नीर। झोळउ समरस भरची ए।—ऐ.जै.का.सं.

झोळका—देखो 'झोळी' (रू.भे.)

झोळणौ-सं०पु०—प्राय: यात्रा में सामान आदि डालने के लिये साथ रखा जाने वाला कपड़े का बना हुआ बड़ा थैला या झोला जो कंधे पर लटकाया जाता है।

वि०वि०—इसमें कपड़े के दोनों छोरों को सीं कर थैलियों के आकार का बना लिया जाता है तथा बीच के हिस्से को कंधे से लटकाने पर दोनों थैलियां आगे पीछे लटक जाती हैं।

झोळणौ, झोळवौ-क्रि०स०—हिलाना-डुलाना, झकझोरना, मथना।

उ०—सो घणी काळपी मिसरी रा भेळ सूं घणी एळची नै मिरचां रै भेळ बौह लागै थकै ऊजळा कपूर वासी गंगोदक पांणी सूं ऊजळै गळणै झोळि झोळि झारीजै छै।—रा.सा.सं.

झोलणौ-सं०पु०—एक प्रकार का दीपक विशेष जो प्राय: लोहे का बना हुआ होता है।

झोळदार-वि०—१ जिसमें शोरवा या रसा हो. २ जिस पर मुलम्मा चढ़ा हुआ हो।

झोलदार-वि०—जिसके बीच में झुकाव या मोड़ हो. २ जो ढीला-ढाला हो।

झोळायत-सं०पु०—गोद लिया हुआ लड़का, दत्तक पुत्र।

झोळि-सं०स्त्री०—तलहटी ?

उ०—अथास्तोदय, अस्तमइं अंसुमाळिमंडळ, विघट्टइं चक्रवाकचक्रवाळ, उच्छळइं बहुल बहुल तिमिररिछोळि, सयाळ पक्षिकुळ अपसरइ परवत झोलि, अलंकरइं तरुणि ओलि, प्रज्वलइं मंदिरोदरि मंगळप्रदीपमाळिका, उन्मीळइं गगनांतराळि तारिका, उल्लसइं चंद्रमंडळालोक, ज्योत्स्नाधवळथाइ जीवलोक।—व.स.

झोळियां-सं०स्त्री०—अंक, गोद। उ०—राजा री कुमरि नळराजा मांगै छै, कंवर आपरी झोळियां घाल्यौ छै।—ढो.मा.

क्रि०प्र०—घलाणौ, घालणौ, दैणौ, लैणौ।

वि०वि०—यह केवल गोद लेने के अर्थ में ही प्रयुक्त होता है।

रू०भे०—झोळ्यां।

झोळियोड़ौ-भू०का०कृ०—हिलाया-डुलाया हुआ, झकझोरा हुआ, मथा हुआ।

झोळियौ-सं०पु०—१ पानी डाल कर अथवा मथ कर पतला बनाया हुआ दही. २ बच्चे को झुलाने का पालना. ३ बच्चे को झुलाने के लिये कपड़े की बनाई हुई झोली।

झोळी-सं०स्त्री०—१ प्राय: चौकोर कपड़े के चारों छोरों को मिला कर लटकाने से बनने वाला गोलनुमा आकार जिसमें कोई वस्तु रखी जा सके। इसमें कपड़े के किनारे पर छोरों के मध्य से छोरों की ओर कुछ दूर तक सी भी देते हैं। उ०—झोळी मा'ला झाड़ रोट गिंडकां नै राळौ। दौ जूतां री दोय करौ मोडां री काळौ।—ऊ.का.

यौ०—झोळी-झंडौ, झोळी-डंडौ।

२ किसी लम्बे और चौड़े वस्त्र के एक ओर के दोनों छोरों को कमर में बांध दिया जाता है और दूसरी ओर के दोनों छोरों को शामिल कर पीठ पर से होते हुए, कंधे के ऊपर से लाते हुए आगे कमर में बंधे हुए छोरों से अटका दिया जाता है। इस प्रकार अटकाने से पीठ पर एक बड़ा थैला बन जाता है।

वि०वि०—यह थैला बाजरा और ज्वार की बालें काटते समय ही उपयोग में लाया जाता है और एक-एक बाल काट कर इस थैले में डालते जाते हैं।

३ ।

उ०—झड़ी सरम फूलां री झोळी। हुयगी परम धरम री होळी।

४ ।

उ०—झोली झालरि झींपहु, झंभू झाझइ मुरि। झखमख झरहर झरंडीआ, झापट झाझा घुरि।—मा.कां.प्र.

५ घायलों को ले जाने के लिये प्रयोग किया जाने वाला झोलीनुमा उपकरण।

उ०—१ नूरमली ग्रहली दसा, गो गिर लग्गे हार। झोळी डोळी घायलां, ले वेली वे पार।—रा.रू.

उ०—२ मांडयो मुकंद रो देस अजाद दुभल्ल। झोळी वीस घतावियां पड़िया तीस मुगळ।—रा.रू.

६ बच्चों के झुलाने का पालना. ७ कपड़े का बनाया हुआ वह झूला जिसमें बच्चे को सुला कर झुलाया जाता है। उ०—मायां धोतां नीरमळा झुलरायो झोळी हालरि हुलरावियो हींडोळ हिंचोळी।

—घ.व.ग्रं.

८ अंक, गोद।

रू० भे०—झोळका।

झोळी-झंडो, झोळी-डंडो—सं०पु०यौ०—प्राय: भिक्षुओं अथवा साधुओं द्वारा अपने पास रखी जाने वाली झोली तथा डंडा।

झोळो—सं०पु०—१ किसी कपड़े के चारों छोरों को मिलाने से बनाने वाली गठरी। उ०—इसो कहि झोळो मांडि, सरब भेळी करि गांठ बांधी।—पलक दरियाव री वात

२ बड़ा थैला. ३ किसी वस्तु का ढीला-ढाला आवरण. ४ पहनने का ढीला-ढाला वस्त्र, चोला। इसे प्राय: साधु पहनते हैं. ५ गोद, अंक (ढूंढाड़)।

रू०भे०—झोळउ।

मह०—झोळ।

झोलो—सं०पु०—१ वायु-प्रवाह का आघात, वायु-प्रवाह की टक्कर, झोंका। उ०—१ फौहारू की पंकति जळ-चादरू का उफांण। जळचादरू की घरहर मांनूं छिल्लै महिरांण। खीखंडूं का डंबर समीर सैं झोला खावै। मलियागिर के भोळैं भूलि पंखेसर मिणधर भुजंग आवै।—सू.प्र.

उ०—२ वायरै रा ठंडा झोला सांमी छाती झेलजै। पैलो जोटो आवै है पांणतिया खोडो घेरजै।—चेत मांनखा

क्रि०प्र०—खाणो, झेलणो।

मुहा०—झोला खाणो—अनिर्णीत अवस्था में रहना, बिना सहारे अथवा बिना मंजिल के जाने भटकना।

२ वायु-प्रवाह। उ०—फळ-फूलूं के भार भरी अढ़ार भार, ठांम-ठांम के ऊपर मोरू का तंडव भौंरू का गुंजार। ठांम-ठांम सेती रतिराज के नकीब कोकिला बोलैं, सीतळ मंद सुगंध तीन प्रकार के झोलै।—सू.प्र.

३ प्रवाह। उ०—अबै जलाल बूबना सूं सीख कीवी। तरै झरोखा सूं रेसम रै लच्छां नूं उतरियो, सो सूंघै भीनो थकियो, अंतर रा झोला पड़तां, दोय लाख रो मोतियां रो हार गळै में पहरियां थकां महल नूं आवै छै, सो येभो व तनोमनो सगळां नूं सुवास रो झोलो पवन सूं आयो। बारह मोहर तोळा रो इतर जलाल लगातो, तिण री सुवास रा झोला पड़ण लाग्या। तद सारां ही कही—खसबू रा झोला आवै छै, सो देखो तो सही जलाल आवै छै।

—जलाल बूबना री वात

उ०—२ सांचा कुळ चकोर चंदा झोलै बहि जासी। ब्रज नारी री बीणती रै (वाला) रांम मिळै मिळ जासी।—मीरां

उ०—३ नित तंडिव नाचणी, निझरि वाढणी नीहाळै। रंग साज रेळियां अंतर झोला आइजै। अली नाभ ऊपरै, राग भौंरा छाइजै।

—पनां वीरमदे री वात

क्रि०प्र०—आणो, झलणो, पड़णो।

४ तरंग, हिलोर। उ०—तिको तळाव किण भांत रो छै। राती वरडी रो। पांडरो नीर। पवन रो मारियो, फीण आछंटतो थको झोला खाय रह्यो छै।—रा.सा.सं.

क्रि०प्र०—खाणो।

५ हिलने-डुलने या झूमने की क्रिया या भाव।

उ०—आभा झळपट अंग क चंदै चीरियां, दरियाई धुज देह घरै डग धीरियां। लटकण झोला लेह कवेसर वंकियां। भरियां भूखण भार लचकत लंकियां।—र. हमीर

उ०—२ गाढ़ा वीसां री घड़ाई नथ लुळ लुळ जाय। तीसां री पोवाई नथ डचोढ़ा झोला खाय।—लो.गी.

उ०—३ गहरो फूल गुलाब रो, झुक झुक झोला खाय। ना माळी रै नीपजै, ना राजा रै जाय।—अज्ञात

क्रि०प्र०—खाणो, लेणो।

६ जल को विलोड़ित करने की क्रिया या भाव। उ०—मरद गरद हुय जाय देख घूंघट को ओलो। झुक पीछोळा तीर दियै पणियारघां झोलो।—महादांन महड़ू

क्रि०प्र०—देणो।

७ वात रोग विशेष। उ०—का तो रांणै नूं झोलै मारियो, का रांणै री बुद्धि भ्रस्ट हुई।—नापै सांखलै री वारता

क्रि०प्र०—मारणो।

८ आश्विन मास में सप्तर्षि के अस्त होने के स्थान से चलने वाला वायु जो फसल को हानि पहुँचाता है। उ०—१ नैरंति प्रसरि निरधण गिरि नीझर, धणी भजै धण पयोधर। झोलै वाइ किया तरु झंखर, लवळी दहन कि लू लहर।—वेलि.

उ०—२ भूख भांगण अर तिर छिजण, थाकां रै आवै वेल। थनै झोलो मती लागजो, म्हारी मतीरा री वेल।—लो.गी.

वि०वि०—यही वायु श्रावण मास में 'सूरियो' तथा माघ मास में 'दावो' कहलाता है।

९ आपत्ति, संकट। उ०—सेर सेर सोनो पीरती, मोत्यां मरती भारा कोइक झोलो आइयो, घर घर री पणियार।—अज्ञात

क्रि०प्र०—लागणो, वाजणो।

१० पीड़ा, दुःख। उ०—हमै मयारांम नै जसां रंगराग मांणै छै,

जकां नैं इंद्र भी वखांणे छे। रंग-राग री घोरो लागो छै, विरह रो झोलो भागो छै।—दरजी मयाराम री वात

क्रि०प्र०—भागणो।

११ विक्षेप, बाधा। उ०—पूरव जनम की मैं हूं गोपिका, अधविच पड़ गयो झोलो रे। जगत वदीती तुम करो मोहन, अब क्यूं बजाऊं ढोलो रे।—मीरां

क्रि०प्र० —डालणो, नांखणो, पड़णो, होणो।

१२ शोभित होने का भाव। उ०—जिस वखत सिर सोभा के हरवळ का मोती पाघ के जवाहर के ऊपर तारीफ सूं झोला खावै, जिसका जवाब इस वजे कहता है जो आलम के विच इस भूपति की जोड़ और भूपति कोई नहीं आवै।—सू.प्र.

क्रि०प्र०—खाणो।

१३ चितवन, दृष्टि।

उ०—सांई टेढ़ी अंखियां, वैरी खलक तमांम। टुकियक झोलो महर री, लाखां करै सलांम।—अज्ञात

१४ (रोग विशेष का) आक्रमण, झपट। उ०—१ मातांजी पूजो सीतळा, ठंडो झोलो देसी माता सीतळा।—लो.गी.

उ०—२ म्हारा सुसरोजी ऊंवा राज री अरजां में, वांरा कंवरां नै ठंडो झोलो दीजै, माता सीतळा।—लो.गी.

उ०—३ पछै उठा थी छाडियो। को दिन सींधले जाय कवळै रह्यो। सांन रो झोलो हुवो।—नैणसी

उ०—४ किसतूरी खवास नै पनां सूं मिळायो, जठै देखतांई तड़ाछ खाय इसो पड़ियो जांणे सीतंग रो झोलो आयो।—पनां वीरमदे री वात

क्रि०प्र०—आणो देणो, लागणो, होणो।

१५ उलझन, फंदा। उ०—जीवड़ा नांख दिया इण झोलै, ठहर सकै नहि ठाई। सतगुरु बिन गोता बहु खावै, भरम न भागै भाई।
—स्री हरिरांमजी महाराज

क्रि०प्र०—नांखणो।

१६ प्रभाव, असर। उ०—सांधू झोलो संवद रो, नर नैं झोलो नार। दीपक झोलो पवन रो, किस विघ उतरै पार।—संतवांणी

क्रि०प्र०—लागणो।

झोळयां—देखो 'झोळियां' (रू.भे.)

झोवरी-सं०स्त्री०—एक प्रकार का आभूषण विशेष।

झोवौ-सं०पु०—एक प्रकार का मिट्टी का वर्तन। उ०—घट घड़कलिया माट, मंगळिया मटकी हांडा। झोवा कुंज कुंडाळ, कढ़ावणी ढकण खांडा।—दमदेव

झौंक-सं०स्त्री०—१ ध्वनि, आवाज। उ०—झरां झंगरां वजि पावक झौंक। सरां वजि तीड परां जिम सौंक।—सू.प्र.

२ देखो 'झोक' (रू.भे.)

झौंप-सं०स्त्री०—१ शमी वृक्ष की कोमल टहनियों से बना 'भुरट' की वालों को झाड़ने का उपकरण।

झौक—देखो 'झोक' (रू.भे.) उ०—१ धंन धंन हरि चाप निखंग धरी, धर सील संधर क्रत ऊंच करी। करतार करां जग झौक जपै, जय क्रती जिकै खळ पाप खपै।—र.ज.प्र.

उ०—२ गरुड़ध्वज रिम मांण-गोळा, वैर वाहर सीत वाळा। करां झौक अनूप काळा, रूप भूपां रांम।—र.ज.प्र.

उ०—३ नोहरथी झौक झागूंड झल्लेस। कड़े छंट चसळकते नेस।
—सू.प्र.

झौका—देखो 'झोका' (रू.भे.) उ०—थूरण रिण दैतां थोका, लाज रक्खण संत लोका। रांम रिण दसमाथ रोका, करां झौका करां झौका।—र.ज.प्र.

झौड़-सं०पु०—१ प्रपंच। उ०—भोळा प्रांणी रांम भज, तूं तज झौड़ तमांम। दीहा छेल्है देख रे, कैसो हूं ता कांम।—र.ज.प्र.

२ टंटा, कलह। उ०—१ दांम दांम विसार निकांम झौड़ व्है उदांम। नरां जांम जांम में उचार रांम रांम।—र.ज.प्र.

यौ०—झौड़-झपाड़, झौड़-झपोड़।

झौड़-झपाड़, झौड़-झपोड़-सं०पु०यौ०—टंटा-फिसाद, झगड़ा-टंटा।

झौडौ-सं०पु०—विवरण, हाल, वृत्तान्त।

झौर—देखो 'झौरौ' (रू.भे.)

झौरापौ, झौरावौ—देखो 'झुरापौ' (रू.भे.)

झौरौ-सं०पु०—खुजलाहट, खुजली।

क्रि०प्र०—हालणो, होणो।

रू०भे०—झोरौ।

मह०—झोर, झौर।

झ्यंकारतन-सं०पु०—स्त्रियों के पैरों में पहनने का आभूषण (अ.मा.)

झ्याझ—देखो 'जांच' (रू.भे.)

झ्रंग-सं०पु०—एक प्रकार का वाद्य विशेष। उ०—दों दों दों दपं मप द्राग्डिदिक दमकै त्रिदंग। झण रण रण भें भें भाझरि झमकित झ्रंग।—घ.व.ग्रं.

ट

ट—संस्कृत, राजस्थानी व देवनागरी वर्णमाला में ग्यारहवां व्यञ्जन जो टवर्ग का प्रथम वर्ण है। वह मूर्धन्य-स्पर्श व्यञ्जन है। इसके उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग किञ्चित् मुड़ कर कठोर तालु को स्पर्श करता है। यह अघोष-अल्पप्राण है।

टं-सं०पु० [सं० टम्] १ अंकुश. २ पुत्र।
सं०स्त्री०—३ अग्नि. ४ पृथ्वी. ५ भौंहें (एका.)
वि०—गंभीर. २ वीर (एका.)

टंक-सं०पु० [सं० टकि—बंधने+घञ] १ भोजन का समय।
उ०—परजापतियां न परजा नें पाळै। टुकड़ै टुकड़ै नें टीवें टंक टाळै।—ऊ.का.
मुहा०—टंक टाळणो—जैसा-तैसा भोजन कर के समय गुजारना।
यौ०—टंक-टाळो।
२ तलवार का अग्र भाग (जैन)
[सं० टंक] ३ सिक्का (जैन) ४ एक ओर से टूटा हुआ पर्वत (जैन) ५ औषधियां तोलने के लिए काम आने वाला एक तोल (अमरत) ६ एक तोल जो चार माशे का होता है परन्तु कई इसको केवल तीन माशे का ही मानते हैं। ७ पत्थर घड़ने की टांकी, छेनी. ८ सम्पूर्ण जाति का एक राग। (संगीत)
९ तलवार। उ०—१ उसं विरयों मुलतांन खां मूंछां कर घल्ले। अंचि कवादे टंक तोलि जव्वू कहि बुल्ले।—ला.रा.
उ०—२ संकन हिय रख समरण री, वेध वजा है वंक। पंक भीरु पग भव पुणे, टक-टक तोल्यां टंक।—रेवतसिंह भाटी
१० सुहागा. ११ म्यान. १२ टकसाल में सिक्के बनाने के लिए धातु को तोलने का नियत मान. १३ धनुष के कोंडी की शक्ति को आंकने के लिए प्रत्यंचा पर लटकाया जाने वाला तोल।
वि०वि०—धनुष की शक्ति को आंकने के लिए उसे लटका कर उसकी प्रत्यंचा में एक टंक जो लगभग ४½ सेर वजन के बराबर का वजन होता था, बांध कर लटकाया जाता था। इस वजन से यदि धनुष की कोंडी में खिचाव आ जाता था तो वह टंकी कहलाता था। इसी प्रकार अधिकाधिक बल से चलाये जाने वाले धनुषों की कोंडी में विशेष शक्ति के प्रयोग से ही खिचाव हो सकता था। ऐसे धनुष अठारह टंकी, इक्कीस एवं तीस टंकी आदि कहलाते थे अर्थात् इनकी कोंडी के खिचाव के लिए १८ टंक या २१ टंक के वजन के बराबर शक्ति का प्रयोग करना पड़ता था। राजस्थानी में ३६ टंकी धनुषों का विवरण मिलता है।
रू०भे०—टंकउ, टंकी, टंको।
यौ०—अठार-टंक, अढ़ार-टंक, इक्कीस-टंक, तीस-टंक, छत्तीस-टंक, टंक-परीक्षा, टंक-साळ।

टंक-अठार, टंक-अढ़ार—देखो 'अढ़ारटंकी'। उ०—१ दुइ दुइ तरकुस पासि जुवांणां। दुइ दुइ टंक-अठार कवांणा।—गु.रू.बं.
उ०—२ कसीसत टंक-अढ़ार कबांण, परी अह रूप ग्रवै सिरपांण।
—सू.प्र.

टंकउ—देखो 'टंक' (रू.भे.)

टंकण-सं०स्त्री०—१ सुहागा. २ घोड़े की एक जाति विशेष (शा.हो.)
रू०भे०—टंगण।

टंकणो—देखो 'टांकणो'। उ०—दुसमणूं कूं दाह साजणूं के मन भाए। तिस वखत होसनायकूं चाक चढ़ाय टंकणे बणवाए।—सू.प्र.

टंकपरीक्षा-सं०स्त्री०यौ०—७२ कलाओं में से एक (व.स.)

टंकणो, टंकवो—देखो 'टंगणो, टंगबो' (रू.भे.)
उ०—खोळा टंकियोड़ा गळ में खूंगाळी। जळ जुत ठोडी पर टिमकी जंघाळी।—ऊ.का.

टंकर—देखो 'टंकार' (रू.भे.)
उ०—सरण असरण अदण साभण। टंकर वण किय वजण दिन तिण।—सू.प्र.

टंकसाळ-सं०स्त्री०यौ०—१ वह स्थान जहां धनुष-विद्या सीखी जाती हो (व.स.) २ देखो 'टकसाळ' (रू.भे.)
उ०—जेसंघ नाणां खटिया, टंक-साळ बुहारी। खीची दस दिन वास गये, खरळां पिण चारी।—द.दा.

टंकसाळी—देखो 'टकसाळी' (रू.भे.) उ०—सवद जिहाज वंण टंकसाळी, तरि तरि सुकवि गया तिण ताळी। महण संसार तरणि वनमाळी, जोड़िस हुई तुंवाड़ां जाळी।—रुकमणी हरण

टंकाई-सं०स्त्री०—१ टांकने की क्रिया. २ टांकने का पारिश्रमिक।

टंकाअळि, टंकाउळि—देखो 'टंकावळी' (रू.भे.)
उ०—रतनजड़ित कंचुक कस, खंचित कुच दोइ सार। एकाउळि मुगताउळि, टंकाउळि गळि हार।—प्राचीन फागु संग्रह

टंकाडिलो-वि०—बहुमूल्य, कीमती। उ०—अरजन जू घन लियो सनाह। गली पैहरई टंकाडिल हार।—बी.दे.

टंकार-सं०स्त्री०—१ धनुष की प्रत्यंचा की ध्वनि।
उ०—१ वार हजार वंगाळ, विलंद तिण वार वकारे। करि कवांण टंकार, घाव सांमा पग धारे।—सू.प्र.
उ०—२ खुले हास नारंदां तमासा भांण रथां खंचे, तड़च्छै सतारा दळां हाकले तुरंग। टंकारां धांनखां वजे सत्रां घड़ां करे टूका, दूजे 'मांन' लीधो सकां गंजूह दुरंग।
—राव सवाई केसवदास परमार री गीत
२ कसे हुए तार आदि पर उंगली मारने से उत्पन्न टन-टन शब्द।
रू०भे०—टंकारव, टंकारव।

टंकारणौ, टंकारबौ—क्रि०स०—१ गिनना. २ मानना, समझना. ३ आघात से ध्वनि करना।

टंकारव—देखो 'टंकार' (रू.भे.) उ०—गोड़ीरव गैमरां, जह वहतां तळ जोड़ां। घंटारव पक्खरां हुय हींसारव घोड़ां। टौवांरव टिगटिगै, गोम गैणारव गज्जै। गुंजारव भेरियां, धनक टंकारव वज्जै।
—गु.रू.बं.

टंकारौ—सं०पु०—देखो 'टंकार' (रू.भे.)
उ०—१ चाढ़ची धनुस कियौ टंकारौ। सब्द सुण्यौ स्रीक्रसण मुरारी।
जयवांणी

टंकावळ, टंकावळि, टंकावळी—वि० [सं० टंका+आवळी] बहुमूल्य, बेश कीमती। उ०—१ दंत जिसा दाड़म-कुळी, सीस फूल सिणगार। कांनै कुंडळ झळहळइ, कंठ टंकावळ हार।—ढो.मा.
उ०—२ दीसए रवि जिस्यु राखड़ी, राखड़ी सोहए सार। कंठि ठवइं टंकावळि, एकावळि वळी हार।—प्राचीन फागु संग्रह
रू०भे०—टंकाउळि, टंकाउळी।

टंकारियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ गिना हुआ. २ माना हुआ, समझा हुआ. ३ आघात से ध्वनि किया हुआ।
(स्त्री० टंकारियोड़ी)

टंकियोड़ौ—देखो 'टंगियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० टंकियोड़ी)

टंकी—सं०स्त्री०—१ पानी भरने का लोहे का बड़ा बर्तन. २ पानी भरने का वह कुंड जो दीवार उठा कर बनाया जाता है. ३ धनुष।
यौ०—अढ़ार-टंकी, इक्कीस-टंकी, तीस-टंकी, छत्तीस-टंकी।

टंकरणौ—देखो 'टखणौ' (रू.भे.) (अमरत)

टंकेत—वि०—खगधारी, कृपाणधारी। उ०—टका छीन ले टंचरा, टाट पींज टंकेत। कीड़चां संचे जेम कण, लख भख तीतर लेत।
—रेवतसिह भाटी

टंकोर—सं०स्त्री०—१ ध्वनि, आवाज। उ०—घोड़ा बांधै घूघरां, तोड़ां दए टंकोर। नाळां लए कळाइयां, लड़वा कज लंकोर।—पा.प्र.
२ देखो 'टंकोर' (मह., रू.भे.)

टंकोरियौ—देखो 'टंकोरौ' (अल्पा., रू.भे.)

टंकोरी—सं०स्त्री०—देखो 'टंकोरौ' (अल्पा., रू.भे.)

टंकोरौ—सं०पु०—१ देव मंदिरों में पूजा के समय बजाया जाने वाला मिश्रित धातुओं से बना हुआ एक वाद्य विशेष।
वि०वि०—यह दो प्रकार का होता है। एक चपटा व गोल आकार का होता है जिसे पूजा के वक्त हाथ में लटका कर प्राय: लकड़ी के हथौड़े से बजाया जाता है। दूसरा मंदिर की छत में लटका रहता है जिसे दर्शनार्थी लोगों द्वारा आते-जाते समय तथा पूजा के समय बजाया जाता है. २ पशुओं के समूह में (विशेष कर गायों के) किसी एक मुख्य पशु के गले में लटकाया जाने वाला घंटा। इसकी बनावट देव मंदिरों की छत में लटकाये जाने वाले घंटे से मिलती-जुलती होती है। ३ हाथी की झूल के बांधा जाने वाला घंटा। यह हाथी की झूल के दोनों ओर झूल के पट्टे से लटकाये जाते हैं।
रू०भे०—टकोरौ, टिकोरौ, टोकरौ।
अल्पा०—टंकोरियौ, टंकोरी, टिकोरियौ, टिकोरी, टोकरियौ, टोकरी।
मह०—टंकोर, टकोर, टिकोर, टोकर।

टंकौ—१ देखो 'टंक' (रू.भे.)
उ०—ब्राह्मण नइ नळइ आपीउं सोवन टंका लाख। आगता स्वागति घणी, मीठा बोलु द्राख।—नळ-दवदंती रास
२ देखो 'टकौ' (रू.भे. प्राचीन) (उ.र.)

टंग—देखो 'टांग' (मह., रू.भे.)

टंगड़ी—देखो 'टांग' (अल्पा., रू.भे.)

टंगण—देखो 'टंकण' (रू.भे.)

टंगणौ, टंगबौ—क्रि०अ०—टंगना, लटकना।
टंगणहार, हारौ (हारी), टंगणियौ—वि०।
टंगिओड़ौ, टंगियोड़ौ, टंग्योड़ौ—भू०का०कृ०।
टंगीजणौ, टंगीजबौ—भाव वा०।
टंकणौ, टंकबौ—रू०भे०।

टंग-पांणी—सं०पु० [सं० टङ्कपाणि] ४६ क्षेत्रपालों में से २७ वां क्षेत्रपाल

टंगलौ—वि०—जो पैरों से चलने में असमर्थ हो।

टंगियोड़ौ—भू०का०कृ०—टंगा हुआ, लटका हुआ।
(स्त्री० टंगियोड़ी)

टंच—वि०—१ तैयार, प्रस्तुत।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।
२ कृपण, कंजूस। उ०—टका छीणाले टंच रा, टाट पींज टंकेत। कीड़चां संचे जेम कण, लख भख तीतर लेत।—रेवतसिंह भाटी

टंचणौ, टंचबौ—क्रि०अ०—'टांचणौ' क्रिया का अकर्मक रूप।

टंचर—सं०पु०—शीश, शिर (अल्पा.)
उ०—मालम नहीं, आ कांई रीत चाल पड़ी? एक तौ घर रौ जीव जावै, बीजौ खरचै-सूं टंचर पाखती में कूटीजै।—वरसगांठ

टंट, टंटी—सं०स्त्री०—घुटने से नीचे का भाग।
मुहा०—टंटियां भिड़णी, टंटियां लड़णी—कमजोरी के कारण चलते समय पैरों का आपस में टकराना।

टंटेर—सं०पु०—मरे पशु का अस्थि-पंजर।

टंटोळणौ, टंटोळबौ—क्रि०स०—ढूंढ़ना, खोजना।
उ०—१ किरड़ा कर रिमझोळ, डोळ डाळ्यां रंग घोळै। ऊंदरियां री ओळ, कोळ बिल जड़ां टंटोळै।—दसदेव
उ०—२ सबद कहत रसना अटकत, नटत घटत नहिं घाट। लटकि लटकि लुटि लुटि उठत, तकत टंटोळत खाट।—ह.पु.वा.
२ थाह लेना. ३ परखना, आजमाना।
टंटोळणहार, हारौ (हारी), टंटोळणियौ—वि०।
टंटोळणौ, टंटोळबौ—सं०रू०।
टंटोळावणौ, टंटोळावबौ—प्रे०रू०।

टंटोड़ियोड़ो, टंटोड़ियोड़ो, टंटोड़्योड़ो—भू०का०कृ० ।
टंटोड़ीजणो, टंटोड़ीजबो—कर्म वा० ।
टंटोड़ियोड़ो-भू०का०कृ०—१ टूटा हुआ. २ याद लिया हुआ. ३ परखा हुआ, आजमाया हुआ ।
(स्त्री० टंटोड़ियोड़ी)
टंटो-सं०पु०—उपद्रव, कलह, झगड़ा, तकरार, लड़ाई ।
क्रि०प्र०—करणो ।
मुहा०—टंटो गाडो करणो—झगड़ा उत्पन्न करना ।
यो०—झगड़ो-टंटो ।
टंडीरो, टंडेरो-सं०पु०—घरेलू सामान (शेखावाटी)
टंपणो, टंपबो-क्रि०अ०—छलांग भरना, कूदना ।
टंपायोड़ी-सं०स्त्री०—बच्चों का खेल विशेष (शेखावाटी)
टंपाड़णो, टपाड़बो—देखो 'टंपाणो, टंपावो' (रू.भे.)
टंपाड़ियोड़ो—देखो 'टंपायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० टंपाड़ियोड़ी)
टंपाणो, टंपावो-क्रि०स० ('टंपणो' क्रिया का प्रे०रू०) छलांग भराना, कुदाना ।
टंपाड़णो, टंपाड़बो, टंपावणो, टंपावबो—रू०भे० ।
टंपायोड़ो-भू०का०कृ०—छलांग भराया हुआ, कुदाया हुआ ।
(स्त्री० टंपायोड़ी)
टंपावणो, टंपावबो—देखो 'टंपाणो, टंपावो' (रू.भे.)
उ०—सेसनाग फण कुण कंपावइ, सीस मूं कवण अस्व टंपावइ ।
—विराटपर्व
टंपावियोड़ो—देखो 'टंपायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० टंपावियोड़ी)
टंपियोड़ो-भू०का०कृ०—छलांग भरा हुआ, कूदा हुआ ।
(स्त्री० टंपियोड़ी)
टंमको-सं०पु०—१ ध्वनि. २ शब्द, आवाज. ३ नगाड़ा. ४ चमक, हलका प्रकाश ।
ट-सं०पु०—१ मोढा. २ देवदार. ३ पीपल. ४ चांदी (एका.)
टओबो-सं०पु०—पेंदा, तल ? उ०—तठै कूंभो तिसियो आयो नै कह्यो—डोकरी, दूध पांणी पाय । तरै गूजरी कह्यो—कूंभा बेटा ! मांहे चालि, टओबा को दूध छै ।—राव रिणमल री वात
टक-सं०स्त्री०—१ ताक लगा कर बिना पलक बंद किये निरंतर देखने की क्रिया या भाव ।
क्रि०प्र०—लगणी, लागणी ।
मुहा०—टक टक देखणो—निरंतर देखना. २ टक लगाणी—प्रतीक्षा करना, ध्यान से किसी वस्तु को देखते रहना ।
रू०भे०—टुक ।
२ तक, पर्यन्त । उ०—सीस जकण री सोभियो, नाळेर नेहारां । पलकां सिर सूं ऊतरी, टक एडी तारां ।—दरजी मयाराम री वात
३ स्थिति । उ०—दूजा कुछ मांगै नहीं, हमको दे दीदार । तू है तब-लग एक टक, दादू के दिलदार ।—दादू बांणी
टोकीजणौ, टोकीजबौ—कर्म वा०।
टोकर-स०पु०—१ आभूषण विशेष। उ०—भाट था त्यांनूं घोड़ा, ऊंट, कड़ा, मुरकी, टोकर दीन्हा।
—कुंवरसी सांखला री वारता
२ देखो 'टोकरो' (मह., रू.भे.) उ०—ताहरां रावळजी बाघ ऊदै नू बगसियो, ताहरां ऊदै लियो-नै गळ टोकर बांधि-नै छोडि दियो कह्यो जी बाघ म्हांरो छै।—ऊदै उगमणावत री वात
टोकरियौ—देखो 'टोकरो' (अल्पा., रू.भे.) उ०—रूपा रो टोकरियो जांणे रे।—जयवांणी
टोकरी-सं०स्त्री०—१ वह थोड़ी सी जमीन जो किसी बड़े तालाब के पास स्थित हो. २ देखो 'टोकरो' (अल्पा., रू.भे.)
रू०भे०—टोपली।
टोकरौ-सं०पु०—१ बड़ी डलिया. २ देखो 'टंकोरो' (रू.भे.)
रू०भे०—टोपलो।
अल्पा०—टोकरियौ, टोकरी।
मह०—टोकर।
टोकळ, टोकळौ-सं०पु०—१ बड़ी जूं, यूका. २ किसी मनुष्य के प्रति व्यंग्य के रूप में कहा जाने वाला शब्द।
वि०—मूर्ख।
मह०—टोकळ।
टोकियोड़ौ-भू०का०कृ०—मना किया हुआ निषेध किया हुआ, रोका हुआ।
(स्त्री० टोकियोड़ी)
टोकी-सं०स्त्री०—शिखर, चोटी। उ०—१ काती भलै दांती फेरी, लासू बन रा वाडतां। भाड़ जुगत लादां लदावै, ढिगलां टोकी काड़तां।—दसदेव
उ०—२ सरब स्म्रति पुरांण, सुवांणी लांमी सूची। अड़ूड़ ऊजळ रूप, ऊघाड़ी टोकी ऊंची।—दसदेव
टोगड़—देखो 'टोगड़ौ' (मह., रू.भे.)
यौ०—टोघड़-टोळी।
टोगड़ियौ, टोगड़ौ-सं०पु० [सं० तोक = टोक] (स्त्री० टोगड़ी) १ गाय का बच्चा, बछड़ा।
मुहा०—टोगड़ा टाळणा, टोगड़िया टाळणा—साथ छोड़ देना, पृथक हो जाना।
२ मूर्ख, गँवार।
रू०भे०—टोघड़ौ।
अल्पा०—टोगड़ियौ, टोघड़ियौ।
मह०—टोगड़, टोघड़।
टोघड़—देखो 'टोगड़ौ' (रू.भे.) उ०—ढीली लांगां रा ढेरा ढळकाता। टोघड़ टुकड़ां रा खेरा खळकाता।—ऊ.का.
टोघड़ियौ—देखो 'टोगड़ौ' (अल्पा., रू.भे.)
टोघड़ौ—देखो 'टोगड़ौ' (रू.भे.) उ०—आदू तिवार में सुगन ओ, देख अमल बिन टोघड़ा। आ रसम फँमाई अमलियां, तार न सोचै टोघड़ा।—ऊ.का.
(स्त्री० टोघड़ी)
टोचकौ-सं०पु०—१ अंगुलियों को मोड़ कर प्रहार करने का भाव. २ व्यंग्य, टोंट. ३ सिर, मस्तक (अल्पा.) ४ देखो 'टूंचको'। (रू.भे.)
टोट-वि०—हृष्टपुष्ट, शक्तिशाली। उ०—भेजी लिख जुध भिड़ण री, रांणी कनै रपोट। प्रबळ विचारी तैं 'पता' टकर लैण री टोट।
—जुगतीदांन देथौ
२ देखो 'टोटो' (मह., रू.भे.) उ०—परणाई पीळा पोतड़ां, मेली ऊभा कोट। एक सनेहीसा रा सायबा, कांई थारै कागदिया रा टोट। ओळूं घणी आवै रे म्हारा सैण, नींद नहीं आवै छै।—लो.गी.
टोटकाचारय-सं०पु०—शंकर स्वामी का एक शिष्य विशेष जिसने उत्तर में जोशी मठ की स्थापना की थी (मा.म.)
टोटकौ-सं०पु०—१ किसी बाधा या व्याधि आदि को दूर करने के लिए किया जाने वाला तंत्र-मंत्र का प्रयोग।
क्रि०प्र०—करणौ।
२ जादू, टोना। उ०—टांमण-टूमण टोटका, कर देखो सब कोय। छंदे चालै पीव कै, आपै ही बस होय।—अज्ञात
क्रि०प्र०—करणौ।
टोटलौ-सं०पु०—भुना हुआ चना। उ०—गवां-चिणां की घूघरड़ी,

रंधाय, चिरण का ऊपर टोटला जी, म्हारा राज ।—लो.गी.

[टो]टी-सं०स्त्री० [सं० त्रोटि] (बहु व० टोटियां) १ स्त्रियों के कान के नीचे के भाग में पहनने का आभूषण ।

यौ०—टोटी-झूमरा, टोटी-सांकळी ।

देखो 'टोट' (रू.भे.)

उ०—दुरद पगां दोटीह, तैं टोटी इण वखत मैं । मुरधर री मोटीह, खत्रवट 'पता' खताय दी ।—जुगतीदांन देथौ

[टो]टी-झूमर, टोटी झूमरी-सं०स्त्री०यौ०—स्त्रियों के कान के आभूषण टोटी के साथ लगाया जाने वाला लटकन ।

[टो]टी-सांकळी-सं०स्त्री०यौ०—स्त्रियों के कान का आभूषण ।

[टो]टौ-सं०पु० [सं० त्रोट] १ घाटा, हानि, नुकसान ।

उ०—थोड़ी उपेजी थी जिकौ राज ही मांही टोटौ आयौ ।

—राठौड़ राजसिंघ री वारता

क्रि०प्र०—उठाणौ, खाणौ, झेलणौ, पड़णौ, भुगतणौ, सैंणौ ।

२ अभाव, कमी । उ०—१ खोटै टोटै नग करिणयां बीखरगी । माहव मोटै दुख जाटणियां मरगी ।—ऊ.का.

उ०—२ कछु दोस नहीं कुवज्या नै, बीरी अपणा स्यांम खोटा । आप न आवै पतियां न भेजै, कागद का कांई टोटा ।—मीरां

क्रि०प्र०—आणौ, पड़णौ ।

कहा०—टोटा नी टापरी मांये रात-दा'ड़ा राड़—अभाव और कमी जिस घर में होती है वहां हर वक्त झगड़ा होता रहता है ।

३ एक प्रकार का वाद्य जो शहनाई ही की तरह का होता है ।

मह०—टोट ।

[टो]ड-सं०स्त्री०—१ युवा मादा ऊंट ।

सं०पु०—२ ऊंट (बीकानेर) । उ०—१ झोक भरी छै म्हांरी टोडियां जे, जे मैं म्हारौ गल्लै वाळी टोड, ओ क वरसं वरसोदण होळी पांमणी जे ।—लो.गी.

[टो]डकी, टोडड़ी-सं०स्त्री०—१ मादा ऊंट । उ०—डाक्या टोडा टोडड़ी, लोपी नदी बनास । आडो गैलो उलंगिया, जद धण छोडी आस ।

—लो.गी.

२ देखो 'टोडती' (रू.भे.)

[टो]डड़ौ—१ देखो 'टोडियौ' (रू.भे.) उ०—थ्रै हाथी घोड़ा थांरै, थांरी वरोबरी म्हे करां स कोई ऊंट टोडड़ा म्हांरै, गिरधारी हो लाल ।

—लो.गी.

२ देखो 'टोडौ' (अल्पा., रू.भे.) । उ०—वायस बइठउ टोडड़ै, ऊडाड़इ करि पांणि । 'माधव क्या हरि आवसी ? ग्रेम कहंती वांणि ।—मा.कां.प्र.

[टो]डती-सं०स्त्री०—ऊंट का मादा बच्चा । उ०—मेरौ देवरियौ चरावै सांड, करला गाजणा । टोडियौ चरावै, टोडती चरावै, वौ तौ ल्यावै-ल्यावै घरां अ्रै चराय, सांड्या गरजणा ।—लो.गी.

रू०भे०—टोडकी, टोडड़ी ।

टोडर-सं०पु०—१ हाथी. २ पुरुष के पैरों में धारण करने का गोल स्वर्णाभूषण जो राजा द्वारा मान या प्रतिष्ठा के लिये दिये जाते थे ।

टोडरमल, टोडरमल्ल, टोडरमाल—देखो 'तोडरमल' (रू.भे.)

टोडरौ-सं०पु०—स्त्रियों के पैरों में पहनने का आभूषण विशेष ।

उ०—१ विणजारा रै लोभी, लेज्या गळा केरौ हार, बावैं पग को लेज्या टोडरौ, विणजारा रे ।—लो.गी.

उ०—२ अेक सखी मेरी पहरी पायल, बिछियां रौ रमझोळ । दूजी सखी मेरी पहर टोडरौ, पिवजी नैं जाय दिखायौ ।—लो.गी.

टोडारू—देखो 'तोडारू' (रू.भे.)

टोडियौ-सं०पु०—ऊंट का बच्चा । उ०—मेरौ देवरियौ चरावै सांड, करला गाजणा । टोडिया चरावै टोडती चरावै, वौ तौ ल्यावै ल्यावै घरां अ्रै चराय, सांड्या गरजणा ।—लो.गी.

रू०भे०—टोडड़ौ, टोरड़ौ, तोडड़ौ ।

अल्पा०—टोरड़ियौ, तोडियौ ।

टोडी-सं०स्त्री०—१ संगीत की एक रागिनी विशेष (संगीत)

२ कुए के ऊपरी भाग में लम्बाई की ओर लगा हुआ पत्थर जो रहट की लाट के सिरे को टिकाये रहता है. ३ पत्थर का वह भाग जो कुए के अन्दर की ओर ऊपरी सतह पर कुए की चुनी हुई दीवार से कुछ बाहर निकला हुआ होता है जिस पर वह पात्र रखा जाता है. जिसमें रहट से निकला हुआ पानी गिर कर आगे नाली में जाता है. ४ देखो 'टोड' (१) (रू.भे.)

उ०—ऊंची-नीची सरवरिया री पाळ, जठै नैं मिळै टोडी टोडड़ा । साथीड़ां रै चढ़ण टोड, पाबू धणी रै चडण केसर काळका ।

—पाबूजी राठौड़ रौ गीत

टोडौ-सं०पु०—१ छज्जे के सहारे के लिए लगाया जाने वाला पत्थर । २ कच्चे मकान की चौड़ाई की दीवार का वह भाग जो टाट के सुभीते के लिए लंबाई की दीवार से त्रिकोण के आकार का अधिक ऊंचा किया जाता है और जिस पर वंडेर का छोर रखा रहता है । ये संख्या में दो होते हैं. ३ मकान के दरवाजे के बाहर आड़ लिए बनाई गई दीवार. ४ प्राय: घोड़े के मुख के आकार के काठ के करीब हाथ दो हाथ लंबे डंडे जो घर की दीवार के बाहर की ओर पंक्ति में बढी हुई छाजन के सहारा देने के लिये लगाए जाते हैं. ५ जमीन की सरहद बताने वाला पत्थर ।

टोणौ—देखो 'टोनौ' (रू.भे.)

टोणौ, टोवौ-क्रि०स०—१ आंखों में अंजन डालना, सँवारना ।

उ०—इंदु वदन गोखड़ां ऊभी, टोयां काजळ टीवी । गळती रात पुकारै गौरी, बावहिया ज्यूं बीवी ।—अमरसिंह राठौड़ रौ गीत

२ देखो 'टोहणौ, टोहवौ' (रू.भे.)

टोनौ-सं०पु०—कोई बाधा, व्याधि आदि दूर करने या मनोरथ पूर्ण करने के निमित्त किया जाने वाला प्रयोग जो किसी अलौकिक या दैवी शक्ति पर विश्वास कर के किया जाता है । मंत्र-तंत्र का प्रयोग ।

उ०—हूं जळ भरने जात थी सजनी, कळस माथै धरयो । सांवरो सो किसोर मूरत, कछुर टोनो करयो ।—मीरां

क्रि०प्र०—करणौ, चलाणौ, मारणौ ।

रू०भे०—टुनो टोणो, टोनो ।

यौ०—जादू-टोनो ।

टोप-सं०पु० [सं० स्तुप् उच्छ्राये] १ युद्ध के समय शिर पर पहनने की लोहे की टोपी, शिरस्त्राण । उ०—तीन वेळा उपाड़-उपाड़ खंगार रै हाथ में नांखिया । साहिब नूं झटको वाह्यो सु टोप लाग टळियो ।
—नैणसी

पर्या०—उतवंग-पनाह, सिरत्राण, सीरसक ।

२ सिर पर धारण करने की कपड़े अथवा पशुओं की खाल से बनी टोपी. ३ शिर पर धारण करने की टोपी विशेष जिसको साधारणतया सरकारी अफसर अथवा अमीर लोग धूप से बचने के लिए पहनते हैं. ४ तरल पदार्थ की बूंद ।

५ देखो 'टोपी' (मह., रू.भे.)

६ देखो 'टोपी' (मह., रू.भे.)

टोपरउ-सं०पु० [सं० टोपरः] (उ.र.)

टोपरो-सं०पु०—फल विशेष ।

उ०—सदाफळ अम्रितफळ फाळसां सकरलींबु कमळ काकड़ी सींघोड़ा, टोपरा नां फटका, कुंकणां केळां ।—व.स.

टोपली-सं०स्त्री०—१ डलिया, टोकरी ।

२ देखो 'टोपी' (अल्पा., रू.भे.)

३ देखो 'टोपाळी' (रू.भे.)

टोपलो-सं०पु०—१ बड़ी डलिया । २ देखो 'टोपी' (अल्पा., रू.भे.)

टोपसी—देखो 'टोपाळी' (रू.भे.)

उ०—आगरीयां में प्रतापजी कोठारी बोल्यो, स्वांमीनाथ ! आप जोड़ां किम तरै करो छो । जद स्वांमीजी एक टोपसी में सपेतो हुतो इतलै वायरो वाज्यो ।—भि.द्र.

टोपाळी-सं०स्त्री०—नारियल की गिरी के ऊपरी कठोर भाग का आधा हिस्सा । उ०—रावळी डांग हाथ में अर धणियां री ऊपर मैं'र पछै पूछणोई कांई । हाजरिया नैं आभो टोपाळी जितरो निजर आवतो ।
—रातवासो

वि०वि०—नारियल की जटा उतारने के पश्चात् कठोर भाग को गिरी निकालने के लिए तोड़ कर प्राय: दो भागों में विभक्त किया जाता है जो प्राय: कटोरी के आकार के होते हैं किन्तु नीचे से चपटे नहीं होते हैं । इन दो भागों में से एक में तो तीन छिद्र होते हैं किन्तु दूसरे भाग में छिद्र नहीं होने के कारण इससे किसी बड़े बर्तन में से वस्तु को निकालने अथवा कोई चीज उसमें रखने तथा अन्य कई कार्यो के लिए प्रयुक्त किया जाता है ।

रू०भे०—टोपली, टोपसी ।

टोपिया-सं०स्त्री०—पगड़ी, टोपी (जैन)

टोपियो-सं०पु०—१ बर्तन विशेष (शेखावाटी) २ देखो 'टोपो' (अल्पा., रू.भे.)

टोपी-सं०स्त्री०—सिर ढांकने का आच्छादन, छोटा टोपा ।

क्रि०प्र०—उतारणी, पटकणी, पैंरणी, पैंराणी, फेंकणी, मेलणी, राखणी ।

मुहा०—१ टोपी उतारणी—बेइज्जत करना, कंगाल करना. २ टोपी पटकणी—बहुत प्रयत्न करना. ३ टोपी पहन लेना, सन्यास ले लेना. ४ टोपी पैंराणी—निर्धन कर देना, फकीर बना देना. ५ टोपी फेंकणी—उत्तरदायित्व छोड़ देना, जिम्मेवारी से दूर हो जाना. ६ टोपी राखणी—इज्जत रखना, प्रतिष्ठा रखना.

२ अनाज के ऊपर का छिलका ।

क्रि०प्र०—उतारणी ।

३ गोल आकार की कटोरीनुमा वस्तु, ढक्कन आदि ।

क्रि०प्र०—लगाणी ।

४ बंदूक छोड़ने के लिए धातु की बनी वस्तु, पटाखा ।

क्रि०प्र०—चडाणी, चाढ़णी ।

यौ०—टोपीदार ।

५ लिंग का अग्र भाग. ६ विष्णु मूर्ति का शिर का आभूषण.

अल्पा०—टोपली ।

मह०—टोप ।

टोपो-सं०पु०—१ छोटे बच्चों के शिर में पहनाने की टोपी विशेष ।

२ देखो 'टपको' (रू.भे.)

उ०—या सारां में सार छांण नै पीजै पांणी, गाढ़ो गरणो राख करै जळ में जीवांणी । टोपो ही ढोळै मती, धरती बिना विचार । करणी नै करतूत रो, क्यों न आवै पार ।—सगरांमदास

३ रहट के काष्ठ के मध्य स्थंभ के नीचे के भाग में लगा हुआ लोहे का टुकड़ा ।

४ देखो 'टोयो' (२) (रू.भे.)

वि०—खण्ड, टुकड़ा ।

टोय—आंख का वह छोर जो कनपटी की ओर होता है । उ०—फूलां रा चौस पैंहरियां थकां टोय अणियाळां काजळ ठांसियां थकां वांका नैणां री झोख ।—रा.सा.सं.

२ देखो 'टोह' (रू.भे.)

उ०—ठिकांणा रा चुगलखोर इणी टोय में रैवता ।—वांणी

टोयोड़ो—भू०का०कृ०—१ (आंखों में अंजन आदि) डाला हुआ, सँवारा हुआ । २ देखो 'टोहियोड़ो' (रू.भे.)

टोयो-सं०पु०—स्त्री की योनि के दोनों किनारों के मध्य का उभरा हुआ मांस. २ लोहे की कील जो खैराद की लकड़ी के मध्य बाहर निकली रहती है ।

रू०भे०—टोपो ।

टोर-सं०स्त्री०—कटारी । उ०—पातसाह-परगह प्रघण, जमा सकै की जोर । धरजे धक धाराळ की, टरड़ निभावै टोर ।
—रेवतसिंह भाटी

टोरड़ियौ—देखो 'टोडियौ' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—म्हारा काकोजी चरावै टोरड़िया, म्हारा भाऊजी लावै छकियार ।—लो.गी.

टोरड़ौ—देखो 'टोडियौ' (रू.भे.)
उ०—सांड टोरड़चां टोड, कोड कर कांट किटाळी । लफलफ लेत बुगाळ, सूंत खेजड़लां डाळी ।—दसदेव
(स्त्री० टोरड़ी)

टोरणौ, टोरबौ—क्रि०स०—१ पद-चिन्हों को पहिचान कर चोर को ढूंढ़ने के निमित्त पीछा करना ।
२ देखो 'टोळणौ, टोळबौ' (रू.भे.)

टोराबाज—वि०—जो डींग हांकता हो, गप्पी, झूठा ।

टोरियोड़ौ—१ पद-चिन्हों को पहिचान कर चोर को ढूंढ़ने के लिये पीछा किया हुआ । २ देखो 'टोळियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० टोरियोड़ी)

टोरियौ, टोरौ—सं०पु०—१ असत्य बात, तथ्य रहित बात, डींग, गप्प ।
क्रि०प्र०—देणा, हांकणा ।
२ टक्कर, प्रहार (गेंद पर)
क्रि०प्र०—ठोकणौ, देणौ, मेलणौ ।
यौ०—टोराबाज ।
अल्पा०—टोरियौ ।

टोळ—सं०पु० [सं० प्रतोली, प्रा० टोल्ल] १ निवास-स्थान, घर ।
उ०—१ भला ठाकुर साथ करी, नवा गांम वासंति । डूंगर तणै नींझरणै तेणइ, तांणिया टोळ घसंति ।—नळ दवदंती रास
उ०—२ संख मुखिइं जिणि पूरिय भूरिय हरि मनि जंपु । टोळ टळक्कइ रैवत दैवत मनि आकंपु ।—नेमिनाथ फागु
उ०—३ भवि भवसउ ते बोलइ बोलइं गिरिसिर टोळ । सहजिइं परभव भेदन वेदन वदन विलोळ ।—नेमिनाथ फागु
२ सम्पूर्ण जाति का एक राग ।
३ देखो 'टोळौ' (मह., रू.भे.)
उ०—१ टूटा मत रह टोळ सें, राव भीड़ के बीच । एक अकेले मिनख कूं, सूझै ऊंच न नीच ।—अज्ञात
उ०—२ कळपव्रछ री डाळ, पारस री टोळ, मेह री महर, दरियावां री छोळ ।—दरजी मयारांम री वात
उ०—३ बोल के कुबोल भगौ, टोळ तूं भयौ ।—ऊ.का.

टोळउ—देखो 'टोळौ' (रू.भे.)

टोळगइ—सं०स्त्री० [सं० टोलगति] तीड के समान कूदते-कूदते वंदना करने का बत्तीस दोषों में से पांचवां दोष (जैन)

टोळणौ, टोळबौ—क्रि०स०—चलने के लिए प्रेरित करना, हांकना (पशुओं को) उ०—पण एक दिन ईसड़ौ दईव संजोग हुवौ सो म्होकमसिंघ तौ हिरण री सिकार मूळ बैठौ थौ अर साथ रौ रजपूत हिरण टोळवा नै वन मांहि पैठौ थौ ।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

टोळणहार, हारौ (हारी), टोळणियौ—वि० ।
टोळवाड़णौ, टोळवाड़बौ, टोळवाणौ, टोळवाबौ, टोळवावणौ, टोळवावबौ, टोळाड़णौ, टोळाड़बौ, टोळाणौ, टोळाबौ, टोळावणौ, टोळावबौ—प्रे०रू० ।
टोळिओड़ौ, टोळियोड़ौ, टोळ्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
टोळीजणौ, टोळीजबौ—कर्म वा० ।
टोरणौ, टोरबौ—रू०भे० ।

टोळाटाळ—सं०पु०—वह जैन साधु जो बदचलनी के कारण किसी दल से निष्कासित कर दिया गया हो ।

टोळाटोळ—सं०पु०यौ० (अनु०) भीड़-भड़क्का । उ०—नगर मांहि निरखइ सहू, हुउ हाल कल्लोळ । टळवा किहिं तिल को नहीं, जिहिं तिहिं टोळाटोळ ।—मा कां.प्र.

टोळियोड़ौ—भू०का०कृ०—चलने के लिए प्रेरित किया हुआ, हाँका हुआ ।
(स्त्री० टोळियोड़ी)

टोळी—सं०स्त्री०—१ समुदाय, झुण्ड, समूह, मंडली, जत्था, संघ, टुकड़ी।
उ०—१ तठा उपरायंत देसोत राजांन आपरा टोळी मजल रा जुवांन लियां विराजमांन हुवा छै ।—रा.सा.सं.
उ०—२ रातूं दे रोड़ा लूला खोड़ा दुखियारा दीसंदा है । झोळी झड़कावै पोळी पावै टोळी सूं टाळंदा है ।—ऊ.का.
२ पंक्ति, कतार । उ०—लागै घणी लुभावणी, टीबां री टोळीह । जांणक जोवण री प्रक्रति, घड़ री घड़ खोलीह ।—लू

टोळौ—सं०पु०—१ पशु विशेष का समूह (ऊँट, गाय, मादा ऊँट, हरिन)
२ समूह, झुण्ड । उ०—मऊ रा टोळा रा टोळा सहर कांनी भाग्या जा रह्या हा ।—रातवासौ
३ अनगढ़ बड़ा पत्थर । उ०—पांण मरकट हुलस गुरज रिम सिर पड़ै । झट कुलस हूंत गिर जांण टोळा झड़ै ।—र.रू.
४ घर (नळदवदंती रास)
वि०—मूर्ख, गँवार ।
रू०भे०—टोळउ ।
मह०—टोळ ।

टोवण—सं०स्त्री०—ऊँट की नाक में लगी काष्ट की लकड़ी पर लगा हुआ सूत का बना गोल घेरा (नाकी), जिसमें ऊँट को बाँधने या हाँकने के लिए रस्सी बाँधी जाती है ।

टोवा-रव—सं०पु०—ध्वनि, आवाज ? उ०—गोड़ीरव गैमरां जूह वहतां तळ जोड़ां । घंटारव पक्खरां हुय हिंसारव घोड़ां । टोवा-रव टिंगटिंग गोम गैणारव गज्जै । गुंजारव भेरियां घनंक टंकारव वज्जै ।
—गु.रू.बं.

टोवाळी—देखो 'टवाळी' (रू.भे.)

टोह—सं०स्त्री०—१ ध्यान, सजगता, तकन ।
क्रि०प्र०—राखणी, लगाणी ।
२ खोज, तलाश ।

क्रि०प्र०—मिळणी, राखणी, नगणी, नगाणी, लागणी, लैणो।

मुहा०—टोह में रैं'णो—खोज में रहना, तलाश में रहना।

३ खबर, पता।

क्रि०प्र०—मिळणी, राखणी, लगणी, लगाणी, लागणी, लैणो।

रू०भे०—टो', टोय।

टोह़णो, टोह़बो–क्रि०स०—१ दर्द के स्थान पर बार-बार सेक करना. २ दर्द के स्थान पर आक का दूध लगाना।

रू०भे०—टोणी, टोबो।

टोहियोड़ो–भू०का०कृ०—१ दर्द पर सेका हुआ. २ दर्द के स्थान पर आक का दूध लगाया हुआ।

(स्त्री० टोहियोड़ी)

टौंस–सं०स्त्री० [सं० तमसा] एक छोटी नदी जो अयोध्या के पश्चिम से निकल कर गंगा में मिलती है। इसी नाम की एक दूसरी नदी जो मैहर के पास कैमोरे के पहाड़ से निकल कर रीवां में होती हुई इलाहबाद और मिर्जापुर के बीच गंगा में मिलती है

टौ–सं०पु०—१ छत्र. २ बैल. ३ समुद्र. ४ पुरुष. ५ दावानल. ६ नीति (एका.)

टौनौ—देखो 'टोनौ' (रू.भे.) उ०—भ्रकुटि कुटिल चपळ नैण चितवन से टौना, खंजन अस मधुप मीन मोहे अगछौना।—मीरां

ट्ठिइयास–वि० [सं० स्थितिका] स्थिति वाली (जैन)

ठ

ठ—संस्कृत, राजस्थानी व देवनागरी वर्णमाला में बारहवां व्यञ्जन जो टवर्ग का दूसरा वर्ण है। यह मूर्धन्य-स्पर्श व्यञ्जन है। इसके उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग किंचित् मुड़ कर कठोर-तालु को स्पर्श करता है। यह अघोष महाप्राण है।

ठं-सं०पु०—१ शरद. २ पानी. ३ मदिरा. ४ अमृत. ५ बसंत. ६ छिद्र (एका.)
वि०—निर्मल (एका.)

ठंठ-वि० [सं० स्थाणु] सूखा हुआ या शाखाओं कटा हुआ (पेड़), ठूठा।
रू०भे०—ठंठौ।

ठंठण—देखो 'ठण' (रू.भे.)
यौ०—ठंठणपाळ।

ठंठणपाळ-वि०यौ०—मूर्ख, गंवार। उ०—अक्षर भेद न जांणै मूढ़, चाल रह्यौ छै कुळ री रूढ़। ठोठ महारक ठंठणपाळ।—जयवांणी

ठंठाणौ, ठंठाबौ-क्रि०स०—१ दूसरे का माल हड़पना या अधिकार में करना. २ (वस्त्रादि) धारण करना (व्यंग्य के रूप में कहा जाता है)
ठैंठाणौ, ठैंठाबौ—रू०भे०।

ठंठायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ हड़प किया हुआ, अधिकार में किया हुआ. २ धारण किया हुआ।
(स्त्री० ठंठायोड़ी)

ठंठारी-सं०स्त्री०—जुकाम, ठंड, सर्दी। उ०—ठंठारी लग जाय, डील करड़ौ पड़ जावै। आवै अळगी ओग, ऊकळ ताव तपावै।—दसदेव

ठंठारू, ठंठारौ, ठंठारौ—देखो 'ठठारौ' (रू.भे.)
उ०—१ तंबोळी सुथार ठीक भैंसात ठंठारू।—घ.व.ग्रं.
उ०—२ रांघण भटियारा कठियारा रे, भरावा कसारा ठंठारा।
—जयवांणी

ठंठियौ-सं०पु०—सूखी लकड़ी, पेड़ी मात्र।

ठंठेरणौ, ठंठेरबौ-क्रि०स०—१ झटकना, हिलाना. २ मारना, प्रहार करना।
ठंठोरणौ, ठंठोरबौ, ठठेरणौ, ठठेरबौ, ठठोरणौ, ठठोरबौ, ठमठोरणौ, ठमठोरबौ—रू०भे०।

ठंठेरियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ झटकाया हुआ, हिलाया हुआ. २ मारा हुआ, प्रहार किया हुआ।
(स्त्री० ठंठेरियोड़ी)

ठंठेरौ—देखो 'ठठारौ' (रू.भे.) उ०—पकै ठूंठियां ईंट, चूनौ, सुरखी हुळकी फूल घुट। ठंठेरा लुहार सारा, लोह चढ़ावै लाल चुट।
—दसदेव

ठंठौ—देखो 'ठंठ' (रू.भे.)

ठंठोरणौ, ठंठोरबौ—देखो 'ठंठेरणौ, ठंठेरबौ' (रू.भे.)

ठंठोरियोड़ौ—देखो 'ठंठेरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठंठोरियोड़ी)

ठंड-सं०स्त्री०—जाड़ा, शीत, सरदी।
क्रि०प्र०—पड़णी, लागणी, होणी।
मुहा०—१ ठंड पड़णी—सर्दी का फैलना, शीत बढ़ना।
२ ठंड लगणी, लागणी—जुकाम हो जाना, सर्दी लग जाना, ठंड का अनुभव होना।
रू०भे०—ठंढ।

ठंडक-सं०स्त्री०—१ शीतलता। उ०—उण नै आपरा सरीर पर ठंडक मालम हुई। वौ जाग्यौ तौ देख्यौ मेह बरसण लागग्यौ है।
—रातवासौ
२ मनोरथ की पूर्ति या मनचाही वस्तु की प्राप्ति से होने वाला संतोष।
क्रि०प्र०—पड़णी, वापरणी।
३ उष्णता की शान्ति, जलन या उष्णता की कमी, तरी।
क्रि०प्र०—आणी।
४ किसी महामारी, हलचल या उपद्रव की शान्ति।
क्रि०प्र०—पड़णी।
५ देखो 'ठंड' (रू.भे.)

ठंडकार-सं०पु०—ठंडा मौसम, शीतल, ठंडा।

ठंडाई-सं०स्त्री०—१ शरीर की उष्णता शान्त करने तथा तरी लाने का मसाला या दवा।
क्रि०प्र०—घोटणी, पीणी।
२ शीतलता।
रू०भे०—ठंढाई।

ठंडिल, ठंडिल्ल—देखो 'थंडिल' (रू.भे.)

ठंडी-सं०स्त्री०—१ शीतला. चेचक (शेखावाटी)
क्रि०प्र०—टमकणी, ढळणी, निकळणी।
२ देखो 'ठंड' (रू.भे.)
उ०—ठंडी सेज हरखावती, ठंडा वसन तमांम। पोस भई वेहोस में, घर ना सिर का स्यांम।—लो.गी.
रू०भे०—ठंढि।

ठंडोड़ौ—देखो 'ठंडौ' (अल्पा.)
(स्त्री० ठंडोड़ी)

ठंडोळ—देखो 'ठाडोळ' (रू.भे.)

ठंडौ-वि० [सं० स्तब्ध] (स्त्री० ठंडी) १ शीतल, सर्द। उ०—सियाळा में बारणा बंद कियां पछै जांणै गुफा में घुस्या अर ऊनाळा री जिकी ठंडी-ठंडी लैं'रां आवै कै बैठां-बैठां नै नींद आय जावै।—रातवासौ
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।

मुहा०—१ ठंडै ठंडै—सूर्य की गर्मी बढ़ने से पहले, सवेरे, तड़के । अथवा सूर्य की गर्मी के घटने के बाद का समय, सायंकाल ।

२ ठंडो सांस भरणी, लेणी—मानसिक उद्वेग या दुःख के कारण जोर से सांस खींचना या सांस छोड़ना ।

यौ०—ठंडो-टीप, ठंडो-ठरियो, ठंडो-ताव, ठंडो-पो'र, ठंडो-मीठो, ठंडो-वासी, ठंडो-हेम ।

२ जो प्रज्वलित न हो, बुझा हुआ. ३ जिसमें आवेश न हो, जो क्रोध नहीं करता हो ।

मुहा०—१ ठंडी माटी रो—शान्त, गम्भीर, ढीला.

२ ठंडो करणो—क्रोध शान्त करना, ढाढ़स देना. ३ ठंडो-मीठो करणो—क्रोध शान्त करना, चुप करना ।

४ नामर्द नपुंसक. ५ जिसमें चंचलता, स्फूर्ति तथा उत्साह की कमी हो. ६ जो विरोध नहीं करे, इच्छा के प्रतिकूल कार्य होने पर भी हाथ पैर नहीं हिलाए, सुस्त, कमजोर ।

मुहा०—ठंडै ठंडै—बिना कुछ बोले, चुपचाप ।

७ मरा हुआ, प्राणरहित ।

मुहा०—१ ठंडो करणो—मार डालना, समाप्त कर देना. २ ठंडो पड़णो—समाप्त हो जाना, मर जाना, जोश समाप्त हो जाना.

३ ठंडो पाड़णो—देखो 'ठंडो करणो'

४ ठंडो राखणो—देखो 'ठंडो करणो'

५ ठंडो होणो—देखो 'ठंडो पड़णो'

सं०पु०—शीतला को प्रसन्न करने के लिये बनाया हुआ भोजन जिसे पहले दिन बना कर दूसरे दिन खाया जाता है ।

उ०—माताजी चमकिया देस में, ठंडो रांदो ओ, हालरिया री माय । —लो.गी.

रू०भे०—ठंढ़ो ।

ठंडो-ठरियो, ठंडो-वासी—वि०यौ० (स्त्री० ठंडी-ठरी, ठंडी-वासी) वह भोजन जो ताजा न हो, एक या एक से अधिक दिन पहले बना हुआ भोजन ।

रू०भे०—ठाडो-ठरियो, ठाढ़ो-ठरियो, ठाढ़ो-वासी ।

ठंडो-ताव—सं०पु०—शीत ज्वर ।

ठंडो-पो'र—सं०पु०यौ०—सूर्योदय के पश्चात् व सूर्यास्त से पूर्व का वह समय जब गर्मी अधिक नहीं । उ०—ठंडा-पो'र री टैम ही अर रंभा आपरा पोता प्रवीण कुमार रै साथै आटो लेजावण नै चक्की पर आई ।—रातवासो

ठंड़—देखो 'ठंड' (रू.भे.)

ठंढ़ाई—सं०स्त्री०—१ विश्राम । उ०—गूजरी कह्यो म्हे तो पेसतो दीसो न छै नै पेठो छै नै मांहे छै तो राजि देस रा धणियां आगै कठै जावै ? सढ़ो मोटो छै नै च्यारूंमेर सढ़ा दौळा उतरो, विराजो, ठंढ़ाई करो ।—राव रिणमल री बात

२ देखो 'ठंडाई' (रू.भे.)

ठंढ़ि—देखो 'ठंडी' (रू.भे.)

उ०—सूरजजी ठंढ़ि रा मारीआ उतर पंथ छोडी नै दक्षिण सांमां वहण लागा ।—रा.सा.सं.

ठंढ़ो—देखो 'ठंडो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठंढ़ी)

ठाढ़ो-ठरियो—देखो 'ठंडो-ठरियो' (रू.भे.)

ठंभणो, ठंभवो—देखो 'थमणो, थमवो' (रू.भे.)

ठंभाणो, ठंभावो—देखो 'थमाणो, थमावो' (रू.भे.)

ठंभायोड़ो—देखो 'थमायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठंभायोड़ी)

ठंभियोड़ो—देखो 'थमियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठंभियोड़ी)

ठ—सं०पु०—१ चन्द्रमा. २ बृहस्पति. ३ ज्ञानी. ४ महादेव. ५ श्रीकृष्ण. ६ वेग. ७ बादल, मेघ. ८ वाचाल (एका.)

ठइत—सं०पु० [सं० स्थापित] साधु के निमित्त पृथक रखा हुआ पदार्थ (जैन)

ठइय—वि० [सं० स्थगित] ढका हुआ (जैन)

ठउडणो, ठउडवो—क्रि०स०—अपमान करना । उ०—सुद्धचारित्रियां तेहहइं अपमांननइं काजिइं, तेहे ठउडवा इम करइं ।

—षष्टिशतक प्रकरण

ठक—सं०स्त्री०—वह शब्द जो एक वस्तु पर दूसरी वस्तु के आघात से होता है ।

रू०भे०—टक ।

ठकठकाणो, ठकठकावो—क्रि०स०—१ एक वस्तु पर दूसरी वस्तु का प्रहार करना. २ ठक ठक शब्द उत्पन्न करना. ३ खटखटाना, ठोकना. ४ जांच के हेतु बजाना.

रू०भे०—ठपकाणो, ठपकावो, टपकारणो, ठपकारवो ।

ठकठकायोड़ो—भू०का०कृ०—१ किसी वस्तु पर प्रहार किया हुआ. २ ठक ठक शब्द उत्पन्न किया हुआ. ३ खटखटाया हुआ, ठोंका हुआ. ४ जांच के हेतु बजाया हुआ ।

(स्त्री० ठकठकायोड़ी)

ठकठोळी—सं०स्त्री०—हँसी, मजाक, दिल्लगी । उ०—गरथ तणै गारव हुओ गहिलो विण होळी । नेट करै निवळ री ठेक हासी ठकठोळी ।

—ध.व.ग्रं.

ठकर—देखो 'ठाकर' (रू.भे.)

ठकरांणी—सं०स्त्री०—१ ठाकुर की पत्नी । उ०—काइमि री बारठ कहै, ठकरांणी अे ठीक।। साहिब राघव सारिखा, तूं सीता सारीख ।

—पी.ग्रं.

२ स्वामिनी, मालकिन ।

ठकराई—देखो 'ठकुराई' (रू.भे.)

उ०—राजाई कहीजै किनां पातसाही राम, ठगाई तुम्हारी निमो

ठकराई ठीक ।—पी.ग्रं.

ठकराहौ—देखो 'ठाकर' (रू.भे.)

उ०—ठाहर पग मांडौ ठकराहां, हुग्रा यौ सुण वाहर हकौ । मो ऊभां ग्रतरी छै मालम, 'सालम' धन ले जाय न सकौ ।

—ईसरदास मोयल री गीत

ठकांणौ—देखो 'ठिकांणौ' (रू.भे.)

उ०—गण सपत होइ गुरु ग्रंति गाह, ठकांणौ छठैं विप्र जगण ठाह ।

—ल.पिं.

ठकार—सं०पु०—'ठ' ग्रक्षर ।

ठकावळ—सं०स्त्री०—धक्का ।

ठकुर—देखो 'ठाकर' (रू.भे.)

ठकुर-सुहाती—सं०स्त्री०यौ०—केवल किसी को प्रसन्न करने हेतु कही जाने वाली बात, खुशामद ।

ठकुरांणी—देखो 'ठकरांणी' (रू.भे.)

उ०—दादू माया चेरी संत की, दासी उस दरबार । ठकुरांणी सब जगत की, तीनों लोक मंझार ।—दादू वांणी

ठकुराई—सं०स्त्री० [सं० ठक्कुर+रा०प्र०ई] १ शासन, हुकूमत ।

उ० —धरती थांहरैं घरै हुसी । ग्रर थांहरैं कुरसी दर कुरसी ठकुराई हुसी ।—नैणसी

क्रि०प्र०—करणी, राखणी, होणी ।

२ राज्य । उ०—१ कछवाहां री राज थेटू पूरब में रोहितासगढ़ जठै । उठासूं नरवर वसिया । नरवर सूं दोसै ठकुराई बांधी । दोसा सूं ग्रांबेर । ग्रांबेर सूं जैपुर ।—बां.दा.ख्यात

उ०—२ ग्राज राव रै तौ ग्रोहिज माथै मौड़ छै । इण साथ मुवै राव री ठकुराई घणी पातळी पड़सी ।—राव मालदे री बात

क्रि०प्र०—करणी, बांधणी, होणी ।

३ स्वामित्व, अधिकार, कब्जा । उ०—राव रिणमल उठै धिणलै सोजत कनै रहै । गांव री ठकुराई पाखती घणा रजपूतां रा भूळ रहै ।

—राव रिणमल री वात

४ वड़प्पन की धाक, रोब, हुकूमत । ज्यूं—ग्रां रोज-रोज म्हांरै माथै ठकुराई जमावौ ग्रा वात ठीक नी है ।

क्रि०प्र०—जमाणी, राखणी ।

५ ग्रभिमान, घमण्ड, गर्व ।

क्रि०प्र०—करणी, जताणी, राखणी ।

रू०भे०—ठकराई, ठकुरात, ठकुरायत, ठाकराइ, ठाकरि, ठाकरी, ठाकुराई, ठाकुरी ।

ठकुरात, ठकुरायत—देखो 'ठकुराई' (रू.भे.) उ०—हाथां हळ हाकता, नार करती नेदांणी । निरस घरां सनमंध, कदै ठकुरात न जांणी ।

—ग्ररजुणजी वारहठ

ठकुरालौ—देखो 'ठाकर' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—ताहरां रजपूत वोलियौ—'जी वसती सोळ कियां री छै ।' कह्यौ—'ठकुराळा ! ग्रा वेटी किणरी छै ?' ताहरां ऊ रजपूत वोलियौ—'जी, ईयै रजपूत री डावड़ी छै ।'—नैणसी

ठकोरौ—सं०पु०—१ घंटी पर प्रहार करने से उत्पन्न शब्द. २ चोट, प्रहार । उ०—फजर के पहर गजर ठकोरा बगे । ठोड़-ठोड़ धवळ मंगळ होणै को लगे ।—रा.रू.

ठक्कुर—देखो 'ठाकर' (रू.भे.)

ठग—वि० [सं० ठक] (स्त्री० ठगण, ठगणी) छल ग्रौर धोखे से लूटने वाला, भुलावा देकर धन हरण करने वाला, धूर्त, छली ।

उ०—१ दगौ दियौ कर दोसती, ठग जाहर सब ठाह । वाणिण जाया 'बांकला', कहै महाजन काह ।—बां.दा.

उ०—२ एक कहै ग्रवरंग, एह ग्रालोच ग्रकव्वर । एक कहै किम एक, एह ढिल्ली ठग ग्रासुर ।—रा.रू.

यौ०—ठग-बाजी, ठग-विद्या ।

ग्रल्पा०—ठगारौ, ठगोरौ, ठिगारौ ।

ठगठगतउ—वि०—स्तंभित । उ०—नसाजाळ व्यक्ता दीसइं, ग्रस्थिबंध ढीला ढळहळता, जिसा गांमटि ग्रजांणि सूत्रधारि ठगठगतउ साल संचउ मेळिउ जिसिउ, जिनप्रवचनालंकार ।—व.स.

ठगठगी—सं०स्त्री० (ग्रनु०) विस्मय से देखने की क्रिया या भाव ।

उ०—रिमां पाड़ै भंगी तगी वागां रमैं, दुभल माझल लगी चूंप दावां । धज विलंद देख सूमां चढ़ी धगधगी, ठगठगी टगटगी लगी ठावां ।—वखतौ खिड़ियौ

ठगठगौ—वि० (स्त्री० ठगठगी) चकित, डांवाडोल, ग्रस्थिर ।

उ०—मन भयै ठगठगा जांम-जांम । तद ग्राखै 'करनल' वचन तांम ।

—रामदांन लाळस

ठगण—सं०पु०—छंद शास्त्र में ५ मात्राग्रों का एक गण जिसके ग्राठ उपभेद होते हैं ।

ठगणी—सं०स्त्री०—१ ठगने की क्रिया. २ ठगने वाली स्त्री ।

क्रि०प्र०—करणी ।

ठगणौ—वि० (स्त्री० ठगणी) जो धूर्तता से द्रव्य हड़पता हो, जो छल करता हो ।

ठगणौ, ठगबौ—क्रि०स०—१ भुलावे में डाल कर धन हरण करना, धोखा देकर माल लूटना. २ दगा करना, धोखा देना. ३ माल वेचते समय उचित से अधिक मूल्य लेना, सौदा वेचने में वेईमानी करना ।

ठगणहार, हारौ (हारी), ठगणियौ—वि० ।

ठगवाड़णौ, ठगवाड़बौ, ठगवाणौ, ठगवाबौ, ठगवावणौ, ठगवावबौ, ठगाड़णौ, ठगाड़बौ, ठगाणौ, ठगाबौ, ठगावणौ, ठगावबौ—प्रे०रू० ।

ठगिग्रोड़ौ, ठगियोड़ौ, ठग्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

ठगीजणौ, ठगीजबौ—कर्म वा० ।

ठगपणौ—सं०पु०—१ धूर्तता, छल, चालाकी. २ ठगने का कार्य या भाव ।

ठग-बाजी—सं०स्त्री०यौ०— १ धूर्तता, छल, चालाकी. २ ठगने का कार्य

या भाव। उ०—तोनग मरवर भरियौ नीकौ, भुकै लोग पीवण दे मोनौ। ठगवानी गादी रो ठौको, फेर सिमां कर दीनौ फीकौ।
—ऊ.का.

ठग-विद्या-स्त्री०यौ०—१ धूर्तता, छल, चालाकी. २ ठगने का कार्य या भाव।

ठगाई, ठगाई-सं०स्त्री०—१ धूर्तता, धोखेबाजी, छल।
उ०—गजाई कहीजै किनां पातसाही धारी रांम। ठगाई तुम्हारी लिमी ठगाई ठीक।—पी.ग्रं.
२ ठगना क्रिया का भाव।
क्रि०प्र०—करणी।

ठगाठगी-सं०स्त्री० (अनु०) धूर्तता, धोखेबाजी।
मि०—धोखा-धड़ी।

ठगारौ—देखो 'ठग' (अल्पा., रू.भे.) उ०—१ म्यांन ठगारौ गोड़ियौ, नंकर करिसं सेव। बीठुल मांहि विराजियौ, दरसण दोरौ देव।
—पी.ग्रं
उ०—२ कूड़ा नेह कुटुंब सूं, सब साथ ठगारा।—केसोदास गाडण
(स्त्री० ठगारी)

ठगियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ धोखे से लूटा हुआ. २ दगा किया हुआ, धोखा किया हुआ. ३ उचित से अधिक मूल्य लिया हुआ।
(स्त्री० ठगियोड़ी)

ठगी-सं०स्त्री० [सं० ठक] १ धूर्तता, छल, चालाकी।
क्रि०प्र०—करणी।
२ ठगने की क्रिया या भाव, ठगने का कार्य। उ०—खेड़ापा सीथळ दोई खोटा, जाहर ठगी जमाई। ऊमरदांन गुरु कर आं नैं, गैला स्यांन गमाई।—ऊ.का.

ठगोरी-सं०स्त्री०—ठगों की विद्या।
वि०—धोखा देकर लूटने वाली ठगिन। उ०—दिन ऊनाळै बोभर भट्ठी, घोरां मोज प्रभात री। कासमीर री ठंड वखेरै, बाय ठगोरी रात री।—दमदेव
रू०भे०—ठगोसरी।

ठगोरौ—देखो 'ठग' (अल्पा., रू.भे.)
(स्त्री० ठगोरी)

ठगोसरी-वि०—१ ठगने वाला, कपटी, धूर्त।
२ देखो 'ठगोरी' (रू.भे.)

ठड़ड़, ठड़हड़-सं०स्त्री० (अनु०) १ घोड़े के नाक की ध्वनि।
उ०—१ रिख हड़ड़, ठड़ड़ अस, दड़ड़ रत, वड़वड़ अच्छर वाधांमणां। गड़गड़ अंबाट तड़तड़ प्रगट, उरड़ थाट अधियांमणा।
—वखतौ खिड़ियौ
उ०—२ अवंक गड़गड़ गड़ड़ गोम ठड़हड़ तुरां।—भाखसी लाळस
२ बन्दूक की आवाज।
रू०भे०—ठरड़।

ठ'ड़णौ, ठ'ड़बौ—देखो 'ठरड़णौ, ठरड़बौ' (रू.भे.)

ठ'ड़ियोड़ौ—देखो 'ठरड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठ'ड़ियोड़ी)

ठ'ड़ौ—देखो 'ठरड़ौ' (रू.भे.)

ठट-सं०पु० [सं० स्थाता] १ बहुत से लोगों का समूह, भीड़, गरदी।
२ एक स्थान पर स्थित बहुत सी वस्तुओं का समूह।
मुहा०—ठट लागणौ—ढेर होना, भीड़ होना।
रू०भे०—ठट्ट।

ठटरी-सं०स्त्री०—अस्थि-पंजर, हड्डियों का ढांचा।

ठट्ट—देखो 'ठट' (रू.भे.)
उ०—तूं जा भूंडण रिवछडै, म्है जाऊं घण ठट्ट। मैं'लां रोवाऊं कांमणी, कै मांस बिकाऊं हट्ट।—लो.गी.

ठट्ठौ-सं०पु०—१ हँसी, मजाक, विनोद।
उ०—दोनूं सरदार भेळा बैठिया, ठट्ठौ मसखरी हांसी हो रही छै।
—कुंवरसी सांखला री वारता
क्रि०प्र०—करणौ, मारणौ।
रू०भे०—ठट्ठौ।
यौ०—ठट्ठाबाज।
२ 'ठ' अक्षर।

ठठकणौ, ठठकबौ—देखो 'ठिठकणौ, ठिठकबौ' (रू.भे.)

ठठकार-सं०स्त्री०—१ डांट-डपट, दुत्कार।
क्रि०प्र०—देणी।
२ शाप, बददुआ।
क्रि०प्र०—देणी।
३ अत्यधिक शीत, सरदी।
क्रि०प्र०—पड़णी।
वि—पापी, दुष्ट। उ०—वडा हथियारा वरस, अई पापी अठताळा, तैं अठताळा तणा, अई चंडाळ सियाळा। तिकण सियाळा तणौ, माघ ठठकार महिनौ, तिण रै पख चांनणै, महा घोरारव कीनौ। तिण पख तिथ चवदस तणी, रात घटंतै छ घड़ी। 'सिवसाह' कमंध विसरांमियौ, धाह अचांणक ऊपड़ी।—साहिबौ सुरतांणियौ

ठठकारणौ, ठठकारबौ-क्रि०स०—१ फटकारना, दुत्कारना, धिक्कारना, तिरस्कार करना. २ शाप देना, बददुआ देना।

ठठकारियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ फटकारा हुआ, दुत्कारा हुआ।
२ शाप दिया हुआ।
(स्त्री० ठठकारियोड़ी)

ठठकियोड़ौ—देखो 'ठिठकियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठठकियोड़ी)

ठठणौ, ठठबौ-क्रि०अ०—घुसना, प्रविष्ठ होना। उ०—दूजोड़ौ भरपूर वार निछरावळ करण वाळा पर हुऔ सो बरोबर बैठ्यौ होतौ तौ माथौ मूळा री कापी रै ज्यूं आधौ जाय पड़तौ पण इण पै'ला ईज

टूंकिया री गोळी पेटू में आय ठडी अर वांनै वैठणी पड़्यौ ।
—रातवासो

ठठर—वि०—सिकुड़ा हुआ ।

सं०स्त्री०—तलवार ।

उ०—राघै फिर पग रोपिया, एकै अड़पाई । राघै ऊपर रूक रस, वीरमदे वाही । करतै फिरतै कूदतै, ठठर तैं ठाही, ठांहै ठठर ठोर भुज, वाघै खां वाही ।—वी.मां.

ठठरणौ, ठठरबौ—देखो 'ठिठरणौ, ठिठरबौ' (रू.भे.)

ठठरियोड़ौ—भू०का०कृ०—देखो 'ठिठरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठठरियोड़ी)

ठठळणौ, ठठळबौ—क्रि०अ०—बेकार होना, अनुपयोगी होना ?

उ०—ठांम थिकां ठठल्या पछी, नागवेलि ना डींच । पांचय परि परि रडवडइ, दंत केस नख नीच ।—मा.कां.प्र.

ठठार—१ देखो 'ठठारा' (रू.भे.)

उ०—सोनी पारखि जवरीह गांधी दोसी नेस्ती कणसरा मणारी मणीयार सोनार कुंभार ठठार लोहार तलाल पटोलीया पटसुत्रीया माळी तंबोळी ।—व.स.

२ देखो 'ठठारौ' (मह., रू.भे.)

ठठारा—सं०स्त्री०—कांसी, पीतल आदि के वर्तन बनाने वाली एक जाति विशेष ।

रू०भे०—ठठार, ठांठर ।

ठठारौ—सं०पु० (स्त्री० ठठारण, ठठारी) कांसी, पीतल आदि के वर्तन बनाने का व्यवसाय करने वाली 'ठठारा' जाति का व्यक्ति, ठठेरा ।

रू०भे०—ठंठारू, ठंठारौ, ठंट्टारौ, ठंठेरौ, ठठार, ठठियार, ठठेरौ, ठांठर ।

ठठियार—देखो 'ठठारौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठठियारण, ठठियारी)

ठठियोड़ौ—भू०का०कृ०—प्रविष्ट हुवा हुआ, घुसा हुआ ।
(स्त्री० ठठियोड़ी)

ठठियौ—१ देखो 'ठठौ' (अल्पा., रू.भे.) २ देखो 'ठाटौ' ।
(अल्पा., रू.भे.)

ठठुरी—सं०स्त्री०—तोप का ठाठा । उ०—सुन के नृप के उर कोप बढ्यौ, मघवा मनु दांणव सीस चढ्यौ । ठठुरीनि जुटी जुरि तोप हकी, भरि पेटिय संमिल सोरन की ।—ला.रा.

ठठेरणौ, ठठेरबौ—देखो 'ठंठेरणौ ठंठेरबौ' (रू.भे.)

ठठेरियोड़ौ—देखो 'ठंठेरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठठेरियोड़ी)

ठठेरौ—देखो 'ठठारौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठठेरी)

ठठोर—देखो 'ठट्ठोल' (रू.भे.) उ०—ठठोर सत्रु गोठ की जवांन गोठ लें जवै, बडी मठोठ में वहै, दु होठ दंत तें दवै ।—ऊ.का.

ठठोरणौ, ठठोरबौ—ठंठेरणौ, ठंठेरबौ' (रू.भे.)

ठठोरियोड़ौ—देखो 'ठंठेरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठठोरियोड़ी)

ठठोळ, ठठोळी—देखो 'ठट्ठोळ' (रू.भे.) उ०—सो कछोटियौ लोग ओछा अधका बोल बोलै, ठठोळियां करै ।—अमरसिंह राठौड़ री वात

ठठौ—सं०पु०—'ठ' अक्षर । उ०—जिको न पूरौ जांणतौ, ठठौ मींडौ ठोठ ।—ध.व.ग्रं.

रू०भे०—ठट्ठौ, ठठौ, ठठ्ठौ ।

अल्पा०—ठठियौ, ठठ्ठियौ ।

२ देखो 'ठट्टौ' (रू.भे.)

ठट्टियौ—देखो 'ठठौ' (अल्पा., रू.भे.)

ठट्ठोळ, ठट्ठोळी—सं०स्त्री०—हँसी, मजाक, दिल्लगी ।

रू०भे०—ठठोर, ठठोळ, ठठोळी ।

ठट्ठौ—१ देखो 'ठठौ' (रू.भे.) २ देखो 'ठट्टौ' (रू.भे.)

ठढ्ढौ, ठढ्ढौ—वि०—खड़ा, स्थिर (वं.भा.)

ठणंक—देखो 'ठण' (रू.भे.)

ठणंकणौ, ठणंकबौ—क्रि०अ०—धातु के या चमड़े से मढ़े वाद्य की आघात पाकर ध्वनि करना, ठन-ठन शब्द होना, ठन-ठन की ध्वनि होना ।

उ०—रणंकै तिकां घोर रुड़ी रचाई । ठणंकै किनां झलरी ठोर ठाई ।
—वं.भा.

२ (तुरंत सतर्क होकर) किसी विचार का मस्तिष्क में आना.

३ रह-रह कर आघात पड़ने की सी पीड़ा होना. ४ भागना ।

उ०—कोकल परियां गांन घणंकिया, ग्रीवां भमर भणंकिया गाढ़ । वरही रूपण ठणंकिया चहुं वळ, विविध सुवास खणंकिया वाढ़ ।
—अभैराम महियारियौ

ठणकणौ, ठणकबौ, ठणणंकणौ, ठणणंकबौ, ठमंकणौ, ठमंकबौ, ठमकणौ, ठमकबौ—रू.भे. ।

ठणंकियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ ठन-ठन शब्द से ध्वनित. २ (तुरंत सतर्क होकर किसी विचार का) मस्तिष्क में आया हुआ. ३ रह-रह कर आघात पड़ने के कारण बना हुआ पीड़ित. ४ भागा हुआ ।
(स्त्री० ठणंकियोड़ी)

ठण—सं०स्त्री० (अनु०) किसी धातु खण्ड पर आघात पड़ने से उत्पन्न शब्द, ध्वनि, आवाज । उ०—इत्तैइ में एक जणौ आगै वध'र आंसूं पूंछतौ बोलियौ—'कुंई पिंड में दया हुवै तो करौ नी गरीव भाई री मदद' आ कैवण-रै-सागै-ई ठण-ठण टका-पइसां-री विरखा होवण लागी ।—वरसगांठ

मुहा०—ठण-ठण गोपाळ—गोपाल की मूर्ति के आगे केवल ठन-ठन की ध्वनि करता हुआ घंटा ही बजता है क्योंकि प्रसाद आदि तो पुजारी खा जाते हैं अर्थात् वह स्थान जहां कुछ भी प्राप्ति की आशा न हो, निर्धन, कंगाल ।

रू०भे०—ठणंक, ठणक, ठमंक, ठमक ।

ठणक—१ देखो 'ठण' (रू.भे.) उ०—रिमझिम रिमझिम विछियां बाजै, ठणक-ठणक बाजै पायलड़ी।—लो.गी.

२ किसी वस्तु की मार से मढ़े वाद्य पर आघात पड़ने का शब्द।

रू०भे०—ठनक।

ठणकणौ, ठणकबौ—१ देखो 'ठणंकणौ, ठणंकबौ' (रू.भे.) २ ठिनकना। उ०—रोवत ठणकत धू माता कनै आयो। माता धू नै ले कंठ लगायो।—लो.गी.

ठणकाणौ, ठणकाबौ—क्रि०स०—१ धातु के या चमडे से मढ़े वाद्य से ध्वनि करना, ठन-ठन शब्द उत्पन्न करना, ठन-ठन की ध्वनि करना।

ठणठणाणौ, ठणठणाबौ—रू०भे०।

ठणकायोड़ौ—भू०का०कृ०—ध्वनि किया हुआ, ठन-ठन शब्द किया हुआ। (स्त्री० ठणकायोड़ी)

ठणकार—सं०स्त्री० (अनु०) ठन-ठन की ध्वनि, धातु खंड के बजने की आवाज।

ठणकियोड़ौ—देखो 'ठणंकियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठणकियोड़ी)

ठणको—सं०पु०—१ बल, शक्ति। उ०—बणावो आप वातां वडी, साप हुवै किम सींदरो। सनमंद थयो लांठो सदा, जांणां ठणको जींद रो।

—पा.प्र.

२ वैभव, ऐश्वर्य, ठाट-बाट. ३ खांसने से उत्पन्न शब्द. ४ किसी धातु खण्ड पर आघात पड़ने से उत्पन्न शब्द। रह-रह कर आघात पड़ने की सी पीड़ा. ५ रोने का भाव. ६ गर्व, घमण्ड।

रू०भे०—ठणाको, ठुणको।

ठणठणणौ, ठणठणबौ—क्रि०अ०—ध्वनि होना, आवाज होना।

ठणहठणणौ, ठणहठणबौ—रू०भे०।

ठणठणियोड़ौ—भू०का०कृ०—ध्वनित।

(स्त्री० ठणठणियोड़ी)

ठणठणाणौ, ठणठणाबौ—देखो 'ठणकाणौ, ठणकाबौ' (रू.भे.)

ठणठणायोड़ौ—देखो 'ठणकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठणठणायोड़ी)

ठणणंकणौ ठणणंकबौ—देखो 'ठणंकणौ, ठणंकबौ' (रू.भे.)

उ०—ठणणंकै घंट गदलां ठहै, गणणंकै पळचर गयण।—वं.भा.

ठणणंकियोड़ौ—देखो 'ठणकियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठणणंकियोड़ी)

ठणण, ठणणणण, ठणणाहट—सं०स्त्री० (अनु०) ध्वनि विशेष।

उ०—१ ठमकती पाय घूघर ठणण, भणण संग करता भमर। चमकती बीज आवै चली, समर हूंत करवा समर।—र. हमीर

उ०—२ जाणी बादळा मांहै बीजड़िआं रा सिला ऊपड़िया पाखरां ऊपरै सारधांरा फूलधारां बाजी सु ठणणणण जांणै परभात री झालर ठणंकी।—रा.सा.सं.

उ०—३ कोतक हारां कळळ, अवर सुणजै नह आहट। सणणाहट चरखियां, वीर घंटा ठणणाहट।—सू.प्र.

रू०भे०—ठणहण।

ठणणौ, ठणबौ—क्रि०अ०—१ सज्जित होना, तयार होना।

उ०—ठणै भद्र मदां भ्रिगां वंस ठावा। छटा फैल हालै किनां सेल छावा।—वं.भा.

२ होना, रूप लेना। उ०—गज ठणियां घण ग्राह वाह जणियां वादाळक। तणियां करभ तिमीस चरम भणियां चउ चाळक।

—वं.भा.

३ निश्चित होना, पक्का होना, तय होना।

४ ठहरना, स्थिर होना।

ठणियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ सज्जित, तैयार. २ बना हुआ, रूप लिया हुआ. ३ निश्चित, तय. ४ ठहरा हुआ.

(स्त्री० ठणियोड़ी)

ठणहण—देखो 'ठणण' (रू.भे.)

उ०—वणहणतां अलकां भंवर, पायल ठणहण पाव। मिळ मिळ आई वाग में, विधविध किया वणाव।—पनां वीरमदे री वात

ठणहणणौ, ठणहणबौ—देखो 'ठणठणणौ, ठणठणबौ' (रू.भे.)

ठणहणियोड़ौ—देखो 'ठणठणियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठणहणियोड़ी)

ठणाको—देखो 'ठणको' (रू.भे.)

ठ'णौ, ठ'बौ—देखो 'ठहणौ, ठहबौ' (रू.भे.)

उ०—भांडां रा भाई हांडां हाई, रांडां में रोवंदा है। ठ'तोड़ा आंसू फिरता फांसू, जिग्यासू जोवंदा है।—ऊ.का.

ठयोड़ौ—देखो 'ठहियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठयोड़ी)

ठपकाणौ, ठपकाबौ, ठपकारणौ, ठपकारबौ—देखो 'ठकठकाणौ, ठकठकाबौ' (रू.भे.)

ठपकायोड़ौ, ठपकारियोड़ौ—देखो 'ठकठकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठपकायोड़ी, ठपकारियोड़ी)

ठप्प—सं०पु०—एकाएक रुक जाना क्रिया का भाव।

वि० [सं० स्थाप्य] एक तरफ रख देने योग्य, स्थापन करने योग्य, लोक व्यवहार में अनुपयोगी (जैन)

ठप्पो—सं०पु०—१ पुस्तकों आदि की जिल्द बांधने में प्रयुक्त होने वाला मोटे कागज का टुकड़ा, मोटा कागज. २ देखो 'टप्पो' (रू.भे.)

३ किसी वस्तु पर बेल-बूंटे, अक्षर आदि उभारने या बनाने का सांचा।

क्रि०प्र०—लगाणौ।

४ कपड़ों आदि पर रंग, स्याही आदि से बेल-बूटे छापने का छापा।

५ सांचे से बनाया हुआ बेल-बूटा, छाप।

ठवक—सं०स्त्री०—देखो 'ठवको' (रू.भे.)

ठवको—सं०पु०—१ किसी प्रकार का दोष, कलंक।

क्रि०प्र०—आणौ, लागणौ।

ठरकेत—वि०—हस्ती रखने वाला। उ०—जमीं चाळागारियां, **ठरकेतां** वरकां। अपणी अपणी कर गया, सब हिंदू तुरकां।
—दुरगादत्त बारहठ

रू०भे०—ठरकैत।

ठरकेल—वि०—१ हीन, अयोग्य, मूर्ख. २ अशक्त, निर्बल। ३ निर्धन, कंगाल।

रू०भे०—ठरकैल।

मि०—गयोबीतौ।

ठरकैत—देखो 'ठरकेत' (रू.भे.)

ठरकैल—देखो 'ठरकेल' (रू.भे.)

ठरकौ—सं०पु०—बलिदान किये जाने वाले पशु को तलवार से काटने की क्रिया, झटका। उ०—खाजरू आए हाजर हुआ छै, रावतालां नूं कहिओ छै। ठाकरां खाजरूआं नै **ठरका** करौ।—रा.सा.सं.

२ वैभव, संपत्ति। ३ हैसियत, हस्ती। उ०—अठा तक कै खुद ठाकुर सा'ब ई बाईजी रा ब्याव में सेठां सूं तीन हजार रुपिया उधार लिया हा। इण तरह सूं गांम में ईंज नी पण सारा चौखळा में सेठां री **ठरकौ** जम्योड़ो हो।—रातवासौ

४ ठसक, गर्व, घमण्ड।

क्रि०प्र०—राखणौ।

५ चोट, प्रहार. ६ बल, शक्ति. ७ प्रतिष्ठा, गौरव।

ठरड़—सं०स्त्री०—१ ध्वनि विशेष। उ०—सात खंधक दिराई। पाखती रजपूत सौ डोढ़-सौ दोयसै बैसै। पोळां री जाबतो निपट घणी राखै। तिकै तंबाखू री **ठरड़ां** लागी रहै।
—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

२ देखो 'ठड़ड़' (रू.भे.)

ठरड़णौ, ठरड़बौ—क्रि०स०—घसीटना, खींचना।

ठ'ड़णौ, ठ'ड़बौ—रू०भे०।

ठरड़ियौ—भू०का०कृ०—घसीटा हुआ, खींचा हुआ।
(स्त्री० ठरड़ियोड़ी)

ठरड़ौ—सं०पु०—१ पोकरण के आस-पास के भू-भाग का नाम।
उ०—भाटी केसोदास भारमलोत **ठरड़ै** पोकरण रै रहै।—नैणसी

२ एक प्रकार का शराब जो नीचे स्तर का होता है।

रू०भे०—ठ'ड़ौ।

ठरठिम—वि०—ऐंठनयुक्त। उ०—थोर गात्र **ठरठिम** कइ चालइ, सिरि सेवंत्र भार। गवरीय नंदन विघन विहंडण, दुख खंडण सुख-सार।—रुकमणी मंगळ

ठरणौ, ठरबौ—क्रि०अ०—१ शीतल होना, ठंडा पड़ना।
उ०—सज्जण मिळिया सज्जणां, तन मन नयण **ठरंत**। अणपीयइ पांणग ज्यूं, नयणे छाक चढंत।—ढो.मा.

२ सरदी से जकड़ना, ठिठुरना। उ०—२ रवि बैठौ कळसि थियौ पालट रितु, ठरे जु डहकियौ हेम ठंठ। ऊडण पंख समारि रहै अलि, कंठ समारि रहै कळकंठ।—वेलि.

२ क्रोध मिटना. ३ जोश समाप्त होना।

ठरणहार, हारौ (हारी), ठरणियौ—वि०।

ठरवाड़णौ, ठरवाड़बौ, ठरवाणौ, ठरवाबौ, ठरवावणौ, ठरवावबौ, ठराड़णौ, ठराड़बौ, ठराणौ, ठराबौ, ठरावणौ, ठरावबौ—प्रे०रू०।

ठरिओड़ौ, ठरियोड़ौ, ठरयोड़ौ—भू०का०कृ०।

ठरीजणौ, ठरीजबौ—भाव वा०।

ठारणौ, ठारबौ—सक०रू०।

ठिरणौ, ठिरबौ—रू०भे०।

ठल—सं०स्त्री०—सेना, दल। उ०—मांधै हेळवी दखणी दळ मांहै, मुगळां **ठलां** मझारी। अरियां उअरि बिचै घसि आधी, कूंपलै चरै कटारी।—नाहरसिंह आसियौ

ठळक—सं०स्त्री०—बूंद-बूंद के रूप में आंसुओं के गिरने की क्रिया।
उ०—**ठळक ठळक** आंसू पड़ै, जांणै टूटचो मोत्यां री हारौ जी। कुंवर कनै माता आय नै, भाखै वचन उदारौ जी।—जयवांणी

ठळकणौ, ठळकबौ—क्रि०अ०—१ तरल पदार्थ का बूंद रूप में गिरना।
ज्यूं—आंसू ठळकणा। २ प्रहार होना।

ठळकाणौ, ठळकाबौ—क्रि०स०—१ तरल पदार्थ का बूंद रूप में गिराना. २ प्रहार करना।

ठळकायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ (तरल पदार्थ को बूंद में) गिराया हुआ। २ प्रहार किया हुआ, प्रहार हुवा हुआ।
(स्त्री० ठळकायोड़ी)

ठळकियोड़ौ—भू०का०कृ०—(तरल पदार्थ का) बूंद रूप में गिरा हुआ।
(स्त्री० ठळकियोड़ी)

ठळकौ—सं०पु०—ठेस, आघात। उ०—पहली सखी उठ यूं बोली, दोनूं फांक बराबर क्यूं। दूजी सखी उठ यूं बोली, काळा केस किनारे क्यूं। तीजी सखी उठ यूं बोली, बिच में काळी मणियौ क्यूं। चौथी सखी उठ यूं बोली, **ठळकौ** लागै पांणी क्यूं।

ठळणौ, ठळबौ—क्रि०अ०—'ठाळणौ' क्रिया का अकर्मक रूप।

ठळळाड़णौ, ठळळाड़बौ, ठळळाणौ, ठळळाबौ, ठळळावणौ, ठळळावबौ—क्रि०स०—हुक्का पी कर हुक्के को ध्वनिमान् करना।
उ०—खाय रोट जद टांस हो गया, दीना पलंग ढळाय। कुरड़-कुरड़ हुक्को **ठळळावै**, गूदड़ दिया पकड़ाय।—डूंगजी जवारजी री पड़

ठळोकड़ी—सं०स्त्री०—हँसी, मजाक, दिल्लगी।

ठलौ—वि०—खाली, रिक्त, रहित। उ०—पाव उघाड़ै सिर ढ़कै, कर दोउ **ठलै**।—केसोदास गाडण

रू०भे०—ठल्लौ।

ठल्ल—सं०स्त्री०—धकेलना क्रिया का भाव।
वि०—खाली, रिक्त।

ठल्लणौ, ठल्लबौ—क्रि०स०—१ ठूंसना, भरना। उ०—अंतकाळ पेटचा अरथ, आटो मिळै न अंत। बळिहारी वर-रंक पण, दर **ठल्लै** गजदंत।—रेवतसिंह भाटी

२ खाली करना, रिक्त करना ।

ठल्लो—देखो 'ठलो' (रू.भे.) उ०—नमणी, खमणी, बहुगुणी, सगुणी धनइ मियाइ । जे धण एही संपजइ, तउ जिन ठल्लउ जाइ ।—ढो.मा.

२ टक्कर, आघात ।

क्रि०प्र०—देणो, लगाणो ।

ठमणो, ठमवो–क्रि०अ०—१ चकित होना, दंग रहना ।

उ०—मुलक मिला छाया जठै सुंदर, पेख प्रभा ठम रहे पुरंदर ।
—र.रू.

२ देखो 'थमणो, थमवो' (रू.भे.)

ठमियोड़ो–भू०का०कृ०—१ चकित हुवा हुआ, अचंभित ।

२ देखो 'थमियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठमियोड़ी)

ठमंक–सं०स्त्री०—१ चलते समय या नृत्य करते समय पैर रखने का ढंग विशेष । उ०—ठमंकां रंमंकां झंकां रंमंकां ठमंक ।—र.ज.प्र.

२ देखो 'ठण' (रू.भे.)

ठमंकणो, ठमंकवो—देखो 'ठमकणो, ठमकवो (रू.भे.)

ठमंकियोड़ो–भू०का०कृ०—देखो 'ठमकियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठमंकियोड़ी)

ठमंको, ठमंक्को—देखो 'ठमको' (रू.भे.)

उ०—एरण ठमंक्को म्है सुण्यो रे, लोहा घड़ै लुहार । सूरां सारू सेलड़ा, भूंडण सारू भाल ।—लो.गी.

ठम–सं०स्त्री०—चलते समय डग या पैर रखने की क्रिया ।

उ०—ठम ठम पाय ठमकति घमकति घूघरि संग ।—घ.व.ग्रं.

ठमक–सं०स्त्री०—१ मंद और सुन्दर चाल या गति, चलने का हाव-भाव, चलने की ठसक, लचक । उ०—जतन सूं दिवलो आंचळ ओट, ठमक सूं लाई मेल्यो थांन । उजाळै झीणों झुकी पलक्क, भुंकांणो मनड़ै रो असमांन ।—सांझ

२ धातु खण्ड पर आघात पड़ने से अथवा टकराने से उत्पन्न ध्वनि । उ०—पायजेबां री घमक, पायलां री ठमक, झमकि फिरै छै । आप आप रा अवसांण माफक तेहरी करै छै ।
—पनां वीरमदे री वात

ठमकणो, ठमकवो–क्रि०अ०—१ डग रखना, पैर रखना, चलना, गतिमान होना । उ०—ठम ठम पाय ठमकति घमकति घूघरि संग ।
—घ.व.ग्रं.

२ किसी धातु खण्ड का ध्वनि करना । उ०—निरमळ नेह चंवर करि जनकं, गगन मंडळ में झालरि ठमकं ।—ह.पु.वा.

रू०भे०—ठमंकणो, ठमंकवो ।

ठमकाड़णो, ठमकाड़वो—देखो 'ठमकाणो, ठमकावो' (रू.भे.)

ठमकाड़ियोड़ो—देखो 'ठमकायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठमकाड़ियोड़ी)

ठमकाणो, ठमकावो–क्रि०स०—गतिमान करना, चलाना ।

२ (किसी धातु खण्ड से) ध्वनि करना ।

ठमकाड़णो, ठमकाड़वो, ठमकावणो, ठमकाववो—रू०भे० ।

ठमकायोड़ो–भू०का०कृ०—१ गतिमान किया हुआ, चलाया हुआ ।

२ (किसी धातु खण्ड से) ध्वनि किया हुआ ।

(स्त्री० ठमकायोड़ी)

ठमकावणो, ठमकाववो—देखो 'ठमकाणो, ठमकावो' (रू.भे.)

उ०—तता तता थेई थेई पद ठमकावति, गावत मुख गुण व्रिंदा ।
—स.कु.

ठमकावियोड़ो—देखो 'ठमकायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठमकावियोड़ी)

ठमकियोड़ो–भू०का०कृ०—१ गतिमान हुवा हुआ, चला हुआ ।

२ ध्वनित ।

(स्त्री० ठमकियोड़ी)

ठमको–सं०पु०—१ धातु खण्ड से उत्पन्न ध्वनि, जेवर की आवाज, पायल का शब्द । उ०—अणियाळां काजळ ठांसियां थकां वांका नैणां री झोक नांखती पायल रै ठमकै सूं, घूघरै रै घमकै सूं, विछियां रै छमकै सूं रमझोळ करती, अंगूठा मोड़ती, नखरा करती, बाजारि चाली जायं छै ।—रा.सा.सं.

२ चटक-मटक, नखरा । उ०—मिंदर वाळी पुजारण ठमकै सूं चालै रै, क ठमको छोड दै ।—लो.गी.

३ नृत्य करते हुए पैर के रखने का ढंग ।

रू०भे०—ठमंको, ठमंक्को ।

ठमठोरणो, ठमठोरवो—देखो 'ठंठेरणो, ठंठेरवो' (रू.भे.)

ठमठोरियोड़ो—देखो 'ठंठेरियोड़ो' (रू.भे.)

ठमणी—देखो 'ठवणी' (रू.भे.)

ठमणो, ठमवो—देखो 'थमणो, थमवो' (रू.भे.)

ठमाणो, ठमावो—देखो 'थमाणो, थमावो' (रू.भे.)

ठमायोड़ो—देखो 'थमायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठमायोड़ी)

ठमियोड़ो—देखो 'थमियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठमियोड़ी)

ठयणो, ठयवो—देखो 'ठहणो, ठहवो' (रू.भे.)

यौ०—ठयो-ठायो ।

ठयियोड़ो—देखो 'ठहियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठहियोड़ी)

ठयो—१ देखो 'ठियो' (रू.भे.) २ देखो 'ठायो' (रू.भे.)

ठयो-ठायो–वि०यौ०—बना-बनाया, यथास्थान ।

ठरक–सं०स्त्री०—हानि, कमी ।

ठरकणो, ठरकवो–क्रि०अ०—१ होना । ज्यूं—एड़ो थारै घर में कांई ठरकै है । २ देखो 'टरकणो, टरकवो' (रू.भे.)

ठरकाणौ, ठरकावौ–क्रि०स०—मार-पीट करना, पीटना।

ठरकायोड़ौ–भू०का०कृ०—मार-पीट किया हुआ, पीटा हुआ।
(स्त्री० ठरकायोड़ी)

ठरकियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ मूर्ख, गँवार, अयोग्य. २ हुवा हुआ।
३ देखो 'टरकियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठरकियोड़ी)

ठवड़—देखो 'ठौड़' (रू.भे.)
उ०—ताहरां ओथि वेढ़ि हुई, परिण सवळ वेढ़ि हुई। अमरै रा आदमी ३० ठवड़ि रहिया।—द.वि.

ठवण–सं०पु० [सं० स्थापन्] स्थापन करना (जैन)

ठवणा—देखो 'थापना' (१, २, ३, ४, ५)

ठवणाकम, ठवणाकम्म—देखो 'थापनाकरम' (रू.भे.) (जैन)

ठवणापुरिस—देखो 'थापनापुरस' (रू.भे.)

ठवणायरिय, ठवणारी—देखो 'थापनाचारज' (रू.भे.) (जैन)

ठवणासच्च—देखो 'थापनासत्य' (रू.भे.) (जैन)

ठवणी–सं०स्त्री० [सं० स्थापनी, स्थापिका] १ न्यास रूप में रखा द्रव्य, न्यास (जैन) २ काठ का बना उपकरण जिस पर पुस्तक रख कर पढ़ी जा सके। उ०—वरतणा वारू वळिय कमळी, पांच झळमळि अति भली। थापना चारिज पांच ठवणी, मुंहपत्ती पुड़ पाटली।
—स.कु.
३ वह छोटा ढांचा जो प्राय: अंगुली के आकार की लगभग चार तीलियों को इस प्रकार खड़ा कर के बनाया जाता है कि बीच में से वह डमरू के आकार का बन जाय।
वि०वि०—तीलियों के मध्य में छेद होने से उन्हें परस्पर डोरी से बांध देते हैं और उसमें कुछ गुच्छे से लगे रहते हैं। ढांचे के ऊपर एक कपड़ा लगा रहता है, उस पर जैनियों के पांच स्थापनाचार्यों की असद्भूत स्थापना की जाती है जो पोटली के रूप में उस ढांचे पर रखी रहती है।

ठवणुछव–सं०पु०यौ०—स्थापनोत्सव। उ०—पय ठवणुछव जुगवरह, काराविसु बहु रंगि। तांम सुगुरु आइसु दियए, निसुणवि हरिसिउ अंगि।—ऐ.जै.का.सं.

ठवणौ, ठवबौ–क्रि०अ०—१ रखना, टेकना।
उ०—पय ठव सूका पांनड़ा, मां बजाड़ मयमंत। खबरदार कै बेखबर, वन इण सीह वसंत।—बां.दा.
२ सुसज्जित होना, सजना। उ०—१ चोहटै मांहै नगर-नायिका वेस्या लाख लाख री लहणहार सोळै सिणगार ठवियां थकां फूलां रा घोस पैहरियां थकां।—रा.सा.सं.
३ स्थापित होना, रखना। उ०—वायस वीजउ नांम, ते आगळि लल्लउ ठवइ। जइ तूं हुई सुजांण, तउ तूं वहिलउ मोकळे।
—ढो.मा.
४ कहना, कथना। उ०—कड़ाजूड़ कर कोदंडड़ा धजवड़ा ले करग, ठवंती कड़कड़ा कथन ठावी। बांद वर छेहड़ा बांदवर बेहड़ा, अर घड़ा जोगड़ा वरण आवी।
—जोगीदास चांपावत रौ गीत

ठव्वणौ, ठव्वबौ—रू०भे०।

ठविय–सं०पु० [सं० स्थापित] साधु या साध्वी के लिये रखी हुई वस्तु (भोजन वगैरह) (जैन)

ठविया–सं०स्त्री० [सं० स्थापिता] आचार्य आदि को भोजन कराने में यदि कोई बाधा या व्याघात डाले तो उसका प्रायश्चित वर्तमान समय में न कर के भविष्य में करने के लिए निश्चित कर रखना।
(जैन)

ठवियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ पैर रखा हुआ, टिका हुआ. २ सजा हुआ, सुसज्जित. ३ रखा हुआ, स्थापित. ४ कहा हुआ, सुशोभित।
(स्त्री० ठवियोड़ी)

ठव्वणौ, ठव्वबौ—देखो 'ठवणौ, ठवबौ' (रू.भे.)
उ०—आठम प्रहर संझा समै, धण ठव्वै सिणगार। पांन कजळ पाखर करै, फूलां को गळि हार।—ढो.मा.

ठव्वियोड़ौ—देखो 'ठवियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठव्वियोड़ी)

ठस–वि०—१ जो अपने स्थान पर मजबूत हो, जो कठिनाई से हिलता-डुलता हो।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।
२ कठोर, दृढ़, ठोस, कड़ा, मजबूत।
क्रि०प्र०—होणौ।
३ जिसमें भीतरी स्थान रिक्त न हो, भरा हुआ. ४ कंजूस, कृपण.
५ सुस्त, निष्क्रिय।
क्रि०प्र०—होणौ।
६ परिपूर्ण, पूर्ण। उ०—ठस घुण भरियौ ठाकरां!, लालौ पेटचौ लीध। घड़ लड़ धरा समाय धुव, घुण खायां गुण कीध।
—रेवतसिंह भाटी

ठसक–सं०स्त्री०—१ स्वाभिमान, आन, शान।
उ०—मोवन हौ वडौ ठसक वाळौ'र समझदार।—वरसगांठ
२ अहंकार, घमण्ड, गर्व, ऐंठ, अकड़।
उ०—१ वडा वोलतौ वोल, वातां घणी वणातौ। जोम छक जणातौ ठसक जाझी। 'सदा' री अग्राजै 'सेर' ऊभौ समर, मुदायत 'हरा' रा आव माझी।—पहाड़खां आढ़ौ
उ०—२ इसौ चाकरां नूं सुणाय नूं वडी ठसक राख नै कुंवरजी कनै आय नै वडी रीस कीधी।—रीसाळू री वात
३ नखरा, चटक-मटक।
क्रि०प्र०—राखणी।

४ ठेस, धक्का ।

क्रि०प्र०—लागणी ।

ठसकदार, ठसकालो, ठसकीलो–वि०—१ स्वाभिमानी, गौरवशाली ।

उ०—घड़ियो घाट सुघाट, नारायण निज कर निपुण । ठसकोला वां ठाट, जो किम मूर्नाजै 'जसा' ।—ज.का.

२ ऐंठीला, अभिमानी, गर्वीला ।

ठसको–सं०पु०—१ ठेस, ठोकर, धक्का ।

क्रि०प्र०—लगाणी, लागणी ।

२ शान ।

क्रि०प्र०—होणी ।

३ अहंकार, घमंड. ४ नखरा, चटक-मटक ।

क्रि०प्र०—राखणी ।

५ खांसी चलने की क्रिया या ध्वनि ।

क्रि०प्र०—हालणी ।

ठसणौ, ठसबौ–क्रि०अ० [सं० स्तब्ध] १ (तरल पदार्थों का) ठोस रूप लेना, जमना. २ गतिविहीन होना, ठहरना, रुकना ।

मुहा०—ठस होणौ—ठहर जाना, आगे नहीं बढ़ना, जम जाना ।

३ प्रविष्ठ होना, पैठना । उ०—सेठां वाळी वात रणछोड़ा रै हिया में ठसगी ।—रातवासौ

ठसाठस–क्रि०वि०—दबा-दबा कर भरा हुआ, ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ, खचाखच ।

ठसाणौ, ठसाबौ–क्रि०स०—१ ठोस रूप देना, जमाना. २ ठहराना, रोकना. ३ प्रविष्ठ करना, पैठाना ।

ठसायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ ठोस रूप दिया हुआ, जमाया हुआ. २ ठहराया हुआ, रोका हुआ. ३ प्रविष्ठ किया हुआ ।

(स्त्री० ठसायोड़ी)

ठसियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ ठोस रूप लिया हुआ, जमा हुआ. २ रुका हुआ, ठहरा हुआ. ३ प्रविष्ठ ।

(स्त्री० ठसियोड़ी)

ठसौ, ठस्सौ–सं०पु०—विशेषता ?

उ०—तिण समै सरां में ज्यूं मांनसरोवर, तरां में ज्यूं कळपतरोवर, खगां में ज्यूं राजहंस, नगां में ज्यूं भोमग्रंस, नसां में ज्यूं नेह री नसौ, रसां में ज्यूं सिणगार रस रौ ठसौ ।—र.हमीर

२ अभिमान, गर्व. ३ अभिमान झलकाने की क्रिया, गर्वपूर्ण चेष्टा.

ठह–वि०—१ कटिबद्ध, तैयार, सज्जित । उ०—थिरा उबारण थांग जुनम जरमन्न रै । ऊभा ठह अखड़ैत आवार अवन्न रै ।

—किसोरदांन बारहठ

२ देखो 'ठं' (रू.भे.)

ठहक–सं०स्त्री०—१ नगारे पर आघात पड़ने से उत्पन्न शब्द, नगारे की ध्वनि. २ नगारे को बजाने के हेतु किया जाने वाला प्रहार, आघात.

क्रि०प्र०—देणी, लगाणी ।

३ स्तंभित होने का भाव ।

क्रि०प्र०—जाणी, रैणी ।

ठहकणौ, ठहकबौ–क्रि०अ०—१ ध्वनि होना, बजना. २ कोयल मोर आदि पक्षियों का बोलना । उ०—मोर सिखर ऊंचा मिळै, नाचै हुआ निहाल । पिक ठहकै झरणां पड़ै, हरिए डूंगर हाल ।—बां.दा.

३ नगारे की ध्वनि होना, नगारे का बजना ।

ठहक्कणौ, ठहक्कबौ—रू०भे० ।

ठहकाणौ, ठहकाबौ–क्रि०स०—१ ध्वनि करना, बजाना. २ किसी वस्तु की दृढ़ता ज्ञात करने के लिये उस पर हाथ से प्रहार करना, जांचना ।

मि०—ठकठकाणौ ।

ठहकायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ ध्वनित किया हुआ, बजाया हुआ. २ जांचा हुआ, ज्ञात किया हुआ ।

(स्त्री० ठहकायोड़ी)

ठहकियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ बजा हुआ, ध्वनित (नगारा आदि) २ (कोयल, मोर आदि) बोला हुआ, आवाज किया हुआ ।

(स्त्री० ठहकियोड़ी)

ठहकौ—देखो 'ठंकौ' (रू.भे.)

ठहक्कणौ, ठहक्कबौ—देखो 'ठहकणौ, ठहकबौ' (रू.भे.)

उ०—ठहक्कै कड़ी कंकटां ठौर ठाई । डहक्कै भड़ां बंकड़ां घोर डाई ।

—वं.भा.

ठहक्काणौ, ठहक्काबौ—देखो 'ठहकाणौ, ठहकाबौ' (रू.भे.)

ठहक्कायोड़ौ—देखो 'ठहकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठहक्कायोड़ी)

ठहक्कियोड़ौ–सं०पु०—देखो 'ठहकियोड़ौ' (रू.भे)

(स्त्री० ठहकियोड़ी)

ठहठहणौ, ठहठहबौ–क्रि०अ० (अनु०) १ उचित रूप से किसी कार्य का होना. २ युद्ध का होना. ३ होना ।

ठहठहाणौ, ठहठहाबौ–क्रि०स० (अनु०) १ उचित रूप से किसी कार्य को कराना. २ युद्ध कराना ।

ठहठहायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ कार्य किया हुआ. २ युद्ध कराया हुआ ।

(स्त्री० ठहठहायोड़ी)

ठहठहियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उचित रूप से कार्य बना हुआ. २ युद्ध हुवा हुआ. ३ (हो चुका) हुवा हुआ ।

(स्त्री० ठहठहियोड़ी)

ठहणौ, ठहबौ–क्रि०अ०—१ निश्चित होना, तय होना ।

उ०—छतीस वंस मोक नै, दये न ग्रंभ दांम नै । ठहै न वात आ अठै, खड़ौ तुरंग ठांभ नै ।—पा.प.

२ उचित बैठना, तय होना । उ०—आभ लागां गोरा-दळां छोडियां न काढ़ै आगो, प्रथी सारी आपांण छोडियां वहै पांण । रोड़ियां नगारौ, ठहै नह मांनै टेकलौ राजा, जिकां सतोड़ियां वहै हेकलौ जोधांण ।—नवलजी लाळस

३ स्थिर होना, ठहरना। उ०—१ कहै धरा नूं किसूं रंक किण नांम जितूं कह। मंद भाग की मुणं ठहै तारा किण ठांमह।—र.ज.प्र.
उ०—२ ठहियौ ठौड़-ठौड़ खंभ ठोरे। रजवठ वहियौ इक रंग।
रतनसिंह कूंपावत री गीत
मुहा०—ठह-ठह नै बोलणौ—रुक-रुक कर हाव-भाव के साथ बोलना।
४ लगना (प्रहार, चोट)। उ०—ठही चोट दे मंझरी कोट ठांणै, छकी पांन जे अट्ट रै वट्ट छांणै।—वं.भा.
५ स्थापित होना, जमना। उ०—ठहियां तौ विण राज ठिकांणै। जगत मूंझ दिल उभळ न जांणै।—सू.प्र.
६ सुशोभित होना, शोभित होना। उ०—ठहिया भूखण सरब ठिकांणै। अहि सांकळि पुहपां अहिनांणै।—सू.प्र.
७ प्रहार होना, आघात पहुँचना। उ०—ठहै दवानळ ठठर, झोकि पिंड सांमी झाळां। खोभ गिरंद खोहरां, लिया मोरचा लंकाळां।
—सू.प्र.
८ नगारा बजना. ९ (तरल से) ठोस रूप में आना, जमना।
ठ'णौ, ठ'बौ, ठयणौ, ठयबौ—रू०भे०।
क्रि०स०—१० धारण करना। उ०—ठग नीत सनातन रीत ठहौ, कर भेट अतीत की देह कहौ।—ऊ.का.

ठहरणौ, ठहरबौ—क्रि०अ०—१ रुकना, ठहरना। उ०—जठै घणां रा कचरघांण मैं आपरा अनीक रा पदद्रव रा प्रवाह मैं पड़ियौ नबाब कासिमखांन समेत कुमार दारासाह भी ठहरण न पायौ।—वं.भा.
२ रहना, माना जाना। उ०—घणी खुसियाळी मैं राग रंग गोठां करीजै। थाप-उथाप रावजी री ठहरि सीसोदियां री गिणत कांई रही नहीं।—राव रिणमल री वात
३ साथ देना। उ०—कूकर लाय जळै नहीं, जुड़ै न कायर जंग। विदर नह ठहरै विपत में, संपत में हिज संग।—बां दा.
४ किसी स्थान पर टिकना, डेरा डालना, विश्राम करना।
ज्यूं—गाडी में ऊतरतांई म्हे तौ धरमसाळ में ठहरिया।
५ स्थिर रहना, किसी स्थान पर जमा रहना, टिका रहना।
ज्यूं—राजाजी री चाकरी इतरी अबकी कै चार दिन ही को ठहरिया नी।
६ बहने या गिरने से रुकना, टिका रहना, स्थित रहना. ७ बना रहना, नष्ट न होना। ज्यूं—कच्चौ रंग तौ ठहरै नी, धोवतां ही ऊतर जासी।
८ धैर्य धारण करना, स्थिर भाव रखना। ज्यूं—इयूं कांई डुळै, थोड़ी दूर तौ ठहर।
९ लगातार होने वाले कार्य का बंद होना। ज्यूं—हमैं मेह ठहर गियौ झट दौड़ जा।
१० पक्का होना तय होना, निश्चित होना।
मुहा०—१ भाव ठहरणौ, कीमत ठहरणी—मूल्य का निश्चित होना.
२ वात ठहरणी—किसी वात का तय होना, पक्का होना।
११ एकत्रित होना, जमा होना। उ०—ठाह-ठाह ठहरिया, कांम अति कांमगरा। मंडिया झड़ रूप में, ससत्र खटतीस समारा।
—सू.प्र.
ठहरणहार, हारौ (हारी), ठहरणियौ—वि०।
ठहरवाड़णौ, ठहरवाड़बौ, ठहरवाणौ, ठहरवाबौ, ठहरवावणौ, ठहरवावबौ—प्रे०रू०।
ठहराड़णौ, ठहराड़बौ, ठहराणौ, ठहराबौ, ठहरावणौ, ठहरावबौ—क्रि०स०।
ठहरिओड़ौ, ठहरियोड़ौ, ठहरयोड़ौ—भू०का०कृ०।
ठहरीजणौ, ठहरीजबौ—भाव वा०।
ठ'रणौ, ठ'रबौ—रू०भे०।

ठहरांण—देखो 'ठहराव' (रू.भे.)

ठहराई—सं०स्त्री०—१ ठहराने या पक्का करने की क्रिया.
२ मजदूरी, पारिश्रमिक।
रू०भे०—ठ'राई।

ठहराणौ, ठहराबौ—क्रि०स०—१ रोकना, ठहराना। उ०—अर वाजी सूं उतारि वार-बार पट्टिसं चखावतां दिणयर नूं ठहरायौ दोय घड़ी।
—वं.भा.
२ स्थिर करना, पक्का करना, जमाना। उ०—१ जोई फुरै अरु होवे मनण, आगे वस्तु ठहरांणी। फुरण अरु अफुरण ये तौ सब, माया क्रत ही जांणी।—सुखरांमजी महाराज
उ०—२ नाहिं नाहिं करके है नाई, है है करके ठहराई।
—सुखरामजी महाराज
उ०—३ भय दिखाय कूंभेण, जीव घर द्रोह जणाये। करण चूक कमवज्ज, ठीक मसलति ठहराये।—सू.प्र.
३ तय करना, पक्का करना, निश्चित करना।
उ०—वसंतपंचमी करौ विमाहौ। सुध निरदोख वेद विध साहौ। इम ठहराय महल नृप आए। पदमणि तांम महासुख पाए।—सू.प्र.
४ किसी स्थान पर टिकाना, डेरा दिलाना, विश्राम कराना, ठहराना।
उ०—सिध दाखियौ झळाहळ सूरत, पौरस नृपत तूझ भरपूरत। राजा ज तूं अवस ठहरावै, अवै समैं विण हाथ न आवै।—सू.प्र.
५ धारण करना, मालूम करना, जान जाना, निश्चय करना।
उ०—ईख रूप मनि इम ठहराई, भरता एह अवर पित भाई।
—सू.प्र.
६ निरन्तर चलते हुए कार्य की गति बन्द करना. ७ गिरने या वहने से बचाना, टिका रखना, स्थित करना. ८ बना रखना, नष्ट नहीं करना। ज्यूं—आप कैवौ कै इण माथै रंग नी ठहरै पण मैं ठहराय दियौ।
९ धैर्य देना. १० एकत्रित करना, जमा करना।
ठहराणहार, हारौ (हारी), ठहराणियौ—वि०।

ठहरायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

ठहराइजणौ, ठहराइजबौ—कर्म वा० ।

ठहरणौ, ठहरबौ—प्रक०रू० ।

ठहराड़णौ, ठहराड़बौ, ठहरावणौ, ठहरावबौ, ठ'राड़णौ, ठ'राड़बौ, ठ'राणौ, ठ'राबौ, ठ'रावणौ, ठ'रावबौ—रू०भे० ।

ठहरायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ रोका हुआ, ठहराया हुआ. २ स्थिर किया हुआ, पक्का किया हुआ, जमाया हुआ. ३ तय किया हुआ, निश्चित किया हुआ, पक्का किया हुआ. ४ टिकाया हुआ, डेरा दिलाया हुआ. ५ मालूम किया हुआ, धारण किया हुआ. ६ (निरन्तर चलते हुए) कार्य को बन्द किया हुआ. ७ गिरने से बचाया हुआ, टिकाया हुआ, स्थित किया हुआ. ८ नष्ट नहीं किया हुआ ।

(स्त्री० ठहरायोड़ी)

ठहराव—सं०पु०—१ ठहरना क्रिया का भाव, विश्राम । उ०—छत्रपत सुत 'गुमन' श्रवण वत छोळां, हेर वनां मद बीयां हटै । पोह जस 'मांन'-सरोवर पाखै, कव हंसां ठहराव कठै ।—रिवदांन महड़ू

२ निश्चय, निर्धारण । उ०—१ दूजै कोई बिगैर ठहराव मसलत रै कांम करै तौ सो भलौ भी होय तौ लोग मोसा दै ।—नी.प्र.

उ०—२ तद जालिमसिंह कही मोनूं माहिर न छै किण तरह ठहराव छै ।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

३ विश्राम करने का स्थान, ठहरने की जगह । उ०—करि तहस-नहसां केक, असपत्ति सहर अनेक । महि साह सहरां मोड़, ठहराव सोवा ठोड़ ।—सू.प्र.

४ धैर्य, धीरज, शान्ति । उ०—जे क्रोध रै समय थांनूं माफी बकसण री अरज करै तौ प्रकृति ठहराव रै ऊपर आवै ।—नी.प्र.

५ छंद शास्त्र में यति, विश्राम । उ०—सो पिंडतराज स्री महाराज की कीरति प्रताप का वरणण का सिलोक पढ़ते हैं जिस सिलोकां का आदि प्रबंध अस्ट अखिरूं से लेकरि इकीस अक्षरूं लग पद बणावणी का ठहराव, च्यार पद हुवै ।—सू प्र.

रू०भे०—ठहरांण, ठै'रांण, ठै'राव ।

ठहरावणौ, ठहरावबौ—देखो 'ठहराणौ, ठहराबौ' (रू.भे.)

उ०—तीन पोहरूं का आफताफ राठौड़ूं पर रोसनाई ठहरावै । चौथै पहर की रोसनाई अब आलम पर आवै ।—सू.प्र.

ठहरावियोड़ौ—देखो 'ठहरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठहरावियोड़ी)

ठहरियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ रुका हुआ, ठहरा हुआ. २ रहा हुआ, माना गया हुआ. ३ साथ दिया हुआ. ४ टिका हुआ, डेरा दिया हुआ, विश्राम किया हुआ. ५ स्थिर या स्थित रहा हुआ. ६ बहने या गिरने से रुका हुआ, टिका हुआ, जमा हुआ. ७ बना रहा हुआ. ८ धैर्य धारण किया हुआ, स्थिर भाव रखा हुआ. ९ (लगातार होने वाला कार्य) बन्द हुवा हुआ. १० निश्चित हुवा हुआ, पक्का, तय. ११ एकत्रित हुवा हुआ, जमा हुवा हुआ ।

(स्त्री० ठहरियोड़ी)

ठहाणौ, ठहाबौ—क्रि०स०—१ निश्चित करना, तय करना. २ उचित बैठाना, तय कराना, जमाना. ३ रोकना, ठहराना. ४ लगाना, मारना. ५ स्थापित करना, जमाना. ६ सुशोभित करना, शोभित करना. ७ प्रहार करना, आघात पहुँचाना. ८ नगारा बजाना, ध्वनि कराना. ९ (तरल से) ठोस रूप में करना, जमाना ।

ठहायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ निश्चित किया हुआ, तय किया हुआ. २ उचित बैठाया हुआ, तय कराया हुआ, जमाया हुआ. ३ रोका हुआ, ठहराया हुआ. ४ लगाया हुआ, मारा हुआ. ५ स्थापित किया हुआ, जमाया हुआ. ६ सुशोभित किया हुआ, शोभित किया हुआ. ७ प्रहार किया हुआ, आघात पहुँचाया हुआ. ८ (नगारा) बजाया हुआ, ध्वनि किया हुआ. ९ (तरल से) ठोस रूप में किया हुआ, जमाया हुआ ।

(स्त्री० ठहायोड़ी)

ठहियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ निश्चित बना हुआ, तय. २ उचित बैठा हुआ, तय. ३ रुका हुआ, ठहरा हुआ. ४ लगा हुआ, (प्रहार, चोट) ५ जमा हुआ, स्थापित. ६ शोभायमान बना हुआ, शोभित. ७ आघात पहुँचा हुआ, प्रहारित. ८ (नगारा) बजा हुआ. ९ कटिबद्ध, तैयार. १० (तरल से) ठोस रूप में हुवा हुआ, जमा हुआ ।

(स्त्री० ठहियोड़ी)

ठहीक—सं०स्त्री०—१ प्रहार करने का भाव. २ ध्वनि, आवाज ।

ठहीड़णौ, ठहीड़बौ—क्रि०स०—१ पीटना, मारना. २ (नगारा) बजाना, ध्वनि करना ।

ठहोड़णौ, ठहोड़बौ—रू०भे० ।

ठहीड़ियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ पीटा हुआ. २ बजाया हुआ, ध्वनि किया हुआ ।

(स्त्री० ठहीड़ियोड़ी)

ठहोड़ौ—सं०पु०—१ आवाज, ध्वनि. २ प्रहार, आघात, ठेस. ३ प्रहार से होने वाली ध्वनि ।

ठहोड़णौ, ठहोड़बौ—देखो 'ठहीड़णौ, ठहीड़बौ' (रू.भे.)

ठहोड़ियोड़ौ—देखो 'ठहीड़ियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठहोड़ियोड़ी)

ठहोलौ—देखो 'ठो'लौ' (रू.भे.)

ठह्रौ—१ देखो 'ठायौ' (रू.भे.)

२ देखो 'ठियौ' (रू.भे.)

ठां'—सं०पु० [सं० स्था] १ स्थान, जगह । उ०—१ दंती वराह नाहर दनुज, सो तिण ठां' रह सावता । रे पुत्र घणी विध राखजो, जनक-सुता रा जावता ।—र.रू.

उ०—२ बांठां बांठां में ठां'ठां ठांठरिया । भूखा मरतोड़ा मरिया गुण भरिया ।—ऊ.का.

मुहा०—ठां'ठां—स्थान-स्थान, जगह-जगह।
२ घनीभूत झाड़ियों का स्थान। उ०—ठां'ठां ठरड़ाया सुख दुख किण सूझै। बिपदा वरड़ाया बिपदा कुण वूझै।—ऊ.का.
रू०भे०—ठांह।
ठांई—देखो 'ठाइ' (रू.भे.) उ०—खोड़ा उडण मुदफर फरी चहुं चकी ठांई ठांई।—ग्र०वचनिका
ठांउं, ठाऊं—देखो 'ठाउ' (रू.भे.) उ०—दादू उस गुरुदेव की, मैं बलिहारी जाउं। जहं ग्रासण ग्रमर ग्रलेख था, ले राखै उस ठांउं।
—दादू वांणी
ठांगर-सं०स्त्री०—वह गाय जो सुगमता से दूध नहीं दुहने दे।
कहा०—ठांगर कै हेज घणूं नापी'री कै तेज घणूं—ग्रासानी से दूध नहीं दुहने देने वाली गाय ग्रपने बछड़े के प्रति ग्रधिक स्नेह करती है ग्रौर जिस स्त्री के पीहर न हो वह ग्रधिक क्रोधित होती है। (व्यंग्य)
मि०—खांट।
ठांगळणौ, ठांगळबौ-क्रि०स०—१ मारना, पीटना. २ दण्ड देना, ग्राधीन करना। उ०—ठहक नगारां डंका दावायतां ठांगळै, ग्रोघ घोड़ां भड़ां मळै ग्रगळा। 'भीम' ऊनाळ वाळा तरण भळहळै, सीत परवत दोयण गळै सगळा।—जवांनजी ग्राढ़ौ
ठांगळियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ मारा हुग्रा, पीटा हुग्रा. २ दण्ड दिया हुग्रा, ग्राधीन किया हुग्रा।
(स्त्री० ठांगळियोड़ी)
ठांगळौ-सं०पु०-१ कैदी, वन्दी, उ०—ठह लंगर पाय दुसहां करण ठांगळा, रूक दोय ग्रांगळा वाढ़ रा है। बोलतां नांम थारै मयंद वांघळा, म्रिग हुवै पांगळा जंगळ मांहै।
—जालमसिंघ झाला री गीत
२ वश, कावू। उ०—ठहै पग जठी करणं रिमां ठांगळा, पांगळा पीठ फरणै जुधां पीच। तराजू नांगळा झुकै मिसलां तणा, वांगळा वेहु 'ऊदा' जिकां बीच।—जसजी ग्राढ़ौ
ठांठ, ठांठर-सं०स्त्री०—बच्चा नहीं देने वाली मादा मवेशी।
वि०—सूखा, नीरस।
रू०भे०—टांठी।
ठांठरणौ, ठांठरबौ-क्रि०ग्र०—सूखना, नीरस होना।
उ०—वांठां वांठां में ठांठां ठांठरिया। भूखां मरतोड़ा मरिया गुण भरिया।—ऊ.का.
ठांठराणौ, ठांठराबौ-क्रि०स०—नीरस करना, सुखाना।
ठांठरायोड़ौ-भू०का०कृ०—नीरस किया हुग्रा, सुखाया हुग्रा।
(स्त्री० ठांठरायोड़ी)
ठांठरियोड़ौ-भू०का०कृ०—नीरस हुवा हुग्रा, सूखा हुग्रा।
(स्त्री० ठांठरियोड़ी)
ठांठार—१ देखो 'ठठारा' (रू.भे.) उ०—माळी तंबोळी छींपा परीयट बंधारा तूनारा सोनारा ठांठार लोहार चमार सुई वालंघ कडीया सिलवट उड गांछा कोळी टाटिया वावर ढेढ़ डूंब।—व.स.
२ देखो 'ठटारौ' (रू.भे.)
ठांठी-सं०स्त्री०—बच्चा नहीं देने वाली ऊंटनी, वांझ ऊंटनी।
ठांठौ-वि०—जो तोल में कम हो। उ०—ठांठौ दौ किम ठाकरां, घांन घणी किण घेय। मूंड समापै मूळ में, घड़ वांढ़ी में देय।
—रेवतसिंह भाटी
ठांण, ठांणउ-सं०पु० [सं० स्थान] १ मवेशी को नियमित रूप से बांधने का स्थान। उ०—खूंटी नहीं है ताजणी, पड़वै नहीं पिलांण। सेजां नहीं सायवौ, ठांण नहीं केकांण।—लो.गी.
मुहा०—ठांण देणौ—घोड़ी का प्रसव या बच्चा देना।
२ मवेशी को चारा डालने का स्थान। उ०—ग्रोझाजी गाय नै टोरी, वा मचकी ठांण री हर करण लागी।—वरसगांठ
यौ०—ठांण-संणगार।
३ उत्पत्ति स्थान, जन्म-भूमि।
मुहा०—ठांण लजाणौ—किसी नीच कार्य से जन्म-भूमि की प्रतिष्ठा कम करना।
४ स्थान। उ०—ब्रह्मादिक इंद्रादिक सरीखा, ग्रसुर मेल्है वांण। चक्र सरि सुं चक्र भागुं, छांडियौ पग ठांण।—रुकमणी मंगळ
५ गति की निवृत्ति, स्थिति, ग्रवस्थान (जैन)
६ स्वरूप-प्राप्ति (जैन) ७ निवास, रहना (जैन)
८ कारण, लिए, निमित्त, हेतु (जैन) ९ ग्रासन (जैन)
१० प्रकार, भेद (जैन) ११ स्थान, पद, जगह (जैन)
यौ०—ठांण-पूर, ठांण-संणगार, ठांणा-पूर।
१२ धर्म, गुण (जैन) १३ ग्राश्रय, मकान, घर, वसति, ग्राधार (जैन)
१४ तृतीय जैन ग्रंग-ग्रंथ, 'ठाणांग' सूत्र (जैन)
१५ शरीर पर के ममत्व का त्याग, कायिक क्रिया का त्याग, ध्यान के लिए शरीर की निश्चलता (जैन)
ग्रल्पा०—ठांणियौ।
ठांणगुण-सं०पु० [सं० स्थान गुण] ग्रधर्मास्तिकाय।
ठांणठिग्र-वि० [सं० स्थानस्थित] स्थानस्थित (जैन)
ठांणणौ, ठांणबौ-क्रि०स०—१ विचार करना, निश्चय करना।
उ०—जांणै सो राघौ जांणै, ठांणै सो राघौ ठांणै। जीवाई रावौ जैनूं, तो मारै केहौ तैनूं।—र.ज.प्र.
२ जर्जरित करना, ढीला करना। उ०—ठही चोट दे झंझरी कोट ठांणै, छकी पांन जे ग्रट्ट रै वट्ट छांणै।—वं.भा.
३ रखना, स्थापित करना। उ०—सत दुजवर ठांणी ग्रय कळ ग्रांणी, कहि घत्ता यकतीस कळ। रटजै मझ राघौ दुख ग्रघ दाघौ, फिरत न धारण पाय फळ।—र.ज.प्र.
४ करना। उ०—१ यौ संसार कुवधि रौ भांडौ, साध संगत ना

मावै रे। वां नागां जग री निंद्या ठांणी करम रा कुगत कुमांवां रे।
—मीरां

उ०—२ त्रिलखी मुणी रुकमणी रांणी की, प्यारी पतनी जांणी। 'दरसैरा' नेनी के कारन, दया प्रभूजी ठांणी।—रुकमणी मंगळ

५ दृढ़ संकल्प करना।

ठांणपंथी-सं०पु० [सं० स्थान+पथिन्] एक स्थान पर रहने वाला साधु (जैन)

ठांणपद-सं०पु० [सं० स्थानपद] प्रज्ञापना सूत्र के द्वितीय पद का नाम (जैन)

ठांणपूर-वि०यौ०—१ जो अपने स्थान पर शोभा देता हो, जगह की प्रतिष्ठा व मान-मर्यादा रखने वाला, प्रतिष्ठित, गम्भीर।

ठांणबंधु-सं०पु० [सं० ठाणबन्धु] ४९ क्षेत्रपालों में से २८ वां क्षेत्रपाल।

ठांणभट, ठांणभट्ट, ठांणभिस्ट-वि०यौ० [सं० स्थानभ्रष्ट] अपने स्थान से भ्रष्ट, अपनी जगह से च्युत (जैन)

ठांण मंडणगार-वि०यौ०—केवल स्थान पर शोभा देने वाला (व्यंग्य)

ठांणलक्खण-सं०पु०यौ० [सं० स्थिति लक्षण] ठहरने में सहायक होने का भाव (जैन)

ठांणांग-सं०पु० [सं० स्थानाङ्गम्] १ सूत्र का अध्ययन. २ एक सूत्र का नाम (जैन)

ठांणांण-देखो 'ठांण' (मह., रू.भे.)

उ०—हैं वमांण आरोहै सुरांण ठौड़ ठौड़ हातां, नीसांण वजांण सिधु कायरां नरम। धुवांण आतसां पूर ठांणांण लपटं धुग्रा, फटकां मंडांण केण ऊपरै कुरम।—पहाड़ खां आढ़ौ

ठांणा-सं०पु० (व०व०) व्यक्ति (जैन साधु)

ठांणाइय-वि० [सं० स्थानातिग] जो शरीर पर के ममत्व का त्याग करता हो, कायिक क्रिया का त्याग करने वाला, ध्यान के लिए शरीर को निश्चल करने वाला (जैन)

ठांणाग्रोठांण-वि०—स्थान का पलटा किया हो।

ठांणायंग-सं०पु०—एक सूत्र ग्रंथ का नाम। उ०—आठ बोल ठांणायंग कह्या, मायाविया होय कपटी रे।—जयवांणी

ठांणायय-सं०पु० [सं० स्थानायत] ऊँचा स्थान (जैन)

ठांणि-वि० [सं० स्थानिन्] स्थान युक्त, स्थान वाला (जैन)

ठांणियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ विचार किया हुआ, निश्चित किया हुआ. २ जर्जरित किया हुआ, ढीला किया हुआ. ३ रखा हुआ, स्थापित किया हुआ. ४ किया हुआ. ५ दृढ़ संकल्प किया हुआ।

(स्त्री० ठांणियोड़ी)

ठांणियौ-सं०पु०—घोड़े के बाँधने के स्थान की सफाई आदि करने वाला। उ०—मजूर रौ रूप धर नै घोड़ा कोहीधज रै ठांण द्रोब री पोट ले जाय नै सैंवौ हुवौ, पछै द्रोब री पोट फिटी करनै ठांणियौ हुय रयौ।—नैणसी

२ देखो 'ठांण' १, २ (अल्पा., रू.भे.)

ठांवणौ—देखो 'ठांमणौ' (रू.भे.)

ठांवणौ, ठांवबौ, ठांभणौ, ठांभबौ-क्रि०स०—१ किसी निरन्तर चलती हुई गति को बन्द कर देना। उ०—१ भारत मझि मिळै दूसरो भारथ, रथ ठांभियौ जोवण ग्रहराज। उमया ईस उभै आहुड़िया, किसनावती तणै सिर काज।—गोरधन बोगसौ

उ०—२ वागो निहाव अरावां गोळां रजी धू छायौ बोम, राड़ चाळौ लागो भांण ठांभियौ रहेस। मांमलै खेड़ते खागां आय लागो तांण मूंछां, मेड़ते भागळां साथे न भागो 'महेस'।
—महेसदास कूंपावत री गीत

२ रोकना, ठहरना। उ०—१ राजबाई री तळाई वासणपी नै जेसळमेर विच में छै सु तठै आया। सु उठै कोई कसवण हुवौ, तरै वयुं पग ठांभिया, उठै उतरिया।—नैणसी

उ०—२ रथ ठांभो रहमांण, मुणै अक्रूर मुरारी। करौ सिनांन किसन, भलो ऊजळ जळ भारी।—पी.ग्रं.

३ गिरते हुए को बचाना, गिरने या लुढकने से रोकना.

४ संभालना, मदद देना, सहायता देना। ज्यूं—काळ बरस में मर जाता पण राजाजी ठांभ लिया।

५ किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना, कार्य का भार ग्रहण करना.

६ चौकसी में रखना, पहरे में रखना, बन्दी रखना।

ठांभणहार, हारौ (हारी), ठांभणियौ—वि०।

ठांभियोड़ौ—भू०का०कृ०।

ठांभीजणौ, ठांभीजबौ—कर्म वा०।

ठंभणौ, ठंभबौ—अक०रू०।

थांमणौ, थांमबौ—रू०भे०।

ठांभियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ वह बन्द की हुई गति जो निरन्तर चलती थी. २ रोका हुआ, ठहराया हुआ. ३ गिरते हुए को बचाया हुआ, गिरने या लुढ़कने से बचाया हुआ. ४ सम्भाला हुआ, मदद दिया हुआ, सहायता दिया हुआ. ५ (किसी कार्य की) जिम्मेदारी लिया हुआ, भार ग्रहण किया हुआ. ६ चौकसी में रखा हुआ, पहरे में रखा हुआ, बन्दी रखा हुआ।

(स्त्री० ठांभियोड़ी)

ठांम-सं०पु० [सं० स्थाम अथवा सं० स्था+ण्यंत = स्थाप.—ठांम]

१ स्थान, जगह। उ०—कुंवरी पिंगळराय नी, मारुवणी तसु नांम। नरवरगढ़ ढोलइ भणी, परणी पुहकर ठांम।—ढो.मा.

यौ०—ठांमोठांम।

२ पात्र, बर्तन। उ०—उणही ठांम अरोग, भांजण री मन में भणै। आ तो वात अजोग, रांम न भावै राजिया।—किरपारांम

मुहा०—ठांम करणौ—यथास्थान रखना, ठिकाने लगाना।

३ मकान के भीतर बने हुए कमरे, कोठरी आदि।

रू०भे०—ठांय, ठांव।

अल्पा०—ठांमड़ौ, ठांवड़ौ।

ठांमड़ौ—देखो 'ठांम' (अल्पा., रू.भे.)

ठांमड़ी-सं०स्त्री०—लाव की गति को रोकने के लिये ववूल इत्यादि की पतली टहनियों को चीर कर बनाई गई रस्सी विशेष जो भूण के मध्य में लिपटी रहती है। सींचने वाला सिचारा उसे लाव अन्दर फेंकते वक्त हाथ में पकड़े रखता है।

रू०भे०—ठांवणी।

ठांमणौ, ठांमवौ—देखो 'ठांभणौ, ठांभवौ' (रू.भे.)

उ०—१ वेंजार रै रिण जाहरां आया कोस एक राजलवाड़ हुंता ताहरां सांमु ही भांक आई। ताहरां ओथि घोड़ा ठांमिया।

—द.वि.

उ०—२ काज सरणाइयां भूप सिर कावली, दुभल घन रावळी कठै दांई। बाप रिव ठांमियौ घड़ी दोय वाजतां, ताही सुत ठांमियौ पौहर तांई।—महाराजा मांनसिंह

ठांमियोड़ौ—देखो 'ठांभियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ठांमियोड़ी)

ठांमी-वि०—स्थान पर रहने वाला।

क्रि०वि०—स्थान पर। उ०—भूला नै आंणै ठांमी।—जयवांणी

ठांमौ—देखो 'ठांम' (अल्पा., रू.भे.) उ०—ओलै बैठी एकली, करै सगळाई कांमौ रे। राती रस भीनी रहै, छोडै नहीं निज ठांमौ रे।

—ध.व.ग्रं.

ठांय—देखो 'ठांम' (रू.भे.) उ०—१ मुकंद म पैस पड़द्दा मांय। ठावौ मैं कीधो सरवह ठांय।—ह.र.

उ०—२ भंवरा कळो लपेटिया, कायर कांपै काय। जीवियै जुग मांणसां, मुवौ त मोटै ठांय।—जलाल बूबना री वात

ठांव—देखो 'ठांम' (रू.भे.) उ०—कुंवरसी कही तीज रै दिन आयसै तौ खरा पण कीं ठांव आऊं, इठै तौ औ रंग छै।

—कुंवरसी सांखला री वारता

मुहा०—भेळा पड़िया ठांव इ खड़वड़ै—बर्तनों को अगर पास-पास रखा जाय तो वे जरा-सी ठेस लगते ही आपस में टकरा कर आवाज करेंगे अर्थात् मनुष्यों के एक ही स्थान पर रहने से लड़ाई-टंटा होना स्वाभाविक है।

ठांवड़ौ—देखो 'ठांम' (अल्पा., रू.भे.) उ०—एक सेर का ठांवड़ा, क्योंही भरा न जाइ। भूख न भागी जीव की, दादू केता खाइ।—दादू वांणी

ठांसण-सं०स्त्री०—एक प्रकार की घास।

ठांसणी-सं०स्त्री०—सहारा।

ठांसणौ—देखो 'टांसणौ' (रू.भे.)

ठांसणौ, ठांसवौ-क्रि०स०—१ जोर देकर भरना, दबा कर प्रविष्ठ कराना, ठूंसना. २ खूब पेट भर कर खाना, कस कर खाना. ३ किसी का माल छीनना, अपने अधिकार में करना, हड़पना. ४ सँजोना। उ०—फूलां रा चौस पैहरियां थकां टोय अणियाळां काजळ ठांसिया थकां वांका नैणां री भोख।—रा.सा.सं.

टांसणौ, टांसवौ—रू०भे०।

ठांसियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ जोर देकर भरा हुआ, ठूंसा हुआ. २ खूब पेट भर कर खाया हुआ. ३ किसी का माल छीना हुआ, हड़पा हुआ. ४ संजोया हुआ।

(स्त्री० ठांसियोड़ी)

ठांसौ-सं०पु०—१ फैला हुआ कैर का पेड़. २ धब्बा ?

उ०—अणीयाळां नैणां में काजळ की रेखा, अमरत रा ठांसा चंदा में पेखौ।—दरजी मयारांम री वात

ठांह—देखो 'ठां' (रू.भे.) उ०—मूझ बोल निर्पां मांह, ठीक आप रखे ठांह। आलमां कहे उमाह, वाह वाह वाह।—र.रू.

ठा-सं०पु०—१ शून्य. २ ऋषि।

सं०स्त्री०—३ पृथ्वी. ४ पीठ (एका.)

वि०—धनवान (एका.)

ठा'—देखो 'ठाह' (रू.भे.) उ०—१ बाप नै रोवतौ देख नै नैनौ ई मा री छाती में मूंडौ घाल नै रोवण लाग्यौ। उण नै ठा' नी पड़ी कै औ कांई रासौ है।—रातवासौ

उ०—२ समभ सूं वैण सूक्षम कैणा, माग विनां पग दैणा। हंसा एक पांख बिन उडिया, ठा' बिन किया ठिकांणा।

—हरिरांमजी महाराजा

ठाइ-सं०स्त्री०—जगह, स्थान। उ०—मारवणी मुख-ससि तणइ, कसतूरी महकाइ। पासइ पन्नग पीवणउ, विळकुळियउ तिणि ठाइ।

—ढो.मा.

रू०भे०—ठांइ, ठांईं, ठाई।

वि० [सं० स्थायिन्] स्थिर रहने वाला (जैन)

ठाई—देखो 'ठाइ' (रू.भे.) उ०—राजा भोज बोलइ तिणी ठाई। चिहुं खंड जोवज्यौ भूपती राय।—वी.दे.

ठाउ, ठाऊ-सं०पु०—स्थान, जगह। उ०—१ केडइ नकुळ अनइ सहदेउ, पांणी बूडा तेई वेउ। माइ मोकळावी पइठउ राउ, सविहुं हूउ एकु जु ठाउ।—पं.पं च.

उ०—२ पर प्रवेस नहीं, हाथी आंनउ ढोउ नहीं, पाखरयां रहण नहीं, सूयरा विसय नहीं, नीसरणी ठाउ नहीं, भेद संभावना नहीं।

—व.स.

उ०—३ अथ कस्टेन धनोपारजने केई हल खेड़ी सयर ठाउ फेंड़ी धन उपारजइं।—व.स.

रू०भे०—ठांउ, ठांऊ।

ठाओठा-क्रि०वि० (अनु०) उपयुक्त स्थान पर।

ठाओ—१ देखो 'ठावौ' (रू.भे.) २ देखो 'ठायौ' (रू.भे.)

ठाक-सं०स्त्री०—१ प्रतिज्ञा, प्रण, नियम. २ दरी आदि बुनते समय तागों को कसने के लिए ठोंकने की लकड़ी. ३ पीटने या मारने का भाव. ४ पत्थर का टुकड़ा।

ठाकणौ, ठाकवौ-क्रि०स०—पत्थर को सुडौल बनाना, पत्थर गढ़ना।

ठाकर–सं०पु० [सं० ठक्कुर] (स्त्री० ठकरांणी) १ किसी भू-भाग का नायक, अधिष्ठाता। उ०—रे सीहां राजेम, द्विज मिळ किए दिन दद दियो। इर मुजबड़ां अमेस, मन सूं ही ठाकर मोतिया।
—रायसिंह सांदू

२ गांव का मालिक, जमींदार। उ०—अमिट भड़ां वळ अंग में, कोठारां सांमान। सांमध्रमी ठाकर सको, दिए रंग दुनियांन।
—वां.दा.

मुहा०—ठाकरसुहाती कैंणी—दूसरों को प्रसन्न करने के लिए कही जाने वाली बात, खुशामदयुक्त बात।

३ स्वामी, मालिक। उ०—चिता में बुध परखिये, टोटै परस त्रियाह। सगा कुवेळां परखिये, ठाकर गुन्हा कियांह।—अज्ञात

४ क्षत्रियों की उपाधि. ५ प्रतिष्ठित व्यक्ति, माननीय व्यक्ति.

६ ईश्वर, भगवान, विष्णु।

यौ०—ठाकरदवारो, ठाकरद्वारो।

७ देव मूर्ति (विशेष कर विष्णु के अवतारों की मूर्ति) ८ भूमिपति.

९ नाई जाति की उपाधि (सम्मान)

रू०भे०—ठकर, ठकुर, ठक्कुर, ठाकुर।

अल्पा०—ठकराड़ो, ठकुराळो, ठाकरड़ो, ठाकरियो, ठाकरो, ठाकुरलो, ठुकराळो।

ठाकरड़ो—देखो 'ठाकर' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—अमली ठाकरड़ा डेरां में आवै। मोटी घसकां घड़ मावा मटकावै।—ऊ.का.

ठाकरदवारो, ठाकरदुवारो–सं०पु०यौ०—देवालय, देवस्थान, विष्णु-मंदिर।

रू०भे०—ठाकुरदवारो, ठाकुरदुवारो, ठाकरद्वारो।

ठाकराई, ठाकरि—देखो 'ठकुराई' (रू.भे.) उ०—तीणिइ ठाकरि किस्यु कीजइं, जीणिइं पगि-पगि पांमीइ अपमांन।—व.स.

ठाकरियो—देखो 'ठाकर' (अल्पा., रू.भे.)

ठाकरी—देखो 'ठकुराई' (रू.भे.)

ठाकरो—देखो 'ठाकर' (अल्पा., रू.भे.)

ठाकियोड़ो–भू०का०कृ०—(पत्थर) सुडौल बनाया हुआ, गढ़ा हुआ। (स्त्री० ठाकियोड़ी)

ठाकुर– (स्त्री० ठकुरांणी, ठाकुरांणी, ठुकरांणी) देखो 'ठाकर' (रू.भे.)

उ०—१ राव गांगो जोधपुर वडो ठाकुर हुवो। वडो आखाड़सिंघ रजपूत हुवो।—राव जोधाजी रै बेटां री वात

उ०—२ ठाकुर ही रक्षा करे, और न किंहीं रै हाथ। हिंदू सब तूं जांणलै, रांम आंपणै साथ।
—महाराजा जयसिंह आमेर रा धणी री वात

उ०—३ रांम भणंतां रे! हिदा, कह केता गुण होय। ठाकुर मांनै जग नवैं, पिसण न गंजै कोय।—ह.र.

उ०—४ सहि ग्यांन जाव सनकादिकां, जण-जण सरिसो जुजुओ। सूर जेठ भीड़ पड़तां समो, हंस रूप ठाकुर हुवो।—पी.ग्रं.

यौ०—ठाकुरदवारो।

ठाकुरदवारो, ठाकुरदुवारो, ठाकुरद्वारो—देखो 'ठाकरदवारो' (रू.भे.)

उ०—झालां रो वांकानेर जठे कुबावतां रो ठाकुरदुवारो है।
—वां.दा.ख्यात

ठाकुरलो—देखो 'ठाकर' (अल्पा., रू.भे.)

ठाकुराई, ठाकुरी—देखो 'ठकुराई' (रू.भे.) उ०—१ खेड़ गोहिलां री वडी ठाकुराई थी, राजा मोखरो धणी छै।—नैणसी

उ०—२ एक वात यूं सुणी, इणांरी ठाकुराई पैहली दिखण नूं अयंबक हुती।—नैणसी

ठागो–सं०पु०—१ आडंबर, ढोंग। उ०—नागो हूं नाचै नणक, मांग्यो सूंपै माल। अद्भुत ठागो जात इण, लागो लोभ कमाल।
—वां.दा.

२ कपट। उ०—जिनरिख जिनपाळ रै रैणा देवी तीन वाग तो वरज्या नहीं अनै दक्षिण नो वाग वरज्यो। झूठ बोली, सरप खावा रो भय बतायो। जांण्यो दक्षिण रो वाग जासी तो मोनै खोटी जांणस्यै। ठागा रो उघाड़ होय जासी। यूं जांण नै दक्षिण नो बाग वरज्यो।—भि.द्र.

३ धूर्तता, छल।

ठाड़ो–सं०पु०—स्थान, जगह। उ०—किण ठाडै रहे आवास काह, आदेस तुनै गरढ़ा अलाह।—पी.ग्रं.

ठाट–सं०पु०—१ सजावट, रचना, शृंगार। उ०—सांझ पड़ै दिन आंथवै रे जला, खातण लावै खाट। कांहि हे करूं थारी खाट नै, म्हारै मारूड़ै विनां किसो ठाट। जलो म्हारी जोड़ रो उदियापुर मालै रे।—लो.गी.

२ शान-शौकत। उ०—घड़ियो घाट सुघाट, नारायण निज कर निपुण। ठसकीला वो ठाट, जो किम भूलीजै 'जसा'।—ऊ.का.

३ तड़क-भड़क, आडम्बर, दिखावट, धूम-धाम. ४ आराम, चैन.

५ आयोजन, तैयारी।

यौ०—ठाट-बाट।

६ सितार का तार. ७ समूह, झुण्ड। उ०—खुलै कपाटूं विकट घाटूं पवन वाटूं थक्क ए। डुलै विराटूं सोक काटूं भक्त ठाटूं सक्क ए। खट मास मांई मिळै सांई अचळ पाई धांम ए।—करुणासागर

८ देखो 'थाट' (रू.भे.)

रू०भे०—ठाठ।

ठाट-बाट–सं०पु०यौ०—१ सजावट, शृंगार. २ तड़क-भड़क, आडम्बर।

क्रि०प्र०—राखणो।

ठाटियो—देखो 'ठाटो' (अल्पा., रू.भे.)

मुहा०—ठाटियो जमाणो—ढंग बैठना, कारो-बार जमना।

२ देखो 'थाठियो' (रू.भे.)

ठाटो–सं०पु०—१ बैलगाड़ी पर लगाया जाने वाला चौड़ा तख्ता जिस

पर बोझा आदि लादा जाता है. २ इस तख्ते पर समा सके उतना वजन या सामान।

रू०भे०—थाटो।

२ कागज की लुगदी का बना कूंडे की शक्ल का गहरा चौड़े मुँह का वर्तन।

वि०वि०—कागज, मेथी, मरवा के बीज, इमली के बीज आदि को पानी में भिगो कर गलाया जाता है। फिर इन्हें कूट कर लुगदी तैयार की जाती है। फिर मिट्टी के घड़े आदि को औंधा रख कर उस पर लुगदी फैला कर वर्तन का रूप दिया जाता है। इसको मुलतानी मिट्टी के घोल से पोत दिया जाता है जिससे इसका रंग सफेद हो जाता है और यह सुन्दर बन जाता है। सूखने पर यह वर्तन अनाज आदि डालने के लिये विभिन्न प्रकार से उपयोग किया जाता है। इस पर कई लोग रंग भी लगाते हैं ताकि उसकी सुन्दरता और बढ़ जाय।

रू०भे०—ठाठो।

अल्पा०—ठठियो, ठांटियो, ठाठड़ियो, ठाठड़ो, ठाठियो, ठाठोड़ो।

ठाठ—देखो 'ठाट' (रू.भे.) उ०—हुंडियां ज्यांरी हालती रे, रहता गहरा ठाठ। पाछला पुन्य पूरा हुवा रे प्रांणी, जब कोडचां मांगै हार।—जयवांणी

कहा०—ठाठ तिलक और मधरी बांणी, दगाबाज की यही निसांणी—जो ऊपर से बड़ा ठाट-बाट दिखाते हैं और मीठे बोलते हैं वे अवश्य धोखेबाज होते हैं।

ठाठड़ियो—देखो 'ठाटो' (अल्पा.)

ठाठड़ी-सं०स्त्री०—१ देखो 'ठाठो' (अल्पा., रू.भे.) २

उ०—जिकां रै पाछै मस्त हाथी टला देण नूं चालै। वांणांरा ऊंट ठाठड़्यां का थाट। जिकां मैं बडी छोटी केई घाट।

—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

ठाठर-सं०स्त्री०—हड्डियों का ढांचा, अस्थि-पंजर।

ठाठरणो, ठाठरबो—देखो 'ठिठरणो, ठिठरबो' (रू.भे.)

उ०—ठंड सवळी पड़ै हाथ पग ठाठरै, वायरो ऊपरां सवळ वाजै। माल साहिब तिकै मोज मांणै, भूखियइ लोक रा हाड भांगै।

—घ.व.ग्रं.

ठाठरियोड़ो—देखो 'ठिठरियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठाठरियोड़ी)

ठाठियो—देखो 'थाटियो' (रू.भे.)

ठाठी-सं०स्त्री०—विघ्न, बाधा, आड़, रोक।

ठाठीड़ो—देखो 'ठाटो' (अल्पा., रू.भे.)

ठाठीया-सं०स्त्री०—राजस्थान की एक प्राचीन जाति विशेष।

उ०—भोई मेहर अनइ ठाठीया, चालइ काहर कमांणी। च्यारि सहस सायइ सांचरिया, वहइ पखाली पांणी।—कां.दे.प्र.

ठाठो-सं०पु०—१ ऊंट के चमड़े का बना तीर रखने का उपकरण।

उ०—दांत रा सुफाळा छै, सोन्है री हळ लिखी छै, नचमूठ रा तीर छै। इसा तीरां सूं ठाठा भरिया थका।—रा.सा.सं.

२ देखो 'ठाटो' (रू.भे.) ३ देखो 'थाटो' (रू.भे.)

ठाड-सं०स्त्री०—१ सीढ़ी या जीने में पैर रखने के पत्थर के नीचे या बीच में लगाया जाने वाला पत्थर।

२ 'सरदी' (रू.भे.) उ०—गाढ़ो ओढ़ो गूदड़ो, लाग जायला ठाड। खोटी होसी भजन सूं, इणै री ओही लाड।—संगरांमदास

रू०भे०—ठाढ़।

ठाडी-सं०स्त्री०—१ लम्बी लकड़ी का वह उपकरण जो रहट के घूमने वाले चक्र पर लगाया जाता है जो बैलों को अपने घेरे तक रहने में सहारा देता है अर्थात् उन्हें चक्र की ओर आने से रोकता है।

२ चूल्हे की राख, भस्म।

रू०भे०—ठेडी।

वि०स्त्री०—१ ठंडी, शीतल। उ०—पग-पग ऊपर जळ घणां, रूंखां री ठाडी छाया।—डाढ़ाळा सूर री वात

२ एक दिन पहले की बनी हुई, बासी. ३ खड़ी, ठहरी, सीधी।

उ०—एक तो म्हांनै हळियो दीज्यो, हाल दीज्यो ठाडी। दोय तो म्हांनै बैल्या दीज्यो, बिच में दीज्यो गाडी।—लो.गी.

रू०भे०—ठाड, ठाढ़, ठाढ़ी।

अल्पा०—ठाढ़ड़ली।

ठाडेळ—देखो 'ठाडोळ' (रू.भे.)

ठाडेळो—देखो 'ठाडोळो' (अल्पा., रू.भे.) उ०—घाट में दूध री अदोळी लेलीजो, छाछ मत लीजो, ठाडेळो घणो है।—रातवासो

ठाडोळ-सं०स्त्री०—शीतलता। उ०—भली थूं सांझ सुखां री देण, दाझतै दिनड़ै री ठाडोळ। नींद री नणदल सपनां सेज, परणती सरग परी री खोळ।—सांझ

रू०भे०—ठंडोळ।

अल्पा०—ठाडेळो, ठाडोळो।

ठाडोळो—देखो 'ठाडोळ' (अल्पा., रू.भे.)

ठाडो-सं०पु०—१ प्राणी के किसी दर्द-स्थान पर चिकित्सार्थ लगाया जाने वाला गर्म की हुई धातु का चिन्ह, अग्नि-दाग क्रिया.

२ जाड़ा, सर्दी, ठंड।

वि० (स्त्री० ठाडी) १ ठंडा, शीतल। उ०—समदड़ी सूं जाळोर सोळै कोस पड़ै, इण वास्तै व्याळू कर नै तुरत पिलांण कर लिया हा ताकै दिनुगां पैली ठाडै-ठाडै पो'र जाळोर पूग्यां जा सकै।

—रातवासो

विलो०—ऊनो।

३ एक दिन पहले का बना हुआ, बासी (भोजन)

वि०पु०—बलवान, शक्तिशाली।

कहा०—१ 'ठाकरां ठाडा किसाक हो?' 'कै कमजोर का तो वैरी ही पड़चा हां'—पूछने पर कि ठाकुर साहब कितने शक्तिशाली हो तो ठाकुर साहब उत्तर देते हैं कि केवल कमजोरों के शत्रु हैं अर्थात् हम

उनमें शक्तिशाली हैं कि हमारा बल-प्रयोग केवल निर्बलों पर ही हो सकता है, सबलों पर नहीं।

मुहा०—२ 'बारहठजी, या लाठी कोई नै कोनी द्यो कै ?'

'ठाकरां, ठाडो मांगै कोनी अर माड़ै नै द्यूं कोनी।'—बारहठजी से पूछा गया कि क्या यह लाठी किसी को नहीं दोगे क्या ? इस पर उत्तर मिला सबल तो मांगता नहीं है और कायर को मैं देता नहीं अर्थात् मुझे यह लाठी देनी ही नहीं है क्योंकि निर्बल और कायरों के प्रति तो मेरी श्रद्धा नहीं और जो शक्तिशाली होगा वह मांगेगा नहीं।

विलो०—माड़ो।

४ खड़ा, ठहरा। उ०—१ क्षत्री दंडवत करि ठाडो हुवो।

—सिघासण बत्तीसी

उ०—२ म्हारो मोवन मुरळी वाळो रे, ठाडो जमुना री तीर।

—मीरां

५ गम्भीर (व्यक्ति) ६ सुस्त। उ०—छेवट चोधरण आय नै उणारो विचार तोड़यो आज यूं ठाडा होय नै कियां बैठा हो ? रोटी गाय नै लाटै चालण रो विचार कोयनी कांई ?—रातवासो

(स्त्री० ठाडी)

ठाडो-ठरियो—देखो 'ठंडो-ठरियो' (रू.भे.)

ठाडो-पो'र—देखो 'ठंडो-पो'र' (रू.भे.) उ०—समदड़ी सूं जाळोर सोळै कोस पड़ै, इण वास्तै व्याळू कर नै तुरत पिलांण कर लिया हा ताकै दिनुगां पै'लो-पै'ली ठाडै-ठाडै-पो'र जाळोर पूग्यो जा सकै।

—रातवासो

रू०भे०—टाढ़ो, ठाढ़ो।

ठाढ़—१ देखो 'ठाड' (रू.भे.) २ देखो 'ठाडी' (रू.भे.)

ठाढ़ड़लो—देखो 'ठाडो' (अल्पा., रू.भे.) उ०—पड़े ठाढ़ड़लो जोरावर श्रो राज, मरे रे वन रा मोरिया।—लो.गी.

ठाढ़ी—देखो 'ठाडी' (रू.भे.) उ०—१ ठाढ़ी नृतंत आय मुनि वन वित। रति अरु साथि कांम बहुवै रति।—सू.प्र.

ठाढ़ेसरी, ठाढ़ेस्वरी—सं०पु० [सं० स्तब्ध+ईश्वर+रा०प्र०ई] दिन रात निरंतर खड़ा रह कर तपस्या करने वाले एक प्रकार के सन्यासी।

उ०—मांहे जोगेसर पवन रा साभणहार त्रिकुटी रा चडावणहार धूम्रपांन रा करणहार उरधवाहू ठाढ़ेसरी दिगंबर सेतंबर निरंजनी आकास-मुनी।—रा.सा.सं.

ठाढ़ो—देखो 'ठाडो' (रू.भे.) उ०—कोड़ि थोक करतार हेम हुंता ठाढ़ो हरि। कोड़ि जम है किसन-किसन वाखांण इसो करि।

—पी ग्रं.

ठाढ़ो-ठरियो—देखो 'ठंडो-ठरियो' (रू.भे.)

ठा'णो, ठा'वो—क्रि०स०—१ करना। उ०—ठहक्कै कड़ी कंकटां ठोर ठाई। डहक्कै भड़ां वंकड़ां घोर डाई।—वं.भा.

२ निश्चित करना, तय करना. ३ ठहराना, रोकना. ४ लगाना (प्रहार, चोट, निशाना) ५ स्थापित करना, जमाना. ६ रखना।

७ सुशोभित करना, शोभित करना।

ठायोड़ो—भू०का०कृ०—१ किया हुआ. २ निश्चित किया हुआ, तय किया हुआ. ३ ठहराया हुआ, रोका हुआ. ४ लगाया हुआ. ५ स्थापित किया हुआ, जमाया हुआ. ६ रखा हुआ. ६ सुशोभित किया हुआ, शोभित किया हुआ।

(स्त्री० ठायोड़ी)

ठायो—सं०पु०—१ स्थान, जगह। उ०—१ गायां नै गिरमास, ठिकांणो चोड़ै ठायो। सूवै सूतक सुधी, तळै छिगास बिछायो।—दसदेव

उ०—२ चोधरण ई जागगी। जठै चूंतो उण ठाया पर कठैई भरणको कठैई थाळी नै कठैई कूंडियो मांड दियो।—रातवासो

२ देखो 'ठावो' (रू.भे.) उ०—लूंकड़ खावै बोरिया लिप, सुसिया सरणो ओट है। ठायां-ठायां टोपली अर बाकी रां लंगोट है।

—दसदेव

३ देखो 'ठियो' (रू.भे.)

रू०भे०—ठयो, ठहो, ठाहो, ठिओ, ठेयो।

ठार—सं०स्त्री०—१ ठौर, स्थान। उ०—हाथ कमंडळ भळमळई, ब्रांह्मण वेद भणइ भ्रूणकार। राति दिवस करि चालीयउ, पनरमइ दिवस पहुतो तिणि ठार।—बी.दे.

२ शीत, ठंड, सर्दी. ३ आराम (पीड़ा कम होने पर) शान्ति.

४ पता, इल्म, ठिकाना. उ०—पांख तणि हेमि सूं ताहरा भरासि भंडार ? सागर जळ केटलूं वाधि पड़तो साहि ठार।

—नळाख्यांन

रू०भे०—ठाहो।

५ देखो 'अठारह' (रू.भे.) उ०—ठार सोळ सोळह चवद, तुक प्रत मत्त चवसाठ। नीसांणी मगणांत निज, पैड़ो यण विध पाठ।

—र.ज.प्र.

ठारक—वि०—१ शीतल करने वाला, ठंडा करने वाला. २ संतोष देने वाला। उ०—धणां जीवां के ठारक बळी।—जयवांणी

ठारणो, ठारबो—क्रि०स०—१ ठंडा करना, शीतल करना।

उ०—पवन री हवा सूं टिप्पा खाईनै रही छै। कोरी गागर मांहे घाति-घाति ठारीजै छै।—रा.सा.सं.

मुहा०—ठार-ठार नै खाणो—अधिक गर्म भोजन को ठंडा कर कर के खाना चाहिये अर्थात् हर कार्य में धैर्य रखना नितान्त आवश्यक है।

२ निश्चय करना, तय करना। उ०—पीछै वेळोजी बीकानेर आय रावजी स्री बीकैजी सूं मालम करी। तद रावजी अमरावां सूं वा मुसदियां सूं सला' करी। अरु जोधपुर ऊपर फौज लेय पधारणी री ठारी।—द.दा.

३ बुझाना, शीतल करना। उ०—ठहे सांमंद्रां नीर में पूंछ ठारी। मिळै कूदि सांमंद्र सेना मझारी।—सू.प्र.

४ भट्टी जलाना (मांगलिक) उ०—कोकर काट मजूर, ठूंठियां भट्टी ठारै। पांणी-पांणी करै, पुणो पारै उणियारै।—दसदेव

ठारणहार, हारौ (हारी), ठारणियौ—वि०।
ठरवाड़णौ, ठरवाड़बौ, ठरवाणौ, ठरवाबौ, ठरवावणौ, ठरवावबौ, ठराड़णौ, ठराड़बौ, ठराणौ, ठराबौ, ठरावणौ, ठरावबौ—प्रे०रू०।
ठारिश्रोड़ौ, ठारियोड़ौ, ठारचोड़ौ—भू०का०कृ०।
ठारीजणौ, ठारीजबौ—कर्म वा०।
ठरणौ, ठरबौ—अक०रू०।

ठारा—देखो 'ठार' (५) (रू.भे.) उ०—ठारा से रनेए का वरस में जंग जूटा। मांढ़णी खेत फेरचौ कांमखांनी भागि छूटा।—शि.वं.

ठारियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ ठंडा किया हुआ, शीतल किया हुआ. २ निश्चय किया हुआ, तय किया हुआ. ३ बुझाया हुआ. ४ भट्टा जलाया हुआ।
(स्त्री० ठारियोड़ी)

ठारी—सं०स्त्री०—शीत, ठंडक, सर्दी।
क्रि०प्र०—पड़णी, होणी।

ठाळ—सं०स्त्री०—१ खोज, तलाश। उ०—सीहां विपत न संभवै, ठाली जाय न ठाळ। हाथळ सूं पल हेक में, सीहा हुवै सुगाळ।—बां.दा.
२ छलांग।

ठाल—सं०स्त्री०—१ रिक्तता, खालीपन।
क्रि०प्र०—पड़णी, रै'णी।
२ अभाव, कमी।
क्रि०प्र०—पड़णी, रै'णी, होणी।

ठालउ—देखो 'ठालौ' (रू.भे.) उ०—जइ भागउं तौ वाराहउं, जइ थाकउं तो पार करउ घोड़उ, जइ ठालउ तोइ कपूर तणउ दांबडउ।—व.स.

ठाळणौ, ठाळबौ—क्रि०स० [सं० ष्ठल+ण्यत=स्थालना=स्थापना=थापना=ठाळणौ] १ तलाश करना, खोज करना, ढूंढ़ना।
२ चुनना, छांटना (इंगित करना) उ०—रांणी तौ कळिजुग रौ रूप एहा अभिरूप अवनीस रौ तिरस्कार करि सुद्धांत रै आस्रित अनेक जन रहै जिकां में कोई दो ही लोक रौ खोवणहार ठाळियौ।—वं.भा.
३ निश्चित करना, तय करना।
४ देखना। उ०— तावीत हीयरा मांण अदातां जाबते ताळै, नेत्रां ठाळै वारू बार संभाळै निधांन।
—महाराज बळवंतसिंह रतलांम रौ गीत
ठाळणहार, हारौ (हारी), ठाळणियौ—वि०।
ठळवाड़णौ, ठळवाड़बौ, ठळवाणौ, ठळवाबौ, ठळवावणौ, ठळवावबौ, ठळाड़णौ, ठळाड़बौ, ठळाणौ, ठळाबौ, ठळावणौ, ठळावबौ—प्रे०रू०।
ठाळिश्रोड़ौ, ठाळियोड़ौ, ठाळ्योड़ौ—भू०का०कृ०।
ठाळीजणौ, ठाळीजबौ—कर्म वा०।
ठळणौ, ठळबौ—अक०रू०।

ठालप(फ)—सं०स्त्री०—१ बेकार या निकम्मा रहने का भाव।
कहा०—ठालफ सूं वेगार भली—वेकाम बैठे रहने से तो बेगार करना ही अच्छा। मि०—'खाली बैठां विचै वेगार भली।'
२ रिक्तता, अभाव।

ठाळवरौ—वि०—चुनिन्दा। उ०—सीहौ रांणा प्रताप रौ भोपतसीहोत रांणा जगतसिंघ रौ मेलियौ पातसाहजी री हजूर रहतौ। वडो दातार वडो ठाळवरो सिरदार हुवौ। उणरै बेटा केसरीसिंघ।
—बां.दा.ख्यात

ठाळियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ तलाश किया हुआ, खोजा हुआ, ढूंढ़ा हुआ. २ चुना हुआ. ३ निश्चित किया हुआ, तय किया हुआ. ४ देखा हुआ।
(स्त्री० ठाळियोड़ी)

ठाली—स्त्री०वि०—१ खाली, रिक्त। उ०—हाथां ठाली हालणौ, जाभी संपत जोड़। मौत सरीखौ मनख रै, खलक मही नहिं खोड़।
—बां.दा.
२ केवल, सिर्फ। उ०—पाळां पर रोप्या पङ्या, तगरा हिरणां हेत। पांणी लूआं चोसियौ, ठाली आली रेत।—लू
३ गर्भहीन मादा पशु (गाय, भैंस आदि) ४ बेकार, निकम्मा। उ०—कज न होय तउ कुछ करै, चूंप मिटावण चित्त। मह ठाली मूंडै मुदित, नायण पाडा नित्त।—रेवतसिंह भाटी
मुहा०—१ ठाली फिरणौ—बेकार घूमना, भटकना. २ ठाली दौड़णौ—परिश्रम करना किन्तु प्राप्ति कुछ नहीं।
५ निर्जन, एकान्त. ६ निष्फल।
उ०—सीहां विपत न संभवै, ठाली जाय न ठाळ। हाथळ सूं पल हेक में, सीहां हुवै सुगाळ।—बां.दा.

ठालु—देखो 'ठालौ' (रू.भे.) उ०—कुंभसुति ते आचमन कीधूं, कोटि वरस रहु ठालु। अनेकि कुंभि उळचतां, ए घरि नहीं सर चालु।
—नळाख्यांन

ठालूं-भूलौ, ठालू-भूलौ—देखो 'ठालौ-भूलौ' (रू.भे.)

ठालेड़—वि०—१ बेकार, निकम्मा. २ चोर, उच्चका।
सं०स्त्री०—१ वह मादा पशु जिसके पेट में गर्भ न हो।
२ रिक्तता, खालीपन।
क्रि०प्र०—पड़णी, होणी।

ठालौ—वि०पु० (स्त्री० ठाली) १ रिक्त, खाली, रहित।
मुहा०—ठालौ काडणौ—विना कुछ दिये चलता करना।
यौ०—ठालौ-भूलौ।
२ बेरोजगार, निकम्मा, बेकार।
मुहा०—१ ठालौ दौड़णौ—देखो 'ठाली दौड़णौ'.
२ ठालौ फिरणौ—देखो 'ठाली फिरणौ'।
३ निर्जन, एकान्त. ४ केवल, सिर्फ।
सं०पु०—१ सोने या चांदी की बनी देवताओं की मूर्ति. २ एक प्रकार का आभूषण विशेष।
रू०भे०—ठालउ।

ठालो-भूलो-वि०पु०—१ भाग्यहीन, हतभाग्य। उ०—ठाला-भूला ठोठ [illegible] साद्रा। पुरुष गया परवार व्यसन जद लागा [illegible]।—[illegible]

२ निकम्मा, बेकार, भटकने वाला।

मुहा०—ठाला-भूला बैठा बातें, ये बगर ठा'नी वात करै—जब निकम्मे और बखूठे होते हैं तो बिना ठौर-ठिकाने की बातें करने लगते हैं।

रू०भे०—ठालू-भूलो, ठालू-भूलो।

ठावय-सं०पु० [सं० स्थापक] पक्ष को स्थापित करने के लिए (जैन)

ठावणी—देखो 'ठावौ' (रू.भे.) उ०—विचित्रकुंवर री नगारची, गाजदार बैठा ठावणा उवां रा गुण गुण लजाय बैठा।

—पलक दरियाव री वात

ठावण-सं०स्त्री०—ठौर, जगह, स्थान (जैन)

ठावन—देखो 'थापण, थापन' (रू.भे., जैन)

ठावनया, ठावणा—देखो 'थापना' (रू.भे., जैन)

ठावणौ, ठाववौ-क्रि०स० [सं० स्था] १ स्थिर करना, रखना।

उ०—सोरा मेरी बाई ये, पैं'लां थे मेलो पाछो पांव। जांमण की ये जायी, पाछै तो दूसो ये एड़ो ठावसी।—लो.गी.

२ स्थापित करना. ३ बनाना. ४ करना. ५ समझना.

६ सुसज्जित करना, सजाना. ७ शोभायमान करना, शोभित करना. ८ निवास करना। उ०—कोसळ नगरी ए नळ आवीग्रा, उपवन मांही ते ठावीया। तिहां सघळू मेहलिउ मेल्हांण, नळराय नी वरतइ आंण।—नळ-दवदंती रास

ठावणहार, हारौ (हारी), ठावणियौ—वि०।

ठवाड़णौ, ठवाड़वौ, ठवाणौ, ठववावौ, ठववावणौ, ठववाववौ, ठवाणौ, ठवावौ, ठवावणौ, ठवाववौ—प्रे०रू०।

ठाविग्रोड़ौ, ठावियोड़ौ, ठाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ठावीजणौ, ठावीजवौ—कर्म वा०।

ठवणौ, ठववौ—अक०रू०।

ठावियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ स्थिर किया हुआ, रखा हुआ. २ बनाया हुआ. ३ किया हुआ. ४ समझा हुआ. ५ सुसज्जित किया हुआ, सजाया हुआ. ६ शोभायमान किया हुआ, शोभित किया हुआ.

७ निवास किया हुआ. ८ स्थापित किया हुआ.

(स्त्री० ठावियोड़ी)

ठावौ-वि० (स्त्री० ठावी) १ प्रतिष्ठित, माननीय।

उ०—१ पड़दै घालो पातरां, ठावी-ठावी ठोड़। परणी नै नह पेटियौ, देतो बुध गी दौड़।—वां.दा.

उ०—२ टीकम गांव रो खावतो-पीवतो ठावो आदमी गिणीजतो।

—रातवासो

२ विश्वासपात्र, विश्वसनीय। उ०—१ दिलमी आपरै ठावै साथ सूं भीतर जावणो ठहरायो जे जाफर नूं मारां।—नी.प्र.

उ०—२ तद दळकरण ठावा मांणस बुलावणै नूं मेल्हिया सो ऊवै मांणस आय कही—ठाकुर बुलावै छै।—भाटी सुंदरदास बीकूंपुरी री वारता

३ फैला हुआ, व्यापक। उ०—ठावौ सकळ सकळ री ठाकर, तूं चाकर चाकरां तणौ—भगतमाळ

४ प्रसिद्ध, विख्यात। उ०—१ ठणै भद्र मंदां त्रिणां वंस ठावा। छटा फैल हालै किनां सैल छावा।—वं.भा.

५ महान्, बड़ा, जबरदस्त। उ०—१ जुडण जांवू दीपि जावौ, ठीक करिजो कळह ठावौ। आव आवौ आव आवौ, आलमां आवौ।—पी.ग्रं.

६ हाजिर, उपस्थित। उ०—१ मोड़ मुरधर तणौ खळां दळ मोड़तौ, दौड़ पतसाठ सूं करै दावौ, रोड़ रमतां थकां चोड रिम चूरितां, ठौड़ ही ठौड़ राठौड़ ठावौ।—ध.व.ग्रं.

७ योग्य। उ०—अला अहे चंद्रावळी बीज आवौ। अला ठाकुरां मेघड़ी पिरिण ठावौ।—पी.ग्रं.

८ सत्य, पक्का, निश्चित। उ०—म्हे कुंवरजी सूं मिळ बातां करि ठावा समांचार लाया छां, सहनांण लाया छां।

—पलक दरियाव री वात

९ प्रकट, जाहिर। उ०—आगै सहर मैं खाफरो चोर चोरी करतो, चोरी ठावी न हुवती।—राजा भोज अर खाफरे चोर री वात

मुहा०—१ ठावौ करणौ—प्रकट करना, जाहिर करना. २ ठावौ पड़णौ—पता लगना, मालूम होना. ३ ठावौ होणौ—प्रकट होना, जाहिर होना, प्रसिद्ध।

१० मुख्य, खास, अग्रगण्य उ०—१ ठावा उपमांण घटया उण ठौड़। कटया जदु जांणक छप्पन कोड़।—मे.म.

उ०—२ पाछा आया तरै वड वेहड़ां सूं वधाय वधावा, ठावा-ठावा आदमी तिकां रा नांम सूं गावीजण लागा।—बी.स.टी.

११ गंभीर, धैर्यवान. १२ समझदार, बुद्धिमान. १३ सुरक्षित।

रू०भे०—ठाग्रो, ठायो, ठाहो।

यौ०—ठावी-ठौड़।

ठाह-सं०स्त्री०—१ स्थान, जगह। उ०—१ दगौ दियौ कर दोसती, ठग जाहर सब ठाह। वांणण जाया 'बांकला', कहै महाजन काह।

—वां.दा.

२ पता, ठिकाना। उ०—धांम नाथ न गांम धांम, कुछ ठांम न ठाह।—केसोदास गाडण

३ ध्यान, खबर, खोज, ज्ञान। उ०—अंबरि बारह रवि तपइ, दिसा प्रति दि दाह। सीतळ तुझ संभारवउ, अवर न अेकूं ठाह।—मा.कां.प्र.

रू०भे०—ठा'।

ठाहणौ, ठाहवौ—देखो 'ठा'णौ, ठा'वौ' (रू.भे.)

ठाहर-सं०स्त्री० [सं० स्था] १ स्थान, जगह। उ०—मारि खळां 'रिणमाल', एक हुकमह घर आंणी। सीह गाय इक साथ, पियै इक ठाहर पांणी।—सू.प्र.

२ निवास-स्थान, डेरा।

सं०पु०—३ कदम, डग। उ०—डारण नाहर डांण ठवंतो ठाहरां। फुरळतो अरि फौज तसां घिन ताहरां।—किसोरदांन बारहठ

ठाहराणो, ठाहरावो—१ जमाना। उ०—जन हरिदास मनसा बसी, तहां वसे हरि नीर। कनक कटोरे ठाहरे, बाघणि वप का खीर।
—ह.पु.वा.

२ रोकना, ठहराना।

ठाहरियोड़ो—भू०का०कृ०—१ जमाया हुआ. २ रोका हुआ, ठहराया हुआ।

(स्त्री० ठाहरियोड़ी)

ठाहरूपक-सं०पु० [सं० स्था = रूपक] सात मात्राओं का मृदंग का एक ताल।

ठाहियोड़ो—देखो 'ठांयोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठाहियोड़ी)

ठाहोकणो, ठाहोकबो—क्रि०स०—ठोंकना, पीटना, मारना।

उ०—हिवे हूं घरे न हुवो, तम्हरां 'हेमो' महेवे रे किंवाड़ घाव करेसी, प्रोळ आय ठाहोकसी।—नैणसी

ठाहोकियोड़ो—भू०का०कृ०—१ ठोका हुआ, मारा हुआ, पीटा हुआ।

(स्त्री० ठाहोकियोड़ी)

ठाहो—सं०पु०—१ पात्र। उ०—जीव की जड़ी, हीयो को हार, अमी को ठाहो, रूप को अवतार।—दरजी मयाराम री वात

२ देखो 'ठायो' (रू.भे.)

३ देखो 'ठियो' (रू.भे.)

ठिंगणो—देखो 'ठींगणो' (रू.भे.)

(स्त्री० ठिंगणी)

ठिइकम्म-सं०पु० [सं० स्थिति कर्मन्] १ कर्म की स्थिति (जैन)

२ स्थिति कर्म, जन्म संस्कार (जैन)

ठिइकल्लाण-उभ० लि० [सं० स्थिति कल्याण] उत्कृष्ट स्थिति वाला (जैन)

ठिइक्खय-सं०पु० [सं० स्थितिक्षय] आयु का क्षय, मरण (जैन)

ठिइपय-सं०पु० [सं० स्थितिपद] प्रज्ञापन सूत्र के चतुर्थ पद का नाम (जैन)

ठिइबंध-सं०पु० [सं० स्थितिबन्ध] कर्मबन्ध की काल मर्यादा (जैन)

ठिइया-सं०स्त्री० [सं० स्थितिका] स्थिति (जैन)

ठिई-सं०स्त्री [सं० स्थिति] स्थिति (जैन)

ठियो—वि० [सं० स्थितः] १ ठहरा हुआ (जैन)

२ देखो 'ठायो' (रू.भे.)

३ देखो 'ठियो' (रू.भे.)

रू०भे०—ठिय।

ठिकदार—देखो 'ठेकेदार' (रू.भे.)

ठिकरी—देखो 'ठींकरी' (रू.भे.) उ०—जउ पापी गरभइ आवइ, तउ मात खिहाळा खावइ। कइ ठिकरी ना खाइ खंड, कइ खायइ भींत लवंड।—ऐ.जै.का.सं.

ठिकांणो—सं०पु० [सं० स्था] स्थान, जगह। उ०—१ ठहिया भूखण सरब ठिकांणे, अहि कांकळि पुहपां अहिनांणे।—सू.प्र.

उ०—२ सारी धरती प्रदिक्षणा दी। राजा नु सारा ठिकांणा बताया छै।—चौबोली

मुहा०—१ ठिकांणे आणो—उलझन में पड़े हुए का यथार्थता पर आना, वास्तविक बात पर आना।

२ ठिकांणे नी रै'णो—बुद्धि-विक्षिप्ति होना, अस्थिर रहना, अपने स्थान पर न रहना। ३ ठिकांणे पहुँचाणो, ठिकांणे मेलणो—उपयुक्त स्थान पर भेजना।

२ निवास-स्थान, ठहरने की जगह, पता, ठिकाना।

उ०—करिजे तूं कल्याण इसो मन में मति आंणे। ठांम चुकावे ठिवक ठहरसी किसे ठिकांणे।—ध.व.ग्रं.

मुहा०—१ ठिकांणा री वात—समझदारी की बात, पते की बात.

२ ठिकांणे नी रै'णो—स्थान पर नहीं टिकना।

३ ठिकांणे री वात—देखो 'ठिकांणा री वात'।

४ ठिकांणे लागणो—उचित स्थान पर पहुँचना, खर्च हो जाना।

५ ठिकांणे लगाणो—उपयुक्त स्थान पर पहुँचाना, सुरक्षित स्थान पर ले जाना, खर्च कर देना। ६ ठिकांणो जोणो, ठिकांणो ढूंढ़णो—निवास-स्थान की तलाश करना, सम्बन्ध के लिए उपयुक्त लड़का या लड़की ढूंढ़ना। ७ ठिकांणो लागणो—खबर लगना, पता लगना।

३ प्रबंध, इन्तजाम, प्राप्ति का ढंग।

मुहा०—१ ठिकांणे लगाणो—काम धंधे पर लगाना।

२ ठिकांणो करणो—शादी विवाह के लिए सम्बन्ध निश्चित करना।

४ सहारा, आश्रय, अवलंब।

मुहा०—१ ठिकांणे लगाणो—काम धंधे पर लगाना, आश्रय दिलाना।

२ ठिकांणो करणो—प्राप्ति का स्थान तय करना, नौकरी पर लगना, आश्रय लेना. ३ ठिकांणो जोणो, ठिकांणो ढूंढ़णो—आश्रय ढूंढ़ना, नौकरी की तलाश करना।

५ भरोसा, यथार्थता, प्रमाण. ६ जिसकी कोई सीमा ही न हो, पारावार। ज्यूं—इण दरियाव री कांई ठिकांणो कोनी।

७ अंत, हद।

मुहा०—१ ठिकांणे पहुँचाणो, ठिकांणे मेलणो, ठिकांणे लगाणो—काम तमाम कर देना, समाप्त कर देना.

२ ठिकांणे लगणो—मृत्यु को प्राप्त होना, धाम सिधाना।

८ कुल, वंश, घराना।

मुहा०—१ ठिकांणा री टाबर—अच्छे कुल का व्यक्ति, कुलीन

स्त्री० ७ ठिकांणौ गोतणौ, ठिकांणौ ढूंढणौ—लड़के या लड़की के सम्बन्ध के लिए उपयुक्त कुल ढूंढना।
८ ठिकांणौ लजाणौ—कुल को लज्जित करना, मर्यादा छोड़ना।
ठि०—पु० (३)
१ किसी राज्य का वह भू-भाग जो किसी सामन्त या जागीरदार के अधीन हो। उ०—वावड़ी वाळा बाग में बाबलियै वाळो घेरो रे। म्हारे कोटा वाई नै अंगरेज मेलो रे क भावां सांभळजो। हां रे भावां सांभळजो रे ठाकर नै ठिकांणौ छूटे रे क भावां सांभळजो।
—लो.गी.
मुहा०—१ ठाकर सूं ठिकांणौ वाजणौ—यदि जागीरदार समझदार और बुद्धिमान हो तो उसकी जागीर की भी कद्र हो जाती है.
२ ठिकांणै ठाकर पूजीजणौ, ठिकांणै ठाकर वाजणौ—मनुष्य की कद्र उसके स्थान पर ही होती है। जागीर या वैभव के कारण ही व्यक्ति की कद्र होती है. ३ ठिकांणै रौ ठाकर—धन के पीछे अयोग्य की भी कद्र होती है। बहुत बड़ी जागीर का अयोग्य स्वामी भी ठाकुर कहलाता है। सम्पन्न घर का व्यक्ति।
४ ठिकांणौ धवेरणौ—किसी जागीर का बुद्धिमानी से संचालन करना, कोसी अयोग्य व्यक्ति का अपने वैभव को समाप्त कर देना.
५ ठिकांणौ केवटणौ—किसी बुद्धिमान व्यक्ति का अपने वैभव या जागीर का बुद्धिमानी के साथ संचालन करना।
६ ठिकांणौ लजाणौ—जागीर की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाना, जागीर को कलंकित करना, वंश में कलंक लगाना।
रू०भे०—ठकांणौ।

ठिकादार—देखो 'ठेकेदार' (रू.भे.)

ठिकौ—देखो 'ठेकौ' (रू.भे.)

ठिगारौ—देखो 'ठग' (अल्पा., रू.भे.) उ०—कीधा खुवारी ठिकांण-धारी अगिया मुभावां कोते, छंदा दावा केही पंचहजारी छूलूंत। माया अभ्र छाया रूपी ठिगारी जिहांन मोयो बापो छत्रधारी मोयो न जावै बळूंत।—महाराजा बळवंतसिंह रतलांम रो गीत
(स्त्री० ठिगारी)

ठिठकणौ, ठिठकबौ—क्रि०अ० [सं०स्थिति+करण] १ चलते-चलते यकायक ठहर जाना. २ चकित होना, आश्चर्य में पड़ना।
ठठकणौ, ठठकबौ—रू०भे०।

ठिठकारणौ, ठिठकारबौ—क्रि०स०—धिक्कारना, फटकारना।

ठिठकारियोड़ौ—भू०का०कृ०—धिक्कारा हुआ, फटकारा हुआ।
(स्त्री० ठिठकारियोड़ी)

ठिठकियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ यकायक ठहरा हुआ. २ आश्चर्य में पड़ा हुआ।
(स्त्री० ठिठकियोड़ी)

ठिठरणौ, ठिठरबौ—क्रि०अ० [सं० स्थित] अधिक सरदी के कारण ऐंठना या संकुचित होना, ठिठुरना।
ठठरणौ, ठठरबौ, ठाठरणौ, ठाठरबौ, ठिठुरणौ, ठिठुरबौ—रू०भे०।

ठिठरियोड़ौ—भू०का०कृ०—अधिक सरदी के कारण ऐंठा हुआ, संकुचित।
(स्त्री० ठिठरियोड़ी)

ठिठुरणौ, ठिठुरबौ—देखो 'ठिठरणौ, ठिठरबौ' (रू.भे.)

ठिठुरियोड़ौ—देखो 'ठिठरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठिठुरियोड़ी)

ठिठोराई—सं०स्त्री०—१ तंग करने की क्रिया या भाव. २ ढिठाई।
क्रि०प्र०—करणी।

ठिणकणौ, ठिणकबौ, ठिणगणणौ ठिणगणबौ, ठिणगणौ, ठिणगबौ—क्रि०अ० रुदन करना, रोना, बिलखना। उ०—रोवत ठिणगत बायी तुळछां घर नै बी आयी तो बाबोजी गोद बैठायी, हो रांम, भरण गयी जळ जमना को पांणी।—लो.गी.

ठिणकयोड़ौ, ठिणगणियोड़ौ, ठिणगियोड़ौ—भू०का०कृ०—रुदन किया हुआ, रोया हुआ, बिलखा हुआ।
(स्त्री० ठिणकियोड़ी, ठिणगणियोड़ी, ठिणगियोड़ी)

ठिमर—वि०—१ गंभीर, धैर्यवान. २ बुद्धिमान, समझदार।
रू०भे०—ठींमर, ठीमर।

ठिय—देखो 'ठिग्रौ' (रू.भे.)

ठियौ—सं०पु० (बहु व० ठिया) १ उन दो पत्थर खंडों में से एक पत्थर खंड जिन पर शौच जाते समय उकड़ू बैठने पर पैर टिके रहते हैं. २ चूल्हे के ऊपर उठे हुए वे भाग जिन पर भोजन, शाक आदि पकाने का बर्तन रखा जाता है. ३ वस्त्र विशेष (शेखावाटी) ४ स्थान, जगह।
रू०भे०—ठयौ, ठहौ, ठायौ, ठिग्रौ, ठींयौ, ठीयौ, ठीहौ, ठेयौ।

ठिरणौ, ठिरबौ—देखो 'ठरणौ, ठरबौ' (रू.भे.)

ठिरियोड़ौ—देखो 'ठरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० ठिरियोड़ी)

ठिलणौ, ठिलबौ—क्रि०अ०—१ दूर होना, पीछे हटना। उ०—रिदै मांय वेस्या सुतो नांम राखी भिणै रांम सूवा सदा एम भाखी। ठिलै पाप सारा मिळै मोख ठांमू निमो रांम नांमू निमो रांम नांमू।
—भगतमाळ
२ गतिमान होना, चलना।

ठिल-ठिल—वि०यौ० (अनु०) बिलकुल ऊपर तक भरा हुआ, मुँह तक भरा हुआ, लबालब। उ०—भरियो-भरियो सजड़ तळाव, ठिल-ठिल भरगी, अम्मा, सुरता बावड़ी जी।—लो.गी.
रू०भे०—ठिलाठिल।
सं०स्त्री०—हँसने की क्रिया या ध्वनि।

ठिलाठिल—देखो 'ठिलठिल' (रू.भे.)

ठिलियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ पीछे हटा हुआ. २ चला हुआ।
(स्त्री० ठिलियोड़ी)

ठिलौ, ठिल्लौ—देखो 'टिल्लौ' (रू.भे.) उ०—दंत रा ठिला ढाहिक

दुरंग । ऊधरां चाचरां भसम अंग ।—सू.प्र.

ठिवणौ, ठिवबौ–क्रि०अ०—चलना । उ०—रूक-हथ पेखि सौ हाथ जसराज रा । ठिवंतां पाव धीरा दियौ ठाकुरां ।—हा.भा.

ठिवियोड़ौ–भू०का०कृ०—चला हुआ ।
(स्त्री० ठिवियोड़ी)

ठींगणौ–वि०पु० (स्त्री० ठींगणी) दूसरों से अपेक्षाकृत कम ऊँचाई का, जिसका कद साधारण से कम हो, बौना, नाटा ।
रू०भे०—ठिंगणौ ।

ठींगळ, ठींगळियौ, ठींगळौ–सं०पु०—मिट्टी के टूटे हुए बर्तन का छोटा या बड़ा खंड, टूटा हुआ बर्तन (अल्पा.) उ०—१ सीघ्र खंधेड़ौ खोद, पीळती माटी लावौ । गोवर रै गुण घाल, ठींगळे घोळ सिजावौ ।
—दसदेव

उ०—२ पंछी जळ-पय पियै, ठींगळां ठंडौ कोरा । वासै वाड़ी विकै, दूध अर साग सिकोरां ।—दसदेव
रू०भे०—डींगळौ ।
अल्पा०—ठींगळियौ, डींगळियौ ।
मह०—ठींगळ, डींगळ ।

ठींगलौ—देखो 'धींगलौ' (रू.भे.)

ठींगा-ठोळी—देखो 'टींगाटोळी' (रू.भे.) उ०—कम पीछां कायरां ठहै, सट ठींगाठोळी । मैला घटा जवांन तठै जिण सूरां टोळी ।—पा.प्र.

ठींगौ–वि०पु० (स्त्री० ठींगी) १ जबरदस्त, शक्तिशाली । उ०—पद वनराव न पांमियौ, दुरद दिखाळै दांत । सीह थयौ वन साहिबौ, ठींगां री सकरांत ।—बां.दा.
२ धौंस, धमकी, डाट-डपट ।
कहा०—ठाडै कौ ठींगौ सिर पर—सबल की धौंस या डाट-डपट सिर पर अर्थात् शक्तिशाली की धमकी सहनी पड़ती है ।
मि०–'लांठा रौ हुकम माथा माथै ।'

ठींचौ–सं०पु० —मृतक के पीछे बारहवें दिन किया जाने वाला भोज
(शेखावाटी)

ठींडौ–सं०पु० —छेद, छिद्र ।

ठींभर, ठींमर—देखो 'ठिमर' (रू.भे.) उ०—दादौ तौ विछड़ियां मेलइ, दादौ ठींभर दुसमण ठेलइ हो ।—स.कु.

ठींयौ—देखो 'ठियौ' (रू.भे.)

ठी–सं स्त्री०—१ पौत्री. २ धुंध ।
सं०पु०—३ क्षय. ४ कुल. ५ कुटुंब. ६ कुटवाल (एका.)

ठीक–सं०स्त्री० [सं० स्थितक, प्रा० ठिअक्क] १ दृढ़ बात, निश्चय, ठिकाना । उ०—ठीक ठीक इण ठीक री, ठीक ठीक कद ठीक । तूं भूपत पौढ़ी तणा, कळब्रिछ वात किती क ।—रिवदांन महड़ू
यौ०—ठीक-ठाक ।
२ पता, इल्म, खबर, ज्ञान । उ०—आलम रूघौ मारवां, ठीक हुई सब ठौड़ । आलम आयौ साह पै, छोड़ दियौ चीतौड़ ।—रा.रू.
३ पक्का इन्तजाम, स्थिर प्रबंध । ज्यूं—पै'ली पेट पूजा री तौ कीं ठीक करलौ पछै चालण री वात व्हैसी ।
यौ०—ठीक-ठाक ।
वि०—१ प्रामाणिक, सच, यथार्थ. २ जिसमें किसी प्रकार की कमी या कसर न हो, अच्छा, दुरुस्त । ज्यूं—१ दीवाळी माथै म्हारौ मकांन ठीक कराणौ है । २ आ गाडी हमैं कांम को दै नी, ठीक करावौ ।
मुहा०—१ ठीक करणौ—कमी या कसर निकालना, दुरस्त करना.
२ ठीक कराणौ—अड़चन दूर करवाना, कसर निकलवाना.
३ ठीक होणौ—कसर रहित होना, स्वस्थ होना, दुरस्त होना ।
यौ०—ठीक-ठाक ।
३ अच्छा, योग्य, उचित । ज्यूं—औ मिनख इण कांम रै सारू ठीक है ।
मुहा०—ठीक लागणौ—प्रतिष्ठा बढ़ना, भला जान पड़ना ।
४ जो अशुद्ध न हो, सही, शुद्ध । ज्यूं—मुनीमजी अणपढ़ कोनी, वे हिसाब ठीक करियौ ।
५ जो ढीला या तंग न हो, जो अच्छी तरह बैठ जाय या जम जाय । ज्यूं—औ कोट म्हारै डील माथै ठीक बैठ गियौ ।
मुहा०—ठीक बैठणौ—किसी स्थान पर अच्छी तरह जमना या बैठना । अधिक कसा या ढीला न होना । व्यवस्थित होना ।
६ जो प्रकृति से सीधा हो, जो प्रतिकूल आचरण न करे, विनयी, नम्र, सीधा । ज्यूं—घणी वदमासी करी तौ मास्टरजी एक एक नै ठीक कर दैला ।
मुहा०—ठीक करणौ—दंड देना, राह पर लाना ।
७ जिसमें कुछ अन्तर न आवे, जो आकार या परिमाण में बराबर हो, जो निश्चित हो । ज्यूं—सगा सगा मिळ नै बात तै करी कै जांन ठीक मो'रत माथै आवणी चाइजै ।
मुहा०—ठीक उतरणौ—कम ज्यादा नहीं होना, बराबर होना, परिणाम में सही होना ।
८ तय किया हुआ, ठहराया हुआ, निश्चित, पक्का, स्थिर ।
ज्यूं—आपरै वेटा रै व्याव री बात ठीक होगी इणसूं म्हांनै घणी खुसी हुई ।
क्रि०अ०—करणौ, होणौ ।
यौ०—ठीक-ठाक ।
९ बढ़िया, श्रेष्ठ । उ०—आंणी मांणिक मोतीय ठीक, आंणीय वस्त्र पट्टउलडांए । जांणीय मुंहतानंदन एह सेत, सिणगार करावीउ ए ।—विद्याविलास पवाडउ
क्रि०वि०—१ पूर्ण रूप से, निश्चित रूप से । उ०—ठीक ठीक इण ठीक री, ठीक ठीक कद ठीक । तूं भूपत पौढ़ी तणा, कळब्रिछ वात किती क ।—रिवदांन महड़ू
२ उचित ढंग से, उचित रीति से । ज्यूं—औ आदमी ठीक चालणौ नी जांणै ।

मुहा०—ठीक देणौ—उचित रूप से देना, काम ज्यादा नहीं देना, ठीक परिमाण में देना।

ठीक-ठाक-संपु० (बहु०) १ पक्की बात, निश्चय। ज्यूं—पंचां सूं मिळ नै गांव री सफाई री बात ठीक-ठाक करणी।
क्रिप्र०—करणी, होणी।
२ ठौर-ठिकाना, जीविका का प्रबंध, आश्रय। ज्यूं—उणां रै तो नौकरी री ठीक-ठाक व्है गियौ।
क्रिप्र०—करणी, होणी।
३ आयोजन, प्रबंध, इन्तजाम। ज्यूं—टेसण सूं बारै निकळतां ही धरमसाळ में रैवण री ठीक-ठाक व्है गियौ।
क्रिप्र०—करणी, होणी।

ठीकड़ी—१ देखो 'ठीकरी' (रू.भे.) २ घूंघट निकालने वाली अथवा पर्दानशीन औरत के संकेत का शब्द। उ०—वडारण दांतण झारी लेय पाछी आई सो कुंवरजी पौढ़ रहिया छै तद बैठी ठीकड़ी दीवी।
—कुंवरसी सांखला री वारता

ठीकर—देखो 'ठीकरौ' (मह., रू.भे.) उ०—थिरकस होय ठीकरा जोया, थिरकस ठीकर मांई। दे चसमा घट भीतर देख्या, दीस्या अमर गुसांई।—स्री हरिरांमजी महाराज
यौ०—ठालौ-ठीकर।

ठीकरियौ—देखो 'ठीकर' (अल्पा., रू.भे.)

ठीकरी-संस्त्री०—मिट्टी के बरतन का टूटा हुआ भाग, टूटा खण्ड।
उ०—औ म्होकमसिंघ जीकुं हांसी में जहर चाखै छै। औ तो मोटा सिरदार छै। पण ठीकरी घड़ा नुं फोड़ न्हांखै छै।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात
मुहा०—१ ठीकरी जांणणौ—तुच्छ समझना, महत्व नहीं देना।
२ ठीकरी समझणौ—देखो 'ठीकरी जांणणौ'।
रू०भे०—ठिकरी, ठीकड़ी।

ठीकरौ-संपु०—१ मिट्टी के बरतन का टूटा भाग।
उ०—१ ठाकर कूंडा-ठीकरा खरा दीळा राखै। खूंणै में खैंखार पड़्या रै' ढिगला पाखै।—ऊ.का.
उ०—२ चुगली करतां चुगल रा, जग होटड़ा जुड़ंत। मळ नांखण जांणै मिळै, दोय ठीकरा दंत।—बां.दा.
अल्पा०—ठीकरी
२ तुच्छ वस्तु, निकम्मी चीज। उ०—गुण विन ठाकर ठीकरौ, गुण विन मीत गंवार। गुण विन चंदण लाकड़ी, गुण विन नार कुनार।—अज्ञात
३ बर्तन, पात्र (व्यंग्य)
मुहा०—१ ठीकरौ फूटणौ—कलंक प्रकट होना, भेद खुलना.
२ ठीकरौ फोड़णौ—कलंक प्रकट करना, भेद खोलना।
४ पुराना बरतन, टूटा-फूटा बरतन. ५ भीख मांगने का बरतन।
उ०—अंतर की गत किसकूं कहूं, सभी अभेदू सात। कर सिणगार वैराग विभूती, प्रेम ठीकरा हात।—स्री हरिरांमजी महाराज
६ ब्रह्माण्ड (संत वांणी) उ०—थिरकस होय ठीकरा जोया, थिरकस ठीकर मांई। दे चसमा घट भितर देख्या, दीस्या अमर गुसांई।—स्री हरिरांमजी महाराज
७ शरीर (व्यंग्य, साधु)
मि०—भांडौ (२)
रू०भे०—ठीवड़ौ, ठीवरौ।
अल्पा०—ठीकरियौ।
मह०—ठीकर।

ठीकिरी—देखो 'ठीकरी' (रू.भे.) उ०—ठीकिरी कारणि कोइ कांमितु कुंभु कुंतु फोड़इ।—व.स.

ठीठी-संस्त्री०—हँसने की क्रिया या ध्वनि।

ठीडी-वि०—खड़ा। उ०—कांई बांवळ कांव, माळव ठीडी मेड़तै। तिण अहिणै सै आंब, वीरम देय वढ़ाडिया।—ठाकुर जैतसी री वारता

ठीडौ-संपु० [सं० स्था] खबर, पता, ठिकाना (शेखावाटी)।

ठीणणौ, ठीणबौ-क्रिस०—उपालंभ देना, बुरा-भला कहना।
उ०—नरां न ठीणौ नारियां, ईखौ संगत एह। सूरां घर सूरी महल, कायर कायर गेह।—वी.स.

ठीणियोड़ौ—भूकाकृ०—उपालंभ दिया हुआ, बुरा-भला कहा हुआ। (स्त्री० ठीणियोड़ी)

ठीणौ-संपु० [सं० स्तब्ध] सरदी के कारण जमा हुआ (घी)।

ठीवड़ौ, ठीवरौ —देखो 'ठीकरौ' (रू.भे.)

ठीमर—देखो 'ठिमर' (रू.भे.)

ठीयौ, ठीहौ—देखो 'ठियौ' (रू.भे.) उ०—१ भूख लागी छै तीसूं अठै ही रोटी कर खावां, मोकळौ जळ, मोकळा छांणा, चोखा चूल्हा तीन तीन भाटां रा ठीया छै।—साह रांमदत्त री वारता
उ०—२ दही रौ रजबौ दीजै छै। तरगसां मांहां सीकां काढ़जै छै। वेवड़ा ठीहां चाढ़जै छै।—रा.सा.सं.

ठुंडी-संस्त्री०—सांप का मुंह।

ठु-संपु०—१ कदम. २ यमदूत।
संस्त्री०—३ मक्खी. ४ रज. ५ त्वचा (एका.)
वि०—१ रोगी. २ दरिद्री (एका.)

ठुकणौ, ठुकबौ-क्रिअ०—'ठोकणौ' क्रिया का अक० रू०।

ठुकरांणी—देखो 'ठकरांणी' (रू.भे.) उ०—घोड़ा रोवै घास नै, टाबरिया रोवै दांणां नै। बुरजां में ठुकरांण्यां रोवै, जांमण जाया नै क रोळौ वापरियौ। हां रे रोळौ वापरियौ रे, देस में अंगरेज आयौ रे क रोळौ वापरियौ।—लो.गी.

ठुकराणौ, ठुकराबौ-क्रिस०—१ पैर से ठोकर मारना. २ तिरस्कार कर के हटाना।

ठुकरायोड़ौ-भूकाकृ०—१ ठोकर मारा हुआ. २ तिरस्कार किया हुआ।

(स्त्री० ठुकरायोड़ी)

ठुकराळौ—देखो 'ठाकर' (अल्पा., रू.भे.)

ठुणकाणौ, ठुणकावौ—क्रि०स०—उंगली से या किसी वस्तु से हलकी चोट पहुँचाना।

ठुणकायोड़ौ—भू०का०कृ०—हलकी चोट किया हुआ।
(स्त्री० ठुणकायोड़ी)

ठुणकौ—देखो 'ठणकौ' (रू.भे.) उ०—नीची जातां री ठुणकौ पण न्यारौ, ऊंची जातां री उडिग्यौ उणियारौ।—ऊ.का.

ठुण—१ देखो 'ठण' (रू.भे.)
२ बच्चों के ठहर ठहर कर रोने का शब्द।

ठुमक—सं०स्त्री०—उमंग से भरी या ठसक भरी (चाल)। बच्चों की तरह छोटे छोटे कदम भरते हुए और पैर पटकते हुए (चलना)।
उ०—ठुमक ठुमक री चाल।—जयवांणी।

ठुमकणौ, ठुमकवौ—क्रि०अ०—प्रायः बच्चों का जल्दी जल्दी छोटे छोटे कदम रख कर चलना, फुदकते हुए चलना।

ठुमकार—सं०स्त्री०—ठुमक के साथ चलने से उत्पन्न पैरों की ध्वनि।
उ०—लूंवत मांगै वांम चरण ठुमकार हळफतौ। झूंमत जाचै मुख-मदिरा मो बांण कळपतौ।—मेघ.

ठुमराई—सं०स्त्री०—मंद मंद गर्वपूर्ण चाल। उ०—चौमासौ लग आयौ अे घोड़ी, धीमां धीमां चाल वछेरी, ठुमराई सूं चाल।—लो.गी.

ठुमरी—सं०स्त्री०—एक प्रकार का गीत जो केवल एक ही स्थान और एक ही अंतरे में समाप्त होता है।

ठुमरीझंझोटी—सं०स्त्री०—एक राग विशेष (मीरां)

ठुरणौ, ठुरबौ—'ठोरणौ' क्रिया का अक०रू०।

ठुरियौ—सं०पु०—ऊँट की चाल विशेष (शेखावाटी)

ठुळी—सं०स्त्री०—१ वह लाठी जो लंबाई में छोटी हो, डंडा।
उ०—तिकां ऊपर कुत्तां री डोर छूटी छै। वांठ-बोभा कूदै छै। घुचली खाय रह्या छै। ठुळी री, गोफण री, तीरां री चोटां हुय रही छै।—रा.सा.सं.
२ एक प्रकार का कमजोर कांटा।

ठुसकणौ, ठुसकवौ—क्रि०अ०—धीरे-धीरे सांस रोक-रोक कर रोना।

ठुसकियोड़ौ—भू०का०कृ०—रोया हुआ।
(स्त्री० ठुसकियोड़ी)

ठुसकी—सं०स्त्री०—१ धीरे-धीरे सांस रोक-रोक कर रोने से उत्पन्न शब्द. २ धीरे से अपानवायु निकालने की क्रिया जिससे ठुस शब्द उत्पन्न हो।

ठुसणौ, ठुसवौ—क्रि०अ०—१ दवा-दवा कर भरा जाना. २ कठिनाई से घुसना या पैठना।

ठुसियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ दवा-दवा कर भरा हुआ. २ कठिनाई से घुसा हुआ या पैठा हुआ।
(स्त्री० ठुसियोड़ी)

ठुसी—सं०स्त्री०—स्त्रियों के गले में पहनने का एक आभूषण विशेष।
रू०भे०—ठुसी, ठूसी।

ठूंक—सं०स्त्री० [सं० तुंड] चोंच, चंचु। उ०—सु किण भांत री तरवार थेट सिरोही री, सांतरी, दांणादार, मिश्रांन घातियां बिन्रांगुळ वाढ़े भेरिश्रां-मिश्रांन सूं काढ़ि नै घास में नांखी हुअै तौ पांणी रै भोळै जिनावर ठूंक मारै।—रा.सा.सं.
रू०भे०—ठूंग।

ठूंग—सं०स्त्री०—१ शराब के साथ खाया जाने वाला चुर्वन.
२ देखो 'ठूंक' (रू.भे.)

ठूंगार—सं०स्त्री०—१ भंग के नशे की अवस्था में भूख को शान्त करने के लिये खाया जाने वाला स्वादिष्ट पदार्थ. २ छौंक, वघार।

ठूंठ—वि०—१ मूर्ख, गँवार।
मि०—टोळ (१)
२ देखो 'ठूंठौ' (मह., रू.भे.) उ०—१ कोट मांहिला झाड़-झंगी बाळ दिया, तिकै अजेस बळिया ठूंठ दीसै छै।—नैणसी
उ०—२ ऊपर टीड रै चाटचोड़ी ठूंठ व्है जिसी खेजड़ी अर सांमनै बरवाद हुयोड़ौ उणरौ घर।—रातवासौ

ठूंठा—सं०स्त्री०—पँवार वंश की एक शाखा

ठूंठियौ—सं०पु०—१ बैलगाड़ी के पहिये में आरे की भांति लगाया जाने वाला लकड़ी का उपकरण. २ देखो 'टूंटियौ' (रू.भे.)
३ देखो 'ठूंठौ' (अल्पा., रू.भे.)

ठूंठौ—सं०पु०—वह पेड़ जिसकी पत्तियां और डालियां काट डाली गई हों या सूख कर गिर गई हों।
रू०भे०—ठूंढौ।
अल्पा०—ठूंठियौ, ठूंढ़ियौ।
मह०—ठूंठ, ठूंढ।

ठूंढ—देखो 'ठूंठौ' (मह., रू.भे.) उ०—खेजड़लां री छांग, ठूंढ भेळा कर राखै। ठूंढ लगावै ढिग्ग, जिग्ग जाभौ कर नांखै।—दसदेव

ठूंढ़ियौ—देखो 'ठूंठौ' (अल्पा., रू.भे.) उ०—१ पकै ठूंढ़ियां ईंट, चूनौ, सुरखी हुळकी फूल घुट। ठंठेरा लुहारा सारा, लोह चढ़ावै लाल घुट।—दसदेव
उ०—२ कोकर काट मजूर, ठूंढ़ियौ भट्टी ठारै। पांणी पांणी करै, पुणौ पारै उणियारै।—दसदेव

ठूंढौ—देखो 'ठूंठौ' (रू.भे.)

ठूंसणौ, ठूंसवौ—क्रि०स०—१ दवा दवा कर भरना. २ जोर से घुसेड़ना या पैठाना. ३ अपेक्षाकृत अधिक खाना, खूब पेट भर कर खाना, कस कर खाना।
ठूंसणौ, ठूंसबौ, ठोसणौ, ठोसबौ—रू०भे०।

ठूंसियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ दवा दवा कर भरा हुआ. २ जोर से घुसेड़ा हुआ या पैठा हुआ. ३ कस कर खाया हुआ।
(स्त्री० ठूंसियोड़ी)

ठूंसियौ—सं०पुं०—ऊँट का एक खास रोग जिसमें उसको खांसी होती है.

ठू-सं०पु०—१ विष्णु. २ वृक्ष. ३ प्रेम. ४ धैर्य. ५ धर्म.
सं०स्त्री०—६ लक्ष्मी (एका.)

ठूण—देखो 'ठूंठ' (रू.भे.) उ०—सू म्यांन मांहां काढ़ घास में मामरी नो पांणी रे सोकावै जनावर ठूण वाहै।—रा.सा.सं.

ठूमरी—सं०स्त्री०—देखो 'ठुमरी' (रू.भे.)
रू०भे०—ठुमरी।

ठूमरो-सं०पु०—मिश्र और बिलोचिस्तान के बीच की पहाड़ियों के बीच हिंगलाज देवी के मंदिर के आसपास के भू-भाग पर पाया जाने वाला पत्थर का कण जिसकी आकृति गेहूं, जौ और ज्वार के दाने के समान होती है।

वि०वि०—श्रद्धालु भक्त अपने बच्चों को शीतला से बचाने के लिए शीतला निकलने से पहले इनको पानी में डाल कर पिलाते हैं और इनकी माला बना कर पहनाते हैं।

ठूठ-सं०पु०—जड़ों सहित निकाली हुई मोटी लकड़ी। उ०—सूड़ फरंता वाढ़ां मूळ। जड़ियां हेतां ठूंठा ठूठ।—चेत मांनखा

वि०—१ अल्हड़, गंवार, मूर्ख. २ मजबूत।

ठूसणो, ठूसबो—देखो 'ठूंसणो, ठूंसबो' (रू.भे.)

ठूसियोड़ो—देखो 'ठूंसियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० ठूसियोड़ी)

ठूसी—देखो 'ठुसी' (रू.भे.)

ठेंप-सं०पु०—कठोर एवं समतल भूमि।

ठे-सं०पु०—१ वामन. २ शेष. ३ स्थान. ४ मन. ५ संक्षेप।
सं०स्त्री०—६ शिखा (एका.)

ठेक-सं०स्त्री०—१ मजाक, ठठोर, हंसी। उ०—जळ परियो देवै जितो, रयो न धांधळरोह। एक न आप उवारियो, क्यूं पत ठेक करोह।
—पा.प्र.

२ छलांग मारने की क्रिया या छलांग।

ठेकणो-वि० (स्त्री० ठेकणी) छलांग मारने वाला। उ०—पड़ै रूप पेखणा देखणा कठै बीजां पोहां, सोभा चत्रकारियां अलेखणा गुभांत। वागी ताळी छेकणा जे सु फीलां कंगुर वाळी, भागी डाळी ठेकणा लंगूर वाळी भांत।—जवांनजी आढ़ो

ठेकणो, ठेकबो-क्रि०स०—छलांग मारना, कूदना।

ठेकरी—देखो 'ठीकरी' (रू.भे.) (शेखावाटी)

ठेकदार—देखो 'ठेकेदार' (रू.भे.)

ठेकागाड़ी-सं०स्त्री०—एक प्रकार का सरकारी लगान।

ठेकादार—देखो 'ठेकेदार' (रू.भे.)

ठेकाळो-वि० (स्त्री० ठेकाळी) छलांग मारने वाला, कूदने वाला।

ठेकियोड़ो-भू०का०कृ०—छलांग मारा हुआ।
(स्त्री० ठेकियोड़ी)

ठेकी-सं०स्त्री०—छलांग।

ठेकेदार-सं०पु०यो०—१ किसी कार्य को करने का उत्तरदायित्व लेने वाला। उ०—कचेड़ी में दावो पेस हुयो अर न्याव रा ठेकेदारां उण रै नांम कुड़की रो हुकम निकाळ दियो।—रातवासो

२ मकान बनाने, सड़क बनाने या किसी अन्य कार्य को कुछ धन-राशि के बदले में पूरा करने का जिम्मा लेने वाला. ३ किसी आमदनी वाले स्थान के मालिक को निश्चित धन-राशि दे कर मुनाफे की आशा से उस स्थान की आमदनी लेने वाला, इजारेदार।

रू०भे०—ठिकदार, ठिकादार, ठेकदार, ठेकादार।

ठेको-सं०पु०—१ किसी कार्य को करने का उत्तरदायित्व. २ मकान बनाने, सड़क बनाने या किसी अन्य कार्य को कुछ धन-राशि के बदले में पूरा करने का दायित्व, जिम्मा।

क्रि०प्र०—देणो, लेणो।

३ किसी आमदनी देने वाली वस्तु अथवा स्थान के मालिक को समय-समय पर निश्चित धन-राशि दे कर मुनाफे की आशा से उस वस्तु अथवा स्थान की आमदनी लेने अथवा वसूल करने की क्रिया, इजारा।

क्रि०प्र०—देणो, लेणो।

यौ०—ठेकेदार।

४ तबले में बायां. ५ बांयें तबले पर ताल देने की क्रिया।

क्रि०प्र०—करणो, देणो।

६ छलांग।

मुहा०—ठेका देणा—भाग जाना, छोड़ जाना, गायब हो जाना, टल जाना।

रू०भे०—ठिको।

ठेगड़ो-सं०पु०—कुत्ता।

तकलौ, तकवौ—देखो 'ताकळौ' (रू.भे.) उ०—चरखौ तौ लेल्यूं भंवरजी रांगलौ जी, हांजी ढोला पीडौ लाल गुलाल। तकवौ तौ लेल्यूं भंवरजी वीजळसार कौ जी, ओजी म्हारी जोड़ी रा भरतार, पूणी मंगाल्यूं जी क बीकानेर री जी।—लो.गी.
तकसीम—सं०स्त्री० [अ०] वाँटने की क्रिया का भाव, वितरण, वंटाई।
तकसीर-सं०स्त्री० [अ०] १ अपराध, गुनाह, दोष।
उ०—ताहरां राजा पडवौ फेरियौ—जौ चोर म्हारै मुजरै आवै तौ चोरी री तकसीर माफ करूं।—राजाभोज अर खापरै चोर री वात
२ त्रुटि, गलती। उ०—आगै जो वण आगई, करहु माफ तकसीर। समय पाय सीतळ हुवै, नरपति सुणहु समीर।
—ठा० राजसिंह री वारता
रू०भे०—तगसीर, तगसीरी।
तकां—देखो 'तिकां' (रू.भे.) उ०—तकां ले वीयै देर हलौ न कीधौ वजाड़ तासा। उदां रा 'पता' रौ कोट दूसरौ आसेर।—वां.दा.
तकाई-सं०स्त्री०—१ तकने की क्रिया या भाव. २ ताकने के कार्य की मजदूरी।
तकाजौ-सं०पु० [अ० तकाज:] १ अपने अधिकार की वस्तु को मांगने का आग्रह. २ वचन दिए हुए कार्य के लिए आग्रहपूर्वक कहने की क्रिया या भाव। उ०—दो चार बार तकाजौ कियौ अर थोड़ा दिन बाद १०; १५ नोटिस लिख्या उणां भेळी एक नोटिस रणछोडा रै नांम रो ई चेप दियौ।—रातवासौ
क्रि०प्र०—करणौ।
रू०भे०—तकादौ, तगादौ।
तकात-अव्य०—तक, पर्यंत।
तकादौ—देखो 'तकाजौ' (रू.भे.) उ०—तकादौ भांत बताड़ै दांत सै तुड़ावेगौ तूं।—ऊ.का.
तकावी-सं०स्त्री० [अ० तक़ावी] सरकार की ओर से किसानों को कृषि संबंधी उपकरण खरीदने, कुआ खुदवाने तथा बीज, घास आदि के लिए ऋण के रूप में दिया जाने वाला धन जिसकी वसूली प्रायः किस्तों में होती है।
क्रि०प्र०—दैणी, मांगणी, लेणी।
रू०भे०—तकावी।
तकार-सं०पु०—१ छंद शास्त्र का तगण गण का एक नाम (पि.प्र.)
२ त अक्षर।
तकावी—देखो 'तकावी' (रू.भे.)
तकियाकलांम-सं०पु० [अ०] वह व्यर्थ का शब्द जो बात करने के दौरान में आदत के कारण अनेक आवृत्ति के साथ प्रयुक्त होता है। सखुन तकिया। उ०—बीच बीच में बात बात पर ठाकर रौ तकिया-कलांम 'समझ्या कै नी' चालतौ रैवतौ।—रातवासौ
तकियोड़ौ-भू०का०कृ०—तका हुआ, टकटकी लगाया हुआ, निहारा हुआ, देखा हुआ।
(स्त्री० तकियोड़ी)
तकियौ-सं०पु० [फा० तकिय:] कपड़े की वह थैली जिसमें रूई आदि भरते हैं और जिसे लेटने के समय सुविधा के लिए सिर के नीचे रखते हैं, तकिया, उपधान, सिरहाना।
उ०—पडियौ तकियै सूं परा, आडो दियौ प्रजंक। मसलत आया मीरज्यां, अै ऊठिया असंक।—रा.रू.
पर्या०—उठंग, उपधांन, उपवर, उसीर, उसीस, गिंदुक, गिलम।
२ पत्थर की वह पट्टी जो छज्जे, रोक या सहारे के लिए लगाई जाती है. ३ वह स्थान जहां मुसलमान फकीर रहता है.
उ०—आवियौ 'वखत' आखेट अलवर अधिप', जिकण कर हूंत निज कूंत जड़ियौ। घाव छक घूमतौ झूमतौ भूम घट, पीर तकिया निकट कौल पड़ियौ।—बालावक्स बारहठ
४ कब्र पर तकिये के आकार का लगाया जाने वाला पत्थर।
तकौ-सर्व०—वह, उस।

तक्क–सं०स्त्री०—१ तर्क। उ०—गुन तक्क कव्व नाडय पमुह, विज्जा याग पत्तिद्द पर। पत्तिहरवि ग्रावि विहि पयड़ कइ, पुहवि पसंसिजइ सुदरसरि —प्रा.जैं.का.सं.

२ देखो 'तक' (रू.भे.) उ०—दीठां सूं पड़ती दहल, भूप बड़ा भैं-भरग, नर दुसरगो जाबो नहीं, तो काकै री तक्क।—पा.प्र.

तक्कड़-सं०स्त्री०—तकाजा, शीघ्रता, जल्दबाजी।

तक्करणौ, तक्कवौ—देखो 'तकणौ, तकवौ' (रू.भे.)

तक्कर-सं०पु० [सं० तस्कर] चोर (जैन)

तक्कियोड़ौ—देखो 'तकियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० तक्कियोड़ी)

तक्ख—देखो 'तक्षक' (रू.भे.) उ०—रमे पग-छांह मधुकर रिक्ख, तवै पग नाग सरीसा तक्ख।—ह.र.

२ देखो 'तारख' (रू.भे.)

तक्खण, तक्खणि-ग्रव्य० [सं० तत्क्षण] तत्काल, तत्क्षण।

उ०—पसरिउ परिमल मलइवाउ, दसदिसि पूरंतौ। मांणिणि कांमिणि मनह मांहि, तक्खणि चूरंतौ।—प्राचीन फागु संग्रह

रू०भे०—तक्षण, तिखण।

तक्र-सं०पु० [सं०] छाछ, मठा। उ०—प्रति भोजन क्रत पांन प्रफूलैं, तक्र मठा ग्रम्रित सम तूलैं।—सू.प्र.

तक्रमंड-सं०पु०—दही, दधि (ग्र.मा.)

तक्रसार-सं०पु० [सं०] मक्खन, नवनीत।

तक्रि—देखो 'तक्र' (रू.भे.) उ०—दुध जिसरणा किम तक्रि विलीजई।
—व.स.

तक्ष-सं०पु० [सं०] भरत का बड़ा पुत्र, रामचंद्रजी का भतीजा।

रू०भे०—तच्छ।

तक्षक-सं०पु० [सं०] १ ग्राठ नागों में एक जिसने राजा परीक्षित को काटा था. २ सर्प, नाग। उ०—ग्रो हुव वळे तक्षक हुय ग्रावै। पांग हूंत तो जांग न पावै।—सू.प्र.

३ एक ग्रनार्य जाति. ४ विश्वकर्मा, बढ़ई।

वि०—लाल, रक्तवर्ण। (डि.को.)

रू०भे०—तकख, तक्ख, तखिख, तखिक, तखो, तख्यक, ताखो, तगस, तगसि, तगस्सेस, तच्छक।

तक्षण-सं०पु० [सं०] १ बढ़ई का काम, ६४ कलाग्रों में से एक।

२ देखो 'तक्खण' (रू.भे.) उ०—विरचइ विपिनि विचक्षण तक्षण दस वि दसार। नव नव निरमळ भूखण दूखण रहिय स्नंगार।
—नेमिनाथ फागु

तक्षसिला-सं०स्त्री० [सं०] एक प्राचीन नगर जो भरत के पुत्र तक्ष के राज्य की राजधानी था। ग्रभी हाल ही में पंजाब में रावलपिंडी नगर के पास खोद कर इस नगर को निकाला गया है। यह प्रचलित है कि परीक्षित के पुत्र जनमेजय ने सर्प यज्ञ यहीं किया था।

रू०भे०—तखसली, तखिसिला।

तखंग, तखगी-सं०पु० [सं० तक्षक+ग्रंग रा. प्र. ई] १ शेषनाग (डि.को.)

२ तक्षक नाम का सर्प. ३ सर्प।

वि०—तीक्ष्ण, पैना, तेज।

तख-सं०पु०—१ ग्रधिक ग्रफीम खाने वाला, ग्रफीमची. २ मूर्ख।

तखक्र-सं०पु० [सं० तक्षं तनू (कृशी) करणं करोतीतिमल विभुजादिः महीध्रवत्] सुदर्शन चक्र (ग्र.मा.)

तखड़—देखो 'तखड़ौ' (मह., रू.भे.)

तखड़ोतुमड़ीका-सं०स्त्री०—गुजराती नटों की एक शाखा।

तखड़ौ-वि०—शीघ्रता करने वाला, तेज गति वाला।

मह०—तखड़।

तखण, तखणइ-सं०पु०—ग्रांखों का गर्म पानी से सिकताव करने का कार्य (ग्रमरत)

तखत-सं०पु० [फा० तख्त] १ सिंहासन, राजगद्दी। उ०—तखत विराज्या जांन रा, संत विराज्या खाट। केवळ कूबौ यूं कहै, दोनूं में कुण घाट।—कूबौ

मुहा०—१ तखत उलटणौ—राजपाट छीनना, राजा को गद्दी से हटा देना. २ तखत विराजणौ—सिंहासनारूढ़ होना, राज्य को संभालना।

२ चौकी, पाट, तख्त।

रू०भे०—तकत, तखति, तखत्त, तगत।

वि०—चकित, विस्मित, दंग। उ०—खरळां रौ सगळौ लोग देख कर तखत रहि गयौ।—कुंवरसी सांखला री वारता

तखतखी-सं०पु०—इन्द्र (ह.नां.)

तखतताऊस-सं०पु० [फा० तख्त+ग्र० ताऊस] मुगल वंश के बादशाह शाहजहां का राजसिंहासन जो मोर के ग्राकार का था, मयूर सिंहासन।

तखतनसीन-वि०यौ० [फा० तख्तनशीन] राज्यासीन, सिंहासनारूढ़, राजगद्दी प्राप्त।

तखतपोस-सं०पु०यौ० [फा० तख्तपोश] तख्त या चौकी पर बिछाने की चादर।

तखतबंदी-सं०स्त्री०यौ० [फा० तख्तबंदी] १ तख्तों से बनी हुई दीवार.

२ तख्तों से दीवार बनाने की क्रिया।

तखत-रबुल-ग्रालमीन-सं०पु०—मुसलमानों का एक तीर्थ-स्थान।
(बां.दा.ख्यात)

तखति—देखो 'तखत' (रू.भे.)

तखती-सं०स्त्री० [फा० तख्त] १ छोटा तख्ता. २ लकड़ी की चौकी.

३ विद्यार्थियों के लिखने की काठ की पट्टी. ४ कंठ का ग्राभूषण विशेष।

यौ०—तखतियां री कांठली।

तखतियां री कांठली-सं०पु०—स्त्रियों के कंठ का ग्राभूषण।

तखतौ-सं०पु०—१ लकड़ी का पाटा, पटा। लकड़ी का लम्बा-चौड़ा चौकोर टुकड़ा।

मुहा०—तखतौ उलटणौ (पलटणौ)—किसी प्रबन्ध को नष्ट-भ्रष्ट करना।

मि०—जाजम पलटणी।

२ खंड, टुकड़ा। उ०—१ तरै पिउसंधी रीस करि कमची री घोड़ा री कमर मांहै दीधी, तिकौ दोय तखता हुवा।
—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

उ०—२ इतरा में सूअर भूंडण तौ तरवारां सूं मार तखता किया।
—कुंवरसी सांखला री वारता

३ दर्पण, आईना। उ०—केस माथा रा वडारण उरळा करै छै, गूंथण वास्तै। दूजी वडारण रै हाथ में तखतौ छै।—द.दा.

रू०भे०—तगतौ।

तखत्त—देखो 'तखत' (रू.भे.) उ०—रैंणा आया राठवड़, थापै रांण तखत्त। दोळा त्रीस हजार दळ, अकळ 'अजौ' नरपत्त।—रा.रू.

तखफीफ-सं०स्त्री० [अ० तख़्फ़ीफ़] अभाव, कमी, न्यूनता।

तखभख-सं०स्त्री०—सज-धज। उ०—सोर में पण रंजक। तिण भांत रजपूती री तीख रो तखभख। तिण री रजपूती री तीख।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

तखमीनन—क्रि०वि० [अ० तख़मीनन्] अंदाज से, अनुमानतः।

तखमीनौ-सं०पु० [अ० तख़्मीना] अंदाजा, अनुमान।

रू०भे०—तकमीनो।

तखसली—देखो 'तक्षसिला' (रू.भे.)

तखिक—देखो 'तक्षक' (रू.भे.) उ०—भेख तखिक खीजिया भमंगा। दुरत रोस चख भड़ै दमंगा।—सू.प्र.

तखिणा—देखो 'तक्खण' (रू.भे.) उ०—तोय भूप पग धोयत तखिणा, दस दस मोहर समपै दखिणा।—सू.प्र.

तखिसला—देखो 'तक्षसिला' (रू.भे.) उ०—तखिसिला नगरी रिखम समोसरचा रे।—स.कु.

तखौ—देखो 'तक्षक' (रू.भे.) उ०—तखा भुजंग ज्यूं ही झल तेगां।
—सू.प्र.

तख्ख-सं०पु०—शस्त्र का पैनापन, तीखापन। उ०—देवी दधीची रूप तें हाड दीधौ, देवी हाड री तख्ख थैं वज्र कीधौ।—देवि.

तख्यक—देखो 'तक्षक' (रू.भे.)

तगग-सं०स्त्री० (अनु०) ऊंचा जाने की तीव्र गति, तेज गति।

उ०—कर ग्रेहत वाग केकी कला, तगग गई ऊंची तुरंग। हुल जांण व्योम पग हालियौ, समल कना तजियौ चरंग।—पा.प्र.

तगड़-सं०पु०—१ सोने या चांदी का पतला चद्दर।

सं०स्त्री०—२ अधिक चलने से या कार्य करने से होने वाली थकान.

३ तीव्र गति से चलने का भाव।

रू०भे०—तग्गड़।

तगड़णौ, तगड़बौ—क्रि०स०—हांकना, चलाना, दौड़ाना।

तगड़ियोड़ौ—भू०का०कृ—हांका हुआ, चलाया हुआ, दौड़ाया हुआ।
(स्त्री० तगड़ियोड़ी)

तगड़ौ—वि०—१ स्वस्थ, तन्दुरुस्त। उ०—सुक्र निरोगता री रोगियां नै अन्याय रा दुखियां नै पूरण औखध देय तगड़ा करणा।—नी.प्र.

२ हृष्ट-पुष्ट, मोटा-ताजा। उ०—माटी रै खावणं सूं रोग मिट गइयौ, बादसाह तगड़ौ हुवौ।—नी.प्र.

तगण-सं०पु० [सं०] दो गुरु और एक लघु का एक वर्णिक गण। ऽऽ।

तगत—देखो 'तखत' (रू.भे.) उ०—पातर थे भल लाज्यौ जी वना म्हारा, तगतां पर नाच कराय। वनड़ी वडे परवार की जी वना, म्हारा जोड़ी में महल पधार।—लो.गी.

तगतगई—सं०स्त्री०—स्त्रियों के कंठ का आभूषण विशेष

उ०—मांणिक बइठी मुद्रड़ी, करि नव ग्रहुं अनंत। कंठि जनोई तगतगई, ग्रंथि त्रिणि त्रय तंत।—मां.कां.प्र.

तगतगाणौ, तगतगाबौ—देखो 'तिगतिगाणौ, तिगतिगावौ' (रू.भे.)

तगतागु-सं०स्त्री०—सुन्दरता। उ०—रूपिइं कउतिग करति अ, धरति अ रंभ तगतागु। वसंत रितुराय खेलइं, गेलिइं गाती फागु।
—प्राचीन फागु संग्रह

तगतौ—देखो 'तखतौ' (रू.भे.)

तगदमा-सं०पु० [अ० तकद्दुम] अनुमान, अंदाज।

तगदीर—देखो 'तकदीर' (रू.भे.)

कहा०—तगदीर नै थीगलौ नी लागै—भाग्य के कारी नहीं लगाई जा सकती। भाग्यवादी लोग विधि के लेख को अपरिवर्तनशील मानते हैं।

तगमगणौ, तगमगबौ—क्रि०अ०—टिमटिमाना, चमकाना। उ०—एडी पींडी ऊमदा, तक एण तरारां। जांणै करती झूंबकौ, तगमगियौ तारां।
—मयाराम दरजी री वात

तगमगियोड़ौ—भू०का०कृ०—टिमटिमाया हुआ, चमका हुआ।
(स्त्री० तगमगियोड़ी)

तगमौ—देखो 'तुकमौ' (रू.भे.)

तगर-सं०पु० [सं०] १ सुगंधित लकड़ी वाला पेड़ जिसकी लकड़ी औषधि के काम में आती है। यह वृक्ष प्रायः काश्मीर व भूटान में नदियों के तट पर पाया जाता है। उ०—तिल तंदुल नइं ताड खर, तिगडा त्रिपुसी चंग। तिदुरग तंतणि तिम वळी, तगर तणा तिहां तुंग।—मा.कां.प्र.

तगरी—देखो 'तिगरी' (रू.भे.)

तगरौ-सं०पु०—मिट्टी के जल-पात्र के नीचे का अर्द्ध भाग जो जानवरों, पक्षियों आदि को पानी पिलाने के लिए काम में लिया जाता है।

उ०—पाळां पर रोप्या पड़िया, तगरा हिरणां हेत पांणी लूआं चोसियौ, ठाली आली रेत।—लू.

तगस—सं०पु०—१ अग्नि, आग। उ०—ऊपर सत्रां पड़तां इंधण, व्रत रत दरड़ै पुर घणौ। पोरस झाळ काळ पंडवेसां, तगस भटकियौ 'पाल' तणौ।—केसोदास गाडण

२ [सं० तार्क्ष्य] गरुड। उ०—उदैपुर सहर रो सुवप पख उभळै, छळै खग लहर रौ घाव छकरै। कैलपुर तगस रण मंत्र पढ़ कहर रौ, नाग खळ जहर रौ जोर न करै।—साहपुरै राजा अमरसिंघ रौ गीत

३ देखो 'तक्षक' (रू.भे.)

तगमणो, तगमबो-क्रि०प्र०—उड़ना (पक्षी) उ०—पळ भमती राती विच पंनग, तगमंती राता गिर तास ।—द.दा.

तगनि—१ देखो 'तक्षक' (रू.भे.) २ देखो 'तारख' (रू.भे.)

तगमियोड़ो–भू०का०कृ०—उड़ा हुआ ।
(स्त्री० तगमियोड़ी)

तगसीर, तगसीरो—देखो 'तकसीर' (रू.भे.) उ०—१ किव राजा नूं किसन नित, यम अक्खै अरदास । माफ करो तगसीर मो, देख रांम पय दास ।—र.ज.प्र.

उ०—२ कर विचार मन हूं कहूं, बरणण बुद्ध बणाय । तगसीरी छिमजो तका, 'किसन' कहै कविराय ।—र.ज.प्र.

तगस्सेस–देखो 'तक्षक' (रू.भे.) । उ०—तगस्सेस नागां सिरै जांणि तूटो । छछोहो जिसो रांम रो बांण छूटो ।—सू.प्र.

तगागीर–वि०—तकाजा अथवा आग्रह करने वाला, शीघ्रता करने वाला । उ०—काल अदीतवार नै आय'र दांम ले जायीजो । दोनूं तगादगीरां रस्तो नापियो ।—वरसगांठ

तगादो—देखो 'तकाजो' (रू.भे.) उ०—छव महीना वात री वात में बीत गया । रांमसा री सख्त तगादो आवण लागो ।—वरसगांठ

तगारी–सं०स्त्री०—१ चूना, गारा आदि ढोने का लोहे की चद्दर का बना तसला । लोहे के चद्दर की बनी डलिया ।

उ०—आटा री तगारी हाथ में लेवतां ईज वा बोली, 'आटो थोड़ो मई पीस्या करो हाजरजी' ।—रातवासो

तगी–सं०स्त्री०—सण आदि का रेशा ।

तगीर–सं०पु० [अ० तग़य्युर] १ निकलना क्रिया । उ०—गढ़ तोपन नें करि सफा, पुरतें करो तगीर । 'लावं' हिन्दू न रख्ख हूं, तो मैं दब्बल वजीर ।—ला.रा.

२ जब्त । उ०—दगताळो लागो वरस, चाळो सरस गहीर । सोभत हुई सुजांण नू, थई पठांण तगीर ।—रा.रू.

३ परिवर्तन, वदलने की क्रिया । उ०—तरां स्याहजादे उकीलां नै लिख तलास कर इणनूं तगीर करायो ।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

तगीरी–सं०स्त्री०—१ हेर-फेर, परिवर्तन. २ ।

उ०—अहमदपुर इवरांम लिखाई, आजम साह तगीरी पाई ।—रा.रू.

तगो–सं०पु०—१ ब्राह्मण के लिए अपमानसूचक शब्द (व्यंग)

२ सूत का धागा, डोरा (जैन)

तग्ग—देखो 'तागा' (रू.भे.) उ०—निरखी जोया नग्ग, (जि) मोल मुंहगा जांणती । उळझ्यो काचो तग्ग, जांण्यां पाछै जेठवा ।—जेठवा

तग्गड़—देखो 'तगड़' (रू.भे.)

तग्य, तग्यो–वि० [सं० तज्ञ] १ ज्ञानी, तत्त्वज्ञ ।

उ०—१ वातां दिसतारै वणै, सठ आगै सरवग्य । मून ग्रहे छांडे मच्छर, तीखो मिळियां तग्य ।—बां.दा.

उ०—२ अनुलोम प्रतिलोम न कोई, सरवातीत थितोरी । हे सुखरांम नोई निज चेतन, नहिं कोई अग्य तग्यो री ।—स्री सुखरांमजी महाराज

२ दर्शन शास्त्र का ज्ञाता ।

तड़ंग–वि०—१ नंगा, वस्त्रहीन ।

यौ०—नागो-तड़ंग ।

२ लम्बा ।

यौ०—लांबो तड़ंग ।

३ झुंड, टोली । उ०—काछेला गांव उजाड़ कर, गया तड़ंगे दस दिसां । राज तप हीण लारै रह्या, 'आले' 'ऊदळदे' जिसा ।—पा.प्र.

तड़ंदो–सं०पु०—बेंत की चोट, प्रहार की ध्वनि ।

वि०—लम्ब, लम्बायमान ।

रू०भे०—तड़ींदो ।

तड़–सं०पु०—१ प्रातःकाल । उ०—भोरीलो तड़ भेळियो, खोसां कर अत खांति । दुरमत अंध न देखवै, मसतक आई मांत ।
—चिमनजी कवियो

२ वंश, कुल । उ०—अिह रावळ गहलोत भांण तड़ भीम हठी उग्रसेन महाभड़ ।—सू.प्र.

३ देखो 'तड़ो' (मह., रू.भे.)

४ बांस । उ०—खगां जीतणां घाव मैं, दाव खेल्है मलंगै तड़ां माकड़ां पीठ मेल्है ।—वं.भा.

५ वंश या कुल की शाखा । उ०—'अजो'बाल अवसता लेख दइवै गढ़ लीधो । घर छळ भड़ धूहड़ां कटक तड़ तड़ मिळ कीधो ।—सू.प्र.

६ सेना, फौज । उ०—तड़ लाग गयो संग माग तणै, सुध हीण अकब्बर राग सुणै । खड़ खेंग विकोस कमंध खड़ा, तिण ताळ भई दुघड़ा त्रिगड़ा ।—रा.रू.

७ दल, पार्टी ।

(अनु०) ८ आवाज, ध्वनि । उ०—१ वसुधा काळी री ताळी तड़ वागी, भिड़ियां सोनां री चिड़ियां पड भागी ।—ऊ.का.

उ०—२ ऊभो ऊंठ मींगणा करै, तड़ तड़ वाजै ताली ।—अज्ञात

उ०—३ रह्या न कोई राज, जुलम कियां सूं जगत में । तड़ तड़ तूटा ताज, चोखा-चोखा चकरिया ।—मोहनलाल साह

वि०—समान, तुल्य । उ०—रूपमल घोड़ असवार 'उम्मेद' हर, अरां नी जोड़ वागां अताळी । न दीठी अवर घड़मोड़ भड़ निरख्यां, असी तड़ जोड़ भड़ भिड़ज वाळी ।—चांवंडदांन महड़

तड़क–सं०स्त्री०—१ चमक, दमक ।

यौ०—तड़क-भड़क ।

२ फटने तथा विदीर्ण होने की क्रिया या भाव ('तड़' शब्द की ध्वनि के साथ) ३ दरार. ४ तालाव, सरोवर । उ०—मदतळ झांणां मसत, झरै झरणां गिर नीझर । अनचारा तजि अरध, पियै तड़कां नीरोवर ।—सू.प्र.

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी । उ०—नागजी, तड़क तड़क मत तोड़ रै वैरी, कतवारी रै तार जिउं, ओ नागजी ।—नागजी री वात

तड़कउ–सं०पु०—सूर्य की किरणों की तेजी, धूप की प्रखरता ।

उ०—वैसाख वारु मास, नहीं ताढ़ि तड़कउ तास। उंचि चढ़िग्रावास, वइसयइ केहनइं पास।—स.कु.

२ देखो 'तड़को' (रू.भे.)

तड़कण—वि०—१ फटने वाला, तड़कने वाला. २ चटकने वाला, दरार पड़ने वाला. ३ कुपित होने वाला, क्रोधित होने वाला।

तड़कणौ, तड़कबौ—क्रि०अ०—१ 'तड़' शब्द की ध्वनि के साथ फटना, फूटना या तड़कना। उ०—१ छपर पुरांणा पिया पड़ गया रे, कोई तड़कण लागा रे बांस।—लो.गी.

उ०—२ माता रै देवरै चुड़लो तड़क्यौ ए माय।—लो.गी.

२ क्रोध करना, कुपित होना। उ०—तौ थे तौ इयां नै तड़कतीं-ई रैवौ हौ। कदेई मिठास सूं कनै बेठाय'र सीख देवौ तौ कोनी।
—वरसगांठ

३ चमकना। उ०—तड़ातड़ी तोव करि गयण तड़कै तड़ित, महा झड़ झड़ि करि झूंझ भंग्यौ।—लो.गी.

४ देखो 'तरक्कणौ, तरक्कबौ' (रू.भे.)

तड़कणहार, हारौ (हारी), तड़कणियौ—वि०।

तड़काड़णौ, तड़काड़बौ, तड़काणौ, तड़काबौ, तड़कावणौ, तड़कावबौ
—प्रे०रू०।

तड़किग्रोड़ौ, तड़कियोड़ौ, तड़क्योड़ौ—भू०का०कृ०।

तड़कीजणौ, तड़कीजबौ—भाव वा०।

तरक्कणौ, तरक्कबौ, तिड़कणौ, तिड़कबौ—रू०भे०।

तड़क-भड़क—सं०स्त्री०यौ०—चमक-दमक।

तड़कली—सं०स्त्री०—स्त्रियों का एक कर्ण-ग्राभूषण।

तड़कलौ—देखो 'तड़कौ' (ग्रल्पा. रू.भे.) उ०—१ मत दौ म्हारी बाई नै गाळ, म्हारी वाई परदेसणजी परदेसण। ग्रा ग्राज उडै परभात, तड़कलै उड ज्यासी जी उड ज्यासी।—लो.गी.

उ०—२ दैव ग्रटारू ग्रह्म प्रति, लिखि चुरासी मांहि। टळवळतां नितु तड़कलइ, क्षिणूं एक दाखी छांहि।—मा.कां.प्र.

तड़काऊ—देखो 'तड़कौ' (रू.भे.)

तड़कियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ फटा हुग्रा, चटका हुग्रा, २ क्रोध किया हुग्रा. ३ चमका हुग्रा. ४ देखो 'तरक्कियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० तड़कियोड़ी)

तड़की—देखो 'तिड़की' (रू.भे.)

तड़कै—क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी। उ०—परिग्रह रे वस मांनवी ए, तिणां ऊपर लो तेह के। बाहला सज्जन भणी एं तड़कै तोड़ै नेह के।—जयवांणी

तड़कौ, तड़क्कौ—सं०पु०—१ प्रातःकाल, सवेरा। उ०—१ ग्राधी रात पहर कौ तड़कौ, सासू हेलौ मारियौ। भंवरजी लाजां मरगी ग्रो, मेरा तनकमिजाजी, सरमां मर गई ग्रो।—लो.गी.

उ०—२ तड़कै ग्रावेगी बरात, जेठ घोड़ै, सुसरौ पालकी, देवर चरवाजीदार।—लो.गी.

२ धूप, गरमी। उ०—वील रूंख तळि वैसि, टाळणौ मांड्यौ तड़कौ। तरु हुंती फळ तूटि, पड़्यौ सिर मांहै फड़कौ।—ध.व.ग्रं.

३ ग्रगले दिन का प्रात:।

तड़च्छ, तड़छ—सं०स्त्री०—१ तड़फड़ाहट, छटपटाहट।

उ०—गजां तूटै ग्रसुंडां गै ढाल फूटै सोर गंजां। जुटै भड़ां हजारां तड़च्छां खावै जोह।—सूरजमल मीसण

२ देखो 'तड़ाछ' (रू.भे.) उ०—तुटै माथा, खाय तड़छ फुटै कै फीफर, पड़ घावां रावत पड़ै होय घावां हैवर।—सगतीदांन खिड़ियौ

तड़छणौ, तड़छबौ—क्रि०ग्र०—१ तड़फना, छटपटाना, पीड़ा से व्याकुल होना। उ०—तड़छै मछी जिम तरह, पांणी पांणी ग्रोछा पर। जिण वेळा पाछा हुवै, कै काचा कायर।—सगतीदांन खिड़ियौ

२ मूर्च्छित होना।

क्रि०स०—३ संहार करना, काटना। उ०—तप 'मोहण' जै छक-'पूर' तणौ। तड़छै रवदां खगि 'सूर' तणौ।—सू.प्र.

तड़छणहार, हारौ (हारी), तड़छणियौ—वि०।

तड़छाड़णौ, तड़छाड़बौ तड़छाणौ, तड़छाबौ, तड़छावणौ, तड़छावबौ,
—प्रे०रू०।

तड़छ्योड़ौ—भू०का०कृ०।

तड़छीजणौ, तड़छीजबौ—भाव वा०।

तड़च्छणौ, तड़च्छबौ, —रू०भे०।

तड़छाणौ, तड़छाबौ—१ किसी को तड़फड़ाना, छटपटाना.

२ मूर्च्छित करना. ३ काटना, संहार करना।

तड़छायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ किसी को तड़फाया हुग्रा. २ मूर्च्छित किया हुग्रा. ३ काटा हुग्रा।

(स्त्री० तड़फायोड़ी)

तड़छियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ छटपटाया हुग्रा. २ मूर्च्छित हुवा हुग्रा. ३ संहार किया हुग्रा, काटा हुग्रा।

(स्त्री० तड़छियोड़ी)

तड़ण—वि०—'तड़' शब्द की ध्वनि के साथ फटने वाला या फूटने वाला, चटकने वाला, दरार पड़ने वाला।

सं०स्त्री०—दरार।

तड़णौ, तड़बौ—क्रि०ग्र०—१ 'तड़' शब्द की ध्वनि के साथ फटना, फूटना ग्रथवा चटकना। दरार पड़ना. २ क्रोध करना, कुपित होना.

३ पशु का पतला मल करना।

तड़णहार, हारौ (हारी), तड़णियौ—वि०।

तड़ाड़णौ, तड़ाड़बौ, तड़ाणौ, तड़ाबौ, तड़ावणौ, तड़ावबौ—प्रे०रू०।

तड़िग्रोड़ौ, तड़ियोड़ौ, तड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।

तड़ीजणौ, तड़ीजबौ—भाव वा०।

तड़कणौ, तड़कबौ, तिड़कणौ, तिड़कबौ, तिड़णौ, तिड़बौ—रू०भे०।

तड़त—सं०स्त्री० [सं० तड़िता] बिजली, दामिनी, विद्युत।

उ०—छकि हीरां मदन छकि, वण बुध सदन विसेख। चंद वदन मुळ-

चमक दमक, रदन तड़त की रेन ।—बगसीरांम प्रोहित री वात

रू०भे०—तड़ता, तड़ित, तड़िता, तड़िताळ, तड़िति ।

तड़तड़णो, तड़तड़बो–क्रि०अ०—१ कष्ट पाना, व्याकुल होना. २ किसी तरल पदार्थ घी, तेल आदि का उबाल पर आना ।

तड़तड़तो–वि०—अति उष्ण, उष्ण । उ०—तड़तड़ते नांख्या तावड़े, गुड़्या घांन जिवार । तड़फड़ नड जीव ते मूआ, दया न रही लगार । —स.कु.

तड़तड़ाणो, तड़तड़ाबो–क्रि०स०अ०—१ किसी को कष्ट देना. २ तरल पदार्थ को उबलने की अवस्था पर लाना । गर्म करना. ३ तड़तड़ शब्द करना ।

तड़तड़ायोड़ो–भू०का०कृ०—१ किसी को कष्ट दिया हुआ. २ (तरल पदार्थ को) उबाला हुआ, गर्म किया हुआ. ३ तड़तड़ शब्द किया हुआ ।

(स्त्री० तड़तड़ायोड़ी)

तड़तड़ियोड़ो–भू०का०कृ०—१ कष्ट पाया हुआ, व्याकुल हुवा हुआ. २ (किसी तरल पदार्थ घी, तेल आदि का) उबाल पर आया हुआ।

(स्त्री० तड़तड़ियोड़ी)

तड़ता—देखो 'तड़त' (रू.भे.) उ०—घणस्यांम सरूप अनूप घणो रे, तड़ता पळको पट पीत तणो रे ।—र.ज.प्र.

तड़तूंबो—देखो 'तसतूंबो' (रू.भे.) (अल्पा.)

तड़दादो–सं०पु०—प्रपितामह का पिता या वंश का पूर्वज ।

तड़प–सं०स्त्री०—१ तड़पने की क्रिया या भाव. २ यत्न, प्रयत्न ।

तड़पड़ा'ट–सं०स्त्री०—तड़पड़ाहट, छटपटाहट, व्याकुलता, अधीरता ।

रू०भे०—तड़फड़ा'ट ।

तड़पणो, तड़पबो—क्रि०अ०—देखो 'तड़फणो, तड़फबो' (रू.भे.)

उ०—ढोलो नदियां रो नीर । मरवण जळ मांयली माछली, रे लाल । सूकण लागो है नीर, तड़पण लागी है माछळी रे लाल ।—लो.गी.

तड़पफड़—देखो 'तड़फड़' (रू.भे.) उ०—वडपफर टूक हुए गज बाज। तड़पफड़ मच्छ जिहीं सिरताज ।—र. वचनिका

तड़पाणो, तड़पाबो —देखो 'तड़फावणो, तड़फावबो' (रू.भे.)

तड़पायोड़ो—देखो 'तड़फायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० तड़पायोड़ी)

तड़पियोड़ो—देखो 'तड़फियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० तड़फियोड़ी)

तड़पीलो–वि०—१ फुर्तीला, उतावला. २ प्रभाव रखने वाला, मेहनती ।

तड़प्फणो, तड़प्फबो—देखो 'तडफणो, तड़फबो' (रू.भे.)

उ०—पड़े पक्खराळा, तड़प्फे रताळा । जळां तोछ जेहा अोपे मच्छ एहा ।—सू.प्र.

तड़फ—देखो 'तड़प' (रू.भे.)

तड़फड़–सं०स्त्री०—तड़फड़ाहट, छटपटाहट । उ०—तड़फड़ सायक अातम भाड़, वड़वड़ काळज घाव बराड़ ।—गो.रू.

रू०भे०—तड़पफड़, तड़प्फड़ ।

तड़फड़णो, तड़फड़बो—देखो 'तड़फणो, तड़फबो' (रू.भे.)

उ०—पनंगेस पड़े कंध कोम पर, घोम अारावां धहहड़े । तड़फड़े पड़े मछ नीर तिम, पड़े दमंग गोळा पड़े ।—सू.प्र.

तड़फड़ा'ट—देखो 'तड़पड़ा'ट' (रू.भे.)

तड़फड़ियोड़ो—देखो 'तड़फियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० तड़फियोड़ी)

तड़फणो तड़फबो–क्रि०अ०—१ तड़फना, छटपटाना, व्याकुल होना. २ खूब प्रयत्न करना । उ०—अकबर तड़फे आप, फते करण च्यारूं तरफ । पण रांणो प्रताप, हाथ न चढ़े हमीर हर । —दुरसो आढ़ो

तड़फणहार, हारो (हारी), तड़फणियो—वि० ।

तड़फाड़णो, तड़फाड़बो, तड़फाणो, तड़फाबो, तड़फावणो, तड़फावबो—क्रि०स० ।

तड़फिओड़ो, तड़फियोड़ो, तड़पयोड़ो—भू०का०कृ० ।

तड़फीजणो, तड़फीजबो—भाव वा० ।

तड़पणो, तड़पबो, तड़प्फणो, तड़प्फबो, तड़फड़णो, तड़फड़बो— रू०भे० ।

तड़फाणो, तड़फाबो–क्रि०स०—तड़फने के लिए बाध्य करना, सताना ।

तड़पाणो, तड़पाबो—रू०भे० ।

तड़फायोड़ो–भू०का०कृ०—छटपटाया हुआ, तड़फाया हुआ ।

(स्त्री० तड़फायोड़ी)

तड़फियोड़ो–भू०का०कृ०—तड़फा हुआ ।

(स्त्री० तड़फियोड़ी)

तड़प्फड़—देखो 'तड़फड़' (रू.भे.)

तड़बंदी–सं०स्त्री०यौ०—१ स्वजाति या वंश का विभाजन, जाति का शाखाओं में विभक्त होने का भाव. २ दलबंदी ।

तड़बड़णो, तड़बड़बो–क्रि०अ०—प्यास के मारे व्याकुल होना, तृषातुर होना. २ भोजन का अधिक समय तक रहने से विकृत होना ।

तड़भड़णो, तड़भड़बो —रू०भे० ।

तड़बड़ियोड़ो–भू०का०कृ०—१ प्यास के मारे व्याकुल हुवा हुआ, तृषातुर हुवा हुआ. २ (भोजन का अधिक समय तक पड़ा रहने से) विकृत हुवा हुआ ।

(स्त्री० तड़बड़ियोड़ी)

तड़बो–सं०पु०—१ इन्द्रायन का फल. २ पकाया हुआ तरल खाद्य पदार्थ जो पड़ा रहने से विकृत हो जाता है ।

तड़भड़–सं०स्त्री०—शीघ्रता, ताकीद । उ०—हुवा नगारां सद हुए तड़भड़ नर इंदां । 'अभो' हुवो असवार हुवो जैकार कविंदां ।—रा.रू.

क्रि०वि०—शीघ्रता से, जल्दी से । उ०—तड़भड़ घड़ आयड़ गैतूळां, भड़फड़ ग्रीध उरड़ रंभ भूलां ।—सू.प्र.

रू०भे०—तड़भड़ि, तड़भड़ी।

तड़भड़णो, तड़भड़बो–क्रि०अ०—१ मारा-मारा फिरना, भटकना, ठोकरें खाना। उ०—आडा खाडां में भोडक अड़वड़ता, संतां आस्रम में जिम तूंबा तड़भड़ता।—ऊ.का.

२ देखो 'तड़वड़णौ, तड़वड़बौ' (रू.भे.)

तड़भड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०— १ मारा-मारा फिरा हुआ, भटका हुआ.

२ देखो 'तड़वड़ियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० तड़भड़ियोड़ी)

तड़भड़ि, तड़भड़ी—देखो 'तड़भड़' (रू.भे.) उ०—तुरत उठया तड़भड़ि करी, सुणि के साहि वचनो रे। मीर मुगळ मसती हुआ, सलह पहरी यवनो रे।—प.च.चौ.

तड़वड़–वि०—सदृश, समान, बराबर।

तड़ाक–सं०स्त्री०—तड़ाके का शब्द, किसी वस्तु के टूटने की ध्वनि।

उ०—इतरै तो बंगळा रै मांयनै सूं जोर सूं हाकौ हुवौ—चोर-चोर! वो भाग्यौ जितरै तौ किणीई उणनै लारां सूं काठौ पकड़ लियौ अर तड़ाक करती एक लकड़ी माथा पर पड़ी।—रातवासौ

मुहा०—तूं-तड़ाक होणी—तू-तू मैं-मैं होना, ओछेपन पर आना।

क्रि०वि०—शीघ्र, तुरन्त, चटपट।

यौ०—तड़ाक-पड़ाक, चटपट।

तड़ाकौ–सं०पु० (अनु०) १ जोर से होने वाली 'तड़' शब्द की ध्वनि।

२ चोट, प्रहार, वार।

तड़ाखड़ी–सं०स्त्री०—खलबली। उ०—तण अजमाल हूंत डरपंती, पतसाहां त्रिय चीत पड़ी। बुगचा आळमाळ कर बैठी, खड़े पाय हुय तड़ाखड़ी।—राजा अभयसिंह रौ गीत

तड़ाग–सं०पु० [सं० तडाग] तालाब, सरोवर। उ०—१ रोज सिकारां हेलणौ, देखे बाग तड़ाग। हूंकळ दळ गज हैवरां, अमरख नरां अथाग।—रा.रू.

उ०—२ तर धर सूका नदी तड़ागा, लाज धरम विद्या मग लागा।
—ऊ.का.

तड़ाछ–सं०स्त्री०—मूर्च्छा, बेहोशी। उ०—म्हे रावळा हुकम का आधीन रहसां, किसतूरी खवासण पनां सूं मिळायो जठै देखतांई तड़ाछ खाय इसड़ो पड़ियौ जांणै सीतंग रौ झोलो आयो।

क्रि०प्र०—खाणी। —पनां वीरमदे री वात

रू०भे०—तड़च्छ, तड़छ।

तड़ातड़–क्रि०वि० —१ लगातार, निरन्तर।

सं०स्त्री०—२ तड़-तड़ शब्द की ध्वनि।

तड़ातड़ि, तड़ातड़ी–सं०स्त्री० (अनु०) ध्वनि, आवाज।

उ०—१ भड़ाभड़ि भड़ाभड़ि नाळ छूटं भली, कड़ाकड़ि कूट वाजै कुठारां। तड़ातड़ि-तड़ातड़ि सबद गढ़ ठावतां, वड़ावड़ि बांण लागै उठारां।—प.च.चौ.

उ०—२ तड़ातड़ी तोव करि गयण तड़के तड़ित, महा झड़ा झड़ि करि झूंझ झंम्यो।—लो.गी.

क्रि०वि०—निरन्तर, लगातार।

तड़ाळ–सं०स्त्री० [सं० तड़िता] बिजली, विद्युत (डि.को.)

तड़ि—देखो 'तड़ी' (रू.भे.) उ०—तरु ताळपत्र ऊंचा तड़ि तरळा, सरळा पसरंता सरगि। बैठै पाटि वसंत बंधिया, जगहथ किरि ऊपरी जगि।—वेलि.

तड़िछ—देखो 'तड़ाछ' (रू.भे.)

तड़ित—देखो 'तड़त' (रू.भे.) उ०—बपु स्यांम सुंदर मेघ रुचि फबि तड़ित पीत पटंबरं।—र.ज.प्र.

तड़ितदेह–सं०पु० [सं० तड़िद्देह] ४९ क्षेत्रपालों में से ३२ वां क्षेत्रपाल।

तड़ितवांन–सं०पु०यौ० [सं०] बादल, मेघ (अ.मा.)

रू०भे०—तड़ेतवांन।

तड़िता, तड़िताळ, तड़िति—देखो 'तड़त' (रू.भे.)

उ०—१ तन स्यांम अंबुद रूप तड़िता, वसन पीत विचार।
—र.ज.प्र.

उ०—२ जिण सक्ति परखि लजि तड़िति जात, व्रित गवन पवन मन ज्यौं विख्यात।—रा.रू.

तड़ियळ, तड़ियाळ–सं०स्त्री०—बिजली। उ०—१ कळह लंक कुर खेत पछै कर, दोमझि धिन 'गोपाळ' दुआढ़। मद झर सिर कर मांडे मारी, 'जसा' रा तड़ियळ जम दाढ़।
—राज बहादुर गोपाळदास चूंडावत रौ गीत

उ०—२ गजर झाट घड़ियाल त्रिजड़ तड़ियाल तूटि झल। पड़ै ढोल पुड़ियाळ वरंग गुड़ियाळ चहुंवळ।—पनां वीरमदे री वात

तड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ दरार पड़ा हुआ, फटा हुआ, चटका हुआ.

२ पतला मल किया हुआ (पशु)

(स्त्री० तड़ियोड़ी)

तड़ियौ–सं०पु०—१ एक ही बैल अथवा एक ही ऊंट से खींचे जाने वाले हल की दो हरिसाओं में से एक।

वि०वि०—ये दोनों बैल या ऊँट के आजू-बाजू में रहती हैं।

२ देखो 'तड़ौ' (अल्पा., रू.भे.)

तड़िल्लता–सं०स्त्री० [सं० तड़िता] बिजली, चपला।

तड़ी–सं०स्त्री०—१ वृक्ष की पतली टहनी।

क्रि०प्र०—देणी, बताणी, मारणी, लगाणी।

२ हंसिये को लम्बे बांस के सिरे पर लगा कर बनाया जाने वाला एक उपकरण जिससे भूमि पर खड़े-खड़े ही पशुओं को चरने के लिए वृक्ष की टहनियां काटी जाती हैं।

मि०—अंकुड़ो।

३ डंडा। उ०—कोमळ अंग न सहतौ कळियौं, ताती झळियां सहै तप। घडी घड़ी कर तड़ी ओवियौ, बड़ी-बड़ी वाळियौ वप।
—प्रथ्वीराज राठौड़

रू०भे०—तड़ि।

तड़ीक–सं०स्त्री० [सं० तड़िता] १ बिजली।

सं०पु०—२ ऊंट के वक्षस्थल का स्थान विशेष जहां का चमड़ा कठोर एवं खुरदुरा होता है ।

तड़ींदो—देखो 'तड़ंदो' (रू.भे.)

तड़ेतवांन—देखो 'तड़ितवांन' (रू.भे.)

तड़ेवड़-वि०—समान, सदृश, मिलता-जुलता ।

क्रि०वि०—करीब, लगभग ।

रू०भे०—तड़ोवड़, तड़ोवड़ौ, तड़ोवड़, तड़ोवड़ि, तड़ोवड़ौ ।

तड़ेल-सं०पु० [सं० तट+रा०प्र० एल] योद्धा ।

तड़ोवड़, तड़ोवड़ौ, तड़ोवड़, तड़ोवड़ि, तड़ोवड़ी-सं०स्त्री०—१ समानता, बराबरी । उ०—पद्मनाभ पंडित भगाइ, जिह तूठइ जगदीस । तास तड़ोवड़ि हुइ किसी, अंगि म आंणउ रीस ।—कां.दे.प्र.

२ देखो 'तड़वड़' (रू.भे.)

तड़ोवड़ियौ-वि०—बराबरी वाला, तुल्य, समान ।

तड़ौ-सं०पु०—१ हंसिये को लम्बे बांस के सिरे पर लगा कर वृक्ष की टहनियों को काटने के लिए बनाया जाने वाला औजार. २ डंडा । उ०—सौ मुंह मुंडी कर बैठियौ लोग नूं तड़ौ मार मांगस मेल्है सो मांगस तो आवता आवै ।—भाटी सुंदरदास वीकूंपुरी री वारता

अल्पा०—तड़ियौ, तड़ौ ।

मह०—तड़ ।

तचणौ, तचबौ-क्रि०अ०—१ कष्ट सहना, संतप्त होना । उ०—तिहारे द्वारे पे पल पल पुकारे तन तचें । विना तेरी घेरी मूरत मति मेरी नहि बचें ।—ऊ.का.

२ गर्म या तप्त होना ।

तचा-सं०स्त्री० [सं० त्वचा] चमड़ी, त्वचा (जैन)

तचाणौ, तचाबौ-क्रि०स०—१ तपाना, गर्म करना. २ दुर्बल करना ।

तचायोड़ो-भू०का०कृ०—१ तपाया हुआ. २ दुर्बल किया हुआ । (स्त्री० तचायोड़ी)

तचियोड़ो-भू०का०कृ०—१ क्षीण या कृश हुवा हुआ. २ तपा हुआ. ३ कष्ट सहा हुआ, संतप्त हुवा हुआ । (स्त्री० तचियोड़ी)

तचोळ-सं०स्त्री०—कंपायमान होने की क्रिया या भाव ।

तच्च-वि० [सं० तथ्य] १ सचाई, यथार्थता, सत्य (जैन)

२ देखो 'तचा' (रू.भे.)

तच्छ—देखो 'तक्ष' (रू.भे.) उ०—धरा सुघाट घाट के कपाट छत्ति के घरें । घन प्रतच्छ तच्छ के प्रदच्छ स्वच्छ के घरें ।—ऊ.का.

तच्छक-सं०पु०—देखो 'तक्षक' (रू.भे.)

तच्छणि-सं०स्त्री०—लकड़ी छीलने का बढ़ई का एक उपकरण, बसूला ।

तच्छन, तच्छिन-क्रि०वि० [सं० तत्क्षण] तत्काल, उसी समय ।

तच्छणौ, तच्छबौ-क्रि०स०—संहार करना, काटना । उ०—तच्छै खळ 'पेम' खगा झट तांम । रचै जुध एम समोभ्रम रांम ।—सू.प्र.

तच्छणहार, हारौ (हारी), तच्छणियौ—वि० ।

तछाड़णौ, तछाड़बौ, तछाणौ, तछाबौ, तछावणौ, तछावबौ—प्रे०रू० ।

तछिओड़ो, तछियोड़ो, तछ्योड़ो—भू०का०कृ० ।

तछीजणौ, तछीजबौ—कर्म वा० ।

तछियोड़ो-भू०का०कृ०—संहार किया हुआ, काटा हुआ । (स्त्री० तछियोड़ी)

तछेक-क्रि०वि०—शीघ्र, तेज । उ०—नळवर हुतां पोह समा, करहो खड़ै तछेक । हलकारां कर आविया, कुंवरजी एका एक ।—ढो.मा.

तज-सं०पु०—१ एक वृक्ष की छाल विशेष जो औषधि में काम ली जाती है ।—अमरत । २ एक वृक्ष विशेष ।

तजड़-सं०पु०—[सं० तृणता, भिन्नता] १ धनुष. २ देखो 'त्रिजड़' (रू.भे.)

तजणौ, तजबौ-क्रि०स० [सं० त्यज्] १ त्यागना, छोड़ना । उ०—गुण सूं तजै न गांस, नीच हुवै डर सूं नरम । मेळ लहै खर मांस, राख पड़ै जद राजिया ।—किरपाराम खिड़ियौ

२ कृश होना, क्षीण होना ।

तजणहार, हारौ (हारी), तजणियौ—वि० ।

तजाड़णौ, तजाड़बौ, तजाणौ, तजाबौ, तजावणौ, तजावबौ—प्रे०रू० ।

तजिओड़ो, तजियोड़ो, तज्योड़ो—भू०का०कृ० ।

तजीजणौ, तजीजबौ—कर्म वा० ।

तज्जणौ, तज्जबौ—रू०भे० ।

तजवीज-सं०स्त्री० [अ० तजवीज़] १ निर्णय, फैसला । उ०—और साथ नै तौ आप आप रा डेरां नै सीख दीनी । और खिलवति का लोगां नै साथ लेवा की तजवीज कीनी ।

—पनां वीरमदे री वात

क्रि०प्र०—करणी, होणी ।

२ प्रबन्ध, बन्दोबस्त, इंतजाम । उ०—इण तजवीज चढ़ौ असवारी, घर बुगलांण धसे छत्रधारी ।—सू.प्र.

क्रि०प्र०—करणी, बैठाणी ।

मुहा०—तजवीज बैठाणी—इंतजाम करना ।

३ उपाय, युक्ति । उ०—हूज किसी रीत धाड़ौ कीजे, इस तजवीजां कंवर वीरमदे गैला का साथ्यां सूं बतळावै छै ।

—पनां वीरमदे री वात

रू०भे०—तजवीज ।

तजवीर-स०पु० [अ० तज्रिब] अनुभव ? उ०—जैसा था भरोसा तैसा तुमने जवाब दिया । जंग का तजवीर ऐ भी मनजूर किया ।—सू.प्र.

तजरबौ-सं०पु० [अ० तर्जब:] अनुभव, ज्ञान ।

क्रि०प्र०—करणौ, होणौ ।

यौ०—तजरबाकार ।

तजवीज—देखो 'तजवीज' (रू.भे.)

तजियोड़ो-भू०का०कृ०—१ त्यागा हुआ, छोड़ा हुआ. २ कृश ।

(स्त्री० तजियोड़ी)

तजोरी—देखो 'तिजोरी' (रू.भे.)

तज्जणा—सं०स्त्री० [सं० तर्जन] तिरस्कार, भर्त्सना (जैन)

तज्जणौ, तज्जबौ—देखो 'तजणौ, तजबौ' (रू.भे.)

उ०—नारद जुध निरखता तिकौ पिण हांसी तज्जै। भयण अंभ भोजन भूख जीमियां न भज्जै।—चोथ वीठू

तज्जियोड़ौ—देखो 'तजियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० तज्जियोड़ी)

तट—सं०पु० [सं०] १ किनारा, कूल, तीर। उ०—ज्यां थारै तट जाय, उदर भर पीधौ उदक। मिनख जिकै फिर माय, आया नह जननी उदर।—बां.दा.

२ सीमा, हद। उ०—हूं करत कूक हजार, पड़ि ठौड़ ठौड़ पुकार। दळ दक्ल ऊजड़ि देस, चढ़ि तटां लोक चलेस।—सू.प्र.

३ महादेव (अ.मा.)

क्रि०वि०—१ पास, निकट, समीप।

उ०—कट तट ओप निखंग कोट छिब कांम की। रूप अनूप सचूप यसी दुति रांम की।—र.ज.प्र.

२ नीचे।

रू०भे०—तट्ट, तड।

तटक—सं०स्त्री०—ध्वनि विशेष। उ०—तत नक ताथेइ ताथेइ तटक दे तोड़त तांन।—ध.व.ग्रं.

क्रि०वि०—तत्क्षण, तुरन्त।

तटणी—सं०स्त्री० [सं० तटिनी] नदी। उ०—नथ हुंत तीर निकाळतां, सदीव पीव सचेत। तटणि-तीर किम छिप तकौ, विग्रह सुण वांणेत।

—रेवतसिंह भाटी

रू०भे०—तटणी, तटिनी।

तटकणौ, तटकबौ—देखो 'तटक्कणौ, तटक्कबौ' (रू.भे.)

तटकियोड़ौ—देखो 'तटक्कियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० तटकियोड़ी)

तटक्कणौ, तटक्कबौ—क्रि०अ०—तटकना, टूटना। उ०—अंत नाड़ि तटक्य प्रांण सटक्कय छोड घटक्कय सीर टरौ।—करुणा सागर

तटक्कियोड़ौ—भू०का०कृ०—तड़का हुआ, टूटा हुआ।

(स्त्री० तटक्कियोड़ी)

तटनी—देखो 'तटणी' (रू.भे.) उ०—उर बीचि उरोज स्वयंभु लसै, तटनी तट मांनहु कोक वसै।—ला.रा.

तटस्थ—वि० [स०] १ किनारे पर रहने वाला. २ किसी के पक्ष में नहीं रहने वाला।

तटा—सं०पु० [सं० तट] १ किनारा, कूल।

सं०स्त्री०— २ नदी, सरिता।

क्रि०वि०—१ पास, समीप. २ ऊपर। उ०—अरि गज घटा पीठि पछटै इम, जळ सिल तटा रजक दुपटा जिम।—सू.प्र.

तटाक—सं०पु० [सं० तडाग] १ तालाब, सरोवर, जलाशय।

उ०—तूटा वह जळ सर नदि तटाक, हूकळ असि कळळ नकीब हाक।—सू.प्र.

सं०स्त्री० (अनु०) २ (फलादि के गिरने से होने वाली) ध्वनि विशेष।

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी।

तटारी, तटी—सं०स्त्री० [सं० तट] किनारा, कूल।

उ०—१ उतमंग खड़ाऊ उमग अगाऊ दरसण दाऊ पाव पिलै। भादव घण भारी फैल अफारी महण तटारी जांण मिलै।—र.रू.

उ०—२ नक्र तीह निवांण निबळ दाय नावै, सदा वसै तटि जिके समंद। मनवीजै ठाकुरै न मांनै, रावळ ओळगियै राजिंद।

—ईसरदास बारहठ

तटिनी—देखो 'तटणी' (रू.भे.)

तटी—सं०स्त्री० [सं० तटिनी] १ नदी, सरिता. २ घाटी, तराई।

तटे, तटै—देखो 'तठै' (रू.भे.) उ०—पीछै खंडेलै सूं रिड़मल निरवांण साथ कर कोस दो सांमां आया। तठै वेढ़ हुई।—द.दा.

तट्ट—देखो 'तट' (रू.भे.) उ०—तैसी झिलै झिलम मुख तट्टै, पूरण ससि कर ग्रहण प्रगट्टै।—रा.रू.

तठा—सर्व० [सं० तत्] उस। उ०—रांणी बळी तठा पछै विजैदत्त रै उण डावड़ा री औलाद हुई।—नैणसी

क्रि०वि० [सं० तत्र] १ वहां। उ०—हे पती, म्हनै आप लाया तद आगै आप नै लारै हूं ही पण आज आपरी जीव सूं ही प्यारी आपरी धण आप जूझ नै कांम आया तौ अबै छेलै पयांणै आगै हूं नै लारै आप। प्रयोजन सत करण नै वहीर हुई तठा री वात छै।—वी.स.टी.

२ तब। उ०—बोड़ां री ठिकांणौ घणा दिनां रौ थौ सु संमत १६६६ राव महेसदास दळपतोत नूं जाळोर हुई. वरस ४ महेसदास जीवियौ, तठा ता औ बोड़ा कल्यांणदास नारणदासोत नूं सैंणौ।—नैणसी

तठी—क्रि०वि०—१ उस तरफ, उधर. २ वहां।

उ०—दिखण डभोळ थी सूरत खुसकी रै राह कोस १३० तठी सिवा दिखणी रौ चाकर नैमूजी जादोराय तीन हजार असवार पांच हजार पाळा लै साथै नै संवत १७२० रा माह वद ५ सूरत मारी।

—बां.दा.ख्यात

तठे, तठै—क्रि०वि०—वहां। उ०—परमेसर तणी वडाई पेखौ, जळ सूं बारै काढ़ जठै। मेह करम पैठायौ मैंगळ, तिण भेळी खळ गयौ तठै।

—भगतमाळ

रू०भे०—तटे, तटै।

तड—देखो 'तट' (रू.भे.) उ०—नदी दो तड पाडती, कचवर उपाडती, रूंख उन्मूळती, कुंभिणि घातती।—व.स.

तडकस—वि०—तंग, कसा, दृढ़। उ०—चंदवदनी ते सिवि सहि लालइ, रमइ रंग रसि अबळा बाळि। तडकस कंचू उर वरि हार, रेणि रंगि रीझवइ भरतार।—प्राचीन फागु-संग्रह

तटरकणौ, तटरकबौ—देखो 'तड़कणौ, तड़कबौ' (रू.भे.)
उ०—उरनि कंचुइ तडफकइ, लहकइ नवसरहार, कणकवन्न करि चूडइ, रणइ लग झलकार ।—प्राचीन फागु-संग्रह

तटकियोड़ौ—देखो 'तड़कियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तटकियोड़ी)

तटफड़णौ, तटफड़बौ—देखो 'तड़फणौ, तड़फबौ' (रू.भे.)
उ०—धाराम धटहड़इ, गोलट गड़हड़इं, पंखि तडफड़इं, वडां मांणस घटवड़इ ।—व.स.

तटरकौ—सं०पु०—जल्दबाजी, शीघ्रता ।

तटळ—सं०स्त्री०—अग्निकण । उ०—हुतासण तटळ सम्रां सिलह फौज होय, टाम 'पातल' जिसा किया रिण ढेर । मुवा नह सोहड़ चांपा तणा एक अमर, उदैपुर जोदपुर कहै आंबेर ।—धनजी भींवजी री गीत

तटूकं, तटूकौ—सं०पु० [सं० ताटंक ?] स्त्री के कान का आभूषण ।
उ०—सोवन तटूकां सोहि कांनि, एकि गोरी एक भीनइ वांनि ।
—प्राचीन फागु-संग्रह

तटौ—देखो 'टट्टौ' (रू.भे.)

तणंक, तणंकौ—सं०पु०—तार वाद्यों के तार की झनझनाहट, ध्वनि विशेष । उ०—अरथ जिकां दी आपणी, हरख गरीबां हत्थ । गवरीजे जस गीतड़ा, तांत तणंकां सत्थ ।—बां.दा.
२ देखो 'तणकौ' (रू.भे.)

तण—सं०पु० [सं० तनय] १ पुत्र, लड़का । उ०—हरनाथ भांण तण मांण हद्द । बळवंत जोध खाटण बिरद्द ।—रा.रू.
[सं० तनु] २ काया, शरीर । उ०—तसु रंग वास तसु वास रंग तण, कर पल्लव कोमळ कुसुम । वणि वणि माळिणि केसरि वीणति, भूली नख प्रतिबिंब भ्रम ।—वेलि.
वि०—तीन । उ०—मांन अर्न रहमांण वेहु एकण दन वदळीया । साजंतां सुरतांण तौ पण लागी पोहर तण ।—किसनौ आढौ
सर्व०—उस । उ०—जण तण आगळ जोय, पड़ियां काज न पालटै । लागै सैणा लोय, मिसरी सरखौ मोतिया ।—रायसिंघ सांदू
प्रत्य०—सम्बन्ध या षष्ठी विभक्ति का चिन्ह का, की, के ।
उ०—तियां कुणि भांजिसी भुवण अंधियार तण । भर्म नर संजोगी विजोगी इणि भुवण ।—हा.झा.
क्रि०वि०—१ लिए, इसलिए । २ देखो 'तिणकौ' (मह.,रू.भे.)

तणइ—प्रत्य०—षष्ठी विभक्ति का चिन्ह, के । उ०—जउ तूं साहिब नावियउ, सांवण पहली तीज । बीजळ-तणइ झबूकड़इ, मूंध मरेसी खीज ।—ढो.मा.

तणउ—प्रत्य०—षष्ठी विभक्ति का चिन्ह, का । उ०—सुगि ढोला, करहउ कहइ, मामि तणउ मो काज । सरही-पेट न लेटियइ, मूंध न मेळूं आज ।—ढो.मा.

तणकणौ, तणकबौ—क्रि०अ०—१ तनना, खिंचाव में आना ।
२ तार वाद्यों के तारों का झनझनाना ।

तणकार—सं०स्त्री० (अनु०) १ तार-वाद्यों के तार की झनझनाहट, ध्वनि विशेष. २ तनना क्रिया का भाव, तनाव ।
३ देखो 'तणकारौ' (अल्पा., रू.भे.)

तणकारी—देखो 'तणकारौ' (अल्पा., रू.भे.)

तणकारौ—सं०पु०—१ खींचने या तानने की क्रिया या भाव. २ झटका देकर खींचने की क्रिया. ३ तार वाद्यों की ध्वनि । उ०—भूपत भणकाराह, जसरा जिके न जो लिया । तां-तां तणकाराह, गाणै वयूं गरबीजिया ।—बां.दा.
रू०भे०—तणकार, तणकारी ।

तण-कासप—सं०पु० [सं० तनयकश्यप] सूर्य (डि.को.)

तणकौ—वि०—१ तना हुआ, खिंचा हुआ ।
रू०भे०—तणंक, तणंकौ ।
२ देखो 'तिणकौ' (रू.भे.)

तणक्कणौ, तणक्कबौ—देखो 'तणकणौ, तणकबौ' (रू.भे.)
उ०—तंत तणक्कइ पिउ पियइ, करहउ ऊगाळेह । भल वउळावौ दीहड़ा, दई वळावण देह ।—ढो.मा.

तणखा—देखो 'तनखा' (रू.भे.) उ०—तणखा-रा रुपिया मिळता हा ७०) अर देणा हा दूणा रै नैंड़ा ।—वरसगांठ

तणच, तणच्छ, तणछ—सं०स्त्री०—१ एक वृक्ष विशेष जिसकी लकड़ी बड़ी नरम और लचीली होती है । उ०—ताळ तमाळिय तणच्छ घण, तिहां तुळसी नइ ताड । तज तंदिल नइं तिलवडी, ताळीसांनां झाड ।—मा.कां.प्र.
२ इस वृक्ष की लकड़ी जिससे धनुष तथा चारपाई की पाटी आदि बनाई जाती है. ३ धनुष की प्रत्यंचा. ४ छटपटाने की क्रिया ।
उ०—आछटै तणछ पग हाथ आल, खळकै रंगाळ रुधर खाळ ।
—पा.प्र.

तणणौ, तणबौ—क्रि०अ०—१ चित्रित होना, खिचना । उ०—इंद्र धनुस तणियौ अजब, चातुक धुन मन चाव । बीज न मावै बादळां, रसिया तीज रमाव ।—बां.दा.
२ अकड़ना, ऐंठना. ३ गर्व करना, शेखी बघारना. ४ फैलना, विस्तार में होना. ५ बलपूर्वक बढ़ना, प्रवृत्त होना । उ०—पाउस री कादंबिनी रै अनुकार आपरी अनीक तणियौ ।—वं.भा.
६ खिचाव में आना. ७ जोश में आना, युद्धार्थ तत्पर होना ।
उ०—महण बन दहण 'केसर' गहण मंडियौ, तेण खग वहण घण सघण तणियौ ।—किसोरदांन बारहठ

तणणहार, हारौ (हारी), तणणियौ—वि० ।
तणवाड़णौ, तणवाड़बौ, तणवाणौ, तणवावौ, तणवावणौ, तणवावबौ, तणाड़णौ, तणाड़बौ, तणाणौ, तणावौ, तणावणौ, तणावबौ—
प्रे०रू० ।

तणिओड़ौ, तणियोड़ौ, तण्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

तणीजणौ, तणीजवौ—भाव वा० ।

तांणणौ, तांणवौ—सक०रू० ।

तणतणाणौ, तणतणाबौ–क्रि०अ०—१ तनना, तनाव में आना. २ क्रोध करना, कुपित होना ।

तणतणायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ तना हुआ, खिचा हुआ. २ क्रोध किया हुआ ।

(स्त्री० तणतणायोड़ी)

तणय–सं०पु० [सं० तनय] पुत्र, लड़का ।

प्रत्य०—के । उ०—रांमायण भारथ तणय रंग, जांणियौ अभायण विकट जंग ।—वि.सं.

तणया—देखो 'तनया' (रू.भे.) उ०—द्रूपद तणी तणया रे, पांच पांडव नी नारि रे । समयसुंदर कहइ द्रूपदी रे, पहुंती भव तणइ पारि रे ।—स.कु.

तणस–सं०स्त्री०—वृक्ष विशेष । उ०—गली गोवल तणस त्रंवठ, करंज नइ कैळास । बिदांम वंणकउ सेलपी, फिर सांगरि पळास ।
—रुकमणी मंगळ

तणहस्तक–सं०पु० [सं० तृणहस्तक] घास का पुआल (जैन)

तणाव–सं०पु०—१ मादा ऊंट के ऋतुमती होने का भाव. २ मनमुटाव, वैमनस्य । उ०—सो रांम री मांणस आयौ उण वखत में दोय गुरजबरदारां आय तणावा सुणाय मांणस अरज कर भीतर लेय गया ।—महाराजा जयसिंह आंमेर रै धणी री वात

३ चित्रित होने का भाव । उ०—कागल्या नांखती दीठी जोईजै, घटा री वणाव, इसी ही तिण में इंद्र धनुस री तणाव ।—र. हमीर

४ शिविर, तम्बू आदि को तनाव में रखने के लिए कीलों में बांधी जाने वाली रस्सी । उ०—१ बाजी सांवळिया रा चरण डेरां रा तणावां उळभिया जांणि कुमार दूदा री चाबक वहियौ ।—वं.भा.

उ०—२ जय जरी सिमांनां खंभ जड़ाव, ते रूप मेख रेसम तणाव ।
—सू.प्र.

उ०—३ वेध धरती तणै खगाटां वाजियां, ऊभै राठौड़ छत्रधर अरोड़ा । तणावां चंदोळी तणी तोड़ीजतां, घातिया हरौळां बीच घोड़ा ।—पहाड़ खां आढौ

५ तनाव, खिंचाव ।

रू०भे० तांणाव ।

तणियर–सं०पु० [सं० त्रिनयन:] महादेव, शिव । उ०—तूं सुरतांण ऊथपण 'सांगा', समहर भोम अवीहण सार । त्रिपुर आगळी नमियौ तणियर, तणियर त्रिपुर पछाड़ी तार ।—महारांणा सांगा री गीत

तणियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ तनाव में आया हुआ, खिचा हुआ, तना हुआ. २ अकड़ा हुआ, ऐंठा हुआ. ३ गर्व किया हुआ, शेखी बघारा हुआ. ४ विस्तृत हुवा हुआ, फैला हुआ. ५ बलपूर्वक बढ़ा हुआ. ६ चित्रित हुवा हुआ ।

(स्त्री० तणियोड़ी)

तणीं, तणी–सं०स्त्री०—१ विवाह, भवन प्रवेश, पुत्र जन्मोत्सव आदि मांगलिक अवसर पर घर में आंगन के ऊपर बांधी जाने वाली मूंज की बनी रस्सी जो चारों कोनों में आमने-सामने कोनों से एक दूसरे को केन्द्र में स्पर्श करती हुई बांधी जाती है । उ०—कह्यौ महाराज ! तणी आडी दिरायीजै, ताहरां कह्यौ वाह वाह तणी बंधायीजै । तरै तणी बंधायी, डूम गावण लागा ।—प्रतापमल देवड़ा री वात

२ घर में वस्त्र आदि रखने, सुखाने व लटकाने के लिए बांधी जाने वाली रस्सी, अरगनी । उ०—तणियां छींकौ बोदौ रे ।—जयवांणी

[सं० तनया] ३ पुत्री, लड़की ।

४ तराजू के पलड़ों को डंडी से लटकाये रखने के लिए बांधी जाने वाली रस्सी । उ०—दगौ पालड़ा डांडियां, तोलां मझ तणियांह । गुरु सूं ही गुदरै नहीं, वणिक वैत वणियांह ।—बां.दा.

५ डोरी की तरह बटा हुआ वह कपड़ा जो अंगरखी आदि में उसका पल्ला बांधने के लिए लगाया जाता है ।

६ देखो 'तिरणी' (रू.भे.)

प्रत्य०—षष्ठी विभक्ति का चिन्ह, की । उ०—भलभली भेट भूपां तणी भोगवै ।—ध.व.ग्रं.

तणीबंध–सं०पु०—विवाह, पाणिग्रहण संस्कार ।

तणु–प्रत्य०—षष्ठी विभक्ति का चिन्ह, का । उ०—रुकमइयौ पेखि तपत आरणि रणि, पेखि रुखमणी जळ प्रसन्न । तणु लोहार वांम कर निय तणु, माहव किउ सांडसी मन ।—वेलि.

सं०पु० [सं० तनय] १ पुत्र. [सं० तनु] २ तन, शरीर ।

उ०—प्रतिहार प्रताप करै सी पाळै. दंपति ऊपरि दसै दिसि । अरक अगनि मिसि धूप आरती नियं तणु वारै अहोनिसि ।—वेलि.

रू०भे०—तणूं, तणू ।

तणे, तणै–प्रत्य०—षष्ठी विभक्ति का चिन्ह, के । उ०—१ तू ऊपर दोयण तणै, दया करे दुरवोध ।—बां.दा.

उ०—२ उठै तीन लोकां तणै दंड आवै, नरां हैमरा गैमरां पार नावै ।—सू.प्र.

क्रि०वि०—पास, समीप, निकट । उ०—खळकै नाडा नाडियां, छिल छिल नदियां जाय । ढळकै आंसू ढाळियां, पीव तणै मन जाय ।
—ओळू

तणुयरी–वि० [सं० तनुतरी] बहुत पतली (जैन)

तणुया–सं०स्त्री० [सं० तनुजा] १ सर्प की कांचली (जैन)

२ पुत्री, बेटी (जैन)

तणुवाय–सं०स्त्री०—स्वर्ग के तल की वायु (जैन)

तणू—देखो 'तणु' (रू.भे.) उ०—रावळियां रांमत समै, मावड़ियौ लौ मांग । तौ रतनां-पातर तणूं, सखरौ लावै सांग ।—बां.दा.

तणौ–प्रत्य०—षष्ठी विभक्ति का चिन्ह, का । उ०—परतख ही दीसै रै प्रांणी, पिरभू भजन तणौ परताप ।—र.रू.

सं०पु० [सं० तनय] १ पुत्र, लड़का । उ०—किसन तणौ सांम्हौ क्रमै, बढ़तौ वांकिम वींद । नींदवतौ नवतै नरां, अणभंग रहै अनींद ।
—हा.झा.

२ पेट की आंत ।

मुहा०—तना अडीजणा—पेट की आंतों में विकार होना ।

३ छाती की हड्डी के ऊपर और पसलियों के नीचे का पेट का मांसी भाग. ४ ताकत, सहारा, दम । मुहा—टूटो तनो पड़ियो ।

रू०भे०—तागि ।

तत-सं०पु०—तत्त्व । उ०—निरगुन तत में परम तत, पांच तत ते और । कहीं कहा नहिं कहा, जहां तहां सब ठौर ।—ह.पु.

ततंग-वि०—नि[illegible], नग्न ।

तत-सर्व० [सं० तद्] वह, उस । उ०—हीर पनांवाळा हरण, पंपाळा तड़ पत । तै तर पाळा सौ तिरा, तुरमां माळा तत ।

—जुगतीदांन देथौ

क्रि०वि० [सं० तत्र] १ वहां, तहां । उ०—या बात समज में कही मत । तातें मत जाजो कोइ तत ।—रांमदांन लाळस

२ देखो 'तत्त्व' (रू.भे.) उ०—१ नहीं तहां थें सब किया, आपै आप उपाइ । निज तत न्यारा ना किया, दूजा आवै जाइ ।

—दादू वांणी

उ०—२ नूर तेज का मेळा कीजै, तत में तत बीलासा । कहण सुणण में आवै नाहीं, सहज्यां हुवा हुलासा ।

—स्री हरीरांमजी महाराज

उ०—३ ग्यांन गमंद गुण गाढ ग्यार मुगिती हू चेडै । ग्यांन तत गुण गाढ मात गरभां फळ भेडै ।—पी.ग्रं.

उ०—४ माया कया मिळै नहि माया, यूं वाचक तत कूं नहि पाया । दरद मिटै नहिं कोई ।—स्री सुखरांमजी महाराज

ततकार-सं०पु० (अनु०) नृत्य का बोल ।

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी । उ०—सुत भ्रात लियां परवार संग । सेद निप चढ़ै ततकार रंग ।—पा.प्र.

ततकारणी, ततकारबौ-क्रि०स०अ०—१ तेज गति से चलने के लिए बैलों आदि को उकसाना । उ०—गोरी पणियारां 'तेजो' तन गाजै सारै धोरी रै जोगियारी लाजै । फेरै खाथा नैं गाळी फटकारै, तोरै जातां नैं हाळी ततकारै ।—ऊ.का.

२ तेज गति से चलना, तेज गति से भागना, जाना या दौड़ना, भागना ।

ततकारियोड़ी-भू०का०कृ०—१ तेज गति से चलाया हुआ. २ तीव्र गति से चला हुआ ।

(स्त्री० ततकारियोड़ी)

ततकाळ, ततकाळिं, ततकाळी, ततकाळौ—देखो 'तत्काळ' (रू.भे.)

उ०—१ मिरजै खबर निबाब नूं, पहुंचाई ततकाळ ।—रा.रू.

उ०—२ नलनीं वाडी मांहीं विसाळ, विहिटु वृक्ष दीठौ ततकाळि ।

—नळाख्यांन

उ०—३ नवलो कोई कुमर निहाळी, तुम परणावां ततकाळी हरो लाल ।—ध.व.ग्रं.

उ०—४ हंढ़ण कुमर हनू अमड, प्रतिबूधउ ततकाळौ जी । नेमि समीपि संजम लीयउ, जिन आग्या प्रतिपाळौ जी ।—स.कु.

ततखण, ततखणि, ततखिण, ततखण, ततखिण, ततखिणि, ततछिन, ततखेव, ततख्यण—देखो 'तत्क्षण' (रू.भे.)

उ०—१ ततक्षण सांमहणी सवि करी, राजा तेडिउ ऊलट धरी । आविउ राजा सिउं परिवारि, जिमवा नइ मिसि जोवा नारि ।

—विद्याविलास पवाडउ

उ०—२ देव छतां नळ सी परि वरि । गेहनि कोपि ततक्षणि मरि ?

—नळाख्यांन

उ०—३ ततखण माळवणी कहइ, सांभळि कंत सुरंग । सगळा देस सुहांमणा, मारू-देस विरंग ।—ढो.मा.

उ०—४ छावयो रहै छहुं रितु मस्त महा मतवाळ, हाथी झरणा जिम झरतो मद असराळ । परवत सम सबळो पूठ पड़यौ सुंडाळ, ततखिण जिण नांमै अंस करै नहि आळ ।—ध.व.ग्रं.

उ०—५ वळी प्रभाति पधारिया, महादेव नी सेव । ततखिणि ते तेडाविउ, भेटि भणी भूदेव ।—मा.कां.प्र.

उ०—६ ततखिन तुम्हें असुभ करम तोड़उ । नित नांम जपउ स्री नाकउड़उ ।—स.कु.

उ०—७ एहवूं मन वितरक करता सांचरि तव देव । मारग मांहि नळ निरखु अवनीइ ततखेव ।—नळाख्यांन

उ०—८ अखिल राजि ए तमने आपूं, निज भुजबळ देखाडूं । सुभ साहामो जे जोध आवै, तेहे ने ततख्यण पाडूं ।—नळाख्यांन

ततग्यांन—देखो 'तत्त्वग्यांन' (रू.भे.) उ०—देवी नारद रूप ते प्रस्न नांखया । देवी हंस रै रूप ततग्यांन भाखया ।—देवि.

तत-छिन—देखो 'तत्क्षण' (रू.भे.) उ०—अंतकाळ ऐसो भयो, तत-छिन भये सहाय ।—करुणासागर

ततताथेई, ततत्थी, ततथेई, ततथेयव-सं०स्त्री० (अनु०) नृत्य के बोल ।

उ०—१ रजै तेण तमासा सूं रुकेगी आयास रत्थी, धार सत्थी नचै के ततत्थी वीर धाड़ ।—हुकमीचंद खिड़ियौ

उ०—२ सब जोगनि स्रोणित खप्र भरै, ततथेयव भैरव नित्य करै ।

—ला.रा.

रू०भे०—तत्थथेई ।

ततपर—देखो 'तत्पर' (रू.भे.) उ०—विणजै सासू अर बहू, धंधै ततपर धूत । ठग नह जे गणिका ठगै, वणियांणी रा पूत ।—बां.दा.

ततब—देखो 'तत्त्व' (रू.भे.)

ततवाउ-सं०पु० [सं० तंतुवाय] बुनकर, जुलाहा ।

ततबीर—देखो 'तदबीर' (रू.भे.) उ०—तोड़ जोड़ ततबीर में, कसर न राखै काय । आप अकबर ओलियो, गढ़ ओ लियो न जाय ।

—बां.दा.

ततरे-क्रि०वि०—इतने में ।

ततव—देखो 'तत्त्व' (रू.भे.)

ततवादी-सं०पु०—तत्त्ववेता, तत्त्वज्ञानी ।

ततवितत-सं०पु०—तांत अथवा तार वाद्य ।

उ०—ततवितत घन सुखिर पंचवरण वाजित्र वाजइ छइ।—कां.दे.प्र.

ततवीर—देखो 'तदबीर' (रू.भे.) उ०—आंनि करै कुण विण आप, इहं दिली थाप उथाप। ततवीर कर घरि तौर, असपति कीजै और।—सू.प्र.

ततवेग-क्रि०वि०—तत्काल, शीघ्र। उ०—ततवेग 'करनळा' आय तांम, जळ हूंत मंगायौ पुत्र जांम।—रांमदांन लाळस

ततवेत्ता—देखो 'तत्त्ववेत्ता' (रू.भे.) उ०—वित रज करम घरम ततवेत्ता, ओपै 'करन' हरा दळ एता।—रा.रू.

ततसार-सं०पु०—प्रथम जगण फिर रगण फिर भगण, अन्त में गुरु लघु ११ वर्णो का छंद विशेष।—ल. पिं.

ततार्थेई-सं०स्त्री०—नृत्य का बोल।

ततारी-सं०पु०वि०—१ तातार देशोत्पन्न घोड़ा. २ तातार देश सम्बन्धी।

ततियौ—देखो 'तत्तौ' (अल्पा., रू.भे.)

तती-वि० (पु० तत्तौ) १ क्रोधपूर्ण, क्रोध में लाल।

उ०—तती देख चसमां गयंदां घड़ा ताप खावै, धावै काळ रूपी जोस अमावै धींग।—महेसदास आढ़ौ

२ तेज, तीक्ष्ण। उ०—तती खग झाट खळां सिर तांम। सझै अवदार चहूंआंण संग्रांम।—सू.प्र.

३ तप्त, उष्ण। उ०—दादू सांचा साहिब सिर ऊपरै, तती न लागै बाव। चरण कमळ की छाया रहै, कीया बहुत पसाव।—दादू बांणी

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी, तुरंत। उ०—मिळ मंदमती, सिय लेर सती, वर मांनवती त्रिय लोकपती। तकसीर निवारै होय तती।—र.रू.

ततैया-सं०पु० भागने की क्रिया।

क्रि०प्र०—मनाणा।

ततैयौ-सं०पु०—बर्र।

ततौ-क्रि०वि०—१ तत्पश्चात्। उ०—ततौ दक्षा पठति तसु तिहुअण जण दास।—स्रीपाळ

२ देखो 'तत्तौ' (रू.भे.)

तत्काळ-क्रि०वि० [सं० तत्काल] तुरन्त, शीघ्र, तत्क्षण।

उ०—फिकर करौ मत आप तौ, आप रहौ खुस हाल। ठाकुरजी करसे भली, मुगळह नूं तत्काळ।—गौड़ गोपाळदास री वारता

रू०भे०—ततकाळ, ततकाळि, ततकाळी, ततकाळौ, तत्तकाळ, तत्तकाळू।

तत्काळीन-वि० [सं० तत्कालीन] उसी समय का।

तत्काळौ—देखो 'तत्काळ' (रू.भे.) उ०—आगि ओल्हाइ गई ते एहवए, कहि कुण करिस्यइ चाळौ जी। अरणी नउ सरियउ घसि लांकड़इ, अग्नि पाड़ी तत्काळौ जी।—स.कु.

तत्क्षण-क्रि०वि० [सं०, प्रा० तक्खण] तुरन्त, शीघ्र, तत्काल।

रू०भे०—ततक्षण, ततक्षणि, ततखण, ततखिण, ततखिणि, ततखिन, ततखेव, ततख्यण, ततछिन।

तत्त-वि० [सं० तप्त] पीड़ित, दुखी (जैन)

क्रि०वि० [सं० ततः] १ तत्पश्चात्, तदन्तर (जैन)

२ देखो 'तत्त्व' (रू.भे.) उ०—१ त्रिहुए पख तारणी सोभ जुग च्यार सुवांणी। पांच तत्त होमणी रीत मोटी खटरांणी।—रा.रू.

उ०—२ गुर थी लहियै ग्यांन, सास्त्र सहु तत्त सिखावइ। वळि सगळी ही वस्तु, दोस निरदोस दिखावै।—ध.व.ग्रं.

उ०—३ ठांम देखि उपगार करौ कहियौ ठठै। तत्त तणी तूं बात म नांखि जठै तठै।—ध.व.ग्रं.

३ देखो 'तातौ' (रू.भे.) (जैन)

तत्तकाळ, तत्तकाळू—देखो 'तत्काळ' (रू.भे.) उ०—थंभै विचाळू; तत्तकाळू, विरद वाळू आंम ए।—करुणासागर

तत्तवेत्ता—देखो 'तत्त्ववेत्ता' (रू.भे.)

तत्तोथबौ—देखो 'थथोबौ' (रू.भे.)

तत्तौ-वि० [स्त्री० तत्ती] १ तीक्ष्ण, तेज। उ०—मांगी सीख मंडोवरै, सीखन अप्पै तत्ती। साह सेर विलंद री, असपत्ती उर दाह।—रा.रू.

२ तेज। उ०—कूदणा कछी छेकै कुरंग। तत्ता सब तुरंगां हूं तुरंग।—सू.प्र.

३ क्रोधित, कुपित।

मुहा०—तत्तौ तवौ होणौ—लाल होना, क्रोधित होना, गर्म होना।

३ देखो 'तातौ' (रू.भे.) उ०—थळ तत्ता लू सांमही. दाझेला पहियांह। म्हारौ कहियौ जे करौ, घर बैठा रहियांह।—ढो.मा.

सं०पु०—त वर्ण।

रू०भे०—ततौ।

अल्पा०—ततियौ।

तत्त्व-सं०पु० [सं०] १ पंचभूत (पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश) उ०—पंच तत्त्व थैं घट भया, बहु विधि सब विस्तार। दादू घट थैं ऊपजै, मैं तैं वरण विकार।—दादू बांणी

२ परब्रह्म। उ०—एक तत्त्व ता ऊपरि इतनी, तीन लोक ब्रह्मंडा। धरती गगन पवन अरु पांणी, सप्त द्वीप नौ खंडा।—दादू बांणी

३ जगत का मूल कारण। सांख्य में इसके पच्चीस तत्त्व माने गये हैं उ०—तांमस अहंकार तै पांच महाभूत, पांच सूक्ष्म भूत नीपना। एवं चौवीस तत्त्व भेळा हुया, ताहरां ब्रह्मांड नीपनौ।—द. वि.

४ सार वस्तु, सारांश. ५ यथार्थता, असलियत। ६ स्वरूप।

रू०भे०—तत, ततव, तत्तव, तत्त, तत्त्व।

यौ०—तत्त्वग्यांन, तत्त्वग्यांनी, तत्त्वदरसी, तत्त्वद्रस्टी, तत्त्ववाद, तत्त्ववेत्ता, तत्त्वविद्या।

तत्त्वग्य-सं०पु० [सं० तत्त्वज्ञ] तत्त्ववेत्ता, तत्त्वज्ञानी, दार्शनिक।

तत्त्वग्यांन-सं०पु०यौ० [सं० तत्त्वज्ञान] आत्मज्ञान, ब्रह्म, सृष्टि आदि के सम्बन्ध में यथार्थ ज्ञान।

रू०भे०—ततग्यांन।

तत्त्वग्यांनी-सं०पु०यौ० [सं० तत्त्वज्ञानी] आत्मज्ञानी, तत्त्ववेत्ता, जीव-

बीर-सं०स्त्री० [अ०] उपाय, युक्ति, तरकीब, यत्न।
उ०—करै तदबीर गोरा चढ़ण कांगुरां तिलंग फरै फुरत फ़ैली ताळी।—बां.दा.
रू०भे०—ततबीर, ततवीर।

ाभी—देखो 'तदपि' (रू.भे.)

ारा-क्रि०वि०—तब से, उस समय से। उ०—तद विहारी मिलकखांन हेतावत नूं परगना ४ जाळोर वांसै दीया था सु तदरा जाळोर वांसै पड़िया ता सु हमैं जाळोर वांसै हीज छै।—नैणसी

ां-क्रि०वि०—तब।

ारुक, तदारूक-सं०पु० [अ० तदारुक] १ खोई हुई वस्तु के सम्बन्ध में की जाने वाली जांच. २ सजा, दंड। उ०—हुक्कांम हुकम हाजिर हजूर, करिए न तदारुक वेकसूर।—ऊ.का.
३ दुर्घटना आदि को रोकने के लिए किया जाने वाला प्रबंध।

दि, तदी—देखो 'तद' (रू.भे.) उ०—१ कमंध मतौ सिर ढाळण कीधौ, दरसण सकति प्रतखि तदि दीधौ।—सू.प्र.
उ०—२ वांमण देह वदीह, वळ री ज्याग विधूंसवा। तीनूं लोक तदीह, मापै त्रिण पद मोतिया।—रायसिंह सांदू

दीक-क्रि०वि०—तभी।

दीय-सर्व०—उसके। उ०—चहुवांण बार जिण सोदर मल्हण नवम जोध, सब कुळ तदीय माल्हण सुबोध।—वं.भा.

द्धित-सं०पु० [सं०] १ राजस्थानी व्याकरण के अनुसार संज्ञा, विशेषण व क्रिया विशेषण के अंत में लगने वाला प्रत्यय जिससे शब्द निष्पन्न होता हैं. २ वह शब्द जो इस प्रकार प्रत्यय लगने से बना हो।

द्भव-सं०पु० [सं०] संस्कृत के शब्द का अपभ्रंश रूप, संस्कृत के शब्द का विकृत या परिवर्तित रूप।

दयां—देखो 'तद' (रू.भे.)

द्रूप-वि० [सं०] समान, सदृश, तुल्य।
सं०पु०—रूपक अलंकार का एक भेद।

द्रूपता-सं०स्त्री०—सादृश्य, समरूपता, समानता।

न-सं०पु० [सं० तनु] १ शरीर, देह, गात। उ०—हे सखिए, परदेस प्री, तनह न जावइ ताप। बाबहियउ आसाढ़ जिम, विरहणि करइ विलाप।—ढो.मा.
मुहा०—१ तन तपणौ—अधिक परिश्रम से शरीर का स्वेदयुक्त होना. २ तन तोड़णौ—अथक परिश्रम करना. ३ तन देणौ—तन की बलि देना. ४ तन फूलणौ—अत्यधिक प्रसन्न होना.
५ तन-मन एक करणौ—लगन से काम करना. ६ तन री लाय मिटाणी—अपनी इच्छा पूरी करना, संतुष्ट होना।
कहा०—१ तन सीतळ हौ सीत सूं मन सीतळ हौ मीत सूं—तन शीत से शीतल होता है और मन मित्र के मिलने से। मित्र ही दुःख में उचित शांति प्रदान कर सकता है. २ तन सुखी तौ मन सुखी—मन की प्रसन्नता के लिए सुस्वास्थ्य आवश्यक है।
यौ०—तनताप, तनत्रांण, तनदीवांण, तनधर, तनमन, तनसार।
२ मन।
मुहा०—तन लागणौ—किसी बात का हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ना।
३ सम्बन्धी, रिश्तेदार. ४ वंशज, संतान, पुत्र, लड़का।
रू०भे०—तन्न, तन्नु।
अल्पा०—तनड़ौ।

तनक-वि०—तनिक, थोड़ा, किंचित। उ०—जोड़ै ज्यूंही जोड़, बिणजारा रा ब्याज ज्यूं। तनक जोड़ मत तोड़, नातौ तांतौ नागजी।—नागजी
सं०स्त्री०—१ नाज, नजाकत. २ दिखावा।
यौ०—तनक-तनक।

तनक-मिजाजी-सं०स्त्री०यौ०—छोटी-छोटी या साधारण बात पर तुनकने का भाव या आदत।
वि०-पु० (स्त्री० तनक-मिजाजण) छोटी-छोटी बातों पर नाराजगी प्रकट करने वाला, असहिष्णु। उ०—धोरा भुवावौ डोडा एळची रे, म्हारी तनक-मिजाजण, क्यारां भुवा दौ नागर बेल।—लो.गी.

तनकळानिध-सं०पु०—चन्द्रमा (नां.मा.)

तनकीह-सं०स्त्री० [अ० तनक़ीह] तहकीकात, जांच।

तनखा, तनखाह-सं०स्त्री० [फा० तनख्वाह] वेतन, तलब।
रू०भे०—तणखा तिनखा।

तनगणौ, तनगबौ-क्रि०अ०—अप्रसन्न होना, रुष्ट होना, रूठना।

तनगियोड़ौ-भू०का०कृ०—रूठा हुआ, चिढ़ा हुआ, अप्रसन्न।
(स्त्री० तनगियोड़ी)

तनड़ौ—देखो 'तन' (अल्पा., रू.भे.) उ०—१ कोई मनड़ा तनड़ा सूं निरमळ म्हे रैं'वां।—लो.गी.
उ०—२ हेमांणी मरु हाट नरम तनड़ौ उपगारी। ऊपर चढ़ देखै दूर तक विपन-विहारी।—दसदेव

तनजा—देखो 'तनुजा' (रू.भे.)

तनताप-सं०पु०यौ०—शरीर का कष्ट, व्याधि।

तनत्रांण, तनत्रांन-सं०पु० [सं० तनुत्राण] कवच, बख्तर।
उ०—उण वार तहव्वर जोर इसौ, जुध रांम दळां सिर 'कुंभ' घण मांण बधतांय भीड़ घणौ, तनत्रांण सहायक प्रांण तणौ।
रू०भे०—तनुत्रांण।

तनदीवांण-सं०पु०यौ०—अंगरक्षक, (राजा महाराजाओं का)

तनधय-सं०पु० [सं० स्तनंधय] शिशु, बच्चा (ह.नां.)

तनधर-सं०पु० [सं० तनुधारिन्] शरीरधारी।
रू०भे०—तनुधारी।

तनपटाट-सं०स्त्री०यौ०—अनुपयुक्त वाद-विवाद, तर्क-वितर्क।

तनपात-सं०पु० [सं० तनुपात] देह का अवसान, मृत्यु।

तनबीचि-सं०स्त्री०—कटि। (ह.नां.)

तनमध-सं०स्त्री० [सं० तनुमध्य] कटि, कमर। (ह.नां.)

तनमय-वि० [सं० तन्मय] लवलीन, मग्न, तन्मय ।

तनमात्रा-सं०स्त्री० [सं० तन्मात्र] सांख्य के अनुसार पंच भूतों का आदि, अमिश्र व सूक्ष्म रूप । ये पांच हैं—गंध, रस, रूप, शब्द और स्पर्श, तन्मात्र ।

रू०भे०—तन मातरा, तन्मात्रा ।

तनय-सं०पु० [सं०] पुत्र, सुत ।

तनयत्नु, तनयत्रू-सं०पु० [सं० स्तनयित्नु] १ मेघ, बादल (ह.नां.) २ सम्बन्धी ।

सं०स्त्री०—३ बिजली, बिजली की चमक ।

वि०—रक्षा करने वाला ।

तनया-सं०स्त्री० [सं०] पुत्री, बेटी । उ०—मो कथ सखा धारि निज मन या, तूं इण देसपती री तनया ।—सू.प्र.

रू०भे०—तणया, तनिया ।

तनराग-सं०पु० [सं० तनुराग] १ शरीर पर केसर, चन्दन, कपूर आदि को मिला कर किया जाने वाला लेप, उबटन. २ उबटन के लिए काम में आने वाले पदार्थ ।

रू०भे०—तनुराग ।

तनरुह-सं०पु० [सं० तनुरुह] रोम, लोम (अ.मा.)

रू०भे०—तनोरुह ।

तनविड-सं०पु० [सं० तनु+व्याध] शत्रु, बैरी (ह.नां.)

तनसणगार-सं०पु० [सं० तनु+शृंगार] वस्त्र, वसन (अ.मा.)

तनसांच-सं०पु०—कामदेव (अ.मा.)

तनसार-सं०पु० [सं० तनु+क्षार] १ मनुष्य (अ.मा.)

२ देखो 'तनुसार' (रू.भे.) उ०—ए प्रदिमन का नांम जु कांमदेव को अवतार । दरपक, कांम, कुसुमायुध, संबरारि, रतिपति, तनसार, समर ।—वेलि.टी.

वि०—शरीर को छेदने वाला । उ०—जठै तठै इण जगत में, जींकारो स्रीकार । बालो जसरा वायकां, तूकारो तनसार ।—बां.दा.

तंनसुख-सं०पु०—१ फूलदार सुन्दर वस्त्र, फूल छाप का उत्तम कोटि का वस्त्र ।

यौ०—२ शारीरिक सुख ।

तनसोर-सं०पु०—मनुष्य (अ.मा.)

तनहंस-सं०पु० [सं० तनु+हंस] हंसावतार, विष्णु ।

उ०—नमो तन-हंस त्रिलोकी तात, नमो विध ग्यांन सुणावण वात ।
—ह.र.

तनहा-वि० [फा०] एकाकी, अकेला ।

क्रि०वि०—बिना किसी संगी-साथी के, अकेले ।

तनहाई-सं०स्त्री० [फा०] एकान्त, अकेलापन ।

तनाजांन-वि०—अकेला, एकाकी ।

मुहा०— तनाजांन सूं गमावणो—पूर्ण नष्ट करना ।

तनाजो-सं०पु० [अ० तनाज़ाअ] १ झगड़ा, फिसाद, टंटा, बखेड़ा. २ वैर, शत्रुता ।

तनाती-सं०पु०—१ शरीर सम्बन्धी. २ निकट सम्बन्धी, रिश्तेदार. ३ ईश्वर ।

तनायत-सं०पु० [सं० तनु+रा.प्र. आयत] स्वजन, निकट सम्बन्धी ।

तनारसी-सं०पु०—धनुष । उ०—तीखा नैंण तनारसी, सायक काजळ सार । छाती छेदै छैल की, निकस्या परलै पार ।
—जलाल बूबना री वात

तनिक-वि०—थोड़ा, अल्प ।

तनिया—देखो 'तनया' (रू.भे.)

तनु-सं०पु० [सं०] १ जन्मकुंडली में प्रथम स्थान.

२ देखो 'तन' (रू.भे.)

वि०—१ क्षीण, दुबला, पतला (अ.मा.) २ प्रिय, प्यारा ।

तनुज-सं०पु० [सं०] पुत्र, बेटा ।

रू०भे०—तनूज ।

तनुजा, तनुज्जा-सं०स्त्री० [सं० तनुजा] पुत्री, बेटी । उ०—वतक जग जाहुर हुई, सांप्रत आसुर आय । तनुजा खांमद नैं तजै, मिळी देवगत माय ।—पा.प्र.

रू०भे०—तनजा, तनूंजा, तनूजा ।

तनुत्रांण—देखो 'तनत्रांण' (रू.भे.)

तनुधारी—देखो 'तनधर' (रू.भे.)

तनुनपात, तनुनिपात-सं०स्त्री० [सं० तनूनपात्] अग्नि, आग । (ह.नां.)

तनुबंध-सं०पु०—एक प्रकार का वस्त्र (व.स.)

तनुमध्या-सं०स्त्री० [सं० तनुमध्या] पतली कमर की स्त्री ।

तनुमध्यो-सं०पु०—एक वर्णवृत्त ।

तनुराग—देखो 'तनराग' (रू.भे.)

तनुरी—देखो 'तंदूरी' (रू.भे.) उ०—तनुरां तांत सिंधु झणकतां, नरां आय अपछर झुकी मगां असमान रा ।—जवांनजी आढ़ो

तनुसार-सं०पु० सं० तनु+सृ (धातु)] १ शरीर में व्याप्त होकर रहने वाला. २ कामदेव या प्रद्युम्न का एक नाम ।

उ०—दरपक कंदरप कांम कुसुमायुध, संबरारि रति पति तनुसार । समर मनोज अनंग पंचसर, मनमथ मदन मकरध्वज मार ।—वेलि.

३ बलवान शरीर वालो ।

रू०भे०—तनसार ।

तनूं, तनू-सं०पु० [सं० तनु] देखो 'तन' (रू.भे.) उ०—'पना' को तनूं येम 'गोपाळ' सज्जै, धरा नेत बंधी हयं खूर मज्जै ।—ला.रा.

तनूंजा—देखो 'तनुजा' (रू.भे.) उ०—धारा फेण कलिंद तनूंजा धारिया ।—बां.दा.

तनूज—देखो 'तनुज' (रू.भे.) उ०—कपोत कंठ पोत केम, मोह ओपमा मिळी । जिको तनूज भांणि जांणि, मेर स्रंग मंडळी ।—सू.प्र.'

तनूजा—देखो 'तनुजा' (रू.भे.)

तनूदर, तनूदरी-सं०स्त्री०—स्त्री, महिला (ह.नां.)

तनूनपात-सं०स्त्री०—देखो 'तनुनपात' (रू.भे.)
तनूर—देखो 'तंदूर' (रू.भे.)
तनेयक-वि०—तनिक, थोड़ा, किंचित। उ०—हां ए हां आंसूड़ां री धार तनेयक डट जाय, तनेयक डट जाय चिनेयक डट जाय।—लो.गी.
तनैं, तनै—देखो 'तनय' (रू.भे.)
तनेरुह—देखो 'तनरुह' (रू.भे.)
तन्न—देखो 'तन' (रू.भे.) उ०—सुणियां 'पातल' समर रा, नीधसता नीसांण। तेज न मावै तन्न में, तन्न न मावै त्रांण।
—किसोरदांन बारहठ
तन्नु-सं०पु०—१ निकट सम्बन्धी, स्वजन. २ देखो 'तन' (रू.भे.)
तन्मात्रा—देखो 'तनमात्रा' (रू.भे.)
तप-सं०पु० [सं० तपस्] १ वे नियम और व्रत जो मन की शुद्धि के लिए शरीर को कष्ट देकर किये जाते हैं, तपस्या।
उ०—सुजळ गिनांन मंजन तन सारिस। ध्रम क्रम जप तप नेम बधारिस।—ह.र.
क्रि०प्र०—करणौ, झेलणौ, साधणौ।
२ तन व इंद्रियों को वश में रखने का धर्म। उ०—'वंक' तेज कारण वणै, निहचळ तप निरदोख। ग्यांन मोक्ष कारण गिणै, सुख कारण संतोख।—बां.दा.
३ ताप, गरमी, उष्णता. ४ ग्रीष्म ऋतु. ५ माघ का महिना (डिं.को.) ६ बुखार, ज्वर. ७ अग्नि (ह.नां.) ८ शीत को दूर करने अथवा तापने के लिये जलाई जाने वाली आग, अलाव, कौड़ा।
क्रि०प्र०—करणौ।
९ सूर्य (क.कु.बो.)
यौ०—तपकर, तपकरण।
१० तेज, ओज, कान्ति। उ०—व्रिढ़ण पहल अथाक वागा, लखे तप सह पांय लागा।—सू.प्र.
रू०भे०—तपु, तप्प, तव।
तपई-सं०पु०—एक प्रकार का कपड़ा (व.स.)
तपकर, तपकरण, तपघण-सं०पु०यौ०—सूर्य (क.कु.बो.)
उ०—तेज तपकरण अञ्रत सुजस तेहड़ो, माहबळ दुग्री 'कुसळेस' कुळ मोड़। वसे सकळंक चन्द्र भाळ वांमीस रै, रखे भुरजाळ निकळंक राठौड़।—पीरदांन आढ़ौ
तपण-सं०स्त्री० [सं० तपन] १ ताप, गरमी, जलन, तपन. २ सूर्यकांत मणि. ३ वियोगाग्नि।
सं०पु०—४ सूर्य (डिं.को.)
रू०भे०—तपन, तवण।
तपणी-सं०स्त्री०—१ वह अग्नि जो सन्यासी अथवा योगी के अग्निकुण्ड में जलाई जाय. २ सन्यासी अथवा योगी के तपस्या करने का स्थान. ३ अग्निकुण्ड. ४ लोहे व मिट्टी का वह पात्र जिसमें ताप के हेतु अग्नि रखी जाती है। उ०—सो, सियाळा में राजकुमारी रौ जनम हुवौ है जिणसूं जचा रै तापण नै तपणी लाया है।—वी.स.टी.
५ गरमी, तपन।
रू०भे०—तउणि, तउणी।
तपणीय-वि०—तपाने योग्य।
सं०पु० [सं० तपनीय] सोना, स्वर्ण (ह.नां.)
रू०भे०—तपनीय।
तपणौ, तपबौ-क्रि०अ० [सं० तपन] १ गरमी या आंच से गर्म होना, तपना। उ०—१ मिळि माह तणौ माहुटी सूं मसिन्नन, तपि आसाढ़ तणौ तपन। जन नीजन पणि अधिक जांणियौ, मध्यरात्रि प्रति मध्याह्न।—वेलि.
उ०—२ देख तपतौ ताव सूं, मुरधर ब्रख रै भांण। हियौ हिमाचळ उफळियौ, वह चाल्यौ वरफांण।—लू.
२ दग्ध होना, जलना। उ०—धन सीळ रतन नै घरती तिम विरह करि तन तपतौ हो लाल।—ध.व.ग्रं.
३ क्रुद्ध होना। उ०—रुकमइयौ पेखि तपत आरणि रणि, पेखि रुखमणी जळ प्रसन। तणु लोहार वांम कर निय तणु, माहव किउ सांडसी मन।—वेलि.
४ संतप्त होना, दुखी होना। उ०—माळवणी कउ तन तप्यउ, विरह पसरियउ अंगि। ऊभी थी खड़हड़ पड़ी, जांणे डसी भुयंगि।
—ढो.मा.
५ तपस्या करना, तप करना. ६ कष्ट सहना। उ०—बाहु नांम तीर्थंकर थ्यउ मुझ, दुरगति पड़तां बांह रे। हूं तपतउ आवियउ तुम पासे तुम्हे करउ टाढ़ी छांह रे।—स.कु.
[सं० तप ऐश्वर्य दीप्तौ] ७ प्रताप फैलना, शौर्य बढ़ना।
उ०—१ राव चूंडौ वीरमोत मंडोवर घणौ तपियौ। पछै तुरकां नु मार नै नागोर लियौ।—नैणसी
उ०—२ इण विध राव केल्हण पूगळ धणी हुवौ। पछै रावळ केल्हण मुलतांण जाय नै सलेमखांन नूं नागोर ऊपर ले आयौ। राव चूंडा नूं मारियौ। राव केल्हण घणौ तपियौ।—नैणसी
८ ऐश्वर्य भोगना, सुख भोगना।
तपणहार, हारौ (हारी), तपणियौ—वि०।
तपवाड़णौ, तपवाड़बौ, तपवाणौ, तपवावौ, तपवावणौ, तपवाववौ—प्रे०रू०।
तपाड़णौ, तपाड़बौ, तपाणौ, तपाबौ, तपावणौ, तपाववौ—क्रि०स०।
तपिओड़ौ, तपियोड़ौ, तप्योड़ौ—भू०का०कृ०।
तपीजणौ, तपीजबौ—भाव वा०।
तवणौ, तवबौ—रू०भे०।
तपत-सं०स्त्री० [सं० तप्त] १ गरमी, उष्णता, जलन. २ कष्ट, पीड़ा। उ०—दादू तपत बिना तन प्रीत न उपजै, संग ही सीतळ छाया। जनम लगै जीव जांणै नहीं, तरुवर त्रिभुवन राया।—दादू बांणी

उदा०—भाण री तपत है। २ तपस्या. ३ तेज, कांति।

उ०—तपत महाहठ प्रचुर, पिंड महाहठ पौरिस। अति प्रकास उजळो, तपत तेजास वधै जस।—सू प्र.

४ वेदना, व्यथा। उ०—दूवना मुजरौ करती मांम्ही आई। हाथ पकड़ भीतर लेय गई। पोसाक वदळाय, पलंग पर बैठाय, निछरावळ कर मेरा सलाम नू दीन्ही। मांहोमाहे मिळिया। घणा दिनां रा वियोग री तपत मिटाई।—जलाल वूबना री वात

५ गरद, संताप. ६ ग्रीष्म ऋतु।

रू०भे०—तपती।

तपतरी, तपतती-सं०पु०—इन्द्र (ह नां.)

तपती-सं०स्त्री० [सं०] १ तापती नदी। उ०—तपती नदी रै माथै मांडली संगम रै घाट दाग दिराणी।—बां.दा.ख्यात

२ देखो 'तपत' (रू.भे.)

तपधर, तपधार, तपधारी-वि०—१ तपस्या करने वाला. २ ऐश्वर्य भोगने वाला।

सं०पु०—१ ऋषि, तपस्वी. २ राजा. ३ बादशाह।

उ०—तपधर मुगळांण तणौ आधमियौ 'अवरंग'।—सू.प्र.

तपन—देखो 'तपण' (रू.भे.) (क कु.बो.) उ०—मिळि माहतणी माटृटि नूं मसि अन, तपि आसाढ़ तणौ तपन।—वेलि.

तपनासी-सं०पु०—१ तपस्या में बाधा डालने वाला व्यक्ति.

२ कामदेव (अ.मा.)

तपनीय—देखो 'तपणीय' (रू.भे.)

तपबळ—देखो 'तपोबळ' (रू.भे.)

तपबळी-वि० [सं० तपोबली] १ तपस्या का बल रखने वाला.

२ वैभवशाली, ऐश्वर्यवान। उ०—विभाड़ै जादवां कोट घर कीध वस, सबळ अद खाटिया भवां सारू। तपबळी अभनमा 'माल' 'गंगेव' तो, समारक पोहकरण राव मारू।—महाराजा जसवन्तसिंह रो गीत

तपरस-सं०पु० [सं० तत्पररस] कुत्ता, श्वान।

तपरौ—देखो 'पतरौ' (रू.भे.)

तपवत-वि०—१ ऐश्वर्यवान, वैभवशाली. २ तेजस्वी, ओजस्वी.

उ०—पित मोहरि 'गजण' प्रचड जग चख जेहड़ो। तपवंत लड़ै सतेज अरिजण एहड़ो।—सू.प्र.

३ तपस्या करने वाला, तपस्वी।

तपस-सं०पु० [सं० तपसः] १ तपस्वी, सन्यासी. २ चंद्रमा (डि.को.)

३ सूर्य. ४ शंकर (एका.)

तपसण—देखो 'तपसिण' (रू.भे.)

तपसा-सं०स्त्री० [सं० तपस्या] १ तप, तपस्या। उ०—महाराज सिलामत श्री गोरखनाथजी तपसा मे विराजिया छै जी।

—रीसाळू री वात

२ तापती नदी का दूसरा नाम।

तपसाळी-सं०पु० [सं० तपःशाली] तपस्वी, योगी।

तपसिण-सं०स्त्री० [सं० तपस्विनी] १ तपस्या करने वाली स्त्री, तपस्विनी। उ०—ताहरां कहै—राजा आ वात किसी जु लीलां नूं गरभ छै। जिका इसड़ी तपसिण तिकै नूं गरभ सूं जांणीजै।

—देवजी बगड़ावत री वात

२ तपस्वी की स्त्री. ३ पतिव्रता या सती स्त्री. ४ कष्ट सहन करती हुई जीवन-यापन करने वाली स्त्री।

रू०भे०—तपसण, तपस्विण।

तपसी-सं०पु० [सं० तपस्विन्] (स्त्री० तपसण, तपसिण) १ तपस्वी, ऋषि, सन्यासी। उ०—सुतण सुरथ नृप सुमित्र सरूपति, तपसी हुवौ राज तजि भूपति।—सू.प्र.

२ ऐश्वर्य भोगने वाला व्यक्ति, भाग्यशाली व्यक्ति।

उ०—तद टीके हरनाथसिंघ बैठियो सो बडो भागवळी तपसी हुइयो।

—भाटी सुंदरदास बीकूंपुरी री वारता

३ दीन, कंगाल।

रू०भे०—तपस्वी।

तपसील-सं०पु० [सं० तपः+शील] १ तपस्वी.

२ देखो 'तफसील' (रू.भे.)

यौ०—तपसीलवार।

तपसीलवार-वि० [अ० तफसीलवार] विस्तारपूर्वक। उ०—ऐ समाचार तपसीलवार। दीधा असपत नूं खबरदार।—सू.प्र.

तपस्या-सं०स्त्री [सं०] १ तप, व्रत. २ फाल्गुन मास (ज्यो.)

तपस्विण—देखो 'तपसिण' (रू.भे.) उ०—महाराजा लीलां तपस्विण स्नांन करि तीरथ महा नीसरती दीठी।—देवजी बगड़ावत री वात

तपस्वी—देखो 'तपसी' (रू.भे.)

(स्त्री० तपस्विण)

तपा-सं०पु० [सं०] माघ मास। उ०—सक चउदह सत्रह १७१४ समै, सिसर चरण अवसांण। असित तपा कंदरप अह, चढ़ियौ इम चहुआंण।—वं.भा.

तपाइ-सं०स्त्री०—एक वस्त्र का नाम (व.स.)

तपाक-सं०पु० [फा०] १ आवेश, जोश. २ वेग, तेज।

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी।

मुहा०—तपाक देतीरौ—तुरंत, शीघ्र।

तपाड़णौ, तपाड़वौ—देखो 'तपाणौ, तपावौ' (रू.भे.)

तपाड़ियोड़ौ—देखो 'तपायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० तपाड़ियोड़ी)

तपाणौ, तपावौ-क्रि०स० [सं० तप्] १ तपाना, गर्म करना. २ संतप्त करना, कष्ट देना, दुःख पहुँचाना. ३ दग्ध करना, जलाना.

४ ऐश्वर्य का उपभोग कराना. ५ संतप्त करना, क्रुद्ध करना।

तपाणहार, हारौ (हारी), तपाणियौ—वि०।

तपवाड़णौ, तपवाड़वौ, तपवाणौ, तपवावौ, तपवावणौ, तपवाववौ—प्रे०रू०।

तपायोड़ौ—भू०का०कृ० ।
तपाईजणौ, तपाईजवौ—कर्म वा० ।
तपणौ, तपबौ—अक० रू० ।
तपाड़णौ, तपाड़वौ, तपावणौ, तपाववौ—रू०भे० ।

तपायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ तपाया हुआ, गर्म किया हुआ. २ दग्ध किया हुआ, जलाया हुआ. ३ कष्ट दिया हुआ. ४ ऐश्वर्य का उपभोग कराया हुआ. ५ संतप्त किया हुआ, क्रुद्ध किया हुआ ।
(स्त्री० तपायोड़ी)

तपावंत–सं०पु०—तपस्वी ।

तपाव–सं०पु०—देखो 'तपावस' (रू.भे.) उ०—अनीति कीहीं वात री नहीं तींसूं सारा परगना री न्याव तपाव सगळौ भटनेर आवै ।
—ठाकुर जैतसी री वारता

तपावणौ, तपाववौ—देखो 'तपाणौ, तपावौ' (रू.भे.)
उ०—तपावौ राछ ज्यूं पूठ री कारी करां ।—द.वि.

तपावस–सं०पु०—१ कृपा, महरवानी । उ०—चंगसखांन री बायरि पातिसाह स्री अकबर कन्हैं पुकारी । सु पातिसाह इयां नै सजा दीन्ही । हाथी रा पगां सूं बंधाई मारिया । चंगसखांन री बायरि महलां मांहे राखी । पातिसाह तपावस कियौ ।—द.वि.
२ न्याय, निर्णय, फैसला । उ०—१ वांणिये रै बेटै नै बेटौ कहै नहीं चोची करै तौ चाकर कहै का कोई बीजौ ठहरावै । पण कोईक तौ कारण छै । इसौ विचार कर राजा कनकरथ नां अेकांत में लेनै पूछियौ—महाराज, सांच कहौ नेठ तौ सांच कह्यां तपावस होसी, लारली सरब बात कही ।—पलक दरियाव री वात
उ०—२ ताहरां राजा अदभांण कह्यौ—देवीदास औ तपावस म्हांसूं ना होवै । औ तोसूं हीज होसी ।—पलक दरियाव री वात
उ०—३ तद कोटवाळ, पंच हसिया औ वडौ तमासौ कह्यौ जी औ तपावस म्हांसूं नहीं होवै । राजाजी करसी ।—पलक दरियाव री वात
३ पूछताछ । उ०—ठाकुर थे कठै रहो छौ, कासूं नांम छै । ताहरां कनकरथ कह्यौ—कासूं पूछ करौ छौ ? रजपूत छूं, परदेसी छूं । दरबारी कह्यौ—थे भागड़ छौ तौ तपावस तौ होसी हीज पण हूं हवालदार छूं ।—पलक दरियाव री वात
४ देखो 'तपास' (रू.भे.)

तपावियोड़ौ—देखो 'तपायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तपावियोड़ी)

तपास–सं०स्त्री०—१ खोज, तलाश, अनुसंधान. २ जांच-पड़ताल ।
क्रि०प्र०—करणी, होणी ।
रू०भे०—तपावस ।

तपियोड़ौ—देखो 'तापियोड़ौ' (रू.भे.)

तपियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ (गर्मी या आंच से) गर्म हुवा हुआ, तपा हुआ. २ प्रताप फैला हुआ, शौर्य बढ़ा हुआ. ३ ऐश्वर्य भोगा हुआ, सुख भोगा हुआ. ४ दग्ध हुवा हुआ, जला हुआ. ५ क्रुद्ध हुवा हुआ. ६ संतप्त हुवा हुआ, दुखी हुवा हुआ । ७ तपस्या किया हुआ, तप किया हुआ. ८ कष्ट सहा हुआ. ९ देखो 'तापियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तपियोड़ी)

तपिस–सं०स्त्री० [फा० तपिश] गरमी, तपन, उष्णता ।

तपी–सं०पु०—तप करने वाला, तपस्वी, ऋषि ।
उ०—तपी तपतें सुरता इकतार, धपी रसना रस इम्रितधार ।
—ऊ.का.

तपीस–सं०पु० [सं० तप+ईश] तपस्वी ।

तपु—देखो 'तप' (रू.भे.) उ०—महीयळि महिळीय करइं विचारू, कवणु कीउ तपु द्रूपदीय । कोइ न त्रिहु जगि हुईय नारि, हिव पछी कोई न होइसि ए ।—पं.पं.च.

तपेदिक–सं०पु० [फा० तप+अ० दिक] एक रोग विशेष जो प्रायः फेफड़ों में को टाणु विशेष लगने से हो जाता है जिससे शरीर शनैः शनैः क्षीण व अशक्त होने लगता है । राजयक्ष्मा, क्षय रोग ।

तपेसर, तपेसुर–सं०पु० [सं० तपेश्वर] १ तपस्वी । उ०—१ कर हर धान चढ़ायै केसर । तपियौ धुमर ताप तपेसर ।
—जीवराज सोलंकी री गीत
उ०—२ गुफा ध्यांन लवलीन गिरोवर, ताळी खुलि ऊठिया तपेसुर ।
—सू.प्र.
२ महादेव, शिव ।

तपोअण—देखो 'तपोधन' (रू.भे.) उ०—सुखि तपोअण भरम भ्रम सम, मरम निध जिम माल ।—रा.रू.

तपोतम–सं०पु०—१ श्रेष्ठ तपस्वी । उ०—मछळी उर जाया जोग कमाया मीन मछंदर कहवाया । सिसिया तैं गौतम वडौ तपोतम व्यास कीरणी निपजाया ।—पा.प्र.
२ उत्तम तपस्या ।

तपोधन–सं०पु० [सं०] १ वह जिसका केवल तपस्या ही धन हो, तपस्वी, मुनि, महात्मा । उ०—दांत दमंकै अहर दुत, जांण चमंकै बीज । ज्यांरी धुनि मधुरी सुणे, रहे तपोधन रीज ।—बां.दा.
२ ऐश्वर्यवान, वैभवशाली ।
रू०भे०—तपोअण, तवोधण ।

तपोनिध–सं०पु० [सं० तपोनिधि] ब्रह्मा, विष्णु ।
उ०—उदोत-तपोनिध-त्रेगुण-ईस, अजीत-जरा-म्रत जोग अधीस ।
—ह.र.

तपोबळ–सं०पु० [सं० तपोबल] १ ऐश्वर्यबल, वैभवशक्ति ।
उ०—राजत प्रोहित रांण तपोबळ रूप कौ, भड़ घोड़ा घमसांण समोवड़ भूप कौ ।—बगसीरांम प्रोहित री वात
२ राज्यबल । उ०—धाक सुण खांन सुळतांन वोही धूजसी, सतारौ दिली मुळतांण सार्थ । आंन रा तपोबळ जगत कुण आदरै, 'मांन' रा तपोबळ जगत माथै ।—महाराजा मांनसिंघ री गीत

३ तपस्या, तपश्चरण। उ०—मन जिण मुनण तपोवछ मंडै, जिण दळिया दम्मट मद मांडै।—सू.प्र.

रू०भे०—तपवछ।

तपोभूमि-संस्त्री० [सं०] तपस्या करने का स्थान, तपोवन।

तपोमूर्त्ति-संपु० [सं० तपोमूर्ति] १ महातपस्वी. २ परमेश्वर।

तपोरति-संपु० [सं०] तपस्या में लवलीन, तपस्या-प्रेमी, तपस्यानुरागी।

तपोराशि-संपु० [सं० तपोराशि] तपस्वी, मुनि।

तपोलोक-संपु० [सं०] ऊपर के सात लोकों में से छठा लोक जो जन लोक और सत्य लोक के मध्य स्थित है।

तपोवन-संपु० [सं०] वह वन प्रदेश जहां तपस्वी अपनी तपस्या में रत रहते हैं। तपस्वियों की निवासस्थली।

तपोवृद्ध-वि० [सं०] तपस्वियों में जो वृद्ध हो, महामुनि. २ तपस्या द्वारा जो श्रेष्ठ हो।

तप्त-वि० [सं०] १ गरम, तपा हुआ, उष्ण। उ०—जठै नदी रा जळ नूं पुदगल पवित्र करि कोई सिद्ध रा दीधा मंत्र रा जप पूरवक तप्त तेल रा कटाह में बड़ाह राजा झंप लीधी।—वं.भा.

२ दुखित, पीड़ित, संतप्त।

तप्तकुंड-संपु० [सं०] १ एक तीर्थ-स्थान. २ गर्म जल का कुंड।

तप्तमुद्रा-संपु० [सं०] शरीर के किसी अंग पर लगाये जाने वाले शंख, चक्र, गदा, पद्म आदि के छापे। वैष्णव सम्प्रदाय में इसकी प्रथा प्रायः अधिक है।

तप्प—देखो 'तप' (रू.भे.) उ०—रहै बिलंबे रांम रस, अनरस गिणै अतप्प। एह महाधू आतमा, ऐ तीरथ ऐ तप्प।—ह.र.

तप्पड़—देखो 'तापड़' (रू.भे.)

तप्पना-संस्त्री०—तपस्या।

तफरीह-संस्त्री० [सं० तफ़रीह] १ आमोद-प्रमोद, प्रसन्नता. २ दिल्लगी, हंसी, ठट्ठा. ३ सैर, भ्रमण।

तफसीर-संस्त्री० [अ० तफसीर] १ टीका. २ किसी धर्म ग्रंथ की टीका।

तफसीळ-संस्त्री० [अ० तफसील] १ विस्तृत वर्णन, ब्योरेवार वर्णन. २ टीका. ३ सूची, फेहरिस्त, फर्द।

तफावज, तफावत-संपु० [अ० तफ़ावुत] १ अन्तर, भेद, फर्क।

उ०—१ देणां उत्तर कविजणां, सुवरन अरथ सनेह। सु कवि सूम सम दाखिये, नहीं तफावज रेह।—बां.दा.

उ०—२ सारो लोग तें भेळो करि फौज बणाई, परगना रो सरवत तें खांच लीन्हो। सजा तफावत करै छै।—ठाकुर जैतसिंघ री वारता

२ दूरी, फासला।

तर्फ-संपु०—वश, अधिकार। उ०—सं० १६४० बीलाड़ो तर्फ हुवो बीलाड़ा रो तर्फ रा वाघ प्रथीराजोत नूं हुतो।

—राजा उदैसिंघ री वात

तफो-संपु०—१ समूह, दल. २ वजन, बोझा. ३ कलंक, इल्जाम.

तबंकरा-संस्त्री०—सोलंकी वंश की एक शाखा का नाम।

तब-अव्य० [सं० तदा] १ उस समय. २ इस कारण।

तबक-संपु० [अ० तबक़] १ ब्रह्मांड के कल्पित खंड जो पृथ्वी के ऊपर तथा नीचे माने जाते हैं, लोक, तल। उ०—सकल सिम्ठी का चित ही कारण, कारज बहु विध ठांणी। नांना रूप भावना नांना, चवदह तबक च्यारूं खांणी।—स्री सुखरांमजी महाराज

२ सोने चांदी के पत्तरों को ठोक कर बनाया हुआ पतला वरक. ३ परत, तह. ४ मेंढ़क की चाल. ५ घोड़े को होने वाला एक रोग विशेष जिसके कारण उसके पेट के नीचे सूजन आ जाती है।

(शा.हो.)

६ थाली। उ०—नीली सोपारी, कातली, तवक खर वडी, तबकी कायु।—व.स.

रू०भे०—तवक।

तबकगर-संपु० [अ०+फा०] सोने चांदी के वरक बेचने वाला।

अल्पा०—तबकियो।

तबकिया हड़ताळ (हरताळ)-संस्त्री०—एक प्रकार की हरताल।

(अमरत)

तबकियो—१ देखो 'तबकगर' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'तबको' (अल्पा., रू.भे.)

तबको-संपु० [अ० तबक़] १ चांदी या सोने का वरक।

२ रह-रह कर उठने वाला दर्द, चीस. ३ किसी नुकीले औजार, शस्त्र तथा नुकीली वस्तु का सीधा प्रहार। नुकीली वस्तु के चुभने का भाव।

रू०भे०—तबीड़ो, तबोड़ो।

मह०—तबकीड़, तबीड।

तबड़क-संस्त्री०—१ कूदते हुए दौड़ने की क्रिया या भाव.

२ देखो 'तबड़को' (रू.भे.)

तबड़कणी, तबड़कबो-क्रि०अ०—१ उछलते हुए दौड़ना. २ ऊंट का चारों पैर एक साथ उठाते दौड़ना।

तबड़को-संपु०—१ ऊंट का कूद कर छलांग भरते हुए दौड़ने का भाव.

२ कूदते हुए दौड़ने का भाव।

मुहा०—१ तबड़को मारणो—नाराज होकर चला जाना, नाराजगी प्रकट करना. २ तबड़को लेणो—देखो 'तबड़को मारणो'।

तबज्या-संस्त्री० [अ० तवज्जुह] ध्यान, देख-रेख। उ०—उण दिन सूं सगळा महल लोगां री तबज्या करणे लागिया।

—कुंवरसी सांखला री वारता

क्रि०प्र०—देणी।

२ कृपा-दृष्टि।

तबदील-वि० [अ०] १ जो बदला गया हो, परिवर्तित.

२ देखो 'तबदीली' (रू.भे.)

तबदीली-संस्त्री०—परिवर्तन, बदलने का कार्य।

क्रि०प्र०—करणी, होणी।
रू०भे०—तवदील।
तवर-सं०पु० [फा०] १ लम्बे दस्ते की बड़ी कुल्हाड़ी, परशु.
२ कुल्हाड़ी के आकार का लड़ाई का एक हथियार.
३ देखो 'तवरौ' (मह., रू.भे.)
रू०भे०—तव्वर।
तवरियौ—देखो 'तवरौ' (अल्पा., रू.भे.)
तवरौ-सं०पु०—एक प्रकार का वर्तन विशेष। उ०—खाडा खाया खाय, कियौ थौ खाली तवरौ। माथ चढ़ावरण मोल, परम प्रसाद है जबरौ।
—दसदेव
अल्पा०—तवरियौ।
मह०—तवर, तव्वर।
तवरक-सं०पु०—कमरपट्टे की बारूद आदि रखने की पेटी।
तवल-सं०पु० [फा०] १ बड़ा ढोल. २ नगाड़ा.
३ देखो 'तवलौ' (मह., रू.भे.) उ०—तवल नै धवकै धर धूजवइ। अरि तणां मन नु मद खूटवइं।—विराटपर्व
४ कुल्हाड़ी के आकार का एक प्रकार का शस्त्र।
उ०—असि गयंद तवल नेजा लियां, खड़े अमर भड़ रिग खळे। भागा हजार वावन भिड़े, उभै हजारां आगळे।—सू.प्र.
यौ०—तवल-वंध।
रू०भे०—तवंल, तव्वल।
तवलवंध-सं०पु०यौ०—१ युद्ध में रणभेरी या बड़ा ढोल बजाने वाला. २ तबल नामक कुल्हाड़ी के आकार का शस्त्र धारण करने वाला।
उ०—१ सूरमा सेख अति वळ समंद। वाबरी वंगाळी तवलबंध।
—वि.सं.
उ०—२ पड़ि वत्थ वळथिय हथ पड़ि, चगदायळ मुख चीवरां। बीवरां तवळबंध वांनां वहसि, खांगी वंधां खींमरां।—सू.प्र.
रू०भे०—तवलवंध।
तवलवाज-सं०पु०—तवला बजाने वाला, तबलची. २ नगाड़ा बजाने वाला. ३ तवल नामक शस्त्र को धारण करने वाला।
उ०—तवलवाज गजराज सकवंध अकवर तणा, रहचिया मीर हालै रंढाळै। 'सतै' आफाळिया भला खुरसांण सूं, काछ पंचाळ सोराठ काळै।—नैणसी
तवली-सं०स्त्री०—सारंगी नामक वाद्य के नीचे का भाग जो चमड़े से मढ़ा रहता है।
तवलियौ—देखो 'तवलौ' (अल्पा., रू.भे.)
तवलौ-सं०पु० [अ० तवल:] संगीत, नृत्य आदि के साथ ताल देने का एक प्रसिद्ध वाद्य जिसमें काठ, मिट्टी या लोहे की चद्दर के कूंड पर चमड़ा मढ़ा रहता है। इस चमड़े पर बीच में लोहचून, मंगरैल, लोईझांवै, सरेस और तेल को मिला कर बनाई हुई स्याही की गोल टिकिया जमा कर लगाई हुई होती है। यह वाजा अकेला नहीं बजाया जाता। इसी तरह के दूसरे बाजे के साथ बजाया जाता है जिसे 'बायाँ', 'डुग्गी' अथवा 'नारी' कहते हैं।
वि०वि०—साधारण बोलचाल में तवला और बायाँ अर्थात् नर और मादा को एक साथ मिला कर भी तवला कहते हैं।
मुहा०—१ तवला उतरणा—तवले की बद्धी का ढीला पड़ना.
२ तबला उतारणा—तवले की बद्धी को ढीला करना. ३ तवला चढ़ाणी—बजाने के लिए तवले की बद्धी को कसना। तवले को तनाव में लाना. ४ तवला ठणकणा—तवला बजना, तवला खनकना।
२ चूतड़।
मुहा०—१ तवला कूटणा—संभोग करना. २ तवला कुटाणा—संभोग कराना (व्यंग)
अल्पा०—तवलियौ।
मह०—तवल, तवल्ल, तव्वल।
तवल्ल—१ देखो 'तवल' (रू.भे.) २ देखो 'तवलौ' (मह., रू.भे.)
उ०—मचे जंग वेसंग हिंदू मुगळ्ळं, त्रहक्के नफेरी टमंके तवल्लं।
—रा.रू.
तवक-सं०पु० [अ० तबाक़] बड़ा थाल, परात (क्षेत्रीय)
तबाह-वि० [अ०] नष्ट-भ्रष्ट, तहस-नहस।
तवियत-सं०स्त्री० [अ० तबीयत] १ चित्त, मन, जी।
मुहा०—१ तवियत आणी—किसी से प्रेम होना. २ किसी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा होना. २ तवियत उळझणी—१ जी घवराना, २ किसी के साथ दिल का लगना, मुहब्बत हो जाना.
३ तबियत जाणी—१ किसी वस्तु पर मन चलना. २ नियत विगड़ना. ४ तवियत फड़कणी—१ उमंग से मन का प्रसन्न होना, २ जोश आना. ५ तवियत फिरना—मन में उचाट होना, जी हटना. ६ तवियत भरणी—मन में संतोष होना, तसल्ली होना.
७ तवियत लागणी—किसी पर तवियत आना, अनुराग हो जाना, चित्त को किसी कार्य में लगाना. ८ तवियत होणी—इच्छा होना।
यौ०—तवियतदार, तवियतदारी।
२ स्वास्थ्य या रोग के दृष्टिकोण से शरीर की दशा, मिजाज।
उ०—तीसूं जे वादसाह सिलांमत री तवियत जांणै थौ सौ कन्है रहियौ।—गौड़ गोपाळदास री वारता
मुहा०—१ तवियत बिगड़णी—स्वास्थ्य खराब होना, बीमार होना.
२ तवियत सुधरणी—स्वस्थ होना, स्वास्थ्य का सुधार पर होना।
३ बुद्धि, समझ, भाव. ४ प्रकृति, स्वभाव।
रू०भे०—तवीअत।
तवियतदार-वि०यौ० [अ०+फा०] १ मनचला, रसिक, रसज्ञ.
२ समझदार।
तवी—देखो 'तभी' (रू.भे.)
तवीअत—देखो 'तवीयत' (रू.भे.)

तबोड़—देखो 'तबरौ' (मह., रू.भे.)

तबोड़ौ—देखो 'तबरौ' (रू.भे.)

तबीब, तबीब—सं०पु० [अ० तबीब] वैद्य, चिकित्सक।
उ०—वैद करीजै राज पर, पावै केम गरीब। हेली दूध धपाड़ियौ, म्हारै नीम तबीब।—नी.म.

तबेलौ—सं०पु०—अस्तबल, घुड़साल। उ०—थांन वतन अरु मुलक म्हौ, पीठा चाक अमांण। सिरै तबेलै सोहिया, कूकड़ कंध केकांण।
—प्रे.रू.

तबोड़ी—सं०स्त्री०—अंग में चोट आदि लगने से अंग पर बढ़ने वाला मांस या फूला।

तबोड़ौ—देखो 'तबरौ' (रू.भे.)

तब्बर—१ देखो 'तबर' (रू.भे.) २ देखो 'तबरौ' (मह., रू.भे.)

तब्बल—१ देखो 'तबल' (रू.भे.) २ देखो 'तबरौ' (मह., रू.भे.)

तब्बी-क्रि०वि०—देखो 'तभी' (रू.भे.) उ०—मरा मीर मसूर कों दुख घाग तब्बी। ज्यों घ्रत डारा आगि में हिय पावक हुब्बी।—ला.रा.

तभी-अव्य०—१ उसी समय, उसी वक्त. २ इसी कारण।
रू०भे०—तब्बी।

तमंक-सं०पु०—क्रोध, कोप। उ०—जिण वार तमंक पावू जवांन, बिमताल भडै रोग रीठवांन।—पा.प्र.

तमंकणौ, तमंकबौ—देखो 'तमकणौ, तमकबौ' (रू.भे.)

तमंकियोड़ौ—देखो 'तमकियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तमंकियोड़ी)

तमंचय, तमंचौ-सं०पु० [फा. तमंचा] १ छोटी बंदूक, पिस्तोल. २ बहुधा दीपावली पर पोटास छोड़ने के लिए लोहे का बना एक उपकरण विशेष। उ०—जम जमडाढ़ तमंचय जास, बिढै रिण काज सजय वांणास।—प्रे.रू.
क्रि०प्र०—छूटणौ, छोडणौ।
३ दरवाजे की मजबूती के लिए दरवाजे की चौखट के बगल में लगाया जाने वाला लम्बा पत्थर।

तमंस-सं०पु०—१ श्यामता, कालिमा। उ०—सरीम मोतियां सवार, कोर भाळ केसरी। कळा तमंस बीच कीध, चंद जांणि चंदरी।
—सू.प्र.
२ अंधकार, अंधेरा।

तम-सं०पु० [सं०] १ अंधकार, अंधेरा (नां.मा.)
उ०—तुलि बैठौ तरणि तेज तम तुलिया, भूप कणय तुलता भू भाति। दिणि-दिणि तिणि लघुता प्रांमै दिन, राति राति तिणि गौरव राति।—वेलि.
२ तमाल वृक्ष. ३ राहु. ४ पाप. ५ क्रोध. ६ अज्ञान. ७ कलंक. ८ नरक. ९ सांख्य के अनुसार प्रकृति का तीसरा गुण, तमोगुण। उ०—सत रज तम रस पांच रहत रस, ता रस सूं मन लागा। यन्त्रित जरै प्रांण रस पीवै, भरम गया भै भागा।—ह.पु.वा.
सर्व०—तुम। उ०—तम छत्री तातें कहुं तोय, हम चारण आदु मीर होय।—रांमदांन लाळस
रू०भे०—तमि, तमु।
वि०—काला वर्ण, श्याम॰ (डि.को.)
क्रि०वि०—वैसे, तैसे। उ०—घम घम वाजै घूघरा, वाजै चम-चम वीच। तम तम यम 'मालू' तवै, म्यार(म) चसम म मीच।
—मयारांम दरजी री वात

तमक-सं०पु०—१ जोश, आवेश, तेजी. २ क्रोध, कोप।
उ०—सळसळ कमठ पीठ······लचक सेस रा, दहल पद कंक हक बक देस देस रा। पांण तज अनमी भरै पेस रा, तमक किण सिर बंद 'सगतेस' रा।—रांमलाल बारहठ
रू०भे०—तमख।

तमकणौ, तमकबौ—क्रि०अ०—१ तमकना, क्रोध करना।
उ०—१ तद रावजी जैतसी पर विराजी हा सू तमक'र कयौ, 'जैतसी नूं कांई दूं भाठा कै ?'—द.दा.
उ०—२ तद कान्हौ बोल्यौ तमक, मत करणा मनकर। बीरोटण पण बेखतां, नह सोभ चढ़ै नर।—ठा. झूंझारसिंह मेड़तियौ
२ आवेश दिखलाना।
तमकणहार, हारौ (हारी), तमकणियौ—वि०।
तमकाड़णौ, तमकाड़बौ, तमकाणौ, तमकाबौ, तमकावणौ, तमकावबौ
—प्रे०रू०।
तमकिओड़ौ, तमकियोड़ौ, तमक्योड़ौ—भू०का०कृ०।
तमकीजणौ, तमकीजबौ—भाव वा०।
तमंकणौ, तमंकबौ, तमक्कणौ, तमक्कबौ, तमखणौ, तमखबौ—रू०भे०।

तमकसास-सं०पु० [सं० तमकश्वास] एक प्रकार का दमा जिससे फेफड़ों में घरघराहट होती है और कंठ रुक जाता है।

तमकियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ क्रोध किया हुआ. २ आवेस में आया हुआ।
(स्त्री० तमकियोड़ी)

तमक्कणौ, तमक्कबौ—देखो 'तमकणौ, तमकबौ' (रू.भे.)
उ०—बीर बक्तर पार कै, दै तीर तमक्कै, दंत दमक्कै हीर लौं, चिनगी कि चमक्कै।—वं.भा.

तमखणौ, तमखबौ—देखो 'तमकणौ तमकबौ' (रू.भे.) उ०—तस घरे मूंछ रवतेस बोलै तमख, हुआ वेद लेख म्हैं कीध हथां।
—सूरजमल आसियौ

तमगण—देखो 'तमोगुण' (रू.भे.) उ०—गया तमगण करेह, हेता सुध बसता हिवि। कर मुझ माळ ठवेह, जळ वसां जोगी थया।—जेठवा

तमगौ—देखो 'तुकमौ' (रू.भे.)

तमचर-सं०पु० [सं० तमीचर] १ निशाचर, राक्षस (अ.मा., नां.मा.)
२ उल्लू पक्षी. ३ सूर्य (अ.मा.)
रू०भे०—तमचार, तमचारी, तमचूर, तमाचारी, तमीचर।

तमचररिपु-सं०पु० [सं० तमीचररिपु] सूर्य (क.कु.बो.)

तमचार–सं०पु०—१ संध्याकाल, सायंकाल का समय (अ.मा.)
२ देखो 'तमचर' (रू.भे.)

तमचारी–सं०स्त्री०—१ रात्रि, निशा (नां.मा.)
२ देखो 'तमचर' (रू.भे.)

तमचुर–सं०पु० [सं० ताम्रचूड] मुर्गा, कुक्कुट।

तमचूर—देखो 'तमचर' (रू.भे.)

तमछीर–वि०—श्वेत कृष्ण वर्ण* (डि.को.)

तमजा–सं०स्त्री०—१ पार्वती. २ दुर्गा।

तमजारण–सं०पु० [सं० तमोदारण] सूर्य। उ०—अरघ दीध अरक नूं, जयौ जगमण **तमजारण**।—भगवान रतनू

तमजाळ–सं०पु०—अंधेरा, तिमिर।

तमणियौ, तमण्यौ–सं०पु०—स्त्रियों द्वारा धारण किया जाने वाला गले का एक जेवर।
उ०—हिवड़ा नै हार ज लावजो, म्हारै हिवड़ा नै हार ज लाव जो। म्हारै **तमण्यौ** पाट पड़ावजो, हो भंवर म्हांनै खेलण द्यौ गणगौर।
—लो.गी.

तमतमाणौ, तमतमावौ–क्रि०अ० [सं० ताम्र] १ धूप या क्रोध के कारण चेहरा लाल होना, तमतमाना. २ चमकना. ३ कोप करना।
तमतमाणहार, हारौ (हारी), तमतमाणियौ—वि०।
तमतमायोड़ौ—भू०का०कृ०।
तमतमाईजणौ, तमतमाईजवौ—भाव० वा०।

तमतमायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ क्रोध या धूप से लाल पड़ा हुआ, तमतमाया हुआ।
(स्त्री० तमतमायोड़ी)

तमतमाहट–सं०स्त्री०—तमतमाने का भाव।

तमतमौ–वि०—१ तीक्ष्ण स्वाद का, चरपरा, चटपटा।
उ०—पापड़ नि पापड़ी, सू जमसि जीभ बापड़ी? तीखा **तमतमां** राईतां, मीठां मधुरां, गळयां, तळयां, मचमचां इस्यां सालणा तणी युगति।—व.स.
२ क्रोधयुक्त।

तमता–सं०स्त्री० [सं०] तम का भाव, अंधेरा।

तमनास–सं०पु०—दीपक (ह.नां.)

तमनीत–सं०स्त्री० [सं० तमोनीत] रात्रि (अ.मा.)

तमपा—देखो 'तंपा' (रू.भे.)

तमप्रभ–सं०पु० [सं०] एक नरक (पौरा.)

तममात्री–सं०स्त्री०—रात्रि, निशा। (नां.मा.)

तममाळ–सं०पु०—राहु। उ०—खितसाल खळां **तममाळ** तिसौ, भ्रम ढाल धरा अवढाल इसौ।

तमरंग–सं०पु०—एक प्रकार का नींबू।

तमर–सं०पु० [सं० तिमिर] अंधेरा, अन्धकार (डि.को.)

तमरार–सं०पु० [सं० तिमिर+अरि] सूर्य (अ.मा.)

तमरिप, तमरिपि–सं०पु० [सं० तम+रिपु] प्रकाश (ह.नां.)

तमवाळी–सं०स्त्री०—रात्रि, निशा (डि.को.)

तमस–सं०पु० [सं० तमस्] १ अन्धकार, अंधेरा (ह.नां.)
उ०—सब **तमस** मिटियौ प्रगट्यौ सराह।—ध.व.ग्रं.
२ अज्ञान का अंधकार. ३ तमोगुण।

तमसा–सं०पु० [सं०] १ तमसा नदी, टौंस नाम की नदी।
उ०—विसवामित्र प्रसन्न वर, **तमसा** तटि निसि तांम।—रांमरासौ
स्त्री०—रात्रि (नां.मा.)

तमसि, तमसी–सं०स्त्री०—रात्रि (ह.नां.)

तमस्र—देखो 'तमिस्र' (रू.भे.) (ह.नां.)

तमस्वती, तमस्विनी–सं०स्त्री० [सं० तमस्विनी] १ रात्रि, रात.
२ हल्दी।

तमस्सुक–सं०पु० (अ०) वह लिखित पत्र जो ऋण प्राप्तकर्ता ऋण के प्रमाण-स्वरूप लिख कर ऋणदाता को देता है। ऋणपत्र, दस्तावेज।

तमहडी–सं०स्त्री०—हांडी के आकार का एक ताम्रपात्र।

तमहर—देखो 'तमोहर' (रू.भे.)

तमां–सर्व०—तुम।
कहा०—आज हमां तौ काल तमां—आज हम तो कल तुम, संसार में परस्पर एक दूसरे व्यक्ति से काम पड़ता ही है।

तमांम–वि० [अ० तमाम] १ सब, संपूर्ण, कुल, पूरा।
उ०—रात दिवस हिक रांम, पढ़िए जो आठूं पहर। तारे कुटंब **तमांम** मिटै चौरासी मोतिया।—रायसिंह सांदू
रू०भे०—तम्मांम।

तमास्ती–सर्व०—तुम, तुम्हारी। उ०—वाजबी है—**तमास्ती** री पगरखी खिसकावां हां'र दिन तोड़ां हां।—वरसगांठ

तमा–सं०स्त्री० [सं० तम] १ अंधेरा. २ रात, रात्रि।

तमाकु, तमाकू, तमाखू–सं०स्त्री० [पुर्त० टबैको] एशिया, अमेरिका तथा उत्तर यूरोप में अधिकता से पाया जाने वाला प्रायः तीन से छः फुट की ऊंचाई का एक पौधा जिसकी पत्तियों को लोग नशे के लिए खाते, पीते तथा सूंघते हैं। इसके पते १ से २ फुट तक लम्बे, विषाक्त और नशीले होते हैं। भारत में विभिन्न प्रांतों में भिन्न-भिन्न समय पर इसकी फसल तैयार की जाती है। पौधे पर ही जब पत्ते पीले पड़ने लगते हैं तब उन्हें काट कर धूप में सुखा लिया जाता है और सूखने पर ये ही पत्ते नशे के लिए भिन्न-भिन्न रूपों में काम में लिए जाते हैं।
वि०वि०—अमेरिका की खोज के पूर्व एशिया एवं यूरोप महाद्वीप के निवासी तमाकू के व्यवहार से पूर्ण अनभिज्ञ थे। सन् १४९२ में जब कोलंबस सर्व प्रथम अमेरिका पहुंचा, तब उसने वहाँ के लोगों को तमाकू के पत्ते चबाते और इसका धूंआँ पीते देखा। सन् १५३९ में स्पेन वाले इसे पहले-पहल यूरोप ले गए थे। भारत में इसे पहले-पहल पुर्तगाली पादरी लाए थे। सन् १६०५ में असदबेग ने बीजापुर में देखा

का पौदा वहां से इस पत्ते सहित लिस्बन ले गया। धीरे-धीरे इसका प्रचार बहुत बढ़ गया। आज समस्त संसार में इसका प्रचार इतना हो गया है कि प्रायः पुरुष, स्त्रियां, बच्चे, बूढ़े सभी किसी न किसी रूप में इसका प्रयोग करते हैं। कुछ इसके पत्तों को चूर कर खाते हैं, कुछ इसके महीन चूर्ण को सूंघते हैं तथा अन्य धूआं खींचने के लिए नली में या चिलम पर जलाते हैं।

उ०—१ नमक तमाकू चूगनो, कुत्तो न चाबै काग। ऊंट टाट खावै न खा, घरणौ जाण अभाग।—ऊ.का.

उ०—२ ध्यांन तमाकू धरै ध्यांन गुण कुछ गडांनूं। दोष हाय प्रभु दिया एक दियो पड़ांनूं।—ऊ.का.

क्रि०प्र०—खाणी, पीणी, बाळणी, सूंघणी।

मुहा०—१ तमाकू चढ़णी—नशा हो जाना. २ तमाकू भरणी—१ तमाकू का धूंआ पीने के लिए चिलम या हुक्का तैयार करना, २ खुशामद करना।

रू०भे०—तंबाकू, तंबाखू, तमाकू, तमाखू, तम्माकू।

तमाचारी—देखो 'तमचर' (रू.भे.) (नां.मा.)

तमाचो-सं०पु० [फा० तबान्चः] १ हथेली और उंगलियों का गाल पर किया हुआ प्रहार। तमाचा, थप्पड़, झापट।

क्रि०प्र०—भरणो, देणो, मारणो, लगाणो।

२ तमाशा, खेल।

तमादी-सं०स्त्री० [अ०] किसी लेन-देन अथवा बात आदि की अवधि या मियाद गुजरने का भाव।

तमार-सं०पु०—एक प्रकार का वृक्ष। उ०—पाडर पुन रांयन तरु तमार। तहां मरु बकायन सरस तार।—मयारांम दरजी री वात

तमारा-सर्व०—तुम्हारा। उ०—मुर भुयणां रा महंत तोत्र दरबार तमारा। वहै मेरकिमेर हमैं गिमि पाप हमारा।—पी.ग्रं.

तमारि-सं०पु० [सं०] सूर्य।

तमारू-सर्व०—तुम्हारा। उ०—गरना डूंगर जागिया, फरवयां वेणु-वन। मेह तमारू मन, चकोळ ज्यूं वरड़ा घणी।—जेठवा

तमारौ-सर्व०—तुम्हारा।

तमाळ-सं०पु० [सं० तमाल] १ एक वृक्ष विशेष जिसकी ऊंचाई लगभग २०-२५ फुट होती है और जिसके पत्ते तेजपात और छाल दाल-चीनी कहलाती है।

यौ०—तमाळपत्र।

२ वरुणवृक्ष. ३ 'पिंगळ सिरोमणि' के अनुसार १६ गुरु और १६ लघु का छंद विशेष, इसका दूसरा नाम करभ भी है. ४ अन्त में एक गुरु लघु सहित उन्नीस मात्रा का मात्रिक छंद विशेष।

सं०स्त्री०—५ एक प्रकार की तलवार. ६ मूर्छा, बेहोशी।

उ०—होस उडै फाटै हियो, पड़ै तमाळां आय। देखे जुव तमवीर द्रग, मावड़िया मुरझाय।—बां.दा.

तमाळक-सं०पु०—१ तमालवृक्ष. २ तेज-पत्ता. ३ बांस की छाल।

तमाळी-सं०स्त्री०—१ ताम्रवल्ली नाम की लता. २ वरुण वृक्ष. ३ तमाल वृक्ष।

तमास-सं०पु० [अ० तमाशः] तमाशा, खेल, क्रीड़ा।

उ०—थाकिया वीर मदधार छाक, टहरू नगार वज चंड डाक। रंभा'र हूर मिळ करत रास, तिण वार सूर देखे तमास।—वि.सं.

तमासगीर-सं०पु० [अ० तमाशः+फा० गीर] १ तमाशा देखने वाला।

उ०—तमासगीर लोग घणा ही लारै-लारै लागियो आवै, सगळा वाह-वाही करै।—राठोड़ ठाकुरसी जैतसिंघोत री वारता

२ तमाशा करने वाला। उ०—खालक सम तमासगीर नेड़ा न अळगा।—केसोदास गाडण

तमासबीन-सं०पु० [अ० तमाशः+फा० बीन] देखो 'तमासगीर'।

तमासबीनी-सं०स्त्री० [अ० तमाशः+फा० बीन+रा०प्र०ई] खेल या तमाशा देखने का कार्य।

तमासय—देखो 'तमासौ' (रू.भे.) उ०—अड़ियल सूर भिड़ेय आरांण, भाळै रथ थांभ तमासय भांण। खिले मिळ खेचर भूचर ख्याल, हलै संग जोगण देख हवाल।—प्रे.रू.

तमासाई-सं०पु०—तमाशा देखने वाला।

तमासागीर—देखो 'तमासगीर' (रू.भे.)

तमासू, तमासौ-सं०पु० [अ० तमाशः] वह दृश्य या क्रीड़ा जिसके देखने से मनोरंजन हो। तमाशा, खेल। उ०—सो इसड़ा तो चोख रा तमासा म्होकमसिंघ किताई कीधा।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

क्रि०प्र०—करणौ, कराणौ, देखणौ, होणौ।

मुहा०—तमासा करणौ—हंसी-मजाक करना, दिल्लगी करना।

तमि, तमी-सं०स्त्री० [सं० तमी] १ रात्रि (ह.नां.) २ देखो 'तम' (रू.भे.)

तमिनाथ-सं०पु० [सं०] चन्द्रमा, निशिनाथ।

तमियौ-सं०पु०—मिट्टी का पात्र विशेष। उ०—कूट छांट कर तमियौ भर ल्यायी, गेरचौ हांडी मांय। खरण-खरण हांडी खरणावै, भाग ऊफण्या जाय।—लो.गी.

कहा०—तमियौ सिरांणै धर नै सोणौ—मिट्टी के पात्र आदि हीन वस्तु को भी सिरहाने रख कर सोना, दरिद्र होना, गरीबी में दिन तोड़ना।

तमिस्र-सं०पु० [सं०] १ अंधेरा, अंधकार।

यौ०—तमिस्र पक्ष।

२ क्रोध, गुस्सा. ३ एक नरक (पौरा.)

रू०भे०—तमस्र।

तमिस्रपक्ष-सं०पु० [सं०] किसी मास का कृष्णपक्ष।

तमिस्रा-सं०स्त्री० [सं०] अंधेरी रात, निशा।

तमी-सं०स्त्री० [सं०] रात्रि, निशा। उ०—सो सुणतां ही तिण ही अवसेस तमी रा अंधकार में मांगळियांणी स्वकीय सुत चूंडा समेत आपरी वसी री एक जाट ओठीपै साथ आयो।—वं.भा.

तमीचर—देखो 'तमचर' (रू.भे.)

तमीज–सं०स्त्री० [ग्र०] १ भले और बुरे को पहिचानने की शक्ति, विवेक, ज्ञान. २ अदब, कायदा।

तमीणौ–सर्व० (स्त्री० तमीणी) तुम्हारा। उ०—हंजा **तमीणौ** हेत, सर सारौ ही डोहियौ। सर में पंखी ढेर, नहीं मुग्रावे हंज रै।

तमीपति–सं०पु० [सं०] निशापति, चंद्रमा।

तमीसत–सं०पु०—चंद्रमा।

तमु—देखो 'तम' (रू.भे.)

तमुक्काय–सं०पु० [सं० तमस्काय] अन्धकार (जैन)

तमूरौ—देखो 'तंबूरौ' (रू.भे.)

तमूळ—देखो 'तंबूळ' (रू.भे.)

तमे–सर्व०—तुम।

तमेलौ–सं०पु०—किसी भवन के तीसरे खंड की छत, हवेली की सबसे ऊपरी छत।

तमोगण—देखो 'तमोगुण' (रू.भे.)

तमोगणी—देखो 'तमोगुणी' (रू.भे.) उ०—चख चोळ मूंछ भूंहां चढ़ी, तांमस ऊठि **तमोगणी**। मेह री गाज जांणै मरद, सारदूळ कांनां सुणी।—मे.म.

तमोगुण–सं०पु०—सांख्य के अनुसार प्रकृति का तीसरा गुण जिसके प्राधान्य से मनुष्य विवेकहीन कार्य करता है।

रू०भे०—तमगण, तमोगण।

तमोगुणी–वि०—जिसकी प्रकृति में तमोगुण की प्रधानता हो, मध्यम-वृत्ति वाला, अहंकारी, क्रोधी।

रू०भे०—तमोगणी।

तमोघण, तमोघन–सं०पु० [सं० तमोघ्न] १ अग्नि. २ चंद्रमा. ३ सूर्य।

तमोटी–सं०स्त्री०—सोते समय चद्दर आदि ओढ़ने की क्रिया विशेष जिसमें ओढ़ने वाला वस्त्र का एक छोर सिर के नीचे दवे एवं दूसरा छोर दोनों पैरों के बीच दवे तथा दोनों छोरों का कपड़ा खूब तना हुआ रहे। उ०—ना मनै माळी सींच्यौ ना मेरी जड़ गई पताळ, सूत्यौ गूगो चौहांण जी कोई सूत्यौ ए **तमोटी** तांण—लो.गी.

तमोतम–सं०पु०—गहन अंधकार, घोर अंधकार।

तमोदरसन–सं०पु० [सं० तमोदर्शन] वह ज्वर जो पित्त के प्रकोप से उत्पन्न हो।

तमोनुद–सं०पु० [सं०] १ ईश्वर. २ चंद्रमा. ३ अग्नि।

तमोभिद–सं०पु० [सं०] १ जुगनू २ दीपक।

वि०—अंधकार को दूर करने वाला।

तमोमणि–सं०पु० [सं०] जुगनू।

तमोमय–वि० [सं०] १ तमोगुणयुक्त, क्रोधी. २ अज्ञानी. ३ अंधकार-युक्त।

सं०पु० [सं०] राहु।

तमोर—देखो 'तमोळ' (रू.भे.)

तमोरी—देखो 'तंबोळी' (रू.भे.) उ०—ग्राप मिळ्यां विन कळ न पड़त है, त्यागे तिलक **तमोरी**। मीरां के प्रभु मिळज्यौ माधौ, सुणज्यौ अरजी मोरी।—मीरां

तमोळ–सं०पु०—१ तांबूल, पान बीड़ा. २ उमंग।

उ०—पुटियां टोळ पंचोळ, चोळ चंगै चित आळां। झांमर झोळ **तमोळ**, मोळ मन मकड़ी जाळां।—दसदेव

३ क्रोध, गुस्सा।

तमोळी—देखो 'तंबोळी' (रू.भे.)

उ०—सांझ पड़ै दिन आथवै रे, **तमोळण** लावै पांन।—लो.गी. (स्त्री० तमोळण)

तमोविकार–सं०पु० [सं०] तमोगुण के कारण उत्पन्न होने वाला विकार।

तमोहंत–सं०पु० [सं०] दस ग्रहों में से एक।

तमोहपह–सं०पु० [सं०] १ सूर्य. २ चंद्रमा. ३ अग्नि. ४ ज्ञान।

वि०—अंधकार दूर करने वाला, अज्ञानता हटाने वाला।

तमोहर, तमोहरि–सं०पु० [सं०] १ सूर्य. २ चंद्र. ३ अग्नि. ४ ज्ञान।

वि०—१ अंधकार हरने वाला. २ अज्ञान दूर करने वाला।

रू०भे०—तमहर।

तम्माकू—देखो 'तमाकू' (रू.भे.)

तम्मांम—देखो 'तमांम' (रू.भे.)

तम्हं–सर्व०—तेरे, तुम्हारे, तुझे।

तम्हां–सर्व०—तुम।

तम्हारा–सर्व०—तुम्हारा।

तम्हीणां, तम्हीणा, तम्हीणौ–सर्व०—तुम्हारा, आपका।

उ०—हरि जस रस साहस करै हालियौ, मो पंडिता वीनती मोख। अम्हीणा **तम्हीणै** ग्राया, स्रवण तीरथे वयण सदोख।—वेलि.

तम्हे–सर्व०—तुम। उ०—**तम्हे** कहौ त्रिभुवन नौ राजा त्रीजौ खंड महीनऊं।—रुकमणी मंगळ

तय–सं०पु० [ग्र०] १ निश्चित, स्थिर. २ पूरा किया हुआ, समाप्त।

क्रि०प्र०—करणौ, कराणौ, होणौ।

३ निर्णीत, फैसला प्राप्त।

तयांळी, तयांळीस—देखो 'तंयाळीस' (रू.भे.)

तयांळीसौ—देखो 'तंयाळीसौ' (रू.भे)

तयांसी—देखो 'तंइयासी' (रू.भे.)

तयार—देखो 'तैयार' (रू.भे.) उ०—तद कुंवरसी ऊठ सूथण पहर नै झिलम टोप वखतर पहर **तयार** हुवौ।—कुंवरसी सांखला री वारता

तयारी—देखो 'तैयारी'। उ०—सो उण वरड़ी सूं सांम्है मेड़तौ ज्यूं री त्यूं नजर आवै तींसूं फौज ग्राई देख मांहिला पण **तयारी** करणे लागिया।—मारवाड़ रा ग्रमरावां री वारता

तयाळीसौ, तयाळौ—देखो 'तंयाळीसौ' (रू.भे.)

तय्यार—देखो 'तैयार' (रू.भे.) उ०—ग्रै तौ पांचसौ आदमी थां निमित्त **तय्यार** हुवा छै।—पलक दरियाव री वात

तरंग-सं०पु०—१ तालाब, सरोवर। उ०—तरां जड़ ऊपड़ै भरां नूंकै तरंग।

२ मौज. ३ एक सुरूप रंग का घोड़ा विशेष. ४ ग्रंथ का अध्याय या विभाग विशेष।

सं०स्त्री०—५ हवा से पानी में आने वाला उछाल, लहर, हिलोर। उ०—सायर सारा मांह सा, केसर जिसा कुरंग। मैला मोती मानसा, मोटा सिंधु तरंग।—अज्ञात

पर्या०—ऊर्मी, उमळ, उमल्ल, उमेल, उतकलिका, उरमी, उळधी, निलोळ, कावळी, छोळ वेर, वेळ, भंग, भ्रमर, लहर, लहरी, वेळा, वेळावळ, हिलोळ।

क्रि०प्र०—उठणी।

६ मन की मौज, उमंग। उ०—१ आ वात सुणसी-सुणावसी ज्यांनै कंद्रप की फळ आछो दरसावसी। इण में नवरस की तरंग निजर आवसी।—पनां वीरमदे री वात

उ०—२ भवसागर में नवसै नदियां, उलट वाही में जाही। दुख-सुख तरंग उठै वहुतेरी, तीन लोक दुख पाही।

—श्री हरिरांमजी महाराज

मुहा०—तरंग आणी—उमंग उठना, मौज मनाना, सनक आना।

यौ०—तरंगवाज।

७ संगीत की स्वर-लहरी, स्वरों का उतार-चढ़ाव. ८ हाथ में पहिनने की एक प्रकार की चूड़ी जो सोने के तार को उमेठ कर बनाई जाती है।

तरंगक-सं०पु० [सं०] १ पानी की लहर. २ स्वरों का उतार-चढ़ाव, स्वर-लहरी।

तरंगण, तरंगणी, तरंगनि, तरंगनी-सं०स्त्री० [सं० तरंगिणी] नदी, सरिता (ह.नां.) उ०—उमंगी सुरखी कुच कोर कढ़ी, मनु वूडनि कंज कलीनि चढ़ी। अवळी तन रोम तरंगनि सी, मधु सिंधु में नाभिय कंज लसी।—ला.रा.

रू०भे०—तरंगिणी।

तरंगवाज-वि० [सं० तरंग+फा.प्र. वाज़] १ उमंग वाला, मौजी. २ सिनकी।

तरंगभीरु-सं०पु० [सं०] चौदहवें मनु के एक पुत्र का नाम।

तरंगभ्रजण-सं०पु० [सं० तरंग-भ्राजन] जल, पानी (ना.डि.को.)

तरंगवती-सं०स्त्री० [सं०] नदी (डि.को.)

तरंगाळि, तरंगाळी-सं०स्त्री० [सं० तरंग+आलुच्] नदी, सरिता।

तरंगिणी—देखो 'तरंगणी' (रू.भे.)

तरंगित-वि० [सं०] लहरता हुआ, हिलोर भरता हुआ।

तरंगी, तरंगीलो-वि० [सं० तरंग+रा.प्र. ई, इलो] १ तरंगयुक्त. २ मनमौजी, मनोनुकूल करने वाला. ३ वेपरवाह. ४ सिनकी।

तरंज-सं०स्त्री०—लाख की बनी हुई एक प्रकार की चूड़ी जिसे केवल सधवा स्त्री अपनी कलाई में धारण करती है।

तरंजणग्रयी-सं०पु०—लोहा (अ मा.)

तरंड-सं०पु० [सं०] १ नाव, नौका (ह.नां.) २ नाव खेने का डांड. ३ वृक्ष। उ०—उचंड नवखंड तरंड ऊडंड, मंड कुमंड प्रभु वहे सर नंड।—सू.प्र.

तरंत-क्रि०वि०—१ जोर से, तेजी से। उ०—उत्तर आज स उत्तरउ, पाळउ पड़इ तरंत। माळवणी इम वीनवइ, हूं किम जीवूं कंत।

—ढो.मा.

२ देखो 'तुरंत' (रू.भे.)

सं०पु० [सं०] १ समुद्र. २ मेंढ़क।

तरंती-सं०स्त्री० [सं०] नाव, नौका।

तरंद-सं०पु० [सं० तरु+इन्द्र] कल्प-वृक्ष (डि.को.)

तर-सं०पु० [सं० तरु] १ वृक्ष, पेड़। उ०—तर घर सूका नदी तड़ागा।—ऊ.का.

यौ०—तरअरि।

२ तैरने की क्रिया या भाव।

[सं०] ३ पार होने या करने की क्रिया. ४ अग्नि।

[सं० त्वरा] ५ वेग (अ.मा.)

सं०स्त्री०—६ मस्ती में आए हुए ऊंट की नाक की वालियों से बांधी जाने वाली खींप के रेशों, ऊंट की पूंछ के बाल या जटा की बनी रस्सी।

रू०भे०--तरक, तरक्का।

वि०—[फा०] १ भीगा हुआ, गीला, नम।

मुहा०—तर होणी—१ पूर्ण आर्द्र होना, गीला होना. २ सजल नेत्र होना।

२ शीतल, ठंडा।

मुहा०—तबियत तर होणी—जी ठंडा होना, दिली प्रसन्नता होना।

३ हरा-भरा, जो सूखा न हो. ४ मालदार, भरा-पूरा। ज्यूं—तर आसांमी। ५ गहरा हरा, (एक रंग)। उ०—वाबहिया तर-पंखिया, तइं किउं दीन्ही लोर। मइं जांण्यउ प्रिउ आवियउ, सराहर चंद चकोर।—ढो.मा.

अव्य०—तो। उ०—जन हरिदास कमोदनी, इस्ट एक विसारा। ससि निवस्यां विकसै भलौ, नहीं तर रहै उदास।—ह.पु वा.

क्रि०वि०—१ तले, नीचे। उ०—पीछे पड़गनो खीचियावाड़ री सू तर री धरती गांव १४० खीची देवराज मांनसिघोत नूं मार लियो।

—द.दा.

२ शीघ्र, जल्दी (ह.नां.) ३ शनैः, धीरे। उ०—यूं तर तर पड़ता दिन आसी, जीहा कर पद चख थक जासी। पाकड़ जम घातेला पासी, पापी इण दिन नै पछतासी।—वगसीरांम लाळस

यौ०—तर-तर।

प्रत्य०—गुणवाचक शब्दों के आगे लगाया जाने वाला प्रत्यय। इसका प्रयोग एक वस्तु का गुण दूसरी की अपेक्षा अधिक बताने के लिए किया जाता है।

तरग्ररी–सं०पु०यौ० [सं० तरु+ग्ररि] हाथी (ग्र.मा.)
तरई–सं०स्त्री० [सं० तारा] नक्षत्र (जैन)
तरक–सं०स्त्री० [सं० तर्क] १ विचार-विमर्श, सोच-विचार।
क्रि०प्र०—करणी।
यौ०—तरक-चरचा।
२ विचार। उ०—उनसे तुम्हारा घणा इकळास था तौ जो बात तुमने भेळ बैठ कर करी उसका तरक करी।—पदमसिंघ री वात
३ देखो 'तर' ६ (रू.भे.)
रू०भे०—तरक्क।
तरकक–सं०पु०—१ तर्क करने वाला, विचार करने वाला.
२ याचक।
तरकणौ, तरकबौ—देखो 'तड़कणौ, तड़कबौ' (रू.भे.)
तरकवितरक–सं०पु०यौ० [सं० तर्कवितर्क] १ सोच-विचार, विचार-विमर्श. २ वादविवाद, बहस।
तरकस–सं०पु० [फा० तरकश] तीर रखने का चोंगा, तूणीर।
उ०—पतळी सी केळ थी उणसूं तरकस टांक जाजम बिछाय बैठा।
—ठाकुर सी जैतस्योत री वारता
पर्या०—उपासंग, तरकस, तून, तूनीर, निखंग, भाथौ, विसखधाम, सरधि।
रू०भे०—तरगस, तरगस्स।
ग्रल्पा०—तरकसी।
तरकसासतर–सं०पु० [सं० तर्कशास्त्र] १ वह शास्त्र जिसमें उचित तर्क या विवेचना ग्रादि करने के नियम लिखे हों। सिद्धान्तों का खंडन व मंडन बताने वाली विद्या. २ न्याय शास्त्र।
तरकसी—देखो 'तरकस' (ग्रल्पा., रू.भे.)
तरकाभास–सं०पु० [सं० तर्काभास] ऐसा तर्क जो उचित न हो, कुतर्क।
तरकारी–सं०स्त्री० [फा०तर:+कारी] १ वह पौधा जिसकी पत्ती, जड़, डंठल, फल-फूल ग्रादि पका कर भोजन के साथ खाने के काम में लेते हैं। शाक, सागपात, भाजी। उ०—पांणी घटै तंद मांहै वेरी दोय सौ च्यार सौ ग्राखारी सी हुवै छै। ऊपर छोंतरा, गेहूँ, तरकारी हुवै।—नैणसी
२ खाने के लिए पकाया हुग्रा इसी प्रकार के पौधे का फल-फूल पत्तियां ग्रादि। शाक-भाजी।
३ पका हुग्रा खाने योग्य मांस।
तरकी–सं०स्त्री०—१ फटे हुए वस्त्र पर लगाया हुग्रा ग्रन्य कपड़े का जोड़, थिगरी। उ०—दरजी 'ग्रमरेस' बणाई दोमझ, तरकी सुजड़ कूंत खग तीर। रोम रोम खीलांणौ रावत, सिध कंथा ताहरौ सरीर।
—महारांणा ग्रमरसिंघ री गीत
[सं० ताडंकी] २ कान में पहनने का फूल के ग्राकार का एक गहना।
[रा०] ३ देखो 'तरक्की' (रू.भे.)
वि०—तर्क करने वाला।

तरकीब–सं०स्त्री० [ग्र०] युक्ति, उपाय।
क्रि०प्र०—लागणी, सोचणी।
२ शैली, प्रणाली, तरीका. ३ संयोग, मेल।
तरकुंज–सं०पु०यौ०—कुंज (ग्र मा.)
तरक्क—१ देखो 'तरक' (रू.भे.) २ देखो 'तर' (६) (रू.भे.)
उ०—तनै दाखवै जोसवाळी तरक्कां। करैदांत ग्रालावता क्रासळक्कां।
—रा.रू.
तरक्कणौ, तरक्कबौ–क्रि०ग्र०—१ जोर से ग्रावाज करना, जोश से बोलना। उ०—सुत 'द्याळ' 'मध कर' सांम छळ, तोले खाग तरक्कियौ। ऊपड़ै वहै न ऊगतां, ग्रालमसाह ग्रटक्कियौ।—रा रू.
२ तर्क करना, बहस करना। उ०—किता ग्रग्र पाछै किता चक्र कुंडे। तरक्कै किता साहता वाह तुंडे।—रा.रू.
३ देखो 'तड़कणौ, तड़कबौ' (रू.भे.)
तरक्कियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ जोर से ग्रावाज किया हुग्रा, जोश से बोला हुग्रा. २ तर्क किया हुग्रा, बहस किया हुग्रा.
३ देखो 'तड़कियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तरक्कियोड़ी)
तरक्की–सं०स्त्री० [ग्र०] उन्नति, वृद्धि, बढ़ती।
रू०भे०—तरकी।
तरक्र–सं०पु० [सं० तर:+क्र=तरस्क्र] हरिण (ग्र.मा.)
तरक्षु–सं०पु० [सं०] लकड़बग्घा (डिं.को.)
रू०भे०—तरच्छ, तरच्छु।
तरखांसी–सं०स्त्री०यौ०—वह खांसी जिसमें बलगम ग्राता हो।
तरखा–सं०स्त्री० [सं० तृषा] १ प्यास. २ इच्छा. ३ लोभ।
तरगस, तरगस्स—देखो 'तरकस' (रू.भे.) उ०—१ जिसड़ै साथ ग्रायौ तिसड़ै हांसू नांखि तरगस-री खोळी ग्रर कबांण पकड़ी जिकै नूं तीर वाहै सू गुड़दा-पेच कबूतर दाई ग्रळगौ जाइ पड़ै।
—कंगूरै वळोच री वात
उ०—२ वे वे कवांण तरगस्स वंध, ग्रसुरांण कंध गिड़ जोम ग्रंध।
—सू.प्र.
तरगसबंध–सं०पु०यौ०—तीर-तरकश धारण करने वाला, योद्धा।
उ०—मिरजै इब्राहम री फौज विचळी पणि मिरजै रै तरगसबंधै कहियौ पातिसाह थोड़ै साथ सेती छै।—द.वि.
तरड़णौ, तरड़बौ–क्रि०ग्र०—१ पशु का पतला मल निकलना.
२ क्रोध करना, कोप करना, गुस्सा करना।
तरड़ाणौ, तरड़ावौ–क्रि०स०—१ पतली दस्त करवाना (पशु)
२ क्रोध कराना।
तरड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ पतला मल किया हुग्रा (पशु)
२ गुस्सा किया हुग्रा, क्रोध किया हुग्रा।
(स्त्री० तरड़ियोड़ी)
तरड़ौ–सं०पु०—१ पशु का पतला मल. २ कुपित होकर ग्रावाज देने

का भाव, मिजाजी. ३ गर्म पानी या क्वाथ आदि का छींटे डालते हुए किया जाने वाला फिक्कार।

तरक्ख, तरक्खु—संपु० [सं० तरक्ष] १ देखो 'तरखु' (रू.भे.) [सं० तार्क्ष्य] २ गरुड़, पक्षीराज।

तरच्छौ—देखो 'तिरछौ' (रू.भे.) उ०—संजम जप तप सांपरत, व्रत सुध सील विचार। भांत तरच्छी देखतां, जीता समघा जांण।
—वां.दा.

(स्त्री० तरच्छी)

तरछणौ, तरछवौ—देखो 'तरसणौ, तरसवौ' (रू.भे.)

तरछाणौ, तरछावौ—देखो 'तरसाणौ, तरसावौ' (रू.भे.)

तरछायोड़ौ—देखो 'तरसायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तरछायोड़ी)

तरछावणौ, तरछाववौ—देखो 'तरसाणौ, तरसावौ' (रू.भे.)
उ०—मोळी अति मूंघी गनो, प्यारो घर रो पीव। देस पराई गोरड़ी, यूं तरछावै जीव।—पना वीरमदे री वात

तरछावियोड़ौ—देखो 'तरसायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तरछावियोड़ी)

तरछियोड़ौ—देखो 'तरसियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तरछियोड़ी)

तरछौ—देखो 'तिरछौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तरछी)

तरछोळ-वि०—१ तरंगी, मनमौजी. २ चालाक, धूर्त।

तरज-संस्त्री० [अ० तर्ज] १ गीत या गायन की लय, राग।
क्रि०प्र०—निकाळणी, बैठावणी, सुणावणी।
संपु० [सं० तर्ज्ज] २ बादल (अ.मा.)

तरजणी-संस्त्री० [सं० तर्ज्जनी] अंगूठे की पास की उंगली, तर्जनी।

तरजणीमुद्रा-संस्त्री० [सं० तर्जनीमुद्रा] तंत्र की एक मुद्रा जिसमें बायें हाथ की मुट्ठी बांध कर तर्जनी और मध्यमा को फैलाते हैं।

तरजणौ, तरजवौ-क्रि०अ० [सं० तर्जनम्] १ डांटना, डपटना, धमकाना, डराना। उ०—आपरा अंगज में आई असाधारण आपदा ईखि मंडोवर रा महीप हम्मीर री माता बूंदी रा नरेस हम्मीर री सासू मंडोवर ही द्विजां नूं देण री जणाइ आपरा अप्रतिभ तनुज नूं तरजियौ।—वं.भा.
२ संकेत करना। उ०—वो'रा थळ विहुणां तिल खळवत तरजै। बूढ़ी चेली नै साधू ज्यूं बरजै।—ऊ.का.
तरजणहार, हारौ (हारी), तरजणियौ—वि०।
तरजवाड़णौ, तरजवाड़वौ, तरजवाणौ, तरजवावौ, तरजवावणौ, तरजवाववौ, तरजाड़णौ, तरजाड़वौ, तरजाणौ, तरजावौ, तरजावणौ, तरजाववौ—प्रे०रू०।
तरजिओड़ौ, तरजियोड़ौ, तरज्योड़ौ—भू०का०कृ०।
तरजीजणौ, तरजीजवौ—भाव वा०।
तरजणौ, तरजवौ—रू०भे०।

तरजमौ—देखो 'तरजुमौ' (रू.भे.)

तरजियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ डांटा हुआ, धमकाया हुआ. २ संकेत किया हुआ।
(स्त्री० तरजियोड़ी)

तरजुई-संपु० [फा० तराज़ू] छोटी तराजू।

तरजुमौ-संपु० [अ० तरजुमा] भाषानुवाद, भाषांतर, उल्था।
उ०—पातसाह अकबर फिरंग रा पातसाह कनै सय्यद मुजफ्फर नूं वकील मेलियौ, रात लिख दीनौ, तौरत अंजील जबूरआं किताबां रो तरजुमौ मगायौ।—बां.दा.ख्यात
क्रि०प्र०—करणौ।
रू०भे०—तरजमौ।

तरझंगर-संपु०—१ वृक्ष समूह, झाड़-झंखाड़।
उ०—द्वादस कोस अजाद है, ओयण तरझंगर। सरणै आवै जगत सो, प्रतपाळ करै पर।—ठा. जूझारसिंघ मेड़तियौ
२ वन, जंगल। उ०—लंगर लज्जा रा तरझंगर रा लाडा, गौरव गायां रा गाहिड़ रा गाडा।—ऊ.का.

तरझणौ, तरझवौ—देखो 'तरजणौ, तरजवौ' (रू.भे.)

तरझियोड़ौ—देखो 'तरजियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० तरझियोड़ी)

तरण-वि० [सं० तरुण] १ युवा, वयस्क। उ०—आलम का अड़माळ ईसे गूडर आसना। गढ़ का गा गढ़पति कन्हड़, अध अर तरणा बाळ।
—अ. वचनिका

२ तैरने वाला।
यौ०—तरणतारण।
संपु०—१ युवक। उ०—गुरु गुर है चिरंजीव, जिण जोड़ी कर मेळ। हूं तरणी थूं तरण पिव, करलै रस रंग केळ।—र.रा.
[सं० तरणि] २ सूर्य। उ०—१ घण मोहर अरावा गज घटा मोहरि रावत घणा। वरियांम दहूं झळहळ वरण, तरण जांणि ग्रीखम तणा।—सू.प्र.
उ०—२ उडै खाग ऊपरा, हसै नारद रिख हासौ। विढ़ण एम वेखवै, तरण रथ थांभि तमासौ।—सू.प्र.
३ तैर कर नदी, सरोवर आदि को पार करने की क्रिया।
[सं० तरुण] ४ बछड़ा (ह.नां.) ५ प्रकाश, उजाला (नां.मा.)
संस्त्री० [सं० तरुणी] ६ युवा स्त्री। उ०—अंब आदि तरण आमासे। परम कंवर लखि हरख प्रकासे।—रा.रू.
[सं० तरणी] ७ नाव, नौका।
रू०भे०—तरन।

तरणजा-संस्त्री०—देखो 'तरणिजा' (रू.भे.)

तरणसुतण-संपु० [सं० तरणिसुत] १ यमराज. २ कर्ण.
३ शनिश्चर।

रू०भे०—तरणिसुत ।

तरणाई—देखो 'तरुणाई' (रू.भे.)

तरणाट-सं०पु० (अनु०) १ ध्वनि विशेष. २ तार वाद्यों की ध्वनि।

उ०—घूघरां तणा झरणाट हुय घमाघम, वैण रा तंत्र तरणाट वाजै।
—खेतसी बारहठ

२ देखो 'तरणाटी' (रू.भे.)

तरणाटी-सं०स्त्री०—कोप, गुस्सा।

रू०भे०—तरणाट।

तरणाटौ-सं०पु०—१ कोप, गुस्सा. २ देखो 'तरणाट' (रू.भे.)

तरणापउ, तरणापौ-सं०पु०—तरुणावस्था, युवावस्था।

उ०—जिम जिम मन अमले किअइ, तार चढंती जाइ। तिम तिम मारवणी तणइ, तन तरणापउ थाइ।—ढो.मा.

रू०भे०—तरुणापौ।

तरणाय-सं०पु० [सं० तरणि] सूर्य। उ०—निमौ भव भांण निमौ ग्रह राव, निमौ तरणाय निमौ तमचूर।—सूरज अस्तुत

तरणि-सं०पु० [सं० तरणिः] १ सूर्य। उ०—तुलि बैठौ तरणि तेज तम तुलिया, भूप कणय तुलता भू भाति। दिणि दिणि तिणि लघुता प्रांमै दिन, राति राति तिणि गौरव राति।—वेलि.

२ आक, मदार. ३ किरण।

सं०स्त्री०—४ नौका, नाव। उ०—तौ पै धूळि सिल तरणी वारी सारै हि···। ऊं ही राघो तरणि उडै छै य्यौ साको स कुळ छुडै।—र.ज.प्र. [सं० तरुणी] ५ स्त्री, तरुणी। उ०—त्रिण फेरा लीधा तरणि, आगी करि रघुनाथ।—रा.रा.

रू०भे०—तरणी, तरांणि।

तरणिकुमार-सं०पु०यौ०—देखो 'तरणसुतण' (रू.भे.)

तरणिजा-सं०स्त्री० [सं०] सूर्य की पुत्री यमुना नदी।

रू०भे०—तरणजा, तरनिजा।

तरणितनय-सं०पु०यौ०—देखो 'तरणसुतण' (रू.भे.)

तरणितनूजा-सं०स्त्री०यौ० [सं०] देखो 'तरणिजा' (रू.भे.)

तरणीसुत—देखो 'तरणसुतण' (रू.भे.)

तरणी—देखो 'तरणि' (रू.भे.) उ०—१ पै रज रिख वरणी गति पाई। वळ तरणी भीवर तिरवाई।—र.ज.प्र.

उ०—२ पुरू गुर है चिरंजीव, जिसी जोड़ी कर मेल। हूं तरणी थूं तरण पिव, करलै रस रंग केळ।—र.रा.

उ०—३ भींकै खग जग भोंकणौ, कमाल कंथा रौह। रज छा रुकाय रथ करै, तरणी ध्रुव तारोह।—रेवतसिंह भाटी

तरणौ-सं०पु०—तृण, तिनका। उ०—तनु तरणा सरखु हवु, त्रूटइ रखै हिचोळि। वनिता ! तुझ नइं वागस्यइ, रहि रिदयांनी खोळि।
—मा.कां.प्र.

तरणौ, तरबौ—देखो 'तिरणौ, तिरबौ' (रू.भे.)

उ०—भीतर घर द्रढ़ भाव, तो मांझल डूबा तिके। दुस्तर भव दरियाव, नर तरिया निरझर नदी।—बां.दा.

तरणहार, हारौ (हारी), तरणियौ—वि०।

तरवाड़णौ, तरवाड़बौ, तरवाणौ, तरवाबौ, तरवावणौ, तरवावबौ—प्रे०रू०।

तराड़णौ, तराड़बौ, तराणौ, तराबौ, तरावणौ, तरावबौ—क्रि०स०।

तरिओड़ौ, तरियोड़ौ, तरचोड़ौ—भू०का०कृ०।

तरीजणौ, तरीजबौ —भाव वा०।

तरत-सं०पु०—तरु पत्र, पेड़ के पत्ते। उ०—१ तरत झरत सूकत सरत, दादर मरंत दुरंत। प्रीतम घर नन पेखतां, वैरण वणी वसंत।
—अज्ञात

क्रि०वि० [सं० तुर=वेग] शीघ्र, जल्दी, तुरन्त।

कहा०—तरत नी काकड़ी तरत नी लागे—तुरन्त बोई हुई ककड़ी के फल उसी समय नहीं लगते। परिश्रम का फल यथा समय ही प्राप्त होता है।

तरतम-सं०स्त्री०—फल देने की न्यूनाधिक शक्ति (जैन)

तरतात-सं०पु० [सं० तरु+तात] जल, पानी (अ.मा.)

तरतीब-सं०स्त्री० [अ०] क्रम, सिलसिला।

तरतोज-सं०पु०— उपाय। उ०—पीछै वाघंजी कंवर स्री वीकैजी नूं कयौ हूं तौ आपरी मदत मैं हूं सू आप कहौ सो तरतोज करूं जिण सूं आपरै फायदौ हुवै।—द.दा.

तरत्तड़-क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी।

तरदीद-सं०स्त्री०—काटने या रद्द करने की क्रिया, खंडन।

तरदोज— । उ०—कदेही सैंहलां नीकळौ नहीं सो दीवांण पधारौ, काळीयैद्रह विराजज्यौ म्हे पिण आवां छां। रांणोजी भोळा हुआ, यां रौ तरदोज चूक जांण्यौ नहीं।
—राव रिणमल री वात

तरन—देखो 'तरण' (रू.भे.)

तरनिजा—देखो 'तरणिजा' (रू.भे.)

तरनी—देखो 'तरणी' (रू.भे.)

तरप-सं०स्त्री०—१ तड़पने की क्रिया या भाव. २ चमक-दमक।

सं०पु०—१ सारंगी के मुख्य दो तारों के नीचे कसे हुए तार जो एक क्रम विशेष से लगाए जाते हैं और जो संख्या में कुल १७ होते हैं।

रू०भे०—तरब।

४ देखो 'तरफ' (रू.भे.)

तरपण-सं०पु० [सं० तर्पण] १ संतुष्ट करने की क्रिया, तृप्त करने की क्रिया. २ कर्मकाण्ड की एक क्रिया जिसमें देव, ऋषि और पितरों को तुष्ट करने के लिए अंजली से जल देते हैं, तर्पण।

उ०—अयोध्या कासी परस परागजी आय, मकर री नाहण करि, फेर पाछा जाय कुंवर रा पिंड भराया, पछै वैजनाथजी, जगन्नाथजी, परस मारकंडेय कुंड तरपण किया।—पंचदंडी री वारता

[रा०] ३ ईंधन।

तरपणी-सं०स्त्री० [सं० तर्पणी] १ गंगा नदी. २ खिरनी का वृक्ष।

स्त्री०—[illegible] देने वाली, तृप्ति देने वाली ।

तरपत-वि० [सं० तृप्त] तुष्ट, अघाया हुआ, तृप्त ।

उ०—पन्नग भोगतां धणीं, वर नित दत वेदज्ज । हुव सुरपत तरपत हुवो, नरपत किंदं नेपज्ज ।—पा.प्र.

तरपी-वि० [सं० तर्पिन्] १ तृप्त करने वाला, संतुष्ट करने वाला या होने वाला. २ तर्पण करने वाला ।

तरपोस-सं०स्त्री० [सं० तरु+पोषः] नदी (अ.मा.)

तरफ-सं०स्त्री० [अ० तरफ़] १ ओर, दिशा. २ पार्श्व, बगल ।

उ०—दोनूं तरफां हूंत लियां दळ, मिळिया सांमंत रांम महाबळ ।

—रा.रू.

३ पक्ष, पासदारी ।

रू०भे०—तरप ।

यौ०—तरफदार, तरफदारी ।

तरफणौ, तरफबौ-क्रि०अ०—१ बिजली का चमकना, दमकना ।

उ०—जरदोज नी हेम ध्वजा सरफं । तड़िता घण बीच मनो तरफं ।

—ला.रा.

२ देखो 'तड़फणौ, तड़फबौ' (रू.भे.)

तरफदार-वि० [अ० तरफ+फा० दार] पक्ष में रहने वाला, पक्षपाती, समर्थक ।

तरफदारी-सं०स्त्री० [अ० तरफ+फा० दारी] पक्षपात, मदद, हिमायत ।

क्रि०प्र०—करणी, बतावणी ।

तरफळणौ, तरफळबौ—देखो 'तड़फणौ, तड़फबौ' (रू.भे.)

तरफांणू-क्रि०वि०—ओर से, तरफ से । उ०—भळ फंद जळांगू जळ वरसाणूं चहू तरफांणूं निहचंतू ।—भगतमाळ

तरब-सं०पु०—देखो 'तरप' (३) (रू.भे.)

तरबतर-वि० [फा०] खूब भीगा हुआ, सराबोर ।

तरबहणौ-सं०पु०—परात के आकार का तांबे या पीतल का एक पात्र जिसका उपयोग ठाकुरजी को स्नान कराने के लिए किया जाता है ।

तरबूज, तरबूजौ-सं०पु० [फा० तर्बुज] एक प्रकार की बेल जो भूमि पर पसरती है और जिसमें बड़े-बड़े गोल फल लगते हैं जिनका गूदा खाने के काम में आता है । संसार के सभी गरम देशों में यह फल उत्पन्न होता है । यह बेल कलिंग लता की बेल के समान ही होती है ।

अल्पा०—तरबूजियौ ।

तरभव-सं०पु० [सं० तरु+भव] पुष्प, सुमन (नां.मा.)

तरमंदार-सं०पु० [सं०मंदार+तरु] कल्पतरु, कल्पवृक्ष ।

उ०—कल्पव्रक्ष संतांन पारिजाती हरिचंदण । तरमंदार दुवार आंगण ऊगा गुण अप्पण ।—रा.रू.

तरमीम-सं०स्त्री० [अ०] संशोधन, त्रुटि निवारण, दुरुस्ती ।

क्रि०प्र०—करणी, होणी ।

तरय-क्रि०वि० [सं० त्वरया] शीघ्र, जल्दी (अ.मा.)

तरर-सं०स्त्री०—कांतिहीन होने का भाव, निस्तेज होने का भाव ।

उ०—तरर मुख खड़भड़े सहर तरसींग रा, ऊजड़ै झाक आथुण अरडींग रा । थरहरै धमंक धाका परै धींग रा, सीस किण आज रीस गजसींग रा ।—महादांन महड़ू

तररा-सं०स्त्री०—चाबुक का फीता या डोरी जो छड़ी में सिरे पर बंधी रहती है ।

तरराज-सं०पु० [सं० तरुराज] कल्पवृक्ष । उ०—तर सुर सरित गंगा तरराज ।—र.ज.प्र.

तरराट, तरराटौ-सं०स्त्री०—१ तर शब्द की ध्वनि. २ कोप, गुस्सा ।

तरराटौ-सं०पु०—१ तर-र-र शब्द की ध्वनि. २ गुस्सा, क्रोध ।

तरलंग-सं०पु० [सं० तरल=चंचल+अंग] घोड़ा । उ०—सीना गजां गुड़ावही, तीना वड़ा तुरंग । अे जेहल कीना अमर, तैं दीना तरलंग ।

—बां.दा.

वि०—चपल, चंचल, तेज ।

तरळ-वि० [सं० तरल] १ पानी की तरह बहने वाला, द्रव.

२ अस्थिर, क्षणभंगुर. ३ चंचल । उ०—रैण अंधारी भंवर डर, ऊठत तरळ तरंग । तट वाळा कहा जांणं, जो दुख म्हांरे अंग ।

—अज्ञात

४ तेज, तीव्र गति वाला, चपल । उ०—हाथी दीधा अति घणा, पाखरघा दीधा तरळ तुखार ।—वी.दे.

सं०पु०—१ वृक्ष, तरु । उ०—वणिया दंग लंगर चरणां विच, ब्रंद सुरतांण तांण वखांण । खळ दळ तरळ ढाय खेड़ैंचे, ठेल गयौ गज खंभूठांण ।—द.दा.

२ पिंगळ शिरोमणि के अनुसार १७ गुरु और १४ लघु का दोहा छंद विशेष. ३ पिंगळ शिरोमणि के अनुसार छप्पय के ७१ भेदों में से एक जिसमें २८ गुरु और ९६ लघु वर्ण होते हैं. ४ चन्द्रमा. ५ घोड़ा (मि० चंचळ) ६ तंतु । उ०—वेली तरळां तरां विलूंबी, वण हरियाळां वीस विसा । नृप अखभांण तणौ हर नागर, उपवण जोवण जोग इसा ।—बां.दा.

तरळकौ-सं०पु०—शीघ्र आने वाला गुस्सा, सनक ।

तरळता-सं०स्त्री० [सं० तरलता] १ चंचलता, चपलता. २ द्रवत्व ।

तरळनयण, तरळनयन-सं०पु० [सं० तरलनयन] एक वर्ण वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में चार नगण अथवा १२ लघु वर्ण होते हैं ।

—र.ज.प्र.

तरळभाव-सं०पु० [सं० तरल+भाव] १ पतलापन, द्रवत्व.

२ चंचलता, चपलता ।

तरळा-वि०—चंचल, चपल । उ०—तरु ताळ पत्र ऊंचा तड़ि तरळा, सरळा पसरंता सरगि ।—वेलि.

सं०पु०—घोड़े की एक जाति (व.स.)

तरळाई-सं०स्त्री०—१ चंचलता. २ द्रवत्व ।

तरवक्र-सं०पु०—सुदर्शन चक्र (अ.मा.)

तरवण-सं०स्त्री०—१ श्याम तने का एक पौधा विशेष जिसकी जड़ को निरगुंडी कहते हैं जो औषधि के प्रयोग में ली जाती है. २ एक परदार छोटा जंगली जन्तु विशेष जो प्रायः ग्रीष्म ऋतु में जंगल में लगातार

ध्वनि से बोलता रहता है ।

मि०—तिवरी ।

तरवर—देखो 'तरु' (रू.भे.) उ०—तरवर सरवर संत जन, चौथौ वरसै मेह । परमारथ रै कारणै, च्यारां धारी देह ।—अज्ञात

तरवरय—क्रि०वि० [सं० त्वरयैव] शीघ्र, जल्दी (अ.मा.)

तरवरियौ—देखो 'तरुवर' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—भाखरिया हरिया हुआ, पोखर भरिया पास। तरवरिया प्रफुलित थया, नीर निखरिया खास ।—लो.गी.

तरवरौ—सं०स्त्री०—द्रव पदार्थ में ऊपर तैरने वाली स्निग्धता, चिकनाहट।

उ०—तपत दूध अ्रत तरवरा, सासू ! सुत पातीह । तक तिण हेक न तरवरौ, रंगी धर रातीह ।—रेवतसिंह भाटी

तरवाड़ौ—देखो 'तरवाळौ' (रू.भे.)

तरवार—सं०स्त्री० [सं० तरवारि] लोहे की मोटी पत्ती का लम्बा एक धारदार हथियार जिसके प्रहार से वस्तुयें कट जाती हैं। तलवार, असि । उ०—रथ तांम थांम तेखंत रवि, उडै रीठ तरवारियां। घण करै पार जरदां घटा, करदां छुरां कटारियां ।—सू.प्र.

पर्या०—असमर, असि, आभानरां, आसुधर, ऐराक, कड़बांधी, करठाळग, करताळीक, करद, करमचड़ी, करमर, करवाळ, किरमाळ, केवांण, कोखियक, क्रग, क्रपांण, खग, खळकाळ, खांडहळ, खांडौ, खाग, घाव, चंद्रहास, जडळग, जनेव, झटसार, डोढ़हती, तिजड़ तेग, दुजड़, दुधार, दुधारौ, धड़च, धजवड़, धाराळी, धारुजळ, धूप, निसतेयस, निसत्रंस, नाराज, प्रभावंक, प्रहास, पांडीस, पांती, बांक, बांणास, बाढ़कढ़, बाढ़ाळी, बीजळ, बीजूजळ, भुजळग, मंडळाग्र, माळबंधण, मूछाळी, मूठाळी, रूक, लपट, लोह, लोहसार, विजड़, सगत, समसेर, सारंग, सार, सुजड़, सुधवट्टी, हैजम ।

मु०—१ तरवार काढ़णी—देखो 'तरवार खींचणी'।

